त्रिभाषा कोशमाला-3

# हिंदी-कन्नड-अंग्रेज़ी

## त्रिभाषा कोश : जिल्द 2

केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार की ओर से भेंट

# हिंदी-कन्नड-अंग्रेज़ी
## त्रिभाषा कोश
(जिल्द : 2)

# Hindi-Kannad-English
## Trilingual Dictionary
(Volume : 2)
(न - ल)

केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(भारत सरकार)

Central Hindi Directorate
Department of Education
Ministry of
Human Resources Development
(Government of India)

PED – 561 (E) (KAN)

1000 – 1984 (DSK II)

© केंद्रीय हिंदी निदेशालय

प्रथम संस्करण : 1986

मूल्य : रुपये 208.00

**प्रकाशक :** केंद्रीय हिंदी निदेशालय,
शिक्षा विभाग,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
पश्चिमी खण्ड-7,
रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110066

मैसर्ज़ राज प्रिंटिंग वर्क्स,
44, चाँदनी चौक, दिल्ली द्वारा
भारत में 1986 में मुद्रित ।

# संक्षेप सूची

| | |
|---|---|
| **व्या. को.** | व्याकरणिक कोटि |
| **पुं.** | पुंलिंग |
| **स्त्री.** | स्त्रीलिंग |
| **सर्व.** | सर्वनाम |
| **वि.** | विशेषण |
| **क्रि.वि.** | क्रियाविशेषण |
| **स.क्रि.** | सकर्मक क्रिया |
| **अ.क्रि.** | अकर्मक क्रिया |
| **अव्य.** | अव्यय |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नंग-धड़ंग | वि. | जो सब वस्त्र उतारकर बिल्कुल नंगा हो गया हो। | ಬೆತ್ತಲೆಯಾದ, ನಗ್ನ |  | naked in body and limbs, stark naked, completely nude. |
| नंगा | वि. | 1. जो कोई कपड़ा न पहने हो; | (ಬಟ್ಟೆಯಿಲ್ಲದ) ಬೆತ್ತಲೆ; | (बट्टेयिल्लद) बेत्तले; | naked, nude; |
|  |  | 2. जिस पर कोई आवरण या आलंकारिक वस्तु न हो; | ಅಲಂಕಾರ-ಆವರಣವಿಲ್ಲದ; | अलंकार-आवरणविल्लद; | bare, uncovered, without ornament; |
|  |  | 3. निर्लज्ज, बेशर्म, दुष्ट, पाजी। | ನಾಚಿಕೆಯಿಲ್ಲದ | नाचिकेयिल्लद- | shameless, wicked. |
| नंगाझाड़ (नंगाझोरी स्त्री) | पु. | खोई हुई वस्तु ढूंढ़ने के उद्देश्य से किसी के कपड़े आदि उतरवाकर तलाशी लेना, जामा-तलाशी। | (ಕಳವಾದ ವಸ್ತುವನ್ನು) ಬಟ್ಟೆ ಬಿಚ್ಚಿಸಿ ತಲಾಷು ಮಾಡುವಿಕೆ | (कळवाद वस्तुवन्नु) बट्टे बिच्चिसि तलाषु माडुविके | a thorough personal search by stripping and shaking (the clothes). |
| नंदक | वि. | आनंद और सुख देनेवाला। | ಆನಂದದಾಯಕ | आनंददायक | rejoicing, making happy, gladdening, delighting, one who delights (esp. a family). |
| नंदन | वि. | आनंद या प्रसन्नता देनेवाला। | ಸಂತೋಷಪಡಿಸುವ | संतोषपडिसुव | rejoicing gladdening, one who delights. |
|  | पु. | पुत्र (पिता को आनंद देनेवाला)। | ಮಗ, ಪುತ್ರ | मग, पुत्र | son (the rejoicer of his father). |
| नंदित | वि. | आनंदित, प्रसन्न। | ಸಂತೋಷಗೊಂಡ | संतोषगोंड | delighted, pleased. |
| नंदी | पु. | 1. नाटक में नांदी पाठ करनेवाला व्यक्ति, नांदी; | (ನಾಟಕದಲ್ಲಿ) ನಾಂದಿ ಪಾಠಕ, ಸೂತ್ರಧಾರ; | (नाटकदल्लि) नांदि पाठक, सूत्रधार; | speaker of a prelude or benediction in drama. |
|  |  | 2. शिव के द्वारपाल तथा एक बैल का नाम जो उनकी सवारी है। | ಶಿವ ಮಹಾದೇವನ ವಾಹನ ಮತ್ತು ದ್ವಾರಪಾಲ ನಂದಿ | शिव महादेवन वाहन मत्तु द्वारपाल नंदि | name of the door-keeper of Siva, his chief attendant, or of the bull which he rides. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नंदोई** | पु. | ननद का पति। | ಗಂಡನ ಸೋದರಿಯ ಗಂಡ | गंडन सोदरिय गंड | the husband of husband's sister. |
| **नंबरदार** | पु. | ब्रिटिश शासन में गांव का वह जमींदार जो अपनी पट्टी के दूसरे हिस्सेदारों से मालगुजारी आदि वसूलने में सहायता देता था। | ಸಮಾನ ಭಾಗಸ್ಥರಿಂದ ಭೂಕಂದಾಯ ವಸೂಲು ಮಾಡಿ ಸರಕಾರಕ್ಕೆ ಒಪ್ಪಿಸುವ ಅಧಿಕಾರ ಪಡೆದ ಪಟ್ಟಾದಾರ | समान भागस्तरिंद भूकंदाय वसूलु माडि सरकारक्के ऑप्पिसुव अधिकार पडॆद पट्टादार | the registered representative of a coparcenary community who was responsible for the Government revenue. |
| **नंबरवार** | क्रि. वि. | अंक या संख्या के क्रम से, सिलसिलेवार। | ಸಂಖ್ಯಾಕ್ರಮದಲ್ಲಿ | संख्याक्रमदल्लि | one by one, turn-wise. |
| **नंबरी** | वि. | 1. बहुत बड़ा और मशहूर, कुख्यात, बदनाम; | ಕುಖ್ಯಾತ; | कुख्यात; | notorious; |
| | | 2. जिस पर नंबर या अंक पड़ा है, नंबर संबंधी; | ಸಂಖ್ಯಾ ಸಂಬಂಧವಾದ; | संख्या संबंधवाद; | bearing the number, numbered; |
| | | 3. सौ रुपये का (नोट)। | ನೂರು ರೂಪಾಯಿ ನೋಟು | नूरु रुपायि नोटु | of one hundred (as a note). |
| **न** | अव्य. | निषेधवाचक शब्द, नहीं। | ನಿಷೇಧಾರ್ಥಕ ಇಲ್ಲ | निषेधार्थक इल्ल | no, not, nay. |
| **नककटा** | वि. | 1. जिसकी नाक कटी हो; | ಮೂಗು ಕತ್ತರಿಸಿದ; | मूगु कत्तरिसिद; | nose-clipt, noseless, (a person) whose nose has been chopped off; |
| | | 2. चपटी नाकवाला; | ಚಪ್ಪಟೆ ಮೂಗಿನ; | चप्पटॆ मूगिन; | flatnosed, snub-nosed; |
| | | 3. निर्लज्ज। | ನಾಚಿಕೆಯಿಲ್ಲದ | नाचिकॆयिल्लद | shameless. |
| **नकचढ़ा** | वि. | जो बात-बात में चिढ़ जाता हो, चिड़चिड़ा, बदमिजाज। | ಮುಂಗೋಪಿ, ಮಾತು ಮಾತಿಗೆ ಸಿಟ್ಟುಗೇಳುವ | मुंगोपि, मातु-मातिगॆ सिट्टिगेळुव | fastidious, peevish, ill-tempered. |
| **नकटा** (स्त्री. नकटी) | वि., पु. | दे. 'नककटा' (सभी अर्थों में), | ನೋಡಿ "नककटा" | नोडि, "नककटा" | see 'नककटा' (in all senses). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नकद** | पु. | 1. रुपया-पैसा, जो सिक्कों या नोट के रूप में हो; | ನಗದು; | नगदु; | money in the form of coins and notes, cash money; |
| | | 2. सिक्कों आदि के रूप में खड़ा धन जो देने आदि के बदले में तुरंत दिया या चुकाया जाए, उधार का विपर्याय। | ಕೂಡಲೆ ಕೊಡಲು ಇಲ್ಲವೆ ತೀರಿಸಲು ಇರುವ ನಗದು ಹಣ | कूडलॆ कोडलु इल्लवॆ तीरिसलु इरुव नगदु हण | ready money, cash. |
| | वि. | जिसका मूल्य रुपए-पैसे के रूप में तुरंत दिया या चुकाया जाए। | ಬೆಲೆ ಕೊಟ್ಟು ತೀರಿಸಿದ ಹಣಕಾಸು | बॆलॆ कॊट्टु तीरिसिद हणकासु | cash, hard cash. |
| | क्रि. वि. | तुरंत दिए हुए रुपए के रूप में। | ಹಣಕಾಸಿನ ರೂಪದಲ್ಲಿ ಕೂಡಲೆ ಕೊಟ್ಟ | हणकासिन रूपदल्लि कूडलॆ कॊट्ट | in cash. |
| **नकदी** | स्त्री. | 1. रुपया-पैसा जो सिक्कों या नोट के रूप में हो; | ನಾಣ್ಯ ಅಥವಾ ನೋಟಿನ ರೂಪದಲ್ಲಿರುವ ಹಣ; | नाण्य अथवा नोटिन रूपदल्लिरुव हण; | money in the form of coins and notes, cash money; |
| | | 2. रुपया-पैसा जो तैयार या सामने हो, खड़ा धन। | ಕ್ಯಾಷಾಗಿ ಸಿದ್ಧವಾದ ಹಣ | क्याषागि सिद्धवाद हण | ready money, hard cash. |
| **नकदी-चिट्ठा** | पु. | वह कागज या बही जिसमें आय-व्यय, लेन-देन आदि ब्यौरा लिखा रहता है, रोकड़-बही। | ಕ್ಯಾಷ್-ಬುಕ್ಕು, ನಗದು ಪುಸ್ತಕ | क्याष्-बुक्कु, नगदु पुस्तक | cash-book. |
| **नकफूल** | पु. | नाक में पहनने का एक आभूषण, लौंग। | ಮೂಗುತಿ | मूगुति | nose-stud. |
| **नकल** | स्त्री. | 1. किसी को कुछ करते हुए देखकर उसी के अनुसार कुछ करने की क्रिया या भाव, अनुकृति, अनुकरण; | ಅನುಕರಣೆ; | अनुकरणॆ; | imitating, imitation; |
| | | 2. किसी कृति, चित्र, लेख आदि की ज्यों की त्यों तैयार की हुई प्रतिलिपि, अनुलिपि; | ಪ್ರತಿಲಿಪಿ; | प्रतिलिपि; | copy, duplicate transcript; |
| | | 3. अभिनयात्मक अनुकरण, स्वांग। | ಅಭಿನಯಾನುಕರಣೆ | अभिनयानुकरणॆ | mimicking, mimicry. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नकलची** | पु., वि. | 1. नकल करनेवाला (विद्यार्थी); | ಕಾಪಿ ಮಾಡುವವ; | कापि माडुवव; | one who copies (as a student); |
| | | 2. दूसरों की हर बात या कार्य का अनुकरण या नकल करनेवाला; | ಇತರರನ್ನು ಅನುಕರಿಸುವವ; | इतररन्नु अनुकरि-सुवव; | imitator; |
| | | 3. अभिनयात्मक अनुकरण करनेवाला, स्वांगी। | ಅಣಕ ಮಾಡುವವ | अणक माडुवव | mimic. |
| **नकलनवीस** | पु. | कार्यालय आदि का वह लिपिक जो दस्तावेजों आदि की नकल तैयार करता हो। | ಪ್ರತಿ ಮಾಡುವವ | प्रति माडुवव | copyist. |
| **नकली** | वि. | 1. जो नकल करके बनाया गया हो; | ಅನುಕರಿಸಿ ಮಾಡಿದ; | अनुकरिसि माडिद; | imitated, imitation; |
| | | 2. जो मौलिक न हो, कृत्रिम; | ಕೃತ್ರಿಮ; | कृत्रिम; | fabricated, artificial, spurious; |
| | | 3. खोटा, जाली, झूठा। | ಖೋಟಾ | खोटा | counterfeit, false. |
| **नकाब** | स्त्री. | 1. अपने को छिपाए रखने के लिए चेहरे पर डाला जानेवाला जालीदार रंगीन कपड़ा; | ಮುಖವಾಡ; | मुखवाड; | mask; |
| | | 2. घूंघट; | ಮುಸುಕು; | मुसुकु; | a veil; |
| | | 3. लोहे की वह जाली जो चिलम में नाक की रक्षा के लिए लगी रहती है। | ತಂತಿಯ ಜಾಲಿ | तंतिय जालि | visor, vizard. |
| **नकाबपोश** | वि. | जिसने अपने चेहरे पर नाकब डाल रखी हो। | ಮೊಗವಾಡ ಧರಿಸಿರುವ | मोगवाड धरिसिरुव | wearing a mask, masked (man). |
| **नकारना** | स. क्रि. | असहमति प्रकट करते हुए 'न' या 'नहीं' कहना, इनकार करना, अस्वीकार करना। | ತಿರಸ್ಕರಿಸು, ಒಪ್ಪಿಗೆ ಕೊಡದಿರು | तिरस्करिसु, ऑप्पिगे कोडदिरु | to negate, to deny, to refuse, to reject. |
| **नकारात्मक** | वि. | (उत्तर या कथन) जिसमें कोई बात न मानी गई हो, या कुछ करने से इनकार किया गया हो, निषेधात्मक, अस्वीकारात्मक। | ಅಸಮ್ಮತಿ ಸೂಚಕವಾದ, ನಿಷೇಧಾತ್ಮಕ | असम्मति सूचकवाद, निषेधात्मक | negative, implying refusal or denial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नकेल** | **स्त्री.** | 1. ऊंट, बैल आदि के नथने से आर-पार निकाली हुई रस्सी जो लगाम का काम देती है; | (ಎತ್ತು, ಒಂಟೆ) ಮೂಗುದಾರ; | (एंत्तु, ऑंटॅ) मूगुदार; | nose-string, nose halter (of camel, ox etc.); |
| | | 2. किसी को अपने वश में रखने की युक्ति। | ವಶದಲ್ಲಿರುವಂತೆ ಮಾಡುವ ಯುಕ್ತಿ, | वशदल्लिरुवंतें माडुव युक्ति | trick or means of controlling anyone, control or check. |
| **नक्का** | पु. | सूई का वह छेद जिसमें डोरा डाला जाता है। | ಸೂಜಿಯ ಕಣ್ಣು | सूजिय कण्णु | eye of a needle. |
| **नक्कारखाना** | पुं. | वह स्थान जहां नक्कारा या नौबत बजती है, नौबतखाना। | ನೌಬತ್‌ಖಾನೆ, | नौबत्खानें | kettle-drum chamber. |
| **नक्कारची** | पु. | नगाड़ा या नौबत बजानेवाला। | ನಗಾರಿ ಬಾರಿಸುವವ | नगारि बारिसुवव | one who beats the kettle-drum, kettle-drummer. |
| **नक्कारा** | पु. | नगाड़ा नाम का बाजा। | ನಗಾರಿ | नगारि | kettle-drum. |
| **नक्काश** | पु. | नक्काशी का काम करनेवाला कारीगर। | ನಕಾಶಿ ಕೆಲಸಗಾರ | नकाशं कंलसगार | carver, engraver. |
| **नक्काशी** | स्त्री. | 1. धातु, पत्थर, लकड़ी आदि पर खोद कर बेल-बूटे आदि बनाने का काम या कला; | ನಕಾಶಿ ಕೆಲಸ; | नकाशं कंलस; | carving, engraving; |
| | | 2. उक्त प्रकार से बनाए गए बेल-बूटे आदि। | ಹೂ ಬಳ್ಳಿ ಮುಂತಾದ ನಕಾಶಿ | हू बळ्ळि मुंताद नकाशं | designing, design. |
| **नक्कू** | वि. | 1. जिसका कोई आचरण या कृत्य औरों से बिल्कुल भिन्न और असाधारण हो और इसीलिए जिसकी ओर लोग उपेक्षापूर्वक उंगलियां उठाते हों, बदनाम; | ಯಾರೂ ಮಾಡದ ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿ ಹೆಸರು ಕೆಡಿಸಿ ಕೊಂಡ | यारू माडद कंट्ट कंलस माडि हंसरु कंडिसि कोंड; | butt for accusing fingers, notorious for non-conforming initiatives; |
| | | 2. अपने आपको बहुत प्रतिष्ठित या औरों से बढ़ कर समझनेवाला; | ತನಗೆ ತಾನೇ ದೊಡ್ಡವನೆಂದು ತಿಳಿದು ಕೊಂಡಿರುವ; | तनगं ताने दोड्डवनंदु तिळिदु कोंडिरुव; | (person) who thinks too much of himself; |
| | | 3. बड़ी नाकवाला। | ದಪ್ಪ ಮೂಗಿನ | दप्प मूगिन | one who has a large nose, long-nosed (person). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नक्शा** | पु. | 1. रेखाओं आदि द्वारा किसी वस्तु की अंकित की हुई वह आकृति या प्रतिकृति जो उस वस्तु के स्वरूप का सामान्य परिचय कराती हो, मानचित्र, खाका; | ನಕ್ಷೆ, ಮ್ಯಾಪು ಮಾನಚಿತ್ರ; | नक्शे, म्यापु, मानचित्र; | map; |
| | | 2. नमूना; | ನಮೂನೆ; | नमूने; | model, pattern; |
| | | 3. ढांचा, संरचना; | ವಿನ್ಯಾಸ, ರಚನೆ; | विन्यास, रचने; | structure, design; |
| | | 4. रूपरेखा, खाका; | ರೂಪರೇಖೆ; | रूपरेखे; | plan, sketch, draft; |
| | | 5. सारणी; | ಚಾರ್ಟು, ಸಾರಿಣಿ; | चार्टु, सारिणि; | chart; |
| | | 6. तड़क-भड़क, दिखावा। | ತೋರಿಕೆ, ಆಡಂಬರ | तोरिके, आडंबर | pomp and show. |
| **नक्शानवीस** | पु. | वह व्यक्ति जो नक्शे बनाता हो। | ನಕ್ಷೆ ತಯಾರಿಸುವವ | नक्शे तयारिसुवव | draftsman. |
| **नक्शानवीसी** | स्त्री. | नक्शा बनाने का काम। | ನಕ್ಷೆ ಬರೆಯುವ ಕೆಲಸ | नक्शे बरेयुव कॆलस | draftsmanship. |
| **नक्षत्र** | पु. | 1. तारा; | ನಕ್ಷತ್ರ; | नक्षत्र; | star in general; |
| | | 2. चंद्रमा के पथ में पड़ने वाले 27 तारों का समूह। | ಚಂದ್ರಮಂಡಲಕ್ಕೆ ಸೇರಿದ ನಕ್ಷತ್ರ ಮಂಡಲ | चंद्र मंडलक्के सेरिद नक्षत्र मंडल | constellation, asterism in the moon's path, comprised of 27 stars, lunar mansion. |
| **नक्षत्र-योग** | पु. | नक्षत्र के साथ ग्रहों का योग। | ಗ್ರಹ ನಕ್ಷತ್ರಯೋಗ | ग्रह नक्षत्र योग | the conjunction of the moon with the lunar mansions. |
| **नक्षत्रलोक** | पु. | पुराणानुसार वह लोक जिसमें नक्षत्र हैं और जो चंद्रलोक से ऊपर स्थित माना गया है, सितारों की दुनिया, आकाश। | ನಕ್ಷತ್ರಲೋಕ, ಆಕಾಶ | नक्षत्र लोक, आकाश | the starry region, firmament, the sky. |
| **नक्षत्रविद्या** | स्त्री. | ज्योतिष-विद्या। | ಜೋತಿಷ ಶಾಸ್ತ್ರ | जोतिष शास्त्र | astronomy or astrology. |
| **नक्षत्री** | वि. | जिसके नक्षत्र अच्छे हों, भाग्यवान। | ಗ್ರಹಯೋಗ ಚೆನ್ನಾಗಿರುವ, ಭಾಗ್ಯಶಾಲಿ | ग्रहयोग चेन्नागिरुव, भाग्यशालि | person born under lucky star, fortunate person. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नख** | पु. | हाथ या पैर की उंगली का नाखून। | ಉಗುರು | उगुरु | nail (of a finger or toe). |
| **नखक्षत** | पु. | वे चिह्न जो शरीर में नाखून के गड़ने या खरौंच लगने के कारण बने हों (विशेषतः प्रणय-क्रीड़ा में)। | ಪ್ರಣಯಕ್ರೀಡೆಯಲ್ಲಿ ಉಗುರಿನ ಕೆರೆತದ ಗುರುತು | प्रणयक्रीडॆयल्लि उगुरिन कॆरॆतद गुरुतु | bruises caused by the nails (in amorous play). |
| **नखरा** | पु. | 1. लाड़-प्यार आदि के कारण की जानेवाली ऐसी हठ-पूर्ण, परंतु सुकुमारतापूर्ण चेष्टा जिसमें किसी के आग्रह को न मानने या टालने का भाव निहित होता है, हाव-भाव; | ಹಾವಭಾವ, ವೈಯಾರ; | हावभाव, वैयार; | coquetry, feminine airs, airs and graces; |
| | | 2. झूठा बहाना। | ಸೋಗು | सोगु | lame excuse. |
| **नखरेबाज़** | वि. | प्रायः नखरे दिखानेवाला। | ತಳುಕು ಮಾಡುವ | तळुकु माडुव | coquettish. |
| **नखशिख** | पुं. | पैरों के नाखून से लेकर सिर के बालों तक के सब अंग, शरीर के सम्पूर्ण अंग। | ಶರೀರದ ಸರ್ವಾಂಗಗಳು | शरीरद सर्वांगगळु | the entire physical frame from top to bottom. |
| **नख़ास** | पु. | वह बाजार जिसमें पशुओं आदि का क्रय-विक्रय होता है। | ದನದ ಮಾರಾಟದ ಮಾರುಕಟ್ಟೆ | दनद माराटद मारुकट्टॆ | cattle market. |
| **नख़्लिस्तान** | पु. | रेगिस्तान का वह स्थान जहां पानी के सोते फूटने से हरियाली होती है। | ಮರಳುಗಾಡಿನಲ್ಲಿ ಕಾಣುವ ನೀರಿನ ಪ್ರದೇಶ | मरळुगाडिनल्लि काणुव नीरिन प्रदेश | oasis. |
| **नग** | पु. | 1. नगीना, मणि; | ಮಣಿ; | मणि; | precious stone, gem, jewel; |
| | | 2. पहाड़; | ಬೆಟ್ಟ; | बॆट्ट; | mountain; |
| | | 3. अदद या संख्या का सूचक एक शब्द। | ಐಟಂ | ऐटं | piece, number, item. |
| **नगण्य** | वि. | जो किसी गिनती में न हो, तुच्छ, महत्वहीन। | ಎಣಿಕೆಗೆ ಬಾರದ, ತುಚ್ಛ, ಮಹತ್ವಹೀನ | ऎणिकॆगॆ बारद, तुच्छ, महत्वहीन | trifle, trifling, insignificant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नगद** | पु., वि., क्रि. वि. | दे. 'नकद'। | ನೋಡಿ "नकद" | नोडि "नकद" | see 'नकद'. |
| **नगदी** | स्त्री. | दे. 'नकदी'। | ನೋಡಿ "नकदी" | नोडि "नकदी" | see 'नकदी'. |
| **नगर** | पु. | गांव या कस्बे आदि से बड़ी मनुष्यों की बस्ती, शहर। | ನಗರ | नगर | city. |
| **नगरनिगम** | पु. | किसी बड़े नगर की स्वायत्त संस्था जिसे नगरपालिका की अपेक्षा कुछ अधिक अधिकार प्राप्त होते हैं। | ಮುನಿಸಿಪಲ್ ಕಾರ್ಪೊರೇಶನ್ನು | मुनिसिपल् कार्पोरेशन्तु | municipal corporation. |
| **नगरपालिका** | स्त्री. | आधुनिक नगर-व्यवस्था में नगरनिवासियों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की वह संस्था जो सारे नगर के यातायात, स्वास्थ्य, जल, रोशनी आदि का प्रबंध करती है। | ಮುನಿಸಿಪಾಲಿಟಿ | मुनिसिपालिटि | municipality. municipal committee. |
| **नगरवासी** | पु. | शहर में रहनेवाला। | ನಗರವಾಸಿ | नगरवासि | person dwelling in a city, inhabitant of a city. |
| **नगरी** | स्त्री. | छोटा नगर या शहर। | ಚಿಕ್ಕ ನಗರ, ಪಟ್ಟಣ | चिक्क नगर, पट्टण | city. |
| **नगाड़ा** | पु. | डुगडुगी की तरह का चमड़ा मढ़ा हुआ एक बाजा जो चोब (लकड़ी का छोटा डंडा) का आघात करके बजाया जाता है, डंका, नक्कारा, धौंसा। | ನಗಾರಿ | नगारि | kettle drum, timbal. |
| **नगीना** | पु. | बहुमूल्य पत्थर आदि का चमकीला टुकड़ा जो गहनों में जड़ा जाता है, रत्न, मणि। | ಮುತ್ತು, ರತ್ನ | मुत्तु, रत्न | precious stone, gem, jewel. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नग्न** | वि. | 1. जिसके शरीर पर कोई वस्त्र न हो, नंगा; | ಬೆತ್ತಲೆಯಾದ; | बेंत्तलेयाद; | naked, nude; |
| | | 2. जिस पर कोई आवरण या अलंकार आदि न हो, रिक्त, खाली। | ತೆರೆದ ಅಲಂಕಾರವಿಲ್ಲದ | तॆरॆद, अलंकारविल्लद | bare, uncovered, without ornament. |
| **नग्नता** | स्त्री. | 1. नंगे होने की अवस्था या भाव, नंगापन; | ಬೆತ್ತಲೆಯಾಗಿರುವಿಕೆ; | बेंत्तलेयागिरुविके; | nakedness, nudeness; |
| | | 2. निर्लज्जता, बेशर्मी। | ನಾಚಿಕೆಯಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | नाचिकेयिल्ल दिरुविके | shamelessness. |
| **नचनिया** | पुं. | वह जो नाच दिखलाकर जीविका उपार्जित करता हो। | ನಟ, ನಾಟ್ಯಗಾರ | नट, नाट्यगार | dancer. |
| **नचाना** | स. क्रि. | 1. दूसरे को नाचने में प्रवृत करना; | ಕುಣಿಸು; | कुणिसु; | to cause to dance, to make (one) dance, to set a-dancing, to spin (a top, etc.); |
| | | 2. व्यर्थ इधर-उधर दौड़ाना या परेशान करना; | ವ್ಯರ್ಥ ಓಡಾಡಿಸು; | व्यर्थ ओडाडिसु; | to cause to run on errands, to harass; |
| | | 3. हिलाना-डुलाना (आंखों की पुतली आदि); | (ನಾಟ್ಯದಲ್ಲಿ ಕಣ್ಣು) ಕುಣಿಸು; | नाट्यदल्लि (कण्णु) कुणिसु; | to move (as the pupil of the eye etc.), to spin; |
| | | 4. इच्छानुसार कार्य कराना। | ಮನಬಂದಂತೆ ಮಾಡಿಸು | मनबंदंते माडिसु | to cause to act at will. |
| **नजदीक** | क्रि. वि. | कम फासले पर, निकट, पास, समीप। | ಸಮೀಪದಲ್ಲಿ | समीपदल्लि | near, in the vicinity of, close (to or by), not far (from), adjoining, contiguous (to). |
| **नजदीकी** | वि. | जिसके साथ निकट या पास का संबंध हो (रिश्तेदार आदि)। | ಸಮೀಪದ | समीपद | near (as relation). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नजर** | स्त्री. | 1. दृष्टि, निगाह; | ದೃಷ್ಟಿ; | दृष्टि; | sight, eyesight, vision, look, glance; |
| | | 2. कृपा-दृष्टि, मेहरबानी; | ಕೃಪಾದೃಷ್ಟಿ; | कृपादृष्टि; | favour; |
| | | 3. निगरानी; | ನಿಗಾ; | निगा; | watch, inspection; |
| | | 4. ध्यान, विचार, ख्याल; | ಧ್ಯಾನ, ವಿಚಾರ; | ध्यान, विचार; | attention; |
| | | 5. कुदृष्टि का प्रभाव; | ದೃಷ್ಟಿಯಾಗುವಿಕೆ; | दृष्टियागुविके; | influence of an evil eye; |
| | | 6. भेंट, उपहार। | ಪುರಸ್ಕಾರ, ಉಪಹಾರ | पुरस्कार, उपहार | gift, present. |
| **नजरअंदाज** | वि. | उपेक्षित, अनदेखा, जिस पर ध्यान न दिया गया हो। | ಉಪೇಕ್ಷೆ ಮಾಡಿದ | उपेक्षे माडिद | disregarded, unnoticed, ignored. |
| **नजरबंद** | वि. | जो किसी बंद स्थान में कड़ी निगरानी में रखा जाए और निश्चित स्थान और सीमा से बाहर आ-जा न सके। | ಆಚೆ ಈಚೆ ಹೋಗದಿರುವಂತೆ ಇರಿಸಿದ, ಕೈದು ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | आचे ईचे होगदिरुवंते इरिसिद, कैदु माडल्पट्ट | under detention, under watch. |
| | पुं. | वह व्यक्ति जिसे मुकदमा चलाने से पहले किसी सीमित स्थान में कड़ी निगरानी में रखा गया हो, कैदी। | ನಜರುಬಂದಿಯಾಗಿರುವ ವ್ಯಕ್ತಿ, ಕೈದಿ | नजरुबंदियागिरुव व्यक्ति, कैदि | detenue, internee. |
| **नजरबंदी** | स्त्री. | नजरबंद होने की अवस्था या भाव। | ನಜರುಬಂದಿಯಾಗಿರುವಿಕೆ | नजरुबंदि-यागिरुविके | detention, internment. |
| **नजराना** | पुं. | वह चीज़ जो किसी को भेंट स्वरूप दी जाए, उपहार। | ಬಹುಮಾನ, ಉಪಹಾರ | बहुमान, उपहार | gift, present. |
| **नज़ला** | पुं. | एक प्रकार का रोग जिसमें गरमी के कारण सिर का विकारयुक्त पानी ढल कर भिन्न-भिन्न अंगों की ओर प्रवृत होता है और जिस अंग की ओर ढलता है उसे खराब कर देता है। | ನೆಗಡಿ, ಶೀತ | नेगडि, शीत | catarrh, cold. |
| **नजाकत** | स्त्री. | 1. शारीरिक कोमलता या सुकुमारता; | ಕೋಮಲತೆ; | कोमलते; | tenderness, delicacy; |
| | | 2. सुकुमार अंगों की मृदु चेष्टा। | ಸುಕುಮಾರ ಚೇಷ್ಟೆ | सुकुमार चेष्टे | elegance, grace. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नज़ारा | पु. | 1. वह जो दिखाई दे, दृश्य;<br>2. अनुरागपूर्ण दृष्टि, भ्रूविलास, कटाक्ष। | ದೃಶ್ಯ, ನೋಟ;<br>ಅನುರಾಗದ ದೃಷ್ಟಿ, ಭ್ರೂವಿಲಾಸ | दृश्य, नोट;<br>अनुरागद दृष्टि, भ्रूविलास | scene, sight, view;<br>amorous glance, ogling. |
| नट | पु. | 1. नाटक खेलनेवाला व्यक्ति, अभिनेता;<br>2. कलाबाज;<br>3. तरह-तरह के शारीरिक कौशल दिखानेवाली कंजर नामक एक घुमक्कड़ हिन्दू जाति जो रज्जुनर्तक, बाजीगर आदि होती है। | ನಟ, ಅಭಿನೇತ;<br>ಸರ್ಕಸ್ ಆಟಗಾರ;<br>ರಜ್ಜು ನರ್ತನೆ ಮುಂತಾದ ಆಟಗಳನ್ನು ತೋರಿಸುವ ದೊಂಬರ ಆಟಗಾರ | नट, अभिनेत;<br>सर्कस आटगार;<br>रज्जुनर्तने मुंताद आटगळन्नु तोरिसुव दोंबर आटगार | actor;<br>acrobat, tumbler;<br>name of a particular vagrant caste in Hindus, the Indian gypsy, a rope-dancer, juggler etc. |
| नटखट | वि. | शरारती, चंचल, ऊधमी। | ತುಂಟ | तुंट | naughty, playful. |
| नटना | अ. क्रि. | प्रतिज्ञा, वचन आदि से मुकरना। | ಕೊಟ್ಟ ಮಾತು ತಪ್ಪು | कोट्ट मातु तप्पु | to say 'no', to go back on one's word, to deny, to negate. |
| नटनी | स्त्री. | 1. नटजाति की स्त्री;<br>2. अभिनेत्री। | ನಟ ಜಾತಿಯ ಹೆಂಗಸು;<br>ಅಭಿನಯಗಾತಿ | नट जातिय हेंगसु;<br>अभिनयगार्ति | woman of 'nat' tribe;<br>actress, a nautch girl. |
| नटी | स्त्री. | 1. अभिनेत्री;<br>2. सूत्रधार की पत्नी;<br>3. नटजाति की स्त्री। | ಅಭಿನೇತ್ರಿ;<br>ಸೂತ್ರಧಾರನ ಹೆಂಡತಿ;<br>ನಟುವರ ಹೆಂಗಸು | अभिनेत्रि;<br>सूत्रधारन हेंडति;<br>नट्टुवर हेंगसु | actress;<br>wife of the stage-manager;<br>woman of the 'nat' tribe. |
| नत | वि. | 1. झुका हुआ;<br>2. नमस्कार के लिए या नम्रतावश झुका हुआ;<br>3. विनम्र। | ಬಾಗಿದ;<br>ನಮಸ್ಕರಿಸಲು ಬಾಗಿದ;<br>ನಮ್ರ | बागिद;<br>नमस्करिसलु बागिद;<br>नम्र | bent, stooping, inclined, curved;<br>bowed, bowing to, saluting;<br>humble. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय. | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नतमस्तक** | वि. | 1. जिसने किसी के आगे नम्रता या लज्जा आदि के कारण सिर झुका दिया हो; | ನಾಚಿಕೆ ಸಂಕೋಚದಿಂದ ತಲೆ ತಗ್ಗಿಸಿದ; | नाचिकं, संकोचदिंद तलॆ तग्गिसिद; | having the head bowed down through modesty, shame etc; |
| | | 2. आदरभावयुक्त। | ಆದರದಿಂದ ತಲೆ ಬಾಗಿದ | आदरदिंद तलॆ बागिद | respectful. |
| **नति** | स्त्री. | 1. नत होने की क्रिया या भाव; | ಬಾಗುವಿಕೆ; | बागुविकं; | bend, curvature, crooked-ness; |
| | | 2. किसी ओर होनेवाली मन की प्रवृत्ति; | ಮನದ ಒಲವು; | मनद ऑलवु; | inclination, bias; |
| | | 3. नम्रता। | ನಮ್ರತೆ | नम्रतं | modesty, humbleness. |
| **नतीजा** | पु. | 1. परिणाम फल; | ಪರಿಣತಿ; | परिणति; | result, consequence, effect; |
| | | 2. परीक्षाफल; | (ಪರೀಕ್ಷೆ) ಪರಿಣಾಮ; | (परीक्षॆ) परिणाम; | examination result; |
| | | 3. निष्कर्ष। | ನಿಷ್ಕರ್ಷೆ | निष्कर्षॆ | conclusion. |
| **नत्थी** | वि. | पिन, धागे आदि से एक साथ बंधा हुआ, साथ लगा हुआ, संलग्न (कागज आदि)। | ಸೇರಿಸಿದ, ಒಂದುಗೂಡಿಸಿದ, ಸಂಲಗ್ನ | सेरिसिद, ऑंदुगूडिसिद, संलग्न | tagged, attached, appended (papers etc.). |
| **नथ** | स्त्री. | 1. नाक में पहनने का सोने के तार आदि का बना हुआ एक गोलाकार गहना; | ಉಂಗುರದಾಕಾರದ ನಾಸಾಭರಣ; | उंगुरदाकारद नासाभरण; | nose-ring; |
| | | 2. बैलों के नाथने की रस्सी, नाथ। | ಮೂಗುದಾರ | मूगुदार | nose-rope (of a bullock etc.). |
| **नथना** | अ. क्रि. | 1. नत्थी होना; | ಒಂದುಗೂಡುವುದು, ಸೇರುವುದು | ऑंदुगूडुवुदु, सेरुवुदु; | to be tagged; |
| | | 2. छिदना। | (ಪಿನ್ನು, ಟಾಸನಿ) ಚುಚ್ಚು | (पिन्नु, टासनि) चुच्चु | to be pierced. |
| | पु. | 1. नाक का अगला भाग; | ಮೂಗಿನ ಹೊಳ್ಳೆ; | मूगिन हॉळ्ळॆ; | nostril, nares; |
| | | 2. नाक में पहनने की बड़ी नथ; | ದೊಡ್ಡ ನಾಸಾಭರಣ; | दॊड्ड नासाभरण; | large nose-ring.; |
| | | 3. बैलों के नाथने की रस्सी नाथ। | ಎತ್ತುಗಳ ಮೂಗುದಾರ | एंत्तुगळ मूगुदार | nose-rope (of a bullock etc.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नथनी | स्त्री. | 1. नाक में पहनने की छोटी नथ; | ಮೂಗುನತ್ತು; | मूगुनत्तु; | small nose-ring; |
| | | 2. बैलों के नाथने की रस्सी, नाथ। | ಮೂಗುದಾರ | मूगुदार | nose-rope (of a bullock etc.). |
| नथुना | पु. | नाक का अगला भाग, नथना। | ನಾಸಾಗ್ರ | नासाग्र | nostril, nares. |
| नदारद | वि. | गायब, लुप्त। | ಕಾಣೆಯಾದ | काणॆयाद | absent, missing, disappeared. |
| नदी | स्त्री. | जल की वह प्राकृतिक धारा जो किसी पहाड़, झील आदि से निकलकर विशिष्ट मार्ग से बहती हुई किसी अन्य जलधारा, झील या समुद्र में जा मिली हो। | ನದಿ | नदि | river. |
| ननद (नंद) | स्त्री. | पति की बहन। | ಗಂಡನ ಸೋದರಿ | गंडन सोदरि | husband's sister, sister-in-law. |
| ननदोई | पु. | ननद का पति। | ಗಂಡನ ಸೋದರಿಯ ಗಂಡ | गंडन सोदरिय गंड | husband of the husband's sister, brother-in-law. |
| ननिहाल | पु. | नाना का घर या घराना, ननसार, ननसाल। | ತಾಯಿಯ ತಂದೆ (ತಾತನ) ಮನೆ | तायिय तंदॆ (तातन) मनॆ | the house or family of maternal grand-father. |
| नन्नच | पु. | किसी बात में की जानेवाली छोटी-मोटी आपत्ति। | ಚಿಕ್ಕ ಪುಟ್ಟ ಆಕ್ಷೇಪಣೆ (ಮಾತು) | चिक्क पुट्ट आक्षेपणॆ (मातु) | demur. |
| नन्हा (नन्ही स्त्री.) | वि. | अवस्था, आकार आदि में बहुत छोटा (बच्चा आदि)। | ಚಿಕ್ಕದಾದ, ಎಳಸಾದ | चिक्कदाद, ऎळसाद | small, tiny, little one, young. |
| नपाई | स्त्री. | 1. नापने की क्रिया या भाव; | ಅಳೆಯುವಿಕೆ; | अळॆयुविकॆ; | the process of measuring, measurement; |
| | | 2. नापने की मजदूरी। | ಅಳೆದ ಕೂಲಿ | अळॆद कूलि | charges paid for measuring. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नपुंसक** | पु. | ऐसा पुरुष जिसमें न तो पूर्ण पुरुषों के चिह्न हों और न स्त्रियों के ही, क्लीव, हिजड़ा। | ಷಂಡ, ಗಂಡೂ ಹೆಣ್ಣೂ ಎರಡೂ ಅಲ್ಲದವ | षंड, गंडू हेण्णू एरडू अल्लदव | hermaphrodite (neither man nor woman), a eunuch; |
| | वि. | 1. जिसमें काम-वासना या स्त्री-संभोग की शक्ति बिल्कुल न हो, नामर्द; | ಗಂಡಸುತನವಿಲ್ಲದ; | गंडसुतनविल्लद; | impotent, eunuch; |
| | | 2. कायर; | ಅಂಜುಬುರುಕ; | अंजुबुरुक; | coward; |
| | | 3. नपुंसक लिंग (व्या०)। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ನಪುಂಸಕ ಲಿಂಗ | (व्याकरण) नपुंसक लिंग | neuter gender (in grammar). |
| **नपुंसकता** | स्त्री. | 1. नपुंसक होने की अवस्था या भाव, कायरता, हिजड़ापन; | ಷಂಡತನ; | षंडतन; | cowardliness, unmanliness; |
| | | 2. नामर्दी का रोग। | ಗಂಡಸುತನವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | गंडसुतनविल्लदिरुविके | impotency. |
| **नफरत** | स्त्री. | 1. किसी के प्रति होने वाली अरुचिपूर्ण भावना, विरक्ति; | ಅರುಚಿ ಪೂರ್ಣ ವ್ಯವಹಾರ; | अरुचिपूर्ण व्यवहार; | contempt, abomination, disgust; |
| | | 2. घृणा। | ಅಸಹ್ಯಭಾವನೆ | असह्य भावने | hatred, dislike. |
| **नफा** | पु. | 1. आर्थिक लाभ; | ಲಾಭ; | लाभ; | profit; |
| | | 2. हित, लाभ; | ಅನುಕೂಲ, ಹಿತ; | अनुकूल, हित; | advantage; |
| | | 3. किसी प्रकार की प्राप्ति। | ನಫೆ, ಪ್ರಾಪ್ತಿ | नफे, प्राप्ति | gain. |
| **नफीस** | वि. | बढ़िया, उत्तम, रुचिकर। | ಅತ್ಯುತ್ತಮವಾದ | अत्युत्तमवाद | nice, fine, excellent, exquisite, dainty. |
| **नब्ज** | स्त्री. | हाथ की वह रक्तवाहिनी नलिका जिसके कलाई पर पड़नेवाले अंश की गति से रोग, आरोग्य आदि की पहचान की जाती है, नाड़ी। | ನಾಡಿ | नाडि | pulse. |
| **नब्बे** | वि. | जो गिनती में अस्सी से दस अधिक हो। | ತೊಂಬತ್ತು | तोंबत्तु | ninety. |
| | पु. | नब्बे की सूचक संख्या। | ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | तोंबत्तर संख्ये | the number ninety. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नभ** | पु. | आकाश, आसमान, बिल्कुल खाली या शून्य स्थान, व्योम। | ಆಕಾಶ | आकाश | the sky, firmament, ether. |
| **नभोमंडल** | पु. | मंडलाकार आकाश। | ಆಕಾಶ ಮಂಡಲ | आकाश मंडल | sky-circle, firmament. |
| **नम** | वि. | भीगा हुआ, गीला, आर्द्र। | ಒದ್ದೆಯಾದ, ತೊಯ್ದ | ओद्दयाद, तोय्द | moist, damp, wet. |
| **नमक** | पु. | एक प्रसिद्ध क्षार पदार्थ जो मुख्यतः खारे जल से तैयार किया जाता है और कहीं-कहीं चट्टानों के रूप में भी मिलता है, लवण। | ಉಪ್ಪು | उप्पु | salt. |
| **नमकदान** | पु. | पिसा हुआ नमक रखने का पात्र। | ಉಪ್ಪಿನ ಪಾತ್ರೆ | उप्पिन पात्रे | salt-cellar. |
| **नमकहराम** | वि. | जो अपने आश्रयदाता, उपकारक या स्वामी का अहित चाहता या करता हो, कृतघ्न। | ಕೃತಘ್ನ, ಉಪಕಾರವನ್ನು ಸ್ಮರಿಸದ | कृतघ्न, उपकारवन्नु स्मरिसद | ungrateful, unfaithful, disloyal. |
| **नमकहरामी** | स्त्री. | नमकहराम होने की अवस्था या भाव, कृतघ्नता। | ಕೃತಘ್ನತೆ | कृतघ्नते | ingratitude, ungratefulness, unfaithfulness, disloyalty. |
| **नमकहलाल** | वि. | जो अपने स्वामी, आश्रयदाता या उपकारक की भलाई करने के लिए सदा तत्पर रहता है, कृतज्ञ, स्वामिभक्त। | ಕೃತಜ್ಞ, ಸ್ವಾಮಿ ಭಕ್ತ | कृतज्ञ, स्वामिभक्त | grateful, faithful, loyal. |
| **नमकहलाली** | स्त्री. | नमकहलाल होने का भाव या गुण, कृतज्ञता, स्वामिभक्ति। | ಕೃತಜ್ಞತೆ | कृतज्ञते | gratitude, gratefulness. |
| **नमकीन** | वि., पुं. | 1. जिसमें नमक मिला हो;<br>2. जो स्वाद में नमक के स्वाद जैसा हो;<br>3. जो देखने में सांवला होने पर भी सुन्दर हो। | ಉಪ್ಪು ಬೆರೆತ;<br>ಉಪ್ಪಿನ ರುಚಿ;<br>ಸುಂದರ | उप्पु बेरेत;<br>उप्पिन रुचि;<br>सुंदर | salt, salted;<br>saline, brackish;<br>handsome, beautiful, pretty. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नमदा** | पु. | एक प्रकार का ऊनी कंबल जो गद्दे की तरह बिछाया जाता है। | ಫೆಲ್ಟ್, ಉಣ್ಣೆಯ ಒಂದು ಬಗೆಯ ದಪ್ಪ ಕಂಬಳಿ | फेल्ट्, उण्णेय ऒंदु बगेय दप्प कंबळि | felt, a coarse woollen carpet. |
| **नमन** | पुं. | 1. झुकने की क्रिया या भाव; 2. नमस्कार, प्रणाम। | ನಮಸ್ಕಾರ | नमस्कार | bending, flexure; deference salutation, obeisance, bowing, bowing down. |
| **नमस्कार** | पु. | 1. अभिवादन, प्रणाम; 2. अभिवादन करने के लिए प्रयुक्त एक शब्द। | ನಮಸ್ಕಾರ; ಅಭಿವಾದನೆ | नमस्कार; अभिवादने | salutation, obeisance; a term used for greeting or salutation. |
| **नमस्ते** | स्त्री. | संस्कृत का एक वाक्य जिसका अर्थ है, 'आपको नमस्कार है'। | ನಮಸ್ತೆ | नमस्ते | a term used for greeting or salutation, lit. 'salutation to you' |
| **नमाज** | स्त्री. | मुसलमानों की एक विशिष्ट प्रकार और रूप की ईश्वर-प्रार्थना जिसे दिन में पांच बार करने का विधान है। | ನಮಾಜು | नमाजु | a formal prayer (offered by Muslims). |
| **नमाजी** | वि., पु. | नियमपूर्वक समयानुसार नमाज पढ़नेवाला (व्यक्ति), धार्मिक मुसलमान। | ನಿಯಮ ಪೂರ್ವಕ ನಮಾಜು ಮಾಡುವವ, ಧಾರ್ಮಿಕ ಮುಸಲ್ಮಾನ | नियमपूर्वक माडुवव, धार्मिक मुसलमान | meticulously regular in 'namaz', a devout Muslim. |
| **नमित** | वि. | 1. झुका हुआ; 2. झुकाया हुआ। | ಬಗ್ಗಿದ; ಬಗ್ಗಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | बग्गिद; बग्गिसल्पट्ट | bowed, bent down; caused to stoop. |
| **नमी** | स्त्री. | आर्द्रता, गीलापन। | ಜೌಗು, ತೇವ | जौगु, तेंव | moisture, dampness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नमूना | पुं. | 1. किसी वस्तु की बहुत सी इकाइयों में से कोई इकाई जो उस वस्तु का स्वरूप बतलाने के लिए दिखाई जाती है; | ಮಾದರಿ; | मादरि; | specimen; |
| | | 2. किसी पदार्थ का कोई ऐसा अंश जो उसके गुण और स्वरूप का परिचय कराने के लिए निकाला गया हो, बानगी; | ನಮೂನೆ; | नमूनें; | a sample; |
| | | 3. वह जिसे देखकर उसके अनुसार वैसा ही कुछ और बनाया जाए, प्रतिमान; | ಮಾದರಿ; | मादरि; | pattern, model, design; |
| | | 4. उदाहरण। | ಉದಾಹರಣೆ | उदाहरणॆ | example. |
| नम्र | वि. | जिसमें नम्रता और विनय हो। | ವಿನಯಶೀಲ | विनयशील | modest, humble, meek, courteous, submissive. |
| नम्रता | स्त्री. | नम्र होने की अवस्था, गुण या भाव। | ನಮ್ರತೆ | नम्रतॆ | modesty, humility, meekness. |
| नय | पु. | प्रबंध, व्यवस्था और शासन करने का कोई कौशलपूर्ण ढंग, नीति। | ರಾಜ್ಯ, ಶಾಸನ, ವ್ಯವಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸುವ ರೀತಿ-ನೀತಿ | राज्य,शासन, व्यवस्थॆगळन्नु नडॆसुव रीति-नीति | policy. |
| नयन | पु. | नेत्र, आंख। | ಕಣ್ಣು | कण्णु | the eye. |
| नयनाभिराम | वि. | जो देखने में प्रिय तथा सुन्दर हो। | ನೋಟಕ್ಕೆ ಸುಂದರವಾದ | नोटक्कॆ सुंदरवाद | gladdening the sight, lovely to behold, charming, beautiful, attractive. |
| नया | वि. | 1. जो अभी हाल में ही निकला, बना या हुआ हो, नवीन; | ಹೊಸ; | हॊस; | new, novel; |
| | | 2. थोड़े दिनों का, हाल का, ताजा; | ತಾಜಾ; | ताजा; | recent, fresh; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 3. **जो** पहले किसी के उपयोग या व्यवहार में न आया हो; | ಉಪಯೋಗಿಸದ; | उपयोगिसद; | unused; |
| | | 4. किसी के स्थान पर आनेवाला दूसरा; | ಹೊಸಬ; | हॊसब; | new comer; |
| | | 5. अनुभवरहित; | ಅನುಭವವಿಲ್ಲದ | अनुभवविल्लद; | inexperienced; |
| | | 6. आधुनिक; | ಆಧುನಿಕ; | आधुनिक; | modern; |
| | | 7. (पहले से) अज्ञात; | (ಮೊದಲಿಂದ) ತಿಳಿಯದ; | (मॊदलिंद) तिळियद; | not known; |
| | | 8. अपरिचित; | ಪರಿಚಿತವಲ್ಲದ; | परिचितवल्लद; | unacquainted; |
| | | 9. मौलिक। | ಮೌಲಿಕವಾದ | मौलिकवाद | original. |
| **नयापन** | पु. | 1. नये होने की अवस्था या भाव, नवीनता; | ಹೊಸತನ; | हॊसतन; | newness, novelty; |
| | | 2. कोई ऐसा नवीन गुण या विशेषता जिसके फलस्वरूप किसी चीज में कोई चमत्कार या सौन्दर्य उत्पन्न हो जाए, मौलिकता। | ಮೌಲಿಕತೆ | मौलिकते | originality. |
| **नर** | पु. | पुरुष, आदमी, मर्द। | ನರ, ಮನುಷ್ಯ | नर, मनुष्य | man, male person. |
| | वि. | जिसमें वे सब शारीरिक अवयव हों जो किसी विशिष्ट वर्ग के वीर्यवान जीवों में होते हैं, मादा का विपर्याय। | ಗಂಡು | गंडु | male. |
| **नरक** | पु. | 1. पुराणों और धर्मशास्त्रों के अनुसार वह स्थान जहां पापी मनुष्यों की आत्मा को मृत्यु के पश्चात् यातनाएं सहनी पड़ती हैं; | ನರಕ; | नरक; | hell, infernal region, inferno; |
| | | 2. बहुत गंदा और दुर्गन्धपूर्ण स्थान; | ಕೊಳಕಾದ ಜಾಗ; | कॊळकाद जाग; | dirty and obnoxious place; |
| | | 3. **वह स्थान जहां अनेक प्रकार के कष्ट होते हों।** | ಇರಲು ಕಷ್ಟವಾದ ಜಾಗ | इरलु कष्टवाद जाग | a place of great torture or agony. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नरकुल** | पु. | बेंत की जाति का एक प्रसिद्ध पौधा जिसके डंठल मजबूत किन्तु खोखले होते हैं और अनेक प्रकार के कामों में लाये जाते हैं। | ಲಾಳ, ಜೊಂಡು ಗಿಡ | लाळ, जोंडु गिड | reed, bulrush. |
| **नरगिस** | पु. | प्याज की तरह का एक पौधा और उसके फूल जो कटोरी के आकार के सफेद रंग के होते हैं तथा जिसमें गोल काला धब्बा होता है। | ಒಂದು ಬಗೆಯ (ಸುಗಂಧರಾಜದ ಜಾತಿಯ) ಹೂಗಿಡ ಮತ್ತು ಅದರ ಹೂ | ओंदु बगेय (सुगंधराजद जातिय) हूगिड मत्तु अदर हू | the narcissus plant and its flowers. |
| **नरगिसी** | पु. | 1. एक तरह का कोफ्ता जो अंडों पर कीमा चढ़ाकर बनाया जाता है; | ಮೊಟ್ಟೆ ಮಾಂಸ ಸೇರಿಸಿ ಮಾಡಿದ ಒಂದು ತಿನಸು; | मॊट्टॆ मांस सेरिसि माडिद ओंदु तिनसु; | a ball of minced meat stuffed with egg; |
| | | 2. पुरानी चाल का एक प्रकार का कपड़ा जिस पर नरगिस के फूलों के आकार की बूटियां होती थीं। | ಹೂ ಬಳ್ಳಿಗಳ ನಮೂನೆಗಳ ಕಸೂತಿ ಮಾಡಿದ ವಸ್ತ್ರ | हू बळ्ळिगळ नमूनेगळ कसूति माडिद वस्त्र | a kind of cloth or garment figured with narcissus flowers. |
| | वि. | नरगिस के आकार-प्रकार, रूप-रंग आदि का। | ನರಗಿಸ್ ಹೂವಿನ ಆಕಾರದ | नरगिस् हूविन आकारद | like a narcissus flower. |
| **नरपशु** | पु. | जो मनुष्य होकर भी पशुओं का सा आचरण करता हो। | ನರಪಶು | नरपशु | a 'beast-like man' a beast in human form, a beasty man. |
| **नरमाना** | अ. क्रि. | 1. मुलायम होना; | ಮೃದುವಾಗು; | मृदुवागु; | to soften; |
| | | 2. शांत होना। | ಶಾಂತಿಗೊಳ್ಳು | शांतगॊळ्ळु | to become moderate, to be mollified, pacified etc. |
| | स. क्रि. | 1. मुलायम करना; 2. शांत करना। | ಮೃದುಮಾಡು; ಶಾಂತಗೊಳಿಸು | मृदु माडु; शांतगॊळिसु | to soften; to moderate, to mollify, pacify etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नरसिंगा (नरसिंघा)** | पु. | तुरही के आकार का फूंककर बजाया जानेवाला एक बाजा। | ತುತೂರಿಯಾಕಾರದ ಒಂದು ವಾದ್ಯ | तुतूरियाकारद ऑंदु वाद्य | a (musical) horn. |
| **नरसों** | क्रि. वि. | 1. बीते हुए परसों के पहले का दिन; | ಆಚೆ ಮೊನ್ನೆ; | आचॆ मॊन्नॆ; | the fourth day past, two days before yesterday; |
| | | 2. आनेवाले परसों के बाद का दिन। | ಆಚೆ ನಾಳಿದ್ದು | आचॆ नाळिद्दु | two days after tomorrow. |
| **नराधम** | पु. | अधम या नीच व्यक्ति। | ನರಾಧಮ | नराधम | a low or vile man, a wretch. |
| **नरिया** | पुं. | एक प्रकार का मिट्टी का अर्द्ध-वृत्ताकार लंबा खपड़ा जो मकान की छावन पर रखने के काम आता है। | ಹೆಂಚು. | हॆंचु | an earthen semi-cylindrical tile. |
| **नरेश** | पु. | राजा। | ರಾಜ | राज | king, prince. |
| **नर्तक** | पु. | नाचनेवाला व्यक्ति। | ನರ್ತಕ | नर्तक | dancer. |
| **नर्तकी** | स्त्री. | नाचनेका पेशा करनेवाली स्त्री। | ನರ್ತಕಿ | नर्तकि | a female dancer, dancing girl. |
| **नर्तन** | पुं. | नाचने की क्रिया या भाव, नाच, नृत्य। | ನೃತ್ಯ, ನರ್ತನ, ಕುಣಿತ | नृत्य, नर्तन कुणित | dancing, dance. |
| **नर्म (नरम)** | वि. | 1. जो कड़ा न हो, मुलायम; | ಮೃದುವಾದ; | मृदुवाद; | soft; |
| | | 2. लचीला; | ಬಾಗುವ; | बागुव; | flexible; |
| | | 3. जिसमें उग्रता या कठोरता न हो, मृदुल, कोमल; | ಕೋಮಲವಾದ; | कोमलवाद; | delicate, tender; |
| | | 4. मंद, धीमा। | ಮಂದವಾದ | मंदवाद | mild, gentle. |
| **नर्मदिल** | वि. | कोमल हृदयवाला, दयालु। | ಕೋಮಲ ಹೃದಯದ | कोमल हृदयद | tender-hearted, kind-hearted. |
| **नर्मी (नरमी)** | स्त्री. | 1. नर्म होने की अवस्था, गुण या भाव; | ಮೃದುತ್ವ; | मृदुत्व; | softness; |
| | | 2. कठोरतापूर्ण व्यवहार न करने का गुण, मृदुलता, कोमलता; | ಕೋಮಲತೆ; | कोमलतॆ; | tenderness; |
| | | 3. मंदता, धीमापन; | ಮಾಂದ್ಯ; | मांद्य; | gentleness, mildness, want of firmness; |
| | | 4. ढिलाई (बर्ताव आदि)। | ಶಿಥಿಲತೆ, | शिथिलतॆ | slackness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नल** | पुं. | 1. ऐसा वर्तुलाकार लंबा खंड या रचना जिसका भीतरी भाग खोखला हो और जिसके अंदर एक सिरे से दूसरे सिरे तक चीजें आती-जाती हों; | ಕೊಳಾಯಿ; | कोळायि; | pipe, tube; |
| | | 2. जलकल का वर्तुलाकार लंबा, खोखला, लोहे का टुकड़ा जिसके द्वारा जल की पूर्ति की जाती है, नलका, बम्बा। | ನಳ, ನಲ್ಲಿ, ಪೈಪು | नळ, नल्लि, पैपु | water-pipe, hydrant. |
| **नलकी** | स्त्री. | छोटा नल, नली। | ಚಿಕ್ಕ ಕೊಳಾಯಿ | चिक्क कोळायि | small or narrow pipe, tube, tubule. |
| **नलकूप** | पुं. | एक विशेष प्रकार का आधुनिक यंत्र जिसके द्वारा सिंचाई के लिए जमीन के अंदर से पानी निकाला जाता है। | ಟ್ಯೂಬ್‌ವೆಲ್, ಕೊಳವೆ ಭಾವಿ | ट्यूब-वॅल, कोळवि भावि | tube-well. |
| **नलिका** | स्त्री. | नली। | ಕೊಳವೆ | कोळवि | tube, tubule; |
| **नलिनी** | स्त्री. | कमलिनी, कमल। | ಕಮಲ | कमल | lotus. |
| **नली** | स्त्री. | 1. छोटा या पतला नल, नलकी; | ಕೊಳವೆ; | कोळवि; | tube, tubule; |
| | | 2. शरीर में नल के आकार की भीतर से पोली हड्डी जिसमें मज्जा होती है; | ಮಜ್ಜೆಯಿಂದ ಕೂಡಿರುವ ಮೂಳೆ; | मज्जॆयिंद कूडिरुव मूळॆ; | marrow bone; |
| | | 3. बंदूक की नली जिसमें से होकर गोली गुजरती है। | ಬಂದೂಕಿನ ಕೊಳವೆ | बंदूकिन कोळवि | barrel (of gun ). |
| **नव** | वि. | 1. नया, नवीन; | ಹೊಸ; | होस; | new, fresh, young; |
| | | 2. आधुनिक; | ಆಧುನಿಕ; | आधुनिक; | modern; |
| | | 3. जो गिनती में आठ से एक अधिक हो, नौ। | ಒಂಬತ್ತು | ओंबत्तु | nine. |
| | पुं. | आठ और एक के योग की सूचक संख्या। | ಒಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | ओंबत्तर संख्यॆ | the number nine. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नवग्रह** | पुं. | सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु तथा केतु ये नौ ग्रह (ज्योतिष)। | ನವಗ್ರಹಗಳು | नवग्रहगळु | the nine planets (sun, moon etc.). |
| **नवजात** | वि. | जिसका जन्म कुछ ही समय पहले हुआ हो। | ಹೊಸದಾಗಿ ಹುಟ್ಟಿದ | हांसदागि हुट्टिद | newly born, nascent, neonatal. |
| **नवजीवन** | पुं. | 1. नया जीवन, नई जिन्दगी, मृत्यु के बाद प्राप्त होनेवाला दूसरा जीवन;<br>2. जीवन में होनेवाला बड़ा परिवर्तन, जीवन का नया मोड़;<br>3. मृत्यु से बच जाना, मरते-मरते बचना। | ಎರಡನೆಯ ಜನ್ಮದ ಹೊಸ ಜೀವನ;<br>ಜೀವನದಲ್ಲಾಗುವ ಭಾರಿ ಪರಿವರ್ತನೆ, ಜೀವನದ ಹೊಸ ತಿರುವು;<br>ಸತ್ತು ಹುಟ್ಟಿದಂತಾದ ಹೊಸ ಜೀವನ | एंरडनंय जन्मद हांस जीवन;<br>जीवनदल्लागुव भारि परिवर्तनं, जीवनद हांस तिरुवु;<br>सत्तु हुट्टिदंताद हांस जीवन | new life, next life, life after death;<br>a new turn in life, a great change in life;<br>to be saved from death. |
| **नवधाभक्ति** | स्त्री. | नौ प्रकार की भक्ति-श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, सख्य, दास्य और आत्मनिवेदन। | ಶ್ರವಣ, ಕೀರ್ತನ, ಸ್ಮರಣ, ಪಾದಸೇವೆ, ಅರ್ಚನ, ವಂದನೆ; ಸಖ್ಯ, ದಾಸ್ಯ, ಆತ್ಮಾರ್ಪಣೆ- ಒಂಬತ್ತು ಬಗೆಯ ಭಕ್ತಿ | श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवं अर्चन, वंदनं, सख्य दास्य, आत्मार्पणं – आंबत्तु बगंय भक्ति | the nine ways of devotion. (श्रवण, कीर्तन etc). |
| **नवनिधि** | स्त्री. | कुबेर की नौ निधियाँ:- पद्म, महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्व। | ಕುಬೇರನ ಒಂಬತ್ತು ಸಂಪತ್ತುಗಳು | कुबेरन, आंबत्तु संपत्तुगळु | the nine treasures of Kubera, the god of riches (पद्म, महापद्म etc.). |
| **नवनिर्माण** | पुं. | किसी चीज का नए सिरे से किया जानेवाला निर्माण। | ನವ ನಿರ್ಮಾಣ | नवनिर्माण | to construct a new thing, afresh construction, reconstruction. |
| **नवनीत** | पुं. | 1. मक्खन;<br>2. श्री कृष्ण। | ಬೆಣ್ಣೆ;<br>ಶ್ರೀಕೃಷ್ಣ | बंण्णं;<br>श्रीकृष्ण | butter;<br>Lord Krishna. |
| **नवम** | वि. | नौ के स्थान पर पड़नेवाला, नवाँ। | ಒಂಬತ್ತನೆಯ | आंबत्तनंय | ninth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नवमी** | स्त्री. | चांद्रमास के किसी पक्ष की नवीं तिथि। | ನವಮಿ (ತಿಥಿ) | नवमि (तिथि) | the ninth day of a lunar fortnight. |
| **नवयुवक** | पु. | नौजवान, तरुण। | ತರುಣ | तरुण | a youth, a young man. |
| **नवयुवती** | स्त्री. | नौजवान स्त्री, तरुणी। | ತರುಣಿ | तरुणि | a young woman. |
| **नवयुवा** | पु. | दे. 'नवयुवक'। | ನೋಡಿ "नवयुवक" | नोडि. "नवयुवक" | same as 'नवयुवक'. |
| **नवयौवन** | पु. | नई जवानी, तरुणाई। | ತಾರುಣ್ಯ | तारुण्य | fresh youth, bloom or prime of youth. |
| **नवयौवना** | स्त्री. | वह स्त्री, जिसमें युवावस्था के चिह्न दृष्टिगोचर होने लगे हों, नौजवान स्त्री, नवयुवती। | ನವ ಯುವತಿ | नवयुवति | a girl just grown up to puberty, a woman in the prime of youth, a young woman. |
| **नवरत्न** | पु. | 1. मोती, पन्ना, मानिक, गोमेद, हीरा, मूंगा, लहसुनिया, पद्म-राग और नीलम—ये नौ रत्न; | ನವರತ್ನಗಳು; | नवरत्नगळु; | the nine precious gems (viz. pearl, ruby, topaz, diamond, emerald, lapis or lazuli, coral, sapphire and one called go-meda); |
| | | 2. राजा विक्रमादित्य की सभा के नौ प्रसिद्ध पंडित (अर्थात् धन्वन्तरि, क्षपणक, अमरसिंह, शंकु, वेताल भट्ट, घटखर्पर, कालिदास, वराहमिहिर और वररुचि)। | ವಿಕ್ರಮಾದಿತ್ಯ ರಾಜನ ಆಸ್ಥಾನದ ಒಂಬತ್ತು ಮಂದಿ ಪಂಡಿತರು- ನವರತ್ನ | विक्रमादित्य राजन आस्थानद ओंबत्तु मंदि पंडितरु नवरत्न | the nine jewels i.e. men of letters, at the court of Vikramaditya (viz. Dhanvantri, Kshapanak, Amar Singh, Sanku, Vetal Bhatt, Ghatakharpar, Kalidas, Vararuchi and Varahmihir ). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नवरस** | पु. | भारतीय साहित्य शास्त्र में शृंगार, करुण, हास्य, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत और शांत—ये नौ प्रकार के रस। | ಶೃಂಗಾರ ವೀರ ಮುಂತಾದ ಒಂಬತ್ತು ಕಾವ್ಯರಸಗಳು | शृंगार वीर मुंताद ऑबत्तु काव्य रसगळु | the nine 'rasas' in poetry (viz शृंगार, करुण etc. according to Indian critical thought). |
| **नवरात्र** | पु. | आश्विन और चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक के नौ दिन जिसमें हिंदु लोग दुर्गा का पूजन आदि करते हैं। | ನವರಾತ್ರಿ | नवरात्रि | the period of nine days from the first of the light half of the months Asvina and Chaitra to the ninth devoted to the worship of Durga. |
| **नवल** | वि. | 1. नया, नवीन; | ಹೊಸ, | हॉस; | new, novel; |
| | | 2. नया और अनोखा, बढ़िया, आकर्षक; | ಹೊಸ ಆಕರ್ಷಣೆ ಯುಳ್ಳ; | हॉस आकर्षणे युळ्ळ; | new and attractive, fine, charming, wonderful; |
| | | 3. नवयुवक। | ನವ ಯುವಕ | नवयुवक | young. |
| **नववधू** | स्त्री. | नवविवाहित स्त्री। | ಮದುಮಗಳು | मदुमगळु | a newly married girl, a bride. |
| **नवशिक्षित** | वि. | जिसने अभी हाल में ही कुछ पढ़ना-लिखना सीखा हो। | ನವಶಿಕ್ಷಿತ | नवशिक्षित | neo-literate. |
| **नवां** | वि. | नौ के स्थान पर पड़नेवाला। | ಒಂಬತ್ತನೆಯ | ऑबत्तनय | ninth. |
| **नवागत** | वि. | नया आया हुआ, जो अभी आया हो। | ಹೊಸದಾಗಿ ಬಂದ | हॉसदागि बंद | just come, recently arrived. |
| | पु. | नया आनेवाला (व्यक्ति), अतिथि। | ಹೊಸದಾಗಿ ಬಂದ ವ್ಯಕ್ತಿ | हॉसदागि बंद व्यक्ति | newcomer, guest. |
| **नवाना** | स. क्रि. | 1. झुकाना; | ಬಗ್ಗಿಸು; | बग्गिसु; | to bend, to bow; |
| | | 2. विनीत करना। | ವಿನೀತನನ್ನಾಗಿ ಮಾಡು | विनीतनन्नागि माडु | to cause to submit to. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नवाब** | पु. | 1. किसी प्रदेश का मुसलमान शासक; | ನವಾಬ; | नवाब; | Muslim nobleman or ruler; |
| | | 2. मुसलमान रईसों को अंग्रेजी शासन की ओर से मिलनेवाली उपाधि; | ಒಂದು ಉಪಾಧಿ-ನವಾಬ; | ऑंदु उपाधि-नवाब; | title of some Muslim rulers; |
| | | 3. बहुत शानशौकत और अमीरी ढंग से रहनेवाला तथा खूब खर्च करनेवाला (व्यक्ति)। | ಧನವಂತ | धनवंत | a man living with great pomp and show. |
| **नवाबी** | वि. | 1. नवाबों का; | ನವಾಬರ; | नवाबर; | of or relating to a nawab; |
| | | 2. नवाबों-जैसा। | ನವಾಬರಂತಹ | नवाबरंतह | nawab-like. |
| | स्त्री. | 1. नवाब होने की अवस्था, भाव या पद; | ನವಾಬಗಿರಿ; | नवाबगिरि; | the state of being a nawab; |
| | | 2. नवाब का पद या कार्य; | ನವಾಬಿ ಕಾರ್ಯ, | नवाबि कार्य; | the office of a nawab; |
| | | 3. नवाबों की तरह की बहुत अधिक अमीरी या शान-शौकत; | ಹಣವಂತಿಕೆ; | हणवंतिकॆ; | luxurious and lavish living (comparable to that of a nawab); |
| | | 4. नवाबों की तरह मनमाना आचरण। | ಮನ ಬಂದಂತೆ ವ್ಯವಹರಿಸುವವ | मनबंदतॆ व्यवहरिसुवव | arbitrary conduct in the manner of a nawab. |
| **नवासा** | पु. | बेटी का बेटा, नाती। | ಮಗಳ ಮಗ | मगळ मग | daughter's son. |
| **नवासी** | वि. | जो संख्या में अस्सी से नौ अधिक हो। | ಎಂಬತ್ತೊಂಬತ್ತು, | ऍंबत्तॊंबत्तु, | eightynine. |
| | स्त्री. | नवासी की सूचक संख्या। | ಎಂಬತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | ऍंबत्तॊंबत्तर संख्यॆ | figure eightynine. |
| **नवीकरण** | पु. | 1. किसी चीज या बात की अवधि समाप्त होने पर उसे फिर से नियमित तथा वैध रूप देना या उसकी अवधि बढ़ाना; | ಪುನಃ ಹೊಸದಾಗಿ ಜಾರಿ ಮಾಡುವಿಕೆ; | पुन: हॊसदागि जारि माडुविकॆ; | renewal; |
| | | 2. नवीन रूप देने की क्रिया या भाव, मरम्मत करके नया रूप देना, पुनरुद्धार, जीर्णोद्धार, कायाकल्प। | ಜೀರ್ಣೋದ್ಧಾರ | जीर्णोद्धार | renovation, rejuvenation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नवीन** | वि. | 1. नया, नूतन; | ಹೊಸ; | हॉस; | new, novel; |
| | | 2. जो पहले पहल या मूल रूप में बना हो, मौलिक; | ಮೌಲಿಕ; | मौलिक; | original; |
| | | 3. हाल का, थोड़े समय का, ताजा; | ಈಗಿನ; | ईगिन; | recent, fresh; |
| | | 4. आधुनिक। | ಆಧುನಿಕ | आधुनिक | modern. |
| **नवीनतम** | वि. | 1. सबसे बाद का; | ನವೀನತಮವಾದ; | नवीनतमवाद; | latest; |
| | | 2. आधुनिकतम, अति आधुनिक, आजकल का; | ಬಹಳ ಹೊಸತಾದ; | बहळ हॉसताद; | most modern; |
| | | 3. अद्यतन, अध्यावधिक, आज तक का। | ಇಂದಿನ | इंदिन | up-to-date. |
| **नवीनता** | स्त्री. | 1. नया होने की अवस्था या भाव, नूतनता; | ನವೀನತೆ; | नवीनतॆ; | newness, novelty, freshness; |
| | | 2. मौलिकता; | ಮೌಲಿಕತೆ; | मौलिकतॆ; | originality; |
| | | 3. आधुनिकता। | ಆಧುನಿಕತೆ | आधुनिकतॆ | modernity, modernism. |
| **नवीयन** | पुं. | दे. 'नवीकरण'। | ನೋಡಿ "नवीकरण" | नोडि "नवीकरण" | same as '**नवीकरण**'. |
| **नवोढ़ा** | स्त्री. | 1. नवविवाहिता स्त्री, नववधू; | ನವವಧು; | नववधु; | a newly married woman, a bride; |
| | | 2. नवविवाहिता, लज्जाशीला नायिका (साहित्य)। | ಈಗತಾನೆ ವಿವಾಹಿತೆಯಾದ ವಧು, (ಸಾಹಿತ್ಯ) ಲಜ್ಜಾಶೀಲಳಾದ ನಾಯಿಕೆ | ईगतानॆ विवाहितॆयाद वधु (साहित्य) लज्जाशीलळाद नायिकॆ | a bashful newly married heroine (in lit.). |
| **नव्य** | वि. | 1. नया, नवीन; | ಹೊಸತಾದ; | हॉसताद; | new, fresh, recent, novel; |
| | | 2. आधुनिक। | ಈಚೀಚಿನ | ईचीचिन | modern. |
| **नशा** | पुं. | 1. शराब, अफीम या गांजा आदि मादक द्रव्यों के खाने या पीने से उत्पन्न अवस्था; | (ಹೆಂಡ, ಸಾರಾಯಿ) ಅಮಲು; | (हॆंड, सारायि) अमलु; | intoxication, drunkenness; |
| | | 2. मादक द्रव्य; | ಅಮಲೇರುವಂತೆ ಮಾಡುವ ವಸ್ತು; | अमलेरुवंतॆ माडुव वस्तु; | intoxicating substance; |
| | | 3. (धन, बल आदि का) मद (ला०); | (ಧನ, ಅಧಿಕಾರ) ಮದ; | (धन, अधिकार) मद; | arrogance, pride, intoxication (fig); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. मादक पदार्थ सेवन करने की आदत; | (ಮದವೇರುವ ಪದಾರ್ಥ ಸೇವನೆಯ) ಅಭ್ಯಾಸ; | (मदवेरुव पदार्थ सेवनेय) अभ्यास; | habit of drinking or taking intoxicants; |
| | | 5. ऐसी स्थिति जिसमें मनुष्य आनंदपूर्वक किसी धुन में लगा रहना चाहता हो, मस्ती। | ಮಸ್ತಿ | मस्ति | exaltation, overjoy, rapture. |
| नशाखोर | पुं. | वह जो मादक पदार्थ का सेवन करता रहता हो। | ಅಮಲೇರುವ ವಸ್ತುವನ್ನು ಸೇವಿಸುವವ | अमलेरुव वस्तुवन्नु सेविसुवव | an inebriate, one addicted to intoxicants. |
| नशीला | वि. (स्त्री. नशीली) | 1. जिसके सेवन से नशा चढ़ता हो, मादक; | ಮಾದಕ; | मादक; | inebriant, intoxicating; |
| | | 2. जिस पर नशे का प्रभाव हो। | ಅಮಲೇರಿದ | अमलेरिद | intoxicated, sleepy-looking, drooping (eyes etc.). |
| नशेबाज | वि. | जिसे कोई मादक पदार्थ सेवन करने की आदत हो। | ಮಾದಕ ಪದಾರ್ಥದ ಸೇವನೆಯ ಅಭ್ಯಾಸವುಳ್ಳ | मादक पदार्थद सेवनेय अभ्यासवुळ्ळ | an inebriate, habitual drunkard, one addicted to an intoxicant. |
| नश्तर | पुं. | एक प्रकार का बहुत तेज छोटा चाकू जिसका उपयोग शारीरिक अंगों की चीर-फाड़ के लिए किया जाता है। | ಆಪರೇಷನ್ ಮಾಡುವ ಕತ್ತಿ, ಕತ್ತರಿ ಮುಂತಾದ್ದು | आपरेशन् माडुव कत्ति, कत्तरि मुंताद्दु | a lancet, fleam, surgical knife. |
| नश्वर | वि. | 1. नाशवान; | ನಾಶವಾಗುವ; | नाशवागुव; | perishable, destructible; |
| | | 2. जो सदा न रहे, अस्थायी अनित्य, क्षणिक। | ಶಾಶ್ವತವಲ್ಲದ | शाश्वतवल्लद | transient, evanescent. |
| नश्वरता | स्त्री. | 1. नश्वर होने की अवस्था या भाव; | ನಶ್ವರತೆ; | नश्वरते; | perishableness, |
| | | 2. अनित्यता, क्षणभंगुरता। | ನಿತ್ಯವಲ್ಲದ್ದು, ಕ್ಷಣಭಂಗುರ | नित्यवल्लद्दु, क्षणभंगुर | transitoriness, evanescence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नष्ट** | वि. | **1. जो बरबाद हो गया हो, चौपट;** | ಹಾಳಾದ; | हाळाद; | destroyed, ruined, annihilated; |
| | | **2. जो मर या मिट चुका हो;** | ಅಳಿದ; | अळिद; | dead, ceased, passed, perished; |
| | | **3. जो व्यर्थ या निष्फल हो गया हो;** | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದಾದ; | कॆलसक्कॆ बारदाद; | spoiled, wasted; |
| | | **4. पतित, हीन, भ्रष्ट (चरित्र आदि)।** | (ನಡತೆ) ಕೆಟ್ಟು ಹಾಳಾದ | (नडतॆ) कॆट्टु हाळाद | depraved, corrupted, debauched. |
| **नष्टप्राय** | वि. | **जो पूरी तरह से नष्ट होने के पास पहुँच चुका हो, जो बहुत कुछ नष्ट हो गया हो।** | ಸಂಪೂರ್ಣ ನಾಶವಾಗುವ ಸ್ಥಿತಿಗೆ ಬಂದ | संपूर्ण नाशवागुव स्थितिगॆ बंद | almost ruined or destroyed. |
| **नष्ट-भ्रष्ट** | वि. | **1. सब तरह से खराब और बरबाद;** | ಛಿನ್ನ ಭಿನ್ನವಾಗಿ ಹಾಳಾದ; | छिन्न भिन्नवागि हाळाद; | devastated; |
| | | **2. व्यर्थ और बेकार।** | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದಂತಾದ | कॆलसक्कॆ बारदंताद | wasted and spoiled. |
| **नस** | स्त्री. | **1. रक्तवाहिनी नली या नाड़ी;** | ರಕ್ತನಾಳ; | रक्तनाळ; | vein; |
| | | **2. शरीर के अंदर का तंतुजाल, स्नायु, तंत्रिका;** | ನರ; | नर; | sinew, tenden, nerve; |
| | | **3. रेशा, तंतु (पत्तों आदि का)** | (ಎಲೆ) ನಾರು; | (ऎलॆ) नारु; | fibre; |
| | | **4. पुरुष या स्त्री की जननेन्द्रिय।** | ಜನನೇಂದ್ರಿಯ | जननेंद्रिय | the organ of generation. |
| **नसबंदी** | स्त्री. | **शल्य क्रिया द्वारा पुरुष की जननेन्द्रिय के वीर्य प्रवाह के मार्ग को अवरुद्ध कर देने की क्रिया ताकि वह प्रजनन कार्य में अक्षम हो जाए।** | ಪುರುಷ ಜನನೇಂದ್ರಿಯಕ್ಕೆ ಶಕ್ತಿ ಶೂನ್ಯವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡುವ ವೈಸೆಕ್ಟೊಮಿ | पुरुष जननेंद्रियक्कॆ शक्ति शून्यवागुवंतॆ माडुव वैसॆक्टॊमि | vasectomy. |
| **नसवार** | स्त्री. | **तम्बाकू के पत्तों की बुकनी जो प्रायः सूंघी जाती है, सुंघनी।** | ನಶ್ಯ | नश्य | snuff. |
| **नसीब** | पु. | **1. भाग्य, तकदीर, प्रारब्ध;** | ಭಾಗ್ಯ; | भाग्य; | luck, fate, fortune, destiny; |
| | | **2. प्राप्त, मिला हुआ।** | ಪ್ರಾಪ್ತಿ | प्राप्ति | attained, obtained or achieved. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नसीहत** | स्त्री. | 1. सीख, शिक्षा, सदुपदेश, सत्परामर्श; | ಸದುಪದೇಶ; | सदुपदेश; | teaching, precept; |
| | | 2. ऐसा दंड या डांट-डपट जिससे कुछ शिक्षा या सीख मिलती हो, प्रबोधन। | (ಹೆದರಿಸಿ ಬೆದರಿಸಿ) ಪಾಠ ಕಲಿಸುವಿಕೆ | (हॆदरिसि बॆदरिसि) पाठ कलिसुविकॆ | admonition. |
| **नसूड़िया** | वि. | मनहूस, अमांगलिक। | ಅಪಶಕುನ | अपशकुन | ominous, sinister. |
| **नसैनी (निसैनी)** | स्त्री. | सीढ़ी, सोपान, जीना। | ಏಣಿ | एणि | a ladder, staircase, stairway. |
| **नस्ल (नसल)** | स्त्री. | 1. वंश; | ವಂಶ; | वंश; | breed, pedigree, geneology; |
| | | 2. संतति। | ಸಂತಾನ | संतान | offspring, progeny. |
| **नहन्नी (नहरनी)** | स्त्री. | नाखून काटने का एक धारदार छोटा उपकरण। | ಉಗುರು ಕತ್ತರಿ ಸುವ ಕತ್ತರಿ | उगुरु कत्तरिसुव कत्तरि | instrument for paring nails, nail-cutter. |
| **नहर** | स्त्री. | सिंचाई और यातायात के निमित्त बनाया हुआ कृत्रिम जल-मार्ग। | ನಾಲೆ | नालॆ | canal, channel, water-way. |
| **नहरी** | स्त्री. | वह जमीन जिसकी सिंचाई नहर के पानी से होती है। | ನಾಲೆಯ ಆಸರೆ ಜಮೀನು | नालॆय आसरॆ जमीनु | the land irrigated by canal water. |
| | वि. | नहर-संबंधी। | ನಾಲೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | नालॆगॆ संबंधिसिद | pertaining or belonging to canal. |
| **नहला** | पु. | ताश का वह पत्ता जिसमें नौ बूटियाँ होती हैं। | ಇಸ್ಪೀಟಾಟದ ಒಂಬತ್ತರ ಎಲೆ | इस्पीटाटद ऒंबत्तर ऎलॆ | a playing card with nine pips, the nine in playing cards. |
| **नहलाई** | स्त्री. | 1. नहलाने की क्रिया या भाव; | ಸ್ನಾನ ಮಾಡಿಸುವಿಕೆ; | स्नान माडिसुविकॆ; | the act or process of bathing; |
| | | 2. नहलाने का पारिश्रमिक या पुरस्कार। | ಸ್ನಾನ ಮಾಡಿಸಿದ ಕೂಲಿ | स्नान माडिसिद कूलि | the wages paid for bathing. |
| **नहलाना** | स. क्रि. | किसी को नहाने में प्रवृत करना। | ಸ್ನಾನ ಮಾಡಿಸು | स्नान माडिसु | to bathe, to give (one) a bath. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नहान | पु. | 1. नहाने की क्रिया या भाव, स्नान; | ಸ್ನಾನ; | स्नान; | bathing; |
| | | 2; नहाने का शुभ अवसर या पर्व। | ಪರ್ವಕಾಲದ ಸ್ನಾನ | पर्वकालद स्नान | a festal day or occasion for taking a bath. |
| नहाना | अ. क्रि. | 1. शरीर को स्वच्छ करने के लिए जल से धोना, स्नान करना; | ಸ್ನಾನ ಮಾಡು | स्नान माडु | to bathe, to take a bath; |
| | | 2. किसी तरल पदार्थ से शरीर का लथपथ होना। | | | to be smeared with, to be soaked or drenched in. |
| नहीं | अव्य. | असहमति, अस्वीकृति, विरोध आदि प्रकट करने के लिए प्रयुक्त एक अव्यय शब्द। | ಇಲ್ಲ, ಅಲ್ಲ | इल्ल, अल्ल | no, not, nay. |
| नाँद | स्त्री. | चौड़े मुँह तथा गोल पेंदेवाला एक पात्र जिसमें गाय, भैंस आदि को चारा खिलाया जाता है। | (ದನಗಳಿಗೆ ಆಹಾರ ಹಾಕುವ) ಕಲಗಚ್ಚಿನ ಬಾನೆ | (दनगळिगें आहार हाकुव) कलगच्चिन बानें | manger, trough. |
| नांदी | स्त्री. | नाटक में वह आशीर्वादात्मक पद्य जो अभिनय आरंभ करने से पहले सूत्रधार उच्च स्वर में गाता या पढ़ता है, मंगलाचरण। | (ನಾಟಕದಲ್ಲಿ) ನಾಂದಿ, ಮಂಗಳಾಚರಣೆ | (नाटकदल्लि) नांदि, मंगळाचरणें | the benedictory verse recited as sort of prologue at the beginning of a drama, benediction. |
| ना | अव्य. | एक अव्यय पूरक जिसका प्रयोग किसी को कोई काम करने से मना करने या निषेध करने के लिए 'न' या 'नहीं' की तरह होता है। | (ನಿಷೇಧಾರ್ಥಕ) ಅಲ್ಲ, ಇಲ್ಲ | (निषेधार्थक) अल्ल इल्ल | a word denoting negation, no, not, nay. |
| नाइन | स्त्री. | 1. नाई जाति की स्त्री; | ಕ್ಷೌರಿಕನ ಹೆಂಡತಿ; | क्षौरिकन हेंडति: | a woman of the barber caste; |
| | | 2. नाई की पत्नी। | ಕ್ಷೌರಿಕ ಜಾತಿಯ ಸ್ತ್ರೀ | क्षौरिक जातिय स्त्री. | a barber's wife. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नाई** | पु. | वह जो लोगों के बाल काटता और हजामत बनाता हो, नापित, हज्जाम। | ಕ್ಷೌರಿಕ | क्षौरिक | barber. |
| **नाउम्मीद (नाउम्मेद)** | वि. | जिसे आशा के पूर्ण होने की संभावना न दिखाई पड़ती हो, निराश। | ನಿರಾಶೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ | निराशॆयिंद कूडिद | hopeless, despairing, despondent, desperate, dejected, disappointed. |
| **नाउम्मीदी (नाउम्मेदी)** | स्त्री. | निराशा। | ನಿರಾಶೆ | निराशॆ | hopelessness, despair, disappointment, dejection. |
| **नाक** | स्त्री. | 1. ओठों और आंखों के बीच की सूंघने और सांस लेने की इन्द्रिय; | ಮೂಗು; | मूगु; | nose; |
| | | 2. मल जो नाक से निकलता है, रेंट, नैटा; | ಸಿಂಬಳ; | सिंबळ; | mucus; |
| | | 3. गौरव, प्रतिष्ठा या सम्मान (का प्रतीक); | ಸಮ್ಮಾನ; | सम्मान; | (a symbol of) honour, prestige, pre-eminence etc.; |
| | | 4. मगर की तरह का एक प्रकार का जलजंतु, घड़ियाल; | ಮೊಸಳೆಯ ಒಂದು ಬಗೆ; | मॊसळॆय ऒंदु बगॆ; | a kind of crocodile; |
| | | 5. स्वर्ग | ಸ್ವರ್ಗ | स्वर्ग | heaven. |
| **नाक-नक्शा** | पु. | आँख, नाक, ओठ आदि की बनावट, चेहरा-मोहरा, रूप। | ಆಕಾರ-ಪ್ರಕಾರ | आकार-प्रकार | features, facial cut. |
| **नाका** | पु. | 1. रास्ते आदि का छोर; | ರಸ್ತೆಯ ಕೊನೆ; | रस्तॆय कॊनॆ | extremity (of a road etc); |
| | | 2. प्रवेश-द्वार; | ಪ್ರವೇಶ ದ್ವಾರ; | प्रवेश द्वार; | entrance to a road or pass etc.; |
| | | 3. वह स्थान जहां पहरे आदि के लिए रक्षक रहते हों या प्रवेश-कर आदि उगाहे जाते हों, चौकी; | ಗಡಿ ಕಾವಲು; | गडि कावलु; | check-post; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. सूई का छेद; | ಸೂಜಿಯ ಕಣ್ಣು; | सूजिय कण्णु; | eye (of a needle); |
| | | 5. घड़ियाल या मगर की तरह का एक जल जंतु। | ಒಂದು ಜಾತಿಯ ಮೊಸಳೆ | ऒंदु जातिय मॊसळॆ | a kind of crocodile. |
| **नाकाबंदी (नाकेबंदी)** | स्त्री. | 1. ऐसी व्यवस्था जो नाका अर्थात कहीं आने-जाने के मार्ग को रोकने के लिए हो; | ದಾರಿ ಬಂದು; | दारि बंदु; | stoppage of entry, shutting up a road etc; |
| | | 2. आधुनिक राजनीति में, शत्रु या विपक्षी के किसी तट, बंदरगाह या स्थान को इस प्रकार घेरना कि न तो उसके अंदर कोई प्रवेश करने पाए और न वहां से कोई बाहर निकलने पाए। | ಒಳಹೊರಗೆ ಪ್ರವೇಶಾವಕಾಶ ವಿಲ್ಲದಂತೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | ऒळहॊरगॆ प्रवेशावकाश विल्लदंतॆ माडुविकॆ | blockade. |
| **नाकाबिल** | वि. | 1. अयोग्य, अनुपयुक्त; | ಅಯೋಗ್ಯ; | आयोग्य; | unworthy, unfit; |
| | | 2. असमर्थ, अशक्त; | ಅಶಕ್ತ; | अशक्त; | incapable; |
| | | 3. बेकार, निकम्मा, नालायक; | ನಾಲಾಯಕ್ಕು; | नालायक्कु; | worthless; |
| | | 4. अपात्र; | ಅಪಾತ್ರ; | अपात्र; | undeserving; |
| | | 5. अनर्ह, अयोग्य। | ಅನರ್ಹ | अर्नह | unqualified. |
| **नाकाम** | वि. | जिसे अपने प्रयत्न में सफलता न मिली हो, नाकामयाब, असफल। | ಅಸಫಲ | असफल | unsuccessful, fruitless, ineffective. |
| **नाकामयाब** | वि. | दे. 'नाकाम'। | ನೋಡಿ "नाकाम" | नोडि "नाकाम" | same as 'नाकाम'. |
| **नाकारा** | वि. | 1. निकम्मा (व्यक्ति); | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ (ವ್ಯಕ್ತಿ); | कॆलसक्कॆ बारद (व्यक्ति); | useless, worthless (person); |
| | | 2. बेकार, व्यर्थ, रद्दी (वस्तु)। | ಉಪಯೋಗವಿಲ್ಲದ (ವಸ್ತು) | उपयोगविल्लद वस्तु | unservicable, good for nothing (article). |
| **नाखुश** | वि. | अप्रसन्न, नाराज। | ಅಸಂತುಷ್ಟ, ಅಪ್ರಸನ್ನ | असंतुश्ट अप्रसन्न | displeased, annoyed, unhappy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नाखून** | पु. | हाथों तथा पैरों की अंगुलियों के ऊपरी तल का वह सफेद अंश जो अधिक कड़ा तथा तेज़ धार वाला होता है। | ಉಗುರು | उगुरु | nail (of the finger or toe). |
| **नाग (नागिन स्त्री.)** | पु. | 1. काले रंग का, बड़ा और फनवाला सांप, करैत; | ಕಾಳಸರ್ಪ; | काळसर्प; | a hooded snake, cobra; |
| | | 2. सांप, सर्प; | ಹಾವು; | हावु; | a serpent or snake in general; |
| | | 3. हाथी। | ಆನೆ | आनॆ | an elephant. |
| | वि. | क्रूर, घातक और दुष्ट (व्यक्ति)। | ದುಷ್ಟ (ವ್ಯಕ್ತಿ) | दुष्ट (व्यक्ति) | cruel, tyrannical (person). |
| **नागकेसर** | पु. | एक सदाबहार वृक्ष और उसके सुगंधित फूल। | ನಾಗಕೇಸರ (ವೃಕ್ಷ ವಿಶೇಷ) ಹೂ-ಗಿಡ | नागकेसर (वृक्ष विशेष) हू गिड | a small tree and its fragrant blossoms, Mesur Roxburghi or ferea. |
| **नाग-दंत** | पु. | 1. हाथी-दांत; | (ಆನೆ) ದಂತ; | (आनॆ) दंत; | elephant's tooth or tusk, ivory; |
| | | 2. दीवार पर गड़ी हुई खूंटी। | (ಗೋಡೆಯಲ್ಲಿ ಹೊಡೆದ) ಗೂಟ | (गोडॆयल्लि हॊडॆद) गूट | a peg in the wall to hang things upon. |
| **नागपंचमी** | स्त्री. | श्रावण शुक्ला पंचमी को मनाया जानेवाला एक त्योहार जिसमें नागों की पूजा करने का विधान है। | ನಾಗರಪಂಚಮಿ | नागरपंचमि | name of a Hindu festival celebrated on the fifth day in the light half of the month Sravan (on which day they worship snake). |
| **नागफनी** | स्त्री. | थूहर की जाति का एक पौधा जिसके चौड़े, मोटे पत्तों पर जहरीले कांटे होते हैं तथा जो सांप के फन की तरह होता है। | ಪಾಪಾಸು ಕಳ್ಳಿ | पापासु कळ्ळि | the prickly pear, Cactus (a prickly plant resembling the hood of a snake). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नागबेल** | स्त्री. | 1. पान की बेल;<br>2. किसी चीज पर बनाई जानेवाली लहरियेदार बेल जो देखने में सांप की चाल की तरह जान पड़े। | ವೀಳೆಯದ ಎಲೆ ಬಳ್ಳಿ;<br>ಹಾವಿನಾಕಾರದ ಕಸೂತಿ ಕೆಲಸ | वीळेयद एले बळ्ळि;<br>हाविनाकारद कसूति केलस | betel creeper;<br>a wavy or zigzag decoration lace. |
| **नागर** | वि. | 1. नगर-संबंधी, शहरी;<br>2. असैनिक;<br>3. चतुर, होशियार। | ಪಟ್ಟಣದ;<br>ಸಿವಿಲ್ಲು;<br>ಚತುರ | पट्टणद;<br>सिविल्लु;<br>चतुर | relating to a city, urban;<br>civil, civilian;<br>clever, sharp. |
| | पु. | गुजराती ब्राह्मणों की एक जाति। | ಗುಜರಾತಿ ಬ್ರಾಹ್ಮಣರ ಒಂದು ಬಗೆ | गुजराति, ब्राह्मणर ओंदु बगे | a subcaste of Brahmans of Gujarat. |
| **नागरमोथा** | पु. | एक प्रकार का तृण जिसकी पत्तियाँ मूँज या शर की पत्तियों की तरह होती हैं और दवाई के काम आती हैं। | ನಾಗಮೋಥಾ (ಔಷಧಿಗೆ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಮೂಲಿಕೆ) | नागमोथा (औषधिगे उपयोगिसुव मूलिके) | a species of sweet smelling grass, Cyperus (rotundus), Cyperus searcosus. |
| **नागरिक** | वि. | 1. नगर में रहनेवाला;<br>2. नगर से संबंधित;<br>3. असैनिक। | ಪಟ್ಟಣಿಗ;<br>ನಗರ ಸಂಬಂಧದ;<br>ಸಿವಿಲ್ಲು | पट्टणिग;<br>नगर संबधद;<br>सिविल्लु | living in a city or town;<br>pertaining to city or town;<br>civil, civilian. |
| | पु. | किसी राज्य में जन्म लेनेवाला वह व्यक्ति जिसे उस राज्य में रहने, नौकरी करने, संपत्ति रखने आदि के अधिकार प्राप्त होते हैं। | ನಾಗರಿಕ, ಪೌರ | नागरिक, पौर | citizen. |
| **नागरिकता** | स्त्री. | (किसी राज्य के) नागरिक होने की अवस्था, पद या भाव। | ಪೌರತ್ವ, ನಾಗರಿಕತೆ | पौरत्व, नागरिकर्त | citizenship. |
| **नागरिकशास्त्र** | पु. | वह शास्त्र जिसमें नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का उल्लेख और उसके देश, जाति आदि के परस्पर संबंधों पर विचार होता है। | ನಾಗರಿಕಶಾಸ್ತ್ರ, ಪೌರಶಾಸ್ತ್ರ, ಪೌರನೀತಿ | नागरिकशास्त्र, पौरशास्त्र, पौरनीति | civics. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नागरी | स्त्री. | 1. नगर की रहनेवाली स्त्री ; | ಪಟ್ಟಣದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸುವ ಸ್ತ್ರೀ | पट्टणदल्लि वासिसुव स्त्री | a woman living in a city or town; |
| | | 2. चतुर या होशियार स्त्री; | ಚತುರೆ; | चतुरे; | clever, or crafty, or intriguing woman; |
| | | 3. देवनागरी नाम की लिपि। | ದೇವನಾಗರಿ ಲಿಪಿ | देवनागरि लिपि | the Deva-nagari script, the most common Hindi character of writing. |
| नागवार | वि. | 1. अच्छा न लगनेवाला, अप्रिय; | ಪ್ರಿಯವಲ್ಲದ; | प्रियवल्लद; | unpleasant; |
| | | 2. असहय; | ಅಸಹ್ಯ; | असह्य; | intolerable; |
| | | 3. अस्वीकार्य। | ಒಪ್ಪಲಾಗದ | ऒप्पलागद | unacceptable. |
| नागा | पु. | काम पर उपस्थित न होना, काम से गैरहाजिरी। | ಹಾಜರಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | हाजरिल्ल दिरुविके | absence from work. |
| नागा | पु. | 1. असम देश की एक पर्वतमाला; | (ಅಸಾಂದೇಶದ) ನಾಗಾ ಪರ್ವತ ಶ್ರೇಣಿ; | (आसा देशद) नागा पर्वत श्रेणि; | a mountain range in Assam; |
| | | 2. उक्त पर्वतमाला में रहनेवाली एक अर्धसभ्य जंगली जाति; | (ಈ ಬೆಟ್ಟಗಳಲ್ಲಿರುವ) ಗಿರಿಜನ; | (ई बेट्ट-गळल्लिरुव गिरिजन; | a barbarous tribe inhabiting the above mountain range in Assam; |
| | | 3. शैव साधुओं का एक प्रसिद्ध संप्रदाय; | ಶೈವಸಾಧುಗಳ ಒಂದು ಸಂಪ್ರದಾಯ; | शैव साधुगळ ऒंदु सप्रदाय; | a Shaivite sect; |
| | | 4. उक्त संप्रदाय के साधु जो प्रायः बिलकुल नंगे रहते हैं। | ನಾಗಾ ಸಂಪ್ರದಾಯದ ನಗ್ನ ಸಾಧು | नागा संप्रदायद नग्न साधु | a member of this sect. |
| नागिन | स्त्री. | 1. नाग की मादा; | ಹೆಣ್ಣು ಕಾಳಿಂಗ ಸರ್ಪ; | हॆण्णु काळिंग सर्प; | she-cobra; |
| | | 2. सांप की मादा, सर्पिणी; | ಹೆಣ್ಣು ಹಾವು; | हॆण्णु हावु; | female serpent; |
| | | 3. क्रूर स्त्री। | ಕ್ರೂರ ಸ್ವಭಾವದ ಹೆಂಗಸು | क्रूर स्वभावद हॆंगसु | cruel woman. |
| नाच | पु. | नृत्य जो संगीत का एक प्रसिद्ध अंग है। | ನಾಟ್ಯ, ನೃತ್ಯ | नाट्य, नृत्य | dance. |
| नाचगाना | पु. | 1. नृत्य और गीत; | ಸಂಗೀತ-ನಾಟ್ಯ; | संगीत-नाट्य; | dance and song, a dancing entertainment; |
| | | 2. आमोद-प्रमोद, रंगरेली। | ಆಮೋದ, ಮನರಂಜನೆ | आमोद, मनरंजन | revelry, merriment. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नाचघर** | पु. | वह स्थान जहां नाचना-गाना आदि होता है। | ನಾಟ್ಯಶಾಲೆ | नाट्यशाले | dancing room, dancing-hall, ball-room. |
| **नाचना** | अ. क्रि. | 1. संगीत के मेल में ताल-स्वर के अनुसार हावभावपूर्वक कूदना, फिरना तथा इसी प्रकार की और चेष्टाएँ करना; | ನಾಟ್ಯಮಾಡು; | नाट्यमाडु; | to dance; |
| | | 2. उछलना-कूदना, प्रसन्नतापूर्वक कूदना-फांदना; | ಸಂತೋಷದಿಂದ ಕುಣಿದಾಡು; | संतोषदिंद कुणिदाडु; | to caper or frisk about; |
| | | 3. इधर-उधर घूमना, हिलना-डुलना आदि; | ಅಲ್ಲಿಗಿಲ್ಲಿಗೆ ಓಡಾಡು; | अल्लिगिल्लिगे ओडाडु; | to run about, to move about; |
| | | 4. सांसारिक प्रपंचों या प्रयत्नों में लगे रहना; | ಸಂಸಾರ ವ್ಯವಹಾರದಲ್ಲಿ ಸಿಕ್ಕಿಕೊಳ್ಳು; | संसार व्यवहार-दल्लि सिक्कि कॊळ्ळु; | to be entangled or engaged in worldly affairs; |
| | | 5. दूसरों के कहने पर चलना अथवा उनके इंगितों का अनुसरण करना। | (ಇತರರು) ಹೇಳಿದಂತೆ ಕುಣಿ | (इतररु) हेळिदंते कुणि | to act upon the instigation or dictates of another. |
| **नाचरंग** | पु. | वह उत्सव या जलसा जिसमें नाचगाना हो, आमोद-प्रमोद। | ಮನೋರಂಜನೆ | मनोरंजने | a dancing entertainment, revelry, merriment. |
| **नाचीज** | वि. | 1. तुच्छ, हीन; | ಹೀನ, ತುಚ್ಛ; | हीन, तुच्छ; | trifling; |
| | | 2. निकम्मा, रद्दी। | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ | कॆलसक्के बारद | worthless, |
| **नाज** | पु. | अनाज, अन्न। | ಧಾನ್ಯ, ಕಾಳು | धान्य, काळु | grain, corn. |
| **नाज़** | पु. | 1. आकृष्ट करने या लुभाने के लिए दिखाये जानेवाले कोमल हावभाव, नखरा, ठसक; | ವೈಯಾರ; | वैयार; | coquetry, playfulness, airs; |
| | | 2. अभिमान, गर्व; | ಗರ್ವ; | गर्व; | pride; |
| | | 3. घंमड, अहंकार। | ಅಹಂಕಾರ | अहंकार | conceit. |
| **नाज़-नखरा** | पु. | किसी को आकृष्ट करने के लिए कुछ मानपूर्वक की जानेवाली मोहक चेष्टाएँ, ठसक, चोचला। | ಹಾವಭಾವ | हावभाव | coquetry, alluring gestures, airs and graces. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नाजायज | वि. | 1. जो उचित न हो, अनुचित; | ಅನುಚಿತ; | अनुचित; | improper, undue; |
| | | 2. जो नियम, विधि आदि के विरुद्ध हो, अवैध। | ನಿಯಮ ವಿರುದ್ಧ | नियम विरुद्ध | unlawful, illegal, illegitimate. |
| नाज़ुक | वि. | 1. कोमल, सुकुमार; | ಸುಕುಮಾರ; | सुकुमार; | delicate, tender; |
| | | 2. महीन, पतला; | ತೆಳ್ಳನೆಯ; | तॆळ्ळनॆय; | thin, slender, slim; |
| | | 3. कमजोर, भंगुर; | ದುರ್ಬಲ; | दुर्बल; | fragile, frail; |
| | | 4. गूढ़ और सूक्ष्म (विचार या भाव); | ಅತಿಸೂಕ್ಷ್ಮ; | अतिसूक्ष्म; | subtle; |
| | | 5. संकटपूर्ण। | ಉತ್ಕಟ ಸ್ಥಿತಿಯ | उत्कट स्थितिय | critical. |
| नाज़ुक-मिज़ाज | वि. | 1. बहुत ही कोमल और मृदु प्रकृतिवाला; | ಸೂಕ್ಷ್ಮ ಪ್ರಕೃತಿಯ; | सूक्ष्म प्रकृतिय; | of a sensitive or delicate disposition or temper, over-sensitive; |
| | | 2. चिड़चिड़ा, तुनकमिजाज। | ಮುಂಗೋಪಿ | मुंगोपि | of a testy disposition, touchy, irritable. |
| नाटक | पु. | 1. दृश्य-काव्य; | ನಾಟಕ; | नाटक; | play, drama; |
| | | 2. रंगशाला में अभिनेताओं के द्वारा आकृति, हावभाव, देश और वचन आदि के अनुकरण के द्वारा किसी के जीवन की घटनाओं का प्रदर्शन, अभिनय; | ಅಭಿನಯ; | अभिनय; | acting; |
| | | 3. दिखावटी कार्य। | ತೋರಿಕೆಯ ಕೆಲಸ | तोरिकॆय कॆलस | show, pretence. |
| नाटककार | पु. | नाटक का रचयिता या लेखक। | ನಾಟಕಕಾರ | नाटककार | playwright, dramatist. |
| नाटकशाला | स्त्री. | दे. 'नाट्यशाला'। | ನೋಡಿ "नाट्यशाला" | नोडि "नाट्यशाला' | same as 'नाट्यशाला'. |
| नाटकीय | वि. | 1. नाटक का, नाटक संबंधी, आकस्मिक रूप से तथा कौशलपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया जानेवाला (जो वस्तुतः एक नाटकीय विशेषता है); | ನಾಟಕೀಯ, ನಾಟಕದಂತೆ ಇರುವ; | नाटकीय, नाटकदंते इरुव; | dramatic; |
| | | 2. अभिनययुक्त, अभिनयपूर्ण। | ಅಭಿನಯದಿಂದ ಕೂಡಿದ | अभिनयदिंद कूडिद | histrionic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नाटा** | वि. | छोटे कद का, छोटा, ठिंगना। | ಕುಳ್ಳ | कुळ्ळ | short, dwarfish, shortstatured, of stunted growth. |
| **नाटिका** | स्त्री. | कल्पित कथावाला एक प्रकार का लघु दृश्य-काव्य जिसमें स्त्री-पात्रों और नृत्यगीत आदि की बहुलता होती है, एक प्रकार की छोटी त्रासदी, कामदी या सुखान्तिकी। | ಕಲ್ಪಿತ ಕತೆಯುಳ್ಳ ಸುಖಾಂತ ನಾಟಕ | कल्पित कतॆयुळ्ळ सुखांत नाटक | a short or light comedy, one of the 'uparupakas' (the dramas of the second order.) |
| **नाट्य** | पु. | 1. नटों का काम, अभिनय; | ನಾಟ್ಯ; | नाट्य; | dramatic representation, gesticulation, acting; |
| | | 2. नाटक का, नाटक संबंधी; | ನಾಟಕದ; | नाटकद; | dramatic; |
| | | 3. अभिनयकला संबंधी; | ಅಭಿನಯದ; | अभिनयद; | histrionic; |
| | | 4. नाटक (समास में)। | ನಾಟಕ | नाटक | drama (in comp.). |
| **नाट्यकार** | पु. | 1. नाटक लिखनेवाला, नाटककार; | ನಾಟಕ | नाटककार; | playwright, dramatist; |
| | | 2. नाटक करनेवाला, अभिनेता, नट। | ಅಭಿನಯಿಸುವವ, ಅಭಿನೇತ। | अभिनयिसुवव, अभिनेत | actor, performer (of a play). |
| **नाट्यशाला** | स्त्री. | विशिष्ट आकार-प्रकार का बना हुआ वह भवन जिसमें एक ओर अभिनय या नाटक करने का मंच तथा दूसरी ओर दर्शकों के बैठने के लिए स्थान होता है, रंगशाला। | ನಾಟ್ಯಶಾಲೆ, ರಂಗಮಂಟಪ | नाट्यशालॆ, रंगमंटप | theatre. |
| **नाट्यशास्त्र** | पु. | वह शास्त्र जिसमें नाचने-गाने और अभिनय आदि करने की कलाओं का विवेचन होता है। | ನಾಟ್ಯಶಾಸ್ತ್ರ | नाट्यशास्त्र | the dramatic science, dramaturgy, dramatics. |
| **नाड़ा** | पुं. | सूत की वह मोटी डोरी जिससे पेटीकोट, पाजामा आदि बाँधते हैं, इजारबंद, नीवी। | (ಲಂಗ, ಪಾಯಿಜಾಮಗಳ) ಲಾಡಿ | (लंग पायिजामगळ) लाडि | a tape inserted in the upper part of trousers for binding it round the waist, trousers' string. |

| हिंदी शब्द | व्या· को· | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नाड़ी | स्त्री. | 1. शरीर के भीतर की वे नलियाँ जिनमें होकर रक्त बहता है; | ರಕ್ತವಾಹಿನಿಗಳು; | रक्तवाहिनिगळु; | an artery, vein; |
| | | 2. कलाई पर की वह नाड़ी जिसकी गति आदि देखकर रोगी की शारीरिक अवस्था विशेषत: ज्वर आदि का ज्ञान प्राप्त किया जाता है, नब्ज। | ನಾಡಿ | नाडि | the pulse. |
| नाड़ीचक्र | पु. | हठयोग के अनुसार नाभिदेश में कल्पित एक अंडाकार गाँठ, जिससे निकल कर सब नाड़ियाँ फैली हुई मानी गई हैं। | (ಹಠಯೋಗ) ನಾಡಿ·ಚಕ್ರ | (हठयोग) नाडिचक्र | an oval-shaped centre of nerves in the navel of the body (Hathayoga). |
| नाड़ी-परीक्षा | स्त्री. | (वैद्य का) नब्ज देखना। | (ವೈದ್ಯ) ನಾಡಿ ಪರೀಕ್ಷೆ | (वेद्य) नाडि परीक्ष | feeling of the pulse (by a physician). |
| नाड़ी-संस्थान | पु. | नाड़ियों का जाल, नाड़ीतंत्र। | (ಶರೀರದಲ್ಲಿ) ನಾಡಿಗಳ ಬಲೆ, ನಾಡಿ ಯಂತ್ರ | (शरीरदल्लि) नाडिगळ बले, नाडि यंत्र | the whole system of arteries and veins. |
| नाता | पुं. | 1. किसी प्रकार का संबंध या लगाव; | ಸಂಬಂಧ; | संबंध; | connection; |
| | | 2. रिश्ता। | ನೆಂಟಸ್ತಿಕೆ | नंटस्तिकॆ | relation, kinship. |
| नाती (नातिन स्त्री.) | पु. | 1. बेटी का बेटा, नवासा; | ಮಗಳ ಮಗ· | मगळ मग; | daughter's son, grandson, grand daughter; |
| | | 2. लड़के का लड़का, पोता। | ಮಗನ ಮಗ, ಮೊಮ್ಮಗ | मगन मग, मोम्मग | son's son,grandson. |
| नाते | क्रि. वि. | 1. किसी प्रकार के संबंध के विचार से, व्याज से; | ಸಂಬಂಧ ಪಟ್ಟಿರೋಣದರಿಂದ; | संबंध पट्टिरोण दरिंद; | by virtue of (relation etc.); |
| | | 2. वास्ते, के लिए, के कारण। | ಕಾರಣದಿಂದ, ಓಸ್ಕರ | कारणदिंद, ओस्कर | for the sake of, for, because of |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नातेदार** | पु. | रिश्तेदार, संबंधी। | ಸಂಬಂಧಿಕ | संबंधिक | relative, kinsman. |
| **नाथ** | पु. | 1. स्वामी, मालिक; | ಮಾಲೀಕ; | मालीक; | lord, master; |
| | | 2. विवाहिता स्त्री का पति। | ಮದುವೆಯಾದ ಗಂಡ | मदुवेयाद गंड | husband. |
| | स्त्री. | वश में रखने के लिए बैलों आदि के नथनों में डाली जानेवाली रस्सी। | ಮೂಗುದಾರ | मूगुदार | the nose-rope or nose-string of an ox etc. |
| **नाथना** | स.क्रि. | 1. कुछ विशिष्ट पशुओं के नथने में छेद करना; | (ಪಶುಗಳ ಮೂಗಿನಲ್ಲಿ ದಾರ ಹಾಕಲು) ರಂಧ್ರಮಾಡು; | (पशुगळ मूगि-<br>नल्लि दार हाकलु) रंध्र माडु; | to bore the nose or nostril (of a bullock); |
| | | 2. बैलों आदि के नथनों में रस्सी डालना; | ಮೂಗುದಾರ ಹಾಕು; | मूगुदार हाकु; | to put a string or rope in the nose or nostrils (of a bullock); |
| | | 3. नत्थी करना; | ಅಂಟಿಸು; | अंटिसु; | to attach; |
| | | 4. गूंथना, पिरोना; | ಪೋಣಿಸು; | पोणिसु; | to string (into one); |
| | | 5. वश में करना। | ವಶದಲ್ಲಿಡು | वशदल्लिडु | to bring under subjection or control. |
| **नाद** | पुं. | 1. आवाज, शब्द, जोर की वह आवाज या ध्वनि जो कुछ समय तक बराबर होती रहे; | ಶಬ್ದ, ನಾದ; | शब्द, नाद; | a sound in general, noise; |
| | | 2. स्वर (संगीत)। | (ಸಂಗೀತ) ಸ್ವರ, ಧ್ವನಿ | (संगीत) स्वर, ध्वनि | musical sound. |
| **नादान** | वि. | 1. अवस्था में कम होने के कारण जिसे समझ न आई हो, ना-समझ; | ಏನೂ ಅರಿಯದ; | एनू अरियद; | innocent; |
| | | 2. मूर्ख; | ಮೂರ್ಖ; | मूर्ख; | foolish, unwise; |
| | | 3. अकुशल, अनाड़ी। | ತಿಳಿವಳಿಕೆಯಿಲ್ಲದ; | तिळिवळिकेयिल्लद | unskilful, unskilled. |
| **नादानी** | स्त्री. | 1. नादान होने की अवस्था या भाव, अबोधता; | ಬುದ್ಧಿಗೋಚರವಾಗದಿರುವಿಕೆ; | बुद्धिगोचर<br>वागदिरुविके; | ignorance, innocence; |
| | | 2. मूर्खता या मूर्खतापूर्ण कोई कार्य; | ಮೂರ್ಖತನ | मूर्खतन; | stupidity, foolishness; |
| | | 3. अनाड़ीपन, अकुशलता | ತಿಳಿವಳಿಕೆಯಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | तिळिवळिकेयिल्ल-<br>दिरुविके | unskilfulness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नादिया** | पु. | 1. दे. 'नंदी';<br>2. वह विकृत या विलक्षण या अधिक अंग या अंगोंवाला साँड, जिसे अधकचरे ज्योतिषी या जोगी आदि अपने साथ लेकर भीख मांगने निकलते हैं। | ನೋಡಿ "नंदी"<br>ಸ್ವಾಭಾವಿಕವಾಗಿರುವುದಕ್ಕಿಂತಲೂ ಹೆಚ್ಚಿನ ಅಂಗಗಳುಳ್ಳ ಗೂಳಿ, ಕೋಲೆ ಬಸವ | नोडि "नंदी"<br>स्वाभाविकवागिरुवुदक्किंतलू हेच्चिन अंगगळुळ्ळ गूळि, कोलॆ बसव | same as 'नंदी';<br>a show bull used by some quack astrologers etc. to obey specific commands and make certain answers etc. and thereby receive alms from the spectators. |
| **नादिरशाही** | स्त्री. | (नादिरशाह की तरह का) मनमाना जुल्म, अत्याचार, ज्यादती। | ಮನಸ್ವಿ ಅತ್ಯಾಚಾರ | मनस्वि अत्याचार | tyranny, highhandedness, oppression (like that of Nadirshah). |
| | वि. | (नादिरशाह की तरह) अत्याचारपूर्ण, जालिमाना, नृशंस, क्रूर। | ಕ್ರೂರಿಯಾದ | क्रूरियाद | tyrannous, oppressive, cruel (like Nadirshah). |
| **नाधना** | स. क्रि. | 1. जोतना, जुए में लगाना; | ನೊಗ ಹೂಡು; | नॊग हूडु; | to yoke; |
| | | 2. कोई कार्य अनुष्ठित या आरंभ करना। | ಕಾರ್ಯ ಆರಂಭಿಸು | कार्य आरंभिसु | to begin, to enter upon. |
| **नानखताई** | स्त्री. | मैदे, सूजी आदि का बना हुआ एक तरह का मीठा खस्ता पकवान। | ರವೆ ಮೈದಾಹಿಟ್ಟುಗಳಿಂದ ಮಾಡಿದ ಮಿಠಾಯಿ | रवॆ मैदाहिट्टुगळिंद माडिद मिठायि | a kind of sweetmeat. |
| **नाना** | पु. | **माता का पिता, मातामह।** | ತಾಯಿಯ ತಂದೆ, ತಾತ | तायिय तंदॆ, तात | maternal grandfather. |
| | **वि.** | **अनेक प्रकार के, विविध, विभिन्न।** | ಅನೇಕ ತರಹೆಯ | अनेक तरहॆय | of different kinds, various, sundry, manifold, diverse, miscellaneous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नानाविध** | वि. | अनेक प्रकार के, विविध प्रकार के, विभिन्न प्रकार के। | ನಾನಾವಿಧ | नानाविध | of various sorts, miscellaneous, variegated. |
| **नानी** | स्त्री. | मां की मां, मातामही। | ತಾಯಿಯ ತಾಯಿ, ಅಜ್ಜಿ | तायिय तायि, अज्जि | maternal grandmother. |
| **नाप** | स्त्री. | 1. नापने की क्रिया या भाव, माप; | ಅಳೆಯುವಿಕೆ; | अळॆयुविकॆ; | measuring; |
| | | 2. किसी चीज की ऊँचाई, लंबाई-चौड़ाई आदि के विस्तार का परिमाण जो नापने पर जाना जाता है, माप; | ಅಳತೆ; | अळतॆ; | measure, measurement; |
| | | 3. नापने का उपकरण, मापनी, नपुआ, नापना। | ಅಳೆಯುವ ಸಾಧನ | अळॆयुव साधन | instrument for measuring, a measure or measurement. |
| **नापजोख** | स्त्री. | 1. किसी चीज की लंबाई-चौड़ाई आदि नापने या किसी चीज या बात का गुरुत्व, मान, शक्ति आदि आँकने की क्रिया या भाव, नाप-तौल, माप; | ಅಳತೆ ತೂಕ; | अळतॆ तूक; | measuring and weighing, measurement; |
| | | 2. परिमाण या मात्रा जो नाप या तौलकर स्थिर की जाए, माप और वजन, नाप-तौल; | ಪರಿಮಾಣ ಪರೀಕ್ಷೆ; | परिमाण परीक्षॆ; | measure and weight; |
| | | 3. निर्धारण (शक्ति, सामथ्र्य आदि के), आँकने की क्रिया या भाव। | ನಿರ್ಣಯ | निर्णय | assessment. |
| **नापतौल** | स्त्री. | 1. कोई चीज नापने या तौलने की क्रिया या भाव, नापजोख; | ಅಳತೆ ತೂಕ; | अळतॆ तूक; | measuring and weighing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. नाप या तौल कर स्थिर की गई मात्रा या परिमाण, माप और वजन; | ತೂಕ; | तूक; | measure and weight; |
| | | 3. निर्धारण, (शक्ति, सामर्थ्य आदि के) आँकने की क्रिया या भाव। | ತೂಕ ಪರಿಮಾಣಗಳ ನಿರ್ಣಯ | तूक परिमाणगळ निर्णय | assessment. |
| नापना | स. क्रि. | नियत या निर्धारित माप, मान या माप-दंड की सहायता से किसी चीज की लम्बाई-चौड़ाई, गहराई-ऊँचाई, परिमाण, मात्रा आदि का ठीक ज्ञान प्राप्त करना, मापना। | ಅಳೆ, ತೂಕಮಾಡು | अळे, तूकमाडु | to measure. |
| नापसंद | वि. | 1. जो अच्छा ना लगे, अप्रिय, अरुचिकर; | ರುಚಿಸದ; | रुचिसद; | not liked, not to one's liking, repulsive, disagreeable, displeasing; |
| | | 2. अस्वीकार्य। | ಒಪ್ಪಿಗೆಯಾಗದ | ओप्पिगेयागद | unacceptable, disapproved of, not approved. |
| नापाक | वि. | 1. अपवित्र, अशुद्ध; | ಅಶುದ್ಧ; | अशुद्ध; | not sacred, unholy; |
| | | 2. गंदा, मैला; | ಕೊಳೆಯಾದ; | कॊळॆयाद; | impure, unclean, dirty, filthy, polluted, defiled; |
| | | 3. लम्पट, व्यभिचारी। | ವ್ಯಭಿಚಾರಿ | व्यभिचारि | lewd, licentious, unchaste. |
| नापित | पुं. | नाई, हज्जाम। | ಕ್ಷೌರಿಕ | क्षौरिक | barber, shaver. |
| नाबदान | पुं. | मकान की मोरी, पनाला। | ಮೋರಿ | मोरि | drain, gutter. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नाबालिग** | वि. | जो बालिग अर्थात् वयस्क न हो, अवयस्क। | ವಯಸ್ಸಾಗದ, ಮೈನರು | वयस्सागद, मैनरु | minor, under age. |
| **नाभि** | स्त्री. | 1. जरायुज जंतुओं के पेट के बीचों-बीच का गड्ढा जिससे गर्भावस्था में जरायुनाल जुड़ा रहता है, ढोंढ़ी, धुन्नी, तुन्नी, तुंदी; | ಹೊಕ್ಕಳು; | हॊक्कळु; | the navel; |
| | | 2. पहिए के बीच का गड्ढा जिसमें धुरा बैठाया जाता है; | (ಚಕ್ರದ) ನಾಭಿ; | (चक्रद) नाभि; | the nave of a wheel, umbilicus, hub; |
| | | 3. किसी चीज का केंद्र या मध्य भाग। | ಮಧ್ಯಭಾಗ | मध्य भाग | the centre, central point, focus. |
| **नाभिच्छेदन** | पु. | जरायुनाल काटने की क्रिया या भाव, नाल काटना। | ಹೊಕ್ಕಳ ನಾಳ ಕತ್ತರಿಸುವಿಕೆ | हॊक्कळ नाळ कत्तरिसुविकॆ | cutting or separating the navel string or umbilical cord. |
| **नामंजूर** | वि. | जो मंजूर न किया गया हो, जो स्वीकृत न हुआ हो, अस्वीकृत। | ಅಸ್ವೀಕೃತ, ಒಪ್ಪಿಗೆಯಾಗದಿರುವ | अस्वीकृत, ऒप्पिगॆयागदिरुव | not accepted or granted, not sanctioned, rejected, disapproved. |
| **नामंजूरी** | स्त्री. | मजूंर न होने की अवस्था या भाव, अस्वीकृति। | ಅಸ್ವೀಕೃತಿ, ಅನಂಗೀಕಾರ | अस्वीकृति, अनंगीकार | non-acceptance, disapproval, rejection. |
| **नाम** | पुं. | 1. वह शब्द या पद जिसका प्रयोग किसी प्राणी, तत्व या वस्तु अथवा उसके किसी वर्ग का बोध कराने के लिए उसके वाचक रूप में किया जाता है और जिससे वह लोक में प्रसिद्ध होता है, आख्या, अभिधान; | ಹೆಸರು, ಅಭಿಧಾನ; | हॆसरु, अभिधान; | name, personal name; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (पुस्तक आदि का) शीर्षक; | ಶೀರ್ಷಿಕೆ; | शीर्षिकं; | title; |
| | | 3. उपाधि, पदवी; | ಪದವಿ; | पदवि; | appellation, designation; |
| | | 4. ख्याति, प्रसिद्धि, यश, कीर्ति, प्रतिष्ठा। | ಖ್ಯಾತಿ, ಪ್ರಸಿದ್ಧಿ | ख्याति, प्रसिद्धि | good name, reputation, fame, renown. |
| **नामक** | वि. | नाम का या नामवाला (समास में उत्तरपद के रूप में)। | ಹೆಸರಿನ | हेसरिन | having or bearing the name, names (used as last member of compounds). |
| **नामकरण** | पुं. | 1. किसी का नाम रखने या किसी को नाम देने की क्रिया या भाव; | ನಾಮಕರಣ | नामकरण | naming, making a name, nomenclature; |
| | | 2. एक संस्कार, जिसमें विधिवत् पूजा करके बच्चे का नाम रखा जाता है। | | | the ceremony of naming a child after birth, baptism, baptismal ceremony. |
| **नामजद** | वि. | अपनी रुचि, इच्छा आदि के अनुसार चुना या नियुक्त किया हुआ, नामांकित, नामित, मनोनीत। | ನಾಮ ನಿರ್ದೇಶಿತ ವಾದ, ಹೆಸರು ಸೂಚಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | नाम निर्देशितवाद, हेसरु सूचि-सल्पट्ट | nominated. |
| **नामजदगी** | स्त्री. | नामजद अर्थात् नामांकित या मनोनीत करने या होने की क्रिया या भाव। | ನಾಮ ನಿರ್ದೇಶನ | नाम निर्देशन | nomination. |
| **नाम-धाम** | पुं. | व्यक्ति का नाम और उसका निवास-स्थान, नाम और पता-ठिकाना। | ಹೆಸರು-ಗುರುತು, ಕುಲ ಗೋತ್ರ | हेसरु-गुरुतु, कुल-गोत्र | name and address, name and whereabouts. |
| **नामधारी** | वि. | नामधारक, नामवाला, नामक, नाम से प्रसिद्ध। | ಹೆಸರಿನ, (ಯಾವುದೋ ಒಂದು) ಹೆಸರಿನಿಂದ ಪ್ರಸಿದ್ಧ | हेसरिन, (यावुदो ओंदु) हेसरिनिंद प्रसिद्ध | bearing the name (of), known by the name (of), named, being called by the name (of). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नामन | पु. | नामजदगी, मनोनयन। | ನಾಮ ನಿರ್ದೇಶನ | नाम निर्देशन | nomination. |
| नामनिशान | पु. | 1. ऐसा चिह्न या लक्षण जिससे किसी चीज या बात के अस्तित्व का प्रमाण मिलता हो; | ಗುರುತು-ಚಿಹ್ನೆ; | गुरुतु-चिह्नं; | sign, mark, trace; |
| | | 2. किसी चीज या बात के सूचक, अवशेष। | (ನೋಡಿ ಗುರುತಿ ಸಲಾಗುವ) ಅವಶೇಷ | (नोडि गुरुति-सलागुव) अवशेष | vestige. |
| नामपट्ट (नामपटल) | पु. | वह तख्ता जिस पर व्यक्ति, दुकान, संस्था आदि का नाम लिखा होता है। | ಹೆಸರಿನ ಬೋರ್ಡು ಸೈನ್‌ಬೋರ್ಡು | हेसरिन बोर्डु, सैन् बोर्डु | sign-board. |
| नामर्द | पु. | 1. नपुंसक; | ಷಂಡ ನಪುಂಸಕ; | षंड, नपुंसक; | impotent, emasculate; |
| | | 2. जिसमें पुरुषों जैसा हौसला न हो, भीरु, कायर। | ಹೇಡಿ | हेडि | coward |
| नामलेवा | पु. | 1. किसी के मरने पर उसका स्मरण करनेवाला; | ಹೆಸರು ಹೇಳುವವ; | हेसरु हेळुवव; | one who remembers a deceased; |
| | | 2. किसी के मर जाने पर उसके पीछे जीवित रहनेवाले उसके परिवार के व्यक्ति, संतान आदि, उत्तरजीवी। | ಸಂತಾನ, ಉತ್ತರಾಧಿಕಾರಿ (ಹೆಸರು ಹೇಳಲು ಜೀವಂತವಾಗಿರುವ ಮಕ್ಕಳು) | संतान, उत्तराधिकारि, (हेसरु हेळलु जीवंतवागिरुव मक्कळु) | survivor. |
| नामवर | वि. | जिसका नाम आदर से लिया जाता हो, प्रसिद्ध, विख्यात। | ಪ್ರಸಿದ್ಧಿ ಪಡೆದ | प्रसिद्धि पडॆद | famous, renowned, celebrated. |
| नामशेष | वि. | जो अस्तित्व में न रह गया हो, प्रत्युत् जिसका केवल नाम ही शेष रह गया हो, स्मृतिशेष, मृत। | ಸತ್ತ, ಹೆಸರುಮಾತ್ರ ಉಳಿದಿರುವ | सत्त, हेसरु मात्र उळिदिरुव | having only the name left, remaining in name only, dead, deceased. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नामांकन** | पु. | 1. किसीका किसी पद, स्थान, निर्वाचन आदि के लिए आधिकारिक रूप से प्रस्तावित या नियुक्त किया जाना; | (ಪದ, ಅಧಿಕಾರ, ಚುನಾವಣೆಗಳಿಗಾಗಿ) ಅಧಿಕೃತವಾಗಿ ಹೆಸರನ್ನು ಸೂಚಿಸುವಿಕೆ; | (पद, अधिकार, चुनावणंगळिगागि) अधिकृतवागि हॅसरन्नु सूचिसुविकॅ | nomination; |
| | | 2. नाम अंकित करने की क्रिया या भाव। | ಹೆಸರು ಬರೆಯುವಿಕೆ | हॅसरु बरॅयुविकॅ | inscription of name. |
| **नामांकन-पत्र** | पु. | वह पत्र जिसमें संबद्ध अधिकारी को यह सूचित किया जाता है कि अमुक पद के लिए अमुक व्यक्ति उम्मीदवार के रूप में खड़ा हो गया है, और उस अधिकारी से तत्संबंधी स्वीकृति के लिए प्रार्थना की जाती है। | ನಾಮಿನೇಷನ್ನಿಗಾಗಿ ಬರೆದ ಅರ್ಜಿ, ನಾಮ ನಿರ್ದೇಶನ ಪತ್ರ | नामिनेषन्निगागि बरॅद अर्जि, नाम निर्देशन-पत्र | nomination paper. |
| **नामा** | पु. | 1. एक विशेषणात्मक प्रत्यय जिसका अर्थ है नामक, नामधारी; | (ಪ್ರತ್ಯಯ) ಹೆಸರಿನ; | (प्रत्यय) हॅसरिन; | an adjectival suffix, suffix meaning named, bearing the name; |
| | | 2. नकद रुपया-पैसा, धन, द्रव्य, नांवां। | ನಗದು ಹಣ | नगदु हण | money, cash. |
| **नामाकूल** | वि. | 1. जो उपयुक्त न हो, अनुचित, असंगत; | ಅಸಂಗತ; | असंगत; | impertinent, improper, inappropriate; |
| | | 2. जो समझदार न हो, अविवेकी। | ಅವಿವೇಕಿ | अविवेकि | unreasonable, irrational. |
| **नामावली** | स्त्री. | ऐसी सूची जिसमें चीजों या व्यक्तियों के नाम दिए हुए हों। | ಹೆಸರುಗಳ ಪಟ್ಟಿ | हॅसरुगळ पट्टि | list of names. |
| **नामित** | वि. | मनोनीत, नामजद। | ಹೆಸರಿಸಿದ, ನಾಮಿನೇಟಾದ | हॅसरिसिद, नामिनेटाद | nominated, named. |
| **नामी** | वि. | 1. प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात; | ಪ್ರಸಿದ್ಧ; | प्रसिद्ध; | of good repute; |
| | | 2. नामवाला, नामक। | ಹೆಸರಾಂತ, ಹೆಸರಿನ | हॅसरांत, हॅसरिन | named, bearing the name (of). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नामीगिरामी** | वि. | प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात। | ವಿಖ್ಯಾತ, ಪ್ರಸಿದ್ಧ | विख्यात, प्रसिद्ध | famous, renowned, reputed, eminent. |
| **नामुनासिब** | वि. | अनुचित, अनुपयुक्त, अशोभनीय। | ಅನುಚಿತ, ಅಶೋಭನಕರ | अनुचित, अशोभनकर | improper, unsuitable, unbecoming, indecent. |
| **नामुमकिन** | वि. | जो संभव न हो, असंभव। | ಅಸಂಭವ | असंभव | impossible. |
| **नामे** | पु. | लेखा आदि में वह खाता, स्तंभ या मद जिसमें किसी पक्ष को दी गई रकम लिखी जाती है, 'जमा' का विपर्याय। | ಖರ್ಚಿನ ಲೆಕ್ಕ ಬರೆಯುವ ಕಾಲಂ | खर्चिन लॆक्क बरॆयुव कालं | debit. |
| | क्रि वि. | नाम खाते में, नाम देय खाते में। | ಖರ್ಚಿನ ಖಾತೆಯಲ್ಲಿ | खर्चिन खातॆयल्लि | in debit (side). |
| **नायक** | पु. | 1. लोगों को अपनी आज्ञा के अनुसार चलानेवाला व्यक्ति, नेता, मार्गदर्शक; | ನಾಯಕ, ಮಾರ್ಗದರ್ಶಕ; | नायक, मार्गदर्शक; | leader, guide; |
| | | 2. प्रधान (अधिकारी), अधिपति, स्वामी; | ಮುಖ್ಯಸ್ಥ; | मुख्यस्त; | a chief, master, head, lord; |
| | | 3. छोटे या नीचे ओहदे का एक सैनिक कर्मचारी; | ಕಡಿಮೆ ದರ್ಜೆಯ ಸೈನ್ಯಾಧಿಕಾರಿ; | कडिमॆ दर्जॆय सैन्याधिकारि; | a military official of a low rank; |
| | | 4. काव्य, नाटक, उपन्यास आदि का प्रधान पुरुष पात्र (साहित्यशास्त्र); | (ನಾಟಕ) ಪ್ರಧಾನ ಪಾತ್ರ; | (नाटक) प्रधान पात्र; | (in rhet.), the hero (of a literary composition); |
| | | 5. शृंगार रस की कविताओं में आलंबन विभाव के अंतर्गत प्रेमी पुरुष या पति (साहित्यशास्त्र)। | (ಸಾಹಿತ್ಯ ಶಾಸ್ತ್ರ) ಒಂದು ಆಲಂಬನ ವಿಭಾವದ ಆಶ್ರಯ | (साहित्य शास्त्र) ऒंदु आलंबन विभावद आश्रय | (in rhet ) lover or husband (in the poems of erotic sentiment.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नायब | वि. | जो किसी प्रधान अधिकारी का सहायक हो। | ಸಹಾಯಕ ಅಧಿಕಾರಿ | सहायक अधिकारि | assistant, deputy. |
| | पु. | 1. किसी का प्रतिनिधि बन कर काम करनेवाला; | ಪ್ರತಿನಿಧಿಯಾಗಿ ಕಾರ್ಯ ಮಾಡುವವ; | प्रतिनिधियागि कार्य माडुवव; | a delegate; |
| | | 2. सहायक (अधिकारी)। | ಸಹಾಯಕ | सहायक | an assistant, a deputy. |
| | उप. | उप। | ಉಪ | उप | sub, deputy. |
| नायिका | स्त्री. | 1. काव्य, नाटक, कहानी, उपन्यास आदि की मुख्य स्त्री-पात्र, प्रधान पात्री (साहित्यशास्त्र); | (ಕಾವ್ಯ, ನಾಟಕ) ಪ್ರಧಾನ ಸ್ತ್ರೀ ಪಾತ್ರ; | (काव्य नाटक) प्रधान स्त्री पात्र; | (in rhet.) the heroine (of a literary composition); |
| | | 2. शृंगार रस की कविताओं में आलंबन विभाव के अंतर्गत प्रेमिका स्त्री या पत्नी (साहित्यशास्त्र); | (ಸಾಹಿತ್ಯ) ಆಲಂಬನ ವಿಭಾವಕ್ಕೆ ಆಶ್ರಯ; | (साहित्य) आलंबन विभावक्कें आश्रय; | (in rhet) beloved or wife (in the poems of erotic sentiment); |
| | | 3. स्वामिनी; | ಯಜಮಾನಿ; | यजमानि; | a mistress; |
| | | 4. कुटनी; | ಕುಟ್ಟಿನಿ; | कुट्टिनि; | procuress; |
| | | 5. स्त्रीनेता, नेत्री, वीरांगना। | ನಾಯಿಕೆ, ವೀರಾಂಗನೆ | नायिकें, वीरांगनें | female leader, heroine. |
| नारंगी | स्त्री. | नींबू की जाति का एक मझोला पेड़ और उसका फल जो मीठा, सुगन्धित और रसीला होता है। | ಸೀನಿಂಬೆ, ಕಿತ್ತಳೆ | सीनिंबें, कित्तळें | orange (tree and its fruit). |
| | वि. | पीलापन लिए हुए लाल रंग का, नारंगी (फल) के छिलके के रंग का। | ಕಿತ್ತಳೆ ಹಣ್ಣಿನ ಬಣ್ಣದ | कित्तलें हण्णिन-बण्णद | of orange colour. |
| नारा | पु. | 1. किसी दल, समुदाय आदि की तीव्र अनुभूति और इच्छा का सूचक कोई पद या वाक्य जो लोगों को आकृष्ट करने के लिए उच्च स्वर से बोला जाए; | ಘೋಷ, ಕೂಗು; | घोष, कूगु; | slogan; |
| | | 2. दे. नाड़ा। | ನೋಡಿ "नाड़ा" | नोडि "नाड़ा" | same as 'नाडा'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नाराज | वि. | अप्रसन्न, रुष्ट नाखुश। | ಸಿಟ್ಟುಗೊಂಡ | सिट्टुगोंड | displeased, offended, annoyed. |
| नाराजगी | स्त्री. | नाराज होने की अवस्था या भाव, अप्रसन्नता। | ಸಿಟ್ಟು, ಕೋಪ | सिट्टु, कोप | displeasure, annoyance. |
| नारियल | पु. | खजूर की जाति का एक ऊँचा पेड़ और उसका फल जिसकी ऊपरी खोपड़ी को तोड़ने पर अंदर से गिरी निकलती है। | ತೆಂಗು, ತೆಂಗಿನಕಾಯಿ | तेंगु, तेंगिनकायि | cocoanut (tree and its fruit). |
| नारी | स्त्री. | मनुष्य जाति का लिंग के विचार से वह वर्ग जो गर्भधारण करके प्राणियों को जन्म देता है, औरत, स्त्री। | ಹೆಂಗಸು, ಸ್ತ್ರೀ | हेंगसु, स्त्री. | woman, female. |
| नारीत्व | पु. | नारी या स्त्री होने का गुण या भाव, स्त्रीत्व। | ಹೆಂಗಸುತನ, ಸ್ತ್ರೀತ್ವ, ಹೆಣ್ಣುತನ | हेंगसुतन, स्त्रीत्व, हेण्णुतन | womanhood, feminity, feminality. |
| नारेबाजी | स्त्री. | नारे लगाना, नारा लगाने की क्रिया। | ಉದ್ಘೋಷಿಸುವಿಕೆ, ಕೂಗುವಿಕೆ | उद्घोषिसुविके, कूगुविके | slogan—shouting, raising slogan. |
| नाल | स्त्री. | 1. कमल, कुमुद आदि फूलों की पोली लंबी डंडी, गेहूँ आदि पौधों के डंठल, कांड, डोंडी; | (ಹೂವಿನ) ಕಾಂಡ, ತೊಟ್ಟು | (हूविन) कांड, तोट्टु; | hollow tubular stalk (as of the lotus), pedundle; |
| | | 2. नली; | ಕೊಳವಿ; | कोळवि; | tube, pipe; |
| | | 3. लोहे का वह अर्द्ध-चंद्राकार टुकड़ा जो घोड़ों की टाप में या जूते की एड़ी में नीचे की ओर जोड़ा जाता है; | ಕುದುರೆ ಎತ್ತುಗಳ ಗೊರಸಿಗೆ ಹಾಕುವ ಲಾಳ; | कुदुरे एत्तुगळ गोरसिगे हाकुव लाळ; | horse shoe, shoe; |
| | | 4. वह नली जो गर्भ के बच्चे की नाभि और मां के गर्भाशय से जुड़ी रहती है; | ಹೊಕ್ಕುಳ ನಾಳ; | होक्कळ नाळ; | the navel – string; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. पत्थर का कुंडलाकार टुकड़ा जिसे कसरत करनेवाले अभ्यास के लिए उठाते हैं; | ಕಸರತ್ತು ಮಾಡುವವರು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಭಾರವಾದ ಕಲ್ಲಿನ ಚಕ್ರ; | कसरत्तु माडुववरु उपयोगिसुव भारवाद कल्लिन चक्र; | a round heavy stone with a hole in the middle; |
| | | 6. बंदूक की नली। | ಕೋವಿಯ ನಳಿಗೆ | कोविय नळिगे | barrel (of a gun). |
| नालबंदी | स्त्री. | घोड़ों के खुर या जूतों की एड़ी में नाल जोड़ने का काम। | ಕುದುರೆ ಎತ್ತುಗಳಿಗೆ ಲಾಳ ಕಟ್ಟುವಿಕೆ | कुदुरे एत्तुगळिगे लाळ कट्टुविके | shoeing (a horse etc.). |
| नाला | पु. | वह गहरा तथा लंबा कृत्रिम जलमार्ग जो नहर आदि की अपेक्षा कम चौड़ा होता है तथा जिसमें बरसाती, गंदा या फालतू पानी बह कर किसी नदी में जा गिरता है। | ನಾಲೆ, ದೊಡ್ಡ ಚರಂಡಿ | नाले, दोड्ड चरंडि | a big drain, gutter, rivulet. |
| नालायक | वि. | 1. जिसमें योग्यता का अभाव हो, अयोग्य;<br>2. जो मूर्खतापूर्वक दुष्ट आचारण करता हो। | ಅಯೋಗ್ಯ;<br>ಮೂರ್ಖನಂತೆ ಆಚರಿಸುವವ | अयोग्य;<br>मूर्खनंते आचरिसुवव | unworthy, unfit, incompetent;<br>mischievous and stupid. |
| नालायकी | स्त्री. | 1. नालायक होने की अवस्था या भाव, अयोग्यता;<br>2. मूर्खतापूर्वक किया गया दुष्ट आचरण। | ಅಯೋಗ್ಯತನ;<br>ಅಯೋಗ್ಯ ಕೆಲಸ | अयोग्यतन;<br>अयोग्य केलस | unworthiness, worthlessness, unfitness, incompetence;<br>stupid mischief. |
| नालिश | स्त्री. | 1. किसी के विरुद्ध दायर किया जानेवाला मुकद्दमा, दावा;<br>2. किसी के संबंध में की जानेवाली फरियाद, शिकायत। | (ಕೋರ್ಟಿನಲ್ಲಿ) ದಾವೆ;<br>ಫಿರಿಯಾದು | (कोर्टिनल्लि) दावे;<br>फिरियादु | law-suit;<br>complaint. |
| नाली | स्त्री. | 1. छोटा नाला, मोरी;<br>2. पतला नल, नली। | ಮೋರಿ, ಚರಂಡಿ;<br>ಸಣ್ಣ ಕೊಳವಿ | मोरि, चरंडि;<br>सण्ण कोळवि | a drain, drain-pipe, sewer, scupper;<br>a thin pipe. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नाव** | स्त्री. | नदी से पार उतरने की एक प्रसिद्ध सवारी, नौका, किश्ती। | ನಾವೆ, ದೋಣಿ | नावें, दोणि | boat, ferry. |
| **नाविक** | पु. | वह जो नौका खेता हो, मल्लाह, मांझी। | ಅಂಬಿಗ, ನಾವಿಕ | अंबिग, नाविक | sailor, seaman, boatman. |
| **नाश** | पु. | 1. सत्ता से च्युत या रहित होने या करने की अवस्था, क्रिया या भाव, सर्वनाश, विनाश; | ನಾಶ; | नाश; | annihilation; |
| | | 2. रचनाओं के टूट-फूट कर ध्वस्त हाने की क्रिया, ध्वंस, विध्वंस, तबाही; | ಅಳಿಯುವಿಕೆ; | अळियुविकें; | destruction, ruin, devastation; |
| | | 3. अपव्यय, बरबादी। | ನಷ್ಟ | नष्ट | waste, wastefulness. |
| **नाशक** | वि. | 1. ध्वंस या नाश करनेवाला; | ನಾಶಮಾಡುವ; | नाश माडुव; | destructive, destroying, annihilating, devastating; |
| | | 2. मारने या वध करनेवाला; | ಕೊಲ್ಲುವ; | कॊल्लुव; | killing, killer; |
| | | 3. किसी दुष्प्रभाव आदि को दूर करनेवाला, प्रतिकारक, मारक; | (ಮಂತ್ರ-ತಂತ್ರ) ಮಾರಕ; | (मंत्र-तंत्र) मारक; | remover, dispeller, antidote; |
| | | 4. अपव्ययी, उड़ाऊ। | ಅಪವ್ಯಯ ಮಾಡುವ | अपव्यय माडुव | wasteful. |
| **नाशकारी** | वि. | दे. 'नाशक'। | ನೋಡಿ "नाशक" | नोडि "नाशक" | same as 'नाशक'. |
| **नाशपाती** | स्त्री. | सेब की जाति का एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल। | ಸೇಬಿನ ಜಾತಿಯ ಹಣ್ಣು, ಮರಸೇಬು | सेबिन जातिय हण्णु, मरसेबु | pear. |
| **नाशवान** | वि. | दे. 'नश्वर'। | ನೋಡಿ "नश्वर" | नोडि "नश्वर" | same as 'नश्वर'. |
| **नाश्ता** | पु. | 1. सवेरे या दोपहर के भोजन से पूर्व बासी मुँह किया जानेवाला जलपान, कलेवा; | ಬೆಳಗಿನ ತಿಂಡಿ, ಟಿಫನ್ನು | बॆळगिन तिंडि, टिफन्नु; | breakfast; |
| | | 2. अल्पाहार, जलपान। | ಅಲ್ಪಾಹಾರ | अल्पाहार | light repast, refreshment. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नास** | स्त्री. | सुँघनी, नसवार। | ನಶ್ಯ | नश्य | snuff. |
| **नासमझ** | वि. | 1. कम समझवाला, नादान, अबोध; 2. जो समझदार न हो, मूर्ख, बेवकूफ। | ತಿಳಿವಳಿಕೆಯಿಲ್ಲದ; ಮೂರ್ಖ | तिलिवलिकेयिल्लद; मूर्ख | innocent, ignorant; unwise, unintelligent. |
| **नासमझी** | स्त्री. | 1. नासमझ होने की अवस्था या भाव, नादानी; 2. गैरसमझदारी, मूर्खता, बेवकूफी। | ತಿಳಿವಳಿಕೆಯಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ; ಮೂರ್ಖತನ | तिलिवलिकेयिल्ल दिरुविकॆ; मूर्खतन | ignoránce, innocence; folly, stupidity, lack of understanding. |
| **नासिका** | स्त्री. | 1. नाक; 2. हाथी की सूंड। | ಮೂಗು; ಆನೆ ಸೊಂಡಿಲು | मूगु; आनॆ सॊंडिलु | the nose; the trunk of an elephant. |
| **नासूर** | पुं. | एक प्रकार का घाव जिसका मुँह नली के आकार का होता है और जिसमें से बराबर मवाद निकलता रहता है, नाड़ी-व्रण। | ನಾಡಿವ್ರಣ | नाडिव्रण | sinus, fistula, ulcer. |
| **नास्तिक** | पुं. | ईश्वर, वेद, परलोक, मत-मतांतरों आदि को न माननेवाला। | ನಾಸ್ತಿಕ | नास्तिक | an atheist, unbeliever, one who denies the authority of the Vedas and future life or the existence of a supreme Ruler or Creator of the universe. |
| **नास्तिकता** | स्त्री. | नास्तिक होने की अवस्था या भाव। | ನಾಸ್ತಿಕತೆ | नास्तिकतॆ | atheism, infidelity, disbelief (in the existence of God etc.). |
| **नाहक** | क्रि.वि. | 1. अनुचित रूप से; 2. अकारण, व्यर्थ। | ಅನುಚಿತವಾಗಿ; ಕಾರಣವಿಲ್ಲದೆ | अनुचितवागि; कारणविल्लदॆ | unjustly, wrongfully; for nothing, without rhyme or reason, needlessly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नाहर** | पु. | 1. सिंह, शेर;<br>2. साहसी और वीर पुरुष (ला०)। | ಸಿಂಹ;<br>(ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ವೀರ | सिंह;<br>(लाक्षणिक) वीर | lion;<br>a lion-like man, a courageous and brave man (fig.). |
| **नाहीं** | स्त्री. | 'नहीं' करने या कहने की क्रिया या भाव, इनकार। | ಇಲ್ಲ, ಅಲ್ಲ, ಅಸ್ವೀಕಾರ | इल्ल, अल्ल, अस्वीकार | refusal, denial. |
| | अव्य. | नहीं। | ಅಲ್ಲ, ಇಲ್ಲ | अल्ल, इल्ल | no, not, nay. |
| **निंदक** | वि. | निंदा करनेवाला। | ನಿಂದಿಸುವ, ನಿಂದಕ | निंदिसुव, निंदक | censurer, slanderer, calumniator. |
| **निंदनीय** | वि. | निंदा किए जाने के योग्य (व्यक्ति या आचरण)। | ನಿಂದನೀಯ, ದೂಷಿಸಲು ಅರ್ಹವಾದ | निंदनीय, दूषिसलु अर्हवाद | deserving or liable to reproof or censure or blame, blameable, reprehensible, censurable. |
| **निंदा** | स्त्री. | 1. किसी की बुराई का दूसरे के समक्ष किया जानेवाला वर्णन;<br>2. बदनामी, अपकीर्ति, अपमान। | ದೂಷಣೆ;<br>ಅವಮಾನ, ಅಪಕೀರ್ತಿ | दूषणं;<br>अवमान, अपकीर्ति | blame, censure, slander, reproof, condemnation;<br>disparagement, defamation, disrepute, infamy. |
| **निंदा-प्रस्ताव** | पु. | किसी सभा में उपस्थित किया जानेवाला वह प्रस्ताव जिसमें किसी अधिकारी, कार्यकर्त्ता या सदस्य के किसी काम के संबंध में असंतोष प्रकट करते हुए उसकी निंदा का उल्लेख किया जाता है। | ವಾಗ್ದಂಡನೆ–ಗೊತ್ತುವಳಿ | वागदंडनं–गोत्तुवळि | censure-motion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निंदित | वि. | 1. जिसकी निंदा हुई हो या की गई हो; | ನಿಂದಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | निंदिसलपट्ट; | blamed, censured, reproved, slandered, calumniated; |
| | | 2. दे. 'निंदनीय'। | ನೋಡಿ "निंदनीय" | नोडि "निंदनीय" | same as 'निंदनीय'. |
| निंब | स्त्री. | दे. 'नीम'। | ನೋಡಿ "नीम" | नोडि "नीम" | same as 'नीम'. |
| निंबकौड़ी (निंबकौरी, निमकौड़ी, निमकौरी) | स्त्री. | नीम का फल। | ಬೇವಿನ ಹಣ್ಣು | बेविन हण्णु | the fruit of the neem tree. |
| नि:शंक | वि. | 1. जिसे किसी प्रकार की शंका या संदेह न हो; | ನಿಸ್ಸಂದೇಹವಾದ; | निस्संदेहवाद; | free from doubt or suspicion; |
| | | 2. निर्भय, निर्भीक, निडर, साहसी, बेधड़क। | ನಿರ್ಭಯವಾಗಿ | निर्भयवागि | fearless, bold, daring, intrepid. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी प्रकार की शंका या डर के, बेधड़क। | ಸಂದೇಹವಿಲ್ಲದೆ ನಿರ್ಭಯವಾಗಿ | संदेहविल्लदे निर्भयवागि | without misgiving or apprehension, fearlessly, unhesitatingly. |
| नि:शुल्क | | 1. जिस पर कोई शुल्क या कर न लगता हो; | ಸುಂಕವಿಲ್ಲದ; | सुंकविल्लद; | duty free; |
| | वि. | 2. जिसका शुल्क क्षमा कर दिया गया हो। | ಫೀಜು ವಜಾ ಆದ | फीजु वजा आद | freed of fee, enjoying freeship. |
| | क्रि. वि. | बिना शुल्क के दिए हुए, बिना शुल्क के। | ಫೀಜಿಲ್ಲದೆ | फीजिल्लदे | without giving any fee, without making any payment, free of charge. |
| नि:शेष | वि. | 1. जिसका कुछ भी अंश बाकी न बचा हो, पूरा, समूचा, समग्र; | ಉಳಿಯದ; | उळियद; | having no remainder, without leaving a residue, whole, complete, entire; |
| | | 2. पूरी तरह से समाप्त या सम्पन्न; | ಸಂಪೂರ್ಣ ಮುಗಿದ; | संपूर्ण मुगिद; | wholly completed or finished; |
| | | 3. पूर्णतया नष्ट, व्यतीत या खर्च किया हुआ। | ಸಂಪೂರ್ಣ ಕಳೆದು ಹೋದ, ಉಳಿಯದೆ ಅಳಿದ | संपूर्ण कळॆदु होद, उळियदे अळिद | completely spent or consumed or destroyed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नि:श्रेयस | पु. | मोक्ष, मुक्ति, परमार्थ। | ಮುಕ್ತಿ, ಪರಮಾರ್ಥ | मुक्ति, परमार्थ | final beatitude, absolution, ultimate bliss or supreme felicity in the life to come, summum bonum, highest good. |
| नि:श्वसन | पु. | सांस बाहर निकालने की क्रिया। | ಉಸಿರು ಬಿಡುವಿಕೆ | उसिरु बिडुविके | (the act or process of) expiration, breathing out. |
| नि:श्वास | पु. | वह हवा जो सांस लेने पर नाक के रास्ते बाहर निकाली जाती है। | ನಿಶ್ವಾಸ | निश्वास | breathing out, expiration. |
| नि:संकोच | क्रि. वि. | संकोच के बिना, बेधड़क। | ಸಂಕೋಚವಿಲ್ಲದೆ | संकोचविल्लदे | unhesitatingly, without shame or reserve. |
| | वि. | जिसे संकोच न हो, संकोच-रहित। | ಸಂಕೋಚವಿಲ್ಲದ | संकोचविल्लद | unhesitating, having no hesitation. |
| नि:स्पृह | वि. | 1. इच्छा या आकांक्षा से रहित; | ಬಯಸದ; | बयसद; | free from desire, out of coveting, not longing for; |
| | | 2. स्वार्थ आदि की दृष्टि से जो किसी के प्रति उदासीन हो, नि:स्वार्थ भाववाला। | ನಿಸ್ವಾರ್ಥತೆಯ | निस्वार्थतेय | indifferent (to), selfless, having no selfish motives. |
| नि:स्वार्थ | वि. | स्वार्थ साधन की भावना से रहित, स्वार्थ से रहित (कार्य या व्यक्ति)। | ನಿಸ್ವಾರ್ಥ, ಸ್ವಾರ್ಥವಿಲ್ಲದ | निस्वार्थ, स्वार्थविल्लद | unselfish, selfless. |
| | अव्य. | बिना किसी प्रकार के स्वार्थ के। | ಸ್ವಾರ್ಥವಿಲ್ಲದಿರುವ | स्वार्थविल्लदिरुव | without any selfishness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निकट** | क्रि. वि. | समय या स्थान की दृष्टि से पास ही में, थोड़ी दूरी पर, समीप, करीब। | ಸಮೀಪದಲ್ಲಿ, ಹತ್ತಿರದಲ್ಲಿ | समीपदल्लि, हत्तिरदल्लि | at a short distance or in a short time, near, close, proximate. |
| | वि. | लगाव या संबंध की दृष्टि से समीप-स्थित, पास का, नजदीकी। | ಹತ್ತಿರದ | हत्तिरद | near, close (as relations etc.). |
| **निकटता** | स्त्री. | 1. (समय या स्थान) निकट होने की अवस्था या भाव; | ಸಾಮೀಪ್ಯ | सामीप्य | proximity, nearness, closeness (of time and distance); |
| | | 2. ऐसी स्थिति जिसमें कोई निकट संबंध हो। | | | nearness or closeness (of relations etc.). |
| **निकटवर्ती** | वि. | 1. निकटस्थ, सन्निकट; | ಹತ್ತಿರದಲ್ಲಿರುವ; | हत्तिरदल्लिरुव; | near, at hand, proximate, close; |
| | | 2. पड़ोसी, प्रतिवेशी। | ನೆರೆಯಲ್ಲಿರುವ | नेरेयल्लिरुव | living or situated near, neighbouring. |
| **निकटस्थ** | वि. | 1. जो किसी के निकट रहता या होता हो, समीपस्थ, निकटवर्ती; | ಹತ್ತಿರದ; | हत्तिरद; | near, at hand, proximate, close; |
| | | 2. संबंध आदि के विचार से पास का, नजदीकी। | ಸಮೀಪದ | समीपद | near or close (as relations etc.). |
| **निकम्मा** | वि. | 1. जिसके पास कोई काम-धंधा न हो, बेकार (व्यक्ति); | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ; | केलसक्के बारद; | without employment or work, unemployed, idle; |
| | | 2. (पदार्थ) जो किसी काम में आने योग्य न हो, रद्दी; | ಉಪಯೋಗವಿಲ್ಲದ; | उपयोगविल्लद; | useless, worthless, good for nothing; |
| | | 3. जो कोई काम-धंधा करने योग्य न हो, अयोग्य, नालायक। | ಅಯೋಗ್ಯ | अयोग्य | unworthy, incapable, worthless. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निकर** | पु. | 1. समूह, झुंड; | ಗುಂಪು; | गुंपु; | a flock, a multitude; |
| | | 2. ढेर, राशि; | ರಾಶಿ; | राशि; | a heap, pile, a bundle; |
| | | 3. कमर में पहनने का एक प्रकार का चौड़ी मोहरीवाला पहनावा जो घुटनों तक लंबा होता है। | ನಿಕ್ಕರು | निक्करु | half pant. |
| **निकल** | स्त्री. | एक तरह की सफेद, मिश्रित धातु, जिसके सिक्के आदि ढाले जाते हैं। | (ಧಾತು) ನಿಕ್ಕಲ್ ನಿಕ್ಕಲ್ಲು | (धातु) निक्कल् निक्कल्लु | nickel. |
| **निकलना** | अ. क्रि. | 1. भीतर से बाहर आना; | ಹೊರ ಹೊರಡು; | हॉर हॉरडु; | to come out; |
| | | 2. कहीं छिपी चीज का प्राप्त होना; | ಹೊರ ಬೀಳು; | हॉर बीळु; | to be recovered; |
| | | 3. दिखाई पड़ना; | ಕಾಣ ಬರು; | काण बरु; | to appear; |
| | | 4. उदित होना; | ಉದಯಿಸು; | उदयिसु; | to rise; |
| | | 5. किसी प्रकार की मर्यादा सीमा, बंधन आदि से बाहर आना; | ಕಟ್ಟಿನಿಂದ ಹೊರಗಾಗು; | कट्टिनिंद हॉरगागु; | to get out (of), to escape; |
| | | 6. हल होना; | ನಿವಾರಣೆಯಾಗು | निवारणॆयागु; | to be solved, to be worked out; |
| | | 7. आविष्कृत होना, पता लगना; | ಗೊತ್ತಾಗು; | गॉत्तागु; | to be invented, discovered, to be found out; |
| | | 8. दूर या अलग होना, संपर्क न रखना; | ಸಂಪರ್ಕವಿಲ್ಲದಾಗು; | संपर्कविल्लदागु; | to leave, give up, to go away; |
| | | 9. उत्पन्न या उद्भूत होना; | ಉದ್ಭೂತವಾಗು; | उद्भूतवागु; | to emanate; |
| | | 10. सार, तत्व, सत्त, रस आदि के रूप में बाहर आना; | (ಸಾರತತ್ವ) ಹೊರ ಬೀಳು; | (सारतत्व) हॉर बीळु; | to be extracted; |
| | | 11. ऊपर आना, उभड़ना, ऊपर उठना, प्रकट हो जाना; | ಉಕ್ಕಿ ಬರು; | उक्कि बरु; | to emerge; |
| | | 12. जारी होना; | ಜಾರಿಗೆ ಬರು; | जारिगॆ बरु; | to issue or be issued; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 13. खिसक जाना, चुपके से चला जाना; | ಜಾರಿಕೊಳ್ಳು; | जारिकोळ्ळु; | to slink away; |
| | | 14. प्रकाशित होना; | ಪ್ರಕಟವಾಗು; | प्रकटवागु; | to be published, to be brought out; |
| | | 15. खपत या बिक्री होना; | ಮಾರಾಟವಾಗು; | माराटवागु; | to be consumed, to be sold; |
| | | 16. चलना, जाना या आगे बढ़ना; | ಮುಂದುವರಿ; | मुंदुवरि; | to proceed; |
| | | 17. गुजरना, बीतना; | (ದಿನಗಳು) ಕಳೆ; | (दिनगळु) कळॆ; | to pass away, to elapse; |
| | | 18. प्रमाणित या सिद्ध होना; | ಪ್ರಮಾಣಿತವಾಗು; | प्रमाणितवागु; | to result, to prove, to turn out; |
| | | 19. उच्चारित होना। | (ಬಾಯಿಂದ) ಉಚ್ಚಾರವಾಗು | (बायिंद) उच्चारवागु | to find utterance, to be uttered or pronounced. |
| **निकलवाना** | स. क्रि. | किसी को कुछ निकालने में प्रवृत्त करना (निकालने का प्रेरणार्थक रूप)। | ತೆಗೆಯುವಂತೆ ಮಾಡು, ಹೊರ ಹಾಕಿಸು | तॆगॆयुवंतॆ माडु, हॊर हाकिसु | causative form of निकालना, to cause to take out, issue, expel etc. |
| **निकष** | पु. | 1. कसौटी जिस पर परखने के लिए सोना रगड़ा जाता है; | ಒರೆಗಲ್ಲು; | ऒरॆगल्लु; | touchstone; |
| | | 2. मानदण्ड, मानक। | ಅಳತೆ ಕೋಲು | अळतॆ कोलु | criterion. |
| **निकाय** | पु. | 1. समिति, संस्था; | ಸಮಿತಿ, ಸಂಘ; | समिति, संघ; | a body, association; |
| | | 2. समूह, झुंड, वर्ग, समुदाय; | ಸಮುದಾಯ, ವರ್ಗ; | समुदाय, वर्ग; | a group, class, a flock; |
| | | 3. ढेर, अम्बार, राशि। | ರಾಶಿ | राशि | a heap, collection, an assemblage. |
| **निकालना** | स. क्रि. | 1. भीतर से बाहर लाना; | ಹೊರಗೆಡಹು; | हॊरगॆडहु; | to take out; |
| | | 2. किसी चीज में पड़ी मिली या लगी चीज को अलग करना, हटाना; | ತೆಗೆ; | तॆगॆ; | to separate, to remove; |
| | | 3. परिधि, मर्यादा, सीमा आदि से बाहर करना, निष्कासित करना; | ಹೊರದೂಡು; | हॊरदूडु; | to oust, to expel; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी छिपी या दबी चीज को प्राप्त करना, बरामद करना; | ಹುಡುಕಿ ಹೊರಗೆ ತೆಗೆ; | हुडुकि हॊरगॆ तॆगॆ; | to recover, to receive back; |
| | | 5. अस्तित्व मिटाना, न रहने देना; | ಅಳಿಯುವಂತೆ ಮಾಡು; | अळियुवंतॆ माडु; | to eradicate, to eliminate; |
| | | 6. किसी बड़ी राशि में से छोटी राशि अलग करना, घटाना; | ಬೇರೆ ಮಾಡು; | बेरॆ माडु; | to deduct, to exclude; |
| | | 7. पद, नौकरी, सेवा आदि से हटाना; | (ಕೆಲಸ, ಪದದಿಂದ) ಕಿತ್ತುಹಾಕು; | (कॆलस, पददिंद) कित्तुहाकु; | to discharge, to dismiss; |
| | | 8. कहीं रखी हुई अपनी कोई चीज या उसका कुछ अंश अपने अधिकार में करना; | ತೆಗೆದುಕೊಂಡು ವಶಪಡಿಸಿಕೊಳ್ಳು; | तॆगॆदुकॊंडु वशपडिसिकॊळ्ळु; | to withdraw, to take away, to retract, to draw; |
| | | 9. उद्धार करना, संकट आदि की स्थिति दूर करना; | ಪಾರು ಮಾಡು; | पारु माडु; | to rescue, to reclaim; |
| | | 10. बेच डालना; | ಮಾರಿ ಬಿಡು; | मारि बिडु; | to sell; |
| | | 11. आविष्कृत करना, पता लगाना; | ಪತ್ತೆ ಹಚ್ಚು; | पत्तॆ हच्चु; | to invent, to discover, to find out; |
| | | 12. (अर्थ आदि) स्पष्ट करना; | (ಅರ್ಥ, ಭಾವ) ಸ್ಪಷ್ಟ ಮಾಡು; | (अर्थ, भाव) स्पष्ट माडु; | to disclose, to open, to elicit, to express, to reveal; |
| | | 13. हल करना; | ಬಿಡಿಸು; | बिडिसु; | to solve; |
| | | 14. प्रकाशित करना; | ಪ್ರಕಟಗೊಳಿಸು; | प्रकटगॊळिसु; | to publish; |
| | | 15. उच्चारित करना, शब्द उत्पन्न करना; | ಉಚ್ಚರಿಸುವಂತೆ ಮಾಡು; | उच्चरिसुवंतॆ माडु; | to utter, to give utterance to, to pronounce; |
| | | 16. गुजारना, व्यतीत करना; | (ಜೀವನ) ನಡೆಸಿಕೊಂಡು ಹೋಗು; | (जीवन) नडॆसिकॊंडु होगु | to pass away; |
| | | 17. जारी करना; | ಚಲಾವಣೆ ಮಾಡು | चलावणॆ माडु; | to issue; |
| | | 18. सार, तत्व, सत्त, रस आदि के रूप में बाहर करना, निचोड़ना; | (ಸಾರ) ಹಿಂಡಿ ತೆಗೆ | (सार) हिंडि तॆगॆ; | to extract, to draw; |
| | | 19. प्रदर्शनार्थ बाहर निकालना या ले जाना। | (ಪ್ರದರ್ಶನಕ್ಕಾಗಿ) ಮೆರವಣಿಗೆ ಮಾಡಿಸು | (प्रदर्शनक्कागि) मॆरवणिगॆ माडिसु | to bring out (as a procession), to manifest. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निकास** | पु. | 1. उद्गम स्थान; | ಉದ್ಗಮ ಸ್ಥಾನ; | उद्गम स्थान; | origin, extraction; |
| | | 2. घर आदि से निकलने का द्वार; | ಬಾಗಿಲು; | बागिलु; | gate, exit; |
| | | 3. वह मार्ग या विस्तार जिसमें से होकर कोई चीज आती-जाती हो, निर्गमद्वार, निर्गममार्ग; | ಹೊರ ಹೋಗಿ ಬರುವ ದಾರಿ; | हॉर हॉगि बरुव दारि; | exit, outlet, vent; |
| | | 4. आय का साधन, स्रोत; | ಸಂಪಾದನೆಯ ದಾರಿ; | संपादनॅय दारि; | source; |
| | | 5. निकलने की क्रिया या भाव। | ಹೊರ ಬೀಳುವಿಕೆ | हॉर बीळुविकॅ | clearance. |
| **निकासी** | स्त्री. | 1. माल या पत्र-पेटी से पत्र आदि निकालने या निकलने की क्रिया या भाव; | ಹೊರ ತೆಗೆಯುವಿಕೆ; | हॉर तॅगॅयुविकॅ; | clearance; |
| | | 2. व्यक्ति का घर से बाहर निकलने, विशेषतः कामकाज या यात्रा के लिए बाहर निकलने का भाव, प्रस्थान; | ಹೊರ ಹೊರಡುವಿಕೆ; | हॉर हॉरडुविकॅ; | out-going, departure; |
| | | 3. दुकानों में रखे हुए या कारखानों में तैयार होनेवाले माल का बाहर आना और बिकना, खपत, बिक्री; | ಬಿಕ್ರಿಯಾಗುವಿಕೆ; | बिक्रियागुविकॅ; | sale, consumption; |
| | | 4. आय, आमदनी; | ವರಮಾನ; | वरमान; | income, profit; |
| | | 5. चुंगी; | ಕಂದಾಯ, ಸುಂಕ; | कंदाय, सुंक; | tax collected on goods passing out of a town, transit-duty; |
| | | 6. (कारखानों आदि में) उत्पादित माल, उत्पादन, उत्पाद। | ಉತ್ಪಾದನೆ | उत्पादनॅ | out-put, produce, out-turn. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निकाह** | पु. | (इस्लाम की धार्मिक पद्धति से होनेवाला) विवाह, विवाहोत्सव। | (ಇಸ್ಲಾಂ ಧರ್ಮದ ಪ್ರಕಾರ) ಮದುವೆ | (इस्लां धर्मद प्रकार) मदुवे | marriage, matrimony, nuptal, marriage-ceremony (according to Islamic rites). |
| **निकुंज** | पु. | उपवन, वन, वाटिका आदि में वृक्षों और लताओं द्वारा आच्छादित स्थान, कुंज। | ಉಪವನ | उपवन | a place overgrown with shrubs and creepers, an arbour, a bower. |
| **निकृष्ट** | वि. | 1. अधम, नीच, कमीना (व्यक्ति); | ಅಧಮ | अधम | low, base, vile; |
| | | 2. निम्न, अवर, घटिया (वस्तु आदि)। | | | inferior, inferiormost. |
| **निकृष्टता** | स्त्री. | निकृष्ट होने की अवस्था या भाव, नीचता, कमीनापन। | ನೀಚತನ | नीचतन | lowness, baseness, vileness, contemptibleness. |
| **निकेत** | पु. | घर, रहने का स्थान। | ಮನೆ, ನಿವಾಸ | मने, निवास | house, habitation, mansion, abode, residence. |
| **निकेतन** | पु. | दे. 'निकेत'। | ನೋಡಿ."निकेत" | नोडि "निकेत" | same as 'निकेत'. |
| **निक्षिप्त** | वि. | 1. फेंका हुआ; | ಬಿಸುಟ; | बिसुट; | thrown; |
| | | 2. अमानत या धरोहर के रूप में किसी के पास रखा हुआ; | ಠೇವಣಿ ಇಟ್ಟ; | ठेवणि इट्ट; | deposited; |
| | | 3. रखा हुआ, डाला हुआ। | ಇಟ್ಟ, ಇರಿಸಿದ | इट्ट, इरिसिद | placed, laid. |
| **निक्षेप** | पु. | 1. फेंकने की क्रिया या भाव; | ಬಿಸುಡುವಿಕೆ; | बिसुडुविकें; | throwing; |
| | | 2. जमा किया हुआ धन, अमानत या धरोहर के रूप में जमा किया हुआ धन या पदार्थ; | ಠೇವಣಿ, ಠೇವಣಾತಿ; | ठेवणि,ठेवणाति; | deposit; |
| | | 3. कोई चीज कहीं जमा करने या किसी के पास धरोहर के रूप में रखने की क्रिया या भाव। | ಠೇವಣಿ ಇಡುವಿಕೆ | ठेवणि इडुविकें | depositing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निखट्टू** | वि. | 1. जो कुछ भी न कमाता हो, बेकार, बेरोजगार; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ, ಕೆಲಸವಿಲ್ಲದ; | कॆलसक्कॆ बारद, कॆलसविल्लद; | idle, unearning, unemployed; |
| | | 2. आलसी, आरामतलब। | ಸೋಮಾರಿ | सोमारि | indolent, lazy. |
| | पु. | 1. आलसी या आरामतलब व्यक्ति; | ಸೋಮಾರಿ ವ್ಯಕ್ತಿ; | सोमारि व्यक्ति; | idle fellow, idler, drone; |
| | | 2. न कमानेवाला व्यक्ति, बेकार आदमी, बेरोजगार व्यक्ति। | ಮೈಗಳ್ಳ, ಕೆಲಸಗಳ್ಳ | मैगळ्ळ, कॆलसगळ्ळ | one who earns nothing, unemployed person. |
| **निखरना** | अ. क्रि. | 1. मैल आदि छंटकर साफ होना, खरा या वास्तविक रूप प्रकट होना; | ಸ್ವಚ್ಛವಾಗು; | स्वच्छवागु; | to be cleaned, to be cleansed, to be crystallized; |
| | | 2. रंग, रूप आदि का खिलना या साफ होना। | ಸ್ಪಷ್ಟವಾಗಿ ಮೂಡಿ ಬರು | स्पष्टवागि मूडिबरु | to become clear, elegant. |
| **निखार** | पु. | 1. निर्मलता, चमक, क्रान्ति; | ಹೊಳಪು; | हॊळपु; | brightness, lustre; |
| | | 2. रमणीयता, चारुता। | ರಮಣೀಯತೆ | रमणीयतॆ | elegance. |
| **निखारना** | स क्रि. | 1. ऐसी क्रिया करना जिससे कोई चीज निखर उठे, विशेष प्रक्रिया द्वारा मैल आदि हटाकर साफ और स्वच्छ करना; | ಹೊಳೆಯುವಂತೆ ಮಾಡು; | हॊळॆयुवंतॆ माडु; | to cleanse, to clean, to bleach; |
| | | 2. चमकाना, निर्मल करना। | ಸ್ವಚ್ಛ ಮಾಡು | स्वच्छ माडु | to brighten, to make clear. |
| **निखिल** | वि. | सारा, संपूर्ण, समस्त, अखिल। | ಸಂಪೂರ್ಣ | संपूर्ण, | complete, all, whole, entire. |
| **निगम** | पु. | 1. वेद या उसका कोई भाग या अंश; | ವೇದ; | वेद; | the Vedas or any portion thereof; |
| | | 2. किसी नगर, बस्ती, स्थान आदि का प्रबंध करनेवाला व्यक्ति समूह, संघ या संस्था। | ಕಾರ್ಪೊರೇಷನ್ನು | कार्पोरेषन्नु, | corporation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निगमन** | पु. | (न्याय में) वह कथन या प्रतिज्ञा जो हेतु, उदाहरण और उपनय तीनों से सिद्ध हुई या होती हो। | (ತರ್ಕ ನ್ಯಾಯ ಶಾಸ್ತ್ರಾನುಸಾರ) ನಿಗಮನ | (तर्क न्याय शास्त्रानुसार) निगमन | (in logic) the conclusion in a syllogism, deduction. |
| **निगमित** | वि. | 1. जिसे निगम का रूप दिया गया हो; | ನಗರ ಕಾರ್ಪೊರೇಷನ್ನಾಗಿ ರೂಪಿಸಿದ; | नगर कापरिष-न्नागि रूपिसिद; | incorporated; |
| | | 2. (न्याय में) हेतु, उदाहरण और उपनय के माध्यम से निष्कर्ष रूप में प्राप्त या सिद्ध। | (ತರ್ಕ) ಸಾಧಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | (तर्क) साधिसल्पट्ट | deduced (in logic). |
| **निगरानी** | स्त्री. | 1. (वस्तु के संबंध में) इस प्रकार ध्यान रखना कि उसे किसी प्रकार की क्षति या व्यतिक्रम न होने पाए, देखरेख; | ಧ್ಯಾನ ಇಡುವಿಕೆ; | ध्यान इडुविकॆ; | watchfulness, watch, guard; |
| | | 2. (व्यक्ति के संबंध में) किसी के कार्य, गतिविधि आदि पर इस प्रकार ध्यान रखना कि कोई अनौचित्य न होने पाए, पर्यवेक्षण। | (ಕೆಲಸ ಕೆಡದಂತೆ) ನಿಗಾ ಇಡುವಿಕೆ | (कॆलस कॆडदतॆ) निगा इडुविकॆ | supervision. |
| **निगलना** | स. क्रि. | कोई ठोस चीज बिना चबाये ही गले के अंदर उतार लेना। | ನುಂಗು | नुंगु | to swallow, to gulp. |
| **निगाली** | स्त्री. | 1. हुक्के की वह नली जिसे मुंह में लगाकर धुआं खींचा जाता है; | ಹುಕ್ಕಾದ ನಳಿಗೆ; | हुक्काद नळिगॆ; | inhaling pipe of a Hubble-bubble ('hookah'); |
| | | 2. बांस की पतली नली। | ಬಿದುರಿನ ಕೊಳವಿ | बिदुरिन कॊळवि | a small narrow bamboo pipe. |
| **निगाह** | स्त्री. | 1. दृष्टि, नजर; | ನೋಟ; | नोट; | look, glance, sight; |
| | | 2. कृपादृष्टि; | ದಯಾದೃಷ್ಟಿ; | दयादृष्टि; | kind glance, favourable attention; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. दृष्टिकोण, मत, राय, विचार; | (ವಿಚಾರ) ದೃಷ್ಟಿ; | (विचार) दृष्टि; | view, opinion, consideration, look, aspect (of); |
| | | 4. निगरानी, ध्यान। | ನಿಗಾ (ಧ್ಯಾನ) ಇಡುವಿಕೆ | निगा (ध्यान) इडुविकॅ | watch, guard, observation, attention, custody, care. |
| **निगूढ़** | वि. | 1. जिसका अर्थ छिपा हो, अव्यक्त, अप्रकट; | ಗೂಢವಾದ; | गूढ़वाद; | latent, hidden, concealed; |
| | | 2. गुप्त; | ಗುಪ್ತ; | गुप्त; | secret; |
| | | 3. दुर्बोध, दुरूह। | ಊಹಿಸಲಾಗದ | ऊहिसलागद | abstruse, obscure. |
| **निगोड़ा** | वि. | 1. निष्क्रिय, आलसी; | ಸೋಮಾರಿ, ಕೆಲಸ ಮಾಡದ; | सोमारि, केलस माडद; | idle, indolent, worthless; |
| | | 2. स्त्रियों द्वारा प्रयुक्त एक प्रकार की गाली जो वे अकर्मण्य व्यक्तियों के लिए प्रयुक्त करती हैं; | ಸ್ತ್ರೀಯರು ಅಕರ್ಮಣ್ಯ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳನ್ನು ಬೈಯುವ ಬೈಗಳ; | स्त्रीयरु अकर्मण्य व्यक्तिगळन्नु बैयुव बैगळ; | term of abuse used by women for persons who are idle and indolent; |
| | | 3. अभागा, बदनसीब। | ಭಾಗ್ಯಹೀನ | भाग्यहीन | wretched, unfortunate. |
| **निग्रह** | पु. | 1. बंधन, रोक आदि के द्वारा किसी क्रिया, वस्तु या व्यक्ति को स्वतंत्र आचरण न करने देना, अवरोध, नियंत्रण, रोकथाम; | ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ; | तडॅगट्टुविकॅ; | keeping in check, control, restraining; |
| | | 2. आत्मदमन; | ಆತ್ಮದಮನ; | आत्मदमन; | self-control, self-repression, subdual; |
| | | 3. दंड, सजा; | ಸಜಾ; | सजा; | punishment, chastisement; |
| | | 4. रोक कर या वश में रखनेवाली चीज, बात या तत्व, अवरोधक। | ತಡೆ | तडॅ | restraint, check, control. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निचय | पु. | 1. ढेर, राशि, समूह; | ರಾಶಿ; | राशि; | a heap, pile, assemblage, group; |
| | | 2. संचय, संग्रह; | ಸಂಗ್ರಹ; | संग्रह; | collection, accumulation; |
| | | 3. सार-संग्रह। | ಸಾರ | सार | a digest. |
| निचला | वि. (स्त्री. निचली) | अवस्था, पद, स्थिति आदि के विचार से निम्न स्तर पर या नीचे होनेवाला, नीचेवाला। | ಕೆಳಭಾಗದ, ಕೆಳಗಿನ | कॆळभागद, कॆळगिन | lower. |
| निचाई | स्त्री. | 1. निम्न स्थल पर होने की अवस्था या भाव; | ತಗ್ಗಾಗಿರುವಿಕೆ; | तुग्गागिरुविकॆ | lowness; |
| | | 2. निम्न स्थल की ओर का विस्तार, ढाल। | ಇಳಿಜಾರು ಭೂಮಿ | इळिजारु भूमि | declivity, slope. |
| निचान | स्त्री. | 1. नीचे वाले स्तर पर होने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ಕ್ಷುದ್ರತೆ; | क्षुद्रतॆ; | lowness; |
| | | 2. ऐसी भूमि जो अपेक्षाकृत नीची हो; | ತಗ್ಗು ಭೂಮಿ; | तग्गु भूमि; | low land; |
| | | 3. ढाल; | ಇಳಿಜಾರು; | इळिजारु; | declivity, slope; |
| | | 4. दे. 'नीचता'। | ನೋಡಿ "नीचता" | नोडि "नीचता" | same as 'नीचता'. |
| निचुड़ना | अ. क्रि. | 1. आर्द्र या रस से भरी वस्तु में से तरल अंश का दबा कर निकाला जाना, निचोड़ा जाना; | ಹಿಂಡು; | हिंडु; | to be squeezed or pressed, to be extracted; |
| | | 2. निचोड़ने या निचुड़ने पर धीरे-धीरे बहना, टपकना, रिसना, चूना। | ಹಿಂಡಿ ಸುರಿಸು | हिंडि सुरिसु | to flow out gently, to trickle, ooze, drop. |
| निचोड़ | पुं. | 1. सारांश; | ಸಾರಾಂಶ; | सारांश; | essence, substance, gist, end, termination (of an affair); |
| | | 2. वह अंश जो निचोड़ने पर निकले, सत्त, सत्व। | ಹಿಂಡಿದುದರಿಂದ ಬಂದ ಸತ್ವ, ರಸ | हिंडिदुदरिंद बंद सत्व, रस | that which is squeezed or pressed out, extract. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निचोड़ना** | स. क्रि. | 1. गीली या रस से भरी वस्तु में से उसका तरल अंश निकालने के लिए उसे ऐंठना, दबाना या मरोड़ना; | ಹಿಂಡು; | हिंडु; | to squeeze, to press, to wring, to extract; |
| | | 2. उक्त प्रकार से पीड़ित करते हुए किसी चीज का सार भाग या सत्त निकालना, दबाकर या मरोड़कर रस आदि निकालना या चुआना; | ಹಿಂಡಿ ಸುರಿಸು; | हिंडि सुरिसु; | to squeeze out, to press out, to wring out; |
| | | 3. (लाक्षणिक अर्थ में) किसी का सर्वस्व लेकर उसे खोखला या निःसार कर देना। | ಸಾರವಿಲ್ಲದಂತೆ ಮಾಡು | सारविल्लदंते माडु | to seize one's all, to take one's all, to usurp one's all. |
| **निछावर (न्योछावर)** | स्त्री. | 1. बलिदान, उत्सर्ग, त्याग; | ಆತ್ಮಸಮರ್ಪಣೆ, ಉತ್ಸರ್ಗ; | आत्मसमर्पण, उत्सर्ग; | sacrifice, giving up; |
| | | 2. किसी के गुण, रूप, सुख-समृद्धि आदि को सुरक्षित रखने की कामना से तथा उसे नजर आदि के दूषित प्रभाव से बचाने के लिए उसके ऊपर से कोई चीज घुमाकर उस (चीज) का उत्सर्ग या दान; | ನೀವಾಳಿಸುವಿಕೆ; | नीवाळिसुविके; | a propitiatory offering, an offering made to ward off an evil eye; |
| | | 3. उक्त प्रकार से निछावर की गई वस्तु या धन। | ನೀವಾಳಿಸಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ವಸ್ತು | नीवाळिसलु उपयोगिसुव वस्तु | the thing or money offered as above. |
| **निज** | वि. | किसी की दृष्टि से स्वयं उसका, अपना। | ತನ್ನ, ಸ್ವಂತ | तन्न, स्वंत | own, one's own, relating to one-self. |
| **निजी** | वि. | 1. किसी की दृष्टि से स्वयं उससे संबंध रखनेवाला, निज का; | ಸ್ವಂತದ; | स्वंतद; | one's own, one's very own, relating to oneself, personal, individual; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विशिष्ट लोगों से ही संबंधित, जिससे औरों का कोई संबंध न हो; | ಕೆಲವರದೇ ಆದ; | कॆलवरदे आद; | relating to particular persons, not related to others; |
| | | 3. अपने अधिकार में होनेवाला, व्यक्तिगत; | ವ್ಯಕ್ತಿಗತ; | व्यक्तिगत; | private; |
| | | 4. गैर सरकारी, अशासनिक। | ಸರಕಾರದ್ದಲ್ಲದ | सरकारद्दल्लद | unofficial. |
| निठल्ला | वि | 1. प्रायः खाली बैठा रहनेवाला, जो कोई काम न करता हो, अकर्मण्य; | ಕುಳಿತು ಕಾಲಹರಣ ಮಾಡುವ; | कुळितु कालहरण माडुव; | idle, indolent, lazy, lolling; |
| | | 2. जिसके हाथ में कोई काम-धंधा न हो, बेकार, खाली। | ಕೆಲಸವಿಲ್ಲದ | कॆलसविल्लद | out of work or employment, unemployed. |
| | पु. | आरामतलब व्यक्ति, अकर्मण्य व्यक्ति। | ಕೆಲಸ ಮಾಡದೆ ಕಾಲ ಕಳೆಯುವ ವ್ಯಕ್ತಿ | कॆलस माडदे काल कळॆयुव व्यक्ति | idler. |
| निठुर | वि. | जिसे दूसरों के कष्ट, पीड़ा आदि की अनुभूति न होती हो, कठोर-हृदय, निष्ठुर। | ಕಠೋರ ಹೃದಯದ, ಕಠೋರ | कठोर हृदयद, कठोर | cruel, hard, obdurate, ruthless. |
| निठुरता | स्त्री. | निठुर होने की अवस्था या भाव, निष्ठुरता। | ಕಠೋರತೆ | कठोरतॆ | hardness of heart, cruelty, ruthlessness, obduracy, relentlessness. |
| निठुराई | स्त्री. | दे. 'निठुरता'। | ನೋಡಿ "निठुरता" | नोडि "निठुरता" | same as 'निठुरता' |
| निडर | वि. | 1. जिसे किसी आदमी या बात से बिलकुल डर न लगता हो, निर्भय, निर्भीक; | ಹೆದರದ; | हॆदरद; | fearless, dauntless; |
| | | 2. साहसी; | ಸಾಹಸಿ; | साहसि; | bold, daring, intrepid; |
| | | 3. धृष्ट, ढीठ। | ದಿಟ್ಟತನದ | दिट्टतनद | impudent, insolent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निडरता** | स्त्री. | निडर होने की अवस्था या भाव, निर्भीकता, साहस। | ನಿರ್ಭಯತೆ | निर्भयतें | fearlessness, dauntlessness, boldness. |
| **निढाल** | वि. | 1. बहुत अधिक थका हुआ; 2. जो विफल मनोरथ होने पर उत्साह-हीन हो गया हो। | ಆಯಾಸಗೊಂಡ; ನಿರುತ್ಸಾಹಿ | आयासगोंड; निरुत्साहि | languid, wearied; spiritless. |
| **नितंब** | पु. | जांघों की हड्डियों के ऊपर कमर का पिछला उभरा हुआ भाग, चूतड़। | ,ನಿತಂಬ | नितंब | the buttocks, hips. |
| **नितंबिनी** | स्त्री. | सुंदर नितंबोंवाली स्त्री, सुंदरी। | ನಿತಂಬಿನಿ, ಸುಂದರ ನಿತಂಬ ಪ್ರದೇಶ ವುಳ್ಳ ಸ್ತ್ರೀ | नितंबिनि, सुंदर नितंब प्रदेशवुळ्ळ स्त्री. | a woman with large and handsome hips, a beautiful woman. |
| **नित** | अव्य. | प्रतिदिन, हमेशा, नित्य। | ಯಾವಾಗಲೂ, ಪ್ರತಿದಿನವೂ, ನಿತ್ಯವೂ | यावागलू, प्रतिदिनवू, नित्यवू | everyday, daily, continually. |
| **नितांत** | वि. | 1. बहुत अधिक, असाधारण; | ಅಸಾಧಾರಣವಾದ; | असाधारणवाद; | extraordinary, excessive, very much; |
| | | 2. पूर्ण, सम्पूर्ण, पूरा। | ಸಂಪೂರ್ಣ | संपूर्ण | absolute, complete. |
| | क्रि. वि. | बिलकुल, पूर्णतया, सर्वथा। | ಖಂಡಿತವಾಗಿ, ಸರ್ವಥಾ | खंडितवागि, सर्वथा | absolutely, quitely. |
| **नित्य** | वि. | 1. जो निरंतर या सदा बना रहे, अविनाशी, शाश्वत; | ಶಾಶ್ವತವಾದ; | शाश्वतवाद; | everlasting, eternal; |
| | | 2. नियमित, नित्य। | ನಿಯಮಪೂರ್ವಕ ವಾದ | नियमपूर्वकवाद | regular. |
| | क्रि. वि. | 1. प्रतिदिन; | ಪ್ರತಿದಿನವೂ; | प्रतिदिनवू; | everyday, daily; |
| | | 2. सदा, हमेशा। | ಯಾವಾಗಲೂ ಬೇಕಾದ ಕರ್ಮ | यावागलू | constantly, always, ever. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नित्य-कर्म | पु. | 1. वे धार्मिक कृत्य जो प्रतिदिन आवश्यक रूप से किये जाते हैं; | ನಿತ್ಯಕರ್ಮ; | नित्य कर्म; | any daily and necessary rite, a constant act or duty; |
| | | 2. रोज का काम, प्रतिदिन किया जानेवाला काम। | ದಿನವೂ ಮಾಡಬೇಕಾದ ಕರ್ಮ | निदवू माडबेकाद कर्म | daily chores. |
| नित्यता | स्त्री. | नित्य रहने की अवस्था या भाव। | ನಿತ್ಯತೆ, ಸದಾಕಾಲ ಇರುವ ಸ್ಥಿತಿ | नित्यते, सदाकाल इरुव स्थिति | eternity, perpetuity. |
| नित्य-प्रति | क्रि.वि | प्रतिदिन, हर रोज। | ಪ್ರತಿದಿನವೂ | प्रतिदिनवू | everyday, daily. |
| निथरना | अ.क्रि | तरल पदार्थ का ऐसी स्थिति में रहना या होना कि उसमें घुली या मिली हुई चीज अपने भारीपन के कारण उसके नीचे या तल में बैठ जाने पर तरल पदार्थ का साफ हो जाना। | (ನೀರು ವಗೈರೆ) ತಿಳಿಯಾಗು | (नीरु वगैरे) तिळियागु | to be decanted, to be made clear or clean, to be purified (water or other liquid, by letting the feculent matter subside). |
| निथार | पु. | 1. निथरने या निथारने की क्रिया या भाव, तरल पदार्थ में घुली या मिली चीज का नीचे बैठना; | ಚರಟ, ಮಡ್ಡಿ ಕೆಳಗೆ ಕೂಡುವಿಕೆ; | चरट मड्डि कॆळगॆ कूडुविकॆ; | decantation; |
| | | 2. इस प्रकार नीचे या तल में बैठी हुई मैल आदि। | ಮಡ್ಡಿ, ಚರಟ | मड्डि, चरट | feculent matter subsiding beneath the water etc. |
| निथारना | स. क्रि. | कोई तरल पदार्थ इस प्रकार स्थिर करना कि उसमें मिली हुई चीज तल में बैठ जाए, मैल आदि नीचे बैठाकर तरल पदार्थ साफ करना। | ಚರಟ ಮಡ್ಡಿ ಕೆಳಗೆ ಕೂಡುವಂತೆ ಮಾಡು | चरट मड्डि कॆळगॆ कूडुवंतॆ माडु | to decant, to make clear or clean, to purify (water or liquid by letting the feculent matter subside). |
| निदर्श | पुं. | नमूना, प्रतिदर्श। | ನಮೂನೆ | नमूनॆ | sample. |
| निदर्शक | पुं. | निदर्शन अर्थात् दिखाने या प्रदर्शित करनेवाला, प्रदर्शक। | ಪ್ರದರ್ಶನ ಮಾಡುವವ | प्रदर्शन माडुवव | demonstrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | निर्दिष्ट करनेवाला, दर्शानेवाला, किसी बात, तथ्य आदि की ओर संकेत करनेवाला, सूचक। | ಸೂಚಿಸಿ ತೋರಿಸುವ | सूचिसि तोरिसुव | pointing out, proclaiming, indicating, showing. |
| निदर्शन | पु. | 1. दिखाने या प्रदर्शित करने की क्रिया या भाव, प्रदर्शन; | ತೋರಿಸುವಿಕೆ; | तोरिसुविके; | demonstration; |
| | | 2. उदाहरण, दृष्टांत; | ದೃಷ್ಟಾಂತ, ಉದಾಹರಣೆ; | दृष्टांत, उदाहरणे; | instance, example, illustration, injunction; |
| | | 3. भौतिक विज्ञान, रेखागणित आदि में किसी मूल कथन को सिद्ध करने के लिए बनाई जानेवाली आकृतियां, चित्र; | (ಭೌತಿಕ ವಿಜ್ಞಾನ, ರೇಖಾಗಣಿತ) ನಮೂನೆಯ ಚಿತ್ರ; | (भौतिक विज्ञान, रेखागणित) नमूनेय चित्र; | figure, illustration; |
| | | 4. किसी बात या तथ्य आदि को निर्दिष्ट या संकेतित करने की क्रिया या भाव। | ನಿದರ್ಶನ | निदर्शन | pointing, showing, indicating. |
| निदाघ | पु. | 1. गरमी, ताप, धूप;<br>2. गरमी का मौसम (ज्येष्ठ और आषाढ़ के महीने।) | ಬೇಗೆ, ಬಿಸಿಲು;<br>ಬೇಸಿಗೆಯ ಕಾಲ, ಗ್ರೀಷ್ಮ ಋತು | बेगे, बिसिलु;<br>बेसिगेय काल, ग्रीष्म ऋतु | heat, warmth;<br>the hot season (May and June) corresponding to the months of ज्येष्ठ and आषाढ़. |
| निदान | पु. | 1. मूल कारण; | ಮೂಲ ಕಾರಣ; | मूल कारण; | primary cause, the first or essential cause; |
| | | 2. चिकित्साशास्त्र में रोग की पहचान द्वारा रोग के कारणों का निश्चय। | (ವೈದ್ಯ) ನಿದಾನ, ಚಿಕಿತ್ಸೆ | (वैद्य) निदान, चिकित्से | (in medicine) inquiry into the causes of a disease by studying its symptoms, diagnosis (of a disease). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | क्रि. वि. | 1. अंत में; | ಕೊನೆಯಲ್ಲಿ | कोनेयल्लि; | in the end, at last, eventually, finally; |
| | | 2. परिणामतः, इसलिए। | ಪರಿಣಾಮದಲ್ಲಿ ಅದಕ್ಕಾಗಿ | परिणामदल्लि, अदक्कागि | consequently. |
| **निदेश** | पु. | 1. यह कहना, बताना, समझाना या आदेश देना कि अमुक काम या बात इस प्रकार या इस रूप में होनी चाहिए, निर्देश; | ನಿರ್ದೇಶ; | निर्देश; | direction; |
| | | 2. उक्त प्रकार से कही या समझाई गई बात या दिया गया आदेश, वह बात जिसके लिए निदेश दिया गया हो, निर्दिष्ट बात। | ನಿರ್ದೇಶಿಸಿದ ವಿಷಯ | निर्देशिसिद विषय | directive. |
| **निदेशक** | पु. | कोई काम कैसे, कहां और कब किया जाए—इस संबंध में जो दूसरों को सूचनाएं या आदेश देता हो, निर्देशक। | ನಿರ್ದೇಶಕ | निर्देशक | director. |
| **निदेशालय** | पु. | निदेशक का कार्यालय। | ನಿದೇಶಾಲಯ, ನಿರ್ದೇಶಕನ ಕಚೇರಿ | निर्देशालय, निर्देशकन कचेरि | office of the director, directorate. |
| **निद्रा** | स्त्री. | कुछ घंटों तक होनेवाली शरीर की वह अवस्था जिसमें स्नायविक क्रियाएं रुकी रहती हैं, आंखें बंद रहती हैं, मांसपेशियां ढीली पड़ जाती हैं और चेतना प्रायः लुप्त रहती है, नींद। | ನಿದ್ದೆ | निद्दे | sleep, slumber. |
| **निद्रालु** | वि. | जिसे बहुत नींद आ रही हो, उनींदा। | ತೂಕಡಿಸುವ | तूकडिसुव | sleepy, drowsy, slumberous, somnolent. |
| **निद्रित** | वि. | सोया हुआ, सुप्त। | ನಿದ್ದೆ ಹೋದ | निद्दे होद | asleep, slept, sleeping. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निधड़क** | क्रि. वि. | बेधड़क, बेखटके। | ಹೆದರದೆ | हेदरदे | fearlessly, boldly, dauntlessly. |
| **निधन** | पुं. | मृत्यु, देहावसान। | ಸಾವು | सावु | death, passing away. |
| **निधान** | पुं. | 1. आश्रय, आधार;<br>2. आधान, पात्र; | ಆಶ್ರಯ;<br>ಆಧಾರ; | आश्रय;<br>आधार; | substratum;<br>receptacle, repository, abode, reservoir; |
| | | 3. निधि, भंडार। | ಖಜಾನೆ, ಭಂಡಾರ | खजाने, भंडार | treasure. |
| **निधि** | स्त्री. | 1. खजाना, धनराशि;<br>2. किसी विशेष कार्य के लिए अलग रखा या जमा किया हुआ धन; | ಹಣ, ಖಜಾನೆ;<br>ನಿಧಿ, ಫಂಡು; | हण, खजाने;<br>निधि, फंडु; | treasure;<br>fund; |
| | | 3. आश्रय-स्थान। | ಆಶ್ರಯಸ್ಥಾನ | आश्रयस्थान | abode, receptacle, reservoir, repository. |
| **निनाद** | वि. | शब्द, विशेषतः उच्च या घोर शब्द। | ಶಬ್ದ, ಸಪ್ಪಳ | शब्द, सप्पळ | a loud sound, noise. |
| **निन्यानवे (निनानवे)** | वि. | जो गिनती में नव्वे से नौ अधिक हो। | ತೊಂಬತ್ತೊಂಬತ್ತು | तोंबत्तोंबत्तु | ninety-nine. |
| | पुं. | निन्यानवे की सूचक संख्या। | ತೊಂಬತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | तोंबत्तोंबत्तर संख्ये | the number ninety-nine. |
| **निपट** | वि. | निरा, मात्र। | ಕೇವಲ, ಮಾತ್ರ | केवल, मात्र | sheer, mere. |
| | क्रि. वि. | 1. एकदम, बिलकुल, पूर्णतया;<br>2. बहुत अधिक, नितांत। | ಒಂದೇ ಸಮನೆ, ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ;<br>ಅಧಿಕತಮ, ಬಹಳ, ನಿತಾಂತ | ओंदे समने, संपूर्णवागि;<br>अधिकतम, बहळ, नितांत | quite, completely, absolutely;<br>very much, extremely, exceedingly. |
| **निपटना (निबटना)** | अ. क्रि. | 1. पूरा होना, संपन्न होना; | ಪೂರೈಸಿ ಮುಗಿಸು; | पूरैसि मुगिसु; | to be completed, to be finished, to be disposed of; |
| | | 2. फुरसत पाना, निवृत होना; | ಬಿಡುವು ಹೊಂದುವುದು, ಕೆಲಸದಿಂದ ಬಿಡುವು ಮಾಡಿಕೊಳ್ಳುವುದು; | बिडुवु होंदुवुदु, केलसदिंद बिडुवु माडिकोळ्ळुवुदु; | to be relieved; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 3. विवाद आदि का निपटारा होना, तय होना;<br>4. निपटारा करने के लिए किसी से जूझना या लड़ना;<br>5. ऋण आदि का चुकता होना। | ನಿರ್ಣಯವಾಗು;<br>ತೀರ್ಮಾನಕ್ಕಾಗಿ ಹೊಡೆದಾಡು;<br>ಸಾಲ ತೀರಿ ಹೋಗು | निर्णयवागु;<br>तीर्मानक्कागि हॊडॆदाडु;<br>साल तीरि होगु | to be settled or decided;<br>to settle score with, to face;<br>to be repaid, to be settled (debt etc.). |
| **निपटान** | पुं. | निपटाने की क्रिया, भाव या अवस्था। | ತೀರಿಸುವಿಕೆ, ಮುಗಿಸುವಿಕೆ | तीरिसुविके, मुगिसुविके | disposal. |
| **निपटाना (निबटाना)** | स. क्रि. | 1. कार्य आदि पूर्ण करना, संपादित या संपन्न करना;<br>2. (झगड़ा आदि) खत्म करना, तय करना;<br>3. ऋण, देन आदि चुकाना। | ಪೂರೈಸು;<br>ಮುಗಿಸು;<br>(ಸಾಲ) ತೀರಿಸು | पूरैसु;<br>मुगिसु;<br>(साल) तीरिसु | to complete, to finish, to dispose of;<br>to decide, to settle;<br>to repay, to settle (debt etc.). |
| **निपटारा (निबटारा)** | पुं. | 1. निपटाने या निपटने की अवस्था, क्रिया या भाव;<br>2. निर्णय, फैसला;<br>3. विवाद आदि का ऐसा अंत जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट रहें, समाधान;<br>4. अंत, समाप्ति। | ಪೂರೈಸುವಿಕೆ;<br>ನಿರ್ಣಯ;<br>ಸಮಜಾಯಿಷಿ;<br>ಮುಗಿಯುವಿಕೆ | पूरैसुविके;<br>निर्णय;<br>समजायिषि;<br>मुगियुविके | disposal, finishing, etc.;<br>decision;<br>settlement (of a quarrel etc.), reconciliation;<br>conclusion, termination. |
| **निपीड़न** | पुं. | 1. निचोड़ना;<br>2. दबाना, मलना-दलना। | ಹಿಂಡುವಿಕೆ;<br>ಒತ್ತುವಿಕೆ | हिंडुविके;<br>ऒत्तुविके | squeezing;<br>pressing, compressing. |
| **निपुण** | वि. | प्रवीण, दक्ष, कुशल। | ನಿಪುಣ, ಪ್ರವೀಣ | निपुण, प्रवीण | clever, adroit, expert, skilful, dexterous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निपुणता** | स्त्री. | निपुण होने की अवस्था, गुण या भाव, दक्षता, प्रवीणता, कुशलता। | ಪ್ರವೀಣತೆ, ಕುಶಲತೆ, ನೈಪುಣ್ಯ | प्रवीणतॆ, कुशलतॆ, नैपुण्य | cleverness, adroitness, skilfulness, dexterity, expertness. |
| **निपूता** | वि. (पु.) | पुत्रहीन, निःसंतान (व्यक्ति)। | ಸಂತಾನವಿಲ್ಲದ (ವ್ಯಕ್ತಿ), ಗೊಡ್ಡು | संतानविल्लद (व्यक्ति), गॊड्डु | having no son, sonless, childless (man). |
| **निपूती** | वि. (स्त्री) | 1. पुत्रहीन (स्त्री); | ಸಂತಾನವತಿಯಲ್ಲದವಳು; | सतानवति-यल्लदवळु; | sonless, childless, issueless (woman); |
| | | 2. बाँझ, वंध्या (स्त्री.)। | ಬಂಜೆ | बंजॆ | barren (woman). |
| **निबंध** | पुं. | वह विचारपूर्ण, विवरणात्मक और विस्तृत लेख जिसमें किसी विषय के सब अंगों का मौलिक और स्वतंत्र रूप से विवेचन किया गया हो। | **ನಿಬಂಧ, ಮೌಲಿಕ** ವಿಮರ್ಶಾತ್ಮಕ ಲೇಖನ | निबंध, मौलिक विमर्शात्मक लेखन | a kind of literary composition or treatise, an essay. |
| **निबंधन** | पु. | 1. बांधने की क्रिया या भाव; | ಕಟ್ಟುವಿಕೆ; | कट्टुविकॆ; | act of fastening, binding together; |
| | | 2. बंधन; | ಬಂಧನ; | बंधन; | link, connection; |
| | | 3. निबंध के रूप में लाने की क्रिया या भाव, व्यवस्थित लेखन। | ನಿಯಮಾನುಸಾರ ಬರೆದ ನಿಬಂಧ | नियमानुसार बरॆद निबंध | composing, writing. |
| **निबद्ध** | वि. | 1. बंधा हुआ; | ಕಟ್ಟಲ್ಪಟ್ಟ; | कट्टल्पट्ट; | bound, tied, joined or fastened together; |
| | | 2. गुंथा हुआ; | ಪೋಣಿಸಿದ; | पोणिसिद; | intertwined; |
| | | 3. जड़ा हुआ; | ಹುದುಗಿದ; | हुदुगिद; | set or inlaid with; |
| | | 4. लिखित, रचित। | ಬರೆಯಲ್ಪಟ್ಟ | बरॆयल्पट्ट | composed, written. |
| **निबाह** | पु. | 1. निर्वाह, जीविका, जीवन-निर्वाह, भरणपोषण; | ಜೀವನ ನಿರ್ವಹಣ; | जीवन निर्वहण; | subsistence, maintenance, livelihood; |
| | | 2. कठिनता से, पर सहनशीलता-पूर्वक किया जानेवाला निर्वाह; | ನಿರ್ವಹಿಸುವಿಕೆ; | निर्वहिसुविकॆ; | carrying on, pulling on; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. (प्रतिज्ञा आदि का) पालन, पूर्ति; | ಪ್ರತಿಜ್ಞೆಯನ್ನು ಪಾಲಿಸುವಿಕೆ; | प्रतिज्ञॆयन्नु पालिसुविकॆ; | fulfilment, accomplishment; |
| | | 4. समायोजन, पटरी बैठना, सामंजस्य। | ಸವರಿಸಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ ಹೊಂದಾಣಿಕೆ | सवरिसि कॊळ्ळुविकॆ, हॊंदाणिकॆ | accommodation, adjustment. |
| निबाहना | स. क्रि. | 1. जीवन निर्वाह करना, गुजारा करना; | ಜೀವನ ನಿರ್ವಹಿಸು; | जीवन निर्वहिसु; | to subsist, to sustain, to maintain, to support; |
| | | 2. कठिनता-पूर्वक गुजारा करना, किसी तरह निर्वाह करना; | ಕಷ್ಟದಿಂದ ಜೀವನ ನಡೆಸು; | कष्टदिंद जीवन नडॆसु; | to carry on, to pull on; |
| | | 3. (प्रतिज्ञा आदि का) पालन करना, पूरा करना; | ಪ್ರತಿಜ್ಞೆಯನ್ನು ನಡೆಸು; | प्रतिज्ञॆयन्नु नडॆसु; | to fulfil, to accomplish, to keep (promise etc.); |
| | | 4. पटरी बैठाना, समायोजन या सामंजस्य रखना। | ಸವರಿಸಿ ಸರಿಪಡಿಸು | सवरिसि सरिपडिसु | to accommodate, to adjust. |
| निबेड़ना | स. क्रि. | 1. आपस में मिली हुई वस्तु को अलग करना, छाँटना; | ಆರಿಸಿ ಬೇರೆ ಮಾಡು; | आरिसि बेरॆ माडु; | to pick, to separate by picking or selection; |
| | | 2. फँसी या लगी हुई वस्तु को अलग करना, सुलझाना, छुडाना; | (ಸಿಕ್ಕು) ಬಿಡಿಸು; | (सिक्कु) बिडिसु; | to separate, to disentangle, to unravel; |
| | | 3. (काम, झगड़ा आदि) निपटाना, सुलझाना; | (ಜಗಳ ಹೊಡೆದಾಟ) ತೀರ್ಮಾನಿಸು; | (जगळ हॊडॆदाट) तीर्मानिसु; | to settle, to adjust, to decide; |
| | | 4. (दुख, संकट आदि) दूर करना, हटाना, निवारण करना, समाप्त करना। | ನಿವಾರಿಸು, ದೂರಮಾಡು | निवारिसु, दूरमाडु | to put an end to, to remove, to prevent, to finish. |
| निबौली (निबौरी) | स्त्री. | नीम का फल। | ಬೇವಿನಕಾಯಿ | बेविन कायि | the fruit of the margosa (neem) tree. |
| निभना | अ. क्रि. | 1. कार्य का किसी तरह पूरा होना, सम्पन्न होना; | ಹೇಗೋ ನಡೆದು ಹೋಗು; | हेगो नडॆदु होगु; | to be fulfilled, to be accomplished, to be performed or to be effected; |
| | | 2. परस्पर संबंध लगातार बनाए रहना; | (ಸಂಬಂಧ ಕಡಿಯದೆ) ಮುಂದುವರಿ; | (संबंध कडियदॆ) मुंदुवरि; | to last or continue mutual relations; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. गुजारा होना, जीवन निर्वाह होना; | (ಜೀವನ) ನಿರ್ವಹಣೆಯಾಗು; | (जीवन) निर्वहणॆयागु; | to subsist, to sustain; |
| | | 4. स्थिति या व्यक्ति के अनुरूप अपने को बनाए रहना या समय बिताते जाना। | (ತಾನಾಗಿ) ಸವರಿಸಿ ಕೊಂಡು ಸರಿಹೊಂದು | (तानागि) सवरिसि कॊंडु सरिहॊंदु | to be accommodated. |
| निभाना | स. क्रि. | 1. उत्तरदायित्व, कार्य आदि का निर्वाह करना, पूरा करना, पालन करना; | ನಿರ್ವಹಿಸು; | निर्वहिसु; | to fulfil, to accomplish, to perform; |
| | | 2. थोड़ा-बहुत कष्ट सहते हुए ऐसा आचरण करना कि परस्पर संबंध बने रहें; | ಸವರಿಸಿಕೊಂಡು ಮುಂದುವರಿಸು; | सवरिसिकॊंडु मुंदुवरिसु; | to continue mutual relation etc.; |
| | | 3. स्थिति के अनुरूप अपने को ढाल कर समय बिताना; | ಸರಿಹೊಂದು; | सरिहॊंदु; | to accommodate, to adjust; |
| | | 4. जीवन का निर्वाह करना | ಜೀವನ, ಜರುಗಿಸು; | जीवन जरुगिसु; | to support, to maintain, to sustain, to subsist; |
| | | 5. किसी तरह कष्टपूर्वक जीवन चलाना। | ಕಷ್ಟದಿಂದ ಹೊಟ್ಟೆಪಾಡು ಜರುಗಿಸು | कष्टदिद हॊट्टॆपाडु जरुगिसु | to carry on, to pull on, to manage. |
| निमंत्रण | पु. | किसी को किसी काम के लिए आदरपूर्वक बुलाने की क्रिया या भाव। | ನಿಮಂತ್ರಣ ಆದರದ ಕರೆ | निमंत्रण, आदरद करॆ | invitation. |
| निमंत्रण-पत्र | पु. | वह पत्र जिसमें यह लिखा रहता है कि आप अमुक समय पर हमारे यहां आने की कृपा करें। | ಕರೆಯೋಲೆ | करॆयोलॆ | invitation card; (letter of) invitation. |
| निमंत्रित | वि. | जिसे किसी काम के लिए निमंत्रण दिया गया हो या मिला हो। | ಕರೆಯಲ್ಪಟ್ಟ | करॆयल्पट्ट | one who is invited. |
| निमग्न | वि. | 1. कार्य, विचार आदि में पूर्णरूप से तन्मय, लीन, तल्लीन; | ತಲ್ಲೀನ; | तल्लीन; | absorbed, engrossed; |
| | | 2. (जल में) डूबा हुआ, मग्न। | (ನೀರಿನಲ್ಲಿ) ಮುಳುಗಿದ | (नीरिनल्लि) मुळुगिद | submerged, immersed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निमज्जन | पु. | 1. गोता लगाकर किया जानेवाला स्नान; | ಸ್ನಾನ; | स्नान; | dip, plunge, diving bath; |
| | | 2. किसी वस्तु को किसी तरल पदार्थ में डुबाने की क्रिया या भाव। | ನೆನೆಸುವಿಕೆ, ತೋಯಿಸುವಿಕೆ | नॆनॆसुविकॆ, तोयिसुविकॆ | immersion, submersion. |
| निमज्जित | वि. | 1. डूबा या डुबाया हुआ; | ಮುಳುಗಿದ; | मुळुगिद; | submerged, immersed, sunken; |
| | | 2. जो नहा चुका हो, विशेषतः गोता लगा कर नहाया हुआ। | ಮುಳುಗು ಹಾಕಿ ಸ್ನಾನಮಾಡಿದ | मुळुगु हाकि स्नान माडिद | bathed. |
| निमित्त | पु. | 1. हेतु, कारण; | ಕಾರಣ; | कारण; | cause, reason; |
| | | 2. उद्देश्य; | ಉದ್ದೇಶ; | उद्देश; | purpose, aim; |
| | | 3. मिस, बहाना; | ವ್ಯಾಜ; | व्याज; | any apparent cause, pretext; |
| | | 4. वह कार्य या बात जिससे किसी दूसरे कार्य या बात का साधन होता है, साधक उपकरण, घटक; | ಕಾರ್ಯ ಸಾಧಕ ಕಾರಣ; | कार्यसाधक कारण; | factor; |
| | | 5. नाममात्र के लिए किसी कार्य के लिए उत्तरदायी व्यक्ति जबकि प्रेरक तत्व कोई और ही होता है। | ನಿಮಿತ್ತ | निमित्त | instrument. |
| | अव्य | किसी काम या बात के उद्देश्य या विचार से, के वास्ते, के लिए। | ನಿಮಿತ್ತ, ಓಸ್ಕರ, ಗಾಗಿ | निमित्त, ओस्कर, गागि | for the sake (of), for, on account (of). |
| निमिष | पु. | 1. पलकों का गिरना या बंद होना, निमेष; | ರೆಪ್ಪೆ ಮುಚ್ಚುವಿಕೆ; | रॆप्पॆ मुच्चुविकॆ; | shutting the eye, winking, twinkling of an eye, blink; |
| | | 2. समय का उतना मान जितना एक बार पलक झपकने में लगता है, क्षण। | ಕಣ್ಣು ಮಿಟುಕಿಸುವಷ್ಟು ಸಮಯ | कण्णु मिटुकिसुवष्टु समय | twinkling of the eye as a measure of time, a moment. |
| निमीलन | पु. | 1. आंखें बंद करना; | ಕಣ್ಣುಮುಚ್ಚುವಿಕೆ; | कण्णु मुच्चुविकॆ; | shutting the eyelids, winking, or closing the eye; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. मनुष्य की आँखें सदा के लिए बंद होना, मृत्यु; | ಸಾಯುವಿಕೆ; | सायुविकं; | closing the eyes in death, death; |
| | | 3. बंद करना। | ಮುಚ್ಚುವಿಕೆ | मुच्चुविकं | closing, shutting. |
| **निमीलित** | वि. | 1. बंद; | ಮುಚ್ಚಿದ | मुच्चिद; | shut, closed; |
| | | 2. झपकायी या झपकी हुई (आँख), बंद (आँख)। | ಕಣ್ಣು ಮುಚ್ಚಿದ | कण्णु मुच्चिद | twinkled, blinked, closed (eye). |
| **निमेष** | पु. | दे. 'निमिष'। | ನೋಡಿ "निमिष" | नोडि "निमिष" | same as 'निमिष'. |
| **निम्न** | वि. | 1. जो धरातल या स्तर से नीचा हो; | ತಗ್ಗಾದ; | तग्गाद; | low, depressed; |
| | | 2. जो पद, स्थिति, श्रेणी आदि की दृष्टि से अपेक्षाकृत कम ऊँचे स्तर पर हो, औरों से अपेक्षाकृत नीचे स्तर पर रहने या होनेवाला, अवर; | ಕೆಳಗಿನ; | कॆळगिन; | lower; |
| | | 3. जिसमें तीव्रता, वेग, आदि साधारण से कम हो; | ಸಾಧಾರಣ ಸ್ಥಿತಿಗೆ ಕಡಿಮೆಯಾದ; | साधारण स्थितिगॆ कडिमॆयाद; | below normal, lower; |
| | | 4. तुच्छ, हीन; | ಹೀನ; | हीन; | mean; |
| | | 5. निम्नलिखित, निम्नांकित, नीचे दिया हुआ। | ಈ ಕೆಳಗೆ ವಿವರಿಸಿದ | ई कॆळगॆ विवरिसिद | following, given below. |
| **निम्नलिखित** | वि. | नीचे लिखा हुआ, नीचे दिया हुआ, निम्नांकित। | ಕೆಳಗೆ ಬರೆದ | कॆळगॆ बरॆद | the following, mentioned below, undermentioned, noted below, given below. |
| **निम्नांकित** | वि. | दे. 'निम्नलिखित'। | ನೋಡಿ "निम्नलिखित" | नोडि "निम्नलिखित" | same as 'निम्नलिखित'. |
| **नियंता** | पु. | 1. नियंत्रण करने या रखनेवाला, वश में रखनेवाला; | ಅಂಕೆಯಲ್ಲಿರಿಸುವವ; | अंकॆयल्लिरिसुवव; | controller, sustainer; |
| | | 2. प्रबंधक, शासक; | ಶಾಸಕ, ಪ್ರಬಂಧಕ; | शासक, प्रबंधक; | ruler, governor; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. घोड़े आदि को प्रशिक्षित करनेवाला, सुधानेवाला, चाबुकसवार। | (ಕುದುರೆ ಮುಂತಾದವನ್ನು) ಸಾಧುಗೊಳಿಸುವವ | (कुदुरे मुंतादवन्नु) साधुगोळिसुवव | tamer (esp. of horses). |
| **नियंत्रक** | पु. | नियंत्रण रखनेवाला। | ನಿಯಂತ್ರಕ | नियंत्रक | controller. |
| **नियंत्रण** | पु. | 1. किसी को मनमाने क्रियाकलाप आदि करने से रोकने के लिए उस पर कड़े बंधन लगाना, नियम आदि द्वारा रोकना या नियमित करना; | ಅಂಕೆ; | अंके; | check, restraint, restriction, control; |
| | | 2. व्यापारिक क्षेत्र में, शासन द्वारा किसी वस्तु के मूल्य और वितरण को नियमित और सुनिश्चित करना। | (ವ್ಯಾಪಾರ) ಬೆಲೆ ಮಟ್ಟಗಳ ನಿಯಮನ ಕಂಟ್ರೋಲು | (व्यापार) बेले मट्टगळ नियमन, कंट्रोलु | checking the price and distribution of a commodity, control. |
| **नियंत्रित** | वि. | 1. जिस पर नियंत्रण किया गया हो; | ಹತೋಟಿಯಲ್ಲಿಡಲ್ಪಟ್ಟ; | हतोटियल्लि-डल्पट्ट; | controlled; |
| | | 2. जिसे नियम आदि में बांध कर सुव्यवस्थित किया गया हो; | ನಿಯಮಕ್ಕೆ ಒಳಪಡಿಸಿದ; | नियमक्के ओळपडिसिद; | restrained, checked, restricted, regulated; |
| | | 3. वश और अधिकार में रखा हुआ, अधिकार या वश में किया या लाया हुआ। | ಅಧೀನದಲ್ಲಿರಿಸಿದ | अधीनदल्लि रिसिद | tamed, brought under control or rule, governed. |
| **नियत** | वि. | 1. नियम विधान आदि के द्वारा स्थिर, निर्धारित, विहित; | ನಿಯಮಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | नियमिसल्पट्ट; | prescribed; |
| | | 2. (व्यक्ति) जिसे किसी कार्य के लिए नियुक्त या मुकर्रर किया गया हो, काम पर लगाया हुआ; | ನೇಮಿಸಿದ (ವ್ಯಕ್ತಿ); | नेमिसिद (व्यक्ति); | posted, appointed; |
| | | 3. निश्चित, ठीक किया या ठहराया हुआ; | ನಿಶ್ಚಯಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | निश्चयिसल्पट्ट; | fixed, decided, settled; |
| | | 4. प्रदत्त, आबंटित। | ನಿಗದಿಯಾದ | निगदियाद | allotted. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नियतकालिक** | वि. | निश्चित समय पर दुबारा होनेवाला, आवधिक, मियादी, आवर्ती। | ನಿಶ್ಚಿತ ಸಮಯಕ್ಕೆ ಸರಿಯಾಗಿ ನಡೆಯುವ | निश्चित समयक्के सरियागि नडॆयुव | periodic, recurring at regular intervals. |
| **नियति** | स्त्री. | ईश्वर या प्रकृति का विधान जो पहले से नियत होता है, जिसके अनुसार संसार के सभी कार्य अवश्यंभावी रूप में स्वयमेव होते हैं, भाग्य, अदृष्ट, दैव, तकदीर। | ಭಾಗ್ಯ, ಅದೃಷ್ಟ, ಹಣೆಬರಹ | भाग्य, अदृष्ट, हणॆबरह | destiny, fate, luck, fortune (good or bad). |
| **नियतिवाद** | पु. | वह सिद्धांत जिसके अनुसार यह माना जाता है कि संसार के समग्र कार्यकलाप परंपरागत कारणों से अवश्यंभावी परिणाम के रूप में होते हैं तथा लौकिक कार्यों में मनुष्य का पुरुषार्थ गौण तथा ईश्वरेच्छा या प्राकृतिक विधान ही प्रबल होता है, नियति के अनुसार ही सब कार्य होते हैं—इस मान्यता से संबंधित सिद्धांत। | (ಏನು ಆಗುವುದಿದೆಯೋ ಅದು ಆಗಿಯೇ ಆಗುತ್ತದೆಂಬ) ಒಂದು ಸಿದ್ಧಾಂತ, ನಿಯತಿವಾದ | (एनु आगुवुदिदॆयो अदु आगिये आगुत्तदॆंब) ऑंदु सिद्धांत, नियतिवाद | determinism. |
| **नियतिवादी** | वि. | नियतिवाद संबंधी। | ನಿಯತಿವಾದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | नियतिवादक्कॆ संबंधिसिद | relating to determinism. |
| | पु. | नियतिवाद के सिद्धांत को माननेवाला या उसका अनुयायी। | ಅದೃಷ್ಟವಾದಿ | अदृष्टवादि | determinist. |
| **नियम** | पु. | 1. आचार-व्यवहार, रीति-नीति, आदि के संबंध में निश्चित की हुई बातें जिनका पालन करना आवश्यक हो; | ನಿಯಮ; | नियम; | rule; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ऐसा निश्चित सिद्धांत जो परंपरा से चला आ रहा हो, परंपरा, दस्तूर, रिवाज; | ಪರಂಪರೆ; | परंपरॆ; | practice, usage; |
| | | 3. विधि, कानून; | ವಿಧಿ, ಕಾನೂನು; | विधि, कानूनु; | law; |
| | | 4. कोई काम या बात नियमित रूप से या विशेष ढंग से करते रहने का क्रम; | ಕ್ರಮಬದ್ಧತೆ; | क्रमबद्धतॆ; | regularity; |
| | | 5. शर्त; | ಶರತ್ತು; | शरत्तु; | condition, term; |
| | | 6. सिद्धांत, मत, उसूल। | ಸಿದ್ಧಾಂತ | सिद्धांत | principle. |
| **नियमतः** | अव्य. | नियम के अनुसार। | ನಿಯಮ ಪ್ರಕಾರ | नियम प्रकार | conforming to or in accordance with a rule, regular. |
| **नियमन** | पुं. | 1. ठीक तरह से काम चलाने के लिए कायदे-कानून बनाना, विनियमन; | ನಿಯಮ ಪ್ರಕಾರ ಕಾರ್ಯ ನಡೆಸಲು ಮಾಡಿದ ಕಾನೂನು; | नियम प्रकार कार्य नडॆसलु माडिद कानूनु; | regulating, regulation; |
| | | 2. नियंत्रण, निग्रह; | ಅಂಕೆಯಲ್ಲಿ ಸುವಿಕೆ, | अंकयल्लिरिसुविकॆ | control; |
| | | 3. नियम, बंधन आदि के द्वारा रोकना, निरोध। | (ನಿಯಮ ಪ್ರಕಾರ) ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ | (नियम प्रकार) तडॆगट्टुविकॆ | restriction, limitation. |
| **नियमबद्ध** | वि. | 1. नियम या नियमों में बंधा हुआ; | ನಿಯಮಬದ್ಧ; | नियमबद्ध; | bound by rule or rules, regulated; |
| | | 2. जो किसी नियम के अनुसार होता आ रहा है, नियमित। | ನಿಯಮಿತ | नियमित | regular. |
| **नियमानुसार** | क्रि. वि. | विनियम के अनुसार, नियमानुकूल। | ನಿಯಮಾನುಸಾರ | नियमानुसार | conforming to or in accordance with a rule, regular. |
| **नियमावली** | स्त्री. | किसी संस्था आदि से संबंध रखनेवाले नियम या नियमों की विवरण-पुस्तिका। | ನಿಯಮಾವಳಿ | नियमावळि | rules, brochure of rules. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नियमित** | वि. | 1. नियमों के अनुसार स्थिर किया हुआ, नियमबद्ध, विनियमित; | ನಿಯಮಿತ, ನಿಯಮಬದ್ಧ; | नियमित, नियमबद्ध; | bound by rules, regulated; |
| | | 2. जो सदा किसी नियम के रूप में होता आ रहा हो; | ಕ್ರಮವಾಗಿ ನಡೆದು ಬಂದ; | क्रमवागि नडॆदु बंद; | regular; |
| | | 3. जो नियम, विधान आदि के अनुकूल हो; | ನಿಯಮಾನುಕೂಲವಾದ; | नियमानुकूलवाद; | conforming to or in accordance with a rule; |
| | | 4. जिसे सुचारु रूप दिया गया हो, व्यवस्थित। | ವ್ಯವಸ್ಥಿತವಾದ | व्यवस्थितवाद | regularised. |
| **नियामक** | वि. | नियमों के क्षेत्र या बंधन में रखने या लानेवाला, नियमन करनेवाला; | ನಿಯಾಮಕ | नियामक | regulating, regulative, regulator. |
| | पु. | नियंत्रित करनेवाला, नियंत्रक, शासक, व्यवस्थापक। | ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ, ಮ್ಯಾನೇಜರ್ | व्यवस्थापक, म्यानेजर् | controller, ruler, manager. |
| **नियामत (नेमत)** | स्त्री. | 1. अलभ्य या दुर्लभ पदार्थ, ऐसी बढ़िया चीज जो जल्दी न मिलती हो; | ಅಪರೂಪವಾದ ವಸ್ತು; | अपरूपवाद वस्तु; | rare gift; |
| | | 2. ईश्वर का दिया हुआ धन या वैभव, ईश्वर की अनुकंपा। | ದೈವಯೋಗದಿಂದ ದೊರೆತದ್ದು | दैवयोगदिंद दॊरॆतद्दु | divine blessing. |
| **नियुक्त** | वि. | 1. किसी पद पर नियत किया हुआ; | ನೇಮಿಸಿದ; | नेमिसिद; | appointed; |
| | | 2. किसी काम पर लगाया हुआ; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಸೇರಿಸಿದ; | कॆलसक्कॆ सेरिसिद; | employed; |
| | | 3. किसी स्थान पर या किसी कार्य विशेष के लिए तैनात किया हुआ; | ವಿಶೇಷ ಕಾರ್ಯಕ್ಕಾಗಿ ನೇಮಕವಾದ; | विशेष कार्यक्कागि नेमकवाद; | posted, attached (to); |
| | | 4. ठहराया या निश्चित किया हुआ, स्थिर, निर्धारित। | ನಿರ್ಧರಿಸಿದ | निर्धरिसिद | fixed, settled. |
| **नियुक्ति** | स्त्री. | 1. किसी व्यक्ति को किसी पद पर नियत या नियुक्त करने की क्रिया या भाव; | ನಿಯುಕ್ತಿ; | नियुक्ति; | appointment; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी को किसी काम पर लगाने की क्रिया या भाव, नियोजन; | ಕೆಲಸಕ್ಕಾಗಿ ನೇಮಿಸುವಿಕೆ; | कॆलसक्कागि नेमिसुविकॆ; | employment, engagement; |
| | | 3. तैनाती। | ನೇಮಿಸುವಿಕೆ | नेमिसुविकॆ | posting. |
| **नियोक्ता** | पु.,वि. | 1. नियोजक, मालिक; 2. नियुक्त करनेवाला, नियुक्ति प्राधिकारी। | ನಿಯೋಜಕ, ಮಾಲೀಕ; ನಿಯುಕ್ತಿ ಮಾಡುವ ಅಧಿಕಾರಿ | नियोजक, मालीक, नियुक्ति माडुव अधिकारि | employer, master; appointer, appointing authority. |
| **नियोग** | पु. | 1. प्राचीन भारतीय आर्यों में प्रचलित एक प्रथा जिसके अनुसार किसी निःसन्तान विधवा को या पति के अक्षम होने पर उसकी पत्नी को अपने देवर या पति के सगोत्री किसी उपयुक्त व्यक्ति से संभोग कर संतान उत्पन्न करने की अनुमति थी; | ಮಕ್ಕಳಿಲ್ಲದ ವಿಧವೆ ಅಥವಾ ನಪುಂಸಕನ ಹೆಂಡತಿ ಸಂತಾನ ಪಡೆಯಲು ಗಂಡನ ತಮ್ಮ ಅಥವಾ ಗಂಡನ ಸಗೋತ್ರ ವ್ಯಕ್ತಿಯೊಂದಿಗೆ ಕೂಡಿ ಸಂತಾನ ಪಡೆಯಬಹುದೆಂಬ ಶಾಸ್ತ್ರ ಸಮ್ಮತ ವಿಧಿ ನಿಯೋಗ; | मक्कळिल्लद विधवॆ अथवा नपुंसकन हॆंडति संतान पडॆयलु गंडन तम्म अथवा गंडन सगोत्र व्यक्तियॊंदिगॆ कूडि संतान पडॆयबहुदॆंब शास्त्र सम्मत विधि, नियोग; | a practice prevalent in ancient Aryans which permitted the wife of an impotent person or a childless widow to have intercourse with the brother or any near kinsman of her husband to raise up issue to him; |
| | | 2. आज्ञा, आदेश। | ಅಪ್ಪಣೆ, ಆಜ್ಞೆ | अप्पणॆ, आज्ञॆ | order, command. |
| **नियोजक** | पु. | वह जो दूसरों को किसी काम पर लगाता हो। | ನಿಯೋಜಕ | नियोजक | employer. |
| **नियोजन** | पु. | 1. नियोजित करने की क्रिया या भाव; | ನೇಮಿಸುವಿಕೆ; | नेमिसुविकॆ; | employment; |
| | | 2. किसी निश्चित योजना के अनुसार काम करने की क्रिया या भाव, योजना बनाना। | ಪ್ಲಾನು ಮಾಡುವಿಕೆ, ಯೋಜನೆ | प्लानु माडुविकॆ, योजनॆ | planning. |
| **नियोजित** | वि. | 1. काम पर लगाया हुआ; 2. किसी योजना के अनुसार किया हुआ। | ನೇಮಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; ಯೋಜನೆಯಂತೆ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | नेमिसल्पट्ट; योजनॆयंतॆ माडल्पट्ट | employed; planned. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निरंकुश** | वि. | 1. जिस पर किसी प्रकार का अंकुश या नियंत्रण न हो; | ನಿರಂಕುಶ, ಅಂಕೆಯಲ್ಲಿಲ್ಲದ; | निरंकुश, अंकॆयल्लिल्लद; | uncontrolled, unfettered, unrestrained; |
| | | 2. स्वेच्छाचारी, मनमाना आचरण करनेवाला; | ಸ್ವೇಚ್ಛಾಚಾರಿ; | स्वेच्छाचारि; | unruly, self-willed, autocratic; |
| | | 3. मनमाना और अत्याचारपूर्ण शासन करनेवाला (शासक)। | ಮನಬಂದಂತೆ ಅಧಿಕಾರ ಚಲಾಯಿಸುವ | मनबंदंतॆ अधिकार चलायिसुव | despotic. |
| **निरंकुशता** | स्त्री. | 1. मनमाना और अत्याचार पूर्ण आचरण या व्यवहार, स्वेच्छाचारिता; | ಸ್ವೇಚ್ಛಾಚಾರ; | स्वेच्छाचार; | arbitrariness, selfwilledness, unruliness; |
| | | 2. तानाशाही, निरंकुश शासन। | ಸ್ವೇಚ್ಛಾಧಿಕಾರ ಚಲಾವಣೆ | स्वेच्छाधिकार चलावणॆ | despotism, absolutism. |
| **निरंजन** | पुं. | निर्गुण ब्रह्म जो माया या सांसारिक दोषों से परे है, परमात्मा। | ನಿರ್ಗುಣ ಬ್ರಹ್ಮ, ಪರಮಾತ್ಮ | निर्गुण ब्रह्म, परमात्म | an epithet of Supreme Being, God, (who is beyond the spell of Maya—the range of worldly flaws and defects). |
| | वि. | माया आदि के दोषों से रहित, विशुद्ध। | ಮಾಯಾದಿ ದೋಷ ರಹಿತ, ಪರಿಶುದ್ಧ | मायादि दोषरहित, परिशुद्ध | free from falsehood, free from attachment, pure. |
| **निरंतर** | वि. | जिसका क्रम बराबर चला गया हो, अंतर-रहित। | ವ್ಯವಧಾನವಿಲ್ಲದೆ ಒಂದೇ ಸಮನೆ ನಡೆಯುವ | व्यवधानविल्लदॆ ऒंदे समनॆ नडॆयुव | continuous, perpetual, uninterrupted, incessant. |
| | क्रि. वि. | 1. सदा, हमेशा; | ಯಾವಾಗಲೂ, ಸದಾ; | यावागलू, सदा; | always, ever; |
| | | 2. लगातार, बराबर। | ಒಂದೇ ಸಮನೆ | ऒंदे समनॆ | constantly, continually, incessantly, continuously. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निरक्षर** | वि. | अनपढ़, जाहिल। | ನಿರಕ್ಷರ, ಓದು ಬರೆಹ ಬಾರದ | निरक्षर, ओदु बरॆह बारद | not knowing the letters, illiterate, uneducated. |
| **निरखना** | स. क्रि. | 1. ध्यानपूर्वक देखना; | ನಿಗಾ ಇಟ್ಟು ನೋಡು; | निगा इट्टु नोडु; | to look at, to see, to observe, to view; |
| | | 2. निरीक्षण करने के लिए देखना। | ಪರೀಕ್ಷಿಸು | परीक्षिसु | to inspect, to scan, to examine closely. |
| **निरत** | वि. | 1. किसी काम में लगा हुआ; 2. लीन, रत, तल्लीन। | (ಕಾರ್ಯ) ನಿರತ; ತಲ್ಲೀನ | (कार्य) निरत; तल्लीन | engaged; absorbed, engrossed. |
| **निरपराध** | वि. | जिसने कोई अपराध न किया हो, निर्दोष। | ನಿರಪರಾಧ, ನಿರ್ದೋಷ; | निरपराध, निर्दोष | guiltless, innocent, faultless. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी अपराध के। | ಯಾವ ಅಪರಾಧವೂ ಇಲ್ಲದೆ | याव अपराधवू इल्लदे | without (doing) any fault or guilt. |
| **निरपवाद** | वि. | 1. बिना अपवाद का, अपवादरहित; | ಅಪವಾದರಹಿತ; | अपवादरहित; | not admitting of any exception, without exception; |
| | | 2. निर्दोष, निरपराध। | ನಿರ್ದೋಷ | निर्दोष | guiltless, faultless, blameless. |
| **निरपेक्ष** | वि. | 1. जो किसी के अवलंब, आधार या आश्रय पर न हो; | ಸ್ವತಂತ್ರವಾದ; | स्वतंत्रवाद; | absolute, independent; |
| | | 2. तटस्थ; | ತಟಸ್ಥ; | तटस्थ; | neutral; |
| | | 3. उदासीन; | ಉದಾಸೀನ; | उदासीन; | indifferent; |
| | | 4. जिसे किसी की चिंता या परवाह न हो; | ಲೆಕ್ಕಿಸದ; | लॆक्किसद; | unconcerned, careless, negligent; |
| | | 5. जिसे किसी से किसी चीज की अपेक्षा न हो। | ನಿರಪೇಕ್ಷ | निरपेक्ष | without expectation, disinterested. |
| **निरभिमान** | वि. | जिसे अभिमान या घमंड न हो। | ನಿರಹಂಕಾರಿ, ಗರ್ವವಿಲ್ಲದ | निरहंकारि, गर्वविल्लद | free from conceit, devoid of pride. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निरर्थक** | वि. | 1. (पद या शब्द) जिसका कोई अर्थ न हो; | ಅರ್ಥವಿಲ್ಲದ; | अर्थविल्लद; | unmeaning, meaningless, non-sensical, conveying no reasonable meaning; |
| | | 2. व्यर्थ, निष्फल। | ವ್ಯರ್ಥವಾದ | व्यर्थवाद | useless, vain, unprofitable. |
| | क्रि. वि. | बेकार में, बिना प्रयोजन के। | ಪ್ರಯೋಜನ ವಿಲ್ಲದೆ | प्रयोजनविल्लदे | in vain. |
| **निरवलंब** | वि. | जिसका कोई आश्रय या सहारा न हो, बेसहारा। | ನಿರಾಧಾರವಾದ | निराधारवाद | unsupported, without support, helpless. |
| **निरसन** | पु. | पहले के निश्चय, आज्ञा, अधिनियम आदि को साधिकार रद्द करना, मंसूखी। | ರದ್ದು ಮಾಡುವಿಕೆ | रद्दु माडुविके | cancellation, repeal, rescission. |
| **निरस्त** | वि. | जिसका निरसन हुआ हो। | ರದ್ದುಗೊಳಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | रद्दु माडल्पट्ट | cancelled, repealed, rescinded. |
| **निरस्त्र** | वि. | 1. जिसके पास अस्त्र न हो, अस्त्ररहित; | ನಿರಾಯುಧ; | निरायुध; | weaponless, unarmed; |
| | | 2. जिससे अस्त्र छीन या ले लिया गया हो। | ಆಯುಧವಿಲ್ಲದಂತೆ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | आयुधविल्लदंते माडल्पट्ट | disarmed. |
| **निरस्त्रीकरण** | पु. | 1. अस्त्रों से रहित करना; 2. आधुनिक राजनीति में, परस्पर युद्ध की संभावना कम करने के लिए देश का सैनिक बल कम करना। | ನಿರಸ್ತ್ರೀಕರಣ; ಸೈನ್ಯ ಬಲವನ್ನು ಕಡಿಮೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | निरस्त्रीकरण; सैन्य बलवन्नु कडिमे माडुविके | act of disarming; reduction of military power, disarmament. |
| **निरा** | वि. | 1. विशुद्ध, अमिश्र; 2. पूरा; 3. केवल, सिर्फ, एकमात्र; | ಶುದ್ಧ, ಮಿಶ್ರವಲ್ಲದ; ಪೂರ್ಣ; ಕೇವಲ, ಏಕಮಾತ್ರ, | शुद्ध, मिश्रवल्लद; पूर्ण; केवल, एकमात्र; | pure, unalloyed; entire, complete; only; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. (व्यक्ति) जिसमें कोई एक ही गुण या अवगुण हो, मात्र। | ಮಾತ್ರ | मात्र | mere. |
| **निराई** | स्त्री. | 1. निराने की क्रिया या भाव; | ಕಳೆತೆಗೆಯುವಿಕೆ; | कळॆतॆगॆयुविकॆ; | act of weeding; |
| | | 2. निराने की मजदूरी। | ಕಳೆ ತೆಗೆದ ಕೂಲಿ | कळॆ तॆगॆद कूलि | wages paid for weeding. |
| **निराकरण** | पु. | 1. उठाये हुए प्रश्न, आपत्ति आदि का तर्कपूर्वक खंडन, निवारण या परिहार करना; | ನಿರಾಕರಿಸುವಿಕೆ, ಖಂಡಿಸುವಿಕೆ; | निराकरिसुविकॆ, खंडिसुविकॆ; | refutation, repudiating, contradicting, denying; |
| | | 2. अलग करना, हटाना, दूर करना; | ದೂರ ಮಾಡುವಿಕೆ; | दूर माडुविकॆ; | removal, dispelling; |
| | | 3. अस्वीकृत करना, रद्द करना, निरस्त करना। | ಅಸ್ವೀಕಾರ, ಅಸಮ್ಮತಿ | अस्वीकार, असम्मति | cancellation, abrogation. |
| **निराकार** | वि. | जिसका कोई आकार न हो, आकार रहित, अमूर्त। | ಆಕಾರವಿಲ್ಲದ, ನಿರಾಕಾರ, ಅಮೂರ್ತ | आकारविल्लद, निराकार, अमूर्त | formless, shapeless, incorporeal. |
| | पु. | ब्रह्म। | ಬ್ರಹ್ಮ | ब्रह्म | the formless (God), the universal spirit, Almighty, Brahman. |
| **निराकृत** | वि. | 1. जिसका निराकरण हो चुका हो, अस्वीकृत, निरस्त, रद्द किया हुआ; | ತಿರಸ್ಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | तिरस्करिसल्पट्ट; | cancelled, abrogated; |
| | | 2. जिसका खंडन हो चुका हो; | ಖಂಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | खंडिसल्पट्ट; | removed, dispelled; |
| | | 3. दूर किया हुआ, अलग किया हुआ। | ದೂರೀಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | दूरीकरिसल्पट्ट | refuted, repudiated, contradicted, denied. |
| **निराकृति** | स्त्री. | 1. दे. 'निराकरण'; | ನೋಡಿ "निराकरण" | नोडि "निराकरण"; | see 'निराकरण'; |
| | | 2. आकृतिरहित, निराकार। | ಆಕಾರವಿಲ್ಲದ (ವಸ್ತು) | आकारविल्लद (वस्तु) | formless, shapeless. |
| **निरादर** | पु. | अपमान। | ಅವಮಾನ | अवमान | disrespect, dishonour. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निराधार** | वि. | 1. प्रमाणरहित, अमान्य, झूठा; | ಆಧಾರ ಪ್ರಮಾಣ ವಿಲ್ಲದ; | आधार-प्रमाणविल्लद; | without proof, false, hollow, baseless; |
| | | 2. जिसकी कोई जड़ या बुनियाद न हो, निर्मूल; | ಅಡಿಬುಡವಿಲ್ಲದ; | अडिबुडविल्लद; | groundless, baseless, unfounded; |
| | | 3. जिसका कोई आधार या अवलंब न हो, आधार रहित। | ಆಶ್ರಯವಿಲ್ಲದ | आश्रयविल्लद | without support or prop. |
| **निराना** | स. क्रि. | फसल को हानि पहुंचाने वाले निरर्थक पौधों तथा वनस्पतियों को खोदकर निकालना। | ಕಳೆ ತೆಗೆ, ಕಳೆ ಕುಯ್ಯು | कळे तॆगॆ, कळे कुय्यु | to weed. |
| **निरापद** | वि. | 1. जिसके लिए कोई संकट न हो, सुरक्षित; | ಸುರಕ್ಷಿತ; | सुरक्षित; | secure, safe, protected; |
| | | 2. जिसमें कोई संकट न हो, या जिससे किसी प्रकार के संकट की संभावना न हो। | ಯಾವ ತೊಂದರೆಗಳೂ ಇಲ್ಲದ | याव तॊंदरॆगळू इल्लद | without calamity, without trouble. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी आपत्ति या संकट के। | ನಿರಾತಂಕವಾಗಿ | निरातंकवागि | without any trouble. |
| **निरामिष** | वि. | जिसमें मांस न मिला हो, आमिषरहित (खाद्यपदार्थ)। | ಮಾಂಸವಿಲ್ಲದ | मांसविल्लद | without meat, fleshless, vegetarian. |
| **निरामिष भोजी** | वि. | जो मांस न खाता हो, शाकाहारी। | ಶಾಕಾಹಾರಿ | शाकाहारि | who does not eat meat, vegetarian. |
| **निरालंब** | वि. | 1. जिसका कोई आश्रय या सहारा न हो; | ಆಶ್ರಯವಿಲ್ಲದ; | आश्रयविल्लद; | helpless, having no shelter or support, destitute; |
| | | 2. आधारहीन। | ಆಧಾರವಿಲ್ಲದ | आधारविल्लद | baseless. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निराला** | वि. | विलक्षण, सब से भिन्न, अनोखा, अनूठा। | ವಿಲಕ್ಷಣವಾದ, ಅಪರೂಪದ | विलक्षणवाद, अपरूपद | strange, unique, uncommon, extraordinary, peculiar, curious, odd. |
| **निरालोक** | वि. | प्रकाशरहित, अंधकारपूर्ण, अंधेरा। | ಕತ್ತಲೆಯಾದ, ಬೆಳಕಿಲ್ಲದ | कत्तलॆयाद, बॆळकिल्लद | deprived of light, dark. |
| **निरावरण** | वि., पु. | 1. आवरण रहित, खुला हुआ; | ತೆರೆದ, ಹೊದಿಕೆಯಿಲ್ಲದ; | तॆरॆद, हॊदिकॆयिल्लद; | without covering, uncovered, unveiled, open, exposed; |
| | | 2. आवरण या परदा हटाने की क्रिया या भाव, अनावरण। | ಉದ್ಘಾಟನೆ, ತೆರೆಯುವಿಕೆ | उद्घाटनॆ, तॆरॆयुविकॆ | act of unveiling, exposure, uncovering. |
| **निराश** | वि. | जिसे आशा न रह गई हो, जिसकी आशा नष्ट हो गई हो, हताश। | ನಿರಾಶೆಗೊಂಡ | निराशॆगॊंड | without hope, hopeless, despairing, disappointed, desperate, frustrated. |
| **निराशा** | स्त्री. | निराश होने की अवस्था या भाव, कुंठा। | ನಿರಾಶೆ | निराशॆ | hopelessness, despair, frustration, disappointment. |
| **निराशावाद** | पु. | वह सिद्धांत जिसमें यह माना जाता है कि संसार दुःखमय है और इसलिए अच्छी बातों की ओर से मनुष्य को किसी अच्छाई की आशा नहीं करनी चाहिए। | ನಿರಾಶಾವಾದ | निराशावाद | pessimism. |
| **निराशावादी** | पु. | वह जो निराशावाद के सिद्धांत को ठीक मानता हो, निराशावाद को माननेवाला। | ನಿರಾಶಾವಾದಿ | निराशावादि | pessimist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | निराशावाद-संबंधी। | ನಿರಾಶಾವಾದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | निराशावादक्कॆ संबंधिसिद | pessimistic. |
| **निराश्रय** | वि. | जिसका कोई आश्रय या सहारा न हो, असहाय, निरवलंब। | ಆಶ್ರಯ-ಆಸರೆ ಇಲ್ಲದ | आश्रय-आसरॆ इल्लद | without shelter or refuge, destitute, helpless. |
| **निराहार** | पु. | कुछ न खाने-पीने अर्थात् भूखे रहने की अवस्था या भाव, उपवास, अनशन। | ಉಪವಾಸ | उपवास | fast. |
| | वि. | 1. जिसने भोजन न किया हो, भूखा; | ಹಸಿದ; | हसिद; | one who has not taken his food, fasting, abstaining from food; |
| | | 2. (व्रत आदि) जिसके अनुष्ठान में भोजन न करने का विधान हो। | (ವ್ರತ, ಅನುಷ್ಠಾನಗಳಲ್ಲಿ) ನಿರಾಹಾರ | (व्रत, अनुष्ठानगळल्लि) निराहार | foodless. |
| | क्रि.वि | भूखे रह कर। | ಹಸಿದುಕೊಂಡಿದ್ದು | हसिदुकॊंडिद्दु | without food. |
| **निरीक्षक** | पु. | 1. वह अधिकारी जो किसी काम का निरीक्षण करने के लिए नियुक्त हो, निरीक्षण करनेवाला अधिकारी; | ನಿರೀಕ್ಷಕ | निरीक्षक | inspector; |
| | | 2. परीक्षा में छात्रों पर निगरानी रखनेवाला अधिकारी। | | | invigilator. |
| **निरीक्षण** | पु. | 1. यह देखना कि सब काम ठीक तरह से हुए हैं या नहीं अथवा सब बातें ठीक हैं या नहीं; | ನಿರೀಕ್ಷಿಸುವಿಕೆ; | निरीक्षिसुविकॆ | inspection; |
| | | 2. परीक्षा में छात्रों पर रखी जाने वाली निगरानी; | (ಪರೀಕ್ಷೆಯ ಸಮಯದಲ್ಲಿ) ಮೇಲ್ತನಿಖೆ; | (परीक्षॆय समयदल्लि) मेल्तनिखॆ; | invigilation; |
| | | 3. देखना, दर्शन। | ನೋಡುವಿಕೆ | नोडुविकॆ | looking at, seeing, beholding, observation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निरीक्षित** | वि. | 1. ज़िसका निरीक्षण हुआ हो; | ಪರೀಕ್ಷಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | परीक्षिसल्पट्ट; | inspected, invigilated; |
| | | 2. देखा हुआ। | ನೋಡಲ್ಪಟ್ಟ | नोडल्पट्ट | looked at, beheld, observed. |
| **निरीश्वर** | वि. | वह व्यक्ति या सिद्धांत जो ईश्वर के अस्तित्व को न मानता हो, नास्तिक। | (ದೇವರೇ ಇಲ್ಲವೆನ್ನುವ) ನಾಸ್ತಿಕ | (देवरे इल्लवॅन्नुव) नास्तिक | Godless, atheistic. |
| **निरीश्वरवाद** | पु. | ईश्वर का अस्तित्व न माननेवाला सिद्धांत। | ನಿರೀಶ್ವರವಾದ, ನಾಸ್ತಿಕವಾದ | निरीश्वरवाद, नास्तिकवाद | atheistic doctrine, atheism. |
| **निरीश्वरवादी** | पु., वि. | 1. निरीश्वरवाद का अनुयायी; | ನಿರೀಶ್ವರವಾದದ ಅನುಯಾಯಿ; | निरीश्वरवादद अनुयायि; | holding atheistic doctrine, an atheist; |
| | | 2. **निरीश्वरवाद-संबंधी।** | ನಿರೀಶ್ವರವಾದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | निरीश्वरवादक्कॅ संबंधिसिद | atheistic. |
| **निरीह** | वि. | 1. जिसे किसी तरह की इच्छा न हो, इच्छा रहित; | ಬಯಕೆಯೇ ಇಲ್ಲದ, ಉದಾಸೀನ; | बयकॅये इल्लद, उदासीन; | desireless, indifferent; |
| | | 2. सीधासादा, बेचारा, निर्दोष। | ಏನೂ ಅರಿಯದ, ನಿರ್ದೋಷಿ | एनू अरियद, निर्दोषि | simple, innocent, harmless. |
| **निरुत्तर** | वि. | 1. उत्तर देने में असमर्थ; | ಉತ್ತರಿಸಲಾಗದ; | उत्तरिसलागद; | unable to answer back; |
| | | 2. जो किसी प्रश्न का उत्तर न दे सकने के कारण मौन हो गया हो। | ಉತ್ತರ ಹೇಳಲಾರದೆ ಬಾಯಿ ಕಟ್ಟಿ ಹೋದ | उत्तर हेळलारदॅ बायि कट्टि होद | answerless, without a reply, silenced, rendered wordless. |
| **निरुत्साह** | वि. | जिसमें उत्साह न रह गया हो, उत्साहहीन। | ಉತ್ಸಾಹವಿಲ್ಲದ | उत्साहविल्लद | lacking spirit or courage, without enthusiasm. |
| | पु. | उत्साह का न होना, उत्साहहीनता। | ಉತ್ಸಾಹವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | उत्साहविल्ल-दिरुविकॅ | lack of enthusiasm, spiritlessness. |
| **निरुत्साहित** | वि. | जिसका उत्साह नष्ट हो गया हो या नष्ट कर दिया गया हो। | ಉತ್ಸಾಹವಿಲ್ಲದಂತೆ ಮಾಡಿದ ಅಥವಾ ಆದ | उत्साहविल्लदंतॅ माडिद अथवा आद | discouraged, demoralised, disheartened. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निरुद्देश्य | वि. | जिसका कोई उद्देश्य न हो। | ಉದ್ದೇಶವಿಲ್ಲದ | उद्देशविल्लद | aimless. |
| | क्रि.वि. | बिना किसी उद्देश्य के, यों ही। | ಉದ್ದೇಶವೇ ಇಲ್ಲದೆ | उद्देशवे इल्लदे | aimlessly. |
| निरुद्ध | वि. | रुका या रोका हुआ। | ನಿಂತ ಇಲ್ಲವೇ ತಡೆಗಟ್ಟಿದ | निंत इल्लवे तडॆगट्टिद | obstructed, hindered, checked, restrained, curbed. |
| निरुद्यमी | वि. | जो कोई उद्यम या प्रयत्न न करता हो, फलतः आलसी, कामचोर, अकर्मण्य। | ಉದ್ಯೋಗವಿಲ್ಲದ | उद्योगविल्लद | effortless, inactive, lazy, idle, non-industrious. |
| निरुद्योग | वि. | 1. जो उद्योग या प्रयत्न न करता हो; | ಕೆಲಸ ಮಾಡದ, ಪ್ರಯತ್ನ ಮಾಡದ; | कॆलस माडद, प्रयत्न माडद; | effortless, inactive, lazy, idle, non-industrious; |
| | | 2. जिसके पास कोई काम न हो। | ಕೆಲಸವಿಲ್ಲದ | कॆलसविल्लद | having no work, without work or employment. |
| निरुद्वेग | वि. | उद्वेगरहित, उत्तेजना और क्षोभ से रहित, धीर और शांत। | ಉತ್ತೇಜನ ಗೊಳ್ಳದ, ಶಾಂತ | उत्तेजनगॊळ्ळद, शांत | free from excitement or perturbation, sedate, calm. |
| निरुपम | वि. | जिसकी कोई उपमा न हो, बढ़िया और बेजोड़। | ಹೋಲಿಕೆಯಿಲ್ಲದ | होलिकॆयिल्लद | peerless, matchless, incomparable. |
| निरुपयोगी | वि. | (पदार्थ) जिसका कोई उपयोग न हो, उपयोग के अयोग्य, निकम्मा। | ನಿರುಪಯೋಗಿ | निरुपयोगि | useless, unserviceable, worthless. |
| निरुपाधि | वि. | उपाधि रहित, निर्विशेष, निरपेक्ष। | ನಿರುಪಾಧಿ ನಿರ್ವಿಶೇಷ, ಉಪಾಧಿರಹಿತ | निरुपाधि, निर्विशेष, उपाधिरहित | without attributes or qualities, absolute, unconditional, categorical. |
| निरुपाय | वि. | 1. जो कुछ उपाय न कर सके, असहाय; | ಉಪಾಯವಿಲ್ಲದ; | उपायविल्लद; | without expedients, helpless; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसका कुछ उपाय न हो। | ದಾರಿಗಾಣದ | दारिगाणद | irremediable, remediless, irretrievable. |
| | क्रिवि. | उपाय न रहने की दशा में, लाचारी की हालत में। | ಯಾವ ದಾರಿಯೂ ತೋಚದಂತಾಗಿ | याव दारियू तोचदंतागि | in the state of helplessness. |
| **निरूपक** | वि. | किसी बात का निरूपण करनेवाला। | ನಿರೂಪಣೆ ಮಾಡಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸುವ | निरूपणें माडि सिद्धपडिसुव | representing, explaining, determining, demonstrating, characterising. |
| | पु. | वह (व्यक्ति) जो निरूपण करता हो। | ನಿರೂಪಿಸುವವ | निरूपिसुवव | one who represents, explains etc. |
| **निरूपण** | पुं. | 1. सोच-विचार कर किसी बात या विषय का विवेचन करना; | (ಆಗು ಹೋಗು ಗಳನ್ನು ನೋಡಿ ವಿಚಾರಮಾಡಿ) ನಿರೂಪಣೆ ಮಾಡುವಿಕೆ; | (आगु होगुगळन्नु नोडि विचारमाडि) निरूपणें माडुविकें; | critical appreciation, evaluation; |
| | | 2. अपना मत दूसरों को समझाते हुए उनके सम्मुख रखना, प्रस्तुतीकरण, वर्णन, चित्रण; | ಪ್ರಸ್ತುತಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | प्रस्तुत गॊळिसुविकें; | representation, explanation, characterisation, portrayal; |
| | | 3. निदर्शन। | ನಿದರ್ಶನ | निदर्शन | demonstration. |
| **निरूपित** | वि. | जिसका निरूपण हो चुका हो। | ನಿರೂಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | निरूपिसल्पट्ट | represented, explained, evaluated, investigated, determined, demonstrated. |
| **निरोध** | पु. | 1. रोकने की अवस्था, क्रिया या भाव, नियंत्रण; | ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ; | तडॆगट्टुविकें; | restraining, restraint, check, control; |
| | | 2. रुकावट, रोक, अवरोध; | ತಡೆ; | तडॆ; | hindrance, obstruction; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी उपद्रवी या संदिग्ध व्यक्ति को उसे उपद्रव करने से रोकने के लिए किसी घिरे हुए स्थान में शासन द्वारा रोक रखने की क्रिया या भाव, नजरबंदी। | ನಿವಾರಕ ನಿರೋಧ, | निवारक निरोध | detention. |
| निरोधक | वि. | 1. निरोध करने या रोकनेवाला, निवारक; | ತಡೆಗಟ್ಟುವ; | तडॆगट्टुव; | restraining, controlling, preventing, detaining; |
| | | 2. रुकावट उत्पन्न करनेवाला, बाधक। | ಬಾಧಕವಾದ | बाधकवाद | obstructing, hindering. |
| निर्ख | पु. | भाव, दर। | ಬೆಲೆ | बॆलॆ | rate, quotation. |
| निर्गंध | वि. | गंधहीन। | ಗಂಧವಿಲ್ಲದ | गंधविल्लद | void of smell or scent, scentless, inodorous, unfragrant. |
| निर्गत | वि. | 1. बाहर निकला हुआ; | ಹೊರ ಹೊರಟ; | हॊर हॊरट; | gone out, gone forth, issued; |
| | | 2. बाहर आया हुआ; | ಹೊರ ಬಂದ; | हॊर बंद; | come forth, come out, appeared; |
| | | 3. दूर गया हुआ; | ದೂರ ಹೋದ; | दूर होद; | gone away, departed; |
| | | 4. हटाया हुआ। | ಹೊರಹಾಕಿದ | हॊरहाकिद | removed. |
| निर्गम | पु. | 1. बाहर निकलने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ಹೊರ ಹೊರಡುವಿಕೆ; | हॊर हॊरडुविकॆ; | going forth or out, going away; |
| | | 2. वह द्वार या मार्ग जिससे कोई चीज बाहर निकलती हो, निकास; | ಹೊರಬಾಗಿಲು; | हॊर बागिलु | door, outlet, exit; |
| | | 3. कारखाने या दूकान आदि से माल का बाहर आना और बिकना, निकासी; | ವಿಕ್ರಯವಾಗುವಿಕೆ | विक्रयवागुविकॆ; | clearance; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. आदेश आदि का जारी होना। | (ಅಪ್ಪಣೆ, ಆದೇಶ) ಜಾರಿಯಾಗುವಿಕೆ | (अप्पणॆ, आदेश) जारियागुविकॆ | issue. |
| **निर्गमन** | पु. | 1. बाहर निकलने की क्रिया या भाव; | ಹೊರಡುವಿಕೆ; | हॊरडुविकॆ; | going out or forth, departure; |
| | | 2. वह द्वार या मार्ग जिससे होकर कुछ या कोई बाहर निकले, निकास। | ಹೊರದಾರಿಯ ಬಾಗಿಲು | हॊरदारिय बागिलु | door, exit, outlet. |
| **निर्गुण** | वि. | जिसमें कोई गुण (सत्व, रज या तम) न हो। | ನಿರ್ಗುಣ, ಗುಣ ರಹಿತ | निर्गुण, गुणरहित | devoid of all properties, without attributes. |
| | पु. | परमात्मा का वह रूप जो सत्व, रज और तम इन तीनों प्रकार के गुणों से रहित है, निर्गुण ब्रह्म। | ಪರಮಾತ್ಮ, ನಿರ್ಗುಣ ಬ್ರಹ್ಮ | परमात्म, निर्गुण ब्रह्म | the Supreme Being beyond the attributes of any kind. |
| **निर्गुणता** | स्त्री. | 1. निर्गुण अर्थात् तीनों गुणों से रहित होने की अवस्था या भाव; | ಗುಣವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ; | गुणविल्ल-दिरुविकॆ; | absence of qualities, want of properties or attributes; |
| | | 2. तीनों गुणों (सत्व, रज और तम) से मुक्त होने की अवस्था या भाव। | (ಸತ್ವ, ರಜ, ತಮ) ಗುಣಗಳಿಂದ ಮುಕ್ತತೆ | (सत्व, रज, तम) गुणगळिंद मुक्ततॆ | freedom from all qualities or attributes. |
| **निर्गुणी** | वि. | जिसमें कोई गुण या खूबी न हो। | ಯಾವ ಗುಣವೂ ಇಲ್ಲದ | याव गुणवू इल्लद | devoid of good qualities or virtues. |
| **निर्घोष** | वि. | जिसमें शब्द न हो या न होता हो, घोषरिहत। | ಘೋಷವಿಲ್ಲದ, ಶಬ್ದವಿಲ್ಲದ | घोषविल्लद, शब्दविल्लद | noiseless, soundless. |
| | पु. | 1. घोर शब्द; | ಭಯಂಕರ ಶಬ್ದ; | भयंकर शब्द; | loud noise or sound; |
| | | 2. शब्द, आवाज। | ಶಬ್ದ, ಧ್ವನಿ | शब्द, ध्वनि | a sound in general, noise. |
| **निर्जन** | वि. | 1. जहां कोई मनुष्य न हो, एकांत (स्थान); | ಏಕಾಂತವಾಗಿರುವ; | एकांतवागिरुव; | solitude, lonely (place); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उजड़ा हुआ और गैर-आबाद (प्रदेश)। | ಜನರಹಿತವಾದ, ಹಾಳಾದ | जनरहितवाद, हाळाद | unpeopled, uninhabited, unfrequented, deserted, desolate (land or place). |
| **निर्जल** | वि. | 1. जल-रहित; | ನೀರಿಲ್ಲದ; | नीरिल्लद; | without water, waterless; |
| | | 2. (क्रिया या प्रयोग) जिसमें जल की अपेक्षा न होती हो; | ನೀರು ಬೇಕಿಲ್ಲದ; | नीरु बेकिल्लद; | dry; |
| | | 3. (व्रत आदि) जिसमें जल तक पीना निषिद्ध हो। | ನೀರೂ ಕುಡಿಯದೆ ಇರುವ (ವ್ರತ, ಉಪವಾಸ) | नीरू कुडियदे इरुव (व्रत, उपवास) | (fast etc.) in which even drinking of water is prohibited. |
| **निर्जीव** | वि. | 1. प्राण या जीवन-रहित, जड़, अचेतन; | ಪ್ರಾಣವಿಲ್ಲದ; | प्राणविल्लद; | inanimate, lifeless; |
| | | 2. मरा हुआ, मृत; | ಸತ್ತ; | सत्त; | dead; |
| | | 3. उत्साहहीन, ओज-रहित। | ಸ್ಫೂರ್ತಿಯಿಲ್ಲದ | स्फूर्तियिल्लद | spiritless, without vigour. |
| **निर्झर** | पु. | झरना, जलप्रपात। | ಜಲಪ್ರಪಾತ, ಝರಿ | जलप्रपात, झरि | waterfall, cataract, cascade. |
| **निर्झरिणी** | स्त्री. | झरने से निकलने वाली नदी। | ನಿರ್ಝರಿಣಿ | निर्झरिणि | stream, rivulet. |
| **निर्णय** | पु. | 1. पक्ष-विपक्ष की बातों पर विचार कर स्थिर या प्रकट किया गया मत या निष्कर्ष, फैसला; | ನಿರ್ಣಯ; | निर्णय; | verdict, judgement, decision, sentence; |
| | | 2. निश्चय, संकल्प; | ನಿಶ್ಚಯ; | निश्चय; | determination; |
| | | 3. निपटारा; | ತೀರ್ಮಾನ; | तीर्मान; | settlement; |
| | | 4. किसी बात या विषय पर विचार करके स्थिर किया हुआ मत, निष्कर्ष। | ನಿಷ್ಕರ್ಷೆ | निष्कर्षे | conclusion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्णयात्मक** | वि. | 1. (घटना या बात) जिससे किसी विवादास्पद बात का निर्णय होता हो, निर्णायक; | ನಿರ್ಣಾಯಕ ತತ್ವ; | निर्णायक तत्व; | decisive, deciding |
| | | 2. निर्णय के रूप में होनेवाला, समापक, अंतिम। | ಕಡೆಯ ನಿರ್ಣಯ | कडेय निर्णय | final, conclusive, concluding. |
| **निर्णायक** | वि. | 1. (घटना या बात) जिससे किसी झगड़े या बात का निर्णय होता है; | ನಿರ್ಣಾಯಕ; | निर्णायक; | decisive, deciding |
| | | 2. अंतिम, समापक। | ಕಡೆಯ | कडेय | concluding, conclusive: |
| | पु. | 1. वह व्यक्ति जो किसी प्रकार के विवाद का निर्णय करता हो; | ನ್ಯಾಯಾಧೀಶ; | न्यायाधीश; | judge; |
| | | 2. वह व्यक्ति जो खिलाड़ियों को खेल के नियमों के अनुसार खिलाता है और जिसका निर्णय अंतिम होता है। | ಆಟದ ತೀರ್ಪುಗಾರ | आटद तीर्पुगार | umpire, referee. |
| **निर्णीत** | वि. | 1. (विवाद) जिसके संबंध में निर्णय हो चुका हो, जिसका फैसला सुना दिया गया हो; | ನಿರ್ಣಯಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | निर्णयिसल्पट्ट; | judged, decided, sentenced; |
| | | 2. निपटाया हुआ; | ತೀರ್ಮಾನಿಸಿದ; | तीर्मानिसिद; | settled, disposed of, decided; |
| | | 3. समाप्त, सम्पन्न। | ಸಂಪೂರ್ಣಗೊಂಡ | संपूर्णगोंड | brought to a conclusion, concluded. |
| **निर्दय** | वि. | दयाहीन, निष्ठुर, कठोर (कार्य या व्यक्ति)। | ದಯೆಯಿಲ್ಲದ | दयॆयिल्लद | pitiless, merciles hard-hearted, heartless, unkin ruthless, cruel (act or person). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्दयता** | स्त्री. | निर्दय होने की अवस्था या भाव, कठोरता, निष्ठुरता। | ದಯೆಯಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | दयॆयिल्ल-दिरुविकॆ | pitilessness, unmercifulness, hard-heartedness, heartlessness, ruthlessness, cruelty. |
| **निर्दयी** | वि. | दे. 'निर्दय'। | ನೋಡಿ "निर्दय" | नोडि "निर्दय" | same as 'निर्दय'. |
| **निर्दल** | वि. | 1. जिसमें दल या पत्ते न हों, दलरहित; | ದಳ ಅಥವಾ ಎಲೆಗಳಿಲ್ಲದ; | दळ अथवा ऎलॆगळिल्लद; | without leaves; |
| | | 2. दे. 'निर्दलीय'। | ನೋಡಿ "निर्दलीय" | नोडि "निर्दलीय" | same as 'निर्दलीय' |
| **निर्दलीय** | वि. | (सदस्य) जो किसी दल (पक्ष या वर्ग) में न हो, सब दलों से अलग, स्वतंत्र। | ಯಾವ ಗುಂಪಿಗೂ ಸೇರದ, ಸ್ವತಂತ್ರವಾದ | याव गुंपिगू सेरद, स्वतंत्रवाद | non-party, independent (as member). |
| | पु. | वह सदस्य जो किसी दल का न हो, स्वतंत्र सदस्य। | ಸ್ವತಂತ್ರ ಸದಸ್ಯ | स्वतंत्र सदस्य | non-party member, independent. |
| **निर्दिष्ट** | वि. | 1. कहा या बतलाया हुआ, उल्लिखित, वर्णित; | ಉಲ್ಲೇಖಿಸಿದ; | उल्लेखिसिद; | specified, described, expressed, mentioned; |
| | | 2. जिसके प्रति निर्देश हुआ हो, संकेतित; | ಸಂಕೇತ ಮಾಡಿದ; | संकेत माडिद; | pointed out, shown, indicated, referred (to), alluded; |
| | | 3. निश्चित किया या ठहराया हुआ, नियत; | ನಿಯಮಿಸಿದ; | नियमिसिद; | fixed, allotted; |
| | | 4. जिसको निर्देश या निदेश दिया गया हो, निदेशित। | ನಿರ್ದೇಶ (ಆಜ್ಞೆ) ಮಾಡಿದ | निदेश (आज्ञॆ) माडिद | directed. |
| **निर्देश** | पु. | 1. उल्लेख, जिक्र, चर्चा, वर्णन; | ಉಲ್ಲೇಖ, ವರ್ಣನೆ, ಚರ್ಚೆ; | उल्लेख, वर्णनॆ, चर्चॆ; | specifying, specification, mention; |
| | | 2. संकेत, इशारा, निर्देशन; | ಸಂಕೇತ; | संकेत; | pointing out, showing, indicating; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. इस प्रकार का उल्लेख या कथन कि यही वह है या वही यह है, हवाला, संदर्भ; | ಸಂದರ್ಭ; | संदर्भ; | reference; |
| | | 4. किसी काम को करने का ढंग बताना, समझाना। | ತಿಳಿವಳಿಕೆ | तिळिवळिके | direction. |
| **निर्देशक** | वि. | 1. निर्देश करनेवाला; | ನಿರ್ದೇಶಕ | निर्देशक; | directing, directive |
| | | 2. संकेत करनेवाला, दिखानेवाला। | ಸಂಕೇತ ಮಾಡುವ | संकेत माडुव | pointing out, showing. |
| | पु. | 1. वह व्यक्ति जिसका काम किसी प्रकार का निर्देश करना हो; | ನಿರ್ದೇಶಕ, ಡೈರೆಕ್ಟರು; | निर्देशक, डैरेक्टरु; | director; |
| | | 2. मार्गदर्शक। | ಮಾರ್ಗದರ್ಶಕ | मार्गदर्शक | guide. |
| **निर्देश ग्रंथ** | पु. | ऐसी पुस्तक जो सामान्यत: अध्ययन के लिए न लिखी गई हो, जिसका उपयोग विशेष अवसरों पर कुछ बातों की जानकारी प्राप्त करने के लिए किया जाता हो। | ಸಂದರ್ಭಗ್ರಂಥ | संदर्भग्रंथ | reference-book. |
| **निर्देशन** | पु. | 1. निर्देश करने की क्रिया या भाव, संकेत करना; | ನಿರ್ದೇಶನ; | निर्देशन; | pointing out, showing. indicating; |
| | | 2. यह बतलाना कि अमुक कार्य इस प्रकार या इस रूप में होना चाहिए; | (ಕಾರ್ಯದ ಕ್ರಮ) ಸಂಕೇತ; | (कार्यद क्रम) संकेत; | direction; |
| | | 3. मार्गदर्शन; | ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ; | मार्गदर्शन; | guidance; |
| | | 4. उद्धरणों, प्रसंगों आदि के संबंध में यह बताना कि इनकी विशेष जानकारी कहां से मिलेगी। | ಸಂದರ್ಭ | संदर्भ | reference. |
| **निर्देशिका** | स्त्री. | ऐसी पुस्तक जिसमें विभिन्न व्यवसायों या विषयों के संबंध में विशेष नियम या **निर्देश** दिए गए हों। | ನಿರ್ದೇಶಿಕೆ | निर्देशिके | directory. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्दोष** | वि. | 1. जिसमें कोई अवगुण या बुराई न हो, दोषरहित; | ದೋಷರಹಿತ; | दोषरहित; | faultless, defectless, flawless; |
| | | 2. निरपराध। | ನಿರಪರಾಧ | निरपराध | guiltless, innocent, sinless, blameless. |
| **निर्दोषता** | स्त्री. | निर्दोष होने की अवस्था या भाव। | ದೋಷವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | दोषविल्ल-दिरुविके | flawlessness, faultlessness, blamelessness, innocence etc. |
| **निर्द्वन्द्व** | वि. | 1. जिसका कोई प्रतिद्वन्द्वी या विरोधी न हो; | ಪ್ರತಿದ್ವಂದ್ವಿಯಿಲ್ಲದ; | प्रतिद्वंद्वियिल्लद; | not contested, undisputed; |
| | | 2. जो सुख-दुख, राग-द्वेष आदि द्वन्द्वों से रहित हो; | ದ್ವಂದ್ವರಹಿತ; | द्वंद्वरहित; | indifferent in regard to opposite feelings (pleasure or pain, like or dislike), neither glad nor sorry, free from either of two alternatives; |
| | | 3. सब प्रकार से स्वच्छन्द। | ಸ್ವತಂತ್ರ | स्वतंत्र | not dependent upon another, independent. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी द्वन्द्व या विघ्नबाधा के। | ಯಾವ ಅಡ್ಡಿ ಆತಂಕಗಳೂ ಇಲ್ಲದೆ | याव अड्डि आतंकगळू इल्लदे | freely, without any obstruction or obstacle. |
| **निर्धन** | वि. | गरीब, धनहीन। | ಧನಹೀನ | धनहीन | poor, indigent, penniless. |
| **निर्धनता** | स्त्री. | गरीबी, धनहीनता, कंगाली। | ಬಡತನ | बडतन | poverty, indigence, misery. |
| **निर्धारक** | पु. | वह जो किसी बात का निर्धारण या निश्चय करता हो। | ನಿರ್ಧಾರಕ | निर्धारक | one who determines/fixes/assesses/lays down. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्धारण** | पु. | 1. तय या निश्चित करना, दृढ़ धारणा बनाना; | ನಿರ್ಧರಿಸುವಿಕೆ; | निर्धरिसुविकॆ; | determining, deciding; |
| | | 2. कर, मूल्य आदि निश्चित करना; | (ಬೆಲೆ ಮುಂತಾದ್ದು) ನಿಗದಿಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | (बॆलॆ मुंताद्दु) निगदिगॊळिसुविकॆ | fixing, settling (tax or price etc.); |
| | | 3. यह निश्चय करना कि अमुक काम से कितनी आय या कितना व्यय होना चाहिए; | (ಲಾಭ ನಷ್ಟದ ಅಂದಾಜಿನಮೇಲೆ) ನಿರ್ಧಾರ ಮಾಡುವಿಕೆ; | (लाभ नष्टद अंदाजिन मेलॆ) निर्धर माडुविकॆ; | assessment; |
| | | 4. विहित करना। | ವಿಹಿತಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | विहितगॊळिसुविकॆ | laying down, prescribing. |
| **निर्धारित** | वि. | 1. जिसे कार्य का रूप देने के लिए निश्चय कर लिया गया हो; | ನಿರ್ಧರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | निर्धरिसल्पट्ट; | determined, ascertained; |
| | | 2. जिसका मूल्य आदि निश्चित हो चुका हो; | ನಿಖರವಾದ; | निखरवाद; | fixed, settled etc. |
| | | 3. जिसकी आय तथा व्यय आंका जा चुका हो; | ಅಂದಾಜಿನ ಮೇಲೆ ನಿಶ್ಚಯಿಸಿದ; | अंदाजिन मेलॆ निश्चयिसिद; | assessed; |
| | | 4. जिसका विधान किया जा चुका हो, विहित। | ನಿರ್ಣಯಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | निर्णयिसल्पट्ट | laid down, prescribed. |
| **निर्धारिती** | पु. | वह जिसके संबंध में यह निर्धारित किया जाए कि उसे कितना कर आदि देना चाहिए। | ತರಿಗೆದಾರ | तॆरिगॆदार | assessee. |
| **निर्निमेष** | वि. | जो पलक न गिराए, स्थिर दृष्टि। | ಎವೆಯಿಕ್ಕದೆ ನೋಡುವ | ऍवॆयिक्कदॆ नोडुव | not twinkling, with fixed look, unwinking. |
| | क्रि.वि | एकटक, बिना पलक झपकाए। | ಎವೆಯಿಕ್ಕದೆ, ರೆಪ್ಪೆ ಹೊಡೆಯದೆ | ऍवॆयिक्कदॆ, रॆप्पॆ हॊडॆयदॆ | without blinking, without a wink. |
| **निर्बंध** | वि. | 1. जो बंधन से रहित हो, मुक्त;<br>2. जो निषिद्ध न हो। | ಬಂಧನವಿಲ್ಲದ, ಮುಕ್ತ;<br>ನಿಷಿದ್ಧವಲ್ಲದ | बंधनविल्लद, मुक्त;<br>निषिद्धवल्लद | without binding or restriction, free; uninhibited, unprevented. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | 1. आग्रह; | ಬಲವಂತಿಕೆ; | बलवंतिके; | importunity, a pressing demand or request, urgency; |
| | | 2. रोक, निरोध, पाबंदी। | ತಡೆ, ಅಂಕೆ | तडे, अंके | restraint, control, restriction |
| **निर्बल** | वि. | 1. (शारीरिक दृष्टि से) कमजोर, बलहीन; | ಶರೀರ ಶಕ್ತಿ ಕುಂದಿದ; | शरीर शक्ति कुंदिद; | weak, feeble, frail; |
| | | 2. जिसे यथेष्ट अधिकार या सत्ता न प्राप्त हो, शक्तिहीन; | ಅಧಿಕಾರಹೀನ | अधिकारहीन; | powerless; |
| | | 3. जो प्रभावशाली या ओजस्वी न हो, जिसमें सजीवता न हो। | ಪ್ರಭಾವಶಾಲಿಯಲ್ಲದ, ಸ್ಫೂರ್ತಿಯಿಲ್ಲದ | प्रभावशालियल्लद, स्फूर्तियिल्लद | not vigorous, not forceful, spiritless. |
| **निर्बलता** | स्त्री. | 1. निर्बल होने की अवस्था या भाव, कमजोरी; | ನಿಃಶಕ್ತಿ; | नि:शक्ति, | weakness, feebleness; |
| | | 2. शक्तिहीनता; | ಶಕ್ತಿಹೀನತೆ; | शक्तिहीनते; | powerlessness, impotence; |
| | | 3. प्रभावहीनता, ओजहीनता, निर्जीवता। | ಪ್ರಭಾವಶೂನ್ಯತೆ | प्रभावशून्यते | vigorlessness, forcelessness, spiritlessness. |
| **निर्बाध** | वि. | जिसमें किसी प्रकार की बाधा, रुकावट या बंधन न हो, मुक्त। | ಅಡೆತಡೆಯಿಲ್ಲದ | अडेतडेयिल्लद | unobstructed, without binding or restriction, free. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी बाधा के। | ಯಾವ ತೊಂದರೆಯೂ ಇಲ್ಲದಿರುವ | याव तोंदरेयू इल्लदिरुव | without any obstruction or hindrance. |
| **निर्बुद्धि** | वि. | मूर्ख। | ಮೂರ್ಖ | मूर्ख | stupid, foolish. |
| **निर्भय** | वि. | दे. 'निडर'। | ನೋಡಿ "निडर" | नोडि "निडर" | see 'निडर.' |
| **निर्भयता** | स्त्री. | दे. 'निडरता' | ನೋಡಿ "निडरता" | नोडि "निडरता" | see 'निडरता.' |
| **निर्भर** | वि. | 1. जो किसी दूसरे पर अवलंबित या आश्रित हो; | ಆಶ್ರಯದಲ್ಲಿರುವ; | आश्रयदल्लिरुव; | dependent; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आधारित; | ಆಧಾರದ ಮೇಲಿರುವ; | आधारद मेलिरुव; | based (on); |
| | | 3. अच्छी या पूरी तरह भरा हुआ, पूरित। | ತುಂಬಿದ | तुंबिद | full of, filled with. |
| **निर्भरता** | स्त्री. | निर्भर होने की अवस्था या भाव, परावलंबन। | ಪರಾವಲಂಬನೆ | परावलंबनॆ | dependence, reliance. |
| **निर्भीक** | वि. | 1. जो बिना डरे या बिना किसी के दबाव में आए हुए बहादुरी से कोई काम करता हो, निडर, निर्भय; | ಹೆದರದ | हॆदरद; | fearless, dauntless; |
| | | 2. (कार्य) जो भयरहित होकर किया गया हो। | ಹೆದರದೆ ಮಾಡಿದ (ಕಾರ್ಯ) | हॆदरदॆ माडिद (कार्य) | done without fear, daring. |
| **निर्भीकता** | स्त्री. | निर्भीक होने की अवस्था या भाव, निडरता, निर्भयता। | ನಿರ್ಭಯತೆ | निर्भयतॆ | fearlessness, dauntlessness. |
| **निर्भ्रांत** | वि. | 1. (बात या विषय) जिसमें किसी प्रकार का भ्रम न हो, असंदिग्ध; | ಸಂದಿಗ್ಧತೆಯಿಲ್ಲದ; | संदिग्धतॆ-यिल्लद; | unambiguous, categorical, unequivocal; |
| | | 2. (व्यक्ति) जिसे भ्रम न हो, निःसंशय। | ಸಂಶಯವಿಲ್ಲದ | संशयविल्लद | having no doubt, free from doubt. |
| **निर्मम** | वि. | 1. निष्ठुर, निर्दय, हृदयहीन; | ದಯೆ ದಾಕ್ಷಿಣ್ಯ ವಿಲ್ಲದ; | दयॆ दाक्षिण्य-विल्लद; | cruel, heartless, ruthless; |
| | | 2. जिसमें ममत्व की भावना न हो, ममतारहित। | ಮಮತೆಯಿಲ್ಲದ | ममतॆयिल्लद | devoid of affection or attachment. |
| **निर्ममता** | स्त्री. | निर्मम होने की अवस्था या भाव। | ಮಮತೆಯಿಲ್ಲ ದಿರುವಿಕೆ | मनतॆयिल्ल-दिरुविकॆ | cruelty, heartlessness, ruthlessness. |
| **निर्मल** | वि. | 1. जिसमें मल या मलिनता न हो, साफ, स्वच्छ; | ಸ್ವಚ್ಛವಾದ; | स्वच्छवाद; | free from dirt or impurities, clear, clean, stainless, unsullied; |
| | | 2. निष्कलंक, दूषणरहित चरित्र; | ಕಳಂಕವಿಲ್ಲದ; | कळंकविल्लद; | without a blemish, chaste, pure; |
| | | 3. दुर्भावरहित, निष्कपट, शुद्ध (हृदय)। | ನಿಷ್ಕಪಟ | निष्कपट | without ill-will, pure, innocent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्मलता** | स्त्री. | 1. निर्मल होने की अवस्था या भाव, स्वच्छता; | ಸ್ವಚ್ಛತೆ; | स्वच्छतॆ; | cleanliness, clearness, spotlessness, stainlessness; |
| | | 2. निष्कलंकता; | ಕಳಂಕವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ; | कळंकविल्ल-दिरुविकॆ; | blemishlessness, chastity, purity; |
| | | 3. दुर्भाव से रहित होना, निष्कपटता, शुद्धता। | ನಿಷ್ಕಪಟತೆ | निष्कपटतॆ | purity, innocence. |
| **निर्मली** | स्त्री. | 1. रीठा; | ಸೀಗೆಕಾಯಿ; | सीगॆकायि; | the seed of strychnos potatorum, clearing-nut, soap-nut; |
| | | 2. एक प्रकार का वृक्ष जिसकी लकड़ी इमारत और खेती के औजार बनाने के काम में आती है। | ಕೆಲಸದ ಮುಟ್ಟುಗಳಿಗೆ ಉಪಯೋಗವಾಗುವ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಮರ (ಟಿಂಬರು) | कॆलसद मुट्टुगळिगॆ उपयोगवागुव ऒंदु बगॆय मर (टिंबरु) | a kind of timber wood tree. |
| **निर्माण** | पु. | 1. बनाने या रचने की क्रिया, बनाना, रचना; | ರಚನೆ; | रचनॆ; | making, building, construction; |
| | | 2. अस्तित्व में लाना, उत्पन्न करना; | ತಯಾರಿಕೆ; | तयारिकॆ; | producing, forming, making, creation, formation; |
| | | 3. प्रणयन, रचना; | ಕಾವ್ಯ ಆದಿಗಳ ರಚನೆ; | काव्य आदिगळ रचनॆ; | composing, composition, compilation; |
| | | 4. तैयार करना; | ಏರ್ಪಡಿಸುವಿಕೆ; | एर्पडिसुविकॆ; | preparation; |
| | | 5. स्थापित करना, स्थापन, कायम करना; | ಸ್ಥಾಪಿಸುವಿಕೆ; | स्थापिसुविकॆ; | establishment; |
| | | 6. विनिर्माण। | ತಯಾರು ಮಾಡುವಿಕೆ | तयारु माडुविकॆ | manufacture. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्माणात्मक** | वि. | निर्माणोन्मुख; रचनात्मक (विध्वंसात्मक का विपर्याय)। | ರಚನಾತ್ಮಕ | रचनात्मक | formative, constructive (opposed to destructive). |
| **निर्माता** | पु., वि. | विनिर्माण करनेवाला, बनानेवाला, उत्पन्न करनेवाला, आदि। | ನಿರ್ಮಾಪಕ | निर्मापक | maker, constructor, builder, creator, former, producer etc. |
| **निर्माल्य** | वि. | निर्मल, शुद्ध। | ಶುದ್ಧ | शुद्ध | clean, pure, clear etc. |
| | पु. | निर्मलता। | ನಿರ್ಮಲತೆ | निर्मलते | cleanness, purity, clearness, stainlessness. |
| **निर्मित** | वि. | जिसका निर्माण किया गया हो, बनाया हुआ, रचित, तैयार, उत्पादित, प्रणीत, स्थापित आदि। | ರಚಿಸಿದ, ನಿರ್ಮಿಸಿದ | रचिसिद, निर्मिसिद | constructed, built, formed, prepared, made, produced, composed, established etc. |
| **निर्मुक्त** | वि. | 1. छोड़ा हुआ, मुक्त किया हुआ; | ಬಿಡುಗಡೆ ಹೊಂದಿದ; | बिडुगडे होंदिद; | set free, freed, liberated; |
| | | 2. जो सभी प्रकार के बंधनों, सांसारिक राग-द्वेष आदि से रहित हो; | ರಾಗದ್ವೇಷರಹಿತ; | रागद्वेषरहित; | free from all bonds of life, worldly attachments etc.; |
| | | 3. आवागमन के बंधन से मुक्त। | ಮುಕ್ತಿ ಪಡೆದ | मुक्ति पडेद | emancipated from transmigration of soul. |
| **निर्मुक्ति** | स्त्री. | 1. छुटकारा, मुक्ति; | ಬಿಡುಗಡೆ; | बिडुगडे; | freedom, liberation; |
| | | 2. बंदियों, विशेषतः राजनीतिक बंदियों को क्षमा करके एक साथ छोड़ देना; | (ಬಂದಿಗಳ) ಮುಕ್ತಿ; | (बंदिगळ) मुक्ति; | amnesty; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मोक्ष। | ಮೋಕ್ಷ | मोक्ष | emancipation from transmigration of soul. |
| **निर्मूल** | वि. | 1. सर्वथा नष्ट, पूरी तरह विनष्ट; | ಬುಡಸಹಿತ ನಾಶವಾದ; | बुडसहित नाशवाद; | eradicated, completely uprooted, destroyed or ruined; |
| | | 2. निराधार, बेसिर पैर का, बेबुनियाद; | ಅಡಿಪಾಯವಿಲ್ಲದ; | अडिपायविल्लद; | baseless, unfounded (statement, charge etc.); |
| | | 3. बिना जड़ का। | ಬೇರಿಲ್ಲದ | बेरिल्लद | rootless (as a tree). |
| **निर्मूलन** | पु. | 1. पूर्ण रूप से नष्ट करने की क्रिया या भाव, पूर्ण विनाश, उन्मूलन; | ಬೇರು ಸಮೇತ ಕಿತ್ತು ನಾಶಮಾಡುವಿಕೆ; | बेरु समेत कित्तु नाशमाडुविके; | eradication, uprooting, extirpating; |
| | | 2. निराधार या बेबुनियाद सिद्ध करना। | ನಿರಾಧಾರವೆಂದು ಸಿದ್ಧ ಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | निराधारवेंदु सिद्धगॊळिसुविके | proving baseless or unfounded. |
| **निर्मोह** | वि. | 1. मोह-रहित ;<br>2. दे. 'निर्मोही'। | ಮೋಹವಿಲ್ಲದ;<br>ನೋಡಿ "निर्मोही" | मोहविल्लद;<br>नोडि "निर्मोही" | free from illusion;<br>see 'निर्मोही' |
| **निर्मोही** | वि. | जिसमें मोह या ममत्व न हो, किसी के प्रति अनुराग या स्नेह न रखनेवाला, निष्ठुर। | ಸ್ನೇಹ ಮಮತೆಗಳಿಲ್ಲದ, ನಿಷ್ಠುರ (ವ್ಯಕ್ತಿ) | स्नेह ममतॆगळिल्लद निष्ठुर (व्यक्ति) | free from attachment, without affection, unkind, stone-hearted. |
| **निर्यात** | पु. | 1. माल बाहर भेजने की क्रिया या भाव; | ಮಾಲು ರಫ್ತು ಮಾಡುವಿಕೆ; | मालु रफ्तु माडुविके; | exportation; |
| | | 2. बाहर भेजा हुआ माल। | ರಫ್ತು ಮಾಡಿದ ಮಾಲು | रफ्तु माडिद मालु | export. |
| | वि. | विदेशों में बिक्री के लिए भेजा जाने वाला (माल)। | ವಿದೇಶಗಳಲ್ಲಿ ಮಾರಲು ಕಳಿಸಲ್ಪಡುವ (ಮಾಲು) | विदेशगळल्लि मारलु कळिसल्पडुव (मालु) | exported. |
| **निर्यातक** | वि., पु. | निर्यात करनेवाला, बिक्री के लिए माल विदेश भेजने वाला। | ಹೊರ ದೇಶಗಳಿಗೆ ವ್ಯಾಪಾರಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಲು ಕಳಿಸುವವ | हॊरदेशगळिगॆ व्यापारक्कागि मालु कळिसुवव | exporter. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्लज्ज** | वि. | 1. जिसे शरम न हो, बेशरम, लज्जाहीन; | ನಾಚಿಕೆಯಿಲ್ಲದ; | नाचिकॆयिल्लद; | shameless, brazen faced; |
| | | 2. ढीठ, धृष्ट, अविनीत। | ದಿಟ್ಟತನವುಳ್ಳ | दिट्टतनवुळ्ळ | immodest, impudent. |
| **निर्लज्जता** | स्त्री. | निर्लज्ज होने की अवस्था या भाव, बेशरमी, धृष्टता। | ನಾಚಿಕೆಯಿಲ್ಲ ದಿರುವಿಕೆ | नाचिकॆयिल्ल-दिरुविकॆ | shamelessness, immodesty. |
| **निर्लिप्त** | वि. | 1. जो किसी से लगाव या संबंध न रखता हो, असंबद्ध; | ಅಸಂಬದ್ಧ; | असंबद्ध; | unconnected (with), unconcerned, not involved; |
| | | 2. सांसारिक माया-मोह, राग-द्वेष आदि से परे अथवा रहित, उदासीन। | ರಾಗದ್ವೇಷರಹಿತ | रागद्वेषरहित | indifferent, detached. |
| **निर्लेप** | वि. | 1. निर्लिप्त; | ನಿರ್ಲಿಪ್ತ; | निर्लिप्त; | see 'निर्लिप्त'; |
| | | 2. दोष आदि से रहित; | ದೋಷರಹಿತ; | दोषरहित; | faultless, unblemished, pure, stainless, sinless; |
| | | 3. जिस पर किसी प्रकार का लेप न हो। | ಲೇಪನವಿಲ್ಲದ | लेपनविल्लद | unsmeared, unanointed. |
| **निर्लोभ** | वि. | जिसे किसी प्रकार का लोभ न हो। | ಯಾವ ರೀತಿಯ ಲೋಭವೂ ಇಲ್ಲದ | याव रीतिय लोभवू इल्लद | without avarice or greed, unavaricious, uncovetous. |
| **निर्लोभी** | वि. | दे. 'निर्लोभ'। | ನೋಡಿ "निर्लोभ" | नोडि "निर्लोभ" | see **निर्लोभ.** |
| **निर्वचन** | पु. | 1. अपने दृष्टिकोण से किसी शब्द, पद या वाक्य की विवेचना या व्याख्या करना, अर्थनिर्णय; | (ಶಬ್ದ, ವಾಕ್ಯ ಅಥವಾ ಪದದ) ಅರ್ಥ ನಿರ್ಣಯ; | (शब्द, वाक्य अथवा पदद) अर्थ निर्णय; | interpretation; |
| | | 2. समझाकर और निश्चित रूप से कोई बात कहना या बतलाना, निरूपण, प्रस्तुतीकरण। | ನಿರೂಪಣೆ | निरूपणॆ | explanation, representation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्वसन** | वि. | जिसने वस्त्र धारण न किये हों, नंगा। | ವಸ್ತ್ರಹೀನ, ಬೆತ್ತಲೆ, ನಗ್ನ | वस्त्रहीन, बेत्तले, नग्न | not wearing clothes, unclothed, naked. |
| **निर्वहण** | पु. | निर्वाह, गुजर। | ನಿರ್ವಹಿಸುವಿಕೆ | निर्वहिसुविके | maintaining, sustaining, subsistence. |
| **निर्वाचक** | पु. | निर्वाचन करनेवाला, मतदाता, मत देकर निर्वाचन करने या चुननेवाला। | ಮತದಾರ, ಚುನಾಯಕ | मतदार, चुनायक | elector. |
| **निर्वाचक-मंडल** | पु. | जो अप्रत्यक्ष रूप से जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए विशिष्ट अधिकारी या अधिकारियों का चुनाव करता है, निर्वाचक-समूह। | ಮತದಾರರ/ ಚುನಾಯಕರ ಸಮುದಾಯ | मतदारर/चुनायकर समुदाय | electorate, electoral college. |
| **निर्वाचक-सूची** | स्त्री. | वह सूची जिसमें किसी क्षेत्र के मतदाताओं के नाम, उम्र, पेशे आदि लिखे होते हैं, निर्वाचक नामावली, मतदाता-सूची। | ಮತದಾರರ ಪಟ್ಟಿ | मतदारर पट्टि | electoral roll. |
| **निर्वाचन** | पु. | किसी काम के लिए बहुतों में से एक या अधिक को चुनना, लोकतंत्री प्रणाली में, विशिष्ट अधिकार-प्राप्त मतदाताओं का कुछ लोगों को अपना प्रतिनिधि चुनना, चुनाव। | ಚುನಾವಣೆ | चुनावणे | election. |
| **निर्वाचन-अधिकारी** | पु. | किसी संस्था के सदस्यों के निर्वाचन की देखरेख करनेवाला अधिकारी, चुनाव-अधिकारी। | ಚುನಾವಣಾಧಿಕಾರಿ | चुनावणाधिकारि | returning officer, election officer. |
| **निर्वाचन-क्षेत्र** | पु. | वह क्षेत्र या भूभाग जिसके नागरिक किसी विशिष्ट चुनाव में मत देने के अधिकारी होते हैं। | ಚುನಾವಣಾ ಕ್ಷೇತ್ರ | चुनावणा क्षेत्र | constituency. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्वाचित** | वि. | जिसका निर्वाचन हुआ हो। | ಚುನಾಯಿತ | चुनायित | elected. |
| **निर्वाण** | पुं. | 1. मोक्ष, मुक्ति; | ಮೋಕ್ಷ; | मोक्ष; | final liberation or emancipation from matter and reunion with the supreme spirit, eternal bliss, salvation; |
| | | 2. बौद्ध दर्शन में व्यक्ति या सांसारिक अस्तित्व का शून्य स्थिति में पहुंचना, अस्तित्व का पूर्णविनाश; | (ಬೌದ್ಧರ) ಶೂನ್ಯ ಸ್ಥಿತಿ; | (बौद्धर) शून्य स्थिति; | (with Buddhists) absolute extinction or annihilation, complete extinction of individual or worldly existence, liberation from existence; |
| | | 3. मृत्यु जीवन रूपी आग का बुझना, निर्वापण; | ಜೀವನ ರೂಪದ ಅಗ್ನಿ ಆರಿ ಹೋಗುವಿಕೆ; | जीवन रूपद अग्नि आरि होगुविके; | dissolution, death, extinction of fire of life; |
| | | 4. आग या दीपक का बुझना, निर्वापण। | (ದೀಪ) ಆರಿ ಆರಿ ಹೋಗುವಿಕೆ | (दीप) आरि होगुविके | extinction (of fire etc.). |
| **निर्वात** | वि. | 1. जिसमें वात या वायु न रह गई हो, वात-रहित, वातरिक्त; | ವಾತರಿಕ್ತ, ವ್ಯಾಕ್ಯೂಮ್; | वातरिक्त, व्याक्यूम्; | vacuum; |
| | | 2. वायु से सुरक्षित, शांत, स्थिर; | ಗಾಳಿ ತಾಗದಂತೆ ರಕ್ಷಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | गाळि तागदंते रक्षिसल्पट्ट; | free or sheltered from wind, calm, still; |
| | | 3. जहां हवा न लग रही हो। | ಗಾಳಿಯಿಲ್ಲದ | गाळियिल्लद | devoid of wind, not windy. |
| **निर्वासन** | पुं. | 1. बलपूर्वक किसी को किसी स्थान या भूभाग से निकालना, घर आदि से निकाल देना, निष्कासन; | ಬಲವಂತವಾಗಿ ಹೊರ ಹಾಕುವುದು; ಮನೆಯಿಂದ ಹೊರ ಹಾಕುವುದು; | बलवंतवागि हॊर हाकुवुदु, मनॆयिंद हॊर हाकुवुदु; | expulsion, expelling from home etc. |
| | | 2. देश निकाले का दंड, देश-निकाला। | ದೇಶದಿಂದ ದೂರ ಸಾಗಿಸುವ ಶಿಕ್ಷೆ, ನಿರ್ವಾಸನೆ | देशदिंद दूर सागिसुव शिक्षे, निर्वासने | banishment, exile, expatriation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्वासित** | वि. | 1. जो किसी भूभाग से निकाल दिया गया हो; | ನಿರ್ವಾಸಿತರಾದ; | निर्वासितराद; | expelled; |
| | | 2. जिसे देश निकाले का दंड मिला हो। | ನಿರ್ವಾಸನೆಯ ಶಿಕ್ಷೆ ವಿಧಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | निर्वासनॆय शिक्षॆ विधिसल्पट्ट | exiled, expatriated, banished. |
| **निर्वाह** | पु. | 1. गुजारा, निर्वाह; | ನಿರ್ವಾಹ; | निर्वाह; | maintenance, subsistence, sustenance; |
| | | 2. अधिकारों, कर्त्तव्यों आदि का किया जानेवाला पालन; | ಕರ್ತವ್ಯ ಪಾಲನೆ; | कर्तव्य पालनॆ; | accomplishing, performing, discharging, discharge; |
| | | 3. परस्पर संबंध बनाए रखने के लिए किसी दशा या स्थिति के अनुरूप अपने को ढालना या तत्संबंधी आचरण करना, सामंजस्य। | ಹೊಂದಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | हॊंदिकॊळ्ळुविकॆ | adjustment, accommodation. |
| **निर्विकल्प** | वि. | विकल्प, परिवर्तन या भेद से रहित, सदा एक रस और स्वरूप रहनेवाला, निश्चल, स्थिर। | ನಿಶ್ಚಲ, ಸ್ಥಿರ | निश्चल, स्थिर | not admitting an alternative, free from changes, unwavering, concentrated, resolute, determinate. |
| **निर्विकार** | वि. | 1. जिसमें विकार या परिवर्तन न हो या न होता हो; | ಬದಲಾಯಿಸದ; | बदलायिसद; | unchanged, unchangeable, immutable, invariable; |
| | | 2. मनोविकार रहित। | ಮನೋವಿಕಾರಗಳಿಲ್ಲದ | मनोविकारगळिल्लद | passionless. |
| **निर्विघ्न** | वि. | विघ्न या बाधा से रहित। | ಅಡಚಣೆಗಳಿಲ್ಲದ, ನಿರ್ವಿಘ್ನ | अडचणॆगळिल्लद, निर्विघ्न | uninterrupted, unobstructed, free from impediments. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | क्रि. वि. | बिना किसी प्रकार की विघ्न बाधा के, मुक्त रूप में। | ಅಡ್ಡಿ ಆತಂಕಗಳಿಲ್ಲದೆ, ನಿರ್ವಿಘ್ನವಾಗಿ | अड्डि आतंकगळिल्लदे, निर्विघ्नवागि | unobstructedly, freely, smoothly. |
| **निर्विरोध** | वि. | 1. जिसका कोई विरोध न करे अथवा कोई विरोध न हो; | ವಿರೋಧವಿಲ್ಲದ; | विरोधविल्लद; | unopposed, uncontested; |
| | | 2. सर्वसम्मत। | ಸರ್ವಸಮ್ಮತವಾದ | सर्वसम्मतवाद | unanimous. |
| | क्रि. वि. | 1. बिना किसी प्रकार के विरोध के; 2. सर्वसम्मति से। | ಯಾವ ವಿರೋಧವೂ ಇಲ್ಲದೆ; ಸರ್ವಸಮ್ಮತಿಯಿಂದ | याव विरोधवू इल्लदे; सर्वसम्मतियिंद | without any opposition; unanimously. |
| **निर्विवाद** | वि. | जिसके सही होने के संबंध में कोई विवाद या मतभेद न हो, सर्वस्वीकृत। | ಯಾವ ವಿವಾದವೂ ಇಲ್ಲದ, ಒಮ್ಮತದಿಂದ ಕೂಡಿದ | याव विवादवू इल्लद, ओम्मतदिंद कूडिद | undisputed, not contradicted or disputed, universally acknowledged, not controversial, uncontrovertible. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी प्रकार का विवाद किए। | ನಿರ್ವಿವಾದವಾಗಿ | निर्विवादवागि | without any dispute or controversy, undisputedly. |
| **निर्वीर्य** | वि. | 1. वीर्यहीन, बलहीन, नपुंसक, अशक्त; | ನಪುಂಸಕ, ಬಲಹೀನ; | नपुंसक, बलहीन; | powerless, unmanly, impotent; |
| | | 2. उत्साहहीन, तेज या ओज से रहित। | ಉತ್ಸಾಹವಿಲ್ಲದ | उत्साहविल्लद | without manly courage, vigorless, spiritless. |
| **निर्वेग** | वि. | 1. वेग-हीन, आवेग या मनोवेग से रहित; | ವೇಗವಿಲ್ಲದ, ಆವೇಗರಹಿತ; | वेगविल्लद, आवेगरहित; | without passion; |
| | | 2. शांत, निश्चल, स्थिर। | ಶಾಂತ, ಸ್ಥಿರ | शांत, स्थिर | not moving, quiet, calm. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निर्वेद** | पुं. | 1. वैराग्य, विरक्ति (जिसे शांत रस का स्थायी भाव भी माना गया है); | (ಶಾಂತರಸದ ಸ್ಥಾಯಿ ಭಾವ) ವಿರಕ್ತಿ, ವೈರಾಗ್ಯ; | (शांत रसद स्थायि भाव) विरक्ति, वैराग्य; | complete indifference to worldly objects (regarded as the feeling which gives rise to the sentiment called शांत (quietude); |
| | | 2. ग्लानि, दैन्य, अपने को तुच्छ समझने की भावना (जो तैंतीस संचारी भावों में से एक है); | ಆತ್ಮಗ್ಲಾನಿ, ದೈನ್ಯ (33 ಸಂಚಾರಿ ಭಾವಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು); | आत्मग्लानि, दैन्य (33 संचारि भावगळल्लि) ऒंदु); | self-disparagement or humiliation (regarded as one of the 33 subordinate feelings); |
| | | 3. दुःख, निराशा, अवसाद; | ದುಃಖ, ನಿರಾಶೆ, ಅವಸಾದ; | दुःख, निराशॆ, अवसाद; | depression of spirits, despondency; |
| | | 4. घृणा। | ಜುಗುಪ್ಸೆ | जुगुप्सॆ | disgust, loathing. |
| **निर्वैयक्तिकता** | स्त्री. | वैयक्तिक न होने की स्थिति या भाव, वस्तुगत दृष्टि, वस्तुनिष्ठता, आत्मपरक न होने का भाव। | ವೈಯಕ್ತಿಕವಲ್ಲದ ಸ್ಥಿತಿ, ವಸ್ತುಗತ ದೃಷ್ಟಿ | वैयक्तिकवल्लद स्थिति, वस्तुगत दृष्टि | the state of being impersonal, impersonal approach, non-individuality, objectivity, non-subjectivity. |
| **निर्व्याज** | वि. | 1. छल-कपट से रहित, सच्चा; | ಕಪಟ-ಮೋಸವಿಲ್ಲದಿರುವ ಪ್ರಾಮಾಣಿಕ; | कपट-मोसविल्लदिरुव, प्रामाणिक; | candid, upright, honest, plain, sincere; |
| | | 2. वास्तविक, शुद्ध, यथार्थ; | ಯಥಾರ್ಥ; | यथार्थ; | without fraud, true, genuine, pure; |
| | | 3. स्वाभाविक, नैसर्गिक। | ಸ್ವಾಭಾವಿಕ, ನೈಸರ್ಗಿಕ | स्वाभाविक, नैसर्गिक | natural. |
| **निलंबन** | पुं. | किसी कार्य, पद आदि को अंतिम निर्णय के लिए कुछ समय के लिए रोक रखना, लटकाना, मुअत्तल रखना, मुअत्तली, अनुलंबन, स्थगन। | ತಡೆ ಹಿಡಿಯುವಿಕೆ, ಅನಿಶ್ಚಿತವಾಗಿಡುವಿಕೆ, ಸ್ಥಗಿತಗೊಳಿಸುವಿಕೆ, ಮುಂದಕ್ಕೆ ಹಾಕುವಿಕೆ | तडॆ हिडियुविकॆ, अनिश्चितवागिडुविकॆ, स्थगित गॊळिसुविकॆ, मुंदक्कॆ हाकुविकॆ | suspension. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निलंबित | वि. | (कार्य, पद आदि) जिसका निलंबन किया गया हो, मुअतल, रोकेरखा हुआ, स्थगित। | ತಡೆಹಿಡಿದ, ಅನಿಶ್ಚಿತವಾಗಿಟ್ಟ, ಸ್ಥಗಿತವಾದ, ಮುಂದಕ್ಕೆ ಹಾಕಿದ | तडॆ हिडिद, अनिश्चितवागिट्ट स्थगितवाद, मुंदक्कॆ हाकिद | suspended. |
| निलय | पु. | 1. रहने का स्थान; | ನಿವಾಸ ಸ್ಥಾನ; | निवास स्थान; | abode, residence, habitat, dwelling; |
| | | 2. छिपने का स्थान, पक्षी का घोंसला या जानवर की मांद आदि। | ಗೂಡು, ಕೊಟ್ಟಿಗೆ | गूडु, कॊट्टिगॆ | a hiding or dwelling place, the lair of animals, a nest (of birds), nacelle. |
| निलीन | वि. | 1. छिपा हुआ; | ಅವಿತುಕೊಂಡ; | अवितुकॊंड; | shut or wrapt up, hidden into; |
| | | 2. विनष्ट; | ನಷ್ಟವಾದ; | नष्टवाद; | destroyed, perished; |
| | | 3. गला या पिघला हुआ। | ಕರಗಿದ | करगिद | melted or fused into. |
| निवर्तन | पु. | 1. घूम फिरकर अपने पहले स्थान पर वापस आना, लौटना; | ಹಿಂದಿರುಗುವಿಕೆ; | हिंदिरुगुविकॆ; | returning, turning or coming back, return; |
| | | 2. अंदर की ओर घूमना या मुड़ना, अन्तर्वलयन; | ಒಳಗೆ ತಿರುಗುವಿಕೆ; | ऒळगॆ तिरुगुविकॆ; | curling inwards, involution; |
| | | 3. अंदर की ओर घूमकर या मुड़कर बना हुआ अंग, अन्तर्वलय। | ಒಳಗಡೆ ತಿರುಗುವಂತೆ ಮಾಡಿದ ತಿರುಗಣೆ | ऒळगडॆ तिरुगुवंतॆ माडिद तिरुगणॆ | the part curved inwards, involution. |
| निवल | वि. | कटौती या छूट देने के बाद बचा हुआ, शुद्ध, वास्तविक (लाभ आदि)। | ನಿವ್ವಳ (ಆದಾಯ ಆದಿ) | निव्वळ (आदाय आदि) | net (profit etc.). |
| निवात | वि. | 1. निर्वात, जहां हवा न लगे या न लग रही हो; | ಗಾಳಿಯಿಲ್ಲದ; | गाळियिल्लद; | not windy, devoid of wind; |
| | | 2. वायु से सुरक्षित, शांत, स्थिर। | ಗಾಳಿ ತಾಗದ | गाळि तागद | sheltered from wind, calm, still. |
| | पु. | वायु से सुरक्षित स्थान, वह स्थान जहां हवा न लग रही हो। | ಗಾಳಿ ತಾಗದಂತೆ ಸುರಕ್ಷಿತಗೊಳಿಸಿದ ಸ್ಥಾನ | गाळि तागदंतॆ सुरक्षितगॊळिसिद स्थान | place sheltered from the wind. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निवार (निवाड़) | स्त्री. | मोटे सूत की बनी हुई तीन-चार अंगुल चौड़ी वह पट्टी जिससे पलंग बुने जाते हैं। | (ಮಂಚಕ್ಕೆ ಕಟ್ಟುವ) ಪಟ್ಟೆ, ನವಾರು ಪಟ್ಟೆ | (मंचक्कॆ कट्टुव) पट्टॆ, नवारु पट्टि | thick and wide cotton tape used in weaving a bedstead. |
| निवारक | वि. | 1. निवारण करनेवाला, रोकनेवाला; | ನಿವಾರಣೆ ಮಾಡುವ; | निवारणॆ माडुव; | preventive, preclusive, preventer; |
| | | 2. दूर करनेवाला, हटानेवाला; | ದೂರೀಕರಿಸುವ; | दूरीकरिसुव; | removing, remover, setting aside; |
| | | 3. निषेध करनेवाला। | ನಿಷೇಧಿಸುವ | निषेधिसुव | prohibitive, interdictory, prohibitor, forbidder. |
| निवारण | पुं. | 1. रोकने की क्रिया या भाव, रोकथाम; | ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ; | तडॆगट्टुविकॆ; | keeping off, preventing, warding off, prevention, preclusion; |
| | | 2. छुटकारा, निवृत्ति; | ನಿವೃತ್ತಿ; | निवृत्ति; | release, liberation; |
| | | 3. निषेध, मनाही; | ನಿಷೇಧಿಸುವಿಕೆ; ; | निषेधिसुविकॆ; | prohibiting, prohibition; |
| | | 4. दूर करना, हटाना। | ದೂರ ಮಾಡುವಿಕೆ | दूर माडुविकॆ | removal. |
| निवाला | पुं. | कौर, ग्रास। | ತುತ್ತು | तुत्तु | a mouthful, a morsel. |
| निवास | पुं. | 1. बसने या रहने की क्रिया या भाव; | ವಾಸ ಮಾಡುವಿಕೆ; | वास माडुविकॆ; | living, dwelling, residing; |
| | | 2. वास स्थान; | ವಾಸಸ್ಥಾನ; | वासस्थान; | residence, abode, habitation, resting place; |
| | | 3. घर, मकान। | ಮನೆ | मनॆ | house. |
| निवास-स्थान | पुं. | 1. वह स्थान जहां कोई व्यक्ति रहता हो; | ವಾಸಿಸುವ ಸ್ಥಾನ; | वासिसुव स्थान; | dwelling-place, place of residence, abode; |
| | | 2. घर, मकान। | ಮನೆ | मनॆ | house, quarter. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निवासी** | वि. पु. | (स्थान विशेष में) रहनेवाला, निवास करनेवाला। | ವಾಸಿಸುವವ | वासिसुवव | a resident, an inhabitant. |
| **निविड़** | वि. | घना, सघन। | ಸಾಂದ್ರ, ದಟ್ಟ | सांद्र, दट्ट | thick, dense. |
| **निविदा** | स्त्री. | वह पत्र जिसमें किसी प्रस्तावित कार्य के संबंध में यह लिखा रहता है कि हम इतने पारिश्रमिक पर अमुक रूप में यह काम पूरा कर देंगे और जो उपयुक्त अधिकारियों के सामने स्वीकृति के लिए रखा जाता है। | ಟೆಂಡರು | टेंडरु | a tender. |
| **निवृत्त** | वि. | 1. जो कोई काम करके उससे छुट्टी पा चुका हो, मुक्त; | ಮುಕ್ತ; | मुक्त; | freed from work, disencumbered; |
| | | 2. (कार्य) जो पूरा हो चुका हो; | ಮಾಡಿ ಮುಗಿಸಿದ (ಕಾರ್ಯ); | माडि मुगिसिद (कार्य); | finished, completed; |
| | | 3. सांसारिक विषयों में प्रवृत्ति से रहित; | (ಸಂಸಾರ) ಮುಕ್ತ; | (संसार) मुक्त; | having no association with or interest in mundane affairs, abstaining from wordly acts, averted from, indifferent to, having renounced or given up; |
| | | 4. जिसने नौकरी से अवकाश ग्रहण किया हो, सेवानिवृत्त। | (ನೌಕರಿ) ಸೇವಾ ನಿವೃತ್ತ | (नौकरि) सेवानिवृत्त | retired (from service). |
| **निवृत्ति** | स्त्री. | 1. (कार्य पूरा हो जाने पर उससे मिलने वाला) छुटकारा, मुक्ति; | (ಕೆಲಸದಿಂದ) ಬಿಡುಗಡೆ; | (कॆलसदिंद) बिडुगडॆ; | freedom from work, disencumberance; |
| | | 2. (कार्य की) पूर्ति; | (ಕೆಲಸ) ಮುಗಿಯುವಿಕೆ; | (कॆलस) मुगियुविकॆ; | finishing, completion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सांसारिक विषयों या कार्यों में प्रवृत्ति का अभाव, त्याग; | ತ್ಯಾಗ; | त्याग; | resignation, discontinuance of worldly acts or quietism, separation from the world, repose, rest; |
| | | 4. नौकरी से अवकाश पाकर या अवधि पूरी हो जाने पर सदा के लिए हट जाना। | (ನೌಕರಿ) ಅವಕಾಶ ಗ್ರಹಣ | (नौकरि) अवकाश ग्रहण | retirement (from service). |
| निवेदक | वि. पु. | जो नम्रतापूर्वक किसी से कोई बात कहे, निवेदन करनेवाला, प्रार्थी। | ಅರ್ಜಿದಾರ, ಮನವಿದಾರ | अर्जिदार, मनविदार | one who makes a request or submission, applicant, suppliant. |
| निवेदन | पु. | 1. नम्रतापूर्वक किसीसे कोई बात कहना, प्रार्थना करना; | ಪ್ರಾರ್ಥನೆ, ಬೇಡಿಕೆ; | प्रार्थने, बेडिके; | requesting, submitting; |
| | | 2. नम्रतापूर्वक कही हुई बात जो प्रायः सुझाव के रूप में होती है; | ನಮ್ರತೆಯಿಂದ ಸಲಹೆಯ ರೂಪದಲ್ಲಿ ಇಟ್ಟ ಮಾತು; | नम्रतेयिंद सलहेय रूपदल्लि इट्ट मातु; | request, submission, application, supplication, petition; |
| | | 3. अर्पण। | ಸಮರ್ಪಣೆ, ನೈವೇದ್ಯ | समर्पणे, नैवेद्य | delivering, offering, presenting. |
| निवेदित | वि. | 1. (बात) जो प्रार्थना के रूप में कही गई हो; 2. (पदार्थ) जो भेंट आदि के रूप में अर्पित किया गया हो, समर्पित। | ಪ್ರಾರ್ಥಿಸಲ್ಪಟ್ಟ (ವಿಷಯ); ಅರ್ಪಿಸಿದ (ವಸ್ತು) | प्रार्थिसल्पट्ट (विषय); अर्पिसिद (वस्तु) | requested, submitted; delivered, presented, given, offered. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निवेश | पुं. | 1. किसी व्यापार, उद्योग आदि में धन या पूंजी लगाने का कार्य तथा इस प्रकार से लगाया हुआ धन, पूंजी आदि; | ಹಾಕಿದ ಹಣ ಬಂಡವಾಳ; | हाकिद हण, बंडवाळ; | investment; |
| | | 2. प्रवेश, पैठ। | ಪ್ರವೇಶ | प्रवेश | entering, entrance, penetration. |
| निशा | स्त्री. | रात्रि। | ರಾತ್ರಿ | रात्रि | night. |
| निशाकर | पुं. | चंद्रमा। | ಚಂದ್ರ | चंद्र | the moon. |
| निशाचर | पुं. | राक्षस। | ರಾಕ್ಷಸ | राक्षस | a rakshas or demon, goblin, fiend, devil, an evil spirit. |
| निशान | पुं. | 1. ऐसा प्राकृत या आकस्मिक लक्षण या चिह्न जिससे कोई चीज पहचानी जाए या किसी घटना आदि का परिचय या प्रमाण मिले; | (ಪತ್ತೆಹಚ್ಚಲು ಕಂಡ) ಲಕ್ಷಣ; | (पत्ते हच्चलु कंड) लक्षण; | sign, mark; |
| | | 2. पता, ठिकाना, सुराग; | ಗುರುತು; | गुरुतु; | trace, clue; |
| | | 3. झंडा, पताका; | ಬಾವುಟ; | बावुट; | ensign, flag, banner, standard, emblem; |
| | | 4. दाग, धब्बा; | ಮಚ್ಚೆ; | मच्चे; | stain, blemish, scar; |
| | | 5. किसी चीज से दबाकर बनाया जानेवाला चिह्न, छाप। | ಚಿಹ್ನೆ | चिह्नें | impression. |
| निशाना | पुं. | वह वस्तु या बिंदु जिस पर शस्त्र से आघात किया जाए, लक्ष्य। | ಗುರುತು, ಗುರಿ, ಲಕ್ಷ್ಯ | गुरुतु, गुरि, लक्ष्य | butt, target, mark, aim. |
| निशानी | स्त्री. | 1. स्मृति, चिह्न, यादगार; | ಸ್ಮಾರಕ ಚಿಹ್ನೆ; | स्मारक चिह्नें; | token of remembrance, memento, keep sake, memorial; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पहचान का चिह्न, निशान; | ಪರಿಚಯದ ಗುರುತು; | परिचयद गुरुतु; | mark, mark of identification, sign, token; |
| | | 3. पता, ठिकाना, सुराग; | (ರಹಸ್ಯದ)ಕುರುಹು; | (रहस्यद) कुरुहु; | trace, clue; |
| | | 4. किसी चीज से दबाकर बनाया जानेवाला चिह्न, छाप। | (ಅಚ್ಚು,ಮುದ್ರೆ ಒತ್ತಿದ) ಚಿಹ್ನೆ | (अच्चु,मुद्रे ओत्तिद) चिह्ने | impression. |
| निशानेबाज | पु. | निशाने पर वार करनेवाला, अच्छा निशाना लगानेवाला। | ಗುರಿಗಾರ | गुरिगार | marksman, expert shot. |
| निशानेबाजी | स्त्री. | निशाना लगाने का कार्य या कौशल। | ಗುರಿಗಾರಿಕೆ ಅಥವಾ ಅದರ ಕೌಶಲ್ಯ | गुरिगारिके अथवा अदर कौशल्य | marksmanship. |
| निशि | स्त्री. | रात्रि। | ರಾತ್ರಿ | रात्रि | night. |
| निशिदिन | क्रि.वि | 1. रात-दिन;<br>2. सर्वदा। | ಹಗಲೂ ರಾತ್ರಿ;<br>ಯಾವಾಗಲೂ | हगलू रात्रि;<br>यावागलू | day and night;<br>always, ever. |
| निशीथ | पु. | 1. रात्रि;<br>2. आधीरात। | ರಾತ್ರಿ;<br>ಅರ್ಧರಾತ್ರಿ | रात्रे;<br>अर्धरात्रि | night in general;<br>mid-night. |
| निश्चय | पु. | 1. कोई कार्य करने का अंतिम निर्णय या संकल्प करना, दृढ़ धारणा ; | ನಿಶ್ಚಯ; | निश्चय; | determination, resolution, resolve; |
| | | 2. निर्णय, फैसला; | ನಿರ್ಣಯ; | निर्णय; | decision; |
| | | 3. निश्चितता, अवश्यंभाविता। | ಆಗಿಯೇ ತೀರುವುದೆಂಬ ದೃಢ ನಂಬಿಕೆ | आगिये तीरुवुदेंब दृढ़नंबिके | certainty, positiveness, positive conclusion. |
| निश्चयात्मक | वि. | निश्चय के रूप में होनेवाला, सुनिश्चित। | ನಿಶ್ಚಿತವಾದ | निश्चितवाद | definite, certain, positive. |
| निश्चल | वि. | 1. अचल, स्थिर; | ಸ್ಥಿರವಾದ; | स्थिरवाद; | immovable, steady, fixed, still; |
| | | 2. अपरिवर्तनशील। | ಬದಲಾಯಿಸದ | बदलायिसद | invariable, unchangeable; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निश्चलता** | स्त्री. | 1. निश्चल होने की अवस्था या भाव, अचलता, स्थिरता; | ಸ್ಥಿರತೆ; | स्थिरतॆ; | immovability, steadiness; |
| | | 2. अपरिवर्तनशीलता। | ಬದಲಾಯಿಸ ದಿರುವಿಕೆ | बदलायिस-दिरुविकॆ | invariableness, changelessness. |
| **निश्चायक** | वि. | निश्चय करनेवाला। | ನಿರ್ಣಯಿಸುವ (ಕಾರಣ, ವ್ಯಕ್ತಿ, ಸ್ಥಿತಿ) | निर्णयिसुव (कारण, व्यक्ति, स्थिति) | who or what ascertains or determines, decisive, conclusive. |
| **निश्चेष्ट** | वि. | 1. चेष्टारहित, प्रयत्नरहित; | ಪ್ರಯತ್ನವಿಲ್ಲದ; | प्रयत्नविल्लद; | incapable of motion, effortless; |
| | | 2. अचेत; | ಚೇತನವಿಲ್ಲದ; | चेतनविल्लद; | unconscious; |
| | | 3. निश्चल, अचल, स्थिर। | ಸ್ಥಿರ | स्थिर | motionless, still. |
| **निश्छल** | वि. | छल-कपट से रहित, निष्कपट। | ನಿಷ್ಕಪಟವಾದ | निष्कपटवाद | guileless, without wile, straight-forward, honest. |
| **निश्छलता** | स्त्री. | निश्छल होने की अवस्था या भाव, निष्कपटता। | ನಿಷ್ಕಪಟತೆ | निष्कपटतॆ | guilelessness, straightforward-ness. |
| **निःश्वास** | पु. | 1. नाक या मुंह से बाहर निकलनेवाला श्वास, उच्छ्वास; | ನಿಶ್ವಾಸ; | निश्वास; | expiration, exhalation; |
| | | 2. अंदर खींचा हुआ सांस बाहर निकालना या छोड़ना, निःश्वसन, उच्छ्वसन; | ಉಛ್ವಾಸ; | उछ्वास; | inhaling, exhaling, breathing out; |
| | | 3. गहरी या ठंडी सांस, उच्छ्वास। | ನಿಟ್ಟುಸಿರು | निट्टुसिरु | a sigh. |
| **निश्शंक** | वि., क्रि.वि. | दे. 'निःशंक'। | ನೋಡಿ "निःशंक" | नोडि "निःशंक" | see 'निश्शंक.' |
| **निश्शब्द** | वि. | 1. शब्द या आवाज से रहित, कोलाहल से रहित, शांत; | ನಿಶ್ಶಬ್ದ; | निश्शब्द; | without noise or sound, silent, quiet, still; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो शब्द न करता हो, जो न बोल रहा हो, मौन। | ಮೌನ, ಶಾಂತ | मौन, शांत | voiceless, speechless, silent. |
| **निश्शस्त्र** | वि. | दे. 'निरस्त्र'। | ನೋಡಿ. "निरस्त्र" | नोडि "निरस्त्र" | see 'निरस्त्र' |
| **निश्शस्त्रीकरण** | पु. | दे. 'निरस्त्रीकरण'। | ನೋಡಿ. "निरस्त्रीकरण" | नोडि "निरस्त्रीकरण" | see 'निरस्त्रीकरण' |
| **निश्शेष** | वि. | दे. 'निःशेष'। | ನೋಡಿ "नि:शेष" | नोडि "नि:शेष" | see 'निशेष' |
| **निषंग** | पुं. | तरकश। | ಬತ್ತಳಿಕೆ | बत्तळिके | quiver. |
| **निषाद** | पुं. | 1. एक प्राचीन अनार्य जंगली जाति जो आखेट या मछली पकड़ने आदि का काम करती थी; | ಬೇಟೆಗಾರರ ಜಾತಿ; | बेटेगारर जाति; | one of the wild, aboriginal tribes in India such as hunters, fishermen etc.; |
| | | 2. उक्त जाति का व्यक्ति; | ಬೇಟೆಗಾರ ಜಾತಿಯವ, ಬೇಡರವ; | बेटेगार जातियव, बेडरव; | member of the Nisada tribe; |
| | | 3. संगीत में सरगम का सातवां स्वर (नि) जो अन्य सब स्वरों से ऊँचा होता है। | (ಸಂಗೀತ) ನಿಷಾದ | (संगीत) निषाद | (in music) the last or seventh note of the Hindusthani gamut. |
| **निषिद्ध** | वि. | 1. जिसे उपयोग, प्रयोग या व्यवहार में लाने की मनाही हो; | ನಿಷೇಧಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | निषेधिसल्पट्ट; | forbidden, prohibited, warded off, prevented, banned; |
| | | 2. शास्त्र द्वारा या धार्मिक दृष्टि से वर्जित, फलतः बुरा और त्याज्य। | ಶಾಸ್ತ್ರಸಮ್ಮತವಲ್ಲದ | शास्त्रसम्मतवल्लद | tabooed, prohibited in the scriptures, worth forsaking or giving up. |
| **निषेध** | पु. | 1. मनाही, वर्जन; | ನಿಷಿದ್ಧ; | निषिद्ध; | prohibition, inhibition, ban, taboo; |
| | | 2. इनकार, अस्वीकृति, प्रतिवाद। | ಅಸಮ್ಮತಿ | असम्मति | negation, refusal, denial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निषेधक** | वि. | **निषेध या मनाही करनेवाला (व्यक्ति, आदेश आदि)।** | ನಿಷೇಧಿಸುವ | निषेधिसुव | **preventing, prohibiting, prohibitive, forbidding.** |
| **निषेध-पत्र** | पुं. | **वह पत्र जिसमें किसी को कोई काम न करने के लिए आदेश दिया गया हो, प्रतिषेध लेख।** | ನಿಷೇಧಾಜ್ಞಾ-ಪತ್ರ | निषेधाज्ञा - पत्र | **a prohibitory order, writ of prohibition.** |
| **निषेधाधिकार** | पुं. | **किसी संस्था के सदस्यों के हाथ में रहने वाला वह अधिकार जिससे कोई स्वीकृत प्रस्ताव रोका जा सकता है, रोक-अधिकार।** | ಅಂಗೀಕೃತವಾದ್ದನ್ನು ಕಾರ್ಯಗತ ಮಾಡದೆ ತಡೆಯುವ ಅಧಿಕಾರ, ವೀಟೋಪವರ್ | अंगीकृतवाद्दन्नु कार्यगत माडदे तडॆयुव अधिकार, वीटोपवर् | **veto.** |
| **निषेधात्मक** | वि. | **1. (कथन या विधान) जो निषेध या मनाही के रूप में हो;** | ನಿಷೇಧ ರೂಪದಲ್ಲಿರುವ; | निषेध रूपदल्लिरुव; | **prohibitory, prohibitive;** |
| | | **2. जो अस्वीकृति, प्रतिवाद, या इनकार के रूप में हो।** | ಅಸ್ವೀಕಾರ ಸೂಚಕವಾಗಿರುವ | अस्वीकार सूचकवागिरुव | **expressing or implying denial, negative.** |
| **निष्कंटक** | वि. | **1. जिसमें किसी प्रकार के कंटक अर्थात् बाधा, आपत्ति या झंझट आदि न हों;** | ಅಡೆತಡೆಗಳಿಲ್ಲದ; | अडॆतडॆगळिल्लद; | **free from ills or trouble or obstacles, unobstructed, smooth, secure;** |
| | | **2. शत्रुरहित, उपद्रव या खतरे आदि से रहित।** | ಉಪದ್ರವಗಳಿಲ್ಲದ | उपद्रवगळिल्लद | **free from enemies, free from danger or nuisance.** |
| | क्रि.वि | **1. बिना किसी प्रकार की बाधा या रुकावट के;** | ಯಾವ ಆತಂಕವೂ ಇಲ್ಲದೆ; | याव आतंकवू इल्लदॆ; | **unobstructedly, smoothly, securely;** |
| | | **2. बिना किसी प्रकार के बैर या शत्रुता की संभावना के, बेखटके।** | ನಿರಾತಂಕವಾಗಿ | निरातंकवागि | **without fear of enmity, opposition or obstacle from any quarter, without danger or nuisance.** |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निष्कंप** | वि. | जिसमें कंपन न हो रहा हो, स्थिर। | ಅಲುಗಾಡದ, ಸ್ಥಿರವಾದ | अलुगाडद, स्थिरवाद | unwavering, unquivering, unflickering,not shaking or tremulous, steady. |
| **निष्कपट** | वि. | कपटरहित, निश्छल। | ಕಪಟವಿಲ್ಲದ | कपटविल्लद | guileless, sincere, straightforward, honest. |
| **निष्कर्म** | वि. | 1. जो कोई कर्म न करता हो, निष्क्रिय; | ಕೆಲಸವಿಲ್ಲದ; | केलसविल्लद; | inactive, renouncing the acts; |
| | | 2. जो कर्म करने पर भी उसमें आसक्त या लिप्त न होता हो, अकर्मा। | ಅನಾಸಕ್ತ | अनासक्त | working without attachment. |
| **निष्कर्ष** | पु. | 1. विचार-विमर्श या सोच-विचार के उपरांत निकलनेवाला परिणाम या स्थिर होनेवाला सिद्धान्त, निश्चय; | ಸಿದ್ಧಾಂತ; | सिद्धांत; | conclusion, inference, decision; |
| | | 2. किसी बात, वक्तव्य का सार, सारांश,निचोड़। | ಸಾರಾಂಶ | सारांश | essence of anything, chief or main point, gist. |
| | | 2. न्यास या अमानत के रूप में रखा हुआ, जमा किया हुआ; | ಅಮಾನತ್ತಿನಲ್ಲಿಟ್ಟ; | अमानत्तिन-नल्लिट्ट; | deposited, trusted; |
| | | 3. दिया या सौंपा हुआ, निहित। | ಒಪ್ಪಿಸಿದ, ಇರಿಸಲು ಕೊಟ್ಟ, ನಿಹಿತ | ऑप्पिसिद, इरिसलु कॉट्ट, निहित | delivered, vested, bestowed, entrusted. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **न्याय** | पुं. | 1. ऐसा आचरण या व्यवहार जिसमें नैतिक दृष्टि से किसी प्रकार का अनौचित्य, पक्षपात या बेईमानी न हो, इंसाफ; | ನ್ಯಾಯ; | न्याय; | justice, equity, righteousness, honesty, fairness; |
| | | 2. विवाद आदि के प्रसंगों में आधिकारिक रूप में उचित–अनुचित का निर्णय तथा दंड आदि का निश्चय करना, निर्णयन; | ಯೋಗ್ಯಾಯೋಗ್ಯ, ನಿರ್ಣಯ; | योग्यायोग्य निर्णय; | judging, deciding, decreeing; |
| | | 3. उक्त के संबंध में आधिकारिक रूप से होनेवाला निर्णय या निश्चय, फैसला; | ನ್ಯಾಯಿಕ ನಿರ್ಣಯ; | न्यायिक निर्णय; | judicial decision, |
| | | 4. गौतम मुनि द्वारा प्रणीत न्याय–दर्शन; | ಗೌತಮೋಕ್ತ ನ್ಯಾಯದರ್ಶನ; | गौतमोक्त न्यायदर्शन; | a system of Hindu philosophy founded by the sage Gautma, the Nyaya philosophy; |
| | | 5. तर्कशास्त्र। | ತರ್ಕಶಾಸ್ತ್ರ | तर्कशास्त्र | the science of logic, logical philosophy. |
| **न्यायपरता** | स्त्री. | न्यायपरक या न्यायपरायण होने की अवस्था या भाव, न्यायपरायणता, न्यायशीलता, औचित्य, सच्चाई, ईमानदारी। | ನ್ಯಾಯಪರತೆ | न्यायपरते | justness, justice, fairness, equitability, honesty. |
| **न्याय–परायण** | वि. | न्यायपूर्ण आचरण करने वाला, न्यायशील, सच्चा, ईमानदार। | ನ್ಯಾಯಪರಾಯಣ | न्यायपरायण | just, fair, equitable, honest, righteous. |
| **न्यायपरायणता** | स्त्री. | दे. 'न्यायपरता'। | ನೋಡಿ "न्यायपरता" | नोडि "न्यायपरता' | see 'न्यायपरता'. |
| **न्यायमूर्ति** | पुं. | उच्चतम न्यायलय के न्यायज्ञ या न्यायकर्ता की उपाधि। | ನ್ಯಾಯಾಧಿಪತಿ, ಜಡ್ಜ್, ಉಚ್ಚತಮ ನ್ಯಾಯಾಲಯದ ನ್ಯಾಯಾಧೀಶ | न्यायाधिपति, जड्ज्, उच्चतम न्यायालयद न्यायाधीश | justice, a judge of supreme court. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **न्यायसंगत** | वि. | 1. जो न्याय की दृष्टि से ठीक हो, न्यायोचित, न्याय्य,न्यायपूर्ण, विधिसंगत; | ನ್ಯಾಯೋಚಿತ; | न्यायोचित; | just, justified, lawful; |
| | | 2. उचित, यथोचित, तर्कसंगत, औचित्यपूर्ण। | ಔಚಿತ್ಯವುಳ್ಳ, ತರ್ಕ ಸಂಗತವಾದ | औचित्यवुळ्ळ, तर्कसंगतवाद | proper, equitable, fair. |
| **न्यायाधिकरण** | पुं. | विवादग्रस्त विषयों पर निर्णय देनेवाला न्यायालय या अधिकारी वर्ग। | ನ್ಯಾಯಾಧಿಕರಣ | न्यायाधिकरण | tribunal. |
| **न्यायाधिपति** | पुं. | दे. 'न्यायमूर्ति'। | ನೋಡಿ न्यायमूर्ति | नोडि "न्यायमूर्ति" | see 'न्यायमूर्ति.' |
| **न्यायाधीश** | पुं. | न्यायालय का वह अधिकारी जो विवादग्रस्त विषयों पर अपना निर्णय देता है। | ನ್ಯಾಯಾಧೀಶ | न्यायाधीश | judge. |
| **न्यायालय** | पुं. | वह स्थान जहां पर न्यायधीश न्याय करता हो, अदालत, कचहरी। | ನ್ಯಾಯಾಲಯ | न्यायालय | court (of law). |
| **न्यायिक** | वि. | 1. न्यायालय संबंधी, न्यायालय का, न्यायालय द्वारा प्रवर्तित या किया हुआ, अदालती; | ನ್ಯಾಯಾಲಯದ; | न्यायालयद; | judicial, juridicial; |
| | | 2. न्यायसम्मत, न्यायपूर्ण, उचित। | ನ್ಯಾಯಸಮ್ಮತ ವಾದ | न्यायसम्मत | just, justified, fair, equitable. |
| **न्यायी** | पुं. | वह जो न्याय करता हो, पक्षपातरहित, न्यायपरायण, इन्साफी, ईमानदार। | ನ್ಯಾಯ ನೀಡುವವ | न्याय नीडुवव | just, equitable, honest, fair, righteous. |
| **न्यायोचित** | वि. | न्यायसंगत, न्यायपूर्ण, सच्चा, पक्षपातरहित। | ಪಕ್ಷಪಾತ ವಿಲ್ಲದ, ನ್ಯಾಯೋಚಿತ | पक्षपातविल्लद, न्यायोचित | just, equitable, fair, right. |
| **न्याय्य** | वि. | दे. 'न्यायोचित'। | ನೋಡಿ "न्यायोचित" | नोडि "न्यायोचित" | see 'न्यायोचित'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **न्यारा** | वि. | 1. पृथक्, अलग, जुदा; | ಬೇರೆಯಾದ, ಬೇರ್ಪಟ್ಟ; | बेरयाद, बेर्पट्ट; | separate, separated; |
| | | 2. भिन्न, अन्य, दूसरा; | ಬೇರೆಯದಾದ; | बेरयदाद; | different, distinct; |
| | | 3. जो अपने किसी विलक्षण गुण या विशेषता के कारण औरों से भिन्न और श्रेष्ठ हो, निराला, अनोखा। | ತನ್ನದೇ ಆದ ವಿಶೇಷತೆಯುಳ್ಳ | तन्नदे आद विशेषतयुळ्ळ | extraordinary, uncommon, rare, unique, novel. |
| **न्यास** | पुं. | 1. कोई चीज कहीं जमा करके या बैठाकर रखना, स्थापित करना; | ಸ್ಥಾಪಿಸುವಿಕೆ; | स्थापसुविकं; | placing, putting down or upon, planting; |
| | | 2. किसी चीज के कहीं रखे जाने के फलस्वरूप उस स्थान पर बननेवाला चिह्न या निशान; | ಸ್ಥಾಪಿಸಿದ್ದಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಡಿದ ಚಿಹ್ನೆ; | स्थापिसिद्द-क्कागि माडिद चिह्नं; | hence, any impression, mark, stamp, print; |
| | | 3. धरोहर, अमानत, थाती; | ಅಮಾನತ್ತು; | अमानत्तु; | pledge, deposit; |
| | | 4. किसी विशिष्ट कार्य के लिए अलग किया हुआ वह धन या संपत्ति जो कुछ विश्वस्त व्यक्तियों को इस दृष्टि से सौंपी गई हो कि वे दाता की इच्छा के अनुसार उसका उचित उपयोग और व्यवस्था करेंगे; | ವಿಶೇಷಕಾರ್ಯಕ್ಕಾಗಿ ಸುರಕ್ಷಿತಗೊಳಿಸಿದ ಧನ, ಟ್ರಸ್ಟು; | विशेष कार्यक्कागि सुरक्षितगॊळि-सिद धन, ट्रस्टु; | trust; |
| | | 5. उक्त प्रकार के धन की व्यवस्था करनेवालों की समिति; | ಧರ್ಮದರ್ಶಿಗಳ ಸಮಿತಿ; | धर्मदर्शिगळ समिति; | commitee of the trustees; |
| | | 6. चीजें चुन या सजाकर यथा- स्थान रखना, विन्यास। | ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ಸಜ್ಜುಗೊಳಿಸಿ ಇಡುವಿಕೆ | वस्तुगळन्नु सज्जुगॊळिसि इडुविकं | arrangement. |
| **न्यासधारी** | वि.,पुं. | न्यास या धरोहर रखनेवाला। | ನ್ಯಾಸಧಾರಿ | न्यासधारि | trustee. |
| **न्यासी** | वि.,पुं. | वह जिसे किसी कार्य विशेष के लिए कुछ धन या संपत्ति सौंपी गई हो। | ನ್ಯಾಸಿ, ಧರ್ಮದರ್ಶಿ | न्यासि, धर्मदर्शि | trustee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **न्यून** | वि. | 1. आवश्यकता या उचित से कम, थोड़ा;<br>2. किसी की तुलना में घटकर या हल्का;<br>3. अपूर्ण;<br>4. छोटा। | ಸಾಲದಾಗಿ (ಕಡಿಮೆ) ಇರುವ;<br>ಅನುಪಾತದಲ್ಲಿ ಕಡಿಮೆಯಾದ;<br>ಅಪೂರ್ಣ;<br>ಸಣ್ಣದಾದ | सालदागि (कडिमे) इरुव;<br>अनुपातदल्लि कडिमेयाद;<br>अपूर्ण;<br>सण्णदाद | less;<br>lower, inferior;<br>deficient, wanting;<br>small. |
| **न्यूनतम** | वि. | 1. जो सबसे कम, थोड़ा या संक्षिप्त हो, अल्पतम, लघुतम, कम से कम;<br>2. जो सबसे घटकर हो, निम्नतम। | ಕನಿಷ್ಠ | कनिष्ठ | minimum, minimal;<br>lowest, inferiormost. |
| **न्यूनता** | स्त्री. | 1. न्यून होने की अवस्था या भाव, अल्पता, कमी;<br>2. हीनता, घटकर होने की अवस्था या भाव;<br>3. त्रुटि, अपूर्णता। | ಕೀಳಾಗಿರುವಿಕೆ;<br>ಹೀನವಾದ;<br>ಅಪೂರ್ಣವಾದ | कीळागिरुविके;<br>हीनवाद;<br>अपूर्णवाद | shortage, paucity, lack, scarcity;<br>inferiority;<br>incompleteness, want, deficiency, defect. |
| **न्यूनाधिक** | वि. | जो कुछ बातों में कहीं कुछ कम और कुछ बातों में कहीं कुछ अधिक हो। | ಹೆಚ್ಚೂ ಕಡಿಮೆ | हेच्चू कडिमे | more or less. |
| **न्योतना** | स.क्रि. | न्यौता या निमन्त्रण देना। | ನಿಮಂತ್ರಿಸು; ಕರೆ | निमंत्रिसु, करे | to invite. |
| **न्योतनी** | स्त्री. | मंगल अवसरों पर दिया जानेवाला भोज। | ಶುಭಸಂದರ್ಭದಲ್ಲಿನ ಔತಣದ ಊಟ | शुभसंदर्भदल्लिन औतणद ऊट | a feast given on festive occasions. |
| **न्योता** | पुं. | 1. घर पर होनेवाले किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने के लिए किसी से कहना, निमंत्रण;<br>2. वह धन जो शुभ अवसरों पर इष्ट मित्रों के यहां से न्योता आने पर दिया या भेजा जाता है। | (ಶುಭಕಾರ್ಯದಲ್ಲಿ) ನಿಮಂತ್ರಣ, ಕರೆ;<br>ಇಷ್ಟ ಮಿತ್ರರ ನಿಮಂತ್ರಣ ಬಂದಾಗ ಕಳಿಸಲ್ಪಡುವ ಹಣ | (शुभकार्यदल्लि) निमंत्रण, करे;<br>इष्ट मित्रर निमंत्रण बंदाग कळिसल्पडुव हण | invitation;<br>money given in lieu of invitation. |
| **पंक** | पुं. | कीचड़। | ಕೆಸರು | केसरु | mud. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पंकज** | पुं. | कमल। | ಕಮಲ | कमलं | lotus. |
| **पंक्ति** | स्त्री. | 1. वह समूह जिसमें प्रायः सजातीय पदार्थ या व्यक्ति एक दूसरे के पीछे या बगल में क्रमशः स्थित हों, श्रेणी, कतार;<br>2. भोज में एक साथ खानेवालों की पांत;<br>3. एक ही सीध में दूर तक बनी हुई रेखा, लकीर। | ಪಂಕ್ತಿ, ಸಾಲು;<br>ಭೋಜನದಲ್ಲಿ ಊಟಕ್ಕೆ ಕುಳಿತವರ ಪಂಕ್ತಿ<br>ನೆಟ್ಟಗೆ ಎಳೆದ ರೇಖೆ | पंक्ति, सालु;<br>भोजनदल्लि ऊटक्कं कुळितवर पंक्ति<br>नेट्टगं एळेद रेखं | queue, series;<br>company of persons eating together;<br>line, row. |
| **पंक्तिबद्ध** | वि. | जो एक सीध में खड़े या लगे हों अथवा खड़े किए या लगाए गये हों। | ಸಾಲಾಗಿರುವ, ಸಾಲಾಗಿ ಜೋಡಿಸಿದ | सालागिरुव, सालागि जोडिसिद | arranged in a line or row. |
| **पंख** | पुं. | पक्षियों का तथा कुछ जंतुओं का वह अंग जिससे वे उड़ते हैं। | ರೆಕ್ಕೆ | रेक्कं | wing, feather. |
| **पंखड़ी(पांखुड़ी)** | स्त्री. | फूल के अंग के रूप में होनेवाले वे कोमल दल जिनके संयोग से उसका मुख्य रूप बनता है। | ಹೂವಿನ ರೇಕು | हूविन रेकु | petal. |
| **पंखा** | पुं. | वह वस्तु जिससे हवा की जाती है। | ಬೀಸಣಿಗೆ | बीसणिगं | fan. |
| **पंखी** | स्त्री. | 1. छोटा पंखा;<br>2. मुलायम और (हल्की) ऊन की बनी चादर। | ಪುಟ್ಟ ಬೀಸಣಿಗೆ | पुट्ट बीसणिगं | small fan;<br>soft and light woollen sheet. |
| **पंगत (पांति)** | स्त्री. | भोज में एक साथ खानेवालों की पांत। | ಪಂಕ್ತಿ | पंक्ति | row of people sitting down at a meal. |
| **पंगु** | वि. | जो पांव के बेकार होने से चल–फिर न सकता हो। | ಅಂಗಹೀನ, ಹೆಳವ | अंगहीन, हंळवं | lame, crippled. |
| **पंच** | वि. | पांच। | ಐದು | ऐदु | five. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | 1. पांच या अधिक मनुष्यों का समूह; | ಐದು ಮಂದಿ; | ऐदु मंदि; | assembly of (originally) five men; |
| | | 2. पंचायत का सदस्य; | ಪಂಚಾಯತಿಯ ಸದಸ್ಯ; | पंचायतिय सदस्य; | member of the 'Panchayat'; |
| | | 3. न्याय करनेवाली सभा; 4. आपस के झगड़ों का निर्णय करने के लिए चुना गया व्यक्ति। | ಪಂಚಾಯತಿಯ ಸಭೆ; ನ್ಯಾಯ ತೀರ್ಮಾನ ಕ್ಕಾಗಿ ಏರ್ಪಡಿಸಿದ ಸಭೆ, ಪಂಚಾಯತಿ | पंचायतिय सभे; न्याय तीर्मानक्कागि एर्पडिसिद सभे, पंचायति | body of arbitrators; juror. |
| पंचक | वि. | पांच अवयववाला। | ಐದು ಅಂಗಗಳುಳ್ಳ, ಪಂಚಕ | ऐदु अंगगळुळ्ळ, पंचक | consisting of five components. |
| | पुं. | फलित ज्योतिष में धनिष्ठा से रेवती तक के पांच नक्षत्र जिसमें शुभ कार्य का आरंभ निषिद्ध है तथा किसी दुर्घटना का होना बहुत अशुभ माना जाता है। | (ಜ್ಯೋತಿಷ) ಧನಿಷ್ಠಾ ನಕ್ಷತ್ರ ದಿಂದ ರೇವತಿ ನಕ್ಷತ್ರದ ವರೆಗಿನ ಐದು ನಕ್ಷತ್ರಗಳ ಯೋಗ | (ज्योतिष) धनिष्ठा नक्षत्रदिंद रेवति नक्षत्रद वरेगिन ऐदु नक्षत्रगळ योग | the pentad of five planets beginning from Dhanistha and ending in Rewati when auspicious ceremonies are not performed. |
| पंचगुना | वि. | किसी एक अनुपात, मान या मात्रा में उसी जैसे पांच के बराबर हो जाना। | ಐದರಷ್ಟು | ऐदरष्टु | five-fold, quintuple. |
| पंच–तत्व | पुं. | पृथ्वी, जल, आग, वायु और प्रकाश-ये पांचों तत्व। | ಪಂಚಭೂತಗಳು (ಪೃಥ್ವಿ, ಅಪ್, ತೇಜ, ವಾಯು, ಆಕಾಶ) | पंचभूतगळु (पृथ्वि, अप, तेज, वायु, आकाश) | the five elements taken collectively i.e. the earth, water, fire, air and space. |
| पंचनामा | पुं. | 1. वह पत्र जिस पर पंचों का निर्णय लिखा हो, | ಪಂಚಾಯತಿ ತೀರ್ಪು ಪತ್ರ | पंचायति तीर्पुपत्र; | arbitration bond, award; |
| | | 2. पत्र जिसके अनुसार दो विरोधी पक्षों ने अपना निर्णय कराने के लिए किसी को पंच चुना हो। | ಎರಡು ಗುಂಪು ಗಳಲ್ಲಿನ ಜಗಳವನ್ನು ತೀರ್ಮಾನಿಸಲು ಆರಿಸಿದ ಜನ, ಪಂಚಾಯಿತರು | एरडु गुंपुगळल्लिन जगळवन्नु तीर्मानिसलु आरिसिद जन, पंचायितरु | an agreement or deed according to which an arbitrator is appointed by the contending parties |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पंच—भूत** | पुं. | भारतीय दर्शन के अनुसार आकाश, वायु, अग्नि, जल, और पृथ्वी-ये पांच मूल तत्व जिनसे सृष्टि की रचना हुई है। | ಪಂಚಭೂತಗಳು | पंचभूतगळु | the five elements: earth, air, fire, water and ether or space. |
| **पंचम** | वि. | 1. पांचवां; | ಐದನೆಯ; | ऐदनेय; | the fifth, forming a fifth part; |
| | | 2. संगीतशास्त्र में सरगम का पांचवां स्वर; | (ಸಂಗೀತ) ಪಂಚಮ (ಸ್ವರ); | (संगीत) पंचम (स्वर); | the fifth note in kind of musical strain; |
| | | 3. व्यंजनों में प्रत्येक वर्ग का अंतिम वर्ण। | ವರ್ಗೀಯ ವ್ಯಂಜನಗಳಲ್ಲಿ ವರ್ಗದ ಕೊನೆಯ ವರ್ಣ | वर्गीय व्यंजन-गळल्लि वर्गद कॊनॆय वर्ण | the fifth consonant of a class of Devnagari characters i.e. a nasal. |
| **पंचमांगी** | पुं. | किसी देश या राज्य का वह निवासी जो दूसरे देशों के साथ गुप्त संबंध स्थापित करके अपने देश को हानि पहुंचाता हो, शत्रुओं के साथ मिला हुआ, देशद्रोही। | ದೇಶದ್ರೋಹಿ; ಐದನೆಯ ಕಾಲಮಿಗೆ ಸೇರಿದವ | देशद्रोहि, ऐदनॆय कालमिगॆ सेरिदव | a fifth columnist, a traitor. |
| **पंचमी** | स्त्री. | 1. पक्ष की पांचवीं तिथि; | ಪಂಚಮಿ ತಿಥಿ; | पंचमि तिथि; | the fifth day of the half month; |
| | | 2. व्याकरण में अपादान कारक और उसकी विभक्ति। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಪಂಚಮಿ ವಿಭಕ್ತಿ | (व्याकरण) पंचमि विभक्ति | the fifth or ablative case (or its termination), a word in the ablative. |
| **पंच—मेल** | वि. | 1. जिसमें पांच तरह की चीजें मिली हों; | ಐದು ಬಗೆ ಪದಾರ್ಥಗಳು ಬೆರೆತ; | ऐदु बगॆ पदार्थगळु बॆरॆत; | mixture of five different ingredients, medley; |
| | | 2. जिसमें सब तरह की चीजें मिलीजुली हों। | ನಾನಾ ಬಗೆಗಳು ಮಿಶ್ರಣಗೊಂಡು ಇರುವ | नाना बगॆगळु मिश्रणगॊंडु इरुव | hotch-potch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पंचशील | पुं. | 1. बौद्धधर्म में सदाचार की पांच पालनीय मुख्य बातें–अस्तेय, अहिंसा, सत्य, बह्मचर्य और मादक पदार्थों का परित्याग; | ಪಂಚಶೀಲ- (ಅಸ್ತೇಯ, ಅಹಿಂಸೆ, ಸತ್ಯ, ಬ್ರಹ್ಮಚರ್ಯ, ಮಾದಕ ದ್ರವ್ಯ ತ್ಯಾಗ); | पंचशील- (अस्तेय, अहिंसे, सत्य, ब्रह्मचर्य, मादक द्रव्य त्याग); | the five chief principles of conduct of Buddhism; |
| | | 2. बांडुंग सम्मेलन में 1954 में पंडित नेहरू द्वारा प्रतिपादित पांच राजनीतिक सिद्धान्त–पारस्परिक सम्मान, अनाक्रमण, अहस्तक्षेप, समानता और सहअस्तित्व। | (ರಾಜನೀತಿ) ಪಂಡಿತ ಜವಾಹರ ಲಾಲರಿಂದ ಪ್ರತಿಪಾದಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಪಂಚಶೀಲ- ಪಾರಸ್ಪರಿಕ ಗೌರವ, ಅನಾಕ್ರಮಣ, ಅಹಸ್ತಕ್ಷೇಪ, ಸಮಾನತೆ, ಸಹ ಅಸ್ತಿತ್ವ | (राजनीति) पंडित जवाहरलालरिंद प्रतिपादिसल्पट्ट पंचशील – पारस्परिक गौरव, अनाक्रमण, अहस्तक्षेप समानते, सह-अस्तित्व | the five basic principles of international conduct designed to achieve and consolidate world-peace, first enunciated by Jawaharlal Nehru in Bandung Conference in 1954. |
| पंचांग | पुं. | वह पंजी या पुस्तिका जिसमें आकाशस्थ ग्रह–नक्षत्रों की दैनिक स्थिति बताई गई हो। | ಪಂಚಾಂಗ | पंचांग | almanac. |
| पंचांग–वर्ष | पुं. | पंचांग के अनुसार आदि से अंत तक संपूर्ण वर्ष। | ಪಂಚಾಂಗ ವರ್ಷ | पंचांग वर्ष | calendar year. |
| पंचाट | पुं. | विवाद के संबंध में पंचों का किया हुआ निर्णय। | ಪಂಚಾಯಿತರ ನಿರ್ಣಯ | पंचायतर निर्णय | award, arbitral award. |
| पंचानवे | वि. | जो गिनती में नब्बे से पांच अधिक हो। | ತೊಂಬತ್ತೈದು | तोंबत्तैदु | ninety-five. |
| | पुं. | पंचानवे की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है–95. | ತೊಂಬತ್ತೈದರ ಸಂಖ್ಯೆ | तोंबत्तैदर संख्ये | the number ninety-five. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पंचामृत | पुं. | 1. दूध, दही, घी, मधु और चीनी के मिश्रण से बना हुआ पदार्थ जिसमें देवमूर्ति को स्नान कराया जाता है तथा पीछे प्रसाद में ग्रहण किया जाता है; | ಪಂಚಾಮೃತ (ಹಾಲು, ತುಪ್ಪ, ಮೊಸರು, ಜೇನು, ಸಕ್ಕರೆ); | पंचामृत (हालु, तुप्प, मॊसरु, जेनु, सक्करॆ); | five kinds of divine food (viz. milk, coagulated or sour milk , butter, honey and sugar ; |
| | | 2. वैद्यक में पांच औषधियां गिलोय, गोखरु, मुसली, गोरखमुंडी और शतावरी। | (ವೈದ್ಯಕೀಯ) ಐದು ಔಷಧಿಗಳು | (वैद्यकीय) ऐदु औषधिगळु | in Indian ancient medical system particular five drugs. |
| पंचायत | स्त्री. | 1. पंचों की सभा; | ಪಂಚಾಯತಿ ಸಭೆ; | पंचायति सभॆ; | village assembly; |
| | | 2. विवाद के संबंध में पंचों द्वारा किया जानेवाला विचार या निपटारा; | ಪಂಚಾಯಿತರ ನಿರ್ಣಯ; | पंचायितर निर्णय; | arbitration; |
| | | 3. बिरादरी या समाज के लोगों की वह सभा जिसमें झगड़ों पर विचार किया जाता है और उनका निबटारा किया जाता है। | ಪರಸ್ಪರ ವ್ಯವಹಾರ ಬಗೆ ಹರಿಸುವ ಪಂಚಾಯತಿ ಸಭೆ | परस्पर व्यवहार बगॆ हरिसुव पंचायति सभॆ | a meeting of any particular society (generally as a court of enquiry), court of arbitration (consisting of five or more members). |
| पंचायती | वि. | 1. पंचायत संबंधी, पंचायत का; | ಪಂಚಾಯತಿಗೆ ಸಂಬಂಧಪಟ್ಟ; | पंचायतिगॆ संबंधपट्ट; | pertaining to 'panchayat' or community; |
| | | 2. जिस पर अनेक व्यक्तियों का अधिकार हो; | ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಧಿಕಾರಕ್ಕೆ ಒಳಗಾದ; | सार्वजनिक अधिकारक्कॆ ऒळगाद; | common, no body's business; |
| | | 3. जनता के प्रतिनिधियों द्वारा संचालित। | ಜನರ ಪ್ರತಿನಿಧಿಗಳಿಂದ ನಡೆಸಲ್ಪಡುವ | जनर प्रतिनिधिगळिंद नडॆसल्पडुव | public. |
| पंछी | पुं. | पक्षी, चिड़िया। | ಪಕ್ಷಿ, ಹಕ್ಕಿ | पक्षि, हक्कि | bird. |
| पंजर | पुं. | 1. हड्डियों का ढांचा; ठठरी, कंकाल; | ಅಸ್ಥಿಪಂಜರ; | अस्थिपंजर; | skeleton; |
| | | 2. पिंजरा। | ಪಂಜರ | पंजर | cage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजा | पुं. | 1. एक ही तरह की पांच वस्तुओं का समूह; | ಐದು ವಸ್ತುಗಳ ಸಮೂಹ; | ऐदु वस्तुगळ समूह | a collection of five things (of the same kind); |
| | | 2. हाथ या पैर का वह भाग जिसमें हथेली या तलवा और पांचों उंगलियां होती हैं; | (ಕೈ-ಕಾಲು) ಐದು ಬೆರಳುಗಳು; | (कै-कालु) ऐदु बेरळुगळु; | the five fingers or toes; |
| | | 3. उंगलियों और हथेलियों का संपुट जिससे चीजें उठाई या पकड़ी जाती हैं अथवा जिससे पशुपक्षी प्रहार करते हैं; | ಪಂಜ; | पंज; | claw, paw; |
| | | 4. जूते का अगला भाग जिसमें पंजा रहता है। | ಮೆಟ್ಟಿನ ಮುಂಭಾಗ | मेट्टिन मुंभाग | the fore-part of a foot wear. |
| पंजी | स्त्री. | हिसाब या विवरण लिखने की पुस्तिका। | ದಾಖಲೆ ಪುಸ್ತಕ, ರಿಜಿಸ್ಟರು | दाखले पुस्तक, रिजिस्टरु | register. |
| पंजीकरण | पुं. | किसी लेख या लेखे का पंजी में लिखा जाना। | ರಿಜಿಸ್ಟ್ರೇಷನ್ನು | रिजिस्ट्रेषन्नु | registration. |
| पंजीकार | पुं. | पंजी में लिखनेवाला, मुनीम, आय–व्यय आदि का लेखक। | ರಿಜಿಸ್ಟ್ರಾರ್ | रिजिस्ट्रार् | clerk or registrar. |
| पंजीकृत | वि. | जिसका पंजीकरण हुआ हो। | ರಿಜಿಸ್ಟರಾದ | रिजिस्टराद | registered. |
| पंजीयन | पुं. | किसी लेख या लेखे का किसी कार्यालय की पंजी में (विशेषतया राजकीय पंजी में) लिखा जाना। | ನೋಂದಣಿ, ದಾಖಲಾತಿ | नोंदणि, दाखलाति | registration. |
| पंजीरी | स्त्री. | धनिया, सोंठ आदि का चीनी मिला हुआ चूर्ण और घी में भुना हुआ आटा जिसका प्रयोग प्रायः नैवेद्य के लिए करते हैं। | ಶುಂಠಿ ಧನಿಯಾ ಸಕ್ಕರೆ ಬೆರೆಸಿ ತುಪ್ಪದಲ್ಲಿ ಹುರಿದು ಮಾಡಿದ ಚೂರ್ಣ | शुंठि धनिया सक्करे बेरेसि तुप्पदल्लि हुरिदु माडिद चूर्ण | a typical preparation of wheat-flour fried in ghee and sugar mixed with ground coriander seeds and dry ginger administered to |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | puerperal woman or distributed as prasad. |
| **पंडा** | पुं. | तीर्थ, मंदिर या घाट पर धर्मकृत्य करानेवाला ब्राह्मण। | ಪುರೋಹಿತ, ಪೂಜಾರಿ. | पुरोहित, पूजारि | Hindu priest functioning at river banks etc. where pilgrims congregate. |
| **पंडाल** | पुं. | किसी संस्था, सभा आदि के अधिवेशन के लिए बना हुआ बड़ा मंडप। | ಚಪ್ಪರ, ಪೆಂಡಾಲು, ಮಂಟಪ | चप्पर, पेंडालु, मंटप | huge pavilian, marquee. |
| **पंडित** | वि. | कुशल, दक्ष, निपुण। | ಪಂಡಿತ | पंडित | learned (person). |
| | पु. | 1. ब्राह्मणों के नाम के पूर्व लगनेवाली आदरसूचक उपाधि; | (ಆದರದಲ್ಲಿ) ಪಂಡಿತ; | (आदरदल्लि) पंडित; | a title of respect of Hindus who are learned in the Brahmanical theology; |
| | | 2. शास्त्रों का ज्ञाता। | ಶಾಸ್ತ್ರಜ್ಞ | शास्त्रज्ञ | a learned man. |
| **पंडिताई** | स्त्री. | 1. विद्वता, पांडित्य; 2. पंडितों की वृत्ति। | ಪಾಂಡಿತ್ಯ; ಪಂಡಿತ ವೃತ್ತಿ | पांडित्य; पंडित वृत्ति | scholarship; the function or profession of a Pandit. |
| **पंडिताऊ** | वि. | पंडितों के ढंग का, पंडितों जैसा। | ಪಂಡಿತರಂತಹ | पंडितरंतह | pedantic, befitting a 'pandit'. |
| **पंथ** | पुं. | 1. मार्ग, रास्ता; 2. धार्मिक मत या संप्रदाय जिसमें विशेष प्रकार की साधना और उपासना पद्वति प्रचलित हो; 3. सिखों का सम्प्रदाय। | ಹಾದಿ; ಧಾರ್ಮಿಕ ಸಂಪ್ರದಾಯ ವಿಶೇಷ; ಸಿಕ್ಖರ ಸಂಪ್ರದಾಯ | हादि; धार्मिक संप्रदाय विशेष; सिक्खर संप्रदाय | path, road; sect, cult; the Sikh panth. |
| **पंद्रह** | वि. | जो गिनती में दस से पांच अधिक हो। | ಹದಿನೈದು | हदिनैदु | fifteen. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—15. | ಹದಿನೈದರ ಸಂಖ್ಯೆ | हदिनैदर संख्यं | the number fifteen |
| **पंद्रहवां** | वि. | क्रम या गिनती में पंद्रह के स्थान पर पड़ने या होनेवाला। | ಹದಿನೈದನೆಯ | हदिनैदनय | fifteenth. |
| **पंप** | पुं. | 1. पानी आदि तरल पदार्थों को ऊपर खींचने की एक कल; | ಪಂಪು; | पंपु; | pump (water-pump); |
| | | 2. साइकिल आदि की ट्यूब में हवा भरने का उपकरण; | (ಟೈರಿಗೆ ಗಾಳಿ) ಪಂಪು; | (टैरिगं गाळि) पंपु; | pump (cycle pump) |
| | | 3. एक प्रकार का जूता। | ಪಂಪ್ ಷೂ | पंप षू | a kind of shoe. |
| **पंसारी** | पु. | नमक मिर्च आदि मसाले तथा साधारण जड़ी—बूटियां बेचनेवाला। | ಪಂಸಾರಿ ವ್ಯಾಪಾರಿ | पंसारि व्यापारि | grocer. |
| **पंसेरी (पसेरी)** | स्त्री. | पांच सेर की तौल या उसका बाट। | ಐದು ಸೇರಿನ ತೂಕದ ಬಟ್ಟು | ऐदु सेरिन तूकद बट्टु | a weight of five sers or seers. |
| **पकड़** | स्त्री. | 1. पकड़ने की क्रिया या भाव; | ಹಿಡಿತ; | हिडित; | the act of holding, gripping etc.; |
| | | 2. कुश्ती में एक बार की भिडंत; | ಕುಸ್ತಿಯ ಪಟ್ಟು; | कुस्तिय पट्टु; | grip or hold in the game of wrestling; |
| | | 3. समझ, दोष या त्रुटि को पहचानने की क्षमता। | ಗುಣ-ದೋಷಗಳನ್ನು ಕಂಡುಕೊಳ್ಳುವ ಶಕ್ತಿ | गुण-दोषगळन्नु कंडुकॊळ्ळुव शक्ति | grasp,characteristic note. |
| **पकड़ना** | स.क्रि. | 1. कोई चीज इस प्रकार हाथ में थामना कि वह गिरे नहीं या इधर—उधर न होने पाए; | ಹಿಡಿ; | हिडि; | to catch, to hold, to grasp; |
| | | 2. खोज निकालना, पता लगाना; | ಪತ್ತೆ ಹಚ್ಚು; | पत्तं हच्चु; | to find out, to discover; |
| | | 3. किसी काम में आगे बढ़े हुए की बराबरी में आ जाना; | ಮುಂದುವರಿದವರ ಮಟ್ಟಕ್ಕೆ ಸರಿ ಸಮನಾಗು; | मुंदुवरिदवर मट्टक्कं सरिसमनागु; | to overtake; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. गिरफ्तार करना, बंदी बनाना। | (ಬಂದಿಯನ್ನಾಗಿ) ಹಿಡಿ | (बंदियन्नागि) हिडि | to capture, to apprehend. |
| पकड़वाना (पकड़ाना) | स.क्रि. | पकड़ने में प्रवृत्त करना या सहायता देना। | ಹಿಡಿಸು, ಹಿಡಿಯು ವಂತೆ ಮಾಡು | हिडिसु, हिडियुवंत माडु | to cause to seize, to get (one). |
| पकना | अ.क्रि. | 1. अनाज, फल आदि का परिपक्व होना या उस अवस्था में पहुंचना जब वे खाने योग्य हो जाते हैं; | ಹಣ್ಣಾಗು; | हण्णागु; | to ripen; |
| | | 2. आंच या गरमी खाकर गलना या नरम होना; | ಬೇಯು; | बेयु; | to be cooked; |
| | | 3. (बालों का) सफेद होना; | (ಕೂದಲು) ನರೆ; | (कूदलु) नरे; | to turn grey or white (hair); |
| | | 4. घाव, फोड़े, फुंसी आदि का ऐसी स्थिति में आना कि उनमें मवाद भर जाए। | (ಹುಣ್ಣು) ಮಾಗು ಅಥವಾ ಪಕ್ವವಾಗು | (हुण्णु) मागु अथवा पक्ववागु | to suppurate. |
| पकवान | पुं. | घी या तेल में तले हुए पदार्थ। | ತುಪ್ಪ ಅಥವಾ ಎಣ್ಣೆಯಲ್ಲಿ ಕರಿದ ಪದಾರ್ಥ | तुप्प अथवा एण्णेयल्लि करिद पदार्थ | preservable dressed food. |
| पकवाना | स.क्रि. | पकाने का कार्य किसी दूसरे से कराना। | ಬೇಯಿಸುವ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿಸು | बेयिसुव केलस माडिसु | to cause to cook or dress |
| पका | वि. | जो पक गया हो। | ಹಣ್ಣಾದ | हण्णाद | cooked, ripe. |
| पकाना | स.क्रि. | 1. ऐसी क्रिया करना जिससे कुछ पके, पकने में प्रवृत्त करना; | ಬೇಯಿಸು; | बेयिसु; | to cook; |
| | | 2. अन्न आदि आंच पर चढ़ा कर इस प्रकार उबालना या तपाना कि वे मुलायम होकर खाने योग्य हो जाए; | ಕುದಿಸು; | कुदिसु; | to boil, to bake; |
| | | 3. कच्चे फलों के सम्बन्ध में ऐसी क्रिया करना जिससे वे मीठे और मुलायम होकर खाने योग्य हो जाएं; | (ಹಣ್ಣು) ಮಾಗು ವಂತೆಮಾಡು; | (हण्णु) मागुवंत माडु; | to ripen; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. कच्ची मिट्टी के बने बरतनों तथा अन्य वस्तुओं को आग में रखकर मजबूत करना जिससे वे सहज में टूटें या गलें नहीं; | (ಮಣ್ಣಿನ ಪಾತ್ರೆ) ಆವೆಯಲ್ಲಿ ಸುಡು; | (मण्णिन पात्रे) आवेयल्लि सुडु; | to season; |
| | | 5. फोड़े आदि को पुलटिस बांधकर इस प्रकार मुलायम करना कि दूषित अंश ऊपर की त्वचा फाड़कर निकल सके। | (ಹುಣ್ಣು) ಪೌಲ್ಟೀಸು ಕಟ್ಟಿ ಹಣ್ಣಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು | (हुण्णु) पोल्टीसु कट्टि हण्णागुवंते माडु | to put (apply) poultice on a boil so that the pus may come out. |
| **पकौड़ी** | स्त्री. | घी या तेल में तली हुई बेसन या पिट्ठी की बड़ी। | ಪಕೋಡ | पकोड | a kind of dish made of peasemeal, pastry filled with pease-meal. |
| **पक्का (स्त्री. पक्की)** | वि. | 1. अच्छी तरह से पक्का या पकाया हुआ; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಹಣ್ಣಾದ ಅಥವಾ ಬೆಂದ; | चेन्नागि हण्णाद अथवा बेंद; | ripe; |
| | | 2. हर तरह से निश्चित और पूरा; | ಪೂರ್ತಿ ನಿಶ್ಚಯವಾದ; | पूर्ति निश्चयवाद; | permanent, lasting; |
| | | 3. चतुर, दक्ष या प्रवीण; | ಚತುರ, ದಕ್ಷ; | चतुर, दक्ष; | expert; |
| | | 4. दृढ़, निश्चित, स्थिर। | ದೃಢವಾದ, ಸ್ಥಿರವಾದ | दृढ़वाद, स्थिरवाद | strong, fix, firm. |
| **पक्व** | वि. | 1. पका या पकाया हुआ; | ಬೆಂದ ಅಥವಾ ಬೇಯಿಸಿದ; | बेंद अथवा बेयिसिद; | cooked, roasted; |
| | | 2. पक्का। | ಪಕ್ವವಾಗಿರುವ | पक्ववागिरुव | ripe, mature. |
| **पक्वता** | स्त्री. | पक्व होने की अवस्था या भाव। | ಪಕ್ವವಾಗಿರುವಿಕೆ | पक्ववागिरुविके | ripeness. |
| **पक्वान्न** | पुं. | पकाई हुई भोज्य वस्तु, पकवान। | ಪಕ್ವಾನ್ನ | पक्वान्न | cooked or dressed food. |
| **पक्वाशय** | पुं. | पेट का वह भीतरी भाग जहां खाया हुआ अन्न जाकर पचता है। | ಹೊಟ್ಟೆ | होट्टे | the stomach. |
| **पक्ष** | पुं. | 1. जीव–जन्तुओं और मनुष्यों की दाहिनी या बाईं ओर का पार्श्व; | ರೆಕ್ಕೆ; | रेक्के; | side; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पक्षियों का डैना; | (ಎಡಬಲ) ಪಕ್ಕ; | (एंड बल) पक्क; | wing; |
| | | 3. चान्द्रमास के दो बराबर भागों में से प्रत्येक भाग जो प्रायः 15 दिनों का होता है; | (ಶುಕ್ಲ-ಕೃಷ್ಣ) ಪಕ್ಷ; | (शुक्ल-कृष्ण) पक्ष; | fortnight; |
| | | 4. किसी विचार, सिद्धांत या तथ्य आदि का एक अंग, एक पहलू; | (ಮಾತಿನ, ವಿಷಯದ) ಪಕ್ಷ; | (मातिन, विषयद) पक्ष; | aspect; |
| | | 5. किसी विषय के सम्बन्ध में विभिन्न मत रखनेवालों का विशिष्ट वर्ग या दल; | ಭಿನ್ನಾಭಿಪ್ರಾಯ ಗಳುಳ್ಳ ಗುಂಪು ಅಥವಾ ಪಾರ್ಟಿ; | भिन्नाभि प्रायगळुळ्ळ गुंपु अथवा पार्टि; | party; |
| | | 6. किसी प्रकार की प्रतियोगिता, विवाद आदि में सम्मिलित होने वाले दलों में से प्रत्येक दल। | (ಆಟ-ಚರ್ಚೆ) ಸ್ಪರ್ಧಿಸುವ ಗುಂಪುಗಳು, ಟೀಮು | (आट-चर्चे) स्पर्धिसुव गुंपुगळु, टीमु | team. |
| **पक्षधर** | पुं. | विवाद आदि में किसी का पक्ष लेने वाला। | ಪಕ್ಷ ಸಮರ್ಥಕ | पक्ष समर्थक | supporter. |
| **पक्षपात** | पुं. | न्याय, अन्याय का विचार त्यागकर अनुचित रूप से किसी पक्ष के प्रति होने वाली अनुकूल वृत्ति। | ಪಕ್ಷಪಾತ | पक्षपात | partiality, favouritism. |
| **पक्षपाती** | वि. | पक्षपात करने वाला। | ಪಕ್ಷಪಾತಿ | पक्षपाति | partial, partisan. |
| **पक्षाघात** | पुं. | एक प्रकार का वात रोग जिसमें शरीर का दायां या बायां पार्श्व पूर्णतः बेकाम और शिथिल हो जाता है। | ಪಕ್ಷವಾತ, ಪಾರ್ಶ್ವವಾಯು | पक्षवात, पार्श्ववायु | paralysis (of one side), hemiplegia. |
| **पक्षी** | पुं. | चिड़िया। | ಪಕ್ಷಿ | पक्षि | bird. |
| **पखवाड़ा (पखवारा)** | पुं. | महीने का आधा भाग, पंद्रह दिनों का समय। | (15 ದಿನಗಳ) ಪಕ್ಷ | 15 दिनगळ) पक्ष | fortnight. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पखारना** | स.क्रि. | पानी से धोना, धोकर साफ करना। | ತೊಳೆ | तॊळॆ | to wash, to cleanse, |
| **पखावज** | स्त्री. | मृदंग के आकार—प्रकार का परन्तु उससे छोटा एक प्रकार का बाजा। | ಮದ್ದಳೆ | मद्दळॆ | a kind of drum. |
| **पखावजी** | वि. | 1. पखावज सम्बन्धी; | ಮದ್ದಳೆಯ; | मद्दळॆय; | pertaining to pakhawaj; |
| | | 2. पखावज बजाने वाला। | ಮದ್ದಳೆ ಬಾರಿಸುವ | मद्दळॆ बारिसुव | one who beats or plays on the pakhawaj. |
| **पग** | पु. | पैर, पांव, डग। | ಕಾಲು, ಹೆಜ್ಜೆ | कालु, हॆज्जॆ | foot, pace. |
| **पगडंडी** | स्त्री. | मनुष्यों के चलने से जंगल, खेत या मैदान में बना हुआ पतला रास्ता। | ಕಾಲುದಾರಿ | कालुदारि | footpath, track. |
| **पगड़ी** | स्त्री. | 1. सिर पर लपेटकर बांधा जाने वाला लंबा कपड़ा; | ರುಮಾಲು, ಪೇಟ; | रुमालु, पेट; | a variety of turban; |
| | | 2. दुकान, मकान आदि किराए पर लेते समय उसके मालिक को अनुकूल एवं संतुष्ट करने के लिए अवैध रूप से दिया जाने वाला धन। | (ಮನೆ-ಅಂಗಡಿಗಳನ್ನು ಬಾಡಿಗೆಗೆ ಕೊಡಲು ಮಾಲೀಕನಿಗೆ ಕೊಡುವ ಲಂಚ) ಪಗಡಿ | (मनॆ-अंगडिगळन्नु बाडिगॆ कॊडलु मालीकनिगॆ कॊडुव लंच) पगडि | gratification money for letting out a house. |
| **पगली** | स्त्री. | पागल स्त्री। | ಹುಚ್ಚಿ | हुच्चि | mad (woman.) |
| **पगहा** | पुं. | ढोर बांधने की रस्सी। | ದನ ಕಟ್ಟುವ ಹಗ್ಗ | दन कट्टुव हग्ग | a rope fastened round the neck or foot of an animal, a fetter. |
| **पगार** | पु. | 1. वेतन; | ಸಂಬಳ; | संबळ; | wages, salary; |
| | | 2. पैरों से कुचलकर जोड़ाई के काम के लिए तैयार किया गया गारा। | ಅರೆದು ತಯಾರಿಸಿದ ಗಾರೆ | अरॆदु तयारिसिद गारॆ | wet earth or clay for building or plastering a wall. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पचड़ा** | पुं. | व्यर्थ की झंझट, बखेड़ा। | ರಗಳೆ | रगळॆ | trouble, mess. |
| **पचना** | अ.क्रि. | 1. पचाया जाना, हज़म होना, खपना; | ಜೀರ್ಣವಾಗು; | जीर्णवागु; | to be digested; |
| | | 2. अधिक परिश्रम से क्षीण होना। | (ಪರಿಶ್ರಮದಿಂದ) ಸವೆಯು | (परिश्रमदिंद) सवॆयु | to labour hard, take pains. |
| **पचपन** | वि. | जो गिनती में पचास से पांच अधिक हो। | ಐವತ್ತೈದು | ऐवत्तैदु | fiftyfive. |
| | पु. | पचपन की बोधक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है–55. | ಐವತ್ತೈದರ ಸಂಖ್ಯೆ | ऐवत्तैदर संख्यॆ | fiftyfive. |
| **पचहत्तर (पछतर)** | वि. | जो गिनती में सत्तर से पांच अधिक हो। | ಎಪ್ಪತ್ತೈದು | ऍप्पतैदु | seventyfive. |
| | पुं. | पचहत्तर की बोधक संख्या जो कि इस प्रकार लिखी जाती है–75. | ಎಪ್ಪತ್ತೈದರ ಸಂಖ್ಯೆ | ऍप्पतैदर संख्यॆ | seventyfive. |
| **पचाना** | स.क्रि. | 1. खाई हुई वस्तु को पक्वाशय की अग्नि से रस में परिणत करना; | ಜೀರ್ಣಿಸು; | जीर्णिसु; | to digest; |
| | | 2. दूसरों का माल हजम करना; | ಗಂಟು ಮುಳುಗಿಸು; | गंटु मुळुगिसु; | to do away with the property of another dishonestly or wrongfully, to embezzel; |
| | | 3. एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ को अपने में समा लेना या विलीन कर लेना। | ವಿಲೀನಗೊಳಿಸು | विलीनगॊळिसु | to assimilate. |
| **पचास** | वि. | जो गिनती में चालीस से दस अधिक हो। | ಐವತ್ತು | ऐवत्तु | fifty. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | पचास की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है–50. | ಐವತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | ऐवत्तर संख्यॆ | fifty |
| पचासी | वि. | जो गिनती में अस्सी से पांच अधिक हो। | ಎಂಬತ್ತೈದು | एंबत्तैदु | eightyfive. |
| | पुं. | पचासी की बोधक संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है–85. | ಎಂಬತ್ತೈದರ ಸಂಖ್ಯೆ | एंबत्तैदर संख्यॆ | eightyfive. |
| पच्चर (पच्चड़) | पुं. | 1. बांस, लकड़ी आदि का वह छोटा पतला टुकड़ा जो दो काठ की चीजों में दरार को भरने के लिए ठोका जाता है; | ಬಿರುಕು ಮುಚ್ಚಲು ಜೋಡಿಸುವ ಮರದ ಪಟ್ಟಿ; | बिरुकु मुच्चलु जोडिसुव मरद पट्टि; | a slip of wood used to fill up a crevice or opening; |
| | | 2. अड़चन, बाधा, रुकावट। | ಅಡ್ಡಿ, ಆತಂಕ, ತಡೆ | अड्डि, आतंक, तडॆ | obstacle. |
| पच्चीकारी | स्त्री. | एक पदार्थ में दूसरे पदार्थ की जड़ाई करने की क्रिया या भाव। | ಬೆಸುಗೆ ಕೆಲಸ, ಪಚ್ಚಿ ಕೆಲಸ | बॆसुगॆ कॆलस, पच्चि कॆलस | mosaic work, inlay work. |
| पच्चीस | वि. | जो गिनती में बीस से पांच अधिक हो। | ಇಪ್ಪತ್ತೈದು | इप्पत्तैदु | twentyfive. |
| | पुं. | पच्चीस की बोधक संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है– 25. | ಇಪ್ಪತ್ತೈದರ ಸಂಖ್ಯೆ | इप्पत्तैदर संख्यॆ | twentyfive. |
| पछताना | अ.क्रि. | अनुचित कार्य करने के बाद में उसके लिए दुःखी होना, पश्चाताप करना। | ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪ ಪಡು | पश्चात्ताप पडु | to repent. |
| पछतावा | पुं. | किसी कार्य के अनौचित्य के बोध से होनेवाली आत्मग्लानि, पश्चाताप। | ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪ | पश्चात्ताप | repentance, remorse, regret. |
| पछाहीं | वि. | 1. पछाहं सम्बन्धी; | ಪಶ್ಚಿಮದ; | पश्चिमद; | pertaining to the west; |
| | | 2. जो पछांह अर्थात् पश्चिम प्रदेश में रहता हो या होता हो। | ಪಶ್ಚಿಮ ದಿಕ್ಕಿನ (ವ) ಲ್ಲಿರುವ | पश्चिम दिक्किन (व)ल्लिरुव | one who lives in the west or is in the west. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पछाड़ | स्त्री. | 1. शोक से मूर्छित होकर पीठ के बल गिर पड़ना, शोक से विह्वल होकर खड़े–खड़े गिर पड़ना; | ಪ್ರಜ್ಞೆ ತಪ್ಪಿ ಬೀಳುವಿಕೆ; | प्रज्ञ तप्पि बीळुविकॆ; | falling back in a swoon. |
| | | 2. पछाड़े जाने की क्रिया या भाव। | ಬೀಳಿಸಲ್ಪಡುವಿಕೆ | बीळिसल्पडुविकॆ | the act of falling. |
| पछाड़ना | स.क्रि. | 1. कुश्ती आदि में किसी को जमीन पर चित्त गिराना; | (ಕುಸ್ತಿಯಲ್ಲಿ) ಚಿತ್ತಾಗಿಸು; | (कुस्तियल्लि) चित्तागिसु; | to throw down; |
| | | 2. किसी को प्रतियोगिता आदि में परास्त करना। | ಸೋಲಿಸು | सोलिसु | to defeat. |
| पछीत | स्त्री. | मकान का पिछवाड़ा, पीछे का भाग। | ಹಿತ್ತಲಿನ ಭಾಗ | हित्तलिन भाग | rear wall or part of a house. |
| पछुआ | वि. | पश्चिम से आने वाली (वायु)। | ಪಶ್ಚಿಮದಿಂದ ಬೀಸುವ (ಗಾಳಿ) | पश्चिमदिंद बीसुव (गाळि) | westerly (wind). |
| पछोड़न | स्त्री. | अनाज पछोड़ने पर निकलने वाला कूड़ा–करकट। | ಕೇರಿದಾಗ ಬರುವ ಹೊಟ್ಟು-ಜಳ್ಳು | केरिदाग बरुव हॊट्टु-जळ्ळु | the chaff which flies off in winnowing. |
| पछोड़ना (पछोरना) | स.क्रि. | अनाज आदि को सूप में रखकर इस प्रकार उछालना और हिलाना कि उससे कूड़ा–करकट निकल कर अलग हो जाए। | ಕೇರು | केरु | to winnow (with a basket used for the purpose). |
| पजावा | पुं. | ईंट पकाने का भट्टा। | ಇಟ್ಟಿಗೆ ಸುಡುವ ಭಟ್ಟಿ | इट्टिगॆ सुडुव भट्टि | brick-kiln. |
| पट | पुं. | 1. वस्त्र, कपड़ा; | ಬಟ್ಟೆ; | बट्टॆ; | garment, raiment, cloth; |
| | | 2. रंग–मंच का परदा; | ಪರದೆ; | परदॆ; | screen (of the stage); |
| | | 3. दरवाजा। | ಬಾಗಿಲು | बागिलु | a door panel. |
| | वि. | 1. जो पेट के बल स्थित हो, औंधा; | ಹೊಟ್ಟೆ ಕೆಳಗಾಗಿ ಮಗುಚಿಕೊಂಡ; | हॊट्टॆ कॆळगागि मगुचिकॊंड; | laying flat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बिलकुल खाली पड़ा हुआ जिसमें या जिस पर कुछ भी न हो; | ಬರಿದಾದ; | बरिदाद; | empty; |
| | | 3. चौपट, बरबाद। | ಹಾಳಾದ | हाळाद | wiped out, destroyed. |
| | अव्य. | अतिशीघ्र, तत्काल। | ಕೂಡಲೆ, ಬೇಗನೆ | कूडले, बेगने | quick. |
| पटकना | स.क्रि. | 1. किसी व्यक्ति या वस्तु को उठाकर झोंके के साथ पृथ्वी आदि पर गिराना; | ಕುಕ್ಕು; | कुक्कु; | to throw (one) down with violence; |
| | | 2. अपना कोई अंग जोर से किसी तल पर गिराना या रखना; | ಕೆಳಗೆ ಹಾಕು; | केळगे हाकु; | to throw down; |
| | | 3. कुश्ती में प्रतिद्वन्द्वी को जमीन पर गिराना या पछाड़ना। | (ಕುಸ್ತಿ) ಎತ್ತಿ ಕುಕ್ಕು | (कुस्ति) एत्ति कुक्कु | to knock down. |
| | अ.क्रि. | सूजन आदि का दबकर कम होना। | (ಬಾವು, ಊತ) ಇಳಿದು ಹೋಗು | (बावु, ऊत) इळिदु होगु | to abate, go down or subside (as swelling or tumour). |
| पटकनी | स्त्री. | पटकने की क्रिया या भाव, पटकान। | ಕುಕ್ಕುವಿಕೆ | कुक्कुविके | a throw or fall (in wrestling etc.), a knock-down. |
| पटका | पुं. | कमर में बांधने का दुपट्टा, कमरबंद। | ನಡುಕಟ್ಟು, ಸೊಂಟಕ್ಕೆ ಕಟ್ಟುವ ಪಟ್ಟಿ | नडुकट्टु, सोंटक्के कट्टुव पट्टि | a cloth worn round the waist, girdle (specially of cloth). |
| पटना | अ.क्रि. | 1. पाटा जाना, भर जाना; | ತುಂಬಿ ಹೋಗು; | तुंबि होगु; | to be filled with; |
| | | 2. स्वभाव आदि में समानता होने के कारण आपस में बनना, अच्छे सम्बन्ध होना; | ಪರಸ್ಪರ ಹೊಂದಿಕೊಳ್ಳು; | परस्पर होंदिकोळ्ळु; | agreeable relations; |
| | | 3. लेन–देन व्यवहार आदि में दोनों पक्षों के ब्यौरे की बातों में सहमति होना। | ಲೇವಾದೇವಿಯಲ್ಲಿ ಎರಡೂ ಪಕ್ಷಗಳ ವಿವರದ ಮಾತಿನಲ್ಲಿ ಒಪ್ಪಂದವಾಗು | लेवादेवियल्लि एरडू पक्षगळ विवरद मातिनदल्लि ओप्पंदवागु | to agree (on certain things), to settle a matter. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पटरा | पु. | 1. काठ का लम्बा चौकोर और चौरस चीरा हुआ टुकड़ा, तख्ता; | ಹಲಗೆ; | हलगें; | a plank; |
| | | 2. खेत की मिट्टी बराबर करने का पाटा। | ಹೊಲವನ್ನು ಸಮ ಮಾಡುವ ಹಲಗೆ | हॊलवन्नु सम माडुव हलगें | a long thick plank used as a harrow, |
| पटरानी | स्त्री. | राजा की प्रायः प्रथम और प्रमुख पत्नी। | ಪಟ್ಟಮಹಿಷಿ, ಪಟ್ಟದ ರಾಣಿ | पट्ट महिषि, पट्टद राणि | queen consort. |
| पटरी | स्त्री. | 1. छोटा पटरा; | ಚಿಕ್ಕ ಹಲಗೆ; | चिक्क हलगें; | a small wooden plank; |
| | | 2. सड़क के दोनों किनारों पर ऊँचा और संकरा स्थान जो पैदल चलने वालों के लिए होता है; | (ರಸ್ತೆಯ ಎರಡೂ ಕಡೆ ಇರುವ) ಕಾಲುದಾರಿ; | (रस्तॆय ऎरडू कडॆ इरुव) कालुदारि; | rail, pedestrian footpath on either side of the road, a wooden strip; |
| | | 3. नहर के किनारों का रास्ता; | (ನಾಲೆಯ ಎರಡೂ ಕಡೆಯ) ದಾರಿ; | (नालॆय ऎरडू कडॆय) दारि; | the banks of a canal; |
| | | 4. लोहे के लम्बे छड़ जिन पर रेलगाड़ी चलती है। | ರೈಲು ಕಂಬಿ | रैलु कंबि | rails, railtrack. |
| पटल | पु. | 1. छत, छाजन; | ಮಾಳಿಗೆ, ಚಾವಣಿ; | माळिगें, चावणि; | roof, thatch; |
| | | 2. लकड़ी का तख्ता; | ಮರದ ಹಲಗೆ; | मरद हलगें; | table, a wooden plank; |
| | | 3. तह, परत; | ಪದರ; | पदर; | layer. |
| | | 4. (पा.) संसद या विधान–सभा की बेन्च। | (ಪಾರಿಭಾಷಿಕ) ಸಂಸತ್ತಿನ ಅಥವಾ ವಿಧಾನಸಭೆಯ ಡೆಸ್ಕು | (पारिभाषिक) संसत्तिन अथवा विधान सभॆय डॆस्कु | (tech.) desk in parliament or legislative assembly. |
| पटवारी | पु. | गांव की जमीन और उसकी मालगुजारी का लेखा रखने वाला एक सरकारी कर्मचारी। | ಪಟೇಲ, ಗೌಡ (ಜಮೀನು-ಕಂದಾಯಗಳ ಲೆಕ್ಕ ಇಡುವವ) | पटेल, गौड (जमीनु-कंदायगळ लॆक्क इडुवव) | a govt. functionary at the village level who keeps land records. |
| पटसन | पु. | 1. सन या सनई नामक एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी छाल के रेशों से रस्सी, बोरे, गलीचे आदि बनाए जाते हैं; | ಸೆಣಬು ಮತ್ತು ಅದರ ಗಿಡ; | सॆणबु मत्तु, अदर गिड; | jute, sunn. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त पौधों के रेशे। | ಸೆಣಬಿನ ನಾರು | सेणबिन नारु | sunn, hemp. |
| पटाक्षेप | पु. | 1. परदा गिरना या गिराना; | ಪರದೆ ಇಳಿಸುವಿಕೆ; | परदे इळिसुविके; | ringing down the curtain or pushing aside of the stage curtain; |
| | | 2. किसी घटना या बात की होनेवाली समाप्ति। | (ವಿಷಯ) ಸಮಾಪ್ತಿ | (विषय) समाप्ति | closing of an affair. |
| पटाखा (पटाका) | पु. | 1. आतिशबाजी में एक प्रकार की गोली जिसे जमीन पर पटकने से जोर का शब्द होता है; | ಪಟಾಕಿ; | पटाकि; | cracker; |
| | | 2. आतिशबाजी में होने वाला उक्त प्रकार का शब्द। | ಪಟಾಕಿ ಹೊಡೆದುದರಿಂದ ಆದ ಶಬ್ದ | पटाकि होडेदुदरिंद आद शब्द | the report of a cracker. |
| पटान | स्त्री. | पाटने की क्रिया या भाव। | ತುಂಬುವಿಕೆ | तुंबुविके | the act of settling a thing. |
| पटाना | स.क्रि. | 1. पाटने का कार्य किसी अन्य से कराना; | ತುಂಬಿಸು; | तुंबिसु; | to get the thing settled by someone; |
| | | 2. बातचीत के द्वारा किसी को अपने अनुकूल करके क्रय-विक्रय आदि के लिए राजी करना। | ರಾಜಿ ಮಾಡಿಸು | राजि माडिसु | to settle, to conclude, to persuade, to bring round. |
| पटाव | पुं. | 1. पाटने की क्रिया, ढंग या भाव; | ಮೇಲ್ಚಾವಣಿ ಹೊದಿಸುವಿಕೆ; | मेल्चावणि होदिसुविके; | roofing, (the work) covering; |
| | | 2. पाटकर बराबर किया हुआ स्थान। | ಸಮಪಡಿಸಿದ ಸ್ಥಳ | समपडिसिद स्थळ | a levelled place. |
| पटिया | स्त्री. | 1. पत्थर का आयताकार चौरस या लंबोतरा टुकड़ा जो साधारणतः डेढ़ दो इंच से कम नहीं होता; | ಕಲ್ಲಿನ ಅಥವಾ ಮರದ ಆಯತಾಕಾರದ ಹಲಗೆ; | कल्लिन अथवा मरद आयताकारद हलगे; | wooden or stone slab; |
| | | 2. काठ की तख्ती जिस पर बच्चे लिखने का अभ्यास करते हैं; | ಸ್ಲೇಟು; | स्लेटु; | a slip of board (used as a slate for writing on), tablet, slate; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. खाट की पाटी। | ಮಂಚದ ಹಲಗೆ | मंचद हलगॆ | the sides of a charpai (cot). |
| **पटु** | वि. | कुशल, निपुण, प्रवीण। | ನಿಪುಣ, ದಕ್ಷ | निपुण, दक्ष | skilled, dexterous. |
| **पटुआ** | पु. | पाट या सन का पौधा। | ಸೆಣಬಿನ ಗಿಡ | सॆणबिन गिड | the plant Hibiscus Cannabinus, Jute. |
| **पटुता** | स्त्री. | कुशलता, निपुणता। | ನಿಪುಣತೆ | निपुणतॆ | skilfulness, cleverness. |
| **पट्ट** | पु. | लकड़ी आदि का वह बड़ा टुकड़ा जिस पर नाम आदि लिखा जाता है अथवा सूचनाएं आदि लगाई जाती हैं। | ಬೋರ್ಡ್, ಹೆಸರು ಸೂಚನೆಗಳನ್ನು ಬರೆದ ಹಲಗೆ | बोर्ड् हॆसरु सूचनॆगळन्नु बरॆद हलगॆ | plate, board. |
| **पट्टा** | पु. | 1. (पा.) अचल संपत्ति के उपयोग का अधिकार पत्र; | (ಪಾರಿಭಾಷಿಕ) ಹಕ್ಕು ಪತ್ರ, ಗೇಣಿ ಪತ್ರ; | (पारिभाषिक) हक्कु पत्र, गेणि पत्र; | title deed, lease; |
| | | 2. पालतू कुत्ते, बिल्ली आदि के गले में पहनाई जाने वाली चमड़े की पट्टी; | ಸಾಕಿದ ನಾಯಿ ಬೆಕ್ಕು ವಗೈರೆಗಳ ಕತ್ತಿಗೆ ಕಟ್ಟುವ ಪಟ್ಟಿ; | साकिद नायि बॆक्कु वगैरॆगळ कत्तिगॆ कट्टुव पट्टि; | dog – collar; |
| | | 3. चमड़े का कमरबंद; | ಚರ್ಮದ ಪಟ್ಟಿ, ಬೆಲ್ಟು; | चर्मद पट्टि, बॆल्टु; | belt (leather); |
| | | 4. बैठने के लिए बना हुआ काठ का पटरा। | ಕೂಡಲು ಮಾಡಿದ ಹಲಗೆ, ಬೆಂಚು | कूडलु माडिद हलगॆ, बॆंचु | a board on which Hindus sit whilst eating their meals. |
| **पट्टाधारी** | पु. | (पा.) व्यक्ति जिसने किसी निश्चित अवधि के लिए कुछ शर्तों पर जमीन या सम्पत्ति भोग्यार्थ प्राप्त की हो। | ಗೇಣಿದಾರ, ಗುತ್ತಿಗೆದಾರ | गेणिदार, गुत्तिगॆदार | lease-holder. |
| **पट्टी** | स्त्री. | 1. लकड़ी की लंबी और चौरस पटरी जिस पर बच्चे लिखने का अभ्यास करते हैं; | ಸ್ಲೇಟು; | स्लेटु; | wooden plate (for beginners to write on); |
| | | 2. बुरी नीयत से दी जाने वाली सलाह; | ಕೆಟ್ಟ ವಿಚಾರದಿಂದ ಕೊಟ್ಟ ಸಲಹೆ; | कॆट्ट विचारदिंद कॊट्ट सलहॆ; | misguidance; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कपड़े, काठ, धातु आदि का लम्बोतरा, कम चौड़ा और पतला टुकड़ा; | ಅಗಲ ಕಡಿಮೆಯಾದ ಮರದ ಹಲಗೆ ಅಥವಾ ಬಟ್ಟೆಯ ಪಟ್ಟಿ; | अगल कडिमेयाद मरद हलगॆ अथवा बट्टॆय पट्टि; | strap, strip; |
| | | 4. मध्ययुग में किसी संपत्ति अथवा उससे होनेवाली आय का वह अंश जो उसके हिस्सेदार को मिलता था। | ಭಾಗೀದಾರನಿಗೆ ದೊರೆಯುತ್ತಿದ್ದ ಭೂಆದಾಯದ ಪಾಲು | भागीदारनिगॆ दॊरॆयुत्तिद्द भू-आदायद पालु | co-share (particularly in landed property). |
| **पट्टीदार** | पु. | (पा.) संयुक्त संपत्ति के किसी भाग का स्वामी, बराबर का हकदार। | (ಪಾರಿಭಾಷಿಕ) ಅವಿಭಕ್ತ ಆಸ್ತಿಯ ಭಾಗಾಧಿಕಾರಿ | (पारिभाषिक) अविभक्त आस्तिय भागाधिकारि | co-sharer, partner. |
| **पट्टेदार** | पु. | भागी, हिस्सेदार (जमीन आदि में)। | (ಜಮೀನಿನ) ಸಹಭಾಗಿ | (जमीनिन) सहभागि | co-sharer, partner, (in landed property etc.). |
| **पट्ठा** | पु. | 1. कुश्ती लड़नेवाला या पहलवान; | ಪೈಲ್ವಾನ; | पैल्वान; | wrestler; |
| | | 2. एक प्रकार का चौड़ा गोटा; | ಅಗಲವಾಗಿರುವ ರೊಟ್ಟಿ ಅಂಚು; | अगलवागिरुव रॊट्टि अंचु | lace, broad brocade; |
| | | 3. किसी प्रकार का हलदार मोटा और लंबा पत्ता। | ಅಗ್ರವಿರುವ ಎಲೆ | अग्रविरुव ऎलॆ | a long pointed leaf. |
| **पठन** | पुं. | पढ़ने की क्रिया या भाव, पढ़ना। | ಓದುವಿಕೆ | ओदुविकॆ | reading. |
| **पठन-पाठन** | पुं. | पढ़ना और पढ़ाना। | ಓದುವುದು, ಓದಿಸುವುದು | ओदुवुदु, ओदिसुवुदु | reading and studying. |
| **पठार** | पुं. | वह ऊंचा विस्तृत मैदान जो समीपवर्ती निचले प्रदेशों में ढालुए अंश से मिला रहता है तथा जिसका ऊपरी भाग बहुत अधिक चौड़ा तथा चपटा होता है। | ಎತ್ತರವಾಗಿರುವ ಸಮತಳ ಮೈದಾನ, ಪ್ರಸ್ಥಭೂಮಿ | ऎत्तरवागिरुव समतळ मैदान, प्रस्थभूमि | plateau. |
| **पड़ता** | पु. | 1. किसी माल की खरीद या तैयारी का खर्च; | (ವಸ್ತುವನ್ನು) ಕೊಳ್ಳಲು ಅಥವಾ ತಯಾರಿಸಲು ಆಗುವ ವೆಚ್ಚ; | (वस्तुवन्नु) कॊळ्ळलु अथवा तयारिसलु आगुव वॆच्च; | purchase or manufacturing cost; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बिक्री के दामों में से लागत निकाल कर होने वाली बचत। | ಮಾರಾಟದ ಬೆಲೆಯಲ್ಲಿ ತಯಾರಿಸಲು ಆದ ವೆಚ್ಚವನ್ನು ಕಳೆದುಳಿದದ್ದು | माराटद बॆलॆयल्लि तयारिसलु आद वॆच्चवन्नु कळॆदुळिदद्दु | dividend. |
| **पड़ताल** | स्त्री. | 1. अच्छी तरह की जाने वाली छानबीन या देखभाल; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ನೋಡಿ ಮಾಡಿದ ಪರೀಕ್ಷೆ; | चॆन्नागि नोडि माडिद परीक्षॆ; | investigation; |
| | | 2. पटवारी या कानूनगो द्वारा की जानेवाली खेतों की एक विशेष प्रकार की जांच जिसमें बोई हुई फसल बोनेवाले का नाम, सिंचाई आदि का ब्यौरा लिखा जाता है। | ಜಮೀನಿನ ಪುನರ್ಮಾಪನ | जमीनिन पुनर्मापन | remeasurement (of a field). |
| **पड़ती (परती)** | स्त्री. | वह खेत जिसे जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से किसी विशिष्ट ऋतु में जोता-बोया न गया हो। | ಉತ್ಪಾದನಾ ಶಕ್ತಿಯನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲು ಯಾವುದಾದರೊಂದು ಋತುವಲ್ಲಿ ಬೆಳೆಯದೇ ಬಿಡುವ ಜಮೀನು | उत्पादनाशक्ति-यन्नु हॆच्चिसलु यावुदादरॊंदु ऋतुवल्लि बॆळॆयदे बिडुव जमीनु | uncultivated or fallow land, waste-land. |
| **पड़ना** | अ.क्रि. | 1. गिरना; | ಬೀಳು; | बीळु; | to drop; |
| | | 2. शरीक होना; | ಭಾಗಿಯಾಗು; | भागियागु; | to participate; |
| | | 3. बिना उद्देश्य के कहीं टिकना, ठहरना; | ತಂಗು; | तंगु; | to halt, encamp, camp; |
| | | 4. लेटना; | ಮಲಗು, ಬಿದ್ದಿರು; | मलगु, बिद्दिरु; | to lie down; |
| | | 5. बीमार होना; | ರೋಗಿಯಾಗಿ ಬಿದ್ದಿರು | रोगियागिरु | to fall ill; |
| | | 6. उत्कट अभिलाषा अथवा प्रवृत्ति का होना। | ಆಸಕ್ತಿಯಿಂದ ಹಿಂದೆ ಬೀಳು | आसक्तियिंद हिंदॆबीळु | to be keen (after), to hanker (after). |
| **पड़वा** | पु. | प्रत्येक पक्ष की प्रथम तिथि। | ಪಾಡ್ಯಮಿ, ಪಾಡ್ಯ | पाड्यमि, पाड्य | the first day of each lunar fortnight. |
| **पड़ाव** | पु. | 1. मार्ग में पड़ने वाला वह स्थान जहां यात्री रात बिताने, विश्राम आदि करने के लिए रुकते हैं; | (ಹಾದಿಯಲ್ಲಿ) ತಂಗುವ ಜಾಗ; | (हादियल्लि) तंगुव जाग; | halting place; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सेना, काफिले आदि का मार्ग में कुछ समय के लिए कहीं ठहरना। | (ಸೈನ್ಯ) ದಾರಿಯಲ್ಲಿ ತಂಗುವ ಬಿಡಾರ, ಕ್ಯಾಂಪು | (सैन्य) दारियल्लि तंगुव बिडार, क्यांपु | encampment. |
| **पड़िया** | स्त्री. | भैंस का मादा बच्चा। | ಎಮ್ಮೆಯ ಹೆಣ್ಣು ಕರು | एम्मॅय हॆण्णु करु | she-calf of a buffalow, a young buffalo. |
| **पड़ोस (पड़ौस)** | पु. | किसी प्रदेश, स्थान आदि से सटा हुआ अथवा उसके आसपास का स्थान। | ನೆರೆ ಹೊರೆ | नॆरॆ हॊरॆ | neighbourhood, vicinity. |
| **पड़ोसिन** | स्त्री. | पड़ौस में रहनेवाली स्त्री। | ಪಕ್ಕದ ಮನೆಯವಳು | पक्कद मनॆयवळु | a female neighbour. |
| **पड़ोसी (पड़ौसी)** | पु. | पड़ौस में रहनेवाला। | ನೆರೆ ಹೊರೆಯವರು | नॆरॆ हॊरॆयवरु | neighbour. |
| **पढ़ना** | स.क्रि. | 1. लिखे हुए अक्षरों या शब्दों का क्रम से उच्चारण करना; | ಓದು; | ओदु; | to read; |
| | | 2. अंकित, मुद्रित या लिखित चिह्नों, वर्णों आदि को देखते हुए उनका अर्थ और आशय जानना तथा समझना; | ಓದಿ ತಿಳಿ; | ओदि तिळि; | to make out, to decipher, to talk; |
| | | 3. किसी विषय या शास्त्र के बारे में जानने के लिए उसका विधिवत् अध्ययन करना; | ಶಾಸ್ತ್ರ ವಗೈರೆ ಮನನ ಮಾಡಿ ತಿಳಿದುಕೊಳ್ಳು; | शास्त्र वगैरॆ मनन माडि तिळिदु कॊळ्ळु; | to study; |
| | | 4. नया सबक सीखना। | ಹೊಸ ವಿಷಯ (ಪಾಠ) ಕಲಿ | हॊस विषय (पाठ) कलि | to learn (new thing). |
| **पढ़वाना** | स.क्रि. | किसी को पढ़ने या पढ़ाने में प्रवृत्त करना। | ಓದಿಸು, ಕಲಿಸು | ओदिसु, कलिसु | to cause (one) to be taught. |
| **पढ़ाई** | स्त्री. | 1. पढ़ने की क्रिया या भाव; 2. पढ़ाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक; | ಓದುವಿಕೆ; ಓದಿಸಿದುದರ ಶುಲ್ಕ; | ओदुविकॆ; ओदिसिदुदर शुल्क; | study; tuition fee; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. पढ़ाया जानेवाला विषय या सिखलाई जानेवाली कला। | ಕಲಿಸಲ್ಪಡುವ ವಿಷಯ | कलिसल्पडुव विषय | education, learning. |
| **पढ़ाना** | स.क्रि. | शिक्षा देना, कोई विषय या बात सिखाना। | ಪಾಠ ಹೇಳು ಕಲಿಸು | पाठ हेळु, कलिसु | to teach, to instruct. |
| **पणन** | पु. | 1. खरीदने, बेचने की क्रिया; | ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ, ಮಾರಾಟ ಮಾಡುವಿಕೆ; | कॊळ्ळुविकॆ, माराट माडुविकॆ; | purchasing, buying; |
| | | 2. बाजी या शर्त लगाने की क्रिया या भाव। | (ಜೂಜು ವಗೈರೆ) ಪಂದ್ಯ | (जूजु वगैरे) पंद्य | betting. |
| **पण्य** | पु. | 1. विक्रय वस्तु, सौदा; | ಮಾರಾಟದ ವಸ್ತು; | माराटद वस्तु; | saleable thing, commodity; |
| | | 2. व्यापार, रोजगार; | ವ್ಯಾಪಾರ; | व्यापार; | trade, business; |
| | | 3. दुकान। | ಅಂಗಡಿ | अंगडि | shop. |
| | वि. | क्रय-विक्रय के योग्य। | ಮಾರಾಟ ಮಾಡಲು ಅರ್ಹವಾದ | माराट माडलु अर्हवाद | marketable. |
| **पतंग** | पु. | 1. सूर्य; | ಸೂರ್ಯ; | सूर्य; | the sun; |
| | | 2. चिड़िया, पक्षी। | ಪಕ್ಷಿ | पक्षि | bird. |
| | स्त्री. | बांस की कमानियों के ढाँचे पर कागज मढ़कर बनाई हुई वस्तु जिसे तागे से बांधकर हवा में उड़ाते हैं। | ಗಾಳಿಪಟ | गाळिपट | paper kite. |
| **पतंगबाज** | पु. | जिसे पतंग उड़ाने का शौक या व्यसन हो। | ಗಾಳಿಪಟ ಹಾರಿಸುವವ | गाळिपट हारिसुवव | kite-flier. |
| **पतंगा** | पु. | 1. एक प्रकार का उड़ने वाला कीड़ा; | ಪತಂಗದ ಹುಳು; | पतंगद हुळु; | moth; |
| | | 2. चिनगारी। | ಬೆಂಕಿಯ ಕಿಡಿ | बॆंकिय किडि | a spark (of fire), a live coal. |
| **पतझड़** | पु. | 1. शिशिर ऋतु जिसमें पेड़ों की पत्तियां झड़ जाती हैं; | ಶಿಶಿರ ಋತು; | शिशिर ऋतु | autumn; |
| | | 2. उन्नति के उपरांत होनेवाला ह्रास। | ಅವನತಿಯ ಸಮಯ | अवनतिय समय | defoliation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पतन** | पुं. | 1. ऊपर से नीचे आने या गिरने का भाव, अधोगति; | ಬೀಳುವಿಕೆ; | बीळुविके; | downfall, fall; |
| | | 2. स्तुत्य आचरण को छोड़कर हीन आचरण में प्रवृत होना; | (ದುರಾಚಾರದಲ್ಲಿ) ಬೀಳುವಿಕೆ; | (दुराचारदल्लि) बीळुविके; | falling from dignity, virtue; |
| | | 3. जाति, राष्ट्र आदि का ऐसी स्थिति में आना कि उसकी प्रभुता और महत्ता नष्टप्राय हो जाए। | ಕುಗ್ಗುವಿಕೆ | कुग्गुविके | decline. |
| **पतला** | वि. | 1. कृश, संकरा, बारीक; | ತೆಳುವಾದ; | तेळुवाद; | thin, fine, flimsy; |
| | | 2. जो गाढ़ा न हो, जिसमें जलीय अंश का आधिक्य हो। | ನೀರಾಗಿರುವ | नीरागिरुव | liquid, diluted. |
| **पतवार** | स्त्री. | नाव में पीछे की ओर लगी हुई वह तिकोनी लकड़ी जिसके द्वारा नाव को इधर-उधर घुमाते हैं और मोड़ते हैं। | ಹುಟ್ಟು. | हुट्टु | rudder, helm. |
| **पता** | पुं. | 1. किसी वस्तु, स्थान या व्यक्ति का ऐसा परिचय जो उसे पाने, ढूंढने या उसके पास तक समाचार पहुंचाने में सहायक हो; | ಪತ್ತೆ; | पत्ते; | whereabouts; |
| | | 2. पत्र आदि की पीठ पर लिखा जाने वाला पाने वाले का नाम आदि जिसके सहारे वह उसके पास पहुंच जाता है; | ವಿಳಾಸ; | विळास; | address; |
| | | 3. किसी अज्ञात व्यक्ति, विषय आदि के संबंध में ऐसी जानकारी जो अभी तक प्राप्त न हुई हो और जिसे प्राप्त करना अभीष्ट या आवश्यक हो। | (ವಿಷಯ, ವ್ಯಕ್ತಿ ಬಗ್ಗೆ) ತಿಳಿವಳಿಕೆ | (विषय, व्यक्ति बग्गे) तिळिवळिके | information, knowledge. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पताका** | स्त्री. | लकड़ी आदि के डंडे के सिरे पर पहनाया जानेवाला वह तिकोना या चौकोना कपड़ा जिस पर प्रायः किसी राजा, राष्ट्र या संघ आदि का बोधक चिन्ह बना रहता है। | ಬಾವುಟ | बावुट | flag, banner. |
| **पता-ठिकाना** | पुं. | दे. 'पता'। | ನೋಡಿ "पता" | नोडि "पता" | see 'पता'. |
| **पति** | पु. | 1. किसी वस्तु का मालिक या स्वामी; | ಒಡೆಯ; | ओडॆय; | master; |
| | | 2. स्त्री की दृष्टि से वह पुरुष जिसके साथ उसका विधिवत् विवाह हुआ हो। | ಗಂಡ | गंड | husband. |
| **पतित (स्त्री. पतिता)** | वि. | 1. ऊपर से नीचे आया या गिरा हुआ; | ಕೆಳಗೆ ಬಿದ್ದ; | कॆळगॆ बिद्द; | dropped, descended; |
| | | 2. जाति, धर्म, आचार आदि से च्युत; | ಭ್ರಷ್ಟ; | भ्रष्ट; | fallen (in a moral sense); |
| | | 3. बहुत बड़ा अधम,नीच या पापी। | ನೀಚ, ಪಾಪಿ | नीच, पापि | wicked, sinner. |
| **पतिव्रत** | पु. | पति के प्रति अनन्य निष्ठा या भक्ति। | ಪತಿವ್ರತ, ಪತಿಭಕ್ತಿ | पतिव्रत, पतिभक्ति | fidelity to husband, chastity. |
| **पतिव्रता** | वि. | पति में अनन्य श्रद्धा, अनुराग रखनेवाली साध्वी स्त्री। | ಪತಿವ್ರತೆ | पतिव्रतॆ | faithful wife, virtuous wife. |
| **पतीला** | पु. | तांबे, पीतल, आदि का ऊचें तथा खड़े किनारेवाला और गोल घेरेवाला एक प्रसिद्ध बरतन। | ಅಗಲ ಬಾಯುಳ್ಳ ತಪ್ಪಲೆ | अगल बायुळ्ळ तप्पलॆ | copper or brass pot or pan with a wide mouth, cauldron. |
| **पतीली** | स्त्री. | छोटा पतीला। | ಚಿಕ್ಕ ತಪ್ಪಲೆ | चिक्क तप्पलॆ | cooking vessel, kettle. |
| **पतुरिया** | स्त्री. | वेश्या, कुलटा, दुश्चरित्रा। | ಸೂಳೆ | सूळॆ | prostitute, harlot. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पतोहू** | स्त्री. | पुत्रवधू। | ಸೊಸೆ | सोसे | son's wife, daughter-in-law. |
| **पत्तन** | पु. | 1. वायु अथवा जलपोतों के ठहरने का स्थान; | ರೇವು, ಬಂದರು | रेवु, बंदरु; | port; |
| | | 2. नगर, शहर। | ನಗರ, ಪಟ್ಟಣ | नगर, पट्टण | town, city. |
| **पत्तल** | स्त्री. | 1. पलाश, महुए आदि के पत्तों की सीकों से जोड़कर थाली के सदृश बनाया हुआ गोलाकार आधार; | (ಊಟದ) ಹಚ್ಚಿದೆಲೆ; | (ऊटद) हच्चिदॆलॆ; | plate made of leaves; |
| | | 2. पत्तल में रखी हुई खाद्य सामग्री; | ಊಟ ಬಡಿಸಿದ ಎಲೆ; | ऊटबडिसिद ऎलॆ; | food served on such a plate; |
| | | 3. उतना भोजन जितना एक साधारण आदमी करता हो। | ಒಬ್ಬರು ಉಣ್ಣುವಷ್ಟು ಗ್ರಾಸ | ऒब्बरु उण्णुवष्टु ग्रास | a meal sufficient for a person. |
| **पत्ता** | पु. | 1. पेड़ों की शाखाओं में लगने वाले। चपटे पतले लचीले अवयव जिनके कारण छाया होती है; | ಎಲೆ; | ऎलॆ; | leaf; |
| | | 2. ताश। | (ಇಸ್ಪೀಟಿನ) ಎಲೆ | (इस्पीटिन) ऎलॆ | playing cards. |
| **पत्ती** | स्त्री. | 1. छोटा पत्ता; | ಚಿಕ್ಕ ಎಲೆ; | चिक्क ऎलॆ; | small leaf, |
| | | 2. साझे का हिस्सा; | ಪಾಲು, ಭಾಗ | पालु, भाग; | share; |
| | | 3. लकड़ी, धातु आदि का छोटा पत्ता। | ಮರ, ಲೋಹ ಆದಿಗಳ ಹಾಳೆ | मर, लोह आदिगळ हाळॆ | a leaf or thin plate (of metal). |
| **पत्थर** | पु. | 1. धातु से भिन्न-कड़ा ठोस और भारी भूद्रव्य जो प्रायः खानों या पर्वतों को काटकर निकाला जाता है; | ಕಲ್ಲು; | कल्लु; | stone; |
| | | 2. पत्थर के समान कड़ा और भारी। | ಕಲ್ಲಿನಂತಹ ಭಾರವಾದ ವಸ್ತು | कल्लिनंतह भारवाद वस्तु | ɪrd and heavy. |
| **पत्नी** | स्त्री. | पुरुष की दृष्टि से वह स्त्री जिसके साथ उसका विवाह हुआ हो, भार्या। | ಹೆಂಡತಿ | हॆंडति | wife. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पत्नीव्रत** | पु. | विवाहिता स्त्री के अतिरिक्त अन्य किसी स्त्री से सम्बन्ध न रखने का व्रत। | ಏಕಪತ್ನೀವ್ರತ | एकपत्नीव्रत | vow to be loyal to one's wife, fidelity (to one's wife). |
| **पत्र** | पु. | 1. वृक्ष का पत्ता; | ಎಲೆ; | एलॆ; | leaf (of a tree); |
| | | 2. चिट्ठी; | ಪತ್ರ, ಕಾಗದ; | पत्र, कागद; | letter ; |
| | | 3. किसी धातु की पट्टी या पत्तर; | ರೇಕು; | रेकु; | any thin leaf or plate of metal; |
| | | 4. पुस्तक आदि का पृष्ठ, पन्ना; | ಹಾಳೆ, ಪೇಜು; | हाळॆ, पेजु; | page; |
| | | 5. कागज या धातु की पट्टी जिस पर किसी व्यवहार के विषय में कोई प्रामाणिक लेख लिखा हो या खुदवाया गया हो; | ಬರೆದ ಕಾಗದ ಅಥವಾ ಧಾತುವಿನ ಹಾಳೆ, ರೇಕು; | बरॆद कागद अथवा धातुविन हाळॆ, रेकु; | paper; |
| | | 6. समाचारपत्र या अखबार; | ಸಮಾಚಾರ ಪತ್ರ; | समाचार पत्र; | newspaper; |
| | | 7. पंख। | ರೆಕ್ಕೆ ಅಥವಾ ಪುಕ್ಕ | रॆक्कॆ अथवा पुक्क | the wing of a bird, pinion, feather. |
| **पत्रकार** | पु. | वह व्यक्ति जो समाचारपत्रों को नित्य नए समाचारों की सूचना देता, उन पर टीका-टिप्पणी करता अथवा उनको सम्पादित करता हो। | ಪತ್ರಿಕೋದ್ಯೋಗಿ | पत्रिकोद्योगि | journalist. |
| **पत्रकारिता** | स्त्री. | 1. पत्रकार होने की अवस्था या भाव; | ಪತ್ರಿಕೋದ್ಯೋಗಿಯಾಗಿರುವಿಕೆ; | पत्रिकोद्योगियागिरुविकॆ; | state of being a journalist; |
| | | 2. वह विद्या जिसमें पत्रकारों के कार्यों, कर्त्तव्यों आदि का विवेचन होता है। | ಪತ್ರಿಕೋದ್ಯಮ | पत्रिकोद्यम | journalism. |
| **पत्र-पत्रिका** | स्त्री. | दैनिक समाचार-पत्र एवं मासिक, पाक्षिक अथवा साप्ताहिक प्रकाशित होने वाले प्रकाशन। | ಸಮಾಚಾರ ಪತ್ರಿಕೆಗಳು, ಮಾಸಿಕ, ಪಾಕ್ಷಿಕ ಹಾಗೂ ಸಾಪ್ತಾಹಿಕ ಪತ್ರಿಕೆಗಳು | समाचार पत्रिकॆगळु, मासिक, पाक्षिक हागू साप्ताहिक पत्रिकॆगळु | periodicals, (magazines etc.) |
| **पत्र-पुष्प** | पु. | 1. सामान्य या तुच्छ उपहार; | ತುಚ್ಛ ಕೊಡುಗೆ; | तुच्छ कॊडुगॆ; | token gift etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सत्कार या पूजा की बहुत ही साधारण सामाग्री। | ಸಾಧಾರಣ ಪೂಜಾ ಸಾಮಗ್ರಿ | साधारण पूजा सामग्रि | token of hospitality. |
| **पत्रमित्र** | पु. | दूरस्थ ऐसे व्यक्ति जिनकी मित्रता पत्रव्यवहार के कारण ही होती है, साक्षात्कार के कारण नहीं। | ಪತ್ರೋತ್ತರದಿಂದಾದ ಮಿತ್ರ, ಪೆನ್‌ಫ್ರೆಂಡು | पत्रोत्तरदिंद मित्र, पॆन्फ्रॆंडु | pen-friend. |
| **पत्रवाहक** | पुं. | पत्र ले जानेवाला। | ಪತ್ರ ಕೊಂಡೊಯ್ಯುವವ | पत्र कोंडॊय्युवव | bearer of letter, postman. |
| **पत्रव्यवहार** | पु. | परस्पर एक दूसरे को पत्र लिखना अथवा आए हुए पत्रों के उत्तर देना। | ಪತ್ರವ್ಯವಹಾರ | पत्रव्यवहार | correspondence. |
| **पत्रा** | पुं. | पंचांग, तिथि-पत्र। | ಪಂಚಾಂಗ | पंचांग | almanac, ephemeris, calendar. |
| **पत्राचार** | पु. | पत्रव्यवहार। | ಪತ್ರವ್ಯವಹಾರ | पत्रव्यवहार | correspondence. |
| **पत्रिका** | स्त्री. | 1. प्रायः नियमित रूप से निकलने वाली ऐसी पुस्तिका जिसमें विभिन्न विषयों पर लेख, कहानियां आदि होती हैं; | ಪತ್ರಿಕೆ; | पत्रिकॆ; | magazine, periodical, journal; |
| | | 2. चिट्ठी, खत; | ಪತ್ರ; | पत्र; | letter; |
| | | 3. कोई छोटा लेख। | ಲಘು ಲೇಖನ | लघु लेखन | document. |
| **पत्री** | स्त्री. | 1. चिट्ठी, खत; | ಕಾಗದ; | कागद; | note, letter; |
| | | 2. कोई छोटा लेख। | ಚೀಟಿ | चीटि | document. |
| **पथ** | पु. | 1. मार्ग, रास्ता, राह; | ಹಾದಿ, ದಾರಿ; | हादि, दारि; | path, way, road; |
| | | 2. कार्य या व्यवहार की पद्धति। | (ಕಾರ್ಯ) ರೀತಿ | (कार्य) रीति | method. |
| **पथ-प्रदर्शक** | पु. | राह दिखाने वाला, किसी कार्य या व्यवहार की पद्धति बताने वाला। | ದಾರಿ ತೋರಿಸುವವ, ಗೈಡು | दारि तोरिसुवव, गैडु | guide. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पथ-प्रदर्शन** | पु. | पथ-प्रदर्शन का कार्य या भाव। | ದಾರಿ ತೋರಿಸುವಿಕೆ | दारि तोरिसुविकें | guidance. |
| **पथभ्रष्ट** | वि. | 1. जो मार्ग भूल गया हो; | ದಾರಿ ತಪ್ಪಿದ; | दारि तप्पिद; | one who has gone out of track; |
| | | 2. न्याय मार्ग अथवा आचरण से विमुख। | (ನ್ಯಾಯಧರ್ಮ) ಪಥಭ್ರಷ್ಟ | (न्याय-धर्म) पथभ्रष्ट | fallen. |
| **पथराना** | अ.क्रि. | 1. सूखकर पत्थर की तरह कड़ा हो जाना; | ಒಣಗಿ ಕಲ್ಲಿನಂತಾಗು; | ओंणगि कल्लिनंतागु; | to become hard; |
| | | 2. पत्थर की तरह स्तब्ध और चेतना-शून्य हो जाना, जड़ हो जाना। | ಚೈತನ್ಯಶೂನ್ಯವಾಗಿ ಕಲ್ಲಿನಂತಾಗು | चैतन्य शून्यवागि कल्लिनंतागु | to harden into stone; |
| **पथराव** | पु. | 1. किसी पर बार-बार पत्थर के टुकड़े फैंके जाने की क्रिया; | ಕಲ್ಲು ಬೀರುವಿಕೆ; | कल्लु बीरुविकें; | stoning, pelting stones; |
| | | 2. पत्थर की तरह स्तब्ध और चेतनाशून्य होने की दशा या भाव। | ಕಲ್ಲಿನಂತೆ ಸ್ತಬ್ಧ ನಾಗುವಿಕೆ | कल्लिनतें स्तब्धनागुविकें | condition or state of being stony. |
| **पथरी** | स्त्री. | एक प्रकार का रोग जिसमें मूत्राशय में पत्थर के टुकड़ों के समान कोई चीज उत्पन्न हो जाती है जिसके फलस्वरूप पेशाब रुक रुक कर और कष्ट से होता है, कभी-कभी बन्द भी हो जाता है। | ಮೂತ್ರಾಶಯದಲ್ಲಿ ಕಲ್ಲುಂಟಾಗುವ ಒಂದು ರೋಗ | मूत्राशयदल्लि कल्लुंटागुव ओंदु रोग | stone. |
| **पथरीली** | वि. | जिसमें पत्थर के टुकड़े मिले हों, पत्थर के टुकड़ों से युक्त। | ಕಲ್ಲುಬೆರೆತ, ಕಲ್ಲಿನ ಚೂರುಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ | कल्लु बॅरॅत, कल्लिन चूरुगळिंद कूडिद | stony, rocky. |
| **पथिक** | पु. | बटोही, राही। | ದಾರಿಗ, ಯಾತ್ರಿ, ಪ್ರಯಾಣಿಕ | दारिग, यात्रि, प्रयाणिक | traveller, wayfarer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पथ्य** | वि. | 1. (आहार-व्यवहार) जो स्वास्थ्य, विशेषतः रोगी की स्वास्थ्य-रक्षा के विचार से आवश्यक या उचित हो; | ಪಥ್ಯ; | पथ्य; | light (meal, diet); |
| | | 2. लाभदायक, हितकर। | ಹಿತಕರ | हितकर | proper, suitable. |
| | पु. | 1. वह हल्का भोजन जो अस्वस्थ या रोगी व्यक्ति को दिया जाए; | ಪಥ್ಯದ ಆಹಾರ; | पथ्यद आहार; | wholesome food (for a patient); |
| | | 2. स्वास्थ्य के लिए हितकर खानपान और रहन-सहन। | ಆರೋಗ್ಯ ರಕ್ಷಣೆಗಾಗಿ ಪಾಲಿಸುವ ನಿಯಮ | आरोग्य रक्षणॆगागि पालिसुव नियम | diet conducive to health. |
| **पथ्यापथ्य** | पु. | रोग की अवस्था में हितकर और अहितकर। | ಪಥ್ಯ-ಅಪಥ್ಯ | पथ्य-अपथ्य | wholesome and unwholesome. |
| **पद** | पु. | 1. कदम, पांव, पैर; | ಕಾಲು, ಹೆಜ್ಜೆ; | कालु, हॆज्जॆ; | foot, footstep, step; |
| | | 2. चलते समय दो पैरों के बीच में होने वाली दूरी; | ಎರಡು ಹೆಜ್ಜೆಗಳ ನಡುವಣ ಅಂತರ; | ऎरडु हॆज्जॆगळ नडुवण अंतर; | pace, stride; |
| | | 3. जगह, स्थान; | ಜಾಗ; | जाग; | place; |
| | | 4. छंद, श्लोक आदि का चतुर्थांश; | ಶ್ಲೋಕ ಅಥವಾ ಪದ್ಯದ ನಾಲ್ಕನೆ ಒಂದು ಭಾಗ; | श्लोक अथवा पद्यद नाल्कनॆ ऒंदु भाग | a quarter or line of stanza, verse; |
| | | 5. वाक्य का अंश या खंड; | ವಾಕ್ಯಾಂಶ; | वाक्यांश; | part, portion or division (as of a sentence); |
| | | 6. वह स्थान जिस पर रहकर कोई विशिष्ट कार्य करता हो, ओहदा, उपाधि। | ಸ್ಥಾನ, ಹುದ್ದೆ, ಉದ್ಯೋಗ, ಕೆಲಸ, ಉಪಾಧಿ | स्थान, हुद्दॆ, उद्योग, कॆलस, उपाधि | designation, status, rank, post. |
| **पदक** | पु. | सोने, चांदी या किसी और धातु का बना हुआ वह गोल या चौकोर टुकड़ा जो किसी व्यक्ति अथवा समाज को विशिष्ट योग्यतापूर्ण कार्य करने पर उसका सम्मान करने के लिए दिया जाता है, तमगा। | ಪದಕ, ಮೆಡಲು | पदक, मॆडलु | medal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पदचिह्न** | पु. | चलने से जमीन पर पड़नेवाली छाप। | ಪದಚಿಹ್ನ, ಹೆಜ್ಜೆ ಗುರುತು | पदचिह्न, हॆज्ज गुरुतु | foot-print, foot-mark. |
| **पदच्युत** | वि. | जो अपने पद या दर्जे से हटा दिया गया हो, जिसका पद छीन लिया गया हो। | ಅಧಿಕಾರದಿಂದ ಕೆಳಗಿಳಿಸಿದ | अधिकारदिंद कॆळगिळिसिद | dismissed, discharged from office. |
| **पद-त्याग** | पु. | अपना पद या ओहदा छोड़ देना। | ಅಧಿಕಾರ ತ್ಯಾಗ | अधिकार त्याग | renunciation, abandonment of an office. |
| **पद-दलित** | वि. | 1. पैरों से कुचला या रौंदा हुआ;<br>2. जिसे समाज ने दबाकर बहुत हीन अवस्था में रखा हो और उन्नति का अवसर न दिया हो। | ತುಳಿದ;<br>ಸಮಾಜದ ದಬ್ಬಾಳಿಕೆಯಿಂದಾಗಿ ಹಿಂದುಳಿದ | तुळिद;<br>समाजद दब्बाळिकॆयिंदागि हिंदुळिद | trodden under foot;<br>down-trodden. |
| **पदनाम** | पु. | किसी पदाधिकारी के पद का सूचक नाम। | ಪದನಾಮ | पदनाम | designation. |
| **पदयोजना** | स्त्री. | पदों या शब्दों को जोड़ना, चुन-चुन कर रखना। | ಪದಯೋಜನೆ | पदयोजनॆ | arrangement of words. |
| **पदविन्यास** | पुं. | पदों या शब्दों के वाक्य में ठीक प्रकार से बैठाने या रखने की क्रिया या भाव। | ಶಬ್ದವಿನ್ಯಾಸ | शब्दविन्यास | disposition of words. |
| **पदवी** | स्त्री. | राज्य, संस्था आदि की ओर से किसी को दी जाने वाली आदर या योग्यता-सूचक उपाधि, खिताब। | ಬಿರುದು, ಪ್ರಶಸ್ತಿ, ಪದವಿ, ಉಪಾಧಿ | बिरुदु, प्रशस्ति, पदवि, उपाधि | title. |
| **पदाधिकार** | पु. | किसी पद पर काम करने वाले को प्राप्त होनेवाला अधिकार। | ಪದ (ಸ್ಥಾನ)ಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ಅಧಿಕಾರ | पद (स्थान)क्कॆ संबंधिसिद अधिकार | the power which the person has while working in a certain capacity. |
| **पदाधिकारी** | पु. | वह जो किसी पद पर नियुक्त हो। | ಪದಾಧಿಕಾರಿ | पदाधिकारि | officer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पदार्थ** | पु. | 1. चीज, वस्तु;<br>2. पद या शब्द का अर्थ। | ವಸ್ತು, ಪದಾರ್ಥ;<br>ಶಬ್ದಾರ್ಥ | वस्तु, पदार्थ;<br>शब्दार्थ | thing or object;<br>meaning of a word. |
| **पदार्पण** | पु. | प्रवेश, आगमन। | ಪ್ರವೇಶ, ಆಗಮನ | प्रवेश, आगमन | arrival, stepping-in. |
| **पदावधि** | स्त्री. | किसी पद पर किसी व्यक्ति के काम करते रहने की अवधि। | ಅಧಿಕಾರದ ಸಮಯ, ಪದಾವಧಿ | अधिकारद समय, पदावधि | tenure, term of office. |
| **पदावनति** | स्त्री. | ऊंचे पद से हटाकर नीचे पद पर कर दिया जाना। | ಅಧಿಕಾರದಿಂದ ಕೆಳಗಿಳಿಸುವಿಕೆ | अधिकारदिंद कॆळगिळिसुविकॆ | reversion. |
| **पदावली** | स्त्री. | 1. पदों या शब्दों की परम्परा, प्रयुक्त शब्द समूह;<br>2. गाये जानेवाले गीतों, भजनों आदि का संग्रह। | (ಪ್ರಯೋಗಿಸಿದ) ಶಬ್ದ ಸಮೂಹ;<br>ಗೀತೆ ಅಥವಾ ಪದ (ಹಾಡು)ಗಳ ಸಂಗ್ರಹ | (प्रयोगिसिद) शब्द समूह;<br>गीतॆ अथवा पद (हाडु) गळ संग्रह | series of verses or words;<br>collection of devotional songs. |
| **पदेन** | क्रि.वि. | पद पर रहने के नाते से, पद पर आरुढ होने के अधिकार से। | ಪದನಿಮಿತ್ತ, ಅಧಿಕಾರ ಬಲದಿಂದ | पदनिमित्त, अधिकार बलदिंद | ex-officio. |
| **पदोन्नति** | स्त्री. | पद की वृद्धि, तरक्की। | ಬಡತಿ, ಮೇಲಿನ ದರ್ಜೆಗೆ ಏರಿಕೆ | बडति, मेलिन दर्जॆगॆ एरिकॆ | promotion, rise in rank or status. |
| **पद्धति** | स्त्री. | 1. पथ, मार्ग, रास्ता;<br>2. रीति, प्रणाली, तरीका। | ದಾರಿ;<br>ರೀತಿ, ಪದ್ಧತಿ | दारि;<br>रीति, पद्धति | path, road, course;<br>method, system. |
| **पद्म** | पु. | 1. कमल;<br>2. एक संख्या। | ಕಮಲದ ಹೂ;<br>ಒಂದು ದೊಡ್ಡ ಸಂಖ್ಯೆ | कमलद हू;<br>ऒंदु दॊड्ड संख्यॆ | lotus;<br>a particular high number. |
| **पद्मासन** | पु. | एक प्रकार का योगासन जिसमें पालथी मारकर तनकर बैठते हैं। | ಪದ್ಮಾಸನ | पद्मासन | particular posture in religious meditation. |
| **पद्य** | पुं. | गुण, मात्रा आदि के नियमों के अनुसार होनेवाली साहित्यिक रचना, छंदोबद्ध रचना। | ಪದ್ಯ | पद्य | verse, poetry, a literary composition. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पधारना** | अ.क्रि. | 1. पदार्पण करना; | ದಯಮಾಡಿಸು | दयमाडिसु | to arrive, to sit, to sit down, to take a seat; |
| | | 2. गमन करना, चला जाना। | | | (to go) set out. |
| **पनघट** | पु. | वह घाट जहां से लोग पानी भरते हैं। | ಜನರು ನೀರು ತುಂಬಿಕೊಳ್ಳುವ ಘಟ್ಟ,ಬಾವಿ | जनरु नीरु तुंबिकॊळ्ळुव घट्ट, बावि | a place for drawing water,village well etc. |
| **पनचक्की** | स्त्री. | पानी के बहाव के जोर से चलनेवाली आटा आदि पीसने की चक्की। | ನೀರಿನ ಬಲದಿಂದ ಓಡುವ ಯಂತ್ರ, ಹಿಟ್ಟು ಬೀಸುವ ಯಂತ್ರ | नीरिन बलदिंद ओडुव यंत्र, हिट्टु बीसुव यंत्र | water-mill, flour-mill. |
| **पनडुब्बी** | स्त्री. | पानी के अन्दर-अन्दर चलने वाला एक प्रकार का जहाज। | ಜಲಾಂತರ್ಗಾಮಿ ಸಬ್‌ಮೆರೀನು | जलांतर्गामि, सब्मॆरीनु | submarine. |
| **पनपना** | अ.क्रि. | 1. फलना-फूलना, हराभरा होना; | ಚಿಗುರು-ಅರಳು; | चिगुरु-अरळु; | to flourish; |
| | | 2. फिर से स्वस्थ होना; | ಸ್ವಸ್ಥಗೊಳ್ಳು; | स्वस्थगॊळ्ळु; | to recover; |
| | | 3. अच्छी स्थिति में आने लगना। | ಒಳ್ಳೆಯ ಸ್ಥಿತಿಗೆ ಬರತೊಡಗುವುದು | ऒळ्ळॆय स्थितिगॆ बरतॊडगुवुदु | to prosper. |
| **पनबिजली** | स्त्री. | पानी के प्रवाह से तैयार की जानेवाली बिजली। | ಜಲಶಕ್ತಿಯಿಂದ ಉತ್ಪನ್ನವಾದ ವಿದ್ಯುತ್ತು | जलशक्तियिंद उत्पन्नवाद विद्युत्तु | hydro-electricity. |
| **पनवाड़ी** | पु. | तमोली, पान लगाकर बेचनेवाला। | ವೀಳೆಯದೆಲೆ ಮಾರಾಟಗಾರ | वीळॆयदॆलॆ माराटगार | betel vendor. |
| **पना** | पुं. | भुने हुए आम, इमली आदि का बनाया जानेवाला एक प्रकार का खट्टा-मीठा शरबत। | ಹುರಿದ ಮಾವು ಹುಣಿಸೆ ಹಣ್ಣು ಮತ್ತು ಮಸಾಲೆ ಬೆರಸಿ ತಯಾರಿಸಿದ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹುಳಿ-ಸೀ ಬೆರೆತ ಪೇಯ | हुरिद मावु हुणिसॆ मत्तु मसालॆ बॆरसि तयारिसिद ऒंदु बगॆय हुळि-सी बॆरॆत पेय | a typical beverage prepared from baked mango with the addition of tamarind and cumin seed etc. |
| **पनाह** | स्त्री. | 1. शत्रु आदि से बचाव, शरण; | ಆಶ್ರಯ; | आश्रय; | refuge; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बचाव या रक्षा की जगह, शरण लेने की जगह। | ಆಶ್ರಯ ಸ್ಥಾನ | आश्रय स्थान | shelter. |
| **पनिहारिन** | स्त्री. | घरों में पानी भरने का काम करनेवाली। | ನೀರು ಹೊರುವ ಹೆಂಗಸು | नीरु हॊरुव हॆंगसु | woman carrying waterpots on her head. as a means of livelihood. |
| **पनीर** | पु. | फटे या फाड़े हुए दूध का गाढ़ा अंश जो उसका पानी निकालने पर बचा रहता है, पानी निकालने के बाद दही का गाढ़ा भाग। | ಒಡೆದ ಹಾಲಿನ ನೀರು ಬಸಿದ ನಂತರ ಉಳಿಯುವ ಗಟ್ಟಿಯಾದ ಭಾಗ. | ऑडॆद हालिन नीरु बसिद नंतर उळियुव गट्टियाद भाग. | cheese. |
| **पन्ना** | पु. | 1. हरे रंग का एक प्रसिद्ध बहुमूल्य रत्न; | (ನವರತ್ನಗಳಲ್ಲಿ) ಪಚ್ಚೆ; | (नवरत्नगळल्लि) पच्चॆ; | emerald; |
| | | 2. पुस्तक आदि का पृष्ठ; | ಪುಟ, ಪೇಜು; | पुट, पेजु; | leaf of a book; |
| | | 3. आम आदि का पना। | ಮಾವು ವಗೈರೆಗಳಿಂದ ಮಾಡಿದ ಗೊಜ್ಜು | मावु वगैरॆगळिंद माडिद गॊज्जु | a typical beverage prepared from baked mango with the addition of tamarind and cumin seed etc. |
| **पन्नी** | स्त्री. | 1. रांगे, पीतल आदि का पत्तर जिसे शोभा आदि के लिए अन्य वस्तुओं पर चिपकाते हैं; | ನಾನಾ ವರ್ಣವುಳ್ಳ ಕಾಗದ, ತವರ ಹಿತ್ತಾಳೆ ವಗೈರೆ ಧಾತುಗಳ ತೆಳುವಾದ ರೇಕು; | नाना वर्णवुळ्ळ कागद, तवर हित्ताळॆ वगैरॆ धातुगळ तॆळुवाद रेकु; | plated multicoloured paper or thin layer used in decorating different things; |
| | | 2. एक तरह का रंगीन कागज। | ಬಣ್ಣದ ಕಾಗದ | बण्णद कागद | a kind of coloured paper. |
| **पपड़ी** | स्त्री | 1. किसी वस्तु की सूखकर ऐंठी हुई ऊपरी परत; | ಗಟ್ಟಿ, ಹೊರ ಪದರ; | गट्टि हॊर पदर; | thin crust; |
| | | 2. घाव का खुरंड; | ಒಣ ಚರ್ಮ (ಗಾಯದ) | (गायद) ऑण चर्म; | scale, dry incrustation formed over a healing wound; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. वृक्ष की सूखकर चिटकी हुई छाल। | ತೊಗಟೆ | तॊगटॆ | bark. |
| **पपीता** | पुं. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसके फल मीठे और लंबोतरे होते हैं। | ಪರಂಗಿ ಹಣ್ಣು ಮತ್ತು ಗಿಡ | परंगि हण्णु मत्तु गिड | papaya. |
| **पपीहा** | पुं. | हलके काले रंग का एक प्रसिद्ध पक्षी जो बसंत और पावस में मीठे बोल बोला करता है। | ಚಾತಕ ಪಕ್ಷಿ | चातक पक्षि | a species of cuckoo |
| **पयाल** | पुं. | धान, कोदों आदि के ऐसे डंठल जिनमें से दाने झाड़ लिए गए हों। | ಒಣಹುಲ್ಲು | ऒण हुल्लु | straw, long grass (used for thatching). |
| **पयोधर** | पुं. | 1. बादल;<br>2. स्तन। | ಮೋಘ;<br>ಮೊಲೆ | मेघ;<br>मॊलॆ | cloud;<br>woman's breast or an udder. |
| **परंतु** | अव्य. | इतना होने पर भी, लेकिन। | ಆದರೆ | आदरॆ | but, however. |
| **परंतुक** | पुं. | किसी दस्तावेज में दी गई कोई शर्त, किसी कथन को सीमित करनेवाला वाक्य। | ಪರಂತುಕ | परंतुक | proviso. |
| **परंपरा** | स्त्री. | 1. सिलसिला, अविच्छिन्न क्रम; | ಪರಂಪರೆ; | परंपरॆ; | tradition; |
| | | 2. वह कार्य जो बहुत दिनों से एक ही रूप में होता चला आ रहा हो और इसीलिए सर्वमान्य हो, प्रथा। | ಅನೂಚಾನವಾಗಿ ನಡೆದು ಬಂದ ಪದ್ಧತಿ | अनूचानवागि नडॆदु बंद पद्धति | custom. |
| **परंपरागत** | वि. | (कार्य, नीति या रिवाज) जो पूर्वजों की देखा-देखी किया जाए, परंपरा से प्राप्त। | ತಲೆ ತಲಾಂತರದಿಂದ ಬಂದ | तलॆ तलांतरदिंद बंद | traditional. |
| **परंपरावादी** | वि. | परंपरा का अनुयायी एवं समर्थक। | ಪರಂಪರೆಯಂತೆ ನಡೆಯುವ | परंपरॆयंतॆ नडॆयुव | traditionalist. |
| **परकार** | पुं. | वृत्त की परिधि बनाने का एक उपकरण। | ಕಂಪಾಸು, ವೃತ್ತ ಎಳೆಯುವ ಉಪಕರಣ | कंपासु, वृत्त ऎळॆयुव उपकरण | compass. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परकीय** | वि. | दूसरे का, पराया। | ಬೇರೆಯವರ, ಪರಕೀಯ, ಅನ್ಯರ | बेरॆयवर, परकीय, अन्यर | belonging to another or a stranger. |
| **परकीया** | स्त्री. | वह नायिका जो परपुरुष से प्रेम करती है तथा अपने पति की अवहेलना करती है, (साहित्य में) तीन प्रकार की नायिकाओं में से एक। | ತನ್ನವನನ್ನು ಜರಿದು ಪರ ಪುರುಷನನ್ನು ಪ್ರೀತಿಸುವ ನಾಯಿಕೆ, (ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ) ಮೂರು ಬಗೆಯ ನಾಯಿಕೆಯರಲ್ಲಿ ಒಂದು ಬಗೆಯ ನಾಯಿಕೆ | तन्नवनन्नु जरिदु पर पुरुषनन्नु प्रीतिसुव नायिकॆ, (साहित्यदल्लि) मूरु बगॆय नायिकॆ-यरल्लि ऒंदु बगॆय नायिकॆ | a woman carrying on a love affair out of wedlock, an adulteress, (in traditional Indian poetics) one of the three types of heroines. |
| **परकोटा** | पुं. | गढ़ आदि की रक्षा के लिए चारों ओर उठाई गई दीवार। | ಕೋಟೆಯ ರಕ್ಷಣೆಗಾಗಿ ಕಟ್ಟಿದ ಗೋಡೆ. | कोटॆय रक्षणॆगागि कट्टिद गोडॆ | percinct, boundary. |
| **परख** | स्त्री. | 1. गुण, दोष के निर्णय की दृष्टि से किसी वस्तु की परीक्षा; | ಪರೀಕ್ಷೆ; | परीक्षॆ; | test, examination; |
| | | 2. गुण, दोष, भलाई, बुराई आदि पहचानने की शक्ति। | ಗುಣದೋಷಗಳನ್ನರಿಯುವ ಶಕ್ತಿ | गुणदोषगळन्नरियुव शक्ति | distinguishing faculty. |
| **परखना** | स.क्रि. | गुण-दोष के निर्धारण के लिए किसी व्यक्ति या वस्तु को भली-भांति देखना। | ಪರೀಕ್ಷಿಸು | परीक्षिसु | to test, to examine. |
| **परखाधीन** | वि. | नियुक्ति को नियमित करने से पूर्व का वह समय या उससे संबंधित व्यक्ति जिसमें उसकी योग्यता, उपयुक्तता आदि का मूल्यांकन किया जाता है। | ಅರ್ಹತಾ ಪರೀಕ್ಷೆಯಲ್ಲಿರುವ, ಪ್ರೊಬೇಷನ್‌ಲ್ಲಿರುವ | अर्हता परीक्षॆयल्लिरुव, प्रॊबेषनल्लिरुव | on probation. |
| **परगना** | पु. | किसी जिले का वह भूभाग जिसके अन्तर्गत बहुत से ग्राम हों। | ಸಬ್‌ಡಿವಿಜನ್ನು, (ಅನೇಕ ಹಳ್ಳಿಗಳ ಕೇಂದ್ರ) ಹೋಬಳಿ | सब-डिविजन्नु (अनेक हळ्ळिगळ केंद्र) होबळि | sub-division. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परचून** | पु. | आटा, दाल, चावल आदि फुटकर। | ಅಕ್ಕಿ ಬೇಳೆ ಮುಂತಾದ ಚಿಲ್ಲರೆ ಸಾಮಾನು | अक्कि बेळॆ मुंताद चिल्लरॆ सामानु | provisions, grocery. |
| **परचूनिया** | वि. | परचून संबंधी। | ಕಿರಾಣಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | किराणिगॆ संबंधिसिद | pertaining to grocery. |
| | पु. | परचून का काम करनेवाला। | ಕಿರಾಣಿ ವ್ಯಾಪಾರಿ | किराणि व्यापारि | one who sells flour, meal, pulse, grocer. |
| **परछदी (परछती)** | स्त्री. | 1. कमरे आदि में सामान रखने के लिए छत के नीचे छाई हुई छोटी पाटन या टांड, मियानी; | ಅಟ್ಟಣಿಗೆ, ಅಟ್ಟ; | अट्टणिगॆ, अट्ट; | a small sized plank fixed in a wall of a room for storing things over; |
| | | 2. फूंस आदि की छाजन। | ಹುಲ್ಲ ಹೊದಿಕೆ, ಚಪ್ಪರ | हुल्ल हॊदिकॆ, चप्पर | a small thatch over mudwalls. |
| **परछाईं** | स्त्री. | प्रकाश के सामने आने से पीछे की ओर अथवा पीछे की ओर प्रकाश होने पर आगे की ओर बननेवाली किसी वस्तु की छायामय आकृति, जल-दर्पण आदि में पड़नेवाली किसी की छायाकृति। | ಪ್ರತಿಬಿಂಬ | प्रतिबिंब | shadow, reflection. |
| **परजीवी** | वि. | जिसका जीवित रहना दूसरों पर अवलंबित हो, दूसरों पर आश्रित हो। | ಪರಾವಲಂಬಿ | परावलंबि | parasitic. |
| | पु. | वे वनस्पतियां या कीड़े-मकौड़े जो दूसरे वृक्षों या जीव-जंतुओं के शरीर पर रहकर उनका रस या खून चूस कर जीते तथा पलते हैं। | | | parasite. |
| **परतंत्र** | वि. | अधीन, परवश। | ಅಸ್ವತಂತ್ರ, ಪರಾಧೀನ | अस्वतंत्र, पराधीन | dependent, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परतंत्रता** | स्त्री. | परतंत्र होने की अवस्था या भाव। | ಪರಾಧೀನತೆ | पराधीनतॆ | dependence, subjection. |
| **परत** | स्त्री. | तह। | ಪದರ | पदर | layer, fold. |
| **परती** | स्त्री. | वह जमीन जो जोती बोई न जाती हो। | ಸಾಗುವಳಿ ಮಾಡದ ಭೂಮಿ | सागुवळि माडद भूमि | fallow land, uncultivated waste land. |
| **परदा (पर्दा)** | पु. | 1. कपड़ा या इसी तरह की कोई और चीज जो आड़ या बचाव करने के लिए बीच में फैलाकर टांगी या लटकायी जाए; | ಪರದೆ; | परदॆ; | curtain; |
| | | 2. अभिनय, खेल-तमाशों में वह कपड़ा जो दर्शकों के सामने लटका रहता है और जिस पर कुछ दृश्य अंकित होते हैं या प्रतिबिम्बित होते हैं; | ತೆರೆ; | तॆरॆ; | screen; |
| | | 3. भेद, रहस्य; | ರಹಸ್ಯ, ಗುಟ್ಟು; | रहस्य, गुट्टु; | secret, mystery; |
| | | 4. एक प्रथा जिसके अनुसार भले घर की स्त्रियां आड़ में घूंघट करके रहती हैं तथा पर-पुरुषों और बड़ों के सामने नहीं होती हैं। | ಮುಸುಕು | मुसुकु | veil. |
| **परदादा (परदादी)** | पु. (स्त्री.) | पिता का दादा, प्रपितामह। | ಮುತ್ತಾತ (ಮುತ್ತಜ್ಜಿ) | मुत्तात (मुत्तज्जि) | patornal great grand father. |
| **परदा-नशीन** | वि. | जो बड़ों तथा पर-पुरुषों से परदा करती हो। | (ಹಿರಿಯರನ್ನು ಗೌರವಿಸಲು) ಪರದೆಯಲ್ಲಿರುವ | (हिरियन्नु गौरविसलु) परदॆयल्लिरुव | (a woman) who keeps herself concealed behind a veil, veiled. |
| **परदेश (परदेस)** | पुं. | अपने देश से भिन्न दूसरा देश। | ಪರದೇಶ | परदेश | foreign country |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परदेशी (परदेसी) | वि. | वह व्यक्ति जो अपना देश छोड़कर किसी दूसरे देश में आया या रहता हो। | ಸ್ವದೇಶಿಯಲ್ಲದ, ಬೇರೆ ದೇಶದ | स्वदेशियल्लद, बेरे देशद | foreigner, stranger. |
| परनाना (परनानी) | पु. (स्त्री) | नाना का पिता। | ತಾಯಿಯ ತಂದೆಯ ತಂದೆ | तायिय तंदेय तंदे | maternal great grand father. |
| परनाला (स्त्री. परनाली) | पु. | वह बड़ी नाली जिससे होकर गंदा पानी बहता है। | ಮೋರಿ, ಚರಂಡಿ | मोरि, चरंडि | drain pipe. |
| परपोता (स्त्री. परपोती) | पु. | पोते का पुत्र, प्रपौत्र। | ಮೊಮ್ಮಗ (ಮೊಮ್ಮಗಳು) | मोम्मग (मोम्मगळु) | a great grandson. |
| पर-ब्रह्म | पु. | निर्गुण या निरुपाधि ब्रह्मा, परमेश्वर। | ನಿರ್ಗುಣ, ನಿರಾಕಾರ ಬ್ರಹ್ಮ | निर्गुण, निराकर ब्रह्म | the Supreme Spirit or Brahma, God. |
| परम | वि. | 1. उच्च, उत्कृष्ट;<br>2. मुख्य, प्रधान;<br>3. अत्यधिक, हद दर्जे तक। | ಅತ್ಯುತ್ತಮವಾದ;<br>ಮುಖ್ಯ;<br>ಅತ್ಯಧಿಕ | अत्युत्तमवाद;<br>मुख्य;<br>अत्यधिक | highest, best, most;<br>chief, principal;<br>extreme (limit). |
| परम-तत्व | पु. | 1. दर्शन शास्त्र और विज्ञान के अनुसार वह मूल तत्व जो सृष्टि की समस्त वस्तुओं का सृष्टिकर्ता माना गया है, पदार्थ; | ಪರತತ್ವ; | परतत्व; | the essential element; |
| | | 2. ब्रह्म। | ಬ್ರಹ್ಮ | ब्रह्म | God, Brahma. |
| परम-पद | पु. | मोक्ष, मुक्ति। | ಮೋಕ್ಷ | मोक्ष | the highest state or position, liberation, salvation. |
| परम-हंस | पु. | 1. परमात्मा, परमेश्वर; | ಪರಮೇಶ್ವರ; | परमेश्वर; | God; |
| | | 2. संन्यासियों का एक भेद जिन्हें दंड शिखा सूत्र आदि धारण करना आवश्यक नहीं होता। | ಶಿಖಾಸೂತ್ರ ದಂಡ ಆದಿಗಳನ್ನು ಧರಿಸಿದ ಸಂನ್ಯಾಸಿಗಳ ಒಂದು ಭೇದ | शिखा सूत्र दंड आदिगळन्नु धरिसद संन्यासिगळ ओंदु भेद | an ascetic of the highest order. |
| परमाणु | पु. | किसी तत्व का वह सबसे छोटा टुकड़ा जिसके और टुकड़े न हो सकते हों। | ಪರಮಾಣು | परमाणु | atom. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परमात्मा** | पु. | ईश्वर, परब्रह्म। | ಪರಮಾತ್ಮ | परमात्म | God. |
| **परमार्थ** | पु. | 1. परोपकार;<br>2. मोक्ष। | ಪರೋಪಕಾರ;<br>ಮುಕ್ತಿ | परोपकार;<br>मुक्ति | the highest good; the best end, salvation. |
| **परमार्थी** | वि. | 1. दूसरों की भलाई करनेवाला, परोपकारी;<br>2. मुमुक्षु, मोक्ष चाहनेवाला;<br>3. परमार्थ संबंधी। | ಪರೋಪಕಾರಿ;<br>ಮೋಕ್ಷವನ್ನು ಬಯಸುವ;<br>ಪರಮಾರ್ಥಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | परोपकारि;<br>मोक्षवन्नु बयसुव;<br>परमार्थक्कॆ संबंधिसिद | virtuous person;<br>pursuing the highest purpose;<br>pertaining to the highest truth. |
| **परमेश्वर** | पु. | परमात्मा। | ಪರಮೇಶ್ವರ | परमेश्वर | God. |
| **परराष्ट्र** | पु. | अपने राष्ट्र को छोड़कर अन्य राष्ट्र। | ಪರರಾಷ್ಟ್ರ | परराष्ट्र | another country. |
| **परला** | वि. | 1. उधर का या उस ओर का;<br>2. बहुत ही बढ़ा-चढ़ा। | ಆಚಿನ, ಆಚೆ ಬದಿಯ;<br>ಮೊದಲ ದರ್ಜೆಯ | आचिन, आचॆ बदिय;<br>मॊदल दर्जॆय | of the other side or end, next in order;<br>of the first order. |
| **पर-लोक** | पु. | इस लोक से भिन्न दूसरा लोक। | ಪರಲೋಕ | परलोक | the other world. |
| **परवरिश** | स्त्री. | पालन-पोषण। | ಪಾಲನೆ-ಪೋಷಣೆ | पालनॆ-पोषणॆ | bringing up, fostering. |
| **परवर्ती** | वि. | काल-क्रम या घटना-क्रम की दृष्टि से बाद में या पीछे होनेवाला। | ಅನಂತರದ (ಕ್ರಮದಲ್ಲಿ) | अनंतरद (क्रमदल्लि) | later, subsequent. |
| **परवल** | पु. | एक प्रसिद्ध लता और उसका फल जिसकी तरकारी बनती है। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ತರಕಾರಿ, ತೊಂಡೆ | ऒंदु बगॆय तरकारि, तॊंडॆ | a kind of vegetable. |
| **परवश** | वि. | 1. जो दूसरे के वश में हो, परतंत्र;<br>2. जो दूसरे पर निर्भर करता हो। | ಪರವಶ, ಪರತಂತ್ರ;<br>ಪರಾಶ್ರಯಿ | परवश, परतंत्र;<br>पराश्रयि | under another's control, dependent<br>depending on the will of another. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परवशता** | स्त्री. | परवश होने की स्थिति तथा भाव। | ಪರವಶತೆ | परवशतॆ | dependence on another, subjection. |
| **परवाना** | पु. | 1. लिखित आज्ञा, अनुमति-पत्र; | ಆರ್ಡರು, ಹುಕುಂ, ವಾರಂಟು; | आर्डरु, हुकुं, वारंटु; | warrant, order; |
| | | 2. पतंगा, विशेषत: वह जो दीपक की लौ के चारों तरफ मंडराता हो और उसी में जल मरता हो; | ದೀಪದ ಹುಳ, ಪತಂಗ; | दीपद हुळ, पतंग; | moth; |
| | | 3. वह व्यक्ति जो किसी पर अत्यन्त मुग्ध हो और उसके लिए अपने को बलिदान कर दे। | ಪ್ರೇಮಾಸಕ್ತ | प्रेमासक्त | (poet) a lover. |
| **परवाह** | स्त्री. | 1. चिंता, फिक्र; | ಚಿಂತೆ; | चिंतॆ; | anxiety, worry; |
| | | 2. कोई काम (विशेषत : अनुपयुक्त या अनुचित काम) करते समय मन में होनेवाला यह विचार कि इस काम से बड़ों के मान को ठेस तो नहीं लगेगी। | ಲಕ್ಷ್ಯ, ಗಮನ | लक्ष्य, गमन | care, heed. |
| **परसर्ग** | पु. | आधुनिक भाषा-विज्ञान में, ने, को, के, से, में आदि संज्ञा-विभक्तियाँ जिनके संबंध में कहा जाता है कि ये प्रकृति के साथ सटाकर नहीं बल्कि प्रकृति से हटाकर लिखी जानी चाहिए। | ಪರಸರ್ಗ | परसर्ग | a postposition (i.e. ने, को, के, से, में). |
| **परसाल** | अव्य. | 1. गतवर्ष, पिछले साल; | ಕಳೆದ ವರ್ಷ; | कळॆद वर्ष; | last year; |
| | | 2. आगामी वर्ष, अगले साल। | ಬರುವ ವರ್ಷ | बरुव वर्ष | coming year, next year. |
| **परसों** | अव्य. | 1. बीते हुए दिन से ठीक पहलेवाला दिन; | ಮೊನ್ನೆ; | मॊन्नॆ; | day before yesterday; |
| | | 2. अगले दिन से एक दिन आगे। | ನಾಳಿದ್ದು | नाळिद्दु | day after tomorrow. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परस्पर** | क्रि. वि. | एक दूसरे के साथ, आपस में। | ಪರಸ್ಪರವಾಗಿ | परस्परवागि | mutual, reciprocal. |
| **परहेज** | पु. | 1. निषिद्ध वस्तुओं से बचना, कुपथ्य से बचना; 2. संयमपूर्वक रहना। | ಪಥ್ಯದಿಂದಿರುವಿಕೆ; ಸಂಯಮದಲ್ಲಿರುವಿಕೆ | पथ्यदिंदिरुविके; संयमदल्लिरुविके | abstinence, avoidance; control of the passions. |
| **पराठा(परांठा) (परौंठा)** | पु. | घी लगाकर तवे पर सेंकी जानेवाली एक प्रकार की चपाती। | ತುಪ್ಪ ಸವರಿ ಮಾಡಿದ ಚಪಾತಿಯ ಒಂದು ಬಗೆ, ಪರಾಠಾ | तुप्प सवरि माडिद चपातिय ऑंदु बगे, पराठा | pan cake like preparation with wheat flour. |
| **पराकाष्ठा** | स्त्री. | चरम सीमा, हद। | ಪರಾಕಾಷ್ಠೆ | पराकाष्ठे | climax. |
| **पराक्रम** | पु. | सामर्थ्य, बल, विक्रम, शौर्य। | ಪರಾಕ್ರಮ | पराक्रम | ability, bravery, valiance, gallantry. |
| **पराक्रमी** | वि. | पराक्रमवाला, शूर, पुरुषार्थी। | ಪರಾಕ್ರಮಿ, ಪರಾಕ್ರಮಶಾಲಿ | पराक्रमि, पराक्रमशालि | brave, valiant. |
| **पराग** | पु. | फूल के लम्बे केसरों पर जमा रहनेवाली धूल। | ಪರಾಗ | पराग | the pollen of a flower. |
| **पराङ्मुख** | वि. | 1. जो पीछे की ओर मुंह फेरे हुए हो; 2. उदासीन। | ಹಿಮ್ಮುಖವಾದ; ಉದಾಸೀನ | हिम्मुखवाद; उदासीन | having the face turned away; shunning. |
| **पराजय** | स्त्री. | हार, विजय का उलटा। | ಪರಾಜಯ, ಸೋಲು | पराजय, सोलु | defeat. |
| **पराजित** | वि. | हाराया या हारा हुआ | ಸೋತ | सोत | defeated. |
| **परात** | स्त्री. | थाली के आकार का ऊँचे किनारोंवाला बड़ा बरतन। | ತಟ್ಟೆಯಾಕಾರದ ದೊಡ್ಡ ಪಾತ್ರೆ | तट्टयाकारद दोड्ड पात्रे | large shallow circular vessel of metal. |
| **पराधीन** | वि. | जो दूसरे के अधीन हो। | ಪರಾಧೀನ | पराधीन | dependent on another. |
| **पराधीनता** | स्त्री. | पराधीन होने की अवस्था या भाव। | ಪರಾಧೀನತೆ | पराधीनते | dependence on another,subjection. |
| **पराभव** | पु. | 1. हार, पराजय; 2. तिरस्कार, अनादर। | ಸೋಲು; ಅನಾದರ, ತಿರಸ್ಕಾರ | सोलु; अनादर, तिरस्कार | defeat; contempt, disregard, disrespect. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पराभूत** | वि. | 1. पराजित, परास्त; | ಸೋತ; | सोत; | defeated, overcome; |
| | | 2. तिरस्कृत। | ತಿರಸ್ಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | तिरस्करिसल्पट्ट | treated with contempt, degraded, dishonoured. |
| **परामर्श** | पु. | 1. किसी विषय में दूसरे से ली जानेवाली सलाह; | ಸಲಹೆ; | सलहॆ; | advice; |
| | | 2. विवेचन, विचार; | ವಿವೇಚನೆ; | विवेचनॆ; | consultation; |
| | | 3. पकड़ना, खींचना, स्पर्श करना। | ಎಳೆದಾಟ | ऎळॆदाट | seizing, pulling, touching. |
| **परामर्श-दाता** | पु. | दूसरों को सलाह देनेवाला। | ಸಲಹೆ ಕೊಡುವವ | सलहॆ कॊडुवव | adviser, counsel. |
| **परायण** | वि. | 1. किसी काम या बात में अच्छी तरह लगा हुआ, निरत; | ತದೇಕ ಧ್ಯಾನಿ, ನಿರತ; | तदेक ध्यानि, निरत; | absorbed in; |
| | | 2. किसी के प्रति पूर्ण निष्ठा या भक्ति रखनेवाला। | ಏಕನಿಷ್ಠ ಭಕ್ತ | एकनिष्ठ भक्त | devoted. |
| **पराया** | वि. | 1. दूसरे का, अपने से भिन्न; | ತನ್ನದಲ್ಲದ; | तन्नदल्लद; | pertaining to another; |
| | | 2. आत्मीय या स्वजन से भिन्न। | ಇತರ, ತನ್ನವರಲ್ಲದ | इतर, तन्नवरल्लद | not one's own. |
| **परावर्तन** | पु. | 1. प्रत्यावर्तन, लौटकर पीछे आना; | ಹಿಂದಿರುಗುವಿಕೆ; | हिंदिरुगुविकॆ; | turning back and round; |
| | | 2. उलटने पर फिर ज्यों का त्यों हो जाना। | ಹಿಂದಿರುಗಿ ಮೊದಲಿನ ಸ್ಥಿತಿಗೆ ಬರುವಿಕೆ | हिंदिरुगि मॊदलिन स्थितिगॆ बरुविकॆ | to come into the same position after turning (as it was before). |
| **परास** | पु. | 1. उतना क्षेत्र जहां तक किसी क्रिया का प्रभाव या फल होता है; | (ಪ್ರಭಾವದ ವ್ಯಾಪ್ತಿ ಇರುವ) ದೂರ; | (प्रभावद व्याप्ति इरुव) दूर; | distance; |
| | | 2. उतना क्षेत्र जितने में कोई चीज पाई जाती है; | (ಯಾವುದಾದರೂ ವಸ್ತು ದೊರೆಯುವ ಅಥವಾ ಬೆಳೆಯುವ) ಪ್ರದೇಶ; | (यावुदादरू वस्तु दॊरॆयुव अथवा बॆळॆयुव) प्रदेश; | region; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. उतना अवकाश या दूरी जितनी कोई चलाई या फेंकी जानेवाली चीज पार करती हो। | (ಕಲ್ಲು ಮುಂತಾದುದನ್ನು ಎಸೆದಾಗ ಅದು ಹೋಗಿ ಬೀಳುವಷ್ಟು) ದೂರ | (कल्लु मुंतादुदन्नु एसेदाग अदु होगि बीळुवष्टु) दूर | the range or distance of anything thrown. |
| **परास्त** | वि. | हारा या हराया हुआ, पराजित। | ಪರಾಜಿತ, ಸೋಲಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | पराजित, सोलिसल्पट्ट | defeated. |
| **परिंदा** | पु. | पक्षी, चिड़िया। | ಹಕ್ಕಿ, ಪಕ್ಷಿ | हक्कि, पक्षि | bird. |
| **परिकर** | पु. | 1. घर या परिवार के लोग; | ಪರಿವಾರದ ಸದಸ್ಯರು; | परिवारद सदस्यरु; | family members; |
| | | 2. आस-पास या संग-साथ रहनेवाले लोग; | ಒಂದಿಗರು; | ऑंदिगरु; | colleague; |
| | | 3. एक प्रकार का अर्थालंकार जहां किसी विशेष्य से पहले किसी विशिष्ट अभिप्राय में विशेषण लगाए जाते हैं। | (ಸಾಹಿತ್ಯ) ಒಂದು ಅಲಂಕಾರ | (साहित्य) ऑंदु अलंकार | (in rhet) a parlic figure in which many significant epithets or adjectives are employed one after the other to give force to a statement. |
| **परिकलन** | पु. | गणित में वह गणना जो कुछ जटिल होती है तथा जिसमें कुछ विशिष्ट तथा निश्चित क्रियाओं की सहायता लेनी पड़ती है। | ಲೆಕ್ಕಾಚಾರ | लॆक्काचार | calculation. |
| **परिकल्पना** | स्त्री. | 1. जिस बात की बहुत कुछ संभावना हो उसे पहले ही मान लेना या उसके नाम रूप आदि की कल्पना कर लेना; | ಊಹೆಯು ವಿಚಾರಗಳ ನಾಮ ರೂಪಕಲ್ಪನೆ; | ऊहॆय विचारगळ नामरुप कल्पनॆ; | to assume; |
| | | 2. केवल तर्क के लिए कोई बात मान लेना; | ತರ್ಕಕ್ಕಾಗಿ ಕಲ್ಪಿಸಿ ಕೊಂಡದ್ದು; | तर्कक्कागि काल्पसिकॊंडद्दु; | reckoning, calculation; |
| | | 3. कुछ विशिष्ट आधारों पर कोई बात ठीक या सही मान लेना; | ದೊರೆತ ಆಧಾರಗಳ ಮೇಲೆ ರೂಪರೇಖೆಗಳ ಕಲ್ಪನೆ; | दॊरॆत आधारगळ मेलॆ रूपरेखॆगळ कल्पनॆ; | deciding, determining; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. गणित में कोई विशिष्ट मान या राशि निकलने से पहले उसके लिए कोई निश्चित मान, राशि या चिह्न अवधारित करना। | (ಗಣಿತ) ಕಲ್ಪಿತ ಸಂಖ್ಯೆ | (गणित) कल्पित संख्यॆ | presumption. |
| **परिक्रमा** | स्त्री. | 1. किसी तीर्थ, देवता या मंदिर के चारों ओर श्रद्धा, भक्ति से चक्कर लगाने की क्रिया; | ಸುತ್ತ ತಿರುಗಿ ನಮಸ್ಕರಿಸುವಿಕೆ; | सुत्त तिरुगि नमस्करिसुविकॆ; | the going round a person or an idol to the right as an indication of reverence; |
| | | 2. इस प्रकार से लगाया हुआ फेरा, प्रदक्षिणा; | ಪ್ರದಕ್ಷಿಣೆ; | प्रदक्षिणॆ; | walking round or about, circuit, circum - ambulation; |
| | | 3. उक्त प्रकार से चक्कर लगाने के लिए नियत मार्ग। | ಪ್ರದಕ್ಷಿಣೆ ಮಾಡುವ ದಾರಿ | प्रदक्षिणॆ माडुव दारि | a covered way round temple. |
| **परिगणना** | स्त्री. | अच्छी तरह गिनना। | ಎಣಿಕೆ | ऍणिकॆ | calculation. |
| **परिगणित** | वि. | 1. जिसकी परिगणना की गई हो; | ಎಣಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | ऍणिसल्पट्ट; | calculated; |
| | | 2. जिसका उल्लेख या परिगणन किसी अनुसूची में हुआ हो, अनुसूचित। | ಅನುಸೂಚಿತ | अनुसूचित | scheduled. |
| **परिग्रह** | पु. | 1. स्वीकार करना, ग्रहण करना; | ಸ್ವೀಕರಿಸುವಿಕೆ; | स्वीकरिसुविकॆ; | taking, accepting, receiving; |
| | | 2. धन आदि का संग्रह; | ಸಂಗ್ರಹಿಸುವಿಕೆ; | संग्रहिसुविकॆ; | possession, property; |
| | | 3. पत्नी, भार्या; | ಹೆಂಡತಿ; | हॆंडति; | wife; |
| | | 4. परिवार के लोग; | ಪರಿವಾರದ ಜನ; | परिवारद जन; | house-hold, family; |
| | | 5. सेना का पिछला भाग। | ಹಿಂಭಾಗದ ಸೈನ್ಯಭಾಗ | हिंभागद सैन्य भाग | the rear or reserve of an army. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परिचय** | पुं. | 1. जान-पहचान;<br>2. किसी व्यक्ति के नाम-धाम या गुणकर्म आदि से संबंध रखनेवाली सब या कुछ बातें जो किसी को बताई जाएं;<br>3. किसी विषय का थोड़ा बहुत ज्ञान। | ಪರಿಚಯ;<br><br>ವಿಷಯದ ಸಾಮಾನ್ಯ ಜ್ಞಾನ | परिचय;<br><br>विषयद सामान्य ज्ञान | acquaintance; introduction;<br><br>familiarity. |
| **परिचय-पत्र** | पुं. | किसी अधिकारी या व्यक्ति का दिया हुआ वह पत्र जिसे कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को अपना परिचय देने के लिए दिखाता है। | ಪರಿಚಯ ಪತ್ರ | परिचय पत्र | a letter of introduction. |
| **परिचर** | पु. | भृत्य, सेवक। | ಸೇವಕ | सेवक | attendant, servant. |
| **परिचर्या** | स्त्री. | सेवा, खिदमत, रोगी की सुश्रूषा। | ಸೇವೆ, ಶುಶ್ರೂಷೆ | सेवॆ, शुश्रूषॆ | attendance, attending on a patient. |
| **परिचायक** | पु. | परिचय करानेवाला, बतानेवाला। | ಪರಿಚಯ ಮಾಡಿಸುವವ | परिचय माडिसुवव | one who or that which introduces. |
| **परिचारक** | पु. | 1. सेवक;<br>2. रोगी की सेवा करनेवाला, तीमारदार। | ಪರಿಚಾರಕ;<br>(ರೋಗಿಯ) ಶುಶ್ರೂಷೆ ಮಾಡುವವ | परिचारक;<br>(रोगिय) शुश्रूषॆ माडुवव | attendant;<br>male nurse. |
| **परिचारिका** | स्त्री. | सेविका, टहल करनेवाली। | ಸೇವಕಿ | सेवकि | a female attendant, nurse. |
| **परिचालन** | पु. | 1. चलाना;<br>2. उचित रूप से किसी कार्य का निर्वाह करना। | ನಡೆಸುವಿಕೆ;<br>ಸರಿಯಾಗಿ ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಹಿಸುವಿಕೆ | नडॆसुविकॆ;<br>सरियागि कार्य निर्वहिसुविकॆ | steering (navigation);<br>operation. |
| **परिचित** | वि. | जाना-पहचाना। | ಪರಿಚಿತ, ಗುರುತುಕಂಡ | परिचित, गुरुतुकंड | acquainted, familiar. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परिच्छेद** | पु. | ग्रन्थों आदि का ऐसा विभाग जिसमें किसी विषय या उसके अंग का स्वतंत्र रूप से प्रतिपादन या विवेचन किया गया हो, अध्याय, प्रकरण। | ಪರಿಚ್ಛೇದ, ಅಧ್ಯಾಯ | परिच्छेद, अध्याय | a section or chapter of a book. |
| **परिजन** | पु. | 1. परिवार के सदस्य; | ಪರಿಜನ; | परिजन; | family, household, members; |
| | | 2. अनुगामी और अनुचरवर्ग। | ಹಿಂಬಾಲಕರು | हिंबालकरु | attendants, followers. |
| **परिणत** | वि. | 1. जिसमें किसी प्रकार का परिवर्तन, रूपान्तर या विकार हुआ हो; | ರೂಪಾಂತರ ಗೊಂಡ; | रूपांतर गोंड; | changed or transformed into; |
| | | 2. जिसकी पूरी वृद्धि हो चुकी हो, परिपक्व, पुष्ट। | ಪಕ್ವವಾದ, ಪುಷ್ಟ | पक्ववाद, पुष्ट | developed, ripened mature. |
| **परिणति** | स्त्री. | 1. परिणत होने की अवस्था या भाव; | ಬದಲಾವಣೆ ಹೊಂದಿರುವಿಕೆ; | बदलावणे होंदिरुविके; | change; |
| | | 2. रूपान्तर को प्राप्त होना; | ರೂಪ ಬದಲಾಗಿರುವಿಕೆ; | रूप बदला-गिरुविके; | transformation, culmination; |
| | | 3. पूर्णवृद्धि, परिपाक; | ಪರಿಪಾಕ; | परिपाक; | ripeness, maturity; |
| | | 4. परिणाम। | ಪರಿಣಾಮ | परिणाम | result. |
| **परिणय** | पु. | विवाह। | ವಿವಾಹ | विवाह | marriage. |
| **परिणाम** | पु. | नतीजा, निष्कर्ष। | ಪರಿಣಾಮ, ಫಲ | परिणाम, फल | result, consequence, effect. |
| **परिणीत (स्त्री. परिणीता)** | वि. | जिसका परिणय हो चुका हो, विवाहित। | ಮದುವೆಯಾದ | मदुवेयाद | married. |
| **परिताप** | पु. | 1. अत्यधिक ताप; | ಬಹಳ ಬೇಗೆ; | बहळ बेगे; | extreme or scorching heat; |
| | | 2. घोर व्यथा, संताप; | ಸಂತಾಪ; | संताप; | pain, agony; |
| | | 3. पछतावा, पश्चाताप। | ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪ | पश्चात्ताप | repentance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परितोष** | पु. | 1. निश्चिन्तता युक्त सुख जो कामना या साध पूरी होने पर होता है, पूर्ण तृप्ति; | ಚಿಂತೆಯಿಲ್ಲದ ತೃಪ್ತಿ; | चिंतेयिल्लद तृप्ति; | complete satisfaction; |
| | | 2. प्रसन्नता, खुशी। | ಸಂತೋಷ, ಪ್ರಸನ್ನತೆ | संतोष, प्रसन्नतॆ | delight. |
| **परित्यक्त (स्त्री. परित्यक्ता)** | वि. | जिसे पूर्ण रूप से छोड़ दिया गया हो। | ಬಿಡಲ್ಪಟ್ಟ, ಪರಿತ್ಯಕ್ತ | बिडल्पट्ट, परित्यक्त | left, quitted. |
| **परित्याग** | पु. | पूरी तरह त्याग देना, एकदम छोड़ देना। | ಪರಿತ್ಯಾಗ, ಬಿಟ್ಟುಬಿಡುವಿಕೆ | परित्याग, बिट्टुबिडुविकॆ | abandoning, deserting. |
| **परित्राण** | पु. | कष्ट, विपत्ति, आदि से की जानेवाली पूर्ण रक्षा। | ಪರಿತ್ರಾಣ, ಸಂರಕ್ಷಣೆ | परित्राण, संरक्षणॆ | protection. |
| **परिधान** | पु. | पोशाक, पहनावा, पहनने के वस्त्र। | ಉಡಿಗೆ ತೊಡಿಗೆ | उडिगॆ तॊडिगॆ | dress, clothes, garment. |
| **परिधि** | स्त्री. | 1. वृत्त बनानेवानी रेखा;<br>2. किसी वस्तु की रक्षा के लिए बनाया हुआ घेरा, बड़ी चारदीवारी; | ಪರಿಧಿ | परिधि | circumference; boundary; |
| | | 3. वह गोलाकार मार्ग जिस पर कोई चीज चलती या चक्कर लगाती हो। | | | perimeter. |
| **परिनिष्ठित** | वि. | 1. पूर्णतया निपुण; | ನೈಪುಣ್ಯ ಹೊಂದಿದ; | नैपुण्य हॊंदिद; | completely skilled in; |
| | | 2. (कार्य) जो संपन्न किया जा चुका हो, निपटाया हुआ; | (ಕಾರ್ಯ) ಪೂರೈಸಿದ; | (कार्य) पूरैसिद; | completed work; |
| | | 3. एक सर्वमान्य आदर्श (जैसे भाषा)। | ಸರ್ವಸಮ್ಮತವಾದ | सर्वसम्मतवाद | standard (language). |
| **परिपक्व** | वि. | 1. अच्छी तरह पका हुआ; | ಹಣ್ಣಾದ; | हण्णाद; | ripe; |
| | | 2. जिसका पूरा विकास हो चुका हो; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ವಿಕಸಿಸಿದ; | चॆन्नागि विकसिसिद; | developed, matured; |
| | | 3.कुशल, दक्ष, निपुण। | ದಕ್ಷ, ನಿಪುಣ, ಕುಶಲ | दक्ष, निपुण, कुशल | skilled. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिपक्वता | स्त्री. | परिपक्व होने की अवस्था या भाव। | ಪರಿಪಕ್ವತೆ | परिपक्वतॆ | ripeness, maturity, full development. |
| परिपत्र | पु. | वह आधिकारिक पत्र जो सभी संबद्ध अधिकारियों, सदस्यों, आदि को सूचनार्थ भेजा जाता है, गश्ती चिट्ठी। | ಸುತ್ತೋಲೆ, ಪರಿಪತ್ರ | सुत्तोलॆ, परिपत्र | circular. |
| परिपथ | पु. | 1. विद्युत-धारा का मार्ग; | ವಿದ್ಯುದ್ಧಾರಾ ಮಾರ್ಗ; | विद्युद्धारा मार्ग; | electric circuit; |
| | | 2. अनेक नगरों, देशों, स्थलों आदि में बारी-बारी से होते हुए जाने के लिए पहले से नियत किया हुआ मार्ग। | ಮೊದಲೇ ಗೊತ್ತುಪಡಿಸಿದ ಸಂಚಾರ ಮಾರ್ಗ | मॊदले गॊत्तुपडिसिद संचार मार्ग | circuit. |
| परिपाक | पु. | 1. अच्छी तरह से पकना या पकाया जाना; 2. पूर्ण विकास या प्रौढ़ता को प्राप्त होना; 3. परिणाम, फल। | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಬೇಯುವುದು ಅಥವಾ ಬೇಯಿಸಲ್ಪಡುವುದು; ಪೂರ್ಣ ಪ್ರೌಢತೆಯನ್ನು ತಲುಪುವಿಕೆ; ಫಲ, ಪರಿಣಾಮ | चॆन्नागि बेयुवुदु अथवा बेयिसल्पडुवुदु; पूर्ण प्रौढतॆयन्नु तलुपुविकॆ; फल, परिणाम | being completely cooked; ripening, maturity; result, consequence. |
| परिपाटी | स्त्री. | 1. जाति, समाज आदि में कोई काम करने का विशिष्ट या बंधा हुआ ढंग अथवा शैली, प्रथा, रीति; | ಪರಿಪಾಟಿ, ರೀತಿ; | परिपाटि, रीति; | convention, custom; |
| | | 2. चला आता हुआ क्रम, सिलसिला। | ನಡೆದು ಬಂದ ಪರಂಪರೆ | नडॆदु बंद परंपरॆ | succession, arrangement. |
| परिपूर्ण | वि. | 1. जो सब प्रकार से पूर्ण हो; 2. जो पूरा हो चुका हो अथवा किया जा चुका हो। | ಸಂಪೂರ್ಣವಾದ; ಪೂರ್ಣಗೊಳಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | संपूर्णवाद; पूर्णगॊळिसल्पट्ट | perfect, complete; full. |
| परिप्रेक्ष्य | पु. | 1. दृष्टिकोण, पृष्ठभूमि; | ದೃಷ್ಟಿಕೋಣ, ಹಿನ್ನೆಲೆ; | दृष्टिकोण, हिन्नॆलॆ; | view-point, background; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. चित्रकला में दृश्यों, पदार्थों, व्यक्तियों का ऐसा अंकन या चित्रण जिसमें उनका पारस्परिक अन्तर ठीक उसी रूप में दिखाई देता हो जिस रूप में वह साधारणतः आंखों से देखने पर दिखाई देता है। | (ಚಿತ್ರದಲ್ಲಿ ನೈಜತೆ ಅಥವಾ ಸ್ವಾಭಾವಿಕತೆ ಯನ್ನುಂಟು ಮಾಡಲು) ವಿವಿಧ ವರ್ಣಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆ | (चित्रदल्लि नैजतॆ अथवा स्वाभाविकतॆयन्नुंटुमाडलु) विविध वर्णगळ हिन्नॆलॆ | perspective. |
| **परिभाषा** | स्त्री. | 1. किसी का ऐसा नपा तुला परिचय जिससे उसके स्वरूप, गुण, वैशिष्ट्य आदि का यथार्थ ज्ञान हो जाए, लक्षण; | ಲಕ್ಷಣ, ಸೂತ್ರ; | लक्षण, सूत्र; | definition; |
| | | 2. कला या विद्या के क्षेत्र में विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला शब्द या संज्ञा; | ಪರಿಭಾಷೆ; | परिभाषॆ; | a word or noun used in a particular sense; |
| | | 3. अपने उपयोग के लिए शास्त्रकारों द्वारा रची हुई विशिष्ट संज्ञा। | (ಶಾಸ್ತ್ರ) ಪರಿಭಾಷಾ ಶಬ್ದ | (शास्त्र) परिभाषा शब्द | technical term. |
| **परिभ्रमण** | पुं. | 1. चारों ओर घूमना; | ಸುತ್ತುವಿಕೆ; | सुत्तुविकॆ; | going about, moving to and fro; |
| | | 2. विज्ञान में किसी एक वस्तु का किसी दूसरी वस्तु को केन्द्र मानकर उसके चारों ओर घूमना या चक्कर लगाना। | (ವಿಜ್ಞಾನ) ಕೇಂದ್ರದ ಸುತ್ತಲೂ ಸುತ್ತುವಿಕೆ | (विज्ञान) केंद्रद सुत्तलू सुत्तुविकॆ | rotation, revolution. |
| **परिमल** | पुं. | 1. कुमकुम, चंदन आदि के मर्दन से उत्पन्न सुगंध; | ಪರಿಮಳ; | परिमळ; | fragrance; |
| | | 2. सुगंध, सुवास। | ಸುಗಂಧ | सुगंध | aroma. |
| **परिमाण** | पुं. | 1. माप; | ಅಳತೆ; | अळतॆ; | measure; |
| | | 2. तौल; | ತೂಕ;, | तूक; | weight; |
| | | 3. मात्रा; | ಪ್ರಮಾಣ; | प्रमाण; | quantity; |
| | | 4. चा[illegible]ोर का विस्तार,घेरा। | ಸುತ್ತಳತೆ | सुत्तळतॆ | circumference. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परिमाप** | पु. | 1. मापने या नापने की क्रिया या भाव; | ಅಳೆಯುವಿಕೆ; | अळॆयुविकॆ; | act of measuring; |
| | | 2. लंबाई-चौड़ाई आदि का नाप या लेखा; | ಉದ್ದ-ಅಗಲಗಳ ಅಳತೆ; | उद्द-अगलगळ अळतॆ; | dimension; |
| | | 3. वह उपकरण जिससे कोई चीज मापी या नापी जाए; | ಅಳತೆ ಮಾಡಲು ಉಪಕರಣ; | अळतॆ माडुव उपकरण; | scale; |
| | | 4. ज्यामिति में किसी आकृति, क्षेत्र या तल को चारों ओर से घेरनेवाली बाहरी रेखा अथवा ऐसी रेखा की लंबाई या विस्तार। | (ರೇಖಾಗಣಿತ) ಕ್ಷೇತ್ರ, ಆಕೃತಿಗಳ ಸುತ್ತಣ ರೇಖೆ, ಸುತ್ತಳತೆ | (रेखागणित) क्षेत्र, आकृतिगळ सुत्तण रेखॆ, सुत्तळतॆ | perimeter. |
| **परिमार्जन** | पुं. | 1. त्रुटियां या दोष दूर करना, सुधारना; | ತಿದ್ದುಪಡಿ ಮಾಡಿ ಸರಿಪಡಿಸುವಿಕೆ; | तिद्दुपडि माडि सरिपडिसुविकॆ; | improvement; |
| | | 2. साफ करना, स्वच्छ करना। | ಸ್ವಚ್ಛ ಮಾಡುವಿಕೆ | स्वच्छ माडुविकॆ | cleansing. |
| **परिमार्जित** | वि. | जिसका परिमार्जन किया गया हो या हुआ हो। | ಶುದ್ಧಪಡಿಸಿದ, ಸರಿಮಾಡಿದ | शुद्धपडिसिद, सरिमाडिद | improved, cleaned. |
| **परिमित** | वि. | 1. सीमित; | ಪರಿಮಿತವಾದ; | परिमितवाद; | limited; |
| | | 2. मापा हुआ, तौला हुआ; | ಅಳೆದ, ತೂಕ ಮಾಡಿದ; | अळॆद, तूक माडिद; | measured, weighed; |
| | | 3. जो परिमाण में आवश्यकता से न अधिक हो न कम। | ಬೇಕಾದುದದಕ್ಕಿಂತ ಹೆಚ್ಚು-ಕಡಿಮೆ ಇಲ್ಲದ | बेकादुदक्किंत हॆच्चु-कडिमॆ इल्लद | moderate. |
| **परियोजना** | स्त्री. | किए जानेवाले कार्य के संबंध में नियमित और व्यवस्थित रूप से स्थिर किया हुआ विचार और स्वरूप। | ಕಾರ್ಯಯೋಜನೆ | कार्ययोजनॆ | scheme. |
| **परिरक्षण** | पु. | हर तरह से रक्षा करना। | ಸಂರಕ್ಷಣೆ | संरक्षणॆ | guarded in every respect. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परिवर्तन** | पु. | 1. अदल-बदल, विनिमय;<br>2. किसी की आकृति, रूप, गुण, स्थिति आदि में होनेवाला फेरफार। | ಬದಲಾವಣೆ | बदलावणॆ | exchange;<br>change. |
| **परिवर्तनशील** | वि. | परिवर्तन जिसका स्वभाव हो। | ಬದಲಾವಣೆ ಗೊಳ್ಳುವ ಸ್ವಭಾವದ | बदलावणॆगॊळ्ळुव स्वभावद | changeable. |
| **परिवर्तित** | वि. | 1. जिसका विनिमय किया गया हो;<br>2. जिसमें हेरफेर हुआ हो या किया गया हो, रूप या आकार में बदला हुआ। | ಬದಲಾಯಿಸಿದ;<br>ಬದಲಾವಣೆ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | बदलायिसिद;<br>बदलावणॆ माडल्पट्ट | exchanged;<br>changed, undergone variation. |
| **परिवर्धन** | पु. | 1. आकार-प्रकार, विषय-वस्तु आदि में की जानेवाली वृद्धि;<br>2. इस प्रकार बढ़ाया हुआ अंश। | ಬೆಳೆಸುವಿಕೆ, ವಿಸ್ತರಿಸುವಿಕೆ;<br>ಬೆಳೆಸಿ-ವಿಸ್ತರಿಸಿ ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಅಂಶ | बॆळॆसुविकॆ, विस्तरिसुविकॆ;<br>बॆळॆसि-विस्तरिसि सेरिसल्पट्ट अंश | enlargement;<br>enlarged portion. |
| **परिवर्धित** | वि. | बढ़ा या बढ़ाया हुआ, जिसका परिवर्धन किया गया हो या हुआ हो। | ಬೆಳೆಸಲ್ಪಟ್ಟ, ಪರಿವರ್ಧಿತ | बॆळॆसल्पट्ट, परिवर्धित | enlarged. |
| **परिवहन** | पु. | माल, यात्रियों आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का कार्य जो आजकल रेलों, मोटरों, जहाजों आदि द्वारा किया जाता है। | ಸಾರಿಗೆ | सारिगॆ | transport. |
| **परिवाद** | पुं. | निंदा, शिकायत। | ನಿಂದೆ, ದೂರು | निंदॆ, दूरु | complaint, censure. |
| **परिवार** | पु. | 1. कुटुंब, आश्रितजन;<br>2. किसी विशिष्ट गुण, संबंध आदि के विचार से चीजों का बननेवाला वर्ग;<br>3. अनुचर। | ಕುಟುಂಬ ಆಶ್ರಿತರು; ವಸ್ತುಗಳ ಒಂದು ವರ್ಗ;<br>ಹಿಂಬಾಲಕರು | कुटुंब, आश्रितरु; वस्तुगळ ऒंदु वर्ग;<br>हिंबालकरु | family; class;<br>attendant or follower. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परिवार-नियोजन** | पुं. | बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से दाम्पत्य-जीवन के संबंध में की जानेवाली वह योजना जिससे लोग आवश्यकता अथवा औचित्य से अधिक संतान उत्पन्न न करें। | ಕುಟುಂಬ-ನಿಯೋಜನೆ | कुटुंब-नियोजनॆ | family planning. |
| **परिवेश** | पुं. | 1. वातावरण; | ವಾತಾವರಣ; | वातावरण; | environment; |
| | | 2. तेजस्वी पुरुषों, देवताओं आदि के चित्रों में उनके मुखमंडल के चारों ओर दिखलाया जानेवाला प्रकाशमान घेरा; | ಪ್ರಭಾವಳಿ; | प्रभावळि; | halo (of lustre etc.); |
| | | 3. बदली के समय सूर्य या चन्द्रमा के चारों ओर दिखाई देनेवाला घेरा। | ಸೂರ್ಯ ಚಂದ್ರರ ಸುತ್ತ ಕಾಣುವ ಪ್ರಭಾವಲಯ | सूर्य चंद्रर सुत्त काणुव प्रभावलय | the disc of the sun and the moon. |
| **परिव्राजक** | पु. | 1. वह संन्यासी जो परिव्रज्या का व्रत ग्रहण करके सदा इधर-उधर भ्रमण करता रहे; | ಪರಿವ್ರಾಜಕ ಸಂನ್ಯಾಸಿ; | परिव्राजक संन्यासि; | wandering religious mendicant. |
| | | 2. संन्यासी। | ಸಂನ್ಯಾಸಿ | संन्यासि | ascetic. |
| **परिशिष्ट** | पु. | पुस्तकों आदि के अंत में दिया गया वह पूरक भाग जिसमें वे बातें दी जाती हैं जो मूल में आने से रह गई हों अथवा मूल में दी गई बातों का स्पष्टीकरण दिया गया हो। | ಪರಿಶಿಷ್ಟ | परिशिष्ट | appendix. |
| **परिशीलन** | पु. | मनन-पूर्वक किया जानेवाला गंभीर अध्ययन। | ಪರಿಶೀಲನೆ | परिशीलनॆ | study, critical study. |
| **परिश्रम** | पु. | मानसिक या शारीरिक श्रम, मेहनत। | ಪರಿಶ್ರಮ | परिश्रम | labour, hard work. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परिश्रमी** | वि. | पूरी शक्ति लगाकर काम करनेवाला, मेहनती। | ಪರಿಶ್ರಮಿ | परिश्रमि | laborious, painstaking, hardworking, diligent. |
| **परिषद्** | स्त्री. | सभा। | ಸಭೆ, ಪರಿಷತ್ತು | सभॆ, परिषत्तु | council, association. |
| **परिष्कार** | पु. | 1. अच्छी तरह ठीक और साफ करने की क्रिया या भाव, गंदगी, मिलावट, मैल आदि निकालकर किसी चीज को स्वच्छ बनाना; | ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಿಕೆ, | परिष्करिसुविकॆ; | refining; |
| | | 2. त्रुटियां, दोष आदि दूर करके सुंदर सुरुचिपूर्ण और स्वच्छ बनाना; | ಶುದ್ಧ ಪಡಿಸುವಿಕೆ; | शुद्ध पडिसुविकॆ; | embellishment; |
| | | 3. शोभा, सजावट। | ಅಲಂಕರಿಸುವಿಕೆ | अलंकरिसुविकॆ | decoration. |
| **परिष्कृत** | वि. | 1. जिसका परिष्कार किया गया हो; | ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | परिष्करिसल्पट्ट; | purified; |
| | | 2. संवारा या सजाया हुआ, अलंकृत; | ಅಲಂಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | अलंकरिसल्पट्ट; | adorned, decorated; |
| | | 3. सुधारा हुआ। | ಸರಿಪಡಿಸಿದ | सरिपडिसिद | improved. |
| **परिसंवाद** | पु. | दो या अधिक व्यक्तियों में किसी बात, विषय आदि के संबंध में होनेवाला विचारपूर्ण वाद-विवाद। | ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯಕ್ಕಾಗಿ ಚರ್ಚೆ | विचार विनिमयक्कागि चर्चॆ | discussion, symposium. |
| **परिसमापन** | पु. | 1. समाप्त करना; | ಪೂರ್ತಿಗೊಳಿಸುವುದು; | पूर्तिगॊळिसुवुदु; | the act of finishin completely; |
| | | 2. किसी चलते हुए काम का विधिवत् समाप्त होना; | ಪರಿಸಮಾಪ್ತಿ; | परिसमाप्ति; | termination; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी ऋण-ग्रस्त संस्था का कारबार बन्द करते समय किसी सरकारी अधिकारी या किसी आदाता द्वारा उसकी परिसंपद् का लेनदारों में किसी विशिष्ट अनुपात से बांटा जाना। | ಸಾಲಕ್ಕೀಡಾಗಿ ನಡೆಸಲಾಗದ ಸಂಸ್ಥೆಯು ವ್ಯವಹಾರಗಳನ್ನು ಬಗೆಹರಿಸಿ ಸಂಸ್ಥೆಯನ್ನು ಬಂದು ಮಾಡುವಿಕೆ, ಸಮಾಪನ ಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | सालक्कीडागि नडॆसलागद संस्थॆय व्यवहार-गळन्नु बगॆहरिसि संस्थॆयन्नु बंदु माडुविकॆ, समापनगॊळि-सुविकॆ | liquidation. |
| **परिसर** | पु. | नगर, पर्वत आदि के आस-पास की भूमि। | ಸುತ್ತುಮುತ್ತಲಿನ ಭೂಮಿ | सुत्तुमुत्तलिन भूमि | environs. |
| **परिसीमन** | पु. | किसी क्षेत्र, विषय आदि की सीमाएं निर्धारित करना। | ಎಲ್ಲೆಯನ್ನು ನಿರ್ಧರಿಸುವಿಕೆ | ऍल्लॆयन्नु निर्धरिसुविकॆ | delimitation. |
| **परिसीमा** | स्त्री. | अंतिम या चरम सीमा, हद। | ಸರಹದ್ದು | सरहद्दु | extreme limit. |
| **परिस्थिति** | स्त्री. | आसपास चारों ओर की स्थिति, हालत। | ಪರಿಸ್ಥಿತಿ | परिस्थिति | circumstance. |
| **परिहार** | पु. | 1. त्रुटियों, दोषों विकारों आदि का किया जानेवाला अंत या निराकरण; | ಪರಿಹಾರ; | परिहार; | rectifying (a flaw, error etc.); |
| | | 2. छोड़ने, त्यागने या दूर करने की क्रिया या भाव। | ಬಗೆ ಹರಿಸುವಿಕೆ | बगॆ हरिसुविकॆ | abstaining, refraining. |
| **परिहार्य** | वि. | परिहार करने योग्य, त्यागने या निवारण करने योग्य। | ಪರಿಹರಿಸಲು ಯೋಗ್ಯ | परिहरिसलु योग्य | to be avoided, that can be abstained, refrained. |
| **परिहास** | पु. | हंसी, मजाक। | ತಮಾಷೆ | तमाषॆ | joke, fun. |
| **परी** | स्त्री. | 1. वह कल्पित स्त्री जो परों की सहायता से आकाश में उड़ती है; | ರೆಕ್ಕೆಗಳ ಬಲದಿಂದ ಆಕಾಶದಲ್ಲಿ ಹಾರಬಲ್ಲ ಕಲ್ಪಿತ ಸ್ತ್ರೀ; | रॆक्कॆगळ बलदिंद आकाशदल्लि हारबल्ल कल्पित स्त्री; | fairy, |
| | | 2. अति रूपवती स्त्री। | ಸುಂದರಿ | सुंदरि | beautiful woman. |
| **परीक्षक** | पु. | 1. परीक्षा करने या लेनेवाला; 2. जांचने, परखनेवाला। | ಪರೀಕ್ಷಕ | परीक्षक | examiner; one who tests, investigates, investigator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परीक्षण** | पु. | 1. परीक्षा करने या लेने की क्रिया;<br>2. जांच, परख। | ಪರೀಕ್ಷಿಸುವಿಕೆ;<br>ಪರೀಕ್ಷೆ | परीक्षिसुविकॆ;<br>परीक्षॆ | the act or process of examination, examining;<br>testing. |
| **परीक्षा** | स्त्री. | 1. किसी के गुण, दोष, योग्यता, शक्ति आदि की सच्ची जानकारी के लिए उसे अच्छी तरह देखना भालना;<br>2. प्रमाण आदि के द्वारा किसी वस्तु के तत्व का निश्चय करना;<br>3. किसी वस्तु का ऐसा प्रयोग जो उसके बारे में कोई विशेष बात निश्चित करने के लिए किया जाए;<br>4. विद्यार्थियों या उम्मीदवारों की योग्यता की वह विशेष प्रकार की जांच जिसमें उनसे मौखिक या लिखित रूप में प्रश्न पूछे जाते हैं। | ಪರೀಕ್ಷೆ | परीक्षॆ | trial by ordeal of various kinds;<br>test;<br>experiment;<br>examination, test. |
| **परीक्षार्थी** | पु. | परीक्षा देनेवाला। | ಪರೀಕ್ಷಾರ್ಥಿ | परीक्षार्थि | examinee. |
| **परुष** | वि. | **जो गुण, प्रकृति, स्वभाव, आदि की दृष्टि से कड़ा, रूक्ष तथा मृदुताहीन हो, कठोर और कर्कश।** | ಕರ್ಕಶ, ಕಠೋರ | कर्कश, कठोर | hard, rough, coarse. |
| **परे** | क्रि.वि. | 1. दूर, और आगे, सीमा से बाहर;<br>2. तुलना आदि के विचार से ऊँची स्थिति में या बढ़कर। | ದೂರದಲ್ಲಿರುವ, ಎಲ್ಲೆಯಾಚಿನ;<br>ಅತೀತ | दूरदल्लिरुव, ऎल्लॆयाचिन;<br>अतीत | at a distance, beyond;<br>beyond. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परेशान | वि. | 1. उद्विग्न, विकल, व्याकुल; 2. दूसरों द्वारा तंग किया या सताया हुआ। | ವ್ಯಾಕುಲಗೊಂಡ; ಇತರರಿಂದ ತೊಂದರೆಗೀಡಾದ | व्याकुलगांड; इतररिंद तांदरं-गीडाद | worried; troubled, harassed. |
| परेशानी | स्त्री. | 1. परेशान होने की अवस्था या भाव; 2. वह बात या विषय जिससे कोई परेशान हो, काम में होनेवाला कष्ट या झंझट। | ವ್ಯಾಕುಲತೆ; ತೊಂದರೆ | व्याकुलतं; तांदरं | state of worry; trouble. |
| परोक्ष | वि. | 1. जो आंखों के सामने न हो; 2. अनुपस्थित, गैरहाजिर; 3. जो उचित और स्पष्ट रूप से न होकर किसी प्रकार के घुमाव-फिराव या हेरफेर से हो। | ಕಣ್ಣೆದುರಿಗೆ ಇಲ್ಲದ; ಗೈರುಹಾಜರು; ಪರೋಕ್ಷ | कण्णंदुरिगं इल्लद; गैरुहाजरु; परोक्ष | out of or beyond the range of sight; absent; indirect. |
| | पु. | 1. आंखों के सामने न होने की स्थिति या भाव, अनुपस्थिति; 2. व्याकरण में पूर्ण भूतकाल। | ಅಪ್ರತ್ಯಕ್ಷ; (ವ್ಯಾಕರಣ) ಪೂರ್ಣ ಭೂತಕಾಲ | अप्रत्यक्ष; (व्याकरण) पूर्ण भूतकाल | absence; (in gram). perfect past tense. |
| परोक्षी | पु. | किसी अन्य व्यक्ति के स्थान पर कार्य करने के लिए किसी व्यक्ति को दिया गया अधिकार, अन्य व्यक्ति के लिए कार्य करने के हेतु प्राधिकृत व्यक्ति। | ಪ್ರತಿನಿಧಿ, ಪ್ರಾಕ್ಸಿ | प्रतिनिधि, प्राक्सि | proxy. |
| परोपकार | पु. | दूसरों के हित का काम, दूसरे की भलाई। | ಪರೋಪಕಾರ | परोपकार | benevolence. |
| परोपकारी | वि. | दूसरे की भलाई करनेवाला। | ಪರೋಪಕಾರಿ | परोपकारि | benevolent. |
| परोपजीवी | वि. | दूसरों के भरोसे जीवन निर्वाह करनेवाला। | ಪರಾವಲಂಬಿ | परावलंबि | parasitic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | ऐसे कीड़े-मकौड़े या वनस्पतियां जो दूसरे जीव-जन्तुओं या वृक्षों के अंगों पर रहकर जीवन-निर्वाह करते हैं। | | | parasite. |
| **परोसना (परसना)** | स. क्रि. | खानेवाले की थाली में या पत्तल में खाद्य पदार्थ रखना। | ಬಡಿಸು (ಊಟ-ತಿಂಡಿ) | बडिसु (ऊट-तिंडि) | to serve food. |
| **पर्चा (परचा)** | पु. | 1. कागज का टुकड़ा;<br>2. कागज के टुकड़े पर लिखी हुई छोटी चिट्ठी या सूचना;<br>3. विद्यार्थियों की परीक्षा में आनेवाला प्रश्नपत्र;<br>4. अखबार। | ಕಾಗದದ ಚೂರು;<br>ಬರೆದ ಚೀಟಿ;<br>ಪ್ರಶ್ನಪತ್ರ;<br>ಸಮಾಚಾರ ಪತ್ರ | कागदद चूरु;<br>बरॆद चीटि;<br>प्रश्नपत्र;<br>समाचार पत्र | slip of paper;<br>chit;<br>paper, question paper;<br>newspaper. |
| **पर्ची (परची)** | स्त्री. | छोटा परचा। | ಚೀಟಿ | चीटि | slip of paper. |
| **पर्णकुटी** | स्त्री. | वह झोंपड़ी जिसकी छाजन पत्तों की बनी हो। | ಗುಡಿಸಲು | गुडिसलु | hut made of leaves. |
| **पर्णशय्या** | स्त्री. | पत्तों का बिछावन या बिस्तर। | ಎಲೆಹಾಸಿಗೆ | एॅलॆहासिगॆ | bed or couch of leaves. |
| **पर्णशाला** | स्त्री. | पर्णकुटी। | ಪರ್ಣಶಾಲೆ | पर्णशालॆ | hut made of leaves. |
| **पर्यन्त** | अव्य. | तक। | ವರೆಗೆ | वरॆगॆ | till, upto, as far as. |
| **पर्यटक** | वि.पु. | दूसरे देशों में घूमने-फिरने वाला, पर्यटन करनेवाला। | ಯಾತ್ರಿ, ಪ್ರಯಾಣಿಕ ಸುತ್ತಾಟಗಾರ | यात्रि, प्रयाणिक, सुत्ताटगार | tourist. |
| **पर्यटन** | पु. | अनेक महत्वपूर्ण स्थल देखने तथा मन-बहलाव के लिए अधिक विस्तृत भूभाग में किया जानेवाला भ्रमण। | ಯಾತ್ರೆ, ಪ್ರಯಾಣ, ಸುತ್ತಾಟ | यात्रॆ, प्रयाण, सुत्ताट | touring, travelling over. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पर्यवसान** | पु. | 1. अंत, समाप्ति;<br>2. अर्थ, आशय आदि के संबंध में होनेवाला ठीक ज्ञान या निश्चय। | ಪರ್ಯವಸಾನ;<br>ಉಪಸಂಹಾರ | पर्यवसान;<br>उपसंहार | end, termination;<br>conclusion. |
| **पर्यवेक्षक** | पु. | वह अधिकारी जो किसी काम के ठीक तरह से होते रहने की देखरेख पर नियुक्त हो। | ಪರ್ಯವೇಕ್ಷಕ | पर्यवेक्षक | supervisor. |
| **पर्यवेक्षण** | पु. | बराबर यह देखते रहना कि कोई काम ठीक तरह से चल रहा है कि नहीं। | ಪರ್ಯವೇಕ್ಷಣೆ | पर्यवेक्षणॆ | supervision. |
| **पर्याप्त** | वि. | जितना आवश्यक हो उतना सब, यथेष्ट, काफी। | ಯಥೇಷ್ಟ, ಸಾಕಷ್ಟು | यथेष्ट, साकष्टु | enough, sufficient. |
| **पर्याय** | पु. | समानार्थक शब्द। | ಸಮಾನಾರ್ಥ ಶಬ್ದ,<br>ಪರ್ಯಾಯ | समानार्थ शब्द,<br>पर्याय | synonym,<br>equivalent. |
| **पर्यायवाची** | वि. | समानार्थक। | ಸಮಾನಾರ್ಥಕ | समानार्थक | synonymous. |
| **पर्यालोचन** | पु. | सम्यक् विवेचन। | ಪರ್ಯಾಲೋಚನೆ | पर्यालोचनॆ | thorough review. |
| **पर्यावरण** | पु. | किसी व्यक्ति या विषय की परिस्थिति, वातावरण। | ವಸ್ತುಸ್ಥಿತಿ,<br>ವಾತಾವರಣ | वस्तुस्थिति,<br>वातावरण | circumstance,<br>environment. |
| **पर्यावर्तन** | पु. | 1. वापस आना, लौटना;<br>2. अदला-बदली, विनिमय। | ಹಿಂದಿರುಗುವಿಕೆ;<br>ವಿನಿಮಯ | हिंदिरुगुविकॆ;<br>विनिमय | coming back, return;<br>exchange. |
| **पर्व** | पु. | 1. उत्सव,त्योहार;<br>2. जोड़, गांठ;<br>3. ग्रंथ का कोई विशिष्ट खंड या भाग। | ಉತ್ಸವ;<br>ಗಂಟು;<br>ಗ್ರಂಥದ ಒಂದು ಭಾಗ | उत्सव;<br>गंटु;<br>ग्रंथद ऒंदु भाग | festival;<br>knot;<br>section. |
| **पर्वत** | पु. | पहाड़। | ಬೆಟ್ಟ, ಪರ್ವತ | बॆट्ट, पर्वत | mountain. |
| **पर्वत-माला** | स्त्री. | पहाड़ों की श्रेणी। | ಪರ್ವತಮಾಲೆ | पर्वतमालॆ | chain of mountains. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पलंग** | पु. | बड़ी और बढ़िया चारपाई | ಪರ್ಯಂಕ, ಮಂಚ | पर्यंक, मंच | bedstead. |
| **पल** | पु. | समय का एक लघु विभाग जो 24 सेकेंड के बराबर होता है। | 24 ಸೆಕೆಂಡುಗಳ ಸಮಯ, ಕ್ಷಣ | 24 सेकेंडुगळ समय, क्षण | measure of time equal to twenty-four seconds; |
| **पलक** | स्त्री. | आंख के ऊपर का वह पतला आवरण जिसके गिरने से आंख बंद होती है और उठने से खुलती है। | ರೆಪ್ಪೆ | रेप्पे | eye-lash. |
| **पलटन** | स्त्री. | 1. सैनिकों का बड़ा दस्ता जिसका नायक लेफ्टीनैंट होता है; | ಸೈನ್ಯದ ದೊಡ್ಡ ಭಾಗ; | सैन्यद दोड्ड भाग; | platoon; |
| | | 2. किसी प्रकार के प्राणियों का बहुत बड़ा झुंड। | ಭಾರಿ ಗುಂಪು | भारि गुंपु | in large number. |
| **पलटना** | अ. क्रि. | 1. एकदम बदल जाना; | ಬದಲಾವಣೆಯಾಗು; | बदलावणेयागु; | to alter; |
| | | 2. उलटा या औंधा होना; | ತಲೆಕೆಳಗಾಗು; | तलेकेळगागु; | to over-turn; |
| | | 3. घूमना या मुड़ना; | ಹಿಂದು ಮುಂದಾಗು; | हिंदु मुंदागु; | to turn, barter; |
| | | 4. वापस आना या लौटना; | ಹಿಂದಿರುಗು; | हिंदिरुगु; | to return; |
| | | 5. मुकरना। | ತಿರಸ್ಕರಿಸು | तिरस्करिसु | to deny, to refuse. |
| | स.क्रि. | 1. पूर्णतया परिवर्तित कर देना, बदल देना; | ಬದಲಾಯಿಸು; | बदलायिसु; | to change, to alter; |
| | | 2. उलटा या औंधा करना; | ತಲೆಕೆಳಗೆ ಮಾಡು; | तलेकेळगे माडु; | to turn over; |
| | | 3. एक वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु ग्रहण करना, अदल-बदल करना। | ವಿನಿಮಯ ಮಾಡು | विनिमय माडु | to exchange, to barter. |
| **पलटा** | पु. | 1. लोहे, पीतल या काठ की चपटी कलछी; | ಮಗುಚುವ ಕೈ; | मगुचुव कै; | an iron pan or ladle with a long handle (used to turn cakes when cooking); |
| | | 2. पलटने का कार्य या भाव; | ತಿರುಗು ಮುರುಗಾಗುವಿಕೆ; | तिरुगु मुरुगागुविके; | going or turning back; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. संगीत में वह स्थिति जिसमें बड़ी और लम्बी तानें लेते समय ऊंचे स्वरों से पलटकर नीचे स्वरों पर आते हैं। | (ಸಂಗೀತ) ತಾರಸ್ವರ ದಿಂದ ಕೆಳಗಿಳಿದು ಮೆಲುದನಿಯಲ್ಲಿ ಹಾಡುವಿಕೆ | (संगीत) तार स्वरदिंद कॆळगिळिदु मॆलु-दनियल्लि हाडुविकॆ | (music) while taking long tan s the singer touches the lower. |
| पलटाना | स. क्रि. | 1. पलटने में प्रवृत्त करना;<br>2. लौटाना, वापिस करना;<br>3. बदलना। | ಹಿಂದಕ್ಕೆ ತಿರುಗುವಂತೆ ಮಾಡು;<br>ಹಿಂದಿರುಗಿಸು;<br>ಬದಲಾಯಿಸು | हिंदक्कॆ तिरुगुवंतॆ माडु;<br>हिंदिरुगिसु;<br>बदलायिसु | to send back, to cause to turn;<br>to return;<br>to convert, to drive back. |
| पलटाव | पु. | पलटे जाने की क्रिया या भाव। | ಹಿಂದಿರುಗಿಸಲ್ಪಡುವಿಕೆ, ತಳ ಮೇಲೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | हिंदिरुगिसल्पडु-विकॆ, तळ मेलॆ-माडुविकॆ | the state of turning back. |
| पलड़ा | पु. | तराजु के दोनों लटकते हुए भागों में से एक। | ತಕ್ಕಡಿಯ ಒಂದು ಭಾಗದ ಕಟ್ಟೆ | तक्कडिय ಒ भागद तट्टॆ | pan of a balance. |
| पलथी | स्त्री. | दाहिने और बाएं पैरों के पंजों को क्रम से बायीं और दाहिनी जांघों के नीचे दबाकर बैठने का एक आसन। | ಪದ್ಮಾಸನ (ಯೋಗಾಸನಗಳಲ್ಲಿ) | पद्मासन (योगासनगळल्लि) | cross-legged sitting posture. |
| पलना | अ.क्रि. | 1. पाला-पोसा जाना;<br>2. विशिष्ट परिस्थितियों में रह कर बड़ा होना। | ಪಾಲಿಸಿ ಪೋಷಿಸಲ್ಪಡು;<br>ವಿಶಿಷ್ಟ ಪರಿಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ ಪೋಷಿಸಲ್ಪಡು | पालिसि पोषिसल्पडु;<br>विशिष्ट परिस्थितियल्लि पोषिसल्पडु | to be brought up; to be nourished, to be reared. |
| पलस्तर | पु. | 1. मजबूती तथा सुरक्षा के लिए बालू, सीमेंट आदि का दीवारों, छतों आदि पर किया जानेवाला मोटा लेप;<br>2. किसी चीज के ऊपर लगाया जानेवाला कोई मोटा लेप। | ಪ್ಲಾಸ್ಟರು, ಗಿಲಾವು | प्लास्टरु, गिलावु | plaster;<br>plaster. |
| पलायन | पु. | भागने की क्रिया या भाव, भागना। | ಓಡುವಿಕೆ | ओडुविकॆ | fleeing, escape. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पलायनवाद** | पु. | वह वाद या सिद्धान्त जिसमें जीवन की वास्तविक्ता और कठिनाइयों से भागने की प्रवृत्ति को प्रश्रय दिया जाता है। | ಪಲಾಯನವಾದ | पलायनवाद | escapism. |
| **पलायनवादी** | वि. | पलायनवाद संबंधी। | ಪಲಾಯನವಾದಿ | पलायनवादि | pertaining to escapism. |
| | पु. | पलायनवाद के सिद्धान्त को माननेवाला या उसका अनुयायी। | | | escapist or the follower of escapism. |
| **पलाश(पलास)** | पु. | 1. एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसमें गहरे लाल रंग के अर्ध-चंद्राकार फूल लगते हैं, इसके सूखे लचीले पत्तों से दोने, पत्तल आदि बनाई जाती हैं; | ಮುತ್ತುಗದ ಗಿಡ; | मुत्तुगद गिड; | kind of tree or its leaves; |
| | | 2. उक्त वृक्ष का फूल। | ಮುತ್ತುಗದ ಹೂ | मुत्तुगद हू | its purple coloured flowers. |
| **पलीता** | पु. | 1. चिराग की बत्ती; | ದೀಪದ ಬತ್ತಿ; | दीपद बत्ति; | wick; |
| | | 2. बत्ती के आकार का बारूद लगा हुआ एक छोटा डोरा जो पटाखों आदि में लगा रहता है और जिसके जलाने पर पटाखा चलता है; | ಪಟಾಕಿ ಬತ್ತಿ; | पटाकि बत्ति; | igniter; |
| | | 3. नारियल आदि की छाल या रेशों को कूटकर और बटकर बनाई हुई वह बत्ती जिससे बंदूक या तोप के रंजक में आग लगाई जाती है; | ಸಿಡಿ ಹತ್ತಿ; | सिडि हत्ति; | gun-cotton; |
| | | 4. बत्ती के आकार में लपेटा हुआ वह कागज जिस पर कोई मंत्र लिखा हो। | ತಾಯಿತು, ಯಂತ್ರ | तायितु, यंत्र | a paper spell with spell and prayers written on it |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पलेथन (परथन)** | पुं. | वह सूखा आटा जिसे लोई पर लगाकर रोटी बेलते हैं। | ರೊಟ್ಟಿಲಟ್ಟಿಸಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಒಣ ಹಿಟ್ಟು | रॉट्टि लट्टिसलु उपयोगिसुव ऑण हिट्टु | dry flour put under and over dough when it is rolled. |
| **पलोटना** | स.क्रि. | सेवाभाव से किसी के पैर दबाना। | ಸೇವಾಭಾವದಿಂದ ಕಾಲೊತ್ತು | सेवाभावदिंद कालॉत्तु | to tread gently. |
| **पल्लव** | पुं. | नया और कोमल पत्ता। | ಚಿಗುರು (ಎಲೆ) | चिगुरु (ऍलॅ) | a new tender leaf. |
| **पल्लवित** | वि. | 1. जो नए-नए पत्तों से युक्त हो अथवा जिसमें नए-नए पत्ते निकल रहे हों; | ಚಿಗುರಿದ; | चिगुरिद; | having or growing new leaves; |
| | | 2. हरा-भरा तथा लहलहाता हुआ, समृद्ध। | ವಿಕಾಸಗೊಂಡ, ಸಮೃದ್ಧ | विकासगॉंड, समृद्ध | thriving, prosperous. |
| **पल्ला** | पुं. | 1. कपड़े का छोर, (दामन); | ಸೆರಗು; | सॅरगु; | length end of gar ment; |
| | | 2. स्त्रियों की चादर, साड़ी आदि का वह अंश जो उनके सिर पर रहता है तथा जिसे खींचकर वे घूंघट करती हैं; | ದಾವಣಿ, ಸೀರೆ ಸೆರಗಿನ ಮುಸುಕು; | दावणि, सीरॅ सॅरगिन मुसुकु; | the end of a saree etc. used as a head-cover; |
| | | 3. अनाज आदि बांधने का कपड़ा या चादर; | ಧಾನ್ಯವನ್ನು ಗಂಟು ಕಟ್ಟುವ ಬಟ್ಟೆ | धान्यवन्नु गंटु कट्टुव बट्टॅ; | a piece of cloth or 'chadar' to hold corn etc.; |
| | | 4. तराजू, किवाड़ आदि के दो हिस्सों में से कोई एक। | ತಕ್ಕಡಿ ಅಥವಾ ತ್ರಾಸಿನ ಒಂದು ಭಾಗದ ತಟ್ಟೆ | तक्कडि अथवा त्रासिन ऑंदु भागद तट्टॅ | pan of a balance, door panel. |
| **पल्लू** | पुं. | 1. आंचल, छोर; | ಸೆರಗು; | सॅरगु; | end of a (female) garment; |
| | | 2. स्त्रियों का घूंघट; | ಸೆರಗಿನ ಮುಸುಕು; | सॅरगिन मुसुकु; | used as a head cover and veil; |
| | | 3. चौड़ी गो[illegible]ी। | ಅಗಲವಾದ ಅಂಚು | अगलवाद अंचु | broad border (Gota). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पल्ले** | क्रि. वि. | प्राप्ति, स्थिति आदि के विचार से अधिकारवश या स्वत्व में, पास में या हाथ में। | ವಶದಲ್ಲಿರುವ, ಕೈಯಲ್ಲಿರುವ | वशदल्लिरुव, कैयल्लिरुव | in hand. |
| **पल्लेदार** | पुं. | माल ढोनेवाला मजदूर। | ಸಾಮಾನು ಹೊರುವ ಕೂಲಿಯವ | सामानु हॊरुव कूलियव | porter, carrier of heavy burden. |
| **पवन** | पुं. | वायु, हवा। | ಗಾಳಿ | गाळि | air, breeze, wind. |
| **पवन-चक्की** | स्त्री. | पवन के वेग से चलनेवाली चक्की। | ಗಾಳಿಯ ವೇಗದಿಂದ ತಿರುಗುವ ಚಕ್ರ | गाळिय वेगदिंद तिरुगुव चक्र | a wind-mill. |
| **पवित्र** | वि. | 1. (पदार्थ) जो धार्मिक उपचारों से इस प्रकार शुद्ध किया गया हो या अपने गुणों के कारण इतना शुद्ध माना जाता हो कि पूजा-पाठ, यज्ञ आदि के काम में लाया जा सके; | ಶುದ್ಧ, ಶ್ರೇಷ್ಠ; | शुद्ध, श्रेष्ठ; | sacred, sacrosanct; |
| | | 2. (व्यक्ति) निश्छल, धार्मिक तथा सद्वृत्तिवाला; | ಆಚಾರ-ಶೀಲ; | आचार-शील; | holy; |
| | | 3. स्वच्छ, निर्मल; | ನಿರ್ಮಲ; | निर्मल; | pure; |
| | | 4. दोष, पाप आदि से रहित। | ಪಾಪರಹಿತ, ಪವಿತ್ರ | पापरहित, पवित्र | sinless, free from sensual properties. |
| **पवित्रता** | स्त्री. | पवित्र होने की अवस्था या भाव। | ಪವಿತ್ರತೆ | पवित्रते | purity, cleanness. |
| **पशमीना** | पुं. | 1. पशम; | ಮೃದುವಾದ ಉಣ್ಣೆ; | मृदुवाद उण्णॆ; | fine soft wool; |
| | | 2. बढ़िया, मुलायम ऊन का कपड़ा। | ಮೃದುವಾದ ಉಣ್ಣೆಯ ಬಟ್ಟೆ | मृदुवाद उण्णॆय बट्टॆ | cloth made of such wool. |
| **पशु** | पुं. | 1. चार पैरों से चलनेवाला कोई दुमदार जंतु, जानवर; | ದನ, ಪ್ರಾಣಿ; | दन, प्राणि; | animal, cattle, beast; |
| | | 2. मूर्ख, विवेकहीन मनुष्य। | ಮೂರ್ಖ, ವಿವೇಕವಿಲ್ಲದ ಮನುಷ್ಯ | मूर्ख, विवेकविल्लद मनुष्य | a fool. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पशुचिकित्सा | स्त्री. | चिकित्सा-शास्त्र की वह शाखा जिसमें पशु-पक्षियों आदि क रोगों के निदान और चिकित्सा का विवेचन होता है। | ಪಶುಚಿಕಿತ್ಸಾ ಶಾಸ್ತ್ರ | पशुचिकित्सा शास्त्र | veterinary science. |
| पशुता | स्त्री. | 1. पशु होने की अवस्था या भाव; | ಪಶುತ್ವ; | पशुत्व; | the state of being animal; |
| | | 2. पशुओं का सा व्यवहार या स्वभाव। | ಪಶುವಿನಂತಹ ಸ್ವಭಾವ | पशुविनंतह स्वभाव | bestiality, (beastliness). |
| पशुधन | पु. | वे पालतू पशु जो किसी व्यक्ति या समाज आदि के आर्थिक उत्पादन, सुरक्षा आदि में योग देते हों। | ಪಶು ಸಂಪತ್ತು | पशु संपत्तु | livestock. |
| पशुपाल (पशुपालक) | पु. | पशुओं को पालनेवाला। | ದನ ಕಾಯುವವ | दन कायुवव | cattle-breeder. |
| पशुपालन | पु. | जीविका निर्वाह के लिए पशुओं को पालने की क्रिया या भाव। | ಪಶುಪಾಲನೆ | पशुपालनॆ | cattle-breeding, animal husbandry. |
| पश्चात् | अव्य. | पीछे, बाद में, उपरान्त। | ನಂತರ, ಅನಂತರ | नंतर, आनंतर | after, after-wards, behind. |
| पश्चात्ताप | पु. | किसी कार्य से अनौचित्य का भान होने पर मन में होनेवाला दुख, पछतावा। | ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪ | पश्चात्ताप | regret, repentance. |
| पश्चिम | पु. | वह दिशा जिसमें सूर्य अस्त होता है, पूर्व दिशा के सामने वाली दिशा। | ಪಶ್ಚಿಮ ದಿಕ್ಕು | पश्चिम दिक्कु | west. |
| पश्चिमी | वि. | 1. पश्चिमी दिशा सम्बन्धी; | ಪಶ್ಚಿಮ ದಿಕ್ಕಿನ; | पश्चिम दिक्किन; | pertaining to west; |
| | | 2. पश्चिम के देशों में होनेवाला या वहां से आनेवाला। | ಪಶ್ಚಿಮ ದೇಶಗಳಲ್ಲಾದ ಅಥವಾ ಅಲ್ಲಿಂದ ಬರುವ | पश्चिम देश-गळल्लाद अथवा अल्लिंद बरुव | western. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पसन्द** | स्त्री. | 1. मन को भला तथा रुचिकर प्रतीत होनेवाला कार्य, वस्तु या व्यक्ति; | ಇಷ್ಟ, ಅಭಿರುಚಿ | इष्ट,अभिरुचि | liking; |
| | | 2. वरण करने, चुनने या वरीयता देने की क्रिया, प्रवृत्ति या भाव। | | | choice, preference. |
| **पस** | पु. | मवाद, घाव, फोड़े आदि से निकलनेवाला लसीला तरल श्वेत पदार्थ। | ಕೀವು | कीवु | pus. |
| **पसरना** | अ. क्रि. | 1. आगे की ओर बढ़ना, फैलना; | ಹರಡು; | हरडु; | to be spread out, to stretch out; |
| | | 2. हाथ-पैर फैलाकर या अधिक जगह घेरते हुए बैठना या लेटना। | ಕಾಲುನೀಡಿ ಕೂಡು, ಅಗಲವಾಗಿಕೂಡು, ಮಲಗು | कालुनीडि कूडु, अगलवागि कूडु, मलगु | to stretch oneself. |
| **पसली** | स्त्री. | स्तनपायी जीवों की छाती के दोनों ओर की गोलाकार हड्डियों में से एक। | ಪಕ್ಕೆಲುಬು | पक्कॆलुबु | rib. |
| **पसाना** | स. क्रि. | 1. पके हुए चावलों में से मांड निकालना; | ಗಂಜಿ ಬಸಿ; | गंजि बसि; | to remove the scum of boiling rice; |
| | | 2. किसी वस्तु में से जलीय अंश निकालना। | ನೀರು ಬಸಿ | नीरु बसि | to pour off the water in which any edible (as rice) has been boiled. |
| **पसारना** | स. क्रि. | 1. अधिक विस्तृत करना; | ಹೆಚ್ಚು ವಿಸ್ತಾರಗೊಳಿಸು | हॆच्चु विस्तार-गॊळिसु; | to expand; |
| | | 2. फैलाना; | ಹರಡು; | हरडु; | to spread; |
| | | 3. आगे बढ़ाना। | ಮುಂದುವರಿಸು | मुंदुवरिसु | to stretch out. |
| **पसारा** | पु. | फैलाव। | ಅಗಲ, ವಿಸ್ತಾರ | अगल, विस्तार | spread, extension. |
| **पसीजना** | अ. क्रि. | 1. अधिक गरमी या ताप के प्रभाव से किसी घन या ठोस पदार्थ में से जलकण निकलना। | ಬೆವರು; | बॆवरु; | to perspire, to ooze; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दया आ जाना। | ಕರುಣೆಯಿಂದ ಕರಗು | करणयिंद करगु | to be compassionate. |
| **पसीना** | पु. | गरमी अथवा श्रम के कारण शरीर या उसके अंग में से निकलनेवाले जलकण। | ಬೆವರು | बंवरु | perspiration, sweat. |
| **पसोपेश** | पु. | 1. कोई काम करने के समय मन में होनेवाला भाव कि आगे बढ़ें या पीछे हटें, असमंजस, आगा-पीछा, सोचविचार; | ಹಿಂದೆ-ಮುಂದೆ ನೋಡು; | हिंदे-मुंदे नोडु; | being in a fix, hesitation; |
| | | 2. इस बात का विचार कि यह काम करने पर क्या लाभ अथवा क्या हानि होगी, ऊंच-नीच। | ಆಲೋಚಿಸು, ಮಾಡಲು ಬಿಡಲು ಹಿಂದೆ-ಮುಂದೆ ನೋಡು | आलोचिसु, माडलु-बिडलु हिंदे-मुंदे नोडु | indecision. |
| **पस्त** | वि. | 1. हारा हुआ; 2. थका हुआ, शिथिल। | ಸೋತು ಹೋದ; ಬಳಲಿದ | सोतु होद; बळलिद | defeated; weary. |
| **पहचान (पहिचान)** | स्त्री. | 1. पहचानने की क्रिया या भाव; | ಗುರುತಿಸುವಿಕೆ; | गुरुतिसुविके; | the act of recognition; |
| | | 2. कोई ऐसा चिह्न या लक्षण जिससे पता चले कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है; | ಗುರುತು; | गुरुतु; | identification mark; |
| | | 3. कभी के देखे हुए या जाने हुए व्यक्ति या पदार्थ को दुबारा देखने पर उसे उसी रूप में जान लेने की क्रिया या भाव; | ನೆನಪಾಗುವಿಕೆ; | नेनपागुविके; | recognising or knowing again; |
| | | 4. परख, परखने की शक्ति; | ಪರೀಕ್ಷಿಸಿ ತಿಳಿದು ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ; | परीक्षिसि तिळिदु-कोळ्ळुविके; | test, power of distinguishing; |
| | | 5. परिचय। | ಪರಿಚಯ | परिचय | acquaintance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पहचानना** | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु या व्यक्ति को देखते ही उसके चिह्नों, लक्षणों या रूपरंग के आधार पर यह जान लेना कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है, यह समझना कि यह वही वस्तु या व्यक्ति है जिसे मैं पहले से जानता हूँ; | ಗುರುತಿಸು; | गुरुतिसु; | to recognise; |
| | | 2. गुण दोष जानना, किसी के गुणदोष से अच्छी तरह परिचित होना; | ತಿಳಿವಳಿಕೆಗೆ ತಂದುಕೊಳ್ಳು; | तिळिवळिकॆगॆ तंदुकॊळ्ळु; | to know, understand; |
| | | 3. एक वस्तु का दूसरी वस्तु या वस्तुओं से भेद करना, अंतर समझना या जानना, बिलगाना। | ವ್ಯತ್ಯಾಸವನ್ನು ಅರಿತುಕೊಳ್ಳು | व्यत्यासवन्नु अरितुकॊळ्ळु | to distinguish, discern. |
| **पहनना** | स. क्रि. | शरीर या अंग पर (विशेषकर कपड़े, गहने आदि) धारण करना। | ಉಡು, ಧರಿಸು | उडु, धरिसु | to put on, to wear. |
| **पहनाना (पहराना)** | स. क्रि. | दूसरे को अपने हाथों से कपड़े, गहने आदि धारण कराना। | ಉಡಿಸು, ತೊಡಿಸು | उडिसु, तॊडिसु | to clothe. |
| **पहनावा (पहरावा)** | पु. | 1. पहनने के कपड़े, पोशाक; | ಉಡಿಗೆ-ತೊಡಿಗೆ | उडिगॆ-तॊडिगॆ | dress, garment; |
| | | 2. किसी जाति, देश आदि के लोगों द्वारा सामान्यतः पहने जानेवाले वस्त्र। | | | ways of dressing up. |
| **पहर** | पु. | तीन घंटे का समय। | ಪ್ರಹರ, 3 ಘಂಟೆಗಳ ಕಾಲ | प्रहर, 3 घंटॆगळ काल | measure of time equal to three hours. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पहरा | पु. | 1. नियम विरुद्ध कार्य न होने देने के लिए तथा किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के प्रति हानि न होने देने के लिए एक या अनेक व्यक्तियों का नियुक्त होना; | ನಿಗಾ ಇಟ್ಟಿರುವಿಕೆ; | निगा इट्टिरुविके; | guard; |
| | | 2. निगरानी, देखरेख; | ಕಾಯುವಿಕೆ; | कायुविके; | watch; |
| | | 3. रक्षकदल; | ಪಹರೆ; | पहरे; | group of guards; |
| | | 4. रक्षकदल का फेरा। | ಬೀಟು | बीटु | beat time, period. |
| पहरेदार | पु. | पहरा देने वाला, रक्षक। | ಕಾವಲುಗಾರ, ರಕ್ಷಕ | कावलुगार, रक्षक | watchman, sentry guard. |
| पहल | स्त्री. | 1. किसी नए कार्य का पहली बार होने वाला आरम्भ; | ಆರಂಭ; | आरंभ; | beginning, commencement; |
| | | 2. किसी कार्य, बात आदि का किसी एक पक्ष की ओर से होने वाला आरम्भ जिसमें बाद के प्रभाव का उत्तरदायित्व उसी पक्ष पर माना जाता है, छेड़। | ಯಾವುದಾದರೊಂದು ಕಡೆಯಿಂದ ಕಾರ್ಯ ಅಥವಾ ಮಾತು ಪ್ರಾರಂಭಿಸುವಿಕೆ | यावुदादरोंदु कडेयिंद कार्य अथवा मातु प्रारंभिसुविके | initiative. |
| पहलवान | पु. | 1. कुश्ती लड़ने वाला मजबूत और कसरती आदमी, | ಪೈಲ್ವಾನ | पैल्वान; | wrestler; |
| | | 2. हृष्ट-पुष्ट और बलवान आदमी। | ಕಟ್ಟುಮಸ್ತಾದ ಆಳು | कट्टुमस्ताद आळु | strong man. |
| पहलवानी | स्त्री. | 1. पहलवान होने की अवस्था या भाव; | ಪೈಲ್ವಾನ್ ಆಗಿರುವಿಕೆ; | पैल्वान् आगिरुविके; | wrestling; |
| | | 2. कुश्ती लड़ने का काम या पेशा। | ಕುಸ್ತಿಯ ವೃತ್ತಿ | कुस्तिय वृत्ति | the job or profession of wrestling. |
| पहला (पहिला) | वि. | 1. समय के विचार से जो और सब से आदि में हुआ हो। | ಮೊದಲನೆಯ, ಪ್ರಥಮ; | मॊदलनेय, प्रथम; | first; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी चीज विशेषतः किसी वर्गीकृत चीज के आरंभिक अंश या वर्ग से संबंध रखने वाला; | ಪ್ರಾಥಮಿಕ; | प्राथमिक; | primary; |
| | | 3. वर्तमान से पूर्व का। | ಹಿಂದಿನ | हिंदिन | former, prior. |
| पहलू | पुं. | 1. किसी व्यक्ति या वस्तु का दायां या बायां अंग (पार्श्व, बगल); | ಪಾರ್ಶ್ವ, ಪಕ್ಕ | पार्श्व, पक्क; | side; |
| | | 2. अच्छाई-बुराई, गुणदोष आदि की दृष्टि से किसी बात या विषय का कोई पक्ष। | (ಗುಣ-ದೋಷ) ಪಕ್ಷ | (गुण-दोष) पक्ष | aspect. |
| पहले | क्रि. वि. | 1. आदि में, शुरु में; | ಆರಂಭದಲ್ಲಿ; | आरंभदल्लि; | in the beginning; |
| | | 2. स्थिति या काल के अनुसार प्रथम, आगे या पूर्व; | ಮುನ್ನ, ನಂತರ; | मुन्न, नंतर; | before, first, previously; |
| | | 3. पुराने जमाने में। | ಪೂರ್ವಕಾಲದಲ್ಲಿ | पूर्वकालदल्लि | in olden times. |
| पहले-पहल | क्रि. वि. | सबसे पहले, पहली बार। | ಎಲ್ಲಕ್ಕೂ ಮುಂಚೆ, ಮೊದಲ ಬಾರಿಗೆ | एल्लक्कू मुंचे, मॉदल बारिगे | first of all, for th first time. |
| पहलौंठा (स्त्री. पहलौंठी) | वि. | जो पहले जन्मा हो, प्रथम प्रसव। | ಚೊಚ್ಚಲು ಮಗು, ಪ್ರಥಮ ಸಂತಾನ | चोच्चलु मगु, प्रथम संतान | first born. |
| पहाड़ | पु. | 1. चट्टानों का वह प्राकृतिक पुंज जो जमीन की सतह से बहुत ऊंचा होता है; | ಪರ್ವತ; | पर्वत; | mountain; |
| | | 2. (ला०) किसी वस्तु का बहुत ऊंचा ढेर; | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಭಾರಿ ರಾಶಿ; | (लाक्षणिक) भारि राशि; | a huge heap (of anything); |
| | | 3. (ला०) बहुत कठिन और दुष्कर कार्य। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಕಠಿಣ ಕಾರ್ಯ | कठिण कार्य | difficult and hard task.. |
| पहाड़ा | पु. | किसी अंक की गुणन सूची, गुणनसारणी। | ಮಗ್ಗಿ | मग्गि | multiplication table. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पहाड़ी | वि. | 1. पहाड़ सम्बन्धी; | ಬೆಟ್ಟಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | बॆट्टगळिगॆ संबंधिसिद; | pertaining to the hill; |
| | | 2. जिसमें पहाड़ हों; | ಬೆಟ್ಟಗುಡ್ಡಗಳಿರುವ; | बॆट्टगुड्डगळिरुव; | hilly; |
| | | 3. पहाड़ पर या उसके आसपास रहने वाला। | ಬೆಟ್ಟದ ಮೇಲೆ ಇಲ್ಲ ಅಕ್ಕಪಕ್ಕದಲ್ಲಿನ | बॆट्टदमेलॆ इल्ल अक्कपक्कदल्लिन | living on or near the mountain. |
| | स्त्री. | छोटा पहाड़। | ಚಿಕ್ಕ ಗುಡ್ಡ | चिक्क गुड्ड | small hill. |
| पहिया | पु. | 1. गाड़ी, कल आदि का वह गोलाकार अवयव जिससे धुरी पर घूमने से वह कल या गाड़ी चलती है; | ಗಾಡಿಯ ಚಕ್ರ; | गाडिय चक्र; | wheel; |
| | | 2. यंत्रों आदि में लगा हुआ उक्त आकार का गोल चक्कर जिसमें उस यंत्र की कोई क्रिया सम्पन्न होती है। | ಯಂತ್ರದ ಚಕ್ರ | यंत्रद चक्र | wheel. |
| पहुंच | स्त्री. | 1. पहुंचने की क्रिया या भाव; | ಸೇರುವಿಕೆ; | सेरुविकॆ; | the act of reaching; |
| | | 2. (शास्त्र आदि में) पैठ, प्रवेश, ज्ञान या परिचय; समझने की सामर्थ्य; | ಪರಿಚಯವಿರುವಿಕೆ; | परिचयविरुविकॆ; | access; |
| | | 3. पहुंच जाने की खबर या सूचना। | ತಲುಪಿದುದರ ಸೂಚನೆ | तलुपिदुदर सूचनॆ | arrival, intimation of arrival. |
| पहुंचना | अ. क्रि. | 1. एक स्थान से चलकर दूसरे स्थान को प्राप्त होना; | ಹೋಗಿ ತಲುಪು; | होगि तलुपु; | to reach, to arrive at; |
| | | 2. किसी स्थान या पद आदि को प्राप्त होना। | (ಅಧಿಕಾರ) ಪಡೆ | (अधिकार) पडॆ | to attain, to achieve. |
| पहुंचा | पु. | कलाई के ऊपर और कुहनी के नीचे का भाग। | ಕೈಯ ಮಣಿಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ಮೊಳಕೈಗಳ ನಡುವಣ ಭಾಗ | कैय मणिकट्टु मत्तु मॊळकैगळ नडुवण भाग | wrist. |
| पहुंचाना | स. क्रि. | 1. किसी चीज को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना; | ಸಾಮಾನು ತಲುಪಿಸು; | सामानु तलुपिसु; | to carry, to convey, to transmit, to lead, to reach (another); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी व्यक्ति के संग चलकर उसे नियत स्थान तक छोड़ने जाना। | ವ್ಯಕ್ತಿಯ ಜೊತೆ ಹೋಗಿ ಬಿಟ್ಟು ಬಾ | व्यक्तिय जोतॆ होगि बिट्टु बा | accompany to (a place). |
| **पहुंची** | स्त्री. | कलाई पर पहनने का एक प्रकार का गहना। | ಕೈಬಳೆ (ಆಭರಣ) | कैबळॆ (आभरण) | wrist ornament. |
| **पहेली** | स्त्री. | 1. किसी की बुद्धि या समझ की परिक्षा लेने के लिए एक प्रकार की प्रश्नात्मक उक्ति या कथन जिसमें किसी वस्तु का भ्रामक या टेढ़ा-मेढ़ा लक्षण देकर उसे अभिप्रेत वस्तु का नाम बताने को कहते हैं; | ಒಗಟು; | ऒगटु; | puzzle; quiz, riddle; |
| | | 2. दुर्ज्ञेय और विकट प्रश्न या बात। | ಸಮಸ್ಯೆ | समस्यॆ | anigma. |
| **पांच** | वि. | जो गिनती में चार से एक अधिक हो। | ಐದು | ऐदु | five. |
| | पु. | उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 5 | ಐದರ ಸಂಖ್ಯೆ | ऐदर संख्यॆ | the number five. |
| **पांचभौतिक** | वि. | 1. जिसका सम्बन्ध पंचभूतों से हो; 2. पंचभूतों से मिलकर बना हुआ। | ಪಂಚಭೂತಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; ಪಂಚಭೂತಗಳಿಂದಾದ | पंचभूतगळिगॆ संबंधिसिद; पंचभूतगळिंदाद | pertaining to five elements; composed of the five elements or containing five elements. |
| **पांचवां** | वि. | गिनती या क्रम में पांचवें स्थान पर पड़नेवाला। | ಐದನೆಯ | ऐदनॆय | fifth. |
| **पांजना** | स. क्रि. | लोहे, पीतल आदि की वस्तुओं को टांका देकर जोड़ना, झालना। | ಬೆಸುಗೆ ಹಾಕು | बॆसुगॆ हाकु | to close or fill in (a hole) esp. in metal, to solder. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पांडित्य** | पु. | ज्ञान, विद्वता। | ಪಾಂಡಿತ್ಯ, ವಿದ್ವತ್ತು | पांडित्य, विद्वत्तु | scholarship, learning. |
| **पांडु** | वि. | हलके पीले रंग का। | ನಸುಹಳದಿ ಬಣ್ಣದ | नसु हळदि बण्णद | yellowish. |
| | पु. | 1. सफेद पीला रंग; | ಬಿಳಿಮಿಶ್ರಿತ ಹಳದಿ ಬಣ್ಣ; | बिळिमिश्रित हळदि बण्ण; | yellowish white, white pale, jaundiced; |
| | | 2. त्वचा के पीले पड़ने का एक रोग, पीलिया। | ಪಾಂಡುರೋಗ, ಕಾಮಾಲೆ | पांडुरोग, कामाले | jaundice. |
| **पांडुरोग** | पु. | एक प्रसिद्ध रोग जिसमें सारा शरीर पीला पड़ जाता है। | ಕಾಮಾಲೆ | कामाले | yellow disease, jaundice. |
| **पांडुलिपि** | स्त्री. | पुस्तक की हस्तलिखित प्रति। | ಪಾಂಡುಲಿಪಿ. ಹಸ್ತಲಿಖಿತ ಪ್ರತಿ | पांडुलिपि, हस्तलिखित प्रति | manuscript. |
| **पांति (पांत)** | स्त्री. | पंक्ति, कतार, पंगत। | ಪಂಕ್ತಿ, ಸಾಲು | पंक्ति, सालु | line, row. |
| **पांव** | पु. | वह अंग जिसके बल प्राणी खड़े होते हैं और चलते हैं, पैर। | ಕಾಲು | कालु | foot. |
| **पांवड़ा** | पु. | वह कपड़ा जो किसी आदरणीय व्यक्ति के मार्ग में पांव रखकर चलने के लिए बिछाया जाता है। | ನಡೆಯಲು ಹಾಸಿದ ಬಟ್ಟೆ, ನಡೆಮಡಿ | नडॆयलु हासिद बट्टॆ नडॆमडि | cloth or carpet spread to walk on, red carpet. |
| **पाई** | स्त्री. | 1. खड़ी या सीधी लकीर; | ನಿಂತ ಗೆರೆ; | नित गॆरॆ; | a small vertical line used in writing or printing in Devanagari characters, a full stop; |
| | | 2. तांबें का एक पैसे से भी छोटा पुराना सिक्का। | ತಾಮ್ರದ ಒಂದು ಕಾಸಿಗಿಂತಲೂ ಚಿಕ್ಕದಾದ ಹಳೆಯ ನಾಣ್ಯ | ताम्रद ऒंदु कासिगिंतलू चिक्कदाद हळॆय नाण्य | old copper coin smaller in value than the old paisa. |
| **पाकर (पाकड़)** | पुं. | बरगद की जाति का एक बड़ा पेड़। | ಬೂರುಗದ ಜಾತಿಗೆ ಸೇರಿದ ಒಂದು ಮರ | बूरुगद जातिगॆ सेरिद ऒंदु मर | the waved-leaved fig-tree. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पाकशास्त्र | पु. | वह शास्त्र जिसमें विभिन्न खाद्य पदार्थों या व्यंजन बनाने की कला, प्रक्रिया का विवेचन होता है। | ಪಾಕಶಾಸ್ತ್ರ | पाकशास्त्र | cooking, cookery. |
| पाक्षिक | वि. | 1. पक्ष सम्बन्धी; | ಪಕ್ಷಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | पक्षक्के संबंधिसिद; | belonging to a fortnight; |
| | | 2. प्रत्येक पक्ष में होने वाला। | ಪಕ್ಷದಲ್ಲಾಗುವ | पक्षदल्लागुव | fortnightly. |
| पाखंड | पु. | 1. दिखावटी उपासना या भक्ति; | ಢೋಂಗು; | ढोंगु; | any one who falsely assumes the characteristics of an orthodox Hindu, Jain or Buddhist, false doctrine, heresy; |
| | | 2. पूजा-पाठ आदि का आंडबर, ढकोसला, ढोंग। | ತೋರಿಕೆಗಾಗಿ ಮಾಡುವ ಕೆಲಸ | तोरिकेगागि माडुव केलस | hypocrisy, simulation. |
| पाखंडी | वि. | 1. बनावटी धार्मिकता, सदाचार आदि दिखाने वाला; | ಆಚಾರವಂತನಂತೆ ನಟಿಸುವ; | आचारवंतनंते नटिसुव; | one who adopts the external marks or characteristics of a tribe or sect but does not conform to the orthodox tenets of the Hindu faith nor respect the ordinances of the Vedas: |
| | | 2. दूसरों को ठगने या धोखा देने के लिए आडंबर या ढोंग करनेवाला। | ಇತರರನ್ನು ಮೋಸಗೊಳಿಸಲು ಆಡಂಬರ ಮಾಡುವ | इतररन्नु मोस-गॊळिसलु आडंबर माडुव | dissembling, hypocritical. |
| पाखाना | पु. | 1. शौचालय, वह स्थान जहां मलत्याग किया जाए; | ಶೌಚಾಲಯ; | शौचालय; | latrine; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शरीर का वह मल जो भोजन आदि पचने के उपरांत गुदा के रास्ते बाहर निकलता है। | ಅಮೇಧ್ಯ, ಮಲ | अमेघ्य, मल | faeces. |
| **पाग** | स्त्री. | पगड़ी। | ಪಾಗು, ರುಮಾಲು; | पागु, रुमालु | a turban. |
| | पु. | वह खाद्य पदार्थ जो चाशनी या शीरे में पकाकर तैयार किया गया हो। | ಪಾಕದಲ್ಲಿರಿಸಿದ ಸಿಹಿ ತಿನಿಸು | पाकदल्लिरिसिद सिहि तिनिसु | anything which is boiled in sugar syrup,sugar-coated. |
| **पागना** | स. क्रि. | खाने की किसी वस्तु को चाशनी या शीरे में कुछ देर डुबाकर रखना ताकि शीरे या चाशनी का लेप उस वस्तु पर चढ़ जाए। | ಪಾಕ ಹತ್ತುವಂತೆ ಸಿಹಿ ತಿನಿಸನ್ನು ಪಾಕದಲ್ಲಿರಿಸು | पाक हत्तुवंतं सिहि तिनिसन्नु पाकदल्लिरिसु | to dip in or coat with syrup to form a cake or crystallized sugar. |
| **पागल** | वि. | जिसका दिमाग खराब हो गया हो, जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, विक्षिप्त, सनकी। | ಹುಚ್ಚು | हुच्च | mad, insane, lunatic. |
| **पागलखाना** | पु. | वह स्थान जहां पागल व्यक्तियों को रखकर उनकी चिकित्सा की जाती है। | ಹುಚ್ಚಾಸ್ಪತ್ರೆ | हुच्चास्पत्रे | lunatic asylum. |
| **पागलपन** | पु. | 1. पागल होने की अवस्था या भाव, उन्माद, मूर्खता; | ಹುಚ್ಚುತನ; | हुच्चुतन; | foolishness; |
| | | 2. वह आचरण, कार्य या बात जो पागल लोग साधारणतः करते हों। | ಹುಚ್ಚುತನದ ವ್ಯವಹಾರ | हुच्चुतनद व्यवहार | madness, lunacy, insanity. |
| **पाचक** | पुं. | पकाने वाला, पचाने वाला, | ಅಡಿಗೆಯವ | अडिगयव | cook, |
| | वि. | वह दवा जो खाई हुई चीज पचाती या पाचनशक्ति बढ़ाती हो। | ಜೀರ್ಣಕಾರಿ ಔಷಧಿ | जीर्णकारि औषधि | digestive, causing digestion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पाचन | पु. | 1. पकाने या पचाने की क्रिया; 2. जठराग्नि द्वारा भोजन का पचाया जाना। | ಬೇಯಿಸುವಿಕೆ ಇಲ್ಲ ಜೀರ್ಣಿಸುವಿಕೆ; (ತಿಂದ ಪದಾರ್ಥ) ಅರಗುವಿಕೆ | बेयिसुविके इल्ल जीर्णसुविके; (तिंद पदार्थ) अरगुविके | causing to cook or boil or digest; the act of digestion in the stomach. |
| पाचनशक्ति | स्त्री. | खाए हुए पदार्थ को पचाने की शक्ति या सामर्थ्य, हाजमा। | ಜೀರ್ಣಶಕ್ತಿ | जीर्णशक्ति | the digestive power. |
| पाजामा (पायजामा, पैजामा) | पु. | एक तरह का सिला हुआ वस्त्र जो कमर से एड़ी तक का भाग ढकने के लिए पहना जाता है और जो ऊपरी भाग के नेफे में नाला डालकर पहना जाता है। | ಪಾಯಿಜಾಮ | पायिजाम | pyjamas. |
| पाजी | वि. | दुष्ट, बदमाश, लुच्चा। | ದುಷ್ಟ, ಲುಚ್ಚಾ | दुष्ट, लुच्चा | mean, wicked. |
| पाजीपन | पु. | दुष्टता, बदमाशी। | ಲುಚ್ಚಾತನ, ದುಷ್ಟತನ | लुच्चातन, दुष्टतन | meanness, wickedness. |
| पाजेब | स्त्री. | पैरों में पहनने का स्त्रियों का एक प्रसिद्ध गहना। | ಸ್ತ್ರೀಯರ ಕಾಲುಬಳೆ, ಅಂದಿಗೆ | स्त्रीयर कालुबळे, अंदिगे | anklet. |
| पाट | पु. | 1. विस्तार, फैलाव, चौड़ाई; 2. चक्की के दोनों पल्लों में से हर एक; 3. किसी प्रकार का तख्ता, पटिया या शिला। | ಹರಡು, ಅಗಲ; ಬೀಸುವ ಕಲ್ಲಿನ ಎರಡೂ ಕಲ್ಲುಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದೊಂದೂ; ಕಲ್ಲಿನ ಚಪ್ಪಡಿ ಅಥವಾ ಮರದ ಹಲಗೆ | हरडु, अगल; बीसुव कल्लिन एरडू कल्लु-गळल्लि ओंदोंदू; कल्लिन चप्पडि अथवा मरद हलगे | width, breadth; grindstone (one circular panel only); slab, plank. |
| पाटना | स. | 1. किसी गड्ढे या नीची भूमि को भर कर आसपास की जमीन के बराबर कर देना, भर देना; | ತಗ್ಗಾದ ಅಥವಾ ಗುಂಡಿಬಿದ್ದ ಭೂಮಿ ಯನ್ನು ತುಂಬಿ ಸಮ ಮಾಡು, ಭರ್ತಿ ಹಾಕು; | तग्गाद अथवा गुंडि बिद्द भूमियन्नु तुंबि सम माडु, भर्तिहाकु; | to cover with earth, etc.; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कमरे के संबंध में उसकी चारों ओर की दीवारों के ऊपरी भाग के खुले अवकाश को बंद करने के लिए उस पर छत या पाटन बनाना; | ಮೇಲ್ಚಾವಣಿ ಹಾಕು; | मेल्चावणि हाकु; | to roof; |
| | | 3. ढकना; | ಮುಚ್ಚು; | मुच्चु; | to cover; |
| | | 4. किसी वस्तु की भरमार कर देना, ढेर लगा देना। | ರಾಶಿ ಹಾಕು | राशि हाकु | to stock, heap. |
| पाटा | पु. | 1. बैठने का काठ का पीढ़ा; | ಮಣೆ; | मणॆ; | plank seat; |
| | | 2. वह आयताकार लकड़ी जिसकी सहायता से जोते हुए खेत की मिट्टी के ढेले तोड़कर उसे समतल करते हैं; | ಉತ್ತ ಭೂಮಿಯನ್ನು ಹೆಂಟೆ ಒಡೆದು ಸಮಮಾಡಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ವ್ಯವಸಾಯದ ಮುಟ್ಟು, ರಂಟೆ; | उत्त भूमियन्नु हॆंटॆ ऒडॆदु सममाडलु उपयोगिसुव व्यवसायद मुट्टु, रंटॆ, | rectangular plank for levelling the ploughed fields; |
| | | 3. लकड़ी का वह छोटा टुकड़ा जिसकी सहायता से राज लोग दीवारों का पलस्तर समतल करते हैं; | ಗಿಲಾವು ಮಾಡಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಮಟ್ಟದ ಕೋಲು; | गिलावु माडलु उपयोगिसुव मट्टद कोलु; | small plank used by the mason for levelling the plaster; |
| | | 4. दो दीवारों के बीच में ताला, पटिया आदि लगाकर बनाया हुआ आधार स्थान। | ಅಟ್ಟ, ಅಟ್ಟಣಿಗೆ | अट्ट, अट्टणिगॆ | basement made with the help of planks on both sides of the walls. |
| पाटी | स्त्री. | 1. खाट के ढांचे के दाहिने बाएं लगाई जानेवाली लकड़ियां; | ಮರದ ಪಟ್ಟಿ; | मरद पट्टि; | side pieces of a bedstead; |
| | | 2. लकड़ी का वह लंबोतरा टुकड़ा जिस पर बच्चों को अक्षर लिखना सिखाया जाता है, तख्ती; | ಸ್ಲೇಟು; | स्लेटु; | a kind of wooden board on which children learn to write; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मांग के दोनों ओर गोंद, जल तेल आदि की सहायता से कंघी द्वारा बैठाये हुए बाल जो देखने में पटरी की तरह बराबर मालूम हों, पट्टी, पटिया; | (ಮುಂದಲೆ) ಬಾಚಿದ ಕೂದಲು; | (मुंदले) बाचिद कूदलु; | parting of the hair in the middle of the head; |
| | | 4. चटाई। | ಚಾಪೆ | चापे | mat. |
| पाठ | पु. | 1. पढ़ने की क्रिया या भाव; | ಪಠನ; | पठन; | reading; |
| | | 2. नियमपूर्वक अथवा श्रद्धाभक्ति से पुण्यफल प्राप्त करने के उद्देश्य से कोई धर्मग्रन्थ पढ़ने की क्रिया या भाव; | ಪಾರಾಯಣ; | पारायण; | religious text; |
| | | 3. किसी विषय का उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, सबक; | ಪಾಠ; | पाठ; | lesson; |
| | | 4. पाठ्य-पुस्तक का वह अंश जो किसी एक विषय से सम्बन्धित हो; | ಒಂದು ವಿಷಯಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ಪಠ್ಯ ಪುಸ್ತಕದ ಅಂಶ | ओंदु विषयक्के संबंधिसिद पठ्य-पुस्तकद अंश | text; |
| | | 5. वाक्य, पद्य आदि का लिखित रूप। | ಲಿಖಿತ ರೂಪ | लिखित रुप | the original writing of oral learning. |
| पाठक | पु. | पढ़ने या पढ़ानेवाला। | ಪಾಠಕ, ಓದಿಸುವವ | पाठक, ओदिसुवव | reader, teacher. |
| पाठभेद | पु. | वह भेद या अंतर जो एक ही ग्रंथ की दो प्रतियों के पाठ में कहीं-कहीं मिलता है। | ಪಾಠಭೇದ | पाठभेद | varying version in the different scripts of works ascribed to the same author. |
| पाठशाला | स्त्री. | वह स्थान जहां विद्यार्थियों को पढ़ना-लिखना सिखाया जाता है। | ಪಾಠಶಾಲೆ | पाठशाले | school. |
| पाठांतर | पु. | एक ही पुस्तक की विभिन्न हस्तलिखित या संपादित प्रतियों में शब्दों अथवा उनके वर्णों के क्रम में होनेवाला भेद। | ಪಾಠಾಂತರ | पाठांतर | a variation in the text of a book or manuscript. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पाठ्य** | वि. | पढ़ने या पढ़ाने योग्य। | ಓದಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | ओदलु योग्यवाद | readable, worth reading. |
| **पाठ्यक्रम** | पु. | वे सब विषय तथा उनकी पुस्तकें जो किसी विशिष्ट परीक्षा में बैठनेवाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित हों। | ಪಠ್ಯಕ್ರಮ, ಪಾಠ್ಯಕ್ರಮ | पठ्यक्रम, पाठ्यक्रम | syllabus, course of study. |
| **पाठ्यचर्या** | स्त्री. | वह पुस्तिका जिसमें किसी विश्वविद्यालय अथवा स्कूल आदि की विभिन्न परीक्षाओं के लिए निर्धारित विषयों तथा तत्सम्बन्धी पाठ्यक्रमों का उल्लेख होता है। | ವ್ಯಾಸಂಗ ಕ್ರಮ | व्यासंग क्रम | course of study, curriculum. |
| **पाठ्यपुस्तक** | पुं. | किसी संस्था या परीक्षा समिति की ओर से किसी कक्षा के विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए निर्धारित पुस्तक। | ಪಾಠ್ಯ ಪುಸ್ತಕ. | पाठ्यपुस्तक | text book. |
| **पाठ्यविवरण** | पु. | पाठ्यक्रम का संक्षिप्त रूप। | ಪಾಠ್ಯ ವಿವರಣೆ | पाठ्य विवरणे | syllabus. |
| **पाड़** | पु. | 1. धोती, साड़ी आदि का किनारा; 2. मचान; 3. इमारत आदि बनाने के लिए खड़ा किया जानेवाला लकड़ियों का ढांचा; | ಸೀರೆ ಧೋತ್ರದ ಅಂಚು; ವೇದಿಕೆ; ಮನೆ ಆದಿಯನ್ನು ಕಟ್ಟಲು ಹಾಕಿದ ಕಾಲಾವಧಿ; | सीरे धोत्रद अंचु; वेदिके; मने आदियन्नु कट्टलु हाकिद कालावधि; | border of cloth (dhoti, sari, etc.); scaffold; builder's staging; |
| | | 4. वह तख्ता जिस पर अपराधी को फांसी देने के समय खड़ा करते हैं। | ಗಲ್ಲಿಗೇರಿಸುವಾಗ ಅಪರಾಧಿಯನ್ನು ನಿಲ್ಲಿಸುವ ಹಲಗೆ | गल्लिगेरिसुवाग अपराधियन्नु निल्लिसुव हलगे | scaffolding platform. |
| **पाड़ा** | पु. | 1. भैंस का बच्चा; 2. टोला, मुहल्ला (पारा)। | ಎಮ್ಮೆ ಕರು; ಮೊಹಲ್ಲಾ | एम्मे करु; मोहल्ला | male buffalo-calf; a part or locality of a city or town. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पाणिग्रहण** | पु. | विवाह। | ವಿವಾಹ, ಮದುವೆ | विवाह, मदुवे | marriage. |
| **पातक** | पु. | पाप, ऐसा पाप जिसका फल भोगने नरक में जाना पड़ता हो। | ಪಾಪ | पाप | sin. |
| **पातकी** | पुं. | बहुत बड़ा पापी। | ಪಾಪಿ, ಪಾತಕಿ | पापि, पातकि | a sinner. |
| **पाताल** | पु. | 1. पृथ्वी के नीचे के सात लोकों में से सबसे नीचे का लोक; | ಪಾತಾಳ ಲೋಕ; | पाताळ लोक; | nether region of world; |
| | | 2. बहुत अधिक गहरा और नीचा स्थान। | ಬಹಳ ಆಳವಾದ ಸ್ಥಳ | बहळ आळवाद स्थळ | the lower region. |
| **पातिव्रत (पातिव्रत्य)** | पु. | पतिव्रता होने की अवस्था, गुण और भाव, पति के प्रति होनेवाली पूर्ण निष्ठा की भावना। | ಪಾತಿವ್ರತ್ಯ | पातिव्रत्य | fidelity to a husband. |
| **पात्र** | पु. | 1. वह आधान जिसमें कुछ खाया-पिया जा सके; | ಪಾತ್ರೆ; | पात्रे; | utensil, container; |
| | | 2. कोई वस्तु पाने का अधिकारी व्यक्ति; | ಯೋಗ್ಯ ವ್ಯಕ್ತಿ; | योग्य व्यक्ति; | eligible or worthy (person); |
| | | 3. उपन्यास, कहानी, काव्य, नाटक आदि में वे व्यक्ति जो कथावस्तु की घटनाओं के घटक होते हैं तथा जिनके क्रिया-कलाप में कथावस्तु की सृष्टि और उसका परिपाक होता है। | (ನಾಟಕ ವಗೈರೆ) ಪಾತ್ರ | (नाटक वगैरे) पात्र | character (in a play etc.). |
| **पात्रता** | स्त्री. | पात्र होने की अवस्था, गुण या भाव, योग्यता। | ಯೋಗ್ಯತೆ, ಅರ್ಹತೆ | योग्यते, अर्हते | state of deserving, eligibility. |
| **पाथना** | स. क्रि. | गीली मिट्टी, गोबर आदि को हाथों से थपथपाते हुए अथवा सांचों में डालकर छोटे-छोटे पिंड बनाना। | (ಬೆರಣಿ ವಗೈರೆ) ತಟ್ಟು | (बेरणि वगैरे) तट्टु | to make cow-dung into cakes for fuel. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पाथेय** | पु. | वह भोज्य वस्तु जिसे पथिक राह में खाने के लिए अपने साथ ले जाता है, रास्ते का भोजन। | (ದಾರಿಗಾಗಿ) ಬುತ್ತಿ | (दारिगागि) बुत्ति | provisions for a journey. |
| **पाद** | पु. | 1. चरण, पैर, पांव; | ಪಾದ, ಕಾಲು; | पाद, कालु; | foot or leg; |
| | | 2. किसी वस्तु का चौथाई भाग; | ನಾಲ್ಕನೆಯ ಭಾಗ; | नाल्कनय भाग; | a quarter, a fourth part; |
| | | 3. छंद, श्लोक आदि का चौथा भाग। | (ಪದ್ಯ) ಚರಣ | (पद्य) चरण | a verse or line. |
| **पाद-टिप्पणी** | स्त्री. | किसी ग्रन्थ के पृष्ठ के निचले भाग में सूचना, निर्देश आदि के लिए दी गई टिप्पणी। | ಪಾದ ಟಿಪ್ಪಣಿ, ಅಡಿ ಟಿಪ್ಪಣಿ | पाद टिप्पणि, अडि | foot note. |
| **पादरी** | पु. | ईसाइयों का धर्मगुरु या पुरोहित। | ಪಾದ್ರಿ, ಕ್ರೈಸ್ತ ಧರ್ಮ ಗುರು | पाद्रि, क्रैस्त धर्मगुरु | padri, christian missionary. |
| **पादुका** | स्त्री. | 1. खड़ाऊँ; | ಪಾದುಕೆ, ಹಾವುಗೆ | पादुकें, हावुगं | a wooden shoe (sandal); |
| | | 2. पैरों में पहनने का कोई उपकरण। | | | a shoe. |
| **पान** | पु. | 1. तरल पदार्थ को पीने की क्रिया या भाव; | ಕುಡಿಯುವಿಕೆ; | कुडियुविकं; | drinking; |
| | | 2. मद्य या शराब पीना; | (ಮದ್ಯ ಮುಂತಾದ್ದು) ಕುಡಿಯುವಿಕೆ; | (मद्य मुंताद्दु) कुडियुविकं; | drinking spiritous liquors; |
| | | 3. पीने का कोई तरल पदार्थ ; | ಪಾನೀಯ; | पानीय; | a drink, beverage; |
| | | 4. एक लता जिसके पत्ते सुपारी कत्था आदि के साथ मुख शुद्धि के लिए खाए जाते हैं ; | ವೀಳ್ಯದ ಬಳ್ಳಿ; | वीळ्यद बळ्ळि; | betel-leaf; |
| | | 5. इस लता का पत्ता; | ವೀಳೆಯದೆಲೆ; | वीळेंयदॅलॅ; | leaf of betel plant; |
| | | 6. इस आकार की कोई रचना। | ಎಲೆಯಾಕಾರದಂತೆ ಮಾಡಿದ ವಸ್ತು, | ऍलॅयाकारदंतॅ माडिद वस्तु | any construction resembling a leaf. |
| **पानगोष्ठी** | स्त्री. | मद्यपान के लिए आयोजित गोष्ठी। | ಮದ್ಯಪಾನ ಗೋಷ್ಠಿ | मद्यपान गोष्ठि | cocktail party. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पानदान** | पु. | पान के पत्ते और उसका मसाला रखने का डिब्बा, पान के बीड़े रखने का डिब्बा। | ವೀಳ್ಯದ ಪೆಟ್ಟಿಗೆ | वीळयद पॆट्टिगॆ | betel-leaf receptacle. |
| **पाना** | स. | 1. कोई वस्तु प्राप्त करना, हासिल करना; | ಪಡೆ, ಹೊಂದು; | पडॆ, हॊंदु; | to get, to acquire; |
| | | 2. फल या परिणाम के रूप में कुछ प्राप्त करना; | ಫಲವನ್ನು ಪಡೆ; | फलवन्नु पडॆ; | to obtain; |
| | | 3. ऐसी स्थिति में होना कि किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु अपने तक पहुंच या मिल जाए; | ಸ್ವೀಕರಿಸು; | स्वीकरिसु; | to receive; |
| | | 4. ज्ञान आदि की मानसिक उपलब्धि करना, जान लेना, समझ जाना; | ಹೊಂದು; | हॊंदु; | to attain; |
| | | 5. अचानक पहुंचने पर किसी को किसी विशिष्ट स्थिति में देखना। | (ವಿಶೇಷ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ) ಕಂಡುಬರು | (विशेष स्थिति-यल्लि) कंडुबरु | to pick up. |
| **पानी** | पु. | 1. वह निर्गन्ध, पारदर्शी और वर्णहीन तरल अथवा द्रव पदार्थ जो झील, नदियों आदि में भरा रहता है; | ನೀರು; | नीरु; | water; |
| | | 2. उक्त तत्व का कोई ऐसा रूप जो किसी दूसरे पदार्थ में से अपने आप या उबालने आदि पर निकला हो और उस पदार्थ के अंश से युक्त हो; | ತರಳವಾಗಿರುವ ದ್ರವ; | तरळवागिरुव द्रव; | liquid substance; |
| | | 3. मान, प्रतिष्ठा, इज्जत; | ಗೌರವ; | गौरव; | honour, self-respect; |
| | | 4. आब, कांति , चमक; | ಕಾಂತಿ; | कांति; | lustre, sparkle, polish, brightness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. तलबार आदि शस्त्रों की धार का वह काला हलका रंग जिससे उनकी अच्छाई जानी जाती है। | ಕತ್ತಿ ಮೊಂಡಾದ ಶಸ್ತ್ರಗಳ ಅಲಗು | कतिमुंताद शस्त्रगळ अलगु | edge of the sword etc. |
| **पानीदार** | वि. | 1. कांतिमान, आबदार;<br>2. स्वाभिमानी, मान-प्रतिष्ठा आदि पर आंच न आने देनेवाला। | ಕಾಂತಿಯುಳ್ಳ;<br>ಸ್ವಾಭಿಮಾನಿ | कांतियुळ्ळ;<br>स्वाभिमानि | lustrous;<br>respectable, honourable. |
| **पानीदेवा** | पु. | तर्पण करनेवाला, पुत्रादि। | ತರ್ಪಣ ಕೊಡುವವ | तर्पण कोडुवव | one whose duty is to offer libation of water to a deceased person. |
| **पाप** | पु. | 1. धर्म और नीति के विरुद्ध किया जानेवाला ऐसा निंदनीय आचरण अथवा कृत्य जो बुरा माना जाता हो और जिसके फलस्वरूप मनुष्य को नरक भोगना पड़ता हो;<br>2. अपराध, जुर्म, कसूर;<br>3. कोई ऐसा काम या बात जिससे मनुष्य को बहुत कष्ट उठाना पड़े। | ಪಾಪ;<br>ಅಪರಾಧ;<br>ಕೇಡು, ಕೆಡಕು | पाप;<br>अपराध;<br>केडु, कॆडकु | sin, vice;<br>guilt, crime;<br>evil. |
| **पाप-कर्म** | पु. | ऐसा कर्म जिसे करने में पाप लगे, धर्मविरुद्ध कर्म। | ಪಾಪಕರ್ಮ | पापकर्म | sin, sinful deed. |
| **पापड़** | पु. | उड़द या मूंग आदि के आटे से तैयार की जाने वाली एक प्रकार की पतली मसालेदार चपाती जिसे तलकर या भून कर खाते हैं। | ಹಪ್ಪಳ | हप्पळ | salted thin crisp cake made of ground pulses. |
| | वि. | पापड़ की तरह पतला सूखा और भुरभुरा। | ಹಪ್ಪಳದಂತೆ ಗರಿ ಮುರಿಯಾಗಿರುವ | हप्पळदंत गरिमुरि-यागिरुव | thin (like crisp cake made of ground pulses). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पापाचार** | पु. | पापपूर्ण आचरण। | ಪಾಪ ಬರುವಂತಹ ವ್ಯವಹಾರ, ಕೆಲಸ | पाप बरुवंतह व्यवहार, कॆलस | following evil or sinful courses, sinful conduct. |
| **पापात्मा** | पुं. | जिसका मन सदा पापकर्मों की ओर रहता हो। | ಪಾಪಿ | पापि | sinner. |
| **पापी** | वि. | 1. पाप करनेवाला; 2. निर्दय, क्रूर, निष्ठुर। | ಪಾಪ ಮಾಡುವ; ದಯಾಹೀನ | पाप माडुव; दयाहीन | sinner; wicked, cruel. |
| **पाबंद** | वि. | 1. किसी प्रकार के बन्धन में पड़ा हुआ; | ಕಟ್ಟಿನಲ್ಲಿರುವ; | कट्टिनल्लिरुव; | tied, fettered; |
| | | 2. पूर्णरूप से किसी नियम, वचन, सिद्धान्त आदि का ठीक समय पर पालन करनेवाला; | ನಿಯಮಬದ್ಧ; | नियमबद्ध; | bound, habitual to, accustomed to |
| | | 3. जो उक्त के आधार पर कोई काम करने के लिए बाध्य या विवश हो। | ಅಂಕೆಯಲ್ಲಿರುವ | अंकॆयल्लिरुव | restrained. |
| **पाबंदी** | स्त्री. | पाबंद होने की अवस्था, क्रिया या भाव। | ಕಟ್ಟುಪಾಡು, ನಿರ್ಬಂಧ | कट्टुपाडु, निर्बंध | restriction, control, ban. |
| **पामर** | वि. | 1. नीच, दुष्ट, अधम, पापी; | ಅಧಮ, ನೀಚ, ಪಾಪಿ; | अधम, नीच पापि; | low, wicked; |
| | | 2. मूर्ख। | ಮೂರ್ಖ | मूर्ख | fool, idiot. |
| **पायँचा** | पुं. | पायजामे का पैर। | ಪಾಯಿಜಾಮದ ಒಂದು ಕಾಲು | पायिजामाद ऒंदु कालु | leg of a pair of trousers or drawers. |
| **पायँता (पायँती)** | पु. स्त्री. | 1. पलंग या चारपाई का वह भाग जिस पर पैर रहते हैं; | (ಮಂಚದ) ಕಾಲ ಕಡೆಯ ಭಾಗ; | (मंचद) काल कडॆय भाग; | the lower part of a bedstead; |
| | | 2. वह दिशा जिधर सोने वाले के पैर हों। | ಮಲಗುವಾಗ ಕಾಲಿನ ಕಡೆಯ ದಿಶೆ | मलगुवाग कालिन कडॆय दिशॆ | foot or bottom of a bed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पायदान (पावदान)** | पु. | 1. गाड़ी में वह अंग या स्थान जिस पर पैर रखकर उसमें सवार होते हैं ; | ಕಾಲು ಹಲಗೆ, ಮೆಟ್ಟಿಲು; | कालु हलगॆ, मॆट्टलु; | foot-board; |
| | | 2. जटा, मूँज, तार आदि का वह **चौकोर** टुकड़ा जो कमरों के दरवाजे के पास पैर पोंछने के लिए रखा जाता है। | ಕಾಲೊರಸು, ಕಾಲು ಹಾಸು | कालॊरसु, कालु हासु | door-mat. |
| **पायल** | स्त्री. | पैर में पहनने का एक गहना। | ಪಾದಾಭರಣ | पादाभरण | anklet, ankle ornament. |
| **पाया** | पु. | 1. पलंग, कुरसी चौकी आदि का पैर; | (ಮಂಚ, ಕುರ್ಚಿ ವಗೈರೆ) ಕಾಲು; | (मंच, कुर्चि वगैरॆ) कालु; | leg of a piece of furniture; |
| | | 2. खंभा, स्तम्भ। | ಕಂಭ | कंभ | pillar. |
| **पारंगत** | वि. | जिसने किसी विद्या या शास्त्र का बहुत अधिक ज्ञान प्राप्त कर लिया हो। | ಪಾರಂಗತ | पारंगत | adept, expert. |
| **पार** | पु. | 1. नदी, समुद्र आदि का दूसरी ओर का किनारा; | (ನದಿ, ಸಮುದ್ರ) ಆಚಿನ ದಡ; | (नदि, समुद्र) आचिन दड; | (opposite) bank, shore etc.; |
| | | 2. दूर तक फैली हुई वस्तु के दो किनारों में से कोई एक; | ಆಚಿನ ಅಥವಾ ಈಚಿನ ಅಂಚು, ತೀರ; | आचिन अथवा ईचिन अंचु, तीर; | end (of something); |
| | | 3. किसी तल या पृष्ठ के किसी बिन्दु के विचार से उसके विपरीत तल या पृष्ठ का कोई बिन्दु या स्थान। | ಬದಿ (ಹಿಂಬದಿ-ಮುಂಬದಿ) | बदि (हिंबदि-मुंबदि) | limit, side. |
| **पारगमन** | पुं. | एक स्थान या स्थिति से दूसरे स्थान या स्थिति में जाने की क्रिया, भाव या स्थिति। | ಒಂದೆಡೆ ಅಥವಾ ಸ್ಥಿತಿಯಿಂದ ಬೇರೆಡೆ ಅಥವಾ ಸ್ಥಿತಿಗೆ ಒಯ್ಯುವಿಕೆ | ऒंदॆडॆ अथवा स्थितियिंद बेरॆडॆ अथवा स्थितिगॆ ऒय्युविकॆ | transmission, going across. |
| **पारण** | पुं. | 1. किसी व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन; | ಪಾರಣೆ; | पारणॆ; | eating and drinking after a fast; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आजकल किसी प्रस्तावित विधान अथवा विधेयक के सम्बन्ध में उसे विचार पूर्वक निश्चित और स्वीकृत करने की क्रिया या भाव। | ವಿಧೇಯಕ ಅಂಗೀಕೃತವಾಗುವಿಕೆ | विधेयक अंगीकृत-वागुविके | passing (of a bill etc.). |
| **पारद** | पु. | पारा। | ಪಾದರಸ | पादरस | mercury. |
| **पारदर्शक** | वि. | प्रकाश की किरणें जिसे पार करके दूसरी ओर जा सकती हों और इसीलिए जिसके इस पार से उस पार की वस्तुएं दिखाई देती हों। | ಪಾರದರ್ಶಕ | पारदर्शक | transparent. |
| **पारदर्शी** | वि. | 1. दूरदर्शी;<br>2. पारदर्शक। | ದೂರದರ್ಶಿ;<br>ಪಾರದರ್ಶಿ | दूरदर्शि;<br>पारदर्शि | far-sighted;<br>transparent, transparency. |
| **पारपत्र** | पु. | वह राजकीय अधिकारपत्र जो किसी राज्य की प्रजा को विदेश यात्रा के समय प्राप्त करना पड़ता है और जिसे दिखाकर उसमें उल्लिखित देशों में भ्रमण कर सकते हैं। | ಪಾಸ್‌ಪೋರ್ಟು | पास्पोर्टु | passport. |
| **पारमार्थिक** | वि. | 1. परमार्थ सम्बन्धी, परमार्थ का; | ಪಾರಮಾರ್ಥಿಕ; | पारमार्थिक; | relating to a high and spiritual object; |
| | | 2. परमार्थ का शुभ फल दिलानेवाला। | ಪರಮಾರ್ಥ ಸಂಬಂಧವಾದ | परमार्थ संबंधवाद | spiritual, charitable. |
| **पारलौकिक** | वि. | परलोक सम्बन्धी, परलोक का। | ಪರಲೋಕಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | परलोकक्के संबंधिसिद | relating to the next world. |
| | पु. | अंत्येष्टि क्रिया। | ಅಪರ ಕರ್ಮ | अपर कर्म | funeral. |
| **पारस** | पु. | 1. एक कल्पित पत्थर जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता है; | ಸ್ಪರ್ಶಮಣಿ; | स्पर्शमणि; | philosopher's stone, touch-stone; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पारस के समान उत्तम और लाभदायक पदार्थ। | ಅತ್ಯುತ್ತಮವಾದ ವಸ್ತು | अत्युत्तमवाद वस्तु | excellent like paras. |
| **पारस्परिक** | वि. | आपस का, आपसी। | ಪರಸ್ಪರವಾದ | परस्परवाद | mutual. |
| **पारा** | पु. | एक प्रसिद्ध चमकीली, सफेद और भारी धातु। | ಪಾದರಸ | पादरस | mercury. |
| **पारायण** | पु. | 1. नियमित रूप से किसी धार्मिक ग्रंथ का किया जानेवाला पाठ; | ಪಾರಾಯಣ | पारायण | the act of reading religious book; |
| | | 2. किसी ग्रंथ का आद्यंत पाठ। | | | reading a book from beginning to end. |
| **पारावार** | पु. | 1. समुद्र;<br>2. दोनों किनारे, ओर-छोर। | ಸಮುದ್ರ;<br>ಎರಡೂ ತಟಗಳು, ದಡಗಳು | समुद्र;<br>एरडू तटगलु, दडगलु | the sea, ocean;<br>the two banks. |
| **पारित** | वि. | जिसका पारण हुआ हो, (प्रस्ताव या विधेयक) जो विधिपूर्वक किसी संस्था द्वारा स्वीकृत किया गया हो। | ಅಂಗೀಕೃತವಾದ, ಸ್ವೀಕೃತವಾದ | अंगीकृतवाद, स्वीकृतवाद | passed. |
| **पारितोषिक** | पु. | 1. वह धन जो किसी को देकर परितुष्ट किया जाता है; | ಪಾರಿತೋಷಿಕ; | पारितोषिक; | reward (in terms of money); |
| | | 2. वह वस्तु या धन जो प्रतियोगिता आदि में विजयी होने पर अथवा विशेष योग्यता दिखाने पर उत्साह बढ़ाने के लिए दिया जाता है, पुरस्कार, इनाम। | ಬಹುಮಾನ | बहुमान | reward, prize. |
| **पारिभाषिक** | वि. | 1. परिभाषा-सम्बन्धी; | ಪರಿಭಾಷೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | परिभाषॆगॆ संबंधिसिद; | pertaining to definition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (शब्द) जो किसी शास्त्र या विषय में अपना साधारण से भिन्न कोई अर्थ रखता हो। | (ಶಾಸ್ತ್ರದಲ್ಲಿ) ವಿಶಿಷ್ಟವಾದ ಅರ್ಥವುಳ್ಳ (ಶಬ್ದ) | (शास्त्रदल्लि) विशिष्टवाद अर्थवुळ्ळ (शब्द) | technical. |
| **पारिश्रमिक** | पुं. | किए गए परिश्रम के बदले में मिलनेवाला धन, मजूरी, मेहनताना। | ಪರಿಶ್ರಮಕ್ಕೆ ಬದಲಾಗಿ ಸಿಗುವ ಹಣ, ಮಜೂರಿ, ಸಂಭಾವನೆ, ಪ್ರತಿಫಲ | परिश्रमक्के बदलागि सिगुव-हण, मजूरि, संभावने, प्रतिफल | remuneration. |
| **पारी** | स्त्री. | 1. क्रमानुसार आने या मिलनेवाला अवसर, बारी; | ಸರದಿ; | सरदि; | turn, shift; |
| | | 2. गेंद-बल्ले के खेल में प्रत्येक दल को बल्लेबाजी करने के लिए मिलनेवाला अवसर। | ಕ್ರಿಕೆಟ್ ಆಟದಲ್ಲಿ ಇನ್ನಿಂಗ್ಸ್ | क्रिकेट आटदल्लि इन्निंग्स | innings. |
| **पार्थक्य** | पुं. | 1. पृथक् होने की अवस्था या भाव; | ಬೇರೆಯಾಗಿರುವಿಕೆ; | बेरेयागिरुविके; | the act of separation; |
| | | 2. भेद, अन्तर; | ವ್ಯತ್ಯಾಸ, ಅಂತರ; | व्यत्यास, अंतर; | difference; |
| | | 3. जुदाई, बिलगाव। | ಅಗಲಿರುವಿಕೆ | अगलिरुविके | separation. |
| **पार्थिव** | वि. | 1. पृथ्वी सम्बन्धी; | ಪೃಥಿವಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | पृथिविगे संबंधिसिद; | relating to earth; |
| | | 2. पृथ्वी में उत्पन्न; | ಭೂಮಿಯಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ; | भूमियल्लि हुट्टिद; | springing or derived from the earth; |
| | | 3. पृथ्वी से उत्पन्न वस्तुओं का बना हुआ; | ಭೂಮಿಯಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ ವಸ್ತುಗಳಿಂದಾದ; | भूमियल्लि हुट्टिद वस्तुगळिंदाद; | earthen, earthly; |
| | | 4. पृथ्वी पर शासन करने वाला; | ಭೂಮಿಯ ಮೇಲೆ ಶಾಸನ ಮಾಡುವ, ರಾಜ; | भूमिय मेले शासन माडुव, राज; | lord of the earth, king; |
| | | 5. राजकीय। | ರಾಜಕೀಯ | राजकीय | royal, princely. |
| **पार्श्व** | पुं. | 1. छाती के दाएं बाएं का भाग, बगल; | ಎದೆಯ ಎರಡು ಪಕ್ಕಗಳು, ಕಂಕುಳು; | एदेय एरडु पक्कगळु, कंकुळु; | armpit; |
| | | 2. अगल-बगल की जगह। | ಅಕ್ಕಪಕ್ಕದ ಸ್ಥಾನ | अक्कपक्कद स्थान | side, part of the body below the arm-pit. |
| **पार्श्वगायक** | पुं. | गान-विद्या में अपटु अभिनेता के बदले | ಹಿನ್ನಲೆಯ ಗಾಯಕ, ಗಾಯಕಿ | हिन्नलेय गायक, गायकि | playback singer, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| (पार्श्वगायिका स्त्री.) | | नेपथ्य से गायन करनेवाला व्यक्ति। | | | back-stage singer. |
| पार्श्ववर्ती | वि. | 1. किसी के पास या साथ रहनेवाला; | ಪಕ್ಕದಲ್ಲಿರುವ; | पक्कदल्लिरुव; | standing by the side, an attendant; |
| | | 2. किसी के पार्श्व में आसपास या इधर-उधर होने या रहनेवाला। | ಅಕ್ಕಪಕ್ಕದಲ್ಲಿರುವ | अक्कपक्क-दल्लिरुव | adjacent. |
| पार्षद | पु. | 1. सभासद; | ಸಭಾಸದ; | सभासद; | a member of an assembly; |
| | | 2. किसी देवता का अनुचर। | ದೇವತೆಯ ಅನುಚರ | देवतेय अनुचर | retinue (of a god). |
| पार्सल (पारसल) | पु. | डाक या रेल द्वारा किसी के पास भेजी जानेवाली गठरी या पोटली। | ಪಾರ್ಸಲ್ಲು | पार्सल्लु | parcel. |
| पाल | पु. | 1. फलों को गरमी पहुँचाकर पकाने के लिए पत्तों आदि से ढककर रखने की विधि; | ಹುಲ್ಲು, ಎಲೆ ಆದಿಗಳನ್ನು ಹಾಕಿ ಹಣ್ಣನ್ನು ಮಾಗಿಸುವಿಕೆ; | हुल्लु, एले आदिगळन्नु हाकि हण्णन्नु मागिसुविके; | the process of ripening fruits by keeping them between layers of straw, leaves etc.; |
| | | 2. ऐसा स्थान जहां फल आदि रखकर उक्त प्रकार से पकाए जाते हैं; | ಮಾಗಿಸಲು ಕಾಯಿಗಳನ್ನಿಡುವ ಜಾಗ; | मागिसलु कायिगळन्निडुव जाग; | the place where the fruits are kept for ripening; |
| | | 3. नाव के मस्तूल के सहारे ताना जानेवाला वह कपड़ा जिसमें हवा के भरने से नाव चलती है; | ಹಡಗಿನ ಪಟ; | हडगिन पट; | sail; |
| | | 4. धूप आदि में बचाव के लिए टांगा जानेवाला कपड़ा आदि; | ಬಿಸಿಲಿಗೆ ಅಡ್ಡವಾಗಿ ಕಟ್ಟುವ ಬಟ್ಟೆ; | बिसिलिगे अड्डवागि कट्टुव बट्टे; | cloth hanged to avoid sun, etc.; |
| | | 5. खेमा, तम्बू शामियाना; | ಡೇರ; | डेर; | tent; |
| | | 6. गाड़ी पालकी आदि को ऊपर से ढकने का कपड़ा। | ಹೊದಿಕೆ | होदिके | cover. |
| पालक | वि. | पालन करनेवाला। | ಪಾಲನೆ ಮಾಡುವ | पालने माडुव | protector. |

| हिंदी शब्द | व्या· को· | हिंदी अर्थ | गुजराती पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | 1. एक प्रकार का प्रसिद्ध साग;<br>2. राजा;<br>3. घोड़े का साईस। | ಪಾಲಕ್ ಎಂಬ ಸೊಪ್ಪಿನ ತರಕಾರಿ;<br>ರಾಜ;<br>ಅಶ್ವಪಾಲಕ | पालक् एंब सॊप्पिन तरकारि;<br>राज;<br>अश्वपालक | spinach;<br>king;<br>horsekeeper. |
| पालकी | स्त्री. | एक तरह की सवारी जिसे आदमी कंधे पर ढोते हैं। | ಪಲ್ಲಕ್ಕಿ | पल्लक्कि | palanquin. |
| पालतू | वि. | (पशु-पक्षियों के संबंध में) जो पकड़कर घर में रखा तथा पाला गया हो (जंगली से भिन्न)। | ಸಾಕಿದ | साकिद | domesticated, tame, pet. |
| पालथी | स्त्री. | बैठने का एक आसन जिसमें दाहिने और बाएं पैरों के पजें क्रम से बायीं और दायीं जांघ के नीचे दबे रहते हैं। | ಪದ್ಮಾಸನ, ಚಕ್ಕಳಂಬಟ್ಲ | पद्मासन, चक्कळंबट्ल | a cross-legged sitting posture. |
| पालन | पु. | 1. भरण-पोषण, परवरिश;<br>2. आज्ञा, कर्त्तव्य आदि का निर्वाह करना;<br>3. रक्षा करना, रक्षण;<br>4. निभाना। | ಪಾಲನೆ-ಪೋಷಣೆ;<br>ಆಜ್ಞೆ, ಕರ್ತವ್ಯ ಪಾಲನೆ;<br>ಸಂರಕ್ಷಿಸುವಿಕೆ;<br>ನಿರ್ವಹಣೆ | पालने-पोषणॆ;<br>आज्ञॆ, कर्तव्य पालनॆ;<br>संरक्षिसुविकॆ;<br>निर्वहणॆ | upbringing;<br>maintaining, observing, keeping;<br>protecting;<br>keeping (a vow etc.). |
| पालना | स. क्रि. | 1. भरण-पोषण करना, परवरिश करना;<br>2. आज्ञा आदि को निबाहना, उल्लंघन न करना;<br>3. पशुपक्षी आदि को आहार आदि देकर अपने यहा रखना। | ಪಾಲಿಸು-ಪೋಷಿಸು;<br>ಅಪ್ಪಣೆಯಂತೆ ನಡೆ;<br>ಸಾಕು | पालिसु-पोषिसु;<br>अप्पणॆयंतॆ नडॆ;<br>साकु | to bring up, to rear (n);<br>to observe;<br>to tame, to domesticate, to pet. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | एक तरह का छोटा झूला जिसमें बच्चों को झुलाया या सुलाया जाता है। | ತೊಟ್ಟಿಲು | तॊट्टिलु | cradle,crib. |
| **पाला** | पु. | 1. हवा में मिले हुए भाप के सूक्ष्म कण जो अधिक ठंड पड़ने पर सफेद तह के रूप में जमीन पर जम जाते हैं, हिम, तुषार; | (ಮೋಡ ಅಥವಾ ಹೊಗೆಯಂತೆ ಮುಸುಕಿದ) ಮಂಜು; | (मोड अथवा हॊगॆयंतॆ मुसुकिद) मंजु; | frost; |
| | | 2. बहुत अधिक सर्दी ; | ತುಂಬ ಚಳಿ; | तुंब चळि; | very cold; |
| | | 3. किसी प्रकार के व्यवहार का अवसर; | (ಕಾರ್ಯ ಸಾಧಿಸಲು ದೊರೆತ) ಸಂಧಿ, ಸಮಯ; | (कार्य साधिसलु दॊरॆत) संधि, समय; | opportunity (in dealing with); |
| | | 4. कबड्डी आदि खेलों में दो पक्षों को विभाजित करनेवाली सीमा जो प्रायः लकीर के रूप में होती है। | (ಕಬಡ್ಡಿ ಆಟ) ಎರಡು ಗುಂಪನ್ನು ಬೇರ್ಪಡಿಸುವ ರೇಖೆ | (कबड्डि समय आट) ऍरडु गुंपन्नु बेर्पडिसुव रेखॆ | line of demarcation (in Kabaddi etc.). |
| **पाव** | पु. | 1. किसी पदार्थ का चौथाई भाग या अंश; | ನಾಲ್ಕನೆಯ ಒಂದು ಭಾಗ; | नाल्कनॆय ऒंदु भाग; | one-fourth; |
| | | 2. एके सेर का चौथा भाग, चार छटांक की एक तौल। | ಕಾಲು ಸೇರು, ಪಾವು | कालु सेरु, पावु | one-fourth of a seer. |
| **पावक** | पु. | अग्नि, आग। | ಬೆಂಕಿ | बॆंकि | fire. |
| **पावती** | स्त्री. | किसी वस्तु के पहुंचने की लिखित सूचना या प्राप्ति की स्वीकृति। | ಪಾವತಿ, ರಶೀತಿ | पावति, रशीति | receipt. |
| **पावन** | वि. | पवित्र, पवित्र करनेवाला। | ಪವಿತ್ರ | पवित्र | holy, sacred. |
| **पावनता** | स्त्री. | पावन होने की अवस्था या भाव। | ಪವಿತ್ರತೆ | पवित्रतॆ | holiness. |
| **पावना** | पु. | वह रुपया या द्रव्य जो दूसरे से पाना हो। | ವಸೂಲಾಗಬೇಕಾದ ಹಣ, ವಸ್ತು ವಗೈರೆ | वसूलागबेकाद हण, वस्तु वगैरे | money due to be realised, dues. |
| **पावस** | पु. | वर्षाऋतु। | ವರ್ಷಋತು, ಮಳೆಗಾಲ | वर्षऋतु, मळॆगाल | rainy season. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पाश** | पु. | 1. वह चीज जिसमें किसी को फंसाया या बांधा जाए; | ಪಾಶ; | पाश; | tie, bond, chain, fetter; |
| | | 2. पशु-पक्षियों को फंसाकर पकड़ने का जाल, फंदा। | ಬಲೆ | बले | trap or net for catching birds and beasts. |
| **पाशविक** | वि. | पशुओं की तरह का। | ಪಶುವಿನಂತಹ | पशुविनंतह | brutal, beastlike. |
| **पाशविकता** | स्त्री. | पशुता, बर्बरता। | ಪಾಶವಿಕತೆ, ಬರ್ಬರತೆ | पाशविकते, बर्बरते | brutality, barbarianism, barbarousness. |
| **पाश्चात्य** | वि. | 1. पश्चिम का, पश्चिमी; | ಪಶ್ಚಿಮ ದೇಶದ; | पश्चिम देशद; | belonging to west, western; |
| | | 2. पीछे का, पिछला। | ಹಿಂದಿನ, ಹಿಂಭಾಗದ | हिंदिन, हिंभागद | hinder, posterior, later. |
| **पाषाण** | पु. | पत्थर, शिला। | ಕಲ್ಲು | कल्लु | stone. |
| **पाषाण-हृदय** | वि. | जिसका हृदय बड़ा कठोर हो। | ಕಠೋರ ಹೃದಯದ | कठोर हृदयद | stone-hearted, hard-hearted. |
| **पासंग** | पु. | 1. तराजू के दोनों खाली पलड़ों का सूक्ष्म अन्तर; | ತ್ರಾಸಿನಲ್ಲಿ ಕಾಣುವ ಸೂಕ್ಷ್ಮ ಅಂತರ; | त्रासिनल्लि काणुव सूक्ष्म अंतर; | counter – weight; |
| | | 2. दोनों पलड़ों को बराबर करने के लिए हलके पलड़े की ओर रखी जानेवाली वस्तु। | ತಕ್ಕಡಿಯ ಎರಡು ತಟ್ಟೆಗಳನ್ನೂ ಸಮನಾಗಿ ಮಾಡಲು ಮೇಲಾಗಿರುವ ಕಡೆ ಏನನ್ನಾದರೂ ಇಡುವುದು | तक्कडिय एरडु तट्टॆगळन्नू समनागि माडलु मेलागिरुव कडॆ एनन्नादरू इडुवुदु | something placed on one pan of a scale to counter-balance the other. |
| **पास** | क्रि. वि. | 1. **समीप, नजदीक;** | ಹತ್ತಿರ, ಸಮೀಪ; | हत्तिर, समीप; | near, nearby; |
| | | 2. अधिकार में, कब्जे में | ವಶದಲ್ಲಿನ, ಅಧೀನದ | वशदल्लिन, अधीनद | at hand. |
| **पासा (पांसा)** | पु. | 1. चौसर आदि के खेल में फैंका जानेवाला हाथी दांत आदि का टुकड़ा जिस पर एक से छः तक बिंदियां अंकित होती हैं; | ದಾಳ; | दाळ; | dice; |
| | | 2. पासों से खेला जानेवाला खेल; | ಪಗಡೆಯಾಟ; | पगडॆयाट; | game in which dice is thrown. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. उक्त आकार का सोने या चांदी का टुकड़ा। | ದಾಳದಾಕಾರದ ಬೆಳ್ಳಿ, ಚಿನ್ನ, ಲೋಹ ವಗೈರೆಗಳ ಗಟ್ಟಿ | दाळदाकारद बॆळ्ळि चिन्न लोह वगैरॆगळ गट्टि | lump or cube of anything (as metal). |
| **पाहुना** | पु. | 1. मेहमान, अतिथि;<br>2. जामाता। | ಅತಿಥಿ, ಅಭ್ಯಾಗತ;<br>ಅಳಿಯ | अतिथि, अभ्यागत;<br>अळिय | guest;<br>son-in-law. |
| **पिंजरा (पिंजड़ा)** | पु. | धातु,बांस आदि की तीलियों का बना हुआ एक प्रकार का बक्सा जिसमें पशु-पक्षी आदि बंद करके रखे जाते हैं। | ಪಂಜರ | पंजर | cage. |
| **पिंड** | पु. | 1. किसी द्रव्य का ठोस गोला; | ಮುದ್ದೆ; | मुद्दॆ; | clod, lump; |
| | | 2. जौ के आटे, भात आदि का बनाया हुआ गोला जो श्राद्ध में पितरों के लिए समर्पित किया जाता है; | (ಶ್ರಾದ್ಧ) ಪಿಂಡ; | (श्राद्ध) पिंड; | ball of rice or flour offered to the pitras or deceased ancestors; |
| | | 3. शरीर, देह। | ಶರೀರ, ದೇಹ | शरीर, देह | the body. |
| **पिंडज** | पु. | प्राणी के गर्भ से उत्पन्न होनेवाला जीव, जरायुज। | ಗರ್ಭದಲ್ಲಿನ ಪಿಂಡದಿಂದ ಹುಟ್ಟಿದ ಜೀವ, ಜರಾಯುಜ | गर्भदल्लिन पिंडदिंद हुट्टिद जीव, जरायुज | any creature born of or with a body, viviparous. |
| **पिंडदान** | पु. | कर्मकाण्ड के अनुसार पितरों को पिंड देने का कर्म जो श्राद्ध में किया जाता है। | ಪಿತೃಗಳಿಗೆ ಕೊಡುವ ಪಿಂಡ, ಪಿಂಡದಾನ | पितृगळिगॆ कॊडुव पिंड, पिंडदान | the offering of sraddha oblation on the evening of of new moon. |
| **पिंडली** | स्त्री. | टांग का पिछली ओर का मांसल भाग। | ಮೊಣಕಾಲುಗಳ ಮಾಂಸಖಂಡ | मॊणकालुगळ मांसखंड | calf of the leg. |
| **पिघलना** | अ. क्रि. | 1. गर्मी पाकर किसी ठोस पदार्थ का तरल होना;<br>2. दया से आर्द्र होना। | (ಶಾಖದಿಂದ) ಕರಗು;<br>ದಯೆಯಿಂದ ಆರ್ದ್ರವಾಗು; | (शाखदिंद) करगु;<br>दयॆयिंद आर्द्रवागु; | to melt;<br>to show pity. |
| **पिचकना** | अ. क्रि. | उभरे या फूले हुए अंग का भीतर की ओर दबना, उभार कम होना। | ಮುದುಡು, ಸುರುಟು | मुदुडु, सुरुटु | to shrivel, to be squeezed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पिचकाना** | स. क्रि. | उभरे या फूले हुए अंग को भीतर की ओर दबाना, पिचकने में प्रवृत्त करना। | ಉಬ್ಬಿದ ಅಂಗವನ್ನು ಒಳ ಅದುಮು, ನೆಗ್ಗಿಸು, ಊತ ತಗ್ಗಿಸು | उब्बिद अंगवन्नु ऑळ अदुमु, नॆग्गिसु, ऊत-तग्गिसु | to press together, to cause to sink or go down, to reduce a swelling. |
| **पिचकारी** | स्त्री. | नली के आकार का एक उपकरण जिसके मुंह पर एक या अनेक छेद होते हैं जिनके मार्ग से नली में भरा हुआ तरल पदार्थ दबाव से दूर तक फैंका जाता है। | ಪಿಚಕಾರಿ | पिचकारि | syringe. |
| **पिचपिचाना** | अ. क्रि. | किसी छेद में तरल पदार्थ का पिचपिच शब्द करते हुए रिसना या निकलना। | ಪಿಚಪಿಚ ಶಬ್ದ ಮಾಡುತ್ತಾ, ನೀರು ಜಿನುಗು | पिचपिच शब्द माडुत्ता नीरु जिनुगु | to sweat, moist or wet. |
| **पिच्छल (पिच्छिल)** | वि. | फिसलनेवाला, चिकना। | ನುಣುಪಾಗಿರುವ, ಜಿಡ್ಡಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ ಜಾರುವ | नुणुपागिरुव, जिड्डिनिंद कूडिद, जारुव | slippery, lubricious. |
| **पिछड़ना** | अ. क्रि. | प्रतियोगिता आदि में पीछे रह जाना। | (ಸ್ಪರ್ಧೆ) ಹಿಂದೆ ಬೀಳು, ಹಿಂದಾಗು | (स्पर्धे) हिंदॆबीळु, हिंदागु | to lag, to lag behind. |
| **पिछलगा** | वि. | 1. दीनभाव से किसी के पीछे-पीछे लगा रहनेवाला; | ಹಿಂದೆ ಬಿದ್ದ; | हिंदॆ बिद्द; | follower; |
| | | 2. शक्ति, सामर्थ्य आदि के अभाव में, स्वतंत्र न रह सकने के कारण किसी का अनुगमन या अनुसरण करनेवाला; | (ಆಶ್ರಯಕ್ಕಾಗಿ) ಹಿಂಬಾಲಿಸುವ; | (आश्रयक्कागि) हिंबालिसुव; | hanger- on; |
| | | 3. आश्रित। | ಆಶ್ರಯದಲ್ಲಿರುವ | आश्रयदल्लिरुव | dependent. |
| **पिछलग्गू** | वि. | पिछलगा। | ಅನುಯಾಯಿ, ಆಶ್ರಿತ | अनुयायि, आश्रित | follower, dependent, lackey. |
| **पिछला** | वि. | 1. पीछे की ओर पड़नेवाला, जो पीछे की ओर हो; | ಹಿಂದಿನ; | हिंदिन; | back part or partition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो क्रम में किसी के पीछे हो; | (ಕ್ರಮದಲ್ಲಿ), ಹಿಂದಿನ; | (क्रमदल्लि) हिंदिन; | hind, rear; |
| | | 3. बाद का, परवर्ती; | ನಂತರದ; | नंतरद; | last;. |
| | | 4. गुजरा हुआ, बीता हुआ। | ಕಳೆದು ಹೋದ ಕಾಲದ | कळॆदु होद कालद | past. |
| **पिछवाड़ा** | पु. | मकान का पिछला भाग, घर के पीछे की ओर का भाग। | ಹಿತ್ತಲು | हित्तलु | backyard. |
| **पिछाड़ी** | स्त्री. | 1. पृष्ठभाग, पीछे का भाग; | ಹಿಂಭಾಗ; | हिंभाग; | rear; |
| | | 2. घोड़े के पिछले दोनों पैर बांधने की रस्सी। | ಕುದುರೆಯ ಹಿಂಗಾಲುಗಳಿಗೆ ಕಟ್ಟುವ ಹಗ್ಗ | कुदुरॆय हिंगालु-गळिगॆ कट्टुव हग्ग | rope for fettering a horse from the rear legs. |
| **पिटना** | अ. क्रि. | 1. पीटा जाना, मार खाना; | ಹೊಡೆತ ತಿನ್ನುವುದು; | हॊडॆत तिन्नुवुदु; | act of being beaten; |
| | | 2. प्रतियोगिता आदि में हारना; | (ಸ್ಪರ್ಧೆ) ಸೋಲು; | (स्पर्धॆ) सोलु; | to be defeated; |
| | | 3. कुछ खेलों में मोहरे का मारा जाना। | (ಆಟದಲ್ಲಿ) ಕಾಯಿ ಕೊಲ್ಲಲ್ಪಡುವುದು | (आटदल्लि) कायि कॊल्लल्पडुवुदु | to be beaten. |
| **पिटवाना** | स. क्रि. | 1. किसी के पीटे जाने का कारण होना; | ಹೊಡೆತ ತಿನ್ನಲು ಕಾರಣವಾಗು; | हॊडॆत तिन्नलु कॊल्लल्पडुवुदु | to cause to be beaten; |
| | | 2. पीटने का काम किसी दूसरे से कराना। | (ಬೇರೆಯವರಿಂದ) ಹೊಡೆಸು | (बेरॆयवरिंद) हॊडॆसु | to cause to beat. |
| **पिटाई** | स्त्री. | 1. पीटने की क्रिया; | ಹೊಡೆಯುವಿಕೆ; | हॊडॆयुविकॆ; | act of beating; |
| | | 2. पीटने की मजदूरी या पारिश्रमिक; | ಹೊಡೆದ ಕೂಲಿ; | हॊडॆद कूलि; | wages for beating, thrashing; |
| | | 3. किसी पर अच्छी तरह पड़नेवाली मार। | ಬಲವಾದ ಪೆಟ್ಟು | बलवाद पॆट्टु | good beating. |
| **पिटारा** ' (**स्त्री. पिटारी**) | पु. | बांस आदि की तीलियों से बना हुआ एक ढक्कनदार पात्र। | ಪೆಟ್ಟಿಗೆ | पॆट्टिगॆ | basket. |
| **पिट्ठू** | पु. | 1. पीछे-पीछे चलनेवाला, अनुगामी; | ಅನುಯಾಯಿ; | अनुयायि; | follower; |
| | | 2. खुशामदी। | ಪುಸಲಾಯಿಸುವವ | पुसलायिसुवव | lackey. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पितर** | पु. | परलोकवासी पूर्वज जिनका कर्मकाण्ड के अनुसार श्राद्धादि किया जाता है। | ಪಿತೃಗಳು | पित्रुगळु | forefathers. |
| **पिता** | पु. | संबंध के विचार से वह पुरुष जिसने किसी को जन्म दिया हो। | ತಂದೆ | तंदे | father. |
| **पितामह (स्त्री. पितामही)** | पु. | पिता का पिता, दादा। | ತಂದೆಯು ತಂದೆ, ತಾತ (ತಂದೆಯು ತಾಯಿ, ಅಜ್ಜಿ) | तंदेय तंदे, तात (तंदेय तायि, अज्जि) | paternal grand-father. |
| **पितृ-पक्ष** | पु. | 1. आश्विन मास का कृष्णपक्ष जिसमें पितरों का श्राद्ध किया जाता है; | ಪಿತೃಪಕ್ಷ, ಪಿತೃಗಳಿಗೆ ಪಿಂಡ ಅರ್ಪಿಸುವ ಕಾಲ; | पितृपक्ष, पितृगळिगे पिंड अर्पिसुव काल; | the dark fortnight of the month of Ashwina when oblations are offered to the manes for thier spiritual grati-fication; |
| | | 2. पिता का कुल। | ತಂದೆಯು ಕುಲ | तंदेय कुल | paternal side. |
| **पितृ-विसर्जन** | पु. | आश्विन कृष्ण अमावस्या के दिन पितरों की विदाई का कृत्य। | ಪಿತೃ ವಿಸರ್ಜನೆಯು ಸಂಸ್ಕಾರ | पितृ विसर्जनेय संस्कार | rites performed on the fifteenth day of the fortnight of the month of Ashwin which marks dark farewell to the manes. |
| **पित्त** | पु. | शरीर के तीन प्रसिद्ध दोषों में से एक जो नीलापन लिए पीले रंग का और कड़वा होता है। | ಶರೀರದಲ್ಲಿನ ಮೂರು ದೋಷ ವಾತ, ಪಿತ್ತ, ಕಫ ಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು-ಪಿತ್ತ | शरीरदल्लिन मूरु दोष वात, पित्त, कफगळल्लि ओंदु – पित्त | bile, skin-rash. |
| **पित्तप्रकोप** | पु. | पित्त का बढ़ जाना या कुपित हो जाना। | ಪಿತ್ತ ಪ್ರಕೋಪ, ಪಿತ್ತಾಧಿಕ್ಯ | पित्त प्रकोप, पित्ताधिक्य | excess and vitiation of the bile humour. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पित्ताशय** | पु. | शरीर के अंदर यकृत के पीछे की ओर रहनेवाला थैली के आकार का वह अंग जिसमें पित्त रहता है। | ಪಿತ್ತಕೋಶ | पित्तकोश | gall-bladder. |
| **पित्ती** | स्त्री. | पित्त की अधिकता या रक्त के अधिक ऊष्ण होने से उत्पन्न होनेवाला एक रोग जिसमें शरीर पर लाल चकते पड़ जाते हैं और जिसमें बड़ी खुजली होती है। | ಪಿತ್ತಾಧಿಕ್ಯದಿಂದ ಆಗುವ ಒಂದು ರೋಗ | पित्ताधिक्यदिंद आगुव ओंदु रोग | urticaria. |
| **पिद्दी** | स्त्री. | 1. बया की जाति की एक छोटी चिड़िया; 2. अति तुच्छ और नगण्य व्यक्ति। | ಗೀಜಗದ ಹಕ್ಕಿ ಜಾತಿಯ ಒಂದು ಹಕ್ಕಿ; ನೀಚ ಮನುಷ್ಯ | गीजगद हक्कि जातिय ओंद हक्कि; नीच मनुष्य | the brown-backed Indian robin; insignificant creature. |
| **पिनक** | स्त्री. | 1. पिनकने की क्रिया या भाव; 2. अफीमची की वह अवस्था जिसमें वह नशे की अधिकता के कारण सिर झुकाकर बैठे रहने की दशा में बेसुध या सोया हुआ-सा रहता है। | ಅರ್ಧ ನಿದ್ರೆಯ ಸ್ಥಿತಿ; ಅಮಲೇರಿದಂತಾ ಗಿರುವಿಕೆ | अर्ध निद्रेय स्थिति; अमलेरिदंता-गिरुविके | state of drowsiness; state of being intoxicated. |
| **पिपासा** | स्त्री. | 1. पीने की इच्छा, प्यास, तृष्णा; 2. कोई वस्तु पाने की इच्छा, लोभ। | ದಾಹ, ಬಾಯಾರಿಕೆ; ಲೋಭ, ಆಶೆ | दाह, बायारिके; लोभ, आशे | thirst; desire (in general), greed. |
| **पिपासु** | वि. | 1. पीने की इच्छा रखनेवाला, प्यासा, 2. जिसके मन में किसी प्रकार की उग्र कामना या लोभ हो। | ಬಾಯಾರಿಕೆಗೊಂಡ; ಅತ್ಯಾಶೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ | बायारिकेगोंड; अत्याशेयिंद कूडिद | thirsting; possessed of a yearning or craving. |
| **पिपीलिका** | स्त्री. | चींटी। | ಇರುವೆ | इरुवे | ant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पिरोना** | स. क्रि. | 1. किसी छेदवाली वस्तु में धागा डालना; | ಪೋಣಿಸು; | पोणिसु; | to thread or needle; |
| | | 2. छेदवाली बहुत सी वस्तुओं को एक साथ धागे में बांधना। | ಮಣಿ ವಗೈರೆ ಪೋಣಿಸು | मणि वगैरे पोणिसु | to string. |
| **पिलना** | अ. क्रि. | 1. पूरी शक्ति से किसी काम में लगना या जुटना, किसी ओर वेग से प्रवृत्त होना; | ಸಂಪೂರ್ಣ ಮನೋಯೋಗದಿಂದ ಕಾರ್ಯಾಸಕ್ತನಾಗು; | संपूर्ण मनोयोगदिंद कार्यासक्तनागु; | to fall upon; |
| | | 2. ऊख आदि का पेरा जाना; | ಕಬ್ಬು ಆದಿಯ ರಸ ಹಿಂಡು; | कब्बु आदिय रस हिंडु; | to be crushed; |
| | | 3. भिड़ जाना। | ಕಷ್ಟಪಟ್ಟು ದುಡಿ | कष्टपट्टु दुडि | to toil, to work hard. |
| **पिलपिला** | वि. | इतना नरम कि स्पर्श-मात्र से उसका रस या गूदा बाहर निकलने लगे। | ಮೆತ್ತನೆಯ | मेत्तनेय | flabby. |
| **पिलाना** | स. क्रि. | 1. किसी को पीने में प्रवृत्त करना; | ಕುಡಿಸು; | कुडिसु; | to cause to drink, to take (an animal) to water; |
| | | 2. किसी छेद में कोई पदार्थ विशेषतः कोई तरल पदार्थ डालना। | ಬಿರುಕಿನಲ್ಲಿ ದ್ರವ ಪದಾರ್ಥ ಹಾಕು | बिरुकिनल्लि द्रव पदार्थ हाकु | to pour through, to fill through. |
| **पिल्ला** | पु. | कुत्ते का बच्चा। | ನಾಯಿ ಮರಿ | नायि मरि | pup, puppy. |
| **पिशाच** | पु. | 1. एक निम्न देवयोनि जो वीभत्स कर्म करनेवाले माने जाते हैं, प्रेत; | ಪಿಶಾಚ; | पिशाच; | devil; |
| | | 2. वीभत्स कर्म करनेवाला दुष्ट व्यक्ति। | ಪಿಶಾಚಿಯಂತಹ ಮನುಷ್ಯ | पिशाचियंतह मनुष्य | malevolent. |
| **पिशुन** | वि. | चुगलखोर। | ಚಾಡಿಖೋರ | चाडिखोर | backbiter. |
| **पिशुनता** | स्त्री. | चुगलखोरी। | ಚಾಡಿಖೋರತನ | चाडिखोरतन | backbiting. |
| **पिष्टपेषण** | पु. | 1. पिसी हुई वस्तु को फिर से पीसना; | ಅರೆದದ್ದನ್ನೇ ಅರೆಯುವಿಕೆ; | अरेददन्ने अरेयुविके; | grinding flour or what is already ground; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त के आधार पर किए हुए कार्य को पुनः करने में व्यर्थ परिश्रम करना, निरर्थक कार्य करना। | ಮಾಡಿದ್ದನ್ನೇ ಪುನಃ ಪುನಃ ಮಾಡುವಿಕೆ | मडिद्दन्ने पुनः पुनः माडुविकॆ | useless labour, repetition. |
| **पिसना** | अ.क्रि. | 1. पीसा जाना, चूर्ण किया जाना; | ಅರೆದು ಚೂರ್ಣ ಮಾಡು; | अरॆदु चूर्ण माडु; | to be ground (powdered); |
| | | 2. इस प्रकार कुचला या दबाया जाना कि बहुत छोटे-छोटे खंड हो जाएं; | ತುಳಿಯಲ್ಪಟ್ಟು ಹುಡಿ-ಹುಡಿಯಾಗು; | तुळियल्पट्टु हुडि-हुडियागु; | to press in such a way that it becomes small pieces; |
| | | 3. बहुत अधिक कष्ट पाना; | ಕಷ್ಟ ಅನುಭವಿಸು; | कष्ट अनुभविसु; | to be reduced to distress; |
| | | 4. घोर परिश्रम करना। | ಬಹಳ ಶ್ರಮವಹಿಸು | बहळ श्रमवहिसु | to labour hard. |
| **पिसवाना** | स. क्रि. | पीसने में प्रवृत्त करना, किसी से पीसने का काम कराना। | ಅರೆಸು | अरॆसु | to cause to be ground. |
| **पिसाई** | स्त्री. | 1. पीसने की क्रिया, भाव या मजदूरी; 2. बहुत अधिक परिश्रम। | ಅರೆಯುವಿಕೆ ಮತ್ತು ಅದರ ಕೂಲಿ; ಬಹಳ ಕಷ್ಟಪಡುವಿಕೆ | अरॆयुविकॆ मत्तु अदर कूलि; बहळ कष्ट पडुविकॆ | grinding, grinding charges; hard work. |
| **पिसान** | पु. | पीसा हुआ अन्न विशेषतः गेहूँ या जौ का आटा। | ಹಿಟ್ಟು | हिट्टु | any finely ground substance, particularly the flour of wheat. |
| **पिसाना** | स. क्रि. | पीसने का काम कराना। | ಅರೆಸು, ಹಿಟ್ಟು ಮಾಡಿಸು | अरॆसु, हिट्टु माडिसु | to get ground. |
| **पिस्ता** | पु. | एक प्रकार का प्रसिद्ध मेवा। | ಪಿಸ್ತ (ಒಣ ಹಣ್ಣು) | पिस्त (ओण् हण्णु) | pistachio nut. |
| **पिस्तौल** | स्त्री. | गोली चलाने की एक प्रकार की छोटी जेबी बन्दूक, तमंचा। | ಪಿಸ್ತೂಲು | पिस्तूलु | pistol. |
| **पिस्सू** | पु. | एक प्रकार का छोटा उड़नेवाला कीड़ा जो खून चूसता है। | ಚಿಗಟ | चिगट | flea. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पीक** | स्त्री. | चबाए हुए पान का रस, पान का थूक। | ಅಗಿದ ಎಲೆ– ಅಡಿಕೆ ರಸ, ಎಲೆ ಅಡಿಕೆಯ ಉಗುಳು | अगिद एलें- अडिकें रस, एलें- अडिकेय उगुळु | spittle of chewed betel-leaf. |
| **पीकदान** | पु. | पान की पीक थूकने का एक प्रकार का पात्र, उगालदान। | ಪೀಕದಾನಿ, ಉಗುಳು-ಪಾತ್ರೆ | पीकदानि, उगुळु-पात्रें | cuspidor. |
| **पीछा** | पु. | 1. किसी वस्तु या व्यक्ति का पिछला भाग; | ಹಿಂಭಾಗ; | हिंभाग; | rear, back part; |
| | | 2. पीछे-पीछे चलकर किसी के साथ लगे रहने की क्रिया या भाव। | ಯಾವಾಗಲೂ ಹಿಂದೆಯೇ ಇರುವಿಕೆ | यावागलू हिंदेये इरुविकें | pursuit, chase. |
| **पीछे** | क्रि. वि. | 1. पीठ की ओर, पृष्ठदेश में; | ಹಿಂದೆ, ಹಿಂಭಾಗದಲ್ಲಿ; | हिंदें, हिंभागदल्लि; | behind; |
| | | 2. देशकाल के अनुसार किसी के पश्चात् या उपरान्त; | ಅನಂತರ; | अनंतर; | after; |
| | | 3. किसी के कारण या खातिर, निमित्त, लिए, वास्ते। | ಅದಕ್ಕಾಗಿ | अदक्कागि | for. |
| **पीटना** | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु पर आघात करना, अथवा चोट पहुंचाना; | ಹೊಡೆ; | होंडें; | to beat, to thrash; |
| | | 2. शतरंज आदि खेलों में विपक्षी की गोट या मोहरा मारना; | ಚದುರಂಗ ಆದಿ ಆಟದಲ್ಲಿ ಕಾಯಿ ಕೊಲ್ಲು; | चदुरंग आदि आटदल्लि कायि कोंल्लु; | to defeat; |
| | | 3. जैसे-तैसे कमा लेना; | ಹೇಗೋ ಸಂಪಾದಿಸು; | हेगो संपादिसु; | to earn through hard labour; |
| | | 4. जैसे-तैसे कोई काम पूरा करना। | ಹಾಗೂ ಹೀಗೂ ಮಾಡಿ ಪೂರಯಿಸು | हागू हीगू माडि पूरयिसु | to complete by dint of hard work. |
| **पीठ** | स्त्री. | 1. किसी प्राणी के शरीर का कमर से लेकर गरदन तक का पीछे का भाग जिसके बीचों-बीच रीढ़ की हड्डी होती है; | ಬೆನ್ನು, ಕಡೆಯ ಭಾಗ; | बॆन्नु कडॆय भाग; | back; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी वस्तु का ऊपरी भाग; | ವಸ್ತುವಿನ ಮೇಲ್ಭಾಗ; | वस्तुविन मेल्भाग; | upper portion (of a thing); |
| | | 3. पहनने के कपड़ों का वह भाग जो पीठ पर पड़ता है। | ತೊಡುವ ಬಟ್ಟೆಯ ಹಿಂಭಾಗ | तॊडुव बट्टॆय हिंभाग | back (of clothes). |
| | पु. | 1. लकड़ी, धातु आदि का बना हुआ बैठने का आसन; | ಕೂರುವ ಆಸನ; | कूरुव आसन; | seat made of wood, steel, etc.; |
| | | 2. वह स्थान जहां बैठकर किसी प्रकार का उपदेश, शिक्षा आदि दी जाती हो; | ಪೀಠ; | पीठ; | seat; |
| | | 3. न्यायाधीश या न्यायाधीशों का वर्ग। | ನ್ಯಾಯಪೀಠ | न्यायपीठ | bench. |
| **पीठिका** | स्त्री. | 1. धातु, काष्ठ आदि का विशेष प्रकार का आसन, छोटा पीढ़ा, पीढ़ी; | ಪೀಠ; | पीठ; | wooden or steel seat, small seat; |
| | | 2. पुस्तक का विशष्टि अंश या विभाग। | ಪುಸ್ತಕದ ಪೀಠಿಕೆ | पुस्तकद पीठिकॆ | introduction, prolegomenon, etc. (of a book). |
| **पीठी** | स्त्री. | भीगी हुई दाल को पीसने पर तैयार होनेवाला रूप। | ತೊಯ್ದು ಬೇಳೆಯನ್ನರೆದ ರೂಪ | तॊय्दु बेळॆयन्नरॆद रूप | pulse steeped in water and then peeled and ground. |
| **पीड़न** | पु. | 1. व्यक्तियों के संबंध में किसी को शारीरिक या मानसिक कष्ट पहुंचाना, तकलीफ देना; | ಪೀಡಿಸಿ ತೊಂದರೆ ಕೊಡುವಿಕೆ; | पीडिसि तॊंदरॆ कॊडुविकॆ; | inflicting pain; |
| | | 2. वस्तुओं के संबंध में जोर से कसना, दबाना या पीसना। | ಬಿಗಿಮಾಡುವಿಕೆ, ಅದುಮುವಿಕೆ ಅಥವಾ ಹುಡಿ ಮಾಡುವಿಕೆ | बिगि माडुविकॆ, अदुमुविकॆ अथवा हुडि माडुविकॆ | act of tightening, pressing or grinding. |
| **पीड़ा** | स्त्री. | शारीरिक या मानसिक कष्ट, त्वचा का दर्द। | ಶಾರೀರಿಕ ಅಥವಾ ಮಾನಸಿಕ ಕಷ್ಟ, ನೋವು | शारीरिक अथवा मानसिक कष्ट नोवु | pain, ache, agony. |
| **पीड़ित** | वि. | 1. जो किसी प्रकार की पीड़ा से ग्रस्त हो अथवा जिसे पीड़ा पहुंचाई गई हो; | ನೊಂದ; | नॊंद; | pained; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसे दबाया या पीसा गया हो। | ತುಳಿಯಲ್ಪಟ್ಟ | तुळियल्पट्ट | oppressed. |
| **पीढ़ा** | पु. | लकड़ी आदि का बना हुआ चौकी के आकार का छोटा और कम ऊँचा आसन। | ಮಣೆ | मणे | seat, stool. |
| **पीढ़ी** | स्त्री. | 1. किसी कुल या वंश की परंपरा में क्रम से आगे बढ़नेवाली संतान की प्रत्येक कड़ी या स्थिति; | ವಂಶ ಪರಂಪರೆ; | वंश परंपरे; | generation; |
| | | 2. वंश-क्रम में प्रत्येक शृंखला के सब लोग; | ಪರಂಪರೆಯ ವಂಶೀಕರು; | परंपरेय वंशीकरु; | pedigree; |
| | | 3. किसी विशिष्ट समय का वह सारा जनसमुदाय जिनकी अवस्था में अधिक छोटाई-बड़ाई न हो। | ಒಂದು ವಿಶಿಷ್ಟ ಕಾಲದ ಸಮ ವಯಸ್ಸಿನ ಸಮಸ್ತ ಜನ ಸಮುದಾಯ | ऑंदु विशिष्ट कालद समवयस्सिन समस्त जन समुदाय | generation. |
| **पीत** | वि. | पीला, पीले रंग का। | ಹಳದಿ ಬಣ್ಣದ | हळदि बण्णद | yellow, yellow colour. |
| **पीतज्वर** | पु. | पीला बुखार। | ಪೀತಜ್ವರ | पीत ज्वर | yellow fever. |
| **पीतल** | पु. | एक प्रसिद्ध मिश्र धातु जो तांबे और जस्ते के मेल से बनती है। | ಹಿತ್ತಾಳೆ | हित्ताळे | brass. |
| **पीतांबर** | पु. | 1. पीले रंग का वस्त्र; 2. एक प्रकार की रेश्मी धोती जो हिन्दु लोग प्राय: पूजपाठ के समय पहनते हैं। | ಹಳದಿ ವಸ್ತ್ರ; ಪೀತಾಂಬರ | हळदि वस्त्र; पीतांबर | yellow cloth; yellow silken dhoti worn by Hindu s during worship, etc. |
| **पीनस** | पु. | 1. सर्दी या जुकाम; 2. एक रोग जिसमें नाक से दुर्गन्धमय गाढ़ा पानी निकलता है। | ಶೀತ, ನೆಗಡಿ; ಮೂಗಿನಿಂದ ಗಟ್ಟಿಯಾದ ಕೆಟ್ಟ ನೀರು ಸುರಿಯುವುದು | शीत, नेगडि; मूगिनिंद गट्टियाद केट्ट नीरु सुरियुवुदु | cold; catarrh. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पीना** | स. क्रि. | 1. किसी द्रव पदार्थ को घूंट घूंट करके पेट में पहुंचाना; | ಕುಡಿ; | कुडि; | to sip. |
| | | 2. शराब पीना; | ಮದ್ಯ ಕುಡಿ; | मद्य कुडि; | to drink; |
| | | 3. किसी बात को सह लेना; | ಮಾತು ಸಹಿಸಿಕೊಳ್ಳು; | मातु सहिसि-कॊळ्ळु; | to tolerate, endure; |
| | | 4. किसी बात को प्रकट न होने देना; | ವಿಷಯ ಬಚ್ಚಿಡು; | विषय बच्चिडु; | to conceal (a secret etc.); |
| | | 5. ध्यान से सुनना। | ಗಮನವಿಟ್ಟು ಆಲಿಸು | गमनविट्टु आलिसु | to listen attentively. |
| **पीप** | स्त्री. | घाव में से निकलनेवाला सफेद लेसदार तरल पदार्थ, मवाद। | ಕೀವು | कीवु | pus. |
| **पीपल** | पु. | बरगद की जाति का एक पेड़ जो पवित्र माना जाता है। | ಅರಳಿ ಮರ | अरळि मर | peepal tree. |
| **पीपा (पीपी स्त्री.)** | पु. | लकड़ी, लोहे आदि का ढोल के आकार का एक बड़ा पात्र जिसमें तेल आदि रखा जाता है। | ಪೀಪಾಯಿ | पीपायि | can, canister, tin. |
| **पीयूष** | पु. | अमृत, सुधा। | ಅಮೃತ | अमृत | nectar. |
| **पीर** | पु. | 1. महात्मा और सिद्ध पुरुष; | ಮಹಾತ್ಮ, ಸಿದ್ಧ ಪುರುಷ; | महात्म, सिद्ध पुरुष; | spiritual guide; |
| | | 2. मुसलमानों का धर्मगुरु; | ಮುಸಲ್ಮಾನರ ಧರ್ಮಗುರು; | मुसल्मानर धर्मगुरु; | Muslims' saint; |
| | | 3. पीड़ा, दु:ख। | ದುಃಖ, ಪೀಡೆ | दु:ख, पीडॆ | pain, affliction. |
| **पील पांव** | पु. | एक रोग जिसमें पैर या घुटने के नीचे का भाग सूज जाता है और सूजकर हाथी के पांव की तरह मोटा हो जाता है। | ಆನೆಕಾಲು ರೋಗ | आनॆकालु रोग | elephantiasis. |
| **पीलवान** | पु. | हाथीवान, महावत। | ಮಾವುತ | मावुत | elephant driver. |
| **पीला** | वि. | 1. हल्दी के रंग का; | ಹಳದಿ ಬಣ್ಣದ; | हळदि बण्णद; | yellow; |
| | | 2. आभा से रहित, निष्प्रभ। | ಕಾಂತಿಹೀನ | कांतिहीन | pale, allid. |
| **पीलापन** | पु. | पीले होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಪೀತವರ್ಣ | पीतवर्ण | yellowness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पीलिया | पु. | एक प्रकार का रोग जिसमें मनुष्य का शरीर और आँखें पीली पड़ जाती हैं। | ಕಾಮಾಲೆ ರೋಗ | कामालॆ रोग | jaundice. |
| पीसना | स. क्रि. | रगड़कर या दबाव पहुँचा-कर किसी बड़ी वस्तु को चूरे के रूप में बदलना। | ಅರೆಯು | अरॆयु | to powder, to grind. |
| पीहर | पु. | विवाहिता स्त्री की दृष्टि में उसके माता-पिता का घर। | ತವರು ಮನೆ, ತವರು | तवरु मनॆ, तवरु | married woman's parental house or family. |
| पुंज | पुं. | 1. ढेर;<br>2. राशि, समूह। | ರಾಶಿ;<br>ಸಮೂಹ | राशि;<br>समूह | heap;<br>collection. |
| पुंजित | वि. | राशिकृत, संचित, एकत्र किया हुआ। | ರಾಶಿಮಾಡಿದ, ಒಟ್ಟಿಗೆ ಸೇರಿಸಿದ | राशि माडिद ऒट्टिगॆ सेरिसिद | heaped, collected, accumulated. |
| पुंजीभूत | वि. | पुंज या ढेर के रूप में बना या लगा हुआ। | ಒತ್ತಟ್ಟಿಗೆ ರಾಶಿ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | ऒत्तट्टिगॆ राशि माडल्पट्ट | heaped together, massed together. |
| पुंलिंग (पुल्लिंग) | पु. | व्याकरण में संज्ञा शब्दों के दो वर्गों में से एक जिसकी संज्ञाएं नरों की सूचक होती हैं अथवा ऐसी चीजों की सूचक होती हैं जो पुरुष वर्ग की समझी जाती हैं। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಪುಲ್ಲಿಂಗ | (व्याकरण) पुल्लिंग | masculine gender (in grammar). |
| पुआल (पयाल) | पु. | पके हुए धान, कोदों आदि के वे डंठल जिनसे दाने अलग कर दिए गए हों। | ಒಣ ಹುಲ್ಲು | ऒण हुल्लु | paddy-straw. |
| पुकार | स्त्री. | 1. किसी का नाम लेकर बुलाने की क्रिया या भाव;<br>2. आत्मरक्षा या सहायता आदि के लिए दूसरों को आर्त्तस्वर से बुलाना;<br>3. कष्ट-निवारण के लिए किसी के प्रति की गई प्रार्थना, फरियाद। | ಕರೆಯುವಿಕೆ;<br>ರಕ್ಷಣೆಗಾಗಿ ಕೂಗುವಿಕೆ;<br>ಕಷ್ಟ ನಿವಾರಣೆಗಾಗಿ ಬೇಡಿಕೆ | करॆयुविकॆ;<br>रक्षणॆगागि कूगुविकॆ;<br>कष्ट निवारणॆगागि बेडिकॆ | call;<br>cry;<br>petition. |

| हिंदी शब्द | व्या.. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुकारना** | स. क्रि. | 1. किसी को नाम लेकर बुलाना; | ಹೆಸರಿಸಿ ಕರೆ; | हॆसरिसि करॆ; | to call; |
| | | 2. रक्षा या बचाव के लिए किसी को आर्त्तस्वर से बुलाना; | ರಕ್ಷಿಸಲು ಕೂಗು, ಆರ್ತನಾಗಿ ಕರೆ; | रक्षिसलु कूगु, आर्तनागि करॆ; | to cry out; |
| | | 3. फरियाद करना। | ದೂರು ಹೇಳಿಕೊಳ್ಳು | दूरु हेळिकॊळ्ळु | to lodge a complaint. |
| **पुखराज** | पु. | पीले रंग का एक प्रसिद्ध रत्न। | ನವರತ್ನಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು-ಪುಷ್ಯರಾಗ | नवरत्नगळल्लि ऒंदु-पुष्यराग | topaz |
| **पुख्ता** | वि. | 1. मजबूत, पक्का, सख्त; | ಬಲವಾದ, ಪಕ್ಕಾ; | बलवाद, पक्का; | strong, solid; |
| | | 2. पूरी तरह से निश्चित या स्थिर किया हुआ; | ಸ್ಥಿರವಾದ; | स्थिरवाद; | firm, lasting; |
| | | 3. पूरी उमर का प्रौढ़; | ಪ್ರೌಢವಾದ; | प्रौढ़वाद; | mature; |
| | | 4. जानकार, अनुभवी। | ಅನುಭವವುಳ್ಳ | अनुभववुळ्ळ | expert. |
| **पुचकार** | स्त्री. | प्यार जताने के लिए होठों से निकाला हुआ चूसने का सा शब्द, चुमकार। | ಮುತ್ತಿಡುವ ಶಬ್ದ | मुत्तिडुव शब्द | fondle, caress. |
| **पुचकारना** | स. क्रि. | ओठों से चूमने का सा शब्द उत्पन्न करते हुए किसी के प्रति लाड-चाव प्रकट करना। | ಮುತ್ತಿಡು | मुत्तिडु | to fondle, to caress. |
| **पुच्छलतारा** | पु. | यदा-कदा दीखनेवाला एक विशेष प्रकार का तारा जिसके पीछे झाड़ू के आकार का भाप का सा पदार्थ जुड़ा दिखाई देता है, धूमकेतु। | ಬಾಲಚುಕ್ಕಿ, ಧೂಮಕೇತು | बालचुक्कि, धूमकेतु | comet, meteor. |
| **पुछल्ला** | पु. | 1. लम्बी पूंछ; | ನೀಳವಾದ ಬಾಲ; | नीळवाद बाल; | long tail; |
| | | 2. पूंछ की तरह पीछे जुड़ी हुई कोई वस्तु; | ಬಾಲದಂತೆ ಸೇರಿ ಕೊಂಡಿರುವ ವಸ್ತು; | बालदंतॆ सेरिकॊंडिरुव वस्तु; | any tail-like structure; |
| | | 3. साथ में लगी रहनेवाली अप्रिय या अनावश्यक वस्तु। | ಜೊತೆಗೆ ಸೇರಿಕೊಂಡಿರುವ ಅನಾವಶ್ಯಕ ವಸ್ತು | जॊतॆगॆ सेरिकॊंडिरुव अनावश्यक वस्तु | one who always tails after. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुजवाना** | स. क्रि. | 1. किसी को पूजा करने में प्रवृत्त करना; | ಪೂಜೆ ಮಾಡಿಸು; | पूजं माडिसु; | to cause to worship; |
| | | 2. अपनी आवभगत या पूजा कराना। | ಪೂಜೆ ಮಾಡಿಸಿಕೊಳ್ಳು | पूजं माडिसि-कॊळ्ळु | to cause to treat. |
| **पुजाना** | स. क्रि. | पुजवाना। | ಪೂಜೆ ಮಾಡಿಸು, ಮಾಡಿಸಿಕೊಳ್ಳು | पूजं माडिसु, माडिसिकॊळ्ळु | to cause to worship. |
| **पुजापा** | पु. | 1. पूजन की सामग्री; | ಪೂಜಾ ಸಾಮಗ್ರಿ; | पूजा सामग्रि; | articles used in a worship, offering; |
| | | 2. वह पात्र जिसमें पूजन की सामग्री रखी जाती है। | ಪೂಜಾ ಪಾತ್ರೆ | पूजा पात्रॆ | apparatus of worshipping. |
| **पुजारी** | पु. | 1. पूजा करनेवाला; | ಪೂಜಾರಿ; | पूजारि; | worshipper, adorer; |
| | | 2. ऐसा व्यक्ति जो किसी देवप्रतिमा की पूजा-सेवा करने के लिए नियुक्त किया गया हो। | ಅರ್ಚಕ | अर्चक | Hindu priest. |
| **पुट** | पु. | 1. किसी चीज के ऊपर किसी दूसरी चीज की जमाई या लगाई हुई हल्की परत; | ಲೇಪನ, ಮುಲಾಮು; | लेपन, मुलामु; | plating; |
| | | 2. किसी चीज़ में दूसरी चीज़ की हलकी मिलावट। | ಲಘು ಮಿಶ್ರಣ | लघु मिश्रण | slight mixture. |
| **पुटकी** | स्त्री. | 1. छोटी गठरी, पोटली; | ಪುಟ್ಟ ಗಂಟು, ಪೊಟ್ಟಣ; | पुट्ट गंटु, पॊट्टण; | small bundle; |
| | | 2. आकस्मिक मृत्यु; | ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾದ ಸಾವು; | अकस्मात्ताद सावु; | accidental death; |
| | | 3. आकस्मिक दैवी विपत्ति। | ಅನಿರೀಕ್ಷಿತ ದೈವಿಕ ವಿಪತ್ತು | अनिरीक्षित दैविक विपत्तु | divine wrath. |
| **पुट्ठा** | पु. | 1. कमर के पास का चूतड़ का ऊपरी भाग; | ಟೊಂಕ, ಕಟಿ | टॊंक, कटि; | hip; |
| | | 2. चौपायों का विशेषकर घोड़ों का चूतड; | ಪ್ರಾಣಿಗಳ ಹಿಂಭಾಗ, ಪೃಷ್ಠ; | प्राणिगळ हिंभाग, पृष्ठ; | rump; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. पुस्तक की जिल्द या मोटाई का वह पिछला भाग जिसके अन्दर उसकी सिलाई रहती है। | ರೊಟ್ಟು ಹಾಕಿ ಹೊಲೆದ ಪುಸ್ತಕದ ಹಿಂಭಾಗ | रॉट्टु हाकि हॉलॅद पुस्तकद हिंभाग | back portion of binding of a book. |
| **पुड़िया** | स्त्री. | 1. वह कागज या पत्ता जिसमें कोई दवा या अन्य वस्तु लपेटकर रखी गई हो; | ಚಿಕ್ಕ ಪೊಟ್ಟಣ; | चिक्क पॉट्टण; | small paper packet; |
| | | 2. पुड़िया में लपेटी हुई दवा या ऐसी ही अन्य कोई वस्तु; | ಪೊಟ್ಟಣದಲ್ಲಿನ ವಸ್ತು; | पॉट्टणदल्लिन वस्तु; | powder (medicine) wrapped up in paper; |
| | | 3. किसी के पास होने वाली सारी पूंजी या सम्पत्ति। | ಒಟ್ಟು ಆಸ್ತಿ, ಸಂಪತ್ತು | ऑट्टु आस्ति, संपत्तु | wealth. |
| **पुण्य** | वि. | 1. पवित्र, शुद्ध;<br>2. मंगलकारक;<br>3. धर्मविहित और उत्तम फल देनेवाला। | ಪವಿತ್ರ, ಶುದ್ಧ;<br>ಮಂಗಳಕರ;<br>ಪುಣ್ಯದ (ಕಾರ್ಯ) | पवित्र, शुद्ध;<br>मंगळकर;<br>पुण्यद (कार्य) | holy, sacred, pure;<br>auspicious;<br>meritorious action, good deed. |
| | पु. | 1. धार्मिक दृष्टि में कुछ विशिष्ट अवसरों पर कुछ विशिष्ट कर्म करने से प्राप्त होनेवाला शुभफल; | ಪುಣ್ಯ; | पुण्य; | fruit or reward of virtue; |
| | | 2. शुभकर्मों का संचित रूप जिसका आगे चलकर उत्तम फल मिलता हो। | ಧರ್ಮಕಾರ್ಯದ ಫಲ | धर्मकार्यद फल | virtue, religious merit. |
| **पुण्यतिथि** | स्त्री. | 1. ऐसा शुभ दिन जिसमें धर्म, लोकोपकार आदि की दृष्टि से अच्छे कर्म करने का विधान हो; | ಒಳ್ಳೆಯ ದಿನ; | ऑळ्ळॅय दिन; | auspicious day; |
| | | 2. किसी महापुरुष के निधन की वार्षिक तिथि। | ಮಹಾಪುರುಷರ (ಸತ್ತ) ಪುಣ್ಯದಿನ | महापुरुषर (सत्त) पुण्यदिन | anniversary (of death). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुण्यात्मा** | पु. | पुण्यकर्म करनेवाला, धर्मात्मा। | ಪುಣ್ಯಾತ್ಮ | पुण्यात्म | pure-souled, holyman. |
| **पुतला** | पु. | लकड़ी, धातु, कपड़े आदि की बनी हुई पुरुष की प्रतिमा। | ಪ್ರತಿಮೆ | प्रतिमॆ | effigy, dummy. |
| **पुतली** | स्त्री. | 1. आंख के बीच का वह काला भाग जिसके मध्य में रूप ग्रहण करनेवाली इंद्रिय होती है; | ಕಣ್ಣಿನ ಪಾಪೆ; | कण्णिन पापॆ; | pupil of eye; |
| | | 2. लकड़ी, धातु, कपड़े आदि की बनी हुई स्त्री की प्रतिमा। | ಬೊಂಬೆ | बॊंबॆ | puppet, doll. |
| **पुतलीघर** | पु. | वह कारखाना जहां यंत्रों से सूत बनाया और कपड़ा बुना जाता है। | ಬಟ್ಟೆ ಗಿರಣಿ | बट्टॆ गिरणि | cloth mill. |
| **पुताई** | स्त्री. | 1. पोतने की क्रिया या भाव; | ಬಳಿಯುವಿಕೆ; | बळियुविकॆ; | white-wash, act of white-washing; |
| | | 2. उक्त का पारिश्रमिक। | ಬಳಿದುದರ ಕೂಲಿ | बळिदुदर कूलि | wages for white-wash. |
| **पुत्र** | पु. | पत्नी से उत्पन्न नर संतान, बेटा। | ಮಗ | मग | son. |
| **पुत्रवती** | स्त्री. | पुत्रवाली स्त्री। | ಗಂಡು ಮಕ್ಕಳ ತಾಯಿ | गंडु मक्कळ तायि | a woman blessed with a son or sons. |
| **पुत्रवधू** | स्त्री. | पुत्र की पत्नी, पतोहू। | ಸೊಸೆ | सॊसॆ | daughter-in-law, son's wife. |
| **पुत्री** | स्त्री. | कन्या, बेटी। | ಮಗಳು | मगळु | daughter. |
| **पुदीना (पोदीना)** | पु. | एक प्रसिद्ध छोटा पौधा जिसकी पत्तियां अच्छी गंधवाली होती हैं और चटनी आदि में पीसकर खाई जाती हैं। | ಪುದೀನ ಸೊಪ್ಪು | पुदीन सॊप्पु | mint. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुनः** | अ. क्रि. | एक बार और, फिर, दोबारा। | ಪುನಃ | पुनः | once more, again. |
| **पुनः पुनः** | क्रि. वि. | बार बार, कई बार। | ಬಾರಿಬಾರಿ , ಅನೇಕ ಸಲ | बारि बारि, अनेक सल | again and again, repeatedly. |
| **पुनःस्थापन** | पु. | जो पहले अपने स्थान से हटाया गया हो उसे फिर उसी के स्थान पर रखना या स्थापित करना। | ಪುನಃ ಸ್ಥಾಪಿಸುವಿಕೆ | पुनः स्थापिसुविकॆ | reinstatement. |
| **पुनरागमन** | पु. | फिर से आना, लौटना। | ಪುನಃ ಬರುವಿಕೆ | पुनः बरुविकॆ | coming again, return. |
| **पुनरावलोकन** | पुं. | फिर से या दोबारा देखना। | ಪುನಃ ನೋಡುವಿಕೆ | पुनः नोडुविकॆ. | revision. |
| **पुनरावृत्ति** | स्त्री. | 1. दोहराना; 2. फिर से आना, लौटना। | ಪುನರಾವರ್ತಿ; ಹಿಂದಿರುಗುವಿಕೆ | पुनरावर्ति; हिंदिरुगुविकॆ. | repetition; return. |
| **पुनरीक्षण** | पु. | किए हुए काम को जांचने के लिए फिर से देखना। | ಪುನಃ ಪರೀಕ್ಷಣ ಮಾಡುವಿಕೆ | पुनः परीक्षण माडुविकॆ | review. |
| **पुनरीक्षित** | वि. | जिसका पुनरीक्षण किया गया हो या हो चुका हो। | ಪುನಃ ನೋಡಿ ಸರಿಪಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | पुनः नोडि सरिपडिसल्पट्ट | reviewed, revised. |
| **पुनरुक्ति** | स्त्री. | 1. एक बार कही हुई बात या शब्द को फिर कहना; 2. इस प्रकार दोबारा कही हुई बात। | ಪುನರುಕ್ತಿ; ಹೇಳಿದ್ದನ್ನೇ ಪುನಃ ಹೇಳುವಿಕೆ | पुनरुक्ति; हेळिद्दन्ने पुनः हेळुविकॆ | said again, repeated; repetition. |
| **पुनरुज्जीवित** | वि. | जिसे फिर से जीवित किया गया हो या जिसने फिर से जीवन प्राप्त किया हो। | ಪುನರುಜ್ಜೀವನ ಗೊಳಿಸಿದ | पुनरुज्जीवन गॊळिसिद | revived. |
| **पुनरुत्थान** | पु. | 1. जिसका एक बार पतन या ह्रास हो चुका हो उसका फिर से उठकर उन्नति करना; 2. गिरे हुए को फिर से उठना। | ಪುನರುತ್ಥಾನ | पुनरुत्थान | renaissance; rising again. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुनरुद्धार** | पुं. | टूटी-फूटी या नष्ट हुई वस्तु को फिर से ठीक या उसे यथावत् करना। | ಪುನರುದ್ಧಾರ | पुनरुद्धार | restoration, renovation. |
| **पुनर्जन्म** | पुं. | मरने के बाद फिर से उत्पन्न होना, दुबारा शरीर धारण करना। | ಪುನರ್ಜನ್ಮ | पुनर्जन्म | rebirth (transmigration.). |
| **पुनर्जीवन** | पुं. | फिर से प्राप्त होनेवाला जीवन। | ಪುನರ್ಜೀವನ | पुनर्जीवन | revival. |
| **पुनर्निर्माण** | पुं. | टूटी-फूटी वस्तु का फिर से होनेवाला निर्माण। | ಪುನರ್ನಿರ್ಮಾಣ | पुनर्निर्माण | reconstruction. |
| **पुनर्मुद्रण** | पुं. | 1. एक बार छपी हुई वस्तु का फिर से उसी रूप में छपना; | ಪುನರ್ಮುದ್ರಣ; | पुनर्मुद्रण; | impression |
| | | 2. पुस्तकों आदि का इस प्रकार छपकर तैयार होनेवाला संस्करण। | ಪುನಃ ಮುದ್ರಿತ ಸಂಸ್ಕರಣ | पुनः मुद्रित संस्करण | reprint. |
| **पुनर्वास** | पुं. | उजड़े हुए लोगों को फिर से बसाना। | ಮತ್ತೆ ನೆಲೆಗೊಳಿಸು ವಿಕೆ, ಪುನರ್ವಾಸ | मत्तॆ नॆलॆगॊळिसुविकॆ, पुनर्वास | rehabilitation. |
| **पुनर्विवाह** | पुं. | एक बार विवाह हो चुकने पर दोबारा होनेवाला विवाह। | ಪುನರ್ವಿವಾಹ | पुनर्विवाह | remarriage. |
| **पुनीत** | वि. | पवित्र। | ಪವಿತ್ರ | पवित्र | pure, holy. |
| **पुरखा** | पुं. | पूर्वज, पूर्व-पुरुष। | ಪೂರ್ವಜರು | पूर्वजरु | ancestor, fore-father. |
| **पुरजा (पुर्जा)** | पुं. | 1. कागज का टुकड़ा; | ಕಾಗದದ ಚೂರು; | कागदद चूरु; | a scrap (com. of paper), piece, bit; |
| | | 2. कागज के टुकड़े पर लिखी कोई बात या सूचना; | ಚೀಟಿ; | चीटि; | chit; |
| | | 3. किसी बड़े यंत्र का कोई अंग या अंश। | ಯಂತ್ರದ ಭಾಗ | यंत्रद भाग | component, part. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुरबिया** | वि. | पूरब का। | ಪೂರ್ವ ದಿಕ್ಕಿನ | पूर्व दिक्किन | eastern. |
| **पुरवाई (पुरवा, पुरवैया)** | स्त्री. | पूरब की ओर से बहनेवाली हवा। | ಪೂರ್ವ ದಿಕ್ಕಿನ ಗಾಳಿ | पूर्व दिक्किन गाळि | easterly (wind). |
| **पुरस्कार** | पु. | अच्छी तरह कोई प्रशस्त और कठिन कार्य करने पर आदर या सत्कार के रूप में दिया जानेवाला धन या पदार्थ, इनाम। | ಬಹುಮಾನ | बहुमान | prize, award, reward. |
| **पुरस्कृत** | वि. | 1. जिसे पुरस्कार मिला हो; | ಬಹುಮಾನಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | बहुमानिसल्पट्ट; | honoured, rewarded; |
| | | 2. आगे किया हुआ। | ಮುಂದಿರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | मुंदिरिसल्पट्ट | placed in front. |
| **पुरातत्व** | पु. | वह विद्या जिसमें मुख्यतः इतिहासपूर्व काल की वस्तुओं के आधार पर पुराने अज्ञात इतिहास का पता लगाया जाता है। | ಪುರಾತತ್ವ | पुरातत्व | archaeology. |
| **पुरातन** | वि. | पुराना, प्राचीन। | ಪುರಾತನ, ಪ್ರಾಚೀನ | पुरातन, प्राचीन | belonging to the past, ancient. |
| **पुराना** | वि. | 1. जो प्रस्तुत समय से बहुत पहले का हो; | ಪ್ರಾಚೀನ; | प्राचीन; | old, ancient; |
| | | 2. जो बहुत दिनों का हो जाने के कारण अच्छी दशा में न रह गया हो या ठीक तरह से और पूरा काम न दे सकता हो; | ಹಳತಾಗಿ ಉಪಯೋಗಕ್ಕೆ ಬಾರದಾದ; | हळतागि उपयोगक्के बारदाद; | worn out; |
| | | 3. पूर्ण अनुभवी, परिणत-बुद्धि; | ಪರಿಣತ, ಅನುಭವಿ; | परिणत, अनुभवि; | experienced; |
| | | 4. जिसका रिवाज अब उठ गया हो। | ಹಳೆಯದಾಗಿ ಈಗ ಅಭ್ಯಾಸ ತಪ್ಪಿ ಹೋದ | हळेयदागि ईग अभ्यास तप्पि होद | out-of-date, old-fashioned. |
| **पुरी** | स्त्री. | 1. नगरी, शहर; | ನಗರ; | नगर; | city, town; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दशनामी संन्यासियों का एक भेद, | ದಶನಾಮಿ ಸಂತ ಸಂಪ್ರದಾಯದ ಒಂದು ಭೇದ | दशनामि संत संप्रदायद ओंदु भेद | name of one of the 10 orders of mendicants; |
| | | 3. जगन्नाथ पुरी। | ಜಗನ್ನಾಥ ಪುರಿ | जगन्नाथ पुरि | the city of Puri in Orissa. |
| **पुरुष** | पु. | 1. मानव जाति का नर प्राणी, मर्द, आदमी; | ಮನುಷ್ಯ; | मनुष्य; | male, man; |
| | | 2. वह प्रधान सत्ता जो सारे विश्व में आत्मा के रूप में वर्तमान है (सांख्य); | (ಸಾಂಖ್ಯ) ಆತ್ಮ; | (सांख्य) आत्म; | the soul and original source of the universe, (Samkhya); |
| | | 3. व्याकरण में, वक्ता की दृष्टि से किया जानेवाला सर्वनामों का वर्गीकरण। | ವ್ಯಾಕರಣದಲ್ಲಿ ಸರ್ವನಾಮಗಳ ವರ್ಗೀಕರಣ | व्याकरणदल्लि सर्वनामगळ वर्गीकरण | a person (in grammar). |
| **पुरुषत्व** | पु. | 1. पुरुष होने की अवस्था, गुण या भाव; | ಪುರುಷತ್ವ | पुरुषत्व | the state of man; |
| | | 2. पौरुष, मर्दानगी। | | | manliness, valour. |
| **पुरुषार्थ** | पु. | 1. मनुष्य के जीवन का प्रधान उद्देश्य, वह वस्तु या प्रयोजन जिसकी प्राप्ति या सिद्धि के लिए मनुष्य को उद्योग करना चाहिए (पुरुषार्थ चार माने गए हैं – धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष); | ನಾಲ್ಕು ಪುರುಷಾರ್ಥಗಳು–ಧರ್ಮ, ಅರ್ಥ, ಕಾಮ, ಮೋಕ್ಷ; | नाल्कु पुरुषार्थगळु- धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष; | any object of human pursuit, any one of the four objects or aims of man or of the soul; |
| | | 2. उद्योग, उद्यम। | ಉದ್ಯೋಗ | उद्योग | (human) effort or exertion. |
| **पुरुषार्थी** | वि. | पुरुषार्थ करनेवाला, उद्योगी, परिश्रमी। | ಪುರುಷಾರ್ಥವನ್ನು ಮಾಡುವವ, ಪರಿಶ್ರಮಿ | पुरुषार्थवन्नु माडुवव, परिश्रमि | industrious, painstaking, laborious. |
| **पुरोहित** | पु. | वह कर्मकाण्डी ब्राह्मण जो अपने यजमान के यहां मुंडन यज्ञोपवीत, विवाह आदि | ಪುರೋಹಿತ | पुरोहित | Hindu-priest. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संस्कार कराता है तथा अन्य धार्मिक अवसरों पर दान-दक्षिणा आदि लेता है। | | | |
| **पुरोहिताई** | स्त्री. | पुरोहित का काम, पद, या भाव, यजमानों को धार्मिक कृत्य कराने का काम या वृत्ति। | ಪೌರೋಹಿತ್ಯ | पौरोहित्य | the office or functions of the officiating priest. |
| **पुल** | पु. | खाइयों, नदी -नालों आदि के ऊपर आर-पार जोड़कर बनाई हुई वह वस्तु, या रचना जिसपर से होकर गाड़ियां और व्यक्ति इधर-उधर आते-जाते हैं, सेतु। | ಸೇತುವೆ | सेतुवॆ | bridge. |
| **पुलक** | पु. | प्रेम, भय, हर्ष आदि मनोविकारों के कारण शरीर में होनेवाला रोमांच। | ರೋಮಾಂಚ | रोमांच | erection of the hair of the body, thrill of joy, delight. |
| **पुलकना** | अ. क्रि. | प्रेम, हर्ष आदि से पुलकित होना। | ರೋಮಾಂಚಿತವಾಗು | रोमांचितवागु | to experience a thrill of joy, to be delighted. |
| **पुलकित** | वि. | जिसे रोमांच हुआ हो, हर्षविह्वल। | ಹರ್ಷದಿಂದ ರೋಮಾಂಚಿತವಾದ | हर्षदिंद रोमांचिवाद | having the hair of the body erect, thrilled with joy. |
| **पुलटिस** | स्त्री. | हलवे की तरह पकाई हुई अलसी आदि का लेप जो फोडों आदि को पकाने के लिए उन पर बाँधा जाता है। | ಪೋಲ್ಟೀಸು, ಕುದಿಹಿಟ್ಟು, ಕಟ್ಟು | पोल्टीसु, कुदि-हिट्टु कट्टु | poultice. |
| **पुलाव** | पु. | मांस और चावल एक में पकाकर तैयार किया जानेवाला विशेष प्रकार का व्यंजन। | ಪುಲಾವ್ | पुलाव् | spiced rice preparation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुलिंदा** | पु. | कागज,कपड़े आदि में बंधी हुई गठरी। | ಗಂಟು | गंटु | bundle, sheaf. |
| **पुलिन** | पु. | नदी आदि का किनारा, विशेषत: रेतीला किनारा। | ನದಿತೀರ; ಮರಳು ದಿಣ್ಣೆ | नदितीर, मरळु दिण्णे | beach. |
| **पुलिया** | स्त्री. | छोटा पुल। | ಚಿಕ್ಕ ಸೇತುವೆ | चिक्क सेतुवे | culvert, small bridge. |
| **पुलिस** | स्त्री. | 1. वह राजकीय विभाग जिसका मुख्य काम शांति तथा व्यवस्था बनाए रखना है और जो अपराधों को रोकता है, अपराधियों को पकड़ता है तथा न्यायालय द्वारा दण्डित कराता है; | ಪೊಲೀಸು ವಿಭಾಗ; | पोलीसु विभाग; | police department; |
| | | 2. उक्त विभाग का कर्मचारी,सिपाही। | ಪೊಲೀಸಿನ ಸಿಪಾಯಿ | पोलीसिन सिपायि | police. |
| **पुश्त** | स्त्री. | 1. वंशपरम्परा की प्रत्येक श्रेणी या स्थान, पीढ़ी; | ವಂಶ ಪರಂಪರೆ, ತಲೆಮಾರು, ತಲಾಂತರ; | वंश परंपरे, तलेमारु, तलांतर; | generation; |
| | | 2. पशुओं, मनुष्य आदि की पीठ; | ಬೆನ್ನು; | बेन्नु; | the back; |
| | | 3. किसी वस्तु का पिछला भाग, पृष्ठ देश। | ಹಿಂಭಾಗ | हिंभाग | the back portion. |
| **पुश्ता** | पु. | ईंट, पत्थर, मिट्टी आदि की वह वास्तु रचना जो नदियों के किनारे पानी की बाढ़ रोकने अथवा किसी दीवार आदि की मजबूती के लिए उसमें पार्श्व में खड़ी की जाती है। | ಕಟ್ಟೆ, ಏರಿ, ಒಡ್ಡು, ಅಣೆಕಟ್ಟು | कट्टे, एरि, ओड्डु, अणेकट्टु | embankment. |
| **पुश्तैनी** | वि. | 1. जो कई पीढ़ियों से चला आ रहा हो; | ತಲೆ ತಲಾಂತರದಿಂದ ಬಂದ; | तले तलांतरदिंद बंद; | ancestral; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो कई पीढ़ियों तक चला जाए। | ಆನುವಂಶಿಕ | आनुवंशिक | hereditary. |
| **पुष्कल** | वि. | भरपूर, पर्याप्त, प्रचुर। | ಪುಷ್ಕಳವಾಗಿ, ಹೇರಳ | पुष्कळवागि, हेरळ | much, abundant. |
| **पुष्ट** | वि. | 1. जिसका अच्छी तरह पोषण हुआ हो; | ಪುಷ್ಟವಾದ; | पुष्टवाद; | nourished; |
| | | 2. मोटा-ताजा, बलवान; | ಬಲಶಾಲಿಯಾದ; | बलशालियाद; | fat, strong; |
| | | 3. कथन या बात जो प्रमाणों से सिद्ध होती हो। | ಪ್ರಮಾಣ ಪೂರ್ವಕವಾಗಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿದ | प्रमाणपूर्वकवागि सिद्धपडिसिद | confirmed. |
| **पुष्टई** | स्त्री. | बलवर्धक औषध या वस्तु। | ಶಕ್ತಿವರ್ಧಕ ಔಷಧಿ ಅಥವಾ ಪದಾರ್ಥ | शक्तिवर्धक औषधि अथवा पदार्थ | nourishment, nutrition (medicine or a thing). |
| **पुष्टि** | स्त्री. | 1. दृढ़ या मजबूत होने की अवस्था या भाव; | ಬಲಪಡಿಸುವಿಕೆ; | बलपडिसुविके; | strengthening; |
| | | 2. समर्थन, तर्क या प्रमाण द्वारा सिद्धि। | ಸಮರ್ಥನೆ | समर्थने | confirmation. |
| **पुष्टिकर** | वि. | पुष्ट करनेवाला, बलवर्धक। | ಬಲವರ್ಧಕ, ಪುಷ್ಟಿಕರ | बलवर्धक, पुष्टिकर | nourishing, causing to grow or thrive. |
| **पुष्टिकारक** | वि. | पुष्टि करनेवाला। | ಪುಷ್ಟಿಕಾರಕ | पुष्टिकारक | confirmatory. |
| **पुष्टिमार्ग** | पु. | श्री वल्लभाचार्य के शुद्धाद्वैत मत की साधना-व्यवस्था जिसमें भक्त कर्म निरपेक्ष होकर भगवान श्रीकृष्ण को आत्मसमर्पण करता है तथा कर्मों के फल की कामना नहीं करता है। | ಶ್ರೀ ವಲ್ಲಭಾಚಾರ್ಯ ಪ್ರಣೀತ ಶುದ್ಧಾದ್ವೈತದ ಸಾಧನೆಯ ವ್ಯವಸ್ಥೆ, ಪುಷ್ಟಿಮಾರ್ಗ | श्रीवल्लभाचार्य प्रणीत शुद्धाद्वैतद साधनेय व्यवस्थे, पुष्टिमार्ग | name of a Vaisnava sect founded by Vallabhacharya. |
| **पुष्टिकरण** | पु. | किसी कही हुई बात या किए हुए काम को ठीक मानते हुए उसकी पुष्टि करना। | ಸಮರ್ಥಿಸುವಿಕೆ | समर्थिसुविके | confirmation. |
| **पुष्प** | पु. | फूल, कुसुम। | ಹೂ | हू | a flower. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुष्पवर्षा** | स्त्री. | फूलों की ऊपर से की जानेवाली या होनेवाली वर्षा। | ಹೂಮಳೆ, ಪುಷ್ಪವರ್ಷ | हूमळे, पुष्पवर्ष | flowers showered upon (a hero on any great) occasion). |
| **पुष्पवाटिका** | स्त्री. | ऐसा छोटा उद्यान जिसमें फूलों के अनेक पेड़-पौधे हों। | ಹೂತೋಟ | हूतोट | a flower garden. |
| **पुष्पांजलि** | स्त्री. | फूलों से भरी हुई अंजलि जो किसी देवता या महा-पुरुष को अर्पित की जाती है। | ಪುಷ್ಪಾಂಜಲಿ | पुष्पांजलि | presenting flowers or a nosegay in both hands open and hollowed. |
| **पुष्पिका** | स्त्री. | 1. किसी ग्रंथ के किसी अध्याय का वह समापक वाक्य या पद्य जिसमें प्रतिपाद्य की समाप्ति की सूचना रहती है तथा जिसमें प्रायः लेखक का नाम एवं रचना-संवत् भी रहता है; | ಗ್ರಂಥದ ಯಾವುದಾದರೊಂದು ಅಧ್ಯಾಯದಲ್ಲಿ ಪ್ರತಿಪಾದ್ಯ ವಿಷಯ, ಲೇಖಕನ ಹೆಸರು, ಕಾಲ ಆದಿಗಳನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ಮುಕ್ತಾಯ ವಾಕ್ಯ ಅಥವಾ ಪದ್ಯ | ग्रंथद यावुदाद-रोंदु अध्यायदल्लि प्रतिपाद्य विषय, लेखकन हेसरु, काल आदिगळन्नु सूचिसुव मुक्ताय वाक्य अथवा पद्य | division of a book. chapter; |
| | | 2. दांत का मैल; | ಹಲ್ಲಿನ ಮೇಲಣ ಕೊಳೆ; | हल्लिन मेलण कोळे; | the tartar of the teeth; |
| | | 3. लिंग का मैल। | ಲಿಂಗದಲ್ಲಿನ ಕೊಳೆ | लिंगदल्लिन कोळे | the mucus of the gland penis or urethra. |
| **पुष्पित** | वि. | 1. फूलों से युक्त, फूलों से लदा हुआ; | ಹೂಗಳಿಂದ ತುಂಬಿದ | हूगळिंद तुंबिद; | bearing flowers, flowered; |
| | | 2. उन्नत और समृद्ध। | ಸಮೃದ್ಧ | समृद्ध | abounding or rich-in. |
| **पुष्पोद्यान** | पु. | पुष्पवाटिका, फूलों का बगीचा। | ಪುಷ್ಪೋದ್ಯಾನ | पुष्पोद्यान | a flower-garden. |
| **पुस्तक** | स्त्री. | हाथ से लिखे या छपे हुए पन्नों का जिल्द बंधा हुआ रूप, किताब। | ಪುಸ್ತಕ | पुस्तक | book. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुस्तकाकार** | पु., वि. | जो पुस्तक के आकार या रूप में हो। | ಪುಸ್ತಕದ ಆಕಾರ(ದ) | पुस्तकद आकार (द) | in shape of a book. |
| **पुस्तकाध्यक्ष** | पु. | पुस्तकालय का प्रधान अधिकारी। | ಪುಸ್ತಕಾಲಯದ ಮುಖ್ಯಾಧಿಕಾರಿ | पुस्तकालयद मुख्याधिकारि | librarian. |
| **पुस्तकालय** | पु. | वह स्थान जिसमें विभिन्न विषयों की पुस्तकें संगृहीत हों। | ಪುಸ್ತಕಾಲಯ | पुस्तकालय | library. |
| **पुस्तकीय** | वि. | 1. पुस्तक संबंधी; | ಪುಸ್ತಕಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | पुस्तकक्के संबंधिसिद; | pertaining to a book; |
| | | 2. पुस्तकों से प्राप्त होनेवाला। | ಪುಸ್ತಕದಿಂದ ಲಭ್ಯವಾಗುವ | पुस्तकदिंद लभ्यवागुव | found in the books. |
| **पुस्तिका** | स्त्री. | छोटी पुस्तक। | ಸಣ್ಣ ಪುಸ್ತಕ | सण्ण पुस्तक | booklet. |
| **पूंछ** | स्त्री. | 1. पशु-पक्षी आदि के शरीर का वह लचीला भाग जो गुदा के ऊपर रीढ़ की हड्डी की संधि में से निकलकर कुछ दूर तक जाता है या लटकता रहता है, दुम; | ಬಾಲ; | बाल; | tail; |
| | | 2. किसी पदार्थ का पिछला भाग; | ಹಿಂಭಾಗ; | हिंभाग; | back portion (of a thing); |
| | | 3. पूंछ की तरह जुड़ी हुई वस्तु। | ಬಾಲದಂತೆ ಕಟ್ಟಿದ ವಸ್ತು | बालदंते कट्टिद वस्तु | a tail like object attached with something. |
| **पूंजी** | स्त्री. | 1. वह धन जिससे कोई व्यवसाय आरंभ किया गया हो, मूलधन; | ಬಂಡವಾಳ, ಮೂಲಧನ; | बंडवाळ, मूलधन; | capital, assets; |
| | | 2. संचित धन। | | | wealth. |
| **पूंजीदार** | पु. | 1. जिसके पास अधिक संपत्ति हो; | ಐಶ್ವರ್ಯವಂತ; | ऐश्वर्यवंत; | wealthy person; |
| | | 2. वह जो आर्थिक लाभ के लिए किसी विशेष उद्योग या व्यवसाय में धन लगाता हो। | ಬಂಡವಾಳಗಾರ | बंडवाळगार | capitalist. |

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार की ओर से भेंट

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूंजीदारी** | स्त्री. | पूंजीदार होने की अवस्था या भाव। | ಬಂಡವಾಳಗಾರಿಕೆ | बंडवाळगारिकें | the state of being a capitalist. |
| **पूंजीपति** | पु. | पूंजीदार। | ಬಂಡವಾಳಗಾರ | बंडवाळगार | capitalist. |
| **पूंजीवाद** | पु. | आधुनिक अर्थशास्त्र में वह आर्थिक प्रणाली या व्यवस्था जिसमें देश के प्रमुख उत्पत्ति एवं वितरण के साधनों पर पूंजीपतियों का व्यक्तिगत रूप से पूरा अधिकार होता है। इसमें धनवान लोग उत्पादन के लिए अपनी पूंजी लगाते हैं तथा उससे लाभ उठाते हैं। | ಬಂಡವಾಳಶಾಹಿ | बंडवाळशाहि | capitalism. |
| **पूंजीवादी** | वि. | पूंजीवाद संबंधी। | ಬಂಡವಾಳಶಾಹಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | बंडवाळशाहिगें संबंधिसिद | pertaining to capitalism. |
| | पु. | पूंजीवाद को माननेवाला या उसका अनुयायी। | ಬಂಡವಾಳಶಾಹಿ ಯನ್ನು ಒಪ್ಪಿಕೊಳ್ಳು ವವ ಅಥವಾ ಹಿಂಬಾಲಿಸುವವ | बंडवाळशाहियन्नु ऒप्पिकोळ्ळुवव अथवा हिंबालि-सुवव | one who believes in capitalism or follower of capitalism. |
| **पूआ** | पु. | पूरी की तरह का एक मीठा पकवान जो आटे में गुड या चीनी मिलाकर तलने से बनता है। | ತುಪ್ಪದಲ್ಲಿ ಕರಿದ ಸಿಹಿ ಪೂರಿ, ಸಜ್ಜಪ್ಪ | तुप्पदल्लि करिद सिहि पूरि, सज्जप्प | sweet fried small cake. |
| **पूछ** | स्त्री. | 1. पूछने या पूछे जाने का भाव या क्रिया;<br>2. आदर, कद्र। | ಕೇಳುವಿಕೆ; ಕೇಳಲ್ಪಡುವಿಕೆ;<br>ಆದರಣೆ | केळुविकें, केळल्पडुविकें;<br>आदरणें | inquiry (after);<br>(commanding of) respect. |
| **पूछताछ** | स्त्री. | किसी बात की पक्की जानकारी के लिए उसके विषय में एक या अनेक व्यक्तियों से बार-बार पूछना या प्रश्न करना। | ವಿಚಾರಣೆ, ವಿವರಗಳ ತಿಳಿವಳಿಕೆ ಗಾಗಿ ವಿಚಾರಿಸುವಿಕೆ | विचारणें, विवरगळ तिळि-वळिकेंगागि विचारिसुविकें | enquiry, investigation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूछना** | स. क्रि. | 1. किसी बात की जिज्ञासा से कोई प्रश्न करना; | ಪ್ರಶ್ನಿಸು; | प्रश्निसु; | to enquire; |
| | | 2. परीक्षा आदि के प्रसग में किसीके सामने इसलिए कुछ प्रश्न रखना कि वह उनका उत्तर दें; | (ಪರೀಕ್ಷೆಗಾಗಿ) ಪ್ರಶ್ನೆ ಕೇಳು; | (परीक्षॆगागि) प्रश्नॆ कळु; | to question; |
| | | 3. जवाब तलब करना। | ಕೇಳಿ ಹೇಳಿಕೆಯನ್ನು ಪಡೆ | केळि हेळिकॆयन्नु पडॆ | to interrogate. |
| **पूजक** | पु. | पूजा करनेवाला, उपासक। | ಪೂಜಕ, ಪೂಜಿಸುವವ | पूजक, पूजिसुवव | worshipper. |
| **पूजन** | पु. | 1. पूज्य वस्तु की की जानेवाली आराधना या वंदना; | ಪೂಜೆ; | पूजॆ; | worshipping; |
| | | 2. आदर, सम्मान। | ಗೌರವಿಸುವಿಕೆ | गौरविसुविकॆ | treating with respect or hospitality. |
| **पूजना** | स. क्रि. | 1. देवी-देवता को प्रसन्न एवं संतुष्ट करने के लिए यथाविधि पत्र-पुष्प अर्पित करना, ध्यान करना; | ಪೂಜಿಸು; | पूजिसु; | to worship, to adore, to venerate; |
| | (ला.) | 2. घूस देना, जेब गरम करना। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಲಂಚ ಕೊಡು, ಕೈ ಬಿಸಿ ಮಾಡು | (लाक्षणिक) लंच कॊडु, कै बिसिमाडु | (fig) to bribe. |
| **पूजनीय** | वि. | पूजा करने योग्य, आदर के योग्य। | ಪೂಜ್ಯರಾದ, ಗೌರವಾರ್ಹ | पूज्यराद, गौरवार्ह | venerable, deserving of honour. |
| **पूजा** | स्त्री. | 1. पत्र-पुष्प आदि के समर्पण के साथ किसी विशिष्ट देवी-देवता का ध्यान, स्मरण आदि करने का कृत्य, अर्चना; | ಪೂಜೆ; | पूजॆ; | worship, veneration, adoration; |
| | | 2. आदर-सत्कार, खातिरदारी; | ಆದರಿಸುವಿಕೆ; | आदरिसुविकॆ; | honour; |
| | | 3. घूस, रिश्वत; | ಲಂಚ; | लंच; | bribery; |
| | | 4. ताड़न, पिटाई। | ಹೊಡೆಯುವಿಕೆ | हॊडॆयुविकॆ | beating. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूजित** | वि. | जिसकी पूजा की गई हो। | ಪೂಜಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | पूजिसल्पट्ट | worshipped. |
| **पूज्य** | वि. | 1. पूजा किए जाने के योग्य; | ಪೂಜಾರ್ಹ; | पूजार्ह; | venerable, adorable; |
| | | 2. आदर आदि के योग्य, आदरणीय। | ಆದರಣೀಯಂ | आदरणीय | deserving of honour. |
| **पूज्यपाद** | वि. | परमपूज्य और मान्य। | ಸನ್ಮಾನ್ಯ, ಪರಮ ಪೂಜ್ಯ | सन्मान्य, परमपूज्य | most respectable, most honourable. |
| **पूज्यवर** | वि. | पूज्यों में श्रेष्ठ। | ಪೂಜ್ಯವರ, ಶ್ರೇಷ್ಠ | पूज्यवर, श्रेष्ठ | most honourable. |
| **पूड़ी (पूरी)** | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध व्यंजन जिसे साधारण रोटी आदि की तरह बेलकर घी या तेल में पकाते हैं। | ಪೂರಿ | पूरि | unleavened fried cake. |
| **पूत** | पु. | पुत्र, बेटा। | ಮಗ, ಪುತ್ರ | मग, पुत्र | son. |
| | वि. | पवित्र, शुद्ध, साफ किया हुआ। | ಶುದ್ಧವಾದ, ಪವಿತ್ರವಾದ | शुद्धवाद, पवित्रवाद | pure, cleaned. |
| **पूनम** | स्त्री. | पूर्णिमा। | ಹುಣ್ಣಿಮೆ, | हुण्णिमॆ | full moon. |
| **पूनी** | स्त्री. | धुनी हुई रुई की मोटी बत्ती जो सूत कातने के काम में आती है। | ನೂಲು ತೆಗೆಯಲು ಸಿದ್ಧಗೊಳಿಸಿದ ಹತ್ತಿ | नूलु तॆगॆयलु सिद्धगॊळिसिद हत्ति | cotton-roll prepared for spinning. |
| **पूरक** | वि. | पूर्ति करनेवाला, कमी, त्रुटि आदि को दूर करनेवाला। | ಪೂರಕ, ಕಮ್ಮಿಯಾದ್ದನ್ನು ಭರ್ತಿ ಮಾಡುವಂತಹ | पूरक, कम्मिया-द्दन्नु भर्ति माडुवंतह | supplementary. |
| | पुं. | एक प्रकार का प्राणायाम जिसमें प्राणवायु को नाक द्वारा अन्दर पहुंचाते हैं। | ಪ್ರಾಣಾಯಾಮದ ಒಂದು ರೀತಿ ಪೂರಕ | प्राणायामद ऒंदु रीति-पूरक | closing the right nostril with the forefinger and then drawing up air through the left and then closing the left nostril and drawing up air through the right (as a religious exercise). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूरब** | पु. | वह दिशा जिसमें सूर्य का उदय होता है। | ಪೂರ್ವ ದಿಕ್ಕು | पूर्व दिक्कु | east. |
| **पूरबी** | वि. | पूरब संबंधी, पूरब का। | ಪೂರ್ವ ದಿಕ್ಕಿನ | पूर्व दिक्किन | pertaining to east, eastern. |
| **पूरा** | वि. | 1. जिसमें कोई भी स्थान खाली न बचा हो; | ಭರ್ತಿಯಾದ; | भर्तियाद; | full; |
| | | 2. जितना आवश्यक,उचित या संभव हो, भरपूर; | ಸಾಕಾದಷ್ಟು; | साकादष्टु; | adequate; |
| | | 3. समग्र, समूचा, सारा; | ಸಂಪೂರ್ಣ; | संपूर्ण; | whole; |
| | | 4. जो अधूरा न हो, समाप्त; | **ಕೊನೆಗೊಂಡ;** | कोनेगोंड; | complete, |
| | | 5. (कामना या इच्छा) सिद्ध होना, सफल होना। | ಇಚ್ಛಾಪೂರ್ತಿಯಾದ | इच्छापूर्तियाद | fulfilled. |
| **पूरित** | वि. | पूर्ण किया या भरा हुआ, परिपूर्ण। | ಪರಿಪೂರ್ಣ | परिपूर्ण | filled, completed. |
| **पूर्ण** | वि. | 1. जो पूरी तरह से भरा हुआ हो; | ಪೂರ್ಣ; | पूर्ण; | full; |
| | | 2. **किसी बात या** तत्व से भरा हुआ; | ತುಂಬಿದ; | तुंबिद; | filled with or full of; |
| | | 3. समूचा, समस्त, सारा, संपूर्ण; | **ಎಲ್ಲಾ, ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ;** | एल्ला, संपूर्णवागि; | complete, all, entire; |
| | | 4. हर तरह से ठीक और पूरा; | ಎಲ್ಲಾ ರೀತಿಯಲ್ಲೂ ಪೂರ್ತಿಯಾದ, ಸರಿಯಾದ; | एल्ला रीतियल्लू पूर्तियाद, सरियाद; | perfect; |
| | | 5. सिद्ध, सम्पन्न। | **ನೆರವೇರಿದ** | नेरवेरिद | fulfilled. |
| **पूर्णकाम** | वि. | जिसकी सभी इच्छाएं पूरी हो चुकी हों। | ಸಂಪೂರ್ಣ ಮನೋರಥ | संपूर्ण मनोरथ | one whose wishes are fulfilled, gratified. |
| **पूर्णचन्द्र** | पु. | पूर्णिमा का चन्द्रमा जो अपनी सब कलाओं से पूर्ण होता है। | ಹುಣ್ಣಿಮೆಯ ಚಂದ್ರ | हुण्णिमेय चंद्र | the full moon. |
| **पूर्णतः** | क्रि. वि. | पूरी तरह से। | ಪೂರ್ತಿಯಾಗಿ | पूर्तियागि | completely, fully, wholly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूर्णतया** | क्रि. वि. | पूरी तरह से, पूर्णरूप से। | ಪೂರ್ತಿಯಾಗಿ | पूर्तियागि | completely. |
| **पूर्णता** | स्त्री. | 1. पूर्ण होने की अवस्था या भाव; | ಪರಿಪೂರ್ಣತೆ; | परिपूर्णते; | fullness; |
| | | 2. ऐसी स्थिति जिसमें किसी प्रकार की कमी या त्रुटि न हो। | ಯಾವ ಕೊರತೆಯೂ ಇಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | याव कोरतेयू इल्लदिरुविके | perfection. |
| **पूर्णमासी** | स्त्री. | शुक्लपक्ष की अन्तिम तिथि जिसमें चन्द्रमा अपनी सोलहों कलाओं से युक्त हो जाता है। | ಹುಣ್ಣಿಮೆ | हुण्णिमे | fifteenth day of the bright half of lunar month. |
| **पूर्णविराम** | पु. | वाक्य की समाप्ति का सूचक चिह्न जो कि खड़ी पाई के रूप में होता है। | ಪೂರ್ಣವಿರಾಮ | पूर्णविराम | full stop. |
| **पूर्णांक** | | 1. पूरी संख्या; | ಪೂರ್ಣ ಸಂಖ್ಯೆ; | पूर्ण संख्ये; | a full figure or number; |
| | | 2. अविभक्त संख्या; | ಅವಿಭಕ್ತ ಸಂಖ್ಯೆ; | अविभक्त संख्ये; | non-fractional number; |
| | | 3. किसी प्रश्नपत्र के लिए निर्धारित अंक। | ಪ್ರಶ್ನ ಪತ್ರಕ್ಕಾಗಿ ನಿರ್ಧರಿಸಿದ ಅಂಕಗಳು | प्रश्न पत्रक्कागि निर्धरिसिद, अंकगळु | full marks. |
| **पूर्णाहुति** | स्त्री. | 1. होम कर्म की अंतिम आहुति; | ಪೂರ್ಣಾಹುತಿ | पूर्णाहुति | the burnt offering which concludes or completes a ceremony; |
| | | 2. किसी कार्य का वह अंग जिसमें वह पूर्णता को प्राप्त हो, अंतिम कृत्य। | | | finishing touch. |
| **पूर्णिमा** | स्त्री. | पूर्णमासी। | ಹುಣ್ಣಿಮೆ | हुण्णिमे | the day of fullmoon. |
| **पूर्ति** | स्त्री. | 1. पूरे या पूर्ण होने की क्रिया या भाव; | ಪೂರ್ತಿ; | पूर्ति; | fulfilment; |
| | | 2. कमी पूरी करने का काम; | ಕಡಿಮೆಯಿರುವುದನ್ನು ಭರ್ತಿಮಾಡುವಿಕೆ; | कडिमेयिरुवुदन्नु भर्ति माडुविके; | filling up; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. अर्थशास्त्र में वे वस्तुएं जो किसी विशिष्ट मूल्य पर बिकने के लिए बाजार में आई हों। | ನಿರ್ಧರಿಸಿದ ದರಕ್ಕೆ ಮಾರಲು ಮಾರುಕಟ್ಟೆಗೆ ಬಂದ ಸರಕು | निर्धरिसिद दरक्कॆ मारलु मारुकट्टॆगॆ बंद सरकु | supply. |
| पूर्व | वि. | 1. जो किसी से पहले अस्तित्व में आया हो या बना हो; | ಮೊದಲೇ ಇದ್ದ, ಹಿಂದಿನ; | मॊदले इद्द, हिंदिन; | first; |
| | | 2. जो सबसे आगे, सामने या पहले हो। | ಮುಂದಿನ ಅಥವಾ ಎದುರಿನ | मुंदिन अथवा ऎदुरिन | being before or in front (of). |
| | पु. | वह दिशा जिसमें सूर्योदय होता है, पश्चिम के सामने की दिशा। | ಪೂರ್ವ ದಿಕ್ಕು | पूर्व दिक्कु | east. |
| | क्रि. वि. | पहले, पेश्तर। | ಮುನ್ನ | मुन्न | before, prior, beforehand. |
| पूर्वकालिक | वि. | पूर्वकाल सम्बन्धी, पुराना, पहले का। | ಪೂರ್ವಕಾಲದ | पूर्वकालद | belonging to former times. |
| पूर्वकालीन | वि. | पुराने जमाने का, प्राचीन। | ಪ್ರಾಚೀನ | प्राचीन | see 'पूर्वकालिक'. |
| पूर्वग्रह (पूर्वाग्रह) | पु. | किसी अनिश्चित या विवादास्पद विषय के संबध में वह आग्रहपूर्ण धारणा जो पहले से बिना जाने या समझे-बूझे मन में स्थिर कर ली गई हो। | ಮೊದಲೇ ಮಾಡಿಕೊಂಡ ಕಲ್ಪನೆ ಅಥವಾ ಧಾರಣೆಯು ಬಗ್ಗೆ ಇರುವ ಆಗ್ರಹ, ಪೂರ್ವಗ್ರಹ ಪೀಡಿತ ವಿಚಾರ | मॊदले माडिकॊंड कल्पनॆ अथवा धारणॆय बग्गॆ इरुव आग्रह, पूर्वग्रह पीडित विचार | prejudice, bias. |
| पूर्वज | पु. | दादा-परदादा आदि पूर्व पुरुष, पुरखा। | ಪೂರ್ವಜರು | पूर्वजरु | ancestor, forefather. |
| पूर्वजन्म | पु. | वर्तमान जन्म से पहले का जन्म, पिछला जन्म। | ಪೂರ್ವಜನ್ಮ | पूर्वजन्म | former birth, previous birth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय / देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|
| **पूर्वपक्ष** | पुं. | 1. किसी शास्त्रीय विषय के सम्बन्ध में उठाया हुआ ऐसा, प्रश्न, बात या शंका जिसका दूसरे पक्ष को समाधान करना पड़े ; | ಶಾಸ್ತ್ರ ವಿಷಯದಲ್ಲಿ ಪೂರ್ವಪಕ್ಷ; / शास्त्र विषयदल्लि पूर्वपक्ष; | first objection to an assertion in any discussion; |
| | | 2. किसी बात का वह पूर्व रूप जिसमें सभी संभावित शंकाओं को उठाया जाता है और फिर एक-एक करके इनका खण्डन करते हुए पीछे सिद्धान्त पक्ष की स्थापना की जाती है; | ಸಿದ್ಧಾಂತ ನಿರ್ಣಯ ವಾಗಲು ವಿಷಯಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ಶಂಕೆ ಮುಂತಾದ ಸಂದರ್ಭ, ಪೂರ್ವಪಕ್ಷ; / सिद्धांत निर्णय वागलु विषयक्के संबंधिसिद शंके मुंताद संदर्भ, पूर्वपक्ष; | proposition, assertion; |
| | | 3. अभियोग में वादी द्वारा उपस्थित किया हुआ मत; | ವಾದಿಯ ಮೊದಲ ಹೇಳಿಕೆ; / वादिय मॊदल हेळिके; | first statement of the plaintiff; |
| | | 4. चंद्र मास का कृष्णपक्ष। | ಚಾಂದ್ರಮಾನ ರೀತ್ಯಾ ಕೃಷ್ಣಪಕ್ಷ / चांद्रमान रीत्या कृष्णपक्ष | the fortnight of waning moon. |
| **पूर्वराग** | पु. | नायक नायिका में श्रवण, दर्शन आदि के कारण मिलन से पूर्व उत्पन्न होनेवाला अनुराग। | ಪ್ರೇಮಿಗಳ ಪರಸ್ಪರ ಮಿಲನದ ಮುನ್ನಿನ ಅನುರಾಗ / प्रेमिगळ परस्पर मिलनद मुन्निन अनुराग | earliest or incipient affection, love between two persons which springs from previous cause. |
| **पूर्वरूप** | पु. | 1. वह रूप जो पहले रहा हो; 2. ऐसा लक्षण जिसमें किसी भावी वस्तु के आगमन की सूचना मिले, आरंभिक लक्षण, आसार। | ಪೂರ್ವರೂಪ; ಆರಂಭದಲ್ಲಿ ಕಾಣುವ ಲಕ್ಷಣ / पूर्वरूप; आरंभदल्लि काणुव लक्षण | previous form; symptom of something imminent. |
| **पूर्ववत्** | वि. | पहले की ही तरह। | ಮೊದಲಿನಂತೆ / मॊदलिनंते | as before. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूर्ववर्ती** | वि. | जो पहले से वर्तमान हो या रह चुका हो, पूर्व में या पहले रहने या होनेवाला, पुराने समय की घटनाओं का विवरण। | ಪೂರ್ವವರ್ತಿ, ಮೊದಲಿದ್ದ | पूर्ववर्ति, मॉदलिद्द | existing before, happening before. |
| **पूर्ववृत्त** | पु. | पूर्वकाल की बातें, इतिहास। | ಇತಿಹಾಸ, ಹಿಂದಿನ ಕಾಲದ ಸಮಾಚಾರ | इतिहास, हिंदिन कालद समाचार | former event, antecedent. |
| **पूर्वसूचना** | स्त्री. | पहले से दी जानेवाली सूचना या चेतावनी। | ಪೂರ್ವಸೂಚನೆ | पूर्वसूचने | information given beforehand, warning. |
| **पूर्वानुमान** | पुं. | किसी भावी काम या बात के स्वरूप आदि के संबंध में पहले से किया जानेवाला अनुमान या कल्पना। | ಮುಂದಾಗುವ ಸಂಭವದ ಬಗ್ಗೆ ಮೊದಲೇ ಊಹಿಸುವಿಕೆ | मुंदागुव संभवद बग्गे मॉदले ऊहिसुविके | forecast. |
| **पूर्वापर** | वि. | आगे और पीछे का। | ಪೂರ್ವಾಪರ | पूर्वापर | prior and subsequent. |
| **पूर्वार्द्ध (पूर्वार्ध)** | पु. | शुरू का आधा हिस्सा। | ಪೂರ್ವಾರ್ಧ | पूर्वार्ध | the first half. |
| **पूर्वाह्न** | पु. | दिन का पहला भाग, दिन के पहले दो प्रहर। | ಪೂರ್ವಾಹ್ಣ | पूर्वाह्ण | earlier part of the day,forenoon. |
| **पूर्वी** | वि. | पूर्व दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला, पूरब का। | ಪೂರ್ವದಿಕ್ಕಿನ | पूर्वदिक्किन | eastern, oriental. |
| **पूर्वोक्त** | वि. | जिसका जिक्र पहले आ चुका हो, जो पहले कहा जा चुका हो। | ಪೂರ್ವೋಕ್ತ, ಮೊದಲು ಹೇಳಿದ | पूर्वोक्त, मॉदलु हेळिद | afore-mentioned, aforesaid. |
| **पूर्वोत्तर** | वि. | पूर्व और उत्तर के बीच का। | ಪೂರ್ವೋತ್ತರ | पूर्वोत्तर | north-eastern. |
| **पूर्वोपाय** | पु. | रक्षा व्यवस्था आदि का ध्यान रखते हुए पहले से किया जानेवाला उपाय। | ಮುನ್ನೆಚ್ಚರಿಕೆ ಕ್ರಮ | मुन्नॅच्चरिके क्रम | precautionary measure. |
| **पूला (पूली-स्त्री.)** | पु. | घास, तिनकों आदि का बना हुआ गट्ठर। | ಹುಲ್ಲಿನ ಹೊರೆ | हुल्लिन हॉरॆ | small bundle of grass or straw. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूस** | पु. | पौष मास, अगहन और माह के बीच का मास। | ಪುಷ್ಯಮಾಸ | पुष्यमास | tenth month of Indian calendar. |
| **पृथक्** | वि. | अलग, जुदा, भिन्न। | ಬೇರೆಯಾದ | बेरॆयाद | separate, different. |
| **पृथक्करण** | पु. | पृथक् या अलग करने की क्रिया या भाव। | ಬೇರ್ಪಡಿಸುವಿಕೆ | बेर्पडिसुविकॆ | separating, separation. |
| **पृथ्वी (पृथिवी)** | स्त्री. | 1. धरती, जमीन; | ಭೂಮಿ; | भूमि; | earth, world; |
| | | 2. सौर जगत् का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह जिसमें हम लोग रहते हैं; | ಸೌರ ಜಗತ್ತಿನ ಒಂದು ದೊಡ್ಡ ಗ್ರಹ; | सौर जगत्तिन ऒंदु दॊड्ड ग्रह; | largest fifth planet of solar family; |
| | | 3. पंचमहाभूतों में से एक। | ಪಂಚಭೂತಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು | पंचभूतगळल्लि ऒंदु | earth is considered as one of the five primary elements. |
| **पृथ्वीपति** | पु. | राजा। | ದೊರೆ, ರಾಜ | दॊरॆ, राज | king, lord of the earth. |
| **पृष्ठ** | पु. | 1. पीठ, किसी वस्तु का पिछला तल या भाग; | ಹಿಂಭಾಗ; | हिंभाग; | back, the hinder part or rear of any thing; |
| | | 2. किसी वस्तु का ऊपरी भाग, सतह; | ಮೇಲ್ಭಾಗ; | मेल्भाग; | upper side, surface; |
| | | 3. पुस्तक के पन्ने का एक ओर का भाग। | ಪುಸ್ತಕದ ಪುಟ | पुस्तकद पुट | page. |
| **पृष्ठपोषक** | वि. | सहायता करनेवाला, रक्षक। | ರಕ್ಷಕ | रक्षक | one who supports or backs, helper. |
| **पृष्ठभूमि** | स्त्री. | 1. पहले की वे सब बातें और परिस्थितियाँ जिनके आगे या सामने कोई विशेष बात या घटना हो और जिनके साथ मिलान करने पर उस बात या घटना का रूप स्पष्ट होता है, पहले की बातें। | ಹಿನ್ನೆಲೆ, ಪುಷ್ಠಭೂಮಿ; | हिन्नॆलॆ पृष्ठभूमि; | background; |
| | | 2. पिछला भाग। | ಹಿಂಭಾಗ | हिंभाग | rear portion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पृष्ठांकन** | पु. | लेनदेन के दस्तावेजों की पीठ पर यह लिखना कि इसका भुगतान अमुक व्यक्ति या संस्था को दे दिया जाए। | ಪೃಷ್ಠಾಂಕನ | पृष्ठांकन | endorsement. |
| **पृष्ठांकित** | वि. | जिसकी पीठ पर पृष्ठांकन किया गया हो। | ಪೃಷ್ಠಾಂಕಿತ | पृष्ठांकित | endorsed. |
| **पेंग (पींग)** | स्त्री. | झूलने के समय झूले या हिंडोले का आगे-पीछे जाना। | ಕಾಲು ಮೀಟಿ ತೂಗುವಿಕೆ | कालु मीटि तूगुविकॆ | swinging. |
| **पेंच (पेच)** | पु. | 1. एक प्रकार की कील जिसमें चूड़ियाँ बनी रहती हैं; | ಸ್ಕ್ರೂ, ಮೊಳೆ | स्क्रू, मॊळॆ; | screw; |
| | | 2. चाल, घुमाव-फिराव, चालाकी से भरी हुई युक्ति | ಚಾತುರ್ಯದ ಯುಕ್ತಿ; | चातुर्यद युक्ति; | trick; |
| | | 3. चारों ओर लपेटी जाने-वाली चीज का प्रत्येक फेरा या लपेट; | ಸುತ್ತು; | सुत्तु; | turn, winding; |
| | | 4. लड़ाई जानेवाली पतंगों की डोर का एक दूसरे से उलझना; | ಒಂದು ಮತ್ತೊಂದರೊಂದಿಗೆ ಸೇರಿ ಸಿಕ್ಕು ಬೀಳುವಿಕೆ; | ऒंदु मत्तॊंद-रॊंदिगॆ सेरि सिक्कु बीळुविकॆ; | entwining of the threads of two flying kites; |
| | | 5. एक आभूषण जो पगड़ी में आगे की ओर लगाया जाता है। | ರುಮಾಲಿಗೆ ತಗುಲಿಸುವ ಒಂದು ಆಭೂಷಣ | रुमालिगॆ तगुलिसुव ऒंदु आभूषण | kind of ornament worn on the pagdi. |
| **पेंदा (पेंदी-स्त्री.)** | पु. | 1. किसी गहरी वस्तु का निचला भाग जिसके बल पर वह स्थित होती है; | ಅಡಿ; | अडि; | base; |
| | | 2. किसी गहरी वस्तु का तला। | ತಳ | तळ | bottom. |
| **पेंसिल** | स्त्री. | एक प्रकार की लेखनी जो लकड़ी या किसी धातु के पोले लंबोतरे टुकड़े में विशेष प्रकार के मसाले की सलाई बैठाकर तैयार की जाती है। | ಸೀಸದ ಕಡ್ಡಿ, ಪೆನ್ಸಿಲ್ | सीसद कड्डि, पॆन्सिल | pencil. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पेचकश** | पु. | 1. वह उपकरण जिससे पेचों को घुमा-घुमाकर जड़ते या निकालते हैं; | ಸ್ಕ್ರೂಡ್ರೈವರ್; | स्क्रू-ड्रैवर्; | screw-driver; |
| | | 2. एक प्रकार का चक्रदार उपकरण जिससे बोतल का कार्क निकाला जाता है। | ಕಾರ್ಕು, ಮುಚ್ಚಳಗಳನ್ನು ತೆರೆಯುವ ಸ್ಕ್ರೂ | कार्कु, मुच्चळगळन्नु तेरॆयुव स्क्रू | cork-screw. |
| **पेचदार** | वि. | 1. जिसमें किसी तरह का पेच लगा हो; | ಮೊಳೆಯಿರುವ; | मॊळॆयिरुव; | fitted with a screw; |
| | | 2. जिसमें कोई उलझन या झमेला हो। | ಸಿಕ್ಕಾದ | सिक्काद | intricate. |
| **पेचिश** | स्त्री. | एक उदर-रोग जिसमें पेट में ऐंठन होती है और पाखाने में आंव आती है। | ಆಮಶಂಕೆ | आमशंकॆ | dysentery. |
| **पेचीदगी** | स्त्री. | 1. पेचीदा होने की अवस्था या भाव; 2. उलझन। | ಸಿಕ್ಕು | सिक्कु | being twisted, twisting; complication. |
| **पेचीदा** | वि. | घुमाव-फिरावदाला, उलझन वाला, कठिन, जटिल। | ಜಟಿಲವಾದ | जटिलवाद | complicated, intricate. |
| **पेट** | पु. | 1. शरीर के मध्य भाग का वह सामनेवाला अंग जो छाती के नीचे और पेडू के ऊपर रहता है; | ಹೊಟ್ಟೆ; | हॊट्टॆ; | belly, stomach, abdomen; |
| | | 2. गर्भ अथवा गर्भाशय; | ಗರ್ಭಾಶಯ; | गर्भाशय; | womb; |
| | | 3. किसी वस्तु के बीच का खोखला भाग। | ಟೊಳ್ಳಾದ ಭಾಗ | टॊळ्ळाद भाग | cavity. |
| **पेटपूजा** | स्त्री. | भोजन करना, खाना। | ಊಟ ಮಾಡುವಿಕೆ | ऊट माडुविकॆ | eating. |
| **पेटी** | स्त्री. | 1. छोटा पिटारा, छोटा संदूक; | ಪೆಟ್ಟಿಗೆ; | पॆट्टिगॆ; | small box or chest; |
| | | 2. कमर में बांधने का तसमा, कमरबंद। | ಸೊಂಟದ ಪಟ್ಟಿ | सॊंटद पट्टि | belt, girdle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पेटीकोट** | पु. | छोटे घेरवाला एक प्रकार का घाघरा जिसे स्त्रियां साड़ी या धोती के नीचे पहनती हैं। | ಒಳಗೆ ಧರಿಸುವ ಲಂಗ | आॆळगॆ धरिसुव लंग | petticoat. |
| **पेटू** | वि. | 1. बहुत अधिक खानेवाला;<br>2. जिसे सदा खाने की चिंता लगी रहे। | ಹೊಟ್ಟೆಬಾಕ;<br>ಯಾವಾಗಲೂ ತಿಂಡಿ ಯೋಚನೆಯುವ | हॊट्टॆबाक;<br>यावागलू तिंडि योचनॆयव | excessive eater;<br>gluttonous. |
| **पेठा** | पु. | 1. सफेद कुम्हड़ा;<br>2. उक्त की बनी मिठाई या मुरब्बा। | ಬೂದುಗುಂಬಳ;<br>ಬೂದುಗುಂಬಳದಿಂದ ಮಾಡಿದ ಮಿಠಾಯಿ | बूदुगुंबळ;<br>बूदुगुंबळदिंद माडिद मिठायि | species of gourd;<br>kind of sweetmeat prepared of (white) gourd. |
| **पेड़** | पु. | वृक्ष। | ಮರ, ವೃಕ್ಷ | मर, वृक्ष | tree. |
| **पेड़ा** | पु. | खोए और खांड या चीनी से बनी हुई एक गोलाकार चिपटी टिकिया के आकार की मिठाई। | ಪೇಡಾ | पेडा | kind of sweetmeat. |
| **पेड़ू** | पु. | शरीर का नाभि और उपस्थ के बीच का भाग। | ಕಿಬ್ಬು ಹೊಟ್ಟೆ | किब्बु हॊट्टॆ | part of the body lying between the navel and the pubic region. |
| **पेय** | वि. | पिए जाने के योग्य। | ಕುಡಿಯಲು ಯೋಗ್ಯ | कुडियलु योग्य | drinkable. |
| **पेरना** | स. क्रि. | 1. वनस्पति, बीजों आदि में से उनका तरल अंश निकालने के लिए उन्हें कोल्हू आदि में डालकर दबाना;<br>2. किसी को बहुत अधिक कष्ट देना। | ಗಾಣಕ್ಕೆ ಹಾಕಿ ಅರೆಯು;<br>ಕಷ್ಟಕ್ಕೀಡು ಮಾಡು | गाणक्क हाकि अरॆयु;<br>कष्टक्कीडु माडु | to crush (sugarcane, linseed etc.);<br>to torment. |
| **पेलना** | स. क्रि. | 1. दबाकर या ढकेलकर किसी को कहीं धंसाना;<br>2. बल-प्रयोग करना; | ತುರುಕು;<br>ಬಲ ಪ್ರಯೋಗಿಸು; | तुरुकु;<br>बल प्रयोगिसु; | to thrust in, to penetrate,<br>to exercise force, to impel; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी पर आक्रमण करने के लिए हाथी आदि को आगे बढ़ाना। | ಮುನ್ನುಗ್ಗಿಸು | मुन्नुग्गिसु | drive on forcibly (elephant etc.). |
| **पेश** | अव्य. | सामने, आगे, समक्ष। | ಸಮಕ್ಷ, ಮುಂದೆ | समक्ष, मुंदे | in front of, before. |
| **पेश करना** | स. क्रि. | प्रस्तुत करना, सामने उपस्थित करना। | ಪ್ರಸ್ತುತಗೊಳಿಸು, ಮುಂದಿರಿಸು | प्रस्तुतगोळिसु, मुंदिरिसु | to present, to put forth. |
| **पेशकश** | स्त्री. | 1. उपहार, भेंट; | ಉಪಹಾರ; | उपहार; | present (to a superior); |
| | | 2. प्रस्ताव, तजवीज। | ಪ್ರಸ್ತಾಪ | प्रस्ताप | proposal. |
| **पेशकार** | पु. | 1. पेश करनेवाला, आगे रखनेवाला; | ಪೇಶ್‌ಕಾರ; | पेश्कार; | person who introduces, puts forth (a thing etc.); |
| | | 2. न्यायालय में वह कर्मचारी जो न्यायाधीश के समक्ष मुकदमों के कागज-पत्र प्रस्तुत करता है। | ನ್ಯಾಯಾಲಯದಲ್ಲಿ ಕಾಗದ ಪತ್ರಗಳನ್ನು ನ್ಯಾಯಾಧೀಶನ ಮುಂದಿರಿಸುವ ಗುಮಾಸ್ತ | न्यायालयदल्लि कागद पत्रगळन्नु न्यायाधीशन मुंदिरिसुव गुमास्त | court-clerk. |
| **पेशगी** | स्त्री. | मूल्य, पारिश्रमिक आदि का वह अंश जो कोई वस्तु खरीदने से पहले अथवा कोई काम करने से पहले ही दिया जाता है, अग्रिम, अगाऊ, वेतन का वह भाग जो नियत तिथि से पूर्व ही दे दिया जाता है। | ಮುಂಗಡವಾಗಿ ಕೊಡುವ ಹಣ | मुंगडवागि कोडुव हण | advance, earnest money. |
| **पेशा** | पुं. | वह व्यवसाय या धंधा जिससे किसी की जीविका चलती हो। | ವ್ಯವಸಾಯ, ಉದ್ಯೋಗ, ಜೀವನೋಪಾಯ | व्यवसाय, उद्योग, जीवनोपाय | occupation, trade, profession. |
| **पेशाब** | पु. | मूत, मूत्र। | ಮೂತ್ರ, ಉಚ್ಚೆ | मूत्र, उच्चे | urine. |
| **पेशाबघर** | पु. | पेशाब करने के लिए बनाया हुआ स्थान। | ಮೂತ್ರಾಲಯ | मूत्रालय | urinal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पेशी** | स्त्री. | 1. पेश होने की अवस्था या भाव; | ಮುಂದಿರಿಸುವಿಕೆ; | मुंदिरिसुविकं; | being put before, coming before (as a case before a judge); |
| | | 2. न्यायाधीश के सामने मुकदमे का पेश होना; | ನ್ಯಾಯಾಲಯದಲ್ಲಿ ಮೊಕದ್ದಮೆಯ ವಿಚಾರಣೆ | न्यायालयदल्लि, मांकद्दमय विचारणं | hearing of a law suit; |
| | | 3. शरीर के अन्दर मांस के रेशों की वह गुलथी जिससे भिन्न-भिन्न अंगों को मोड़ने, सिकोड़ने आदि में सहायता मिलती है। | ಮಾಂಸಪೇಶಿಗಳು | मांसपेशिगळु | muscle. |
| **पेशेवर** | पु. | पेशे के तौर पर कोई कार्य करनेवाला। | ವ್ಯವಸಾಯಿ | व्यवसायि | professional. |
| **पैंठ** | स्त्री. | 1. ग्रामीण क्षेत्रों में एक स्थान पर लगनेवाला वह अस्थायी बाजार जो सप्ताह के किसी एक दिन लगा करता है; | ಹಳ್ಳಿಗಳಲ್ಲಿ ವಾರಕ್ಕೊಮ್ಮೆ ಆಗುವ ಸಂತೆ; | हळ्ळिगळल्लि वारक्कोम्मं आगुव संतं; | temporary market; |
| | | 2. बाजार लगने का दिन। | ಸಂತೆಯ ದಿನ | संतय दिन | marketing day. |
| **पैंतरा** | पु. | 1. तलवार आदि चलाने या कुश्ती आदि लड़ने में भिड़ने या वार करने से पहले एक दूसरे से बचते हुए कुशलतापूर्वक घूम-फिरकर विभिन्न मुद्राओं में स्थित होना; | ಕುಸ್ತಿ ಅಥವಾ ಕತ್ತಿವರಸೆಯ ಪಟ್ಟು ಅಥವಾ ಯುಕ್ತಿ; | कुस्ति अथवा कत्तिवरेसय पट्टु अथवा युक्ति; | preparatory attitudes or movements of a wrestler; |
| | | 2. चालाकी से भरी हुई कोई चाल। | ಯುಕ್ತಿಯಿಂದ ಹೂಡಿದ ತಂತ್ರ | युक्तियिंद हूडिद तंत्र | stratagem. |
| **पैंतरेबाज** | पु. | 1. वह जो कुश्ती लड़ने या हथियार आदि चलाने का ठीक ढंग जानता हो; | ಕುಸ್ತಿಯ ಪಟ್ಟಿನಲ್ಲಿ ಅಥವಾ ಕತ್ತಿವರಸೆಯಲ್ಲಿ ನಿಪುಣತೆಯುಳ್ಳವ; | कुस्तिय अथवा कत्तिवरसं-पट्टिनल्लि युळ्ळव; | person who knows the way of wrestling or using the arms; |
| | | 2. चालबाज। | ಯುಕ್ತಿಯನ್ನರಿತವ | युक्तियन्नरितव | strategist, dodger. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पैंतरेबाजी** | स्त्री. | पैंतरेबाज होने की अवस्था, कला या भाव। | (ಕುಸ್ತಿ, ಕತ್ತಿವರಸೆ ಗಳಲ್ಲಿ) ನಿಪುಣತೆ | (कुस्ति,कत्तिवरसे-गळल्लि) निपुणतॆ | strategy, dodge. |
| **पैंतालीस** | वि. | जो संख्या में चालीस से पांच अधिक हो, चालीस और पांच। | ನಲವತ್ತೈದು | नलवत्तैदु | forty-five. |
| | पु. | चालीस और पांच के योग की संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है -- 45 | ನಲವತ್ತೈದರ ಸಂಖ್ಯೆ | नलवत्तैदर संख्यॆ | number forty-five. |
| **पैंती** | स्त्री. | तांबे आदि की बनी मुंदरी जिसे पवित्रता की दृष्टि से अनामिका में पहनते हैं। | ಅನಾಮಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಧರಿಸುವ ತಾಮ್ರದ ಉಂಗುರ | अनामिकॆयल्लि धरिसुव ताम्रद उंगुर | a copper ring considered to be very holy worn in the ring finger. |
| **पैंतीस** | वि. | जो संख्या में तीस से पांच अधिक हो, तीस और पांच। | ಮೂವತ್ತೈದು | मूवत्तैदु | thirty-five. |
| | पु. | तीस और पांच के योग की संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है -- 35. | ಮೂವತ್ತೈದರ ಸಂಖ್ಯೆ | मूवत्तैदर संख्यॆ | the number thirty-five. |
| **पैंसठ** | वि. | जो संख्या में साठ से पांच अधिक हो, साठ और पांच। | ಅರುವತ್ತೈದು | अरुवत्तैदु | sixty-five. |
| | पु. | साठ और पांच के योग की संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है -- 65 | ಅರುವತ್ತೈದು ಸಂಖ್ಯೆ | अरुवत्तैदर संख्यॆ | the number sixty-five. |
| **पैगंबर** | पु. | मनुष्यों के पास ईश्वर का संदेश पहुँचानेवाला, ईश्वर का दूत। | ದೇವದೂತ | देवदूत | prophet. |
| **पैगाम** | पु. | किसी को किसी के द्वारा भेजा जानेवाला संदेश या समाचार। | ಸಂದೇಶ | संदेश | message. |
| **पैठ** | स्त्री. | प्रवेश, पहुंच, गति। | ಪ್ರವೇಶ, ಗತಿ | प्रवेश, गति | access (to). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पैठना | अ. क्रि. | किसी स्थान विशेषतः किसी गहरे स्थान के अन्दर प्रवेश करना, घुसना। | ಪ್ರವೇಶಿಸು, ಒಳಹೋಗು | प्रवेशिसु, ओळहोगु | to have access, to enter. |
| पैड़ी | स्त्री. | मकानों आदि में ऊपर चढ़ने की सीढ़ी। | ಮಹಡಿ ಮೆಟ್ಟಲು | महडि मॆट्टलु | staircase. |
| पैतृक | वि. | 1. पिता सम्बन्धी; | ತಂದೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | तंदॆगॆ संबंधिसिद; | relating to father; |
| | | 2. पूर्वजों के समय से चला आया हुआ, पुरखों का। | ಪಿತ್ರಾರ್ಜಿತ | पित्रार्जित | ancestral. |
| पैदल | वि. | पांव-पांव चलनेवाला, बिना सवारी के चलनेवाला। | ಕಾಲ್ನಡಿಗೆಯ | काल्नडिगॆय | pedestrian. |
| | पु. | 1. वह सिपाही जिसे सवारी न मिलती हो और जो पैदल ही चलता हो; | ಪದಾತಿ | पदाति; | footman, infantryman; |
| | | 2. पांव-पांव चलना; | ಕಾಲ್ನಡಿಗೆ; | काल्नडिगॆ; | to walk on foot; |
| | | 3. शतरंज का एक मुहरा जो सीधे चलता है और आड़े मारता है। | ಚದುರಂಗದ ಸಿಪಾಯಿ, ಕಾಯಿ | चदुरंगद सिपायि, कायि | piece of chess which goes straight, pawn. |
| पैदाइश | स्त्री. | उत्पत्ति, प्रादुर्भाव। | ಹುಟ್ಟುವಿಕೆ | हुट्टुविकॆ | birth, production. |
| पैदाइशी | स्त्री. | जन्मजात, कुदरती। | ಜನ್ಮಜಾತ | जन्मजात | inborn, natural. |
| पैदा करना | स. क्रि. | 1. उत्पन्न करना; | ಉತ್ಪನ್ನ ಮಾಡು; | उत्पन्न माडु; | to produce, to make, to manufacture; |
| | | 2. कमाना, अर्जन करना। | ಸಂಪಾದನೆ ಮಾಡು | संपादनॆ माडु | to earn. |
| पैदावार | स्त्री. | अन्न आदि जो खेत में बोने से प्राप्त होता है, फसल। | ಉತ್ಪನ್ನ, ಫಸಲು | उत्पन्न, फसलु | crop, land-produce. |
| पैना (पैनी स्त्री.) | वि. | जिसकी धार बहुत तेज हो, तीक्ष्ण। | ಹರಿತವಾದ, ತೀಕ್ಷ್ಣ | हरितवाद, तीक्ष्ण | sharp, cute. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पैबंद** | पु. | फटे हुए कपड़े की मरम्मत करने के लिए ऊपर से लगाया जानेवाला कपड़े का टुकड़ा। | ತೇಪೆ | तेपे | patch. |
| **पैमाइश** | स्त्री. | 1. नापने या मापने की क्रिया या भाव; | ಅಳೆಯುವಿಕೆ; | अळॆयुविकॆ; | measurement; |
| | | 2. विशेष रूप से जमीनों आदि का क्षेत्रफल जानने के लिए की जानेवाली नाप। | ಭೂಮಿಯನ್ನು ಅಳೆಯುವಿಕೆ | भूमियन्नु अळॆयुविकॆ | survey of land. |
| **पैमाना** | पु. | 1. वह साधन जिससे कोई वस्तु नापी जाए, नाप; | ಅಳೆಯುವ ಸಲಕರಣೆ, ಅಳತೆ ಕೋಲು; | अळॆयुव सलकरणॆ अळतॆकोलु; | scale, measure (for dry or we goods); |
| | | 2. शराब पीने का पात्र। | ಮದ್ಯವನ್ನು ಕುಡಿಯುವ ಪಾತ್ರೆ | मद्यवन्नु कुडियुव पात्रॆ | peg (for drinking liquor). |
| **पैर** | पु. | 1. शरीर का वह अंग जिस पर खड़े होने की दशा में शरीर का सारा भार रहता है तथा जिससे प्राणी चलते हैं, पांव, चरण; | ಪಾದ, ಕಾಲು; | पाद, कालु; | foot; |
| | | 2. पैर का निशान, चरण-चिह्न; | ಪಾದ ಚಿಹ್ನೆ; | पाद चिह्नॆ; | foot-mark, foot-print; |
| | | 3. वह स्थान जहां खेत से फसल काटकर दाने निकालने के लिए फैलाई जाती है, खलिहान। | ಹೊಲದಲ್ಲಿ ಹುಲ್ಲು ಕಾಳು ಬೇರೆ ಮಾಡಲು ಮಾಡಿದ ಜಾಗ, ಕಣ | हॊलदल्लि हुल्लु काळु बेरॆ माडलु माडिद जाग, कण | threshing floor. |
| **पैरवी** | स्त्री. | अभियोग या मुक़दमे के सम्बन्ध में की जानेवाली कार-वाइयां जो जीतने या अपना पक्ष प्रामाणिक सिद्ध करने के लिए की जाती हैं। | ಸ್ವಪಕ್ಷ ಸಮರ್ಥನೆ-ಗಾಗಿ ವಕೀಲರು ನ್ಯಾಯಾಲಯದಲ್ಲಿ ನಡೆಸುವ ವಾದ | स्वपक्ष समर्थनॆ-गागि वकीलरु न्यायालयदल्लि नडॆसुव वाद | advocacy, pursuing a case etc. |
| **पैरवीकार** | पु. | पैरवी करनेवाला। | ಅಡ್ವೊಕೇಟು, ವಕೀಲ, ಅಧಿವಕ್ತ | अड्वोकेटु, वकील, अधिवक्त | advocate, pleader. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पैरा** | पु. | लेख आदि का वह अंश जिसमें कोई बात कही गई हो और जिसकी पहली पंक्ति आरंभ में कुछ जगह छोड़कर लिखी गई हो। | ಪ್ಯಾರ, ಪರಿಚ್ಛೇದ ಪ್ಯಾರಗ್ರಾಫ್ | प्यार, परिच्छेद, प्यारग्राफ | para, paragraph. |
| **पैरोकार** | पु. | पैरवीकार। | ಅಡ್ವೊಕೇಟ್, ವಕೀಲ, ಅಧಿವಕ್ತ | अड्वोकेट्, वकील, अधिवक्त | one who looks after a law-suit. |
| **पैशाचिक** | वि. | 1. पिशाच सम्बन्धी; | ಪಿಶಾಚ ಸಂಬಂಧವಾದ; | पिशाच संबंधवाद; | relating to fiend, fiendish, demonic; |
| | | 2. पिशाचों की तरह का और बीभत्स। | ಪಿಶಾಚಿಯಂತೆ ಘೋರ, ಭಯಂಕರ | पिशाचियंते घोर, भयंकर | demonical, horrible. |
| **पैसा** | पु. | 1. तांबे का सिक्का (रुपये का सौवां भाग); | ಪೈಸಾ; | पैसा; | paisa (hundredth part of a rupee); |
| | | 2. धन-सम्पत्ति। | ಹಣ-ಕಾಸು | हण-कासु | money, wealth. |
| **पोंगा** | वि. | निरा मूर्ख, नासमझ। | ಮೂರ್ಖ, ಬುದ್ಧಿಹೀನ | मूर्ख, बुद्दिहीन | hollow, block-head. |
| **पोंगापंथी** | वि. | मूर्खतापूर्ण। | ಮೂರ್ಖತನದ | मूर्खतनद | foolish, stupid. |
| | स्त्री. | मूर्खतापूर्ण आचरण या व्यवहार। | ಮೂರ್ಖತನದ ವ್ಯವಹಾರ | मूर्खतनद व्यवहार | stupidity, foolishness. |
| **पोंछना (पोछना)** | स. क्रि. | किसी वस्तु पर हाथ, कपड़ा आदि फेरकर उस पर लगा हुआ तरल पदार्थ उठा लेना या धूल आदि साफ कर देना। | ಒರಸು, ಧೂಳು ಹೊಡೆ | ओरसु, धूळु हॊडॆ | to wipe, to clean. |
| | पु. | पोंछने के काम आनेवाला कपड़ा। | ಒರಸುವ ಬಟ್ಟೆ | ओरसुव बट्टॆ | duster. |
| **पोखर (पोखरा)** | पु. | वह गहरा तथा विस्तृत गड्ढा जिसमें बरसाती पानी जमा होता हो, छोटा ताल। | ಕೊಳ | कॊळ | pond. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पोटली** | स्त्री. | छोटी गठरी, छोटे से वस्त्र में कस कर बांधी हुई छोटी सी वस्तु। | ಸಾಮಾನಿನ ಸಣ್ಣ ಗಂಟು | सामानिन सण्ण गंटु | small bundle. |
| **पोत** | पु. | 1. कपड़े की बुनावट; 2. जहाज। | ಬಟ್ಟೆಯ ನೆಯ್ಗೆ; ಹಡಗು; | बट्टॆय नॆय्गॆ; हडगु | texture; a ship. |
| | स्त्री. | कांच का छोटा दाना। | ಗಾಜಿನ ಮಣಿ | गाजिन मणि | small glass bead. |
| **पोतना** | स. क्रि. | किसी तरल पदार्थ को अन्य वस्तु पर फैलाकर लगाना, किसी वस्तु पर किसी गीले या सूखे पदार्थ को इस प्रकार लगाना कि उसकी उस पर तह जम जाए। | ಬಳಿಯು | बळियु | to besmear, to whitewash. |
| **पोतपरिवहन** | पु. | जलमार्ग यातायात। | ನೌಕಾ ಸಾರಿಗೆ | नौका सारिगॆ | shipping. |
| **पोता (पोती स्त्री.)** | पु. | बेटे का बेटा। | ಮಗನ ಮಗ (ಮಗಳು) | मगन मग (मगळु) | grand-son, |
| **पोताई (पुताई)** | स्त्री. | पोतने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಬಳಿಯುವಿಕೆ, ಬಳಿದುದರ ಕೂಲಿ | बळियुविकॆ, बळिदुदर कूलि | the act of white-washing, price paid for whitewashing. |
| **पोथी** | स्त्री. | पुस्तक, ग्रन्थ। | ಗ್ರಂಥ, ಪುಸ್ತಕ | ग्रंथ, पुस्तक | book. |
| **पोना** | स. क्रि. | 1. आटे की लोई से रोटी बनाना; | ನಾದಿದ ಹಿಟ್ಟಿನಿಂದ ರೊಟ್ಟಿ ಮಾಡು; | नादिद हिट्टिनिंद रॊट्टि माडु; | to spread doughed flour into a bread (in order to bake it); |
| | | 2. रोटी पकाना या सेंकना; 3. पिरोना। | ರೊಟ್ಟಿ ಸುಡು; ಪೋಣಿಸು | रॊट्टि सुडु; पोणिसु | to bake the 'Roti'; to thread, to string, to needle (pearls, beads etc.). |
| **पोप** | पु. | ईसाइयों के रोमन कैथोलिक संप्रदाय का प्रधान धर्माचार्य। | ಕ್ರೈಸ್ತರ ಪ್ರಧಾನ, ಧರ್ಮಗುರು ಪೋಪ್ | क्रैस्तर प्रधान, धर्मगुरु पोप् | the Pope. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पोपला** | वि. | 1. जो अन्दर से बिलकुल खाली हो; | ಟೊಳ್ಳಾದ; | टॊळ्ळाद; | empty; |
| | | 2. बिना दांत का (मुंह)। | ಹಲ್ಲಿಲ್ಲದ (ಬೊಚ್ಚುಬಾಯಿ) | हल्लिल्लद (बॊच्चुबायि) | toothless, one who has lost his teeth. |
| **पोपलीला** | स्त्री. | धर्म का आडंबर, आडंबरपूर्ण कार्य। | ಧರ್ಮಾಡಂಬರ | धर्माडंबर | show of religiosity. |
| **पोर** | स्त्री. | 1. उंगली, अंगूठे आदि का कोई जोड़; | ಬೆರಳು ಅಥವಾ ಅಂಗುಷ್ಠದ ಗೆಣ್ಣು; | बॆरळु अथवा अंगुष्ठद गॆण्णु; | a joint in any finger or thumb etc.; |
| | | 2. उक्त दो जोड़ों के बीच का भाग या विस्तार; | ಬೆರಳಿನ ಎರಡು ಗೆಣ್ಣುಗಳ ನಡುವಣ ಅಂತರ; | बॆरळिन ऎरडु गॆण्णुगळ नडुवण अंतर; | space between the joints of a finger etc.; |
| | | 3. जोड़ोंवाली किसी वस्तु के जोड़ों के बीच का भाग। | ಗೆಣ್ಣುಳ್ಳ ಯಾವುದೇ ಪದಾರ್ಥದ ಎರಡು ಗೆಣ್ಣುಗಳ ಮಧ್ಯ ಭಾಗ | गॆण्णुळ्ळ यावुदे पदार्थद ऎरडु गॆण्णुगळ मध्य भाग | space between two joints or articulations. |
| **पोल** | स्त्री. | 1. किसी वस्तु के भीतर की खाली जगह; | ಪೊಳ್ಳು, ಟೊಳ್ಳು; | पॊळ्ळु, टॊळ्ळु; | emptiness, hollowness; |
| | | 2. ऐसी स्थिति जो ऊपर से देखने में तो आडंबर पूर्ण लगे किन्तु जिसमें सार कुछ भी न हो, निस्सारता। | ಸಾರವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | सारविल्ल-दिरुविकॆ | illusion. |
| | पु. | नगर का मुख्य प्रवेशद्वार। | ಪಟ್ಟಣದ ಪ್ರವೇಶ ದ್ವಾರ | पट्टणद प्रवेश द्वार | main gate or an entrance of a city. |
| **पोला** | वि. | 1. जो भीतर से खाली हो; | ಟೊಳ್ಳಾದ; | टॊळ्ळाद; | empty; |
| | | 2. जिसके अंदर उचित या पूरा भराव न हो, जो कड़ा या ठोस न हो; | ತುಂಬಿರದ; | तुंबिरद; | soft, flabby; |
| | | 3. जिसमें विशेष तत्व या सार न हो। | ಸಾರಹೀನ | सारहीन | hollow. |
| **पोशाक** | स्त्री. | 1. पहनावा, लिबास; | ಉಡಿಗೆ-ತೊಡಿಗೆ; | उडिगॆ-तॊडिगॆ; | dress; |
| | | 2. पहनने के कपड़े। | ಉಡುಪು, ಧರಿಸುವ ವಸ್ತ್ರ | उडुपु, धरिसुव वस्त्र | attire. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पोषक** | वि. | पोषण करनेवाला, बढ़ानेवाला। | ಪೋಷಕ | पोषक | one who feeds or nourishes. |
| **पोषण तत्व** | पुं. | पोषण करनेवाले अंश, विटामिन। | ಪೋಷಕ ತತ್ವ, ವಿಟಮಿನ್ | पोषक तत्व, विटमिन् | vitamins. |
| **पोषण** | पु. | 1. लालन-पालन; 2. किसी काम या बात की पुष्टि या समर्थन। | ಪೋಷಣೆ | पोषणॆ | bringing up; to support. |
| **पोसना** | स. क्रि. | आहार आदि देकर बड़ा करना, पालन करना। | ಪೋಷಿಸು | पोषिसु | to bring up. |
| **पोस्त (पोस्ता)** | पु. | एक प्रकार का पौधा जिसके डोडों से अफीम तैयार की जाती है। | ಅಫೀಮಿನ ಗಿಡ; | अफीमिन गिड | poppy plant. |
| **पोस्ती** | वि. | 1. अफीम का सेवन करनेवाला; | ಅಫೀಮು ವ್ಯಸನಿ; | अफीमु व्यसनि; | opium addict; |
| | | 2. काहिल, अकर्मण्य, आलसी। | ಸೋಮಾರಿ, ಕೆಲಸಗಳ್ಳ | सोमारि, कॆलसगळ्ळ | lazy, indolent. |
| | पु. | एक खिलौना जो नीचे की ओर भारी होता है और लिटाने पर फिर खड़ा हो जाता है। | ಮಲಗಿಸಿದರೆ ಎದ್ದು ಕೂಡುವಂತಹ ಬೊಂಬೆ | मलगिसिदरॆ एद्दु कूडुवंतह बॊंबॆ | a kind of toy. |
| **पौ** | पू. | 1. सूर्योदय से पहले दिखाई देनेवाला हलका प्रकाश; | ಅರುಣೋದಯ ಸಮಯದ ಬೆಳಕು; | अरुणोदय समयद बॆळकु; | the dim light before sunrise, early dawn; |
| | | 2. पासे का वह तल जिमसें एक बिंदी रहती है; | ದಾಳದಲ್ಲಿನ ಒಂದರ ಗುರುತು; | दाळदल्लिन ऒंदर गुरुतु; | the one or ace on dice; |
| | | 3. पौसला, प्याऊ। | ಅರವಟ್ಟಿಗೆ | अरवट्टिगॆ | shed on the road-side for accommodating travellers with water. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पौआ (पौवा)** | पु. | 1. एक सेर का चौथाई भाग; | ಕಾಲು ಸೇರು; | कालु सेरु; | weight or measure of a quarter of a seer; |
| | | 2. इस मान का बटखरा या पात्र। | ಪಾವಿನ ಅಳತೆ ಬಟ್ಟು, ಪಾತ್ರ | पाविन अळते बट्टु, पात्र | quart measure. |
| **पौत्र** | स्त्री. | बेटे का बेटा। | ಮಗನ ಮಗ, ಮೊಮ್ಮಗ | मगन मग, मोम्मग | grand-son, son's son. |
| **पौध** | स्त्री. | 1. नया निकलता हुआ छोटा पौधा जिसे प्रायः गमलों और क्यारियों में पोसा जाता है तथा बाद में दूसरी जगह लगा दिया जाता है; | ಮೊಳಕೆ; | मोळके; | young plants (for transplantation); |
| | | 2. नई पीढ़ी। | ಹೊಸ ಜನಾಂಗ | होस जनांग | new generation. |
| **पौधा** | पुं. | छोटा पेड़, नया पेड़। | ಗಿಡ | गिड | plant, young plant. |
| **पौना (पौन)** | वि. | तीन चौथाई, पूरे एक में चौथाई कम। | ಮುಕ್ಕಾಲು | मुक्कालु | three fourth, three quarters. |
| | पु. | 1. पौने का पहाड़ा; | ಮುಕ್ಕಾಲರ ಮಗ್ಗಿ; | मुक्कालर मग्गि; | a multiplication table in which the multiples of 3/4 are recorded; |
| | | 2. एक प्रकार की कलछी। | ಉದ್ದ ಕೈನ ಸಟ್ಟುಗ | उद्द कैन सट्टुग | a ladle with a long handle. |
| **पौर** | पु. | नगर-निवासी, नागरिक। | ಪೌರ, ನಾಗರಿಕ | पौर, नागरिक | citizen. |
| | वि. | पुर सम्बन्धी, नगर का। | ನಗರ ಸಂಬಂಧವಾದ | नगर संबंधवाद | relating to a city or town. |
| **पौराणिक** | वि. | पुराण सम्बन्धी, पुराण का। | ಪುರಾಣಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | पुराणगळिगॆ संबंधिसिद | relating to or belonging to the Puranas, mythological. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | पुराण का जानकार व्यक्ति, पुराणवाचक। | ಪುರಾಣಿಕ | पुराणिक | well-read in the Puranas. |
| **पौरुष** | पु. | पुरुषार्थ, पराक्रम, उद्यम। | ಪೌರುಷ, ಪರಾಕ್ರಮ | पौरुष, पराक्रम | effort, heroism, valour. |
| **पौरुषेय** | वि. | मनुष्यकृत, मनुष्य का बनाया हुआ, मानवीय। | ಮಾನವಕೃತ | मानवकृत | the work of man, manmade, human. |
| **पौरोहित्य** | पु. | पुरोहित का पद या कर्म। | ಪೌರೋಹಿತ್ಯ | पौरोहित्य | priesthood and its functions. |
| **पौर्वात्य** | वि. | पूर्व दिशा का। | ಪೂರ್ವ ದಿಕ್ಕಿನ | पूर्व दिक्किन | eastern, belonging to east. |
| **पौर्वापर्य** | पु. | 1. पूर्व और पर अर्थात् आगे-पीछे होने की अवस्था या भाव; | ಪೂರ್ವಾಪರ ಸಂಬಂಧ; | पूर्वापर संबंध; | the relation of prior and posterior; |
| | | 2. अनुक्रम, सिलसिला। | ಅನುಕ್ರಮ | अनुक्रम | due order, succession. |
| **पौष** | पु. | अगहन के बाद और माघ से पहले का महीना। | ಪುಷ್ಯಮಾಸ | पुष्यमास | the ninth solar month of the Hindus (Dec. — Jan., the full moon of which is near Pushya). |
| **पौष्टिक** | वि. | पुष्ट बनानेवाला, शक्ति-वर्धक। | ಪುಷ್ಟಿಕರವಾದ | पुष्टिकरवाद | nutritive, nutritious. |
| **प्याऊ** | पु. | वह स्थान जहां राह चलते लोगों को पानी आदि पिलाया जाता है। | ಅರವಟ್ಟಿಗೆ | अरवट्टिगे | water-booth. |
| **प्याज** | पु. | तेज गंधवाला एक प्रसिद्ध मूल जिसका स्वाद तीखा होता है। | ಈರುಳ್ಳಿ | ईरुळ्ळि | onion. |
| **प्यादा** | पु. | 1. वह सैनिक जो पैदल चलता हो; | ಪದಾತಿ; | पदाति; | foot-soldier; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पैदल चलनेवाला व्यक्ति; | ಕಾಲ್ನಡಿಗೆಯವ; | काल्नडिगेयव; | footman, pedestrian; |
| | | 3. शतरंज का एक मौहरा जो सीधे चलता है और तिरछा मारता है; | (ಚದುರಂಗ) ಪ್ಯಾದೆ | (चदुरंग) प्यादे; | pawn (in chess); |
| | | 4. हरकारा। | ಹರಿಕಾರ, ಆಳು | हरिकार, आळु | a peon. |
| प्यार | पु. | 1. प्रेम, महब्बत; | ಪ್ರೀತಿ; | प्रीति; | love, affection; |
| | | 2. प्रेमपूर्वक किया जानेवाला स्पर्श, चुम्बन आदि। | ಪ್ರೀತಿಯ ಮುತ್ತು | प्रीतिय मुत्तु | a kiss. |
| प्यारा | वि. | 1. जो प्रेम का पात्र हो; | ಪ್ರೇಮಪಾತ್ರ; | प्रेमपात्र; | beloved, dear; |
| | | 2. जो देखने में अच्छा और भला लगे; | ಸುಂದರ; | सुंदर; | lovely; |
| | | 3. जिसके प्रति बहुत अधिक ममता हो। | ಮುದ್ದಿನ | मुद्दिन | darling. |
| प्याला | पु. | कटोरी के आकार का एक प्रसिद्ध पात्र जो नीचे की अपेक्षा ऊपर से कुछ अधिक चौड़ा होता है, जिसमें प्रायः चाय आदि पीते हैं। | ಕಪ್ಪು, ಪಾತ್ರೆ | कप्पु, पात्रे | cup, a drinking vessel. |
| प्यास | स्त्री. | 1. वह स्थिति जिसमें जल या कोई अन्य तरल पदार्थ पीने की उत्कट इच्छा होती हैं, जो शरीर में जलीय अंश की कमी हो जाने पर होती है; | ಬಾಯಾರಿಕೆ; | बायारिके; | thirst, desire to drink; |
| | | 2. प्रबल इच्छा या कामना। | ಬಯಕೆ | बयके | longing, craving. |
| प्यासा | वि. | 1. जिसे प्यास लगी हो; | ಬಾಯಾರಿದ; | बायारिद; | thirsty; |
| | | 2. जिसे कोई प्रबल कामना या इच्छा हो। | ಬಯಕೆಯುಳ್ಳ | बयकेयुळ्ळ | desiring, longing. |
| प्रकट | वि. | जिसका प्रादुर्भाव हुआ हो। | ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ; ಪ್ರಾದುರ್ಭಾವವಾದ | प्रकटगोंड, प्रादुर्भाववाद | manifest, emergent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रकटित** | वि. | प्रकाशित, प्रकट किया हुआ। | ಪ್ರಕಾಶಿತವಾದ, ಹೊರಬಿದ್ದ | प्रकाशितवाद, हॉरबिद्द | made public, disclosed, revealed. |
| **प्रकरण** | पु. | 1. प्रसंग, संदर्भ; | ಸಂದರ್ಭ, ಪ್ರಸಂಗ; | संदर्भ, प्रसंग; | context; |
| | | 2. किसी ग्रंथ या पुस्तक का वह भाग जिसमें किसी एक विषय का प्रतिपादन हो, परिच्छेद; | ಗ್ರಂಥದ ಪರಿಚ್ಛೇದ; | ग्रंथद परिच्छेद; | chapter; |
| | | 3. नाटक का एक भेद। | ನಾಟಕ ಭೇದ, ದೃಶ್ಯ ಕಾವ್ಯ ಭೇದ | नाटक भेद, दृश्य काव्य भेद | a kind of drama with a fictitious plot. |
| **प्रकर्ष** | पुं. | 1. उत्कर्ष, उत्तमता; | ಉತ್ತಮತೆ; | उत्तमतॆ; | eminence, excellence; |
| | | 2. अधिकता, बहुतायत। | ಅಧಿಕತೆ | अधिकतॆ | intensity, excess. |
| **प्रकांड** | वि. | 1. उत्तम, सर्वश्रेष्ठ; | ಸರ್ವಶ್ರೇಷ್ಠ; | सर्वश्रेष्ठ; | outstanding, eminent; |
| | | 2. बहुत बड़ा। | ಬಹಳ ದೊಡ್ಡ | बहळ दॊड्ड | huge, large. |
| **प्रकार** | पु. | 1. भेद; | ತರಹ; | तरह; | description; |
| | | 2. प्रक्रिया, ढंग; | ರೀತಿ; | रीति; | manner; |
| | | 3. किस्म। | ಮಾದರಿ, ಪ್ರಕಾರ | मादरि, प्रकार | kind, type. |
| **प्रकाश** | पु. | ज्योतिष्मान् पदार्थों से उत्पन्न होनेवाली वह शक्ति जो ईथर या आकाश तत्व के द्वारा चारों ओर फैलती है, उजाला। | ಬೆಳಕು | बॆळकु | light. |
| **प्रकाशक** | वि. | 1. प्रकाशन करनेवाला; | ಬೆಳಕು ಕೊಡುವ; | बॆळकु कॊडुव; | one who or that which illuminates, an illuminator; |
| | | 2. प्रकट करनेवाला, अभिव्यक्त करनेवाला। | ಪ್ರಕಾಶಗೊಳಿಸುವ | प्रकाशगॊळिसुव | one who discloses, discloser. |
| | पु. | पुस्तक आदि को छपवाकर प्रकट करनेवाला। | ಪುಸ್ತಕ ವಗೈರೆ ಮುದ್ರಿಸಿ ಪ್ರಕಟಣೆ ಮಾಡುವವ | पुस्तक वगैरॆ मुद्रिसि प्रकटणॆ माडुवव | publisher. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रकाशन** | पु. | 1. प्रकाश में या सबके सामने लाने की क्रिया या भाव; | ಪ್ರಕಟಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | प्रकटगॊळिसुविकॆ; | the act of bringing a thing into light; |
| | | 2. ग्रन्थ आदि छपवाकर बेचने या प्रचार करने का व्यवसाय; | (ಪುಸ್ತಕ) ಮುದ್ರಿಸಿ ಪ್ರಕಟಗೊಳಿಸಿ ಪ್ರಚಾರ ಮಾಡುವಿಕೆ | (पुस्तक) मुद्रिसि प्रकट गॊळिसि प्रचार माडुविकॆ | publishing; |
| | | 3. प्रकाशित की जानेवाली कोई पुस्तक। | ಪ್ರಕಾಶಿಸಲ್ಪಡುವ ಪುಸ್ತಕ | प्रकाशिसल्पडुव पुस्तक | publication. |
| **प्रकाशमान** | वि. | चमकता हुआ, चमकीला। | ಪ್ರಕಾಶಮಾನವಾದ, ಹೊಳೆಯುವ | प्रकाशमानवाद, हॊळॆयुव | glowing, shining. |
| **प्रकाशवर्ष** | पु. | आकाशस्थ पिंडों या तारों की दूरी नापने का एक मान जो प्रकाश की गति के विचार से स्थिर किया गया है और जो उतनी दूरी का सूचक है जितनी प्रकाश एक वर्ष में पार करता है। | ಪ್ರಕಾಶವರ್ಷ | प्रकाशवर्ष | light year. |
| **प्रकाशस्तंभ** | पु. | समुद्र में बना हुआ वह स्तंभ जिसमें बहुत तीव्र प्रकाश की व्यवस्था होती है जिससे जलयान, वायुयान आदि रात के समय मार्ग का निश्चय करते हैं। | ಪ್ರಕಾಶಸ್ತಂಭ | प्रकाशस्तंभ | light-house. |
| **प्रकाशित** | वि. | 1. प्रकाश से युक्त किया अथवा प्रकाश में लाया हुआ; | ಪ್ರಕಾಶಯುಕ್ತ; | प्रकाशयुक्त; | with light, brought to light; |
| | | 2. प्रकट किया हुआ; | ಹೊರಬಿದ್ದ; | हॊरबिद्द; | revealed; |
| | | 3. (ग्रन्थ आदि) छपवाकर सबके सामने लाया हुआ। | ಪುಸ್ತಕ ಮುದ್ರಿಸಿ ಪ್ರಕಟಗೊಳಿಸಿದ | पुस्तक मुद्रिसि प्रकटगॊळिसिद | published. |
| **प्रकीर्ण** | वि. | 1. फैलाया हुआ, बिखेरा हुआ; | ಹರಡಿದ; | हरडिद; | spread out, scattered; |
| | | 2. मिला-जुला, जिसमें अनेक प्रकार की चीजें हों। | ಅನೇಕ ತರಹೆಯ ವಸ್ತುಗಳು ಮಿಶ್ರಿತವಾದ | अनेक तरहॆय वस्तुगळु मिश्रितवाद | a miscellany. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रकृत** | वि. | 1. जिसका प्रसंग छिड़ा हो; | ಪ್ರಕೃತ ಸಂದರ್ಭದ; | प्रकृत संदर्भद; | commenced; |
| | | 2. स्वाभाविक; | ಸ್ವಾಭಾವಿಕ; | स्वाभाविक; | natural; |
| | | 3. साधारण, सहज। | ಸಹಜ | सहज | normal. |
| **प्रकृति** | स्त्री. | 1. स्वभाव, मिजाज; | ಸ್ವಭಾವ; | स्वभाव; | temperament, disposition; |
| | | 2. जगत का उपादान कारणरूप मूलतत्व; | ಮೂಲತತ್ವ-ಪ್ರಕೃತಿ; | मूलतत्व-प्रकृति; | nature, original or primary substance; |
| | | 3. भारतीय राजनीति में अमात्य, सुहृद, आदि राज्यांग; | ಮಂತ್ರಿ ಆದಿ ರಾಜ್ಯಾಂಗ | मंत्रि आदि राज्यांग; | king's minister; |
| | | 4. व्याकरण में वह मूल शब्द जिसमें प्रत्यय आदि लगाए जाते हैं। | ವ್ಯಾಕರಣದಲ್ಲಿ ಪ್ರತ್ಯಯ ಹತ್ತುವ ಮುನ್ನಿನ ಶಬ್ದ ರೂಪ, ಮೂಲಶಬ್ದ | व्याकरणदल्लि प्रत्यय हत्तुव मुन्निन शब्द रूप, मूल शब्द | (in grammar) the crude or elementary form of a word. |
| **प्रकृतिस्थ** | वि. | जो अपने स्वभाव या स्वरूप में स्थित हो, क्षोभ आदि विकार से रहित। | ವಿಕಾರರಹಿತವಾದ, ಸ್ವಾಭಾವಿಕವಾಗಿರುವ | विकाररहितवाद, स्वभाविकवागिरुव | composed, normal. |
| **प्रकृष्ट** | वि. | 1. उत्तम, श्रेष्ठ; | ಶ್ರೇಷ್ಠ; | श्रेष्ठ; | best, excellent; |
| | | 2. प्रधान, मुख्य; | ಪ್ರಧಾನ; | प्रधान; | principal, chief; |
| | | 3. खींचा या बढ़ाया हुआ। | ಎಳೆದ | एळॆद | drawn forth. |
| **प्रकोप** | पुं. | 1. अत्यधिक कोप; | ಬಹಳ ಸಿಟ್ಟು; | बहळ सिट्टु; | wrath, rage; |
| | | 2. किसी बीमारी का जोर; | ರೋಗ ಹೆಚ್ಚಾಗುವಿಕೆ; | रोग हॆच्चागुविकॆ; | epidemic; |
| | | 3. किसी रोग की तीव्र अवस्था। | ಬೇನೆಯ ತೀವ್ರತೆ | बेनॆय तीव्रतॆ | an attack (medic). |
| **प्रकोष्ठ** | पुं. | 1. बांह का कलाई से लेकर कुहनी तक का भाग; | ಮಣಿಕಟ್ಟಿನಿಂದ ಮೊಳಕೈವರೆಗಿನ ತೋಳಿನ ಭಾಗ; | मणिकट्टिनिंद मॊळकैवरॆगिन तोळिन भाग; | the fore-arm, the part above the wrist; |
| | | 2. इमारत के भीतर का आंगन; | ಒಳ ಅಂಗಳ; | ऒळ अंगळ; | courtyard; |
| | | 3. मुख्य द्वार के पास का कमरा; | ಹೆಬ್ಬಾಗಿಲ ಬಳಿಯ ಕೋಣೆ; | हॆब्बागिल बळिय कोणॆ; | room near the gate of a palace; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. आजकल संसद्, विधान-सभा आदि के बाहर का वह कमरा, बरामदा या प्रांगण जहां बैठकर सदस्य परस्पर बातचीत करते हैं तथा पत्रकारों आदि से मिलते हैं। | ಸಭಾ ಕಕ್ಷ, ಮೊಗಸಾಲೆ | सभा कक्ष, मॊगसालॆ | lobby. |
| **प्रक्रम** | पु. | 1. क्रम, सिलसिला; 2. कोई वस्तु बनाने या तैयार करने की सारी क्रियाएं, प्रक्रिया; | ಕ್ರಮ; ಪ್ರಕ್ರಿಯೆ, | क्रम; प्रक्रियॆ; | sequence; process; |
| | | 3. वह उपाय या योजना जो कोई कार्य आरम्भ करने से पहले की जाए। | ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತೆ; | पूर्वसिद्धतॆ | method. |
| **प्रक्रिया** | स्त्री. | 1. कोई काम करने या वस्तु बनाने की वह निश्चित और विशिष्ट क्रिया या प्रकार जिससे वह ठीक तरह से सम्पन्न या प्रस्तुत की जा सके; | ಕ್ರಮವರಿತು ಸರಿಯಾದ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ ಕಾರ್ಯ ಮಾಡುವಿಕೆ; | क्रमवरितु सरियाद रीतियल्लि कार्य माडुविकॆ; | process; |
| | | 2. व्याकरण में शब्द अथवा उसके प्रयोग का किया जानेवाला साधन। | ವ್ಯಾಕರಣದಲ್ಲಿ ಶಬ್ದ ಸಾಧನಾಕ್ರಮ | व्याकरणदल्लि शब्द साधनाक्रम | (in gram) rules for the inflexion of words. |
| **प्रक्षालन** | पु. | पानी से साफ करना, धोना। | ತೊಳೆಯುವಿಕೆ | तॊळॆयुविकॆ | to wash with water, to wash. |
| **प्रक्षिप्त** | वि. | 1. फेंका हुआ, डाला हुआ; 2. पीछे से जोड़ा या मिलाया हुआ। | ಎಸೆಯಲ್ಪಟ್ಟ; ಮೂಲದಲ್ಲಿಲ್ಲದ, ಮೇಲಿಂದ ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | ऎसॆयल्पट्ट; मूलदल्लिल्लद, मेलिंद सेरिसल्पट्ट | thrown or cast at; interpolated. |
| **प्रक्षेप** | पु. | 1. फेंकना, डालना; 2. पुस्तक आदि का वह अंश जो बाद में जोड़ा या मिलाया गया हो; | ಎಸೆಯುವಿಕೆ; ಪುಸ್ತಕದಲ್ಲಿ ಹೊಸದಾಗಿ ಸೇರಿಸಿದ ಅಂಶ; | ऎसॆयुविकॆ; पुस्तकदल्लि हॊसदागि सेरिसिद अंश; | throwing, casting; interpolation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. व्यापार में लगा हुआ किसी हिस्सेदार का मूलधन। | ವ್ಯಾಪಾರದಲ್ಲಿ ಭಾಗಸ್ಥನು ಇಟ್ಟ ಮೂಲಧನ. | व्यापारदल्लि भागस्तनु इट्ट मूलधन | the sum deposited by each member of a commercial company. |
| **प्रक्षेपण** | पु. | फेंकना, डालना। | ಎಸೆಯುವಿಕೆ | एसेयुविके | throwing. |
| **प्रखर** | वि. | तीक्ष्ण, प्रचण्ड, उग्र। | ತೀಕ್ಷ್ಣ, ಉಗ್ರ | तीक्ष्ण, उग्र | sharp, acute, fierce. |
| **प्रखरता** | स्त्री. | प्रखर होने की अवस्था, गुण या भाव। | ತೀಕ್ಷ್ಣತೆ | तीक्ष्णतें | sharpness, acuteness, fierceness. |
| **प्रख्यात** | वि. | बहुत प्रसिद्ध। | ಪ್ರಸಿದ್ಧವಾದ | प्रसिद्धवाद | famous. |
| **प्रगति** | स्त्री. | आगे बढ़ना, उन्नति। | ಪ್ರಗತಿ | प्रगति | progress. |
| **प्रगतिवाद** | पु. | एक आधुनिक साहित्यिक वाद जिसका मुख्य उद्देश्य जनवादी शक्तियों को संघटित करके मार्क्सवाद और भौतिक यथार्थवाद के लक्षित उद्देश्यों की सिद्धि करना है। | ಪ್ರಗತಿವಾದ | प्रगतिवाद | progressivism. |
| **प्रगतिवादी** | वि. | प्रगतिवाद सम्बन्धी, प्रगतिवाद का। | ಪ್ರಗತಿವಾದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | प्रगतिवादक्कें संबंधिसिद | pertaining to progressivism. |
| | पु. | प्रगतिवाद का अनुयायी या समर्थक। | ಪ್ರಗತಿವಾದಿ | प्रगतिवादि | a progressivist. |
| **प्रगतिशील** | वि. | जो आगे बढ़ रहा हो या उन्नति कर रहा हो। | ಪ್ರಗತಿಶೀಲ | प्रगतिशील | progressive. |
| **प्रगल्भ** | वि. | 1. चतुर, दक्ष; 2. बोलने में संकोच न करनेवाला, वाचाल; | ಚತುರ, ದಕ್ಷ; ಸ್ಪಷ್ಟವಾದಿ, ಮಾತುಗಾರ; | चतुर, दक्ष; स्पष्टवादि, मातुगार; | skilful; outspoken, bold in speech, precocious; |
| | | 3. धृष्ट, उद्धत। | ದಿಟ್ಟತನದ | दिट्टतनद | audacious, arrogant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रगल्भता** | स्त्री. | प्रगल्भ होने की अवस्था या भाव। | ಪ್ರಗಲ್ಭತೆ | प्रगल्भतॆ | audacity, arrogance. |
| **प्रगाढ़** | वि. | 1. बहुत अधिक;<br>2. घना;<br>3. बहुत गाढ़ा या गहरा। | ಅತ್ಯಧಿಕ;<br>ಸಾಂದ್ರವಾದ;<br>ಆಳವಾದ | अत्यधिक;<br>सांद्रवाद;<br>आळवाद | much;<br>dense;<br>profound, deep. |
| **प्रचंड** | वि. | अति तीव्र, घोर, भीषण। | ಪ್ರಚಂಡವಾದ | प्रचंडवाद | excessively violent, furious. |
| **प्रचंडता** | स्त्री. | प्रचंड होने का भाव या स्थिति। | ಪ್ರಚಂಡತೆ | पचंडतॆ | violence. |
| **प्रचलन** | पु. | 1. प्रथा, रिवाज;<br>2. उपयोग, व्यवहार आदि में आना। | ಪದ್ಧತಿ, ವಾಡಿಕೆ;<br>ಬಳಕೆಗೆ ಬರುವಿಕೆ | पद्धति, वाडिकॆ;<br>बळकॆगॆ बरुविकॆ | custom;<br>usage, currency. |
| **प्रचलित** | वि. | 1. जो उपयोग, व्यवहार आदि में आ रहा हो;<br>2. जिसका प्रचलन हो;<br>3. कार्य या व्यवहार के रूप में चलाया या लाया हुआ। | ಬಳಕೆಯಲ್ಲಿರುವ<br>ಚಲಾವಣೆಯಲ್ಲಿರುವ;<br>ವ್ಯವಹಾರದಲ್ಲಿರುವ | बळकॆयल्लिरुव<br>चलावणॆयल्लिरुव;<br>व्यवहारदल्लिरुव | in usage;<br>current;<br>in force. |
| **प्रचार** | पुं. | 1. किसी वस्तु या बात का बार-बार व्यवहार में आना या चलता रहना;<br>2. वह प्रयास जो किसी सिद्धान्त आदि को जनता में फैलाने के लिए विशेषरूप से किया जाता है और जिसका प्रमुख उद्देश्य किसी वस्तु को लोकप्रिय बनाना अथवा उसे हेय सिद्ध करना होता है;<br>3. प्रसिद्धि। | ಪ್ರಚಾರ | प्रचार | prevalence, currency;<br>propaganda;<br>publicity. |
| **प्रचारक** | पु.वि. | प्रचार करनेवाला। | ಪ್ರಚಾರಕ | प्रचारक | propagator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रचारित** | वि. | जिसका प्रचार हुआ या किया गया हो। | ಪ್ರಚಾರ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | प्रचार माडल्पट्ट | made public or known, circulated. |
| **प्रचुर** | वि. | बहुत अधिक, प्रभूत। | ಅತ್ಯಧಿಕ | अत्यधिक | abundant, plentiful. |
| **प्रचुरता** | स्त्री. | प्रचुर होने का भाव, आधिक्य। | ಆಧಿಕ್ಯ | आधिक्य | abundance, plenty. |
| **प्रच्छन्न** | वि. | ढका हुआ, छिपा हुआ। | ಮರೆಯಲ್ಲಿರುವ | मरॆयल्लिरुव | covered, hidden. |
| **प्रजनन** | पु. | 1. अपने ही जैसे नये जीवों को जन्म देकर अपने वंश या वर्ग की वृद्धि करना, सन्तान उत्पन्न करना; | ವಂಶವನ್ನು ಬೆಳೆಸುವಿಕೆ; | वंशवन्नु बॆळॆसुविकॆ; | reproduction; |
| | | 2. जीवों का होनेवाला जन्म; | ಉತ್ಪತ್ತಿ; | उत्पत्ति; | bringing forth; |
| | | 3. पशुओं आदि को पालपोसकर उनकी उन्नति और वृद्धि करना। | ಪಶು ಸಂತತಿಯನ್ನು ಬೆಳೆಸುವಿಕೆ | पशु संततियन्नु बॆळॆसुविकॆ | breeding. |
| **प्रजा** | स्त्री. | 1. किसी राज्य या राष्ट्र की जनता; | ಜನತೆ, ಪ್ರಜೆಗಳು; | जनतॆ, प्रजॆगळु; | subjects, public; |
| | | 2. संतान, औलाद। | ಮಕ್ಕಳು, ಸಂತಾನ | मक्कळु, संतान | issues,children. |
| **प्रजातंत्र** | पु. | प्रजा या प्रजा के प्रतिनिधियों द्वारा परिचालित शासन-व्यवस्था। | ಪ್ರಜಾಪ್ರಭುತ್ವ | प्रजाप्रभुत्व | democracy. |
| **प्रजापति** | पु. | सृष्टि का रचयिता, ब्रह्मा। | ಸೃಷ್ಟಿಕರ್ತ, ಬ್ರಹ್ಮ | सृष्टिकर्त, ब्रह्म | lord of creatures, Brahma. |
| **प्रज्ञा** | स्त्री. | बुद्धि, विवेक, मति, समझ। | ಪ್ರಜ್ಞೆ, ಬುದ್ಧಿ, ವಿವೇಕ | प्रज्ञॆ, बुद्धि, विवेक | intelligence, discrimination, understanding. |
| **प्रज्ञाचक्षु** | पु. | अंधा व्यक्ति। | ಕುರುಡ | कुरुड | blind. |
| **प्रज्वलित** | वि. | 1. जलता हुआ, दहका हुआ; | ಉರಿಯುತ್ತಿರುವ; | उरियुत्तिरुव; | burning, flaming; |
| | | 2. चमकीला। | ಹೊಳೆಪಾದ | हॊळॆपाद | bright, shining. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रण** | पु. | दृढ़ निश्चय, प्रतिज्ञा। | ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ | प्रतिज्ञे | determination, pledge, vow. |
| **प्रणति** | स्त्री. | 1. झुकने की क्रिया या भाव;<br>2. प्रणाम;<br>3. नम्रता। | ಬಾಗುವಿಕೆ;<br>ನಮಸ್ಕಾರ;<br>ನಮ್ರತೆ | बागुविकें;<br>नमस्कार;<br>नम्रतें | act or process of bowing;<br>salutation;<br>humility. |
| **प्रणय** | पु. | प्रेम, प्रीति। | ಪ್ರೀತಿ | प्रीति | love, affection. |
| **प्रणयन** | पु. | साहित्यिक ग्रंथ, लेख आदि प्रस्तुत करना या लिखना। | ಸಾಹಿತ್ಯ ಗ್ರಂಥಗಳನ್ನು ಬರೆಯುವಿಕೆ | साहित्य ग्रंथगळन्नु बरॆयुविकें | writing (to write or bring forward literary books, articles, etc.). |
| **प्रणयी** | पु. | प्रेम करनेवाला, अनुरागी, चाहनेवाला। | ಪ್ರಣಯಿ, ಪ್ರೇಮಿ | प्रणयि, प्रेमि | lover. |
| **प्रणाम** | पु. | नमस्कार, अभिवादन। | ಪ್ರಣಾಮ | प्रणाम | salutation, term used in greeting elders. |
| **प्रणाली** | स्त्री. | 1. पद्धति, रीति, ढंग;<br>2. पानी बहने का कृत्रिम नाला, परनाला। | ಪದ್ಧತಿ, ರೀತಿ;<br>ನೀರಿನ ಕಾಲುವೆ | पद्धति, रीति;<br>नीरिन कालुवें | system, method, channel;<br>drain. |
| **प्रणीत** | वि. | बनाया हुआ, निर्मित, रचा हुआ। | ರಚಿತವಾದ, ನಿರ್ಮಿತವಾದ | रचितवाद, निर्मितवाद | made, produced. |
| **प्रणेता** | पु. | 1. पुस्तक या ग्रंथ का रचयिता;<br>2. किसी सिद्धांत या मत का प्रवर्तक। | ರಚನಾಕಾರ, ನಿರ್ಮಾಪಕ;<br>ಮತ, ಸಿದ್ಧಾಂತ ಪ್ರವರ್ತಕ | रचनाकार, निर्मापक;<br>मत,सिद्धांत प्रवर्तक | author;<br>promulgator of a doctrine. |
| **प्रताप** | पु. | 1. पौरुष, वीरता;<br>2. प्रभाव। | ಪ್ರತಾಪ, ಶೌರ್ಯ;<br>ಪ್ರಭಾವ | प्रताप, शौर्य;<br>प्रभाव | courage, heroism;<br>glory, dignity. |
| **प्रतापवान** | वि. | प्रतापी। | ಪರಾಕ್ರಮಿ, ಶೂರ | पराक्रमि, शूर | glorious, dignified. |
| **प्रतापी** | वि. | प्रतापशाली। | ಶೂರವೀರ | शूरवीर | glorious, dignified. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतारण** | पु. | वंचना, ठगी, धोखा। | ಮೋಸಗಾರಿಕೆ | मोसगारिके | deceit, fraud. |
| **प्रतारणा** | स्त्री. | दे. 'प्रतारण'। | ನೋಡಿ "प्रतारण" | नोडि "प्रतारण" | see 'प्रतारण'. |
| **प्रतारित** | वि. | जो ठगा गया हो, छला हुआ। | ಮೋಸ ಹೋದ, ಮೊಸಗೊಳಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | मोस होद, मोस-गोळिसल्पट्ट | deceived, cheated. |
| **प्रति** | स्त्री. | 1. चित्र, पुस्तक, लेख आदि की बहुत सी छपी अथवा लिखी हुई नकलें या प्रतिकृतियों में से हर एक; | ನಕಲು; | नकलु; | copy; |
| | | 2. किसी वस्तु की कोई नकल या अनुकृति। | ಪ್ರತಿಕೃತಿ | प्रतिकृति | copy, |
| | अव्य. | 1. किसी की ओर या दिशा में; | ಒಂದು ಕಡೆಗೆ ಇಲ್ಲ ದಿಕ್ಕಿನಲ್ಲಿ | ओंदु कडेगे इल्ल दिक्किनल्लि; | towards, in the direction; |
| | | 2. किसी को उद्दिष्ट या लक्षित करते हुए; | ಬಗ್ಗೆ, ವಿಷಯವಾಗಿ; | बग्गे, विषयवागि; | regarding; |
| | | 3. अनेक में से हर एक और अलग-अलग। | ಪ್ರತಿ ಒಂದೂ, ಬೇರೆ-ಬೇರೆ | प्रति ओंदू बेरे-बेरे | each or every. |
| | उप. | एक उपसर्ग जो शब्दों के पहले आकर विरोध, विपरीतता, बदला, वीप्सा, सादृश्य, सामना, सामुख्य, खंडन, मुकाबला, जोड़ आदि का द्योतन करता है | ಶಬ್ದಗಳ ಹಿಂದೆ ಹತ್ತುವ ಉಪಸರ್ಗ "ಪ್ರತಿ" | शब्दगळ हिंदे हत्तुव उपसर्ग "प्रति" | prefix, denoting opposition, similarity etc. |
| **प्रतिकार** | पु. | 1. मुआवजा, क्षति-हानि आदि के बदले दिया जानेवाला धन; | ಕ್ಷತಿಪೂರ್ತಿಗಾಗಿ ಕೊಡುವ ಪರಿಹಾರ ದ್ರವ್ಯ; | क्षतिपूर्तिगागि कोडुव परिहार द्रव्य; | compensation; |
| | | 2. बदला चुकाने के लिए किया जानेवाला कार्य, बदला; | ಸೇಡಿಗೆ ಸೇಡು, ಮುಯ್ಯಿಗೆ ಮುಯ್ಯಿ; | सेडिगे सेडु, मुय्यिगे मुय्यि; | revenge; |
| | | 3. चिकित्सा, इलाज; | ಚಿಕಿತ್ಸೆ; | चिकित्से; | treatment; |
| | | 4. किसी बात को दबाने या रोकने आदि के लिए किया जानेवाला उपाय या प्रयत्न। | ಪ್ರತಿಯಾಗಿ ಮಾಡುವ ಕ್ರಿಯೆ | प्रतियागि माडुव क्रिये | counter-action |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिकूल** | वि. | जो अनुकूल न हो, विपरीत। | ಪ್ರತಿಕೂಲ | प्रतिकूल | unfavourable, adverse. |
| **प्रतिकूलता** | स्त्री. | प्रतिकूल होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಅನುಕೂಲವಾಗಿಲ್ಲ ದಿರುವಿಕೆ | अनुकूलवागिल्ल दिरुविके | unfavourableness, adverseness. |
| **प्रतिकृति** | स्त्री. | 1. किसी वस्तु के आकार प्रकार आदि के अनुरूप बनी या बनाई हुई दूसरी वैसी ही वस्तु;<br>2. चित्र, तस्वीर। | ನಕಲು;<br>ಚಿತ್ರ | नकलु;<br>चित्र | prototype, replica;<br>picture. |
| **प्रतिक्रिया** | स्त्री. | किसी कार्य के परिणाम के रूप में होनेवाला कार्य। | ಪ್ರತಿಕ್ರಿಯೆ | प्रतिक्रिये | reaction. |
| **प्रतिक्रियात्मक** | वि. | प्रतिक्रिया से युक्त। | ಪ್ರತಿಕ್ರಿಯಾರೂಪ ವಾದ | प्रतिक्रियारूपवाद | reactionary. |
| **प्रतिक्रियावादी** | वि. | इस मत या सिद्धान्त को माननेवाला कि जो बातें पहले से चली आ रही हैं उनमें परिवर्तन या सुधार करनेवालों का विरोध करना चाहिए। | ಪ್ರತಿಕ್ರಿಯಾತ್ಮಕ | प्रतिक्रियात्मक | reactionary, reactionist. |
| **प्रतिघात** | पु. | 1. आघात के बदले किया गया आघात;<br>2. आघात लगने पर उसके फलस्वरूप आप से आप होनेवाला दूसरा आघात। | ಪ್ರತಿಘಾತ, ಬದಲು ಆಕ್ರಮಣ;<br>ಏಟಿಗೆ ಏಟು | प्रतिघात, बदलु आक्रमण;<br>एटिगे एटु | counter-attack;<br>blow in return. |
| **प्रतिच्छवि** | स्त्री. | 1. प्रतिबिंब, परछाँई;<br>2. चित्र, तस्वीर। | ನೆರಳು, ಪ್ರತಿಬಿಂಬ;<br>ಚಿತ್ರ | नेरळु, प्रतिबिंब;<br>चित्र | reflection, shadow;<br>picture, image. |
| **प्रतिच्छाया** | स्त्री. | 1. प्रतिबिंब, परछाँई;<br>2. प्रतिकृति, चित्र। | ನೆರಳು, ಪ್ರತಿಬಿಂಬ;<br>ಚಿತ್ರ | नेरळु, प्रतिबिंब;<br>चित्र | reflection, shadow;<br>facsimile. |
| **प्रतिज्ञा** | स्त्री. | किसी कार्य को करने, न करने आदि का दृढ़ संकल्प, शपथ, सौगंध। | ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ | प्रतिज्ञे | pledge, vow. |
| **प्रतिज्ञान** | पु. | 1. प्रतिज्ञा; | ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ; | प्रतिज्ञे; | pledge, vow; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी बात के संबंध में शपथ या सौगंध न खाकर सत्यनिष्ठापूर्वक कोई बात कहना। | ನಿಜಸ್ಥಿತಿಯನ್ನು ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ ಮಾಡಿ ಹೇಳುವಿಕೆ | निजस्थितियन्नु प्रतिज्ञे माडि हेळुविके | affirmation. |
| **प्रतिदान** | पुं. | 1. किसी ली हुई वस्तु के बदले में दूसरी वस्तु देना; | ಬದಲುಕೊಡುವಿಕೆ, ವಿನಿಮಯ; | बदलु कोडुविके, विनिमय; | barter, exchange; |
| | | 2. किसी से ली हुई वस्तु उसे वापस करना या लौटाना। | ತೆಗೆದುಕೊಂಡುದನ್ನು ಹಿಂದಿರುಗಿಸುವಿಕೆ | तेगेदुकोंडुदन्नु हिंदिरुगिसुविके | giving back, return. |
| **प्रतिद्वंद्व** | पुं. | दो समान व्यक्तियों या शक्तियों का पारस्परिक विरोध, बराबरवालों का झगड़ा या मुकाबला। | ಸಮಾನ ಬಲಗಳ ಪರಸ್ಪರ ಸ್ಪರ್ಧೆ ಅಥವಾ ಎದುರಿಸುವಿಕೆ | समान बलगळ परस्पर स्पर्धे अथवा एदुरिसुविक | conflict, competition. |
| **प्रतिद्वंद्विता** | स्त्री. | प्रतिद्वंद्वी होने की अवस्था या भाव। | ಸಮಾನರಲ್ಲಿನ ಸ್ಪರ್ಧೆ | समानरल्लिन स्पर्धे | mutual conflict, rivalry, competition. |
| **प्रतिद्वंद्वी** | पुं. | 1. वह व्यक्ति या वस्तु जो किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु के मुकाबले की हो; | ಪ್ರತಿಸ್ಪರ್ಧಿ, ಪ್ರತಿದ್ವಂದ್ವಿ; | प्रतिस्पर्धि, प्रतिद्वंद्वि; | antagonist; |
| | | 2. एक व्यक्ति की दृष्टि से दूसरा व्यक्ति जो एक ही वस्तु को उसकी तरह प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहा हो। | ಒಂದೇ ವಸ್ತುವನ್ನು ಬಯಸುವ ಇಬ್ಬರ ನಡುವಣ ಪೈಪೋಟಿ | ओंदे वस्तुवन्नु बयसुव इब्बर नडुवण पैपोटि | rival, contestant. |
| **प्रतिध्वनि** | स्त्री. | किसी शब्द के उपरांत सुनाई पड़नेवाला उसी से उत्पन्न तदनुरूप शब्द, गूंज। | ಪ್ರತಿಧ್ವನಿ | प्रतिध्वनि | echo, reverberation. |
| **प्रतिध्वनित** | वि. | जो प्रतिध्वनि के रूप में शब्द करता हो, गूँजा हुआ। | ಪ್ರತಿಧ್ವನಿತವಾದ | प्रतिध्वनितवाद | echoed, reverberated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिनायक** | पु. | नाटक आदि में नायक का प्रतिद्वंद्वी। | ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ನಾಯಕನ ಪ್ರತಿದ್ವಂದ್ವಿ | (नाटकदल्लि) नायकन प्रतिद्वंद्वि | hero's rival, competitor. |
| **प्रतिनिधान** | पु. | वह व्यक्ति या व्यक्तियों का दल जो इस प्रकार बनाकरकहीं भेजा जाए, प्रतिनिधि मण्डल। | ಪ್ರತಿನಿಧಿ ಮಂಡಲ | प्रतिनिधि मंडल | deputation. |
| **प्रतिनिधि** | पु. | 1. वह व्यक्ति जो दूसरों की ओर से कहीं भेजा जाए अथवा उनकी तरफ से कार्य करे; | ಪ್ರತಿನಿಧಿ | प्रतिनिधि | proxy; |
| | | 2. वह जिसे देखकर उसी के वर्ग,जाति आदि के व्यक्तियों के स्वरूप, आचार-विचार आदि का अनुमान लगाया जा सके। | | | representative. |
| **प्रतिनिधित्व** | पु. | प्रतिनिधि होने की अवस्था या भाव, प्रतिनिधि होने का काम। | ಪ್ರತಿನಿಧಿತ್ವ | प्रतिनिधित्व | representation. |
| **प्रतिनियुक्त** | वि. | प्रतिनिधि या अधीनस्थ अधिकारी के रूप में बनाकर कहीं भेजा हुआ। | ಪ್ರತಿನಿಯೋಜಿತ | प्रतिनियोजित | deputed. |
| **प्रतिनियुक्ति** | स्त्री. | प्रतिनियुक्त किए जाने की अवस्था या क्रिया। | ಪ್ರತಿನಿಯೋಜನೆ | प्रतिनियोजनॆ | deputation. |
| **प्रतिपक्ष** | पु. | 1. मुकाबले का विरोधी पक्ष; | ವಿರೋಧ ಪಕ್ಷ; | विरोध पक्ष; | contesting or opposite party; |
| | | 2. विरोधी पक्ष द्वारा कही हुई बात या उसके द्वारा उपस्थित किया हुआ मत। | ವಿರೋಧ ಪಕ್ಷದ ಅಭಿಮತ | विरोध पक्षद अभिमत | opinion expressed by the opposite party. |
| **प्रतिपक्षी** | वि. | शत्रु, विरोधी। | ಪ್ರತಿಪಕ್ಷದ, ವಿರೋಧಿ | प्रतिपक्षद, विरोधि | opponent, adversary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिपदा | स्त्री. | पक्ष की पहली तिथि। | ಪ್ರಥಮಾ, ಪಾಡ್ಯಮಿ | प्रथमा, पाड्यमि | first day of a lunar fortnight. |
| प्रतिपादक | पु. | प्रतिपादन करनेवाला। | ಪ್ರತಿಪಾದಿಸುವವ | प्रतिपादिसुवव | exponent, one who sets forth (a principle, theory etc.). |
| प्रतिपादन | पु. | 1. किसी विषय का सप्रमाण कथन, निरूपण, विषय का स्थापन; | ಪ್ರತಿಪಾದನೆ; | प्रतिपादने; | explaining, exposition; |
| | | 2. आरम्भ करना। | ಆರಂಭಿಸುವಿಕೆ | आरंभिसुविके | commencement. |
| प्रतिपादित | वि. | जिसका प्रतिपादन किया गया हो। | ಪ್ರತಿಪಾದಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | प्रतिपादिसल्पट्ट | set forth, interpreted. |
| प्रतिपाद्य | वि. | जिसका प्रतिपादन किया जा सकता हो, या किया जाने को हो। | ಪ್ರತಿಪಾದಿಸ ಬಹುದಾದ, ಬೇಕಾದ | प्रतिपादिस बहुदाद, बेकाद | to be treated or discussed. |
| प्रतिपूर्ति | स्त्री. | किसी व्यक्ति या मद से लेकर व्यय किया हुआ धन उसे देकर या उसमें जमा कर उसकी पूर्ति करना। | ತುಂಬಿ ಕೊಡುವಿಕೆ, ಭರ್ತಿಮಾಡಿ ಕೊಡುವಿಕೆ, ಪ್ರತಿಪೂರ್ತಿ | तुंबि कोडुविके, भर्तिमाडि कोडुविके, प्रतिपूर्ति | reimbursement. |
| प्रतिफल | पु. | 1. परिणाम, नतीजा; | ಪ್ರತಿಫಲ, ಪರಿಣಾಮ | प्रतिफल, परिणाम; | result; |
| | | 2. वह जो बदले में किया जाए, पुरस्कार। | ಇನಾಮು | इनामु | return, reward. |
| प्रतिबंध | पु. | 1. वह बंधन या रोक जो किसी काम, बात या व्यक्ति पर लगाई जाए, मनाही; | ಪ್ರತಿಬಂಧ | प्रतिबंध | ban, restriction; |
| | | 2. किसी काम या बात में लगाई हुई शर्त। | | | condition. |
| प्रतिबिंब | पु. | परछांई, प्रतिच्छाया। | ಪ್ರತಿಬಿಂಬ | प्रतिबिंब | reflection, reflected image. |
| प्रतिबिंबित | वि. | जिसका प्रतिबिंब पड़ा हो, दर्पण आदि में प्रतिफलित। | ಪ್ರತಿಬಿಂಬಿಸಿದ | प्रतिबिंबिसिद | reflected. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी / लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिबोध** | पुं. | 1. जागरण, जागना; | ಜಾಗೃತಿ; | जागृति; | awakening, waking; |
| | | 2. ज्ञान, चातुर्य। | ತಿಳಿವಳಿಕೆ, ಚಾತುರ್ಯ | तिळिवळिकें, चातुर्य | perception, knowledge. |
| **प्रतिभा** | स्त्री. | असाधारण बुद्धिबल, विलक्षण बौद्धिक शक्ति। | ಪ್ರತಿಭೆ | प्रतिभें | genius, brilliance. |
| **प्रतिभावान** | वि. | प्रतिभायुक्त। | ಪ್ರತಿಭಾವಂತ | प्रतिभावंत | genius, brilliant. |
| **प्रतिभाशाली** | वि. | प्रतिभावान। | ಪ್ರತಿಭಾವಂತ | प्रतिभावंत | genius, brilliant. |
| **प्रतिभू** | पुं. | जमानत करनेवाला, जामिन। | ಜಾಮೀನುದಾರ | जामीनुदार | surety, bail. |
| **प्रतिभूति** | स्त्री. | 1. कोई काम या वचन आदि पूरा करने के लिए दिया गया आश्वासन या जमा की गई वस्तु या धन; | ಆಧಾರವಾಗಿರಿಸಿದ ವಸ್ತು; | आधारवागिरिसिद वस्तु; | security, bail; |
| | | 2. प्रतिभू के द्वारा दी गई जमानत। | ಜಾಮೀನು | जामीनु | surety. |
| **प्रतिमा** | स्त्री. | मूर्ति, अनुकृति। | ಪ್ರತಿಮೆ, ಮೂರ್ತಿ | प्रतिमें, मूर्ति | idol, statue, picture. |
| **प्रतिमान** | पुं. | वह वस्तु या रचना जिसे आदर्श मानकर उसके अनुरूप और वस्तुएं बनाई जाती हों। | ನಮೂನೆ | नमूनें | model. |
| **प्रतियोगिता** | स्त्री. | किसी विशिष्ट उद्देश्य की सिद्धि या फल की प्राप्ति के लिए कुछ लोगों में परस्पर होनेवाला मुकाबला। | ಸ್ಪರ್ಧೆ | स्पर्धें | competition, match, tournament. |
| **प्रतियोगी** | पुं. | 1. प्रतियोगिता करनेवाला व्यक्ति; | ಪ್ರತಿಸ್ಪರ್ಧಿ | प्रतिस्पर्धि; | competitor; |
| | | 2. विरोधी, शत्रु। | ವಿರೋಧಿ, ಶತ್ರು | विरोधि, शत्रु | competitor, rival, opponent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिरक्षा** | स्त्री. | रक्षण, हिफाजत। | ಸಂರಕ್ಷಣೆ | संरक्षणे | defence. |
| **प्रतिरूप** | पु. | वह जो रूप या आकृति में किसी के समान हो, चित्र, तस्वीर। | ಪ್ರತಿರೂಪ | प्रतिरूप | likeness, prototype. |
| | वि. | नकली, जाली। | ನಕಲು, ಖೋಟಾ | नकलु, खोटा | counterfeit. |
| **प्रतिरोध** | पु. | 1. रोक, रुकावट, बाधा; | ತಡೆ, ಅಡ್ಡಿ | तडे, अड्डि; | ban, hindrance; |
| | | 2. आवेग, आक्रमण आदि को रोकने के लिए किया जानेवाला कार्य। | ಆವೇಗ, ಆಕ್ರಮಣ ವನ್ನು ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ | आवेग, आक्रमणवन्नु तडेगट्टुविके | counteraction. |
| **प्रतिलिपि** | स्त्री. | किसी लिखी हुई चीज की नकल। | ಪ್ರತಿಲಿಪಿ; ನಕಲು | प्रतिलिपि, नकलु | copy, facsimile. |
| **प्रतिलोम** | वि. | विपरीत, उलटा। | ಪ್ರತಿಲೋಮ | प्रतिलोम | opposite to the natural course or order, converse. |
| **प्रतिवाद** | पु. | 1. किसी बात के विरुद्ध कही जानेवाली बात; | ವಿರುದ್ಧವಾದ ಮಾತು; | विरुद्धवाद मातु; | counter-statement; |
| | | 2. विरोध, खण्डन। | ವಿರೋಧ, ಖಂಡನೆ | विरोध, खंडने | refutation. |
| **प्रतिवादी** | पु. | प्रतिवाद करनेवाला। | ವಿರೋಧಿ | विरोधि | defendent, respondent. |
| **प्रतिवेदन** | पु. | 1. किसी योजना आदि के सम्बन्ध में छानबीन करने के उपरांत तैयार किया हुआ विवरण जो कहीं भेजा जाता है; | ವರದಿ; | वरदि; | report; |
| | | 2. प्रार्थना। | ಪ್ರಾರ್ಥನೆ | प्रार्थने | representation. |
| **प्रतिशत** | क्रि. वि. | हर सौ पर, फीसदी। | ಸೇಕಡಾ | सेकडा | per-cent. |
| **प्रतिशोध** | पु. | बदला, प्रतिकार। | ಸೇಡು, ಪ್ರತೀಕಾರ | सेडु, प्रतीकार | revenge. |
| **प्रतिश्रुत** | वि. | (व्यक्ति) जिसने किसी बात की कोई प्रतिज्ञा की हो। | ಪ್ರತಿಜ್ಞಾಬದ್ಧ | प्रतिज्ञाबद्ध | the person who has taken pledge. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिषिद्ध** | वि. | जिसे करने से किसी को रोका गया हो। | ನಿಷೇಧಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | निषेधिसल्पट्ट | forbidden. |
| **प्रतिषेध** | पु. | निषेध, मनाही। | ನಿಷೇಧ | निषेध | prohibition. |
| **प्रतिष्ठा** | स्त्री. | 1. आदर, सम्मान, ख्याति; | ಪ್ರತಿಷ್ಠೆ, ಸನ್ಮಾನ; | प्रतिष्ठे, सन्मान; | high position, fame,glory, renown; |
| | | 2. अच्छी तरह स्थापित किया जाना, स्थापना; | ಸ್ಥಾಪನೆ; | स्थापने; | installation; |
| | | 3. मान-मर्यादा। | ಮಾನ-ಮರ್ಯಾದೆ | मान-मर्यादे | dignity, status, establishment. |
| **प्रतिष्ठान** | पु. | 1. स्थापित करने की क्रिया या भाव; | ಸ್ಥಾಪನೆ; | स्थापने; | fixing, placing; |
| | | 2. किसी उद्योग व्यवसाय आदि का कार्यालय या स्थान; | ಕಾರ್ಯಾಲಯ; | कार्यालय; | site, situation, institute; |
| | | 3. (विशेष अर्थ) निहित स्वार्थों की एक परम्पराबद्ध व्यवस्था। | ವಿಶೇಷಾರ್ಥದಲ್ಲಿ ಪರಂಪರೆಯಾಗಿ ನಡೆದುಬಂದ ವ್ಯವಸ್ಥೆ | विशेषार्थदल्लि परंपरेयागि नडेदु बंद व्यवस्थे | establishment (special meaning). |
| **प्रतिष्ठापन** | पु. | स्थापित करने की क्रिया या भाव। | ಸ್ಥಾಪಿಸುವಿಕೆ | स्थापिसुविके | fixing, placing. |
| **प्रतिष्ठापित** | वि. | जिसका प्रतिष्ठापन किया गया हो। | ಸ್ಥಾಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | स्थापिसल्पट्ट | set up, fixed. |
| **प्रतिष्ठित** | वि. | 1. प्रसिद्ध, ख्यात, आदर-प्राप्त; | ಖ್ಯಾತಿಗೊಂಡ, ಸನ್ಮಾನಿತ; | ख्यातिगोंड, सन्मानित; | honourable; |
| | | 2. जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो, स्थापित। | ಪ್ರತಿಷ್ಠೆ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | प्रतिष्ठे माडल्पट्ट | established, installed. |
| **प्रतिस्थापन** | पु. | 1. किसी वस्तु के नष्ट हो जाने या हट जाने पर उसके स्थान पर वैसी ही दूसरी वस्तु रखना; | ಪ್ರತಿಸ್ಥಾಪನೆ | प्रतिस्थापने | replacement; |
| | | 2. किसी व्यक्ति के हट जाने पर काम चलाने के लिए उसके स्थान पर दूसरा व्यक्ति रखना। | | | substitution (substitute). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिस्पर्धा** | स्त्री. | लाग डाट, होड़। | ಪೈಪೋಟಿ | पैपोटि | rivalry, competition, |
| **प्रतिस्पर्धी** | पुं. | होड़ करनेवाला, प्रतिद्वंद्वी। | ಪ್ರತಿಸ್ಪರ್ಧಿ | प्रतिद्वंद्वि | a rival, competitor. |
| **प्रतिहस्ताक्षर** | पुं. | किसी के हस्ताक्षर के अनुमोदन या समर्थन के लिए किसी बड़े अधिकारी का हस्ताक्षर करना। | ಮೇಲು ರುಜು, ಪ್ರತಿ ರುಜು | मेलु रुजु, प्रति रुजु | counter-signature. |
| **प्रति-हस्ताक्षरित** | वि. | जिस पर प्रतिहस्ताक्षर किए गए हों। | ಮೇಲು ರುಜು ಆದ, ಪ್ರತಿ ರುಜು ಆದ | मेलु रुजु आद, प्रति रुजु आद | counter-signed. |
| **प्रतिहारी** | पुं. | द्वारपाल, दरबान। | ದ್ವಾರಪಾಲಕ | द्वारपालक | door keeper, watchman. |
| **प्रतिहिंसा** | स्त्री. | हिंसा के बदले में की जानेवाली हिंसा। | ಹಿಂಸೆಗೆ ಬದಲಾಗಿ ಹಿಂಸೆ | हिंसॆगॆ बदलागि हिंसॆ | counter-violence. |
| **प्रतीक** | पुं. | 1. वह गोचर या दृश्य वस्तु जो किसी अगोचर या अप्रस्तुत वस्तु के बहुत कुछ अनुरूप होने के कारण उसके गुण रूप का परिचय कराने के लिए उसका प्रतिनिधित्व करती हो;<br>2. किसी बात का द्योतक;<br>3. साहित्य में वह वस्तु जो अपने आकस्मिक सादृश्य अथवा तर्कसंगत संबंध के आधार पर किसी दूसरी वस्तु का स्थान ग्रहण करती है। | ಪ್ರತೀಕ | प्रतीक | a symbol;<br>signifier;<br>symbol (literature). |
| **प्रतीकवाद** | पुं. | साहित्य में अभिव्यंजना की वह विशिष्ट प्रणाली जिसके अनुसार प्रतीकों के आधार पर भावों, विषयों, वस्तुओं आदि का बोध कराया जाता है। | ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ಪ್ರತೀಕವಾದ | साहित्यदल्लि प्रतीकवाद | symbolism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतीकात्मक** | वि. | 1. जो प्रतीकों से सम्बद्ध हो;<br>2. (रचना) जिसमें प्रतीकों की सहायता से भावों, विषयों आदि का बोध कराया गया हो। | ಪ್ರತೀಕಾತ್ಮಕ | प्रतीकात्मक | related to symbol;<br>symbolic. |
| **प्रतीक्षा** | स्त्री. | इंतजार। | ನಿರೀಕ್ಷಣೆ. | निरीक्षणं | waiting for, expectation. |
| **प्रतीक्षालय** | पु. | वह स्थान जहां बैठकर किसी से मिलने या यान आदि पर सवार होने के लिए इंतजार किया जाता है। | ಪ್ರತೀಕ್ಷಾಲಯ | प्रतीक्षालय | waiting-room. |
| **प्रतीत** | वि. | अनुमान के आधार पर जान पड़नेवाला। | ಅನುಮಾನದ ಆಧಾರದಿಂದ ಕಂಡುಬರುವ | अनुमानद आधारदिंद कंडुबरुव | apparent, experienced, roughly inferred. |
| **प्रतीति** | स्त्री. | ज्ञान, बोध, जानकारी। | ಜ್ಞಾನ, ತಿಳಿವಳಿಕೆ | ज्ञान, तिळिवळिकं | knowledge, ascertainment, clear or distinct perception or apprehension. |
| **प्रतीयमान** | वि. | 1. जिसकी प्रतीति हो रही हो, जो जान पड़ता हो, जो समझ में आ रहा हो;<br>2. (रूप) जो वास्तविक से भिन्न होने पर भी देखने में कुछ वास्तविक-सा जान पड़ता हो। | ತಿಳಿವಳಿಕೆಗೆ ಬರುವ ಅಥವಾ ಬಂದ;<br>ಬೇರೆಯಾಗಿದ್ದರೂ ಮೂಲದಂತೆಯೇ ಕಂಡುಬರುವ | तिळिवळिकंगं बरुव अथवा बंद;<br>बेरेयागिद्दरू मूलदंतये कंडुबरुव | appearing to be, inferred to be, believed to be; apparent. |
| **प्रत्यंकन** | पु. | किसी चित्र के ऊपर पतला या पारदर्शक कागज रखकर उसकी हूबहू नकल तैयार करना। | ರೇಖಿಸುವಿಕೆ, ಅನುರೇಖನ | रेखिसुविकं, अनुरेखन | tracing (on transparent paper). |
| **प्रत्यंग** | पु. | शरीर अथवा किसी वस्तु का कोई गौण अंग। | ಶರೀರದ ಉಪಾಂಗ | शरीरद उपांग | minor parts of the body. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रत्यंचा | स्त्री. | धनुष की डोरी। | ಬಿಲ್ಲಿಗೆ ಕಟ್ಟುವ ಹಗ್ಗ | बिल्लिगॆ कट्टुव हग्ग | bow-string. |
| प्रत्यक्ष | वि. | जो आंखों के सामने हो, जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हो। | ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷ | प्रत्यक्ष | present before the eyes, visible, perceptible. |
| प्रत्यक्ष कर | पु. | वह कर जो उपभोक्ताओं तथा करदाताओं से प्रत्यक्ष रूप से लिया जाता हो, किसी माध्यम से नहीं। | ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷ ತೆರಿಗೆ | प्रत्यक्ष तॆरिगॆ | direct tax. |
| प्रत्यक्ष ज्ञान | पु. | इंद्रियों के द्वारा होनेवाला किसी वस्तु या विषय का ज्ञान। | ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷ ಜ್ಞಾನ | प्रत्यक्ष ज्ञान | knowledge obtained by direct perception, perception. |
| प्रत्यक्षदर्शी | वि. | जिसने प्रत्यक्ष रूप से कोई घटना या बात देखी हो। | ಕಣ್ಣಾರೆ ಕಂಡ (ಸಾಕ್ಷಿ) | कण्णारॆ कंड (साक्षि) | an eye witness. |
| प्रत्यक्षीकरण | पु. | किसी वस्तु या विषय को ऐसा रूप देना कि वह प्रत्यक्ष हो जाए, कोई बात या विषय प्रत्यक्ष रूप से सामने लाना। | ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷ ಮಾಡಿ ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | प्रत्यक्ष माडि-कॊळ्ळुविकॆ | making manifest or apparent, presenting. |
| प्रत्यभिज्ञा | स्त्री. | 1. कभी देखे हुए व्यक्ति या पदार्थ को पुनः देखने पर होनेवाला यह ज्ञान कि यह अमुक व्यक्ति या पदार्थ है, पहचान; | ಹಿಂದೆ ನೋಡಿದ್ದ ನೆನಪಿನಿಂದ ಗುರುತಿಸುವಿಕೆ; | हिंदॆ नोडिद्द नॆनपिनिंद गुरुति-सुविकॆ; | identification; |
| | | 2. यह ज्ञान कि परमेश्वर और जीवात्मा एक है। | ಜೀವಾತ್ಮ ಪರಮಾತ್ಮರ ಅಭೇದ ಜ್ಞಾನ | जीवात्म परमात्मर अभेद ज्ञान | regaining knowledge or recognition. |
| प्रत्यभिज्ञान | पु. | 1. पहचान; 2. वह वस्तु या चिह्न जिससे कोई पहचाना जाए। | ಗುರುತು; ಗುರುತಿಸಲು ಸಹಾಯಕವಾದ ಚಿಹ್ನೆ | गुरुतु; गुरुतिसलु सहायकवाद चिह्नॆ | recognition; identification mark. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रत्यय** | पु. | 1. व्याकरण में वह अक्षर या अक्षरसमूह जो धातुओं अथवा विकारी शब्दों के अंत में लगकर उनके अर्थों में विशेष्ता उत्पन्न करता है; | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಪ್ರತ್ಯಯ; | (व्याकरण) प्रत्यय; | (in Gram.) an affix to roots and words forming derivatives and inflections; |
| | | 2. विश्वास, धारणा। | ನಂಬಿಕೆ, ವಿಚಾರ | नंबिकॆ, विचार | idea, belief, credit. |
| **प्रत्यय-पत्र** | पु. | किसी राज्य के सर्वप्रथम अधिकारी के हस्ताक्षर और मुद्रा से युक्त वह प्रमाणपत्र जो इस बात का परिचायक होता है कि अमुक व्यक्ति अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। | ಪರಿಚಯ-ಪತ್ರ, ಪ್ರತ್ಯಯ-ಪತ್ರ | परिचय-पत्र, प्रत्यय-पत्र | credentials, letter of credence. |
| **प्रत्ययवाद** | पु. | दार्शनिक क्षेत्र में यह मान्यता या सिद्धान्त कि यह दृश्य जगत् किसी चेतन सत्ता की सृष्टि है, अतः मनुष्य को बौद्धिक विचारों का आधार छोड़कर शाश्वत विचारों का आश्रय लेना चाहिए, आदर्शवाद। | ಆದರ್ಶವಾದ | आदर्शवाद | idealism (ideaism). |
| **प्रत्याक्रमण** | पु. | जवाबी हमला। | ಪ್ರತ್ಯಾಕ್ರಮಣ | प्रत्याक्रमण | counter-attack. |
| **प्रत्याख्यान** | पु. | 1. खंडन, विरोध; 2. अनादर या अवज्ञापूर्वक कोई चीज़ लेने से इन्कार करना। | ಖಂಡನೆ; ಅನಾದರದಿಂದ ತಿರಸ್ಕರಿಸುವಿಕೆ | खंडनॆ; अनादरदिंद तिरस्करिसुविकॆ | refutation; rejection, refusal. |
| **प्रत्यारोप** | पु. | आरोप के बदले में लगाया गया आरोप। | ಆರೋಪಣಗೆ ಬದಲು ಆರೋಪಣೆ | आरोपणॆगॆ बदलु आरोपणॆ | counter-charge. |
| **प्रत्यालोचन** | पु. | 1. किसी किए हुए निर्णय को फिर से देखना कि वह ठीक है या नहीं; 2. आलोचना की भी की जानेवाली आलोचना। | ಪ್ರತ್ಯಾಲೋಚನೆ | प्रत्यालोचनॆ | review; criticism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रत्यावर्तन** | पु. | लौट आना, वापस आना। | ಹಿಂದಿರುಗುವಿಕೆ | हिंदिरुगुविकॆ | coming back, returning. |
| **प्रत्याशा** | स्त्री. | 1. आशा, उम्मीद;<br>2. किसी बात के संबंध में पहले से की जानेवाली ऐसी आशा या उसके संबंध की कल्पना जिसके घटित होने की बहुत कुछ संभावना हो। | ಆಶೆ;<br>ಪೂರ್ವಕಲ್ಪನೆ | आशॆ;<br>पूर्वकल्पनॆ | hope, expectation;<br>anticipation. |
| **प्रत्याशित** | वि. | जिसकी पहले से आशा या अपेक्षा की गई हो, जिसका पहले से अनुमान किया गया है। | ನಿರೀಕ್ಷಿಸಿದ | निरीक्षिसिद | anticipated. |
| **प्रत्याशी** | वि. | आशा करनेवाला। | ನಿರೀಕ್ಷಿಸಿಕೊಂಡಿರುವ | निरीक्षिसिकॊंडिरुव | hoping, expecting. |
| | पु. | जो किसी पद की प्राप्ति के लिए इच्छुक हो, उम्मीदवार। | ಉಮೇದುವಾರ | उमेदुवार | candidate. |
| **प्रत्युत** | अव्य. | 1. बल्कि, वरन्;<br>2. इसके विपरीत। | ಕೂಡ;<br>ಬದಲಾಗಿ | कूड;<br>बदलागि | but, even;<br>on the other hand, on the contrary. |
| **प्रत्युत्तर** | पु. | उत्तर का उत्तर। | ಪ್ರತ್ಯುತ್ತರ | प्रत्युत्तर | rejoinder, a reply. |
| **प्रत्युत्थान** | पु. | 1. किसी के स्वागत और सत्कार के लिए खड़े होना;<br>2. विरोध का सामना करने के लिए खड़े होना। | ಗೌರವಿಸಲು ಎದ್ದು ನಿಲ್ಲುವಿಕೆ;<br>ವಿರೋಧವನ್ನೆದುರಿಸಲು ಎದ್ದು ನಿಲ್ಲುವಿಕೆ | गौरविसलु एद्दु निल्लुविकॆ;<br>विरोधनन्नॆदुरिसलु ऎद्दु निल्लुविकॆ | rising to welcome a visitor;<br>rising against. |
| **प्रत्युत्पन्नमति** | वि. | जिसे तत्काल उचित युक्ति या उत्तर सूझ जाए। | ಪ್ರತ್ಯುತ್ಪನ್ನಮತಿ | प्रत्युत्पन्नमति | ready minded, sharp, ready-witted. |
| **प्रत्युपकार** | पु. | उपकार के बदले किया जानेवाला उपकार। | ಪ್ರತ್ಯುಪಕಾರ | प्रत्युपकार | a good turn in return for another. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रत्येक** | वि. | दो या दो से अधिक में से एक एक, हर एक। | ಪ್ರತಿಯೊಂದೂ | प्रतियोंदू | each, each and every. |
| **प्रथम** | वि. | 1. गणना या क्रम में जिसका स्थान पहला हो; | ಎಣಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಮೊದಲನೆಯ; | ऍणिकॅयल्लि, मॉदलनॅय; | first; |
| | | 2. जो महत्व आदि में सबसे बढ़कर हो। | ಅಗ್ರಗಣ್ಯ, ಪ್ರಥಮ | अग्रगण्य, प्रथम | chief, principal. |
| | क्रि. वि. | आगे, पहले। | ಮೊದಲು | मॉदलु | ahead, formerly. |
| **प्रथमतः** | क्रि. वि. | सबसे पहले। | ಎಲ್ಲಕ್ಕೂ ಮುಂಚೆ | ऍल्लक्कू मुंचॅ | firstly. |
| **प्रथमता** | स्त्री. | 1. प्रथम होने की अवस्था या भाव; | ಮೊದಲನೆಯದಾಗಿರುವಿಕೆ; | मॉदलनॅयदा-गिरुविकॅ; | state of being first; |
| | | 2. औरों की अपेक्षा पहला अवसर या स्थान मिलने की अवस्था या भाव, प्राथमिकता। | ಆದ್ಯತೆ, ಪ್ರಾಥಮ್ಯ | आद्यतॅ, प्राथम्य | priority. |
| | अव्य. | साधारण रूप में देखने पर। | ಸಾಮಾನ್ಯ ದೃಷ್ಟಿಯಲ್ಲಿ | सामान्य दृष्टियल्लि | prima facie. |
| **प्रथम पुरुष** | पु. | व्याकरण में वे सर्वनाम जिन्हें वक्ता अपने लिए प्रयुक्त करता है। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಉತ್ತಮ ಪುರುಷ | (व्याकरण) उत्तम पुरुष | the first person of the pronoun. |
| **प्रथा** | स्त्री. | रीति, परिपाटी। | ಪದ್ಧತಿ, ಪರಿಪಾಟಿ | पद्धति, परिपाटि | custom, convention. |
| **प्रदक्षिणा** | स्त्री. | किसी पवित्र स्थान या पदार्थ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए चारों ओर इस प्रकार घूमना कि वह पवित्र स्थान या पदार्थ बराबर दाहिनी ओर रहे, परिक्रमा। | ಪ್ರದಕ್ಷಿಣೆ | प्रदक्षिणॅ | reverential salutation by circumambulation from left to right (so that the right side is towards the person or object saluted), going round (an object). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रदत्त** | वि. | प्रदान किया हुआ। | ಕೊಡಲ್ಪಟ್ಟ | कॉडल्पट्ट | given away, bestowed. |
| **प्रदर** | पु. | स्त्रियों का एक रोग जिसमें उनके गर्भाशय से सफेद या लाल रंग का लेसदार पदार्थ बहता है। | ಪ್ರದರ ರೋಗ | प्रदर रोग | leucorrhoea. |
| **प्रदर्शक** | वि. | 1. प्रदर्शन करनेवाला; 2. दिखानेवाला। | ಪ್ರದರ್ಶಕ | प्रदर्शक | one who exhibits; showman. |
| **प्रदर्शन** | पु. | 1. दिखलाने की क्रिया, दिखाना; 2. असन्तोष, दुख आदि व्यक्त करने के लिए व्यक्तियों का सामूहिक रूप से संबद्ध अधिकारियों के अन्याय के विरोध में नारे आदि लगाते हुए निकाले जानेवाला जलूस। | ಪ್ರದರ್ಶನ | प्रदर्शन | displaying, exhibition; demonstration. |
| **प्रदर्शनी** | स्त्री. | वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुएं प्रदर्शित की जाएं। | ವಸ್ತು ಪ್ರದರ್ಶನದ ಸ್ಥಳ | वस्तु प्रदर्शनद स्थळ | exhibition, exposition. |
| **प्रदाता** | पु. | देनेवाला, प्रदान करनेवाला। | ದಾನಿ, ಕೊಡುವವ | दानि, कॉडुवव | giver, bestower. |
| **प्रदान** | पु. | देने की क्रिया या भाव। | ದಾನ, ಕೊಡುವಿಕೆ | दान, कॉडुविकॆ | giving, granting, bestowing. |
| **प्रदीप** | पु. | दीपक, चिराग। | ದೀಪ | दीप | lamp, light. |
| **प्रदीप्त** | वि. | 1. जलता हुआ, जलाया हुआ; 2. उज्ज्वल, चमकीला; 3. उत्तेजित, जगाया हुआ। | ಉರಿಯುತ್ತಿರುವ; ಹೊಳೆಯುವ; ಎಚ್ಚೆತ್ತ | उरियुत्तिरुव; हॊळॆयुव; ऎच्चॆत्त | lighted, illuminated; radiant, shining; roused. |
| **प्रदेश** | पु. | 1. भूभाग का कोई खण्ड विशेष; | ಪ್ರದೇಶ | प्रदेश | region; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी संघ या राज्य की कोई इकाई। | | | province. |
| **प्रदोष** | पु. | 1. सूर्य के अस्त होने का समय; | ಪ್ರದೋಷ | प्रदोष | evening, nightfall; |
| | | 2. प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी को किया जानेवाला उपवास या व्रत जिसमें सूर्यास्त से कुछ पहले ही शिव का पूजन करके भोजन किया जाता है। | | | the fast undertaken on the 13th day of each lunar fortnight. |
| **प्रधान** | वि. | सबसे बड़ा, मुख्य। | ಪ್ರಧಾನ | प्रधान | chief, head, principal, president. |
| | पु. | नेता, सरदार, किसी सभा आदि का सभापति। | | | leader, president. |
| **प्रधान कार्यलय** | पु. | किसी व्यापारिक या अन्य संस्थान का मुख्य कार्यालय जहां से शाखा-कार्यालयों का नियंत्रण किया जाता है। | ಮುಖ್ಯ ಕಚೇರಿ, ಕೇಂದ್ರ ಕಾರ್ಯ ಸ್ಥಾನ | मुख्य कचेरि, केंद्र कार्य स्थान | headquarter. |
| **प्रधानता** | स्त्री. | प्रधान होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಪ್ರಧಾನತೆ | प्रधानतॆ | pre-eminence, principalship. chiefship. |
| **प्रधान मंत्री** | पु. | 1. किसी देश का सबसे बड़ा मंत्री; | ಪ್ರಧಾನ ಮಂತ್ರಿ | प्रधान मंत्रि | prime minister; |
| | | 2. वह सबसे बड़ा मंत्री जिसके अधीन और भी कई विभागीय मंत्री हों। | | | general-secretary, secretary general. |
| **प्रधानचार्य** | पु. | किसी महाविद्यालय का सर्वप्रमुख अध्यापक। | ಪ್ರಾಚಾರ್ಯ, ಪ್ರಿನ್ಸಿಪಾಲ್ | प्राचार्य, प्रिन्सिपाल | principal. |
| **प्रधानाध्यापक** | पु. | किसी विद्यालय का सबसे बड़ा अध्यापक। | ಪ್ರಧಾನಾಧ್ಯಾಪಕ | प्रधानाध्यापक | headmaster. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रफुल्ल | वि. | (फूल) जो खिला हुआ हो, विकसित। | ಅರಳಿದ | अरळिद | full-blown. |
| **प्रबंध** | पु. | 1. व्यवस्था; | ವ್ಯವಸ್ಥೆ; | व्यवस्थे; | arrangement, management; |
| | | 2. निबन्ध। | ನಿಬಂಧ, ಲೇಖನ | निबंध, लेखन | literary composition. |
| **प्रबन्धक** | पु. | 1. प्रबन्ध या व्यवस्था करनेवाला; | ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ; | व्यवस्थापक; | organiser; |
| | | 2. किसी कार्यालय आदि का व्यवस्थापक। | ಕಾರ್ಯಾಲಯದ ಕಾರ್ಯನಿರ್ವಾಹಕ | कार्यालयद कार्यनिर्वाहक | manager. |
| **प्रबन्ध-काव्य** | पु. | काव्य का एक भेद जिसमें कोई कथा या घटना क्रमबद्ध रूप में कही गई हो। | ಪ್ರಬಂಧ ಕಾವ್ಯ, ಕಥಾ ಕಾವ್ಯ | प्रबंध काव्य, कथा काव्य | epic. |
| **प्रबन्ध संपादक** | पु. | पत्र-पत्रिकाओं की कार्यालयीय व्यवस्था का संपादक, अधिकारी। | ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ಸಂಪಾದಕ | व्यवस्थापक संपादक | managing editor. |
| **प्रबन्ध-समिति** | स्त्री. | किसी संस्था, सभा आदि के चुने हुए लोगों की वह समिति जो उसकी सब बातों की व्यवस्था करती है। | ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ಸಮಿತಿ | व्यवस्थापक समिति | managing committee. |
| **प्रबल** | वि. | 1. जिसमें बहुत अधिक बल हो; 2. बहुत जोरों का, घोर या भारी। | ಪ್ರಬಲ | प्रबल | very strong, mighty, cogent; powerful. |
| **प्रबुद्ध** | वि. | 1. जागा हुआ, जाग्रत, जो होश में हो; | ಎಚ್ಚೆತ್ತ; | एच्चेत्त; | awakened (who is in his senses), conscious; |
| | | 2. पंडित, ज्ञानी। | ಜ್ಞಾನಿ, ಪಂಡಿತ | ज्ञानि, पंडित | learned, enlightened. |
| **प्रबोध** | पु. | 1. जागना, जागरण; | ಎಚ್ಚರದಿಂದಿರುವಿಕೆ; | एच्चरदिंदिरुविके; | awaking (from sleep or ignorance), becoming conscious |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी विषय का ठीक और पूरा ज्ञान। | ವಿಷಯದ ಪೂರ್ಣ ಜ್ಞಾನ | विषयद पूर्णज्ञान | real knowledge. |
| प्रभंजन | पु. | प्रचंड वायु, वैज्ञानिक क्षेत्र में, मुख्यतः वह बहुत तेज हवा जो 100 मील प्रति घंटे के हिसाब से चलती हो। | ಪ್ರಚಂಡ ಗಾಳಿ, ಬಿರುಗಾಳಿ | प्रचंड गाळि, बिरुगाळि | hurricane. |
| प्रभा | स्त्री. | प्रकाश, दीप्ति। | ಕಾಂತಿ, ಹೊಳಪು | कांति, होळपु | light, radiance. |
| प्रभात | पु. | प्रातःकाल। | ಪ್ರಾತಃಕಾಲ | प्रातःकाल | day-break, dawn, morning. |
| प्रभातफेरी | स्त्री. | प्रचार के उद्देश्य से विशेष प्रकार के नारे लगाते हुए, गाते बजाते हुए सवेरे बस्तियों में चक्कर लगाना। | ಪ್ರಭಾತ ಫೇರಿ | प्रभात फेरि | singing or slogan raising groups going round in the morning (to celebrate as an important event or for propaganda purposes). |
| प्रभाती | स्त्री. | प्रभात के समय गाए जानेवाले गीत। | ಬೆಳಗಿನ ಸಮಯದಲ್ಲಿ ಹಾಡುವ ಹಾಡು | बॆळगिन समय-दल्लि हाडुव हाडु | song in a tune or ragini peculiar to morning. |
| प्रभामंडल | पु. | दिव्य पुरुषों और देवताओं आदि के मुख के चारों ओर का वह आभायुक्त मण्डल जो चित्रों, मूर्तियों आदि में दिखाया जाता है। | ಪ್ರಭಾಮಂಡಲ | प्रभामंडल | a circle or halo of light (generally shown in pictures, statues, etc. of great persons or God etc.). |
| प्रभाव | पु. | 1. सामर्थ्य, प्रताप;<br>2. फल, परिणाम, असर। | ಪ್ರಭಾವ | प्रभाव | influence;<br>effect, impact. |
| प्रभावकारी | वि. | असरदार। | ಪರಿಣಾಮಕಾರಿ | परिणामकारि | effective. |
| प्रभाव-क्षेत्र | पु. | आधुनिक राजतंत्र में वह प्रदेश जो किसी प्रबल और | ಪ್ರಭಾವ ಕ್ಷೇತ್ರ | प्रभाव क्षेत्र | sphere of influence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बड़े राज्य के प्रभाव या दबाव में रहता हो और जिस पर किसी दूसरे राष्ट्र का प्रभाव या हस्तक्षेप सहन न किया जाता हो। | | | |
| **प्रभावशाली** | वि. | प्रभाववाला। | ಪ್ರಭಾವಶಾಲಿ | प्रभावशालि | effective, influential, impressive. |
| **प्रभावित** | वि. | जिस पर किसी का प्रभाव पड़ा हो। | ಪ್ರಭಾವಿತವಾದ | प्रभावितवाद | influenced. |
| **प्रभावी** | वि. | प्रभावयुक्त, असरदार। | ಪರಿಣಾಮಕಾರಿಯಾದ | परिणामकारियाद | effective. |
| **प्रभु** | पु. | 1. ईश्वर;<br>2. शासक, राजा;<br>3. स्वामी या श्रेष्ठ पुरुष का संबोधन। | ಪ್ರಭು | प्रभु | God;<br>ruler, king;<br>Lord, master. |
| **प्रभुता** | स्त्री. | 1. प्रभु होने की अवस्था या भाव;<br>2. गौरव, महत्व। | ಪ್ರಭುತ್ವ;<br>ಮಹತ್ವ | प्रभुत्व;<br>महत्व | lordship, supremacy;<br>greatness, importance. |
| **प्रभुसत्ता** | स्त्री. | सर्वप्रधान सत्ताधारी होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಸಾರ್ವಭೌಮತ್ವ | सार्वभौमत्व | sovereignty. |
| **प्रभूत** | वि. | बहुत अधिक, प्रचुर। | ಅತ್ಯಧಿಕ | अत्यधिक | plenty, abundant. |
| **प्रभृति** | अव्य. | इत्यादि, वगैरह। | ಮುಂತಾದ | मुंताद | etcetera (used at the end of comp.). |
| **प्रभेद** | पु. | भेद, प्रकार, किस्म। | ಭೇದ, ಪ್ರಕಾರ, ತರಹ, ಬಗೆ | भेद, प्रकार, तरह, बगॆ | variety, types, kinds. |
| **प्रमत्त** | वि. | 1. नशे में चूर;<br>2. असावधान, प्रमादयुक्त। | ಪ್ರಮತ್ತ | प्रमत्त | drunk, intoxicated;<br>inattentive. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रमाण** | पु. | 1. नाप या तौल; 2. वह साधन जिसके सहारे कोई बात सिद्ध की जाए, सबूत; 3. जिसका वचन या निर्णय यथार्थ या आप्त माना जाए। | ಪ್ರಮಾಣ | प्रमाण | measure of any kind; proof, testimony; authority, one whose word is an authority. |
| **प्रमाणन** | पु. | कथन, लेख आदि के संबंध में यह कहना या सिद्ध करना कि यह ठीक और प्रामाणिक है। | ಪ್ರಮಾಣೀಕರಣ | प्रमाणीकरण | certification. |
| **प्रमाणपत्र** | पु. | वह पत्र या लेख जो किसी बात का प्रमाण माना जाए। | ಪ್ರಮಾಣಪತ್ರ | प्रमाणपत्र | certificate. |
| **प्रमाणित** | वि. | 1. प्रमाण द्वारा सिद्ध; 2. जिसके संबंध में किसी आधिकारिक व्यक्ति ने यह लिखा हो कि यह प्रामाणिक या सही है। | ಪ್ರಮಾಣೀಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | प्रमाणीकरिसल्पट्ट | proved; authenticated. |
| **प्रमाणीकरण** | पु. | प्रमाणन। | ಪ್ರಮಾಣೀಕರಣ | प्रमाणीकरण | attestation, act or process of proving, certifying etc. |
| **प्रमाणीकृत** | वि. | जो प्रमाण के रूप में मान लिया गया हो या सिद्ध हो चुका हो। | ಪ್ರಮಾಣೀಕರಿಸಿದ | प्रमाणीकरिसिद | attested, proved, certified. |
| **प्रमाद** | पु. | 1. गफलत, लापरवाही, अनवधानता; 2. नशा, उन्माद। | ಪ್ರಮಾದ | प्रमाद | negligence, carelessness, inadvertence; intoxication, insanity. |
| **प्रमादी** | वि. | 1. प्रमादयुक्त; | ಪ್ರಮಾದದಿಂದ ಕೂಡಿದ; | प्रमाददिंद कूडिद; | negligent; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पागल। | ಉನ್ಮತ್ತ, ಹುಚ್ಚ | उन्मत्त, हुच्च | insane. |
| **प्रमुख** | वि. | 1. प्रथम, मुख्य;<br>2. श्रेष्ठ, सम्मान्य, प्रतिष्ठित। | ಮುಖ್ಯ;<br>ಶ್ರೇಷ್ಠ,ಸನ್ಮಾನ್ಯ | प्रथम, मुख्य;<br>श्रेष्ठ, सन्मान्य | first, chief;<br>best, respectable, honourable. |
| **प्रमुखता** | स्त्री. | प्रमुख होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಪ್ರಮುಖತೆ | प्रमुखतॆ | superiority, predominance. |
| **प्रमेय** | वि. | 1. जिसका अवधारण हो सके, जो समझ में आ सके;<br>2. जो प्रमाण द्वारा सिद्ध किया जा सके। | ತಿಳಿವಳಿಕೆಗೆ ಬರಬಹುದಾದ;<br>ಪ್ರಮಾಣದಿಂದ ಸಿದ್ಧಗೊಳಿಸಬಹುದಾದ | तिळिवळिकॆगॆ बरबहुदाद;<br>प्रमाणदिंद सिद्धगॊळिसबहुदाद | (the thing) which can be understood;<br>(the thing) to be proved. |
| | पु. | जिसे प्रमाण के द्वारा सिद्ध करना आवश्यक हो। | ಪ್ರಮೇಯ | प्रमेय | theorem. |
| **प्रमेह** | पु. | एक रोग जिसमें शरीर की धातुएं अनेक रूपों में पैशाब के रास्ते निकला करती हैं। | ಮೂತ್ರ ರೋಗ | मूत्र रोग | a urinary disease. |
| **प्रमोद** | पु. | हर्ष, आनन्द। | ಹರ್ಷ, ಆನಂದ | हर्ष, आनंद | merriment, joy. |
| **प्रयत्न** | पु. | 1. किसी कार्य या उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया जानेवाला प्रयास, कोशिश;<br>2. व्याकरण में गले और मुख के अन्दर की वह क्रिया या चेष्टा जो ध्वनियों के उच्चारण के लिए होती है। | ಪ್ರಯತ್ನ | प्रयत्न | effort, attempt;<br>mode of articulation. |
| **प्रयत्नशील** | वि. | किसी प्रकार के प्रयत्न या उद्योग में लगा हुआ। | ಪ್ರಯತ್ನ ಮಾಡುತ್ತಲಿರುವ, ಉದ್ಯಮಿ | प्रयत्न माडुत्तलिरुव, उद्यमि | one who makes efforts, diligent. |
| **प्रयाण** | पु. | 1. गमन, प्रस्थान;<br>2. युद्ध के लिए किया गया प्रस्थान; | ಪ್ರಯಾಣ | प्रयाण | setting out, departure;<br>the march (of an army); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. संसार से विदा होना। | | | death, departure (from the world) |
| **प्रयाणगीत** | पु. | युद्धभूमि की ओर प्रस्थान करते समय या किसी प्रकार के संघर्ष के लिए आगे बढ़ते समय मिलकर गाया जानेवाला गीत। | ಯುದ್ಧಗೀತೆ | युद्धगीतॆ | marching song. |
| **प्रयास** | पु. | प्रयत्न, कोशिश। | ಪ್ರಯತ್ನ | प्रयत्न | effort, endeavour |
| **प्रयुक्त** | वि. | जिसे प्रयोग या व्यवहार में लाया गया हो अथवा लाया जा रहा हो। | ಪ್ರಯೋಗಿಸಿದ | प्रयोगिसिद | used, employed. |
| **प्रयोक्ता** | पु. | किसी वस्तु को प्रयोग में लानेवाला। | ಪ್ರಯೋಗ ಮಾಡುವವ | प्रयोग माडुवव | one who uses or employs. |
| **प्रयोग** | पु. | 1. किसी चीज या बात को आवश्यकता अथवा अभ्यासवश काम में लाना, इस्तेमाल, व्यवहार; | ಪ್ರಯೋಗ | प्रयोग | use; |
| | | 2. (अस्त्र-शस्त्र) चलाना या छोड़ना; | | | hurling, casting; |
| | | 3. अमल में लाना या बरतना; | | | application; |
| | | 4. आजकल वैज्ञानिक क्षेत्रों में, किसी प्रकार का अनुसंधान करने या कोई नई बात ढूंढ निकालने के लिए की जानेवाली कोई परीक्षणात्मक क्रिया अथवा उसका साधन। | | | experiment. |
| **प्रयोगवाद** | पु. | भाषा, विषय, छंद आदि संबंधी पुरानी परंपरा के विरोधी नए-नए प्रयोग | ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ನಡೆದು ಬಂದ ಪರಂಪರೆಗೆ ವಿರೋಧವಾಗಿ | साहित्यदल्लि नडॆदु बंद परंपरॆगॆ विरोधवागि हॊस | experimentalism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | करते रहने की आधुनिक साहित्यिकों की प्रवृत्ति जिसमें पाठकों को चौंका देने की अत्यधिक लालसा निहित होती है। | ಹೊಸ ಹೊಸ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ ನಡೆಸಿರುವ ಆಧುನಿಕ ಪ್ರಯೋಗ ಪದ್ಧತಿ,ಪ್ರಯೋಗವಾದ | हॉस रीतियल्लि नडॅसिरुव आधुनिक प्रयोग पद्धति, प्रयोगवाद | |
| **प्रयोगवादी** | वि. | प्रयोगवाद-संबंधी। | ಪ್ರಯೋಗವಾದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | प्रयोगवादक्कॅ संबंधिसिद | pertaining to experimentalism. |
| | पु. | जो प्रयोगवाद का पोषक या समर्थक हो। | ಪ್ರಯೋಗವಾದಿ | प्रयोगवादि | experimentalist. |
| **प्रयोगशाला** | स्त्री. | वह स्थान जहां पदार्थ-विज्ञान, रसायन-शास्त्र आदि विषयक तथ्यों को समझने या नई बातों का पता लगाने की दृष्टि से विविध प्रयोग किए जाते हैं। | ಪ್ರಯೋಗಶಾಲೆ | प्रयोगशालॅ | laboratory. |
| **प्रयोजन** | पु. | 1. प्रवृत्ति का कारणभूत उद्देश्य, हेतु;<br>2. अर्थ, अभिप्राय;<br>3. उपयोग। | ಕಾರಣ, ಹೇತು;<br>ಅಭಿಪ್ರಾಯ;<br>ಉಪಯೋಗ | कारण, हेतु;<br>अभिप्राय;<br>उपयोग | intention, motive, purpose;<br>signification;<br>use. |
| **प्रयोज्य** | वि. | जो प्रयोग में लाया जाने को हो अथवा लाया जा सके। | ಉಪಯೋಗಾರ್ಹ | उपयोगार्ह | to be used or employed or practised. |
| **प्रलयंकर** | वि. | प्रलयकारी, सर्वनाशकारी। | ಸರ್ವನಾಶಕಾರಿ | सर्वनाशकारि | catastrophical. |
| **प्रलय** | पु. | 1. संसार का अपने मूल कारण प्रकृति में सर्वथा लीन हो जाना, सृष्टि का सर्वनाश;<br>2. भयंकर नाश या बरबादी। | ಪ್ರಳಯ | प्रळय | universal dissolution or destruction;<br>devastation. |
| **प्रलाप** | पु. | मानसिक विकार या शारीरिक कष्ट के कारण पागलों की तरह बेसिर पैर की बात करना, बकवास। | ಪ್ರಲಾಪ | प्रलाप | delirium. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रलेख** | पु. | दस्तावेज, अनुबंधपत्र। | ದಸ್ತಾವೇಜು | दस्तावेजु | document. |
| **प्रलोभन** | पु. | 1. लालच;<br>2. ललचानेवाली वस्तु। | ಪ್ರಲೋಭನೆ | प्रलोभनॆ | temptation;<br>causing to lust after, tempting. |
| **प्रवंचना** | स्त्री. | ठगी, धोखेबाजी, धूर्तता। | ಮೋಸ, ದಗಾ | मोस, दगा | deceit, fraud. |
| **प्रवक्ता** | वि. | प्रवचन करनेवाला। | ಉಪನ್ಯಾಸಕ, ಉಪದೇಶಕ, ಬೋಧಕ | उपन्यासक, उपदेशक, बोधक | one who tells or imparts or relates. |
| | पु. | वह जो किसी शासक-मंडल, संस्था आदि की ओर से आधिकारिक रूप से कोई बात कहता या मत प्रकट करता हो। | ವಕ್ತಾರ, ವಕ್ತೃ, ವಾಚಕ, ವದನಕ | वक्तार, वक्तृ, वाचक, वदनक | spokesman. |
| **प्रवचन** | पु. | 1. धार्मिक, नैतिक आदि गंभीर विषयों में परोपकार की दृष्टि से कही जानेवाली अच्छी तथा विचारपूर्ण बातें;<br>2. उपदेशपूर्ण भाषण;<br>3. किसी विषय को अच्छी तरह और पांडित्यपूर्वक समझाना। | ಪ್ರವಚನ | प्रवचन | a (religious) discourse;<br>sermon;<br>explanation, interpretation. |
| **प्रवण** | वि. | किसी काम या बात की ओर प्रवृत्त। | ವಾಲಿದ ಮನವುಳ್ಳ | वालिद मनवुळ्ळ | inclined towards. |
| **प्रवणता** | स्त्री. | प्रवण होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಮನಸ್ಸು ವಾಲಿರುವಿಕೆ | मनस्सु वालिरुविकॆ | inclination, propensity. |
| **प्रवर** | वि. | 1. सबसे अच्छा, बढ़कर या श्रेष्ठ;<br>2. अवस्था या वय में सबसे बड़ा;<br>3. अधिकार, योग्यता आदि में सबसे बड़ा माना जाने वाला। | ಅತ್ಯುತ್ತಮ;<br>ಹಿರಿಯ;<br>ಯೋಗ್ಯ | अत्युत्तम;<br>हिरिय;<br>योग्य | best, excellent;<br>senior;<br>superior. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रवर समिति** | स्त्री. | किसी विषय की छानबीन करने के लिए या उसके बारे में निश्चित मत प्रकट करने के लिए बनाई गई वह समिति जिसमें विशेष योग्यतावाले व्यक्ति रखे जाते हैं। | ಪ್ರವರ ಸಮಿತಿ | प्रवर समिति | select committee. |
| **प्रवर्तक** | पु. | 1. किसी काम या बात का आरंभ या प्रचलन करने वाला; | ಪ್ರವರ್ತಕ | प्रवर्तक | a pioneer; |
| | | 2. प्रेरित करनेवाला। | | | one who inspires. |
| **प्रवर्तन** | पु. | 1. प्रवृत्त करना, आरम्भ करना, चलाना; | ಪ್ರಾರಂಭಿಸುವಿಕೆ; | प्रारंभिसुविकॆ; | act of pioneering; |
| | | 2. प्रेरित करना, उभारना; | ಪ್ರೇರಿಸುವಿಕೆ; | प्रेरिसुविकॆ; | prompting, inciting; |
| | | 3. जारी करना। | ಜಾರಿ ಮಾಡುವಿಕೆ | जारि माडुविकॆ | to issue, to enforce. |
| **प्रवाद** | पु. | लोगों में प्रचलित बात, किंवदंती। | ಕಿಂವದಂತಿ | किंवदंति | saying. |
| **प्रवास** | पु. | परदेश में रहना, विदेशवास। | ಪರದೇಶವಾಸ | परदेशवास | the act of dwelling abroad. |
| **प्रवासित** | वि. | देश से निकाला हुआ। | ದೇಶದಿಂದ ಹೊರ ಹಾಕಿದ | देशदिंद हॊरहाकिद | exiled. |
| **प्रवासी** | वि. | परदेश में रहनेवाला; जो प्रवास में हो। | ಪರದೇಶದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸುವ | परदेशदल्लि-वासिसुव | who dwells abroad. |
| **प्रवाह** | पु. | 1. बहने की क्रिया या भाव; | ಪ್ರವಾಹ | प्रवाह | flowing or streaming forth; |
| | | 2. बहाव, जल आदि की धारा; | | | flow, running water, current; |
| | | 3. किसी वस्तु का अटूट क्रम; | | | an unbroken sequence; |
| | | 4. शवादि को नदी के पानी में बहा देना। | | | to float the corpse in the water. |
| **प्रवाहिका** | स्त्री. | पेचिश, संग्रहणी रोग। | ಅತಿಸಾರ | अतिसार | diarrhoea. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रवाहित** | वि. | बहाया हुआ। | ಹರಿಯಬಿಟ್ಟ | हरिय बिट्ट | flowed. |
| **प्रविष्ट** | वि. | 1. अन्दर गया हुआ, अन्दर पहुँचा हुआ;<br>2. जिसकी प्रविष्टि हुई हो। | ಒಳ ಪ್ರವೇಶಿಸಿದ;<br>ದಾಖಲಾದ | ऒळ प्रवेशिसिद;<br>दाखलाद | one who has entered or gone or come into;<br>admitted. |
| **प्रविष्टि** | स्त्री. | 1. प्रवेश;<br>2. बही आदि में लेखे, विवरण आदि लिखना;<br>3. इस प्रकार लिखी जाने-वाली कोई बात, विवरण या रकम। | ಪ್ರವೇಶ;<br>ದಾಖಲು ಮಾಡುವಿಕೆ;<br>ದಾಖಲಾದ ವಿಷಯ, ವಿವರಣೆ, ಹಣ | प्रवेश;<br>दाख़लु माडुविकॆ;<br>दाखलाद विषय, विवरणॆ, हण | entrance.<br>entry (in the register etc.):<br>particulars to be entered (in the register etc.). |
| **प्रवीण** | वि. | निपुण, कुशल। | ನಿಪುಣ | निपुण | proficient, skilled. |
| **प्रवीणता** | स्त्री. | निपुणता, कौशल। | ನೈಪುಣ್ಯ | नैपुण्य | proficiency, skill. |
| **प्रवृत्त** | वि. | प्रवृत्तियुक्त, लगा हुआ, रत। | ಕಾರ್ಯದಲ್ಲಿ ತೊಡಗಿದ | कार्यदल्लि तॊडगिद | engaged (in), occupied (with). |
| **प्रवृत्ति** | स्त्री. | 1. मन का किसी विषय की ओर झुकाव;<br>2. किसी नियम का किसी प्रसंग में लागू होना। | ಪ್ರವೃತ್ತಿ | प्रवृत्ति | trend, tendency;<br>the applicability or validity of a rule. |
| **प्रवृत्ति मार्ग** | पुं. | जीवन यापन का वह प्रकार जिसमें मनुष्य सांसारिक कार्यों और बंधनों में पड़ा रहता है। | ಪ್ರವೃತ್ತಿ ಮಾರ್ಗ | प्रवृत्ति मार्ग | (the path of) active association with and interest in mundane affairs. |
| **प्रवेश** | पुं. | 1. अन्दर जाने की क्रिया या भाव;<br>2. किसी विशिष्ट संस्था आदि में भरती होना;<br>3. गति, पहुंच;<br>4. किसी विषय की होने वाली प्राथमिक या साधारण जानकारी। | ಪ್ರವೇಶ | प्रवेश | entering, entrance;<br>admission;<br>access, approach;<br>preliminary knowledge (of a subject). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रवेश-द्वार** | पु. | भीतर जाने का द्वार या रास्ता। | ಪ್ರವೇಶ ದ್ವಾರ | प्रवेश द्वार | entrance gate. |
| **प्रवेश-पत्र** | पु. | वह पत्र जिसके द्वारा कहीं प्रवेश करने का अधिकार प्राप्त हो। | ಪ್ರವೇಶ-ಪತ್ರ, ಅಪ್ಪಣೆ ಚೀಟಿ | प्रवेश-पत्र, अप्पणे चीटि | pass. |
| **प्रवेश-शुल्क** | पु. | प्रवेश पाने का अधिकार प्राप्त करने के लिए दिया जानेवाला धन। | ಪ್ರವೇಶ-ಶುಲ್ಕ | प्रवेश-शुल्क | admission fee. |
| **प्रवेशिका** | स्त्री. | 1. प्रवेशपत्र या प्रवेश-शुल्क;<br>2. आरम्भिक शिक्षा के उपरान्त ली जानेवाली परीक्षा जिसमें उत्तीर्ण होने पर विद्यार्थी उच्चकोटि की शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी होता है। | ಅಪ್ಪಣೆ ಚೀಟಿ ಅಥವಾ ಪ್ರವೇಶ-ಶುಲ್ಕ<br>ಪ್ರವೇಶ ಪರೀಕ್ಷೆ | अप्पणे चीटि अथवा प्रवेश शुल्क;<br>प्रवेश परीक्षे | pass or admission fee;<br>preliminary test. |
| **प्रव्रजन** | पु. | 1. संन्यास लेना;<br>2. अपना देश छोड़कर दूसरे देश में बसने के लिए जाना। | ಸಂನ್ಯಾಸ ಗ್ರಹಣ;<br>ಬೇರೆ ದೇಶದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸಲು ಹೊರಡುವಿಕೆ | सन्यास ग्रहण;<br>बेरे देशदल्लि वासिसलु होरडुविके | renunciation;<br>migration. |
| **प्रशंसक** | पु. | प्रशंसा करनेवाला। | ಪ್ರಶಂಸೆ ಮಾಡುವವ | प्रशंसे माडुवव | admirer, one who praises. |
| **प्रशंसनीय** | वि. | प्रशंसा करने योग्य, प्रशंसा का अधिकारी या पात्र। | ಪ್ರಶಂಸಾರ್ಹ | प्रशंसार्ह | to be praised, praiseworthy, laudable. |
| **प्रशंसा** | स्त्री. | गुणों का बखान, गुणकीर्तन, तारीफ। | ಪ್ರಶಂಸೆ | प्रशंसे | praise, admiration, commendation. |
| **प्रशंसित** | वि. | जिसकी प्रशंसा की गई हो। | ಪ್ರಶಂಸಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | प्रशंसिसल्पट्ट | praised, admired, commended. |
| **प्रशमन** | पु. | 1. शांत करना; | ಶಾಂತಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | शांतगोळिसुविके; | restoration of peace; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. रोग आदि को दबाना;<br>3. नाशन, ध्वंस। | ರೋಗ ಅದುಮುವಿಕೆ;<br>ನಾಶ, ಧ್ವಂಸ | रोग अदुमुविकॆ;<br>नाश, ध्वंस | curing, healing;<br>killing, slaughter. |
| प्रशस्त | वि. | 1. जिसकी प्रशंसा की गई हो या हुई हो;<br>2. श्रेष्ठ, उत्तम;<br>3. विस्तृत, लंबा-चौड़ा। | ಪ್ರಸಂಶಿಸಲ್ಪಟ್ಟ;<br>ಉತ್ತಮ;<br>ವಿಶಾಲ | प्रशंसिसल्पट्ट;<br>उत्तम;<br>विशाल | praised, commended;<br>excellent, best;<br>vast, spacious. |
| प्रशस्ति | स्त्री. | 1. प्रशंसा, स्तुति;<br>2. किसी की प्रशंसा में लिखी गई कविता;<br>3. ग्रन्थों के आदि अथवा अंत का वह भाग जिसमें उनके कर्ता, रचनाकाल, विषय आदि का उल्लेख रहता है। | ಪ್ರಶಂಸೆ;<br>ಪ್ರಶಂಸೆಗಾಗಿ ಬರೆದ ಕವಿತೆ;<br>ಗ್ರಂಥದ ಪೀಠಿಕೆ | प्रशंसॆ;<br>प्रशंसॆगागि बरॆद कवितॆ;<br>ग्रंथद पीठिकॆ | praise, admiration;<br>panegyric or small poem written in praise of anyone;<br>introduction, preface. |
| प्रशस्य | वि. | प्रशंसनीय, स्तुत्य। | ಪ್ರಶಂಸನೀಯ | प्रशंसनीय | praiseworthy, commendable. |
| प्रशांत | वि. | बहुत अधिक शांत या स्थिर। | ಶಾಂತವಾದ | शांतवाद | tranquillized, composed. |
| प्रशाखा | स्त्री. | बड़ी शाखा में निकली हुई छोटी शाखा। | ಕೊಂಬೆಯಿಂದ ಕವಲೊಡೆದ ರೆಂಬೆ | कॊंबॆयिंद कवलॊडॆद रॆंबॆ | small branch or twig. |
| प्रशासक | पु. | शासन करनेवाला अधिकारी। | ಆಡಳಿತಾಧಿಕಾರಿ | आडळिताधिकारि | administrator. |
| प्रशासकीय | वि. | दे० 'प्रशासनिक'। | ನೋಡಿ "प्रशासनिक" | नोडि 'प्रशासनिक' | see 'प्रशासनिक'. |
| प्रशासन | पु. | सार्वजनिक व्यवस्था की दृष्टि से किया जानेवाला कार्य, शासन। | ಆಡಳಿತ, ರಾಜ್ಯಭಾರ | आडळित, राज्यभार | administration, rule. |
| प्रशासनिक | वि. | प्रशासन-संबंधी, प्रशासन का। | ಆಡಳಿತಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | आडळितक्कॆ संबंधिसद | administrative. |
| प्रशासित | वि. | जिसका शासन हो रहा हो। | ಆಡಳಿತಕ್ಕೊಳಪಟ್ಟ | आडळितक्कॊळ-पट्ट | governed, administered. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रशिक्षक** | पु. | प्रशिक्षण देनेवाला। | ಪ್ರಶಿಕ್ಷಕ, ತರಬೇತುಗಾರ | प्रशिक्षक, तरबेतुगार | instructor (one who instructs). |
| **प्रशिक्षण** | पु. | किसी व्यावहारिक या प्रायोगिक शिक्षा-पद्धति से दी जानेवाली या प्राप्त की जानेवाली विशेष शिक्षा। | ತರಬೇತಿ, ಪ್ರಶಿಕ್ಷಣ | तरबेति, प्रशिक्षण | training. |
| **प्रशिक्षणार्थी (प्रशिक्षार्थी)** | पु. | प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक या उम्मीदवार। | ತರಬೇತು ಪಡೆಯುವವ, ಪ್ರಶಿಕ್ಷು | तरबेतु पडॆयुवव, प्रशिक्षु | trainee. |
| **प्रशिक्षित** | वि. | जिसने किसी विशेष प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। | ಶಿಕ್ಷಣ ಪಡೆದ, ತರಬೇತಾದ, ಪ್ರಶಿಕ್ಷಿತ | शिक्षण पडॆद, तरबेताद, प्रशिक्षित | trained (one who has taken special training). |
| **प्रशीतक** | पु. | एक विशिष्ट प्रकार की लोहे की अलमारी जिसमें औषध, खाद्य-पदार्थ आदि ठंडे रखने और विकृत होने से बचाने के लिए रखे जाते हैं। | ಶೀತಕ ಯಂತ್ರ, ಶೀತಕ, ಪ್ರಶೀತಕ, ರೆಫ್ರಿಜಿರೇಟರ್ | शीतक यंत्र, शीतक, प्रशीतक, रॆफ्रिजिरेटर् | refrigerator. |
| | वि. | बहुत अधिक ठंडा करने या रखनेवाला। | ತಣ್ಣಗಿರಿಸುವ | तण्णगिरिसुव | refrigerant. |
| **प्रशीतन** | पु. | बहुत अधिक ठंडा करना या रखना। | ತಣ್ಣಗಾಗುವಂತೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | तण्णगागुवंतॆ माडुविकॆ | refrigeration. |
| **प्रश्न** | पु. | 1. वह बात जिसका उत्तर अभीष्ट हो या दिया जाता हो;<br>2. समस्या। | ಪ್ರಶ್ನೆ;<br>ಸಮಸ್ಯೆ | प्रश्नॆ;<br>समस्यॆ | question, interrogation, query;<br>problem. |
| **प्रश्न-चिह्न** | पु. | 1. लेखन आदि में प्रश्नात्मक वाक्यों के अंत में लगाया जानेवाला विराम चिह्न;<br>2. विकट समस्या जिसका कोई उपाय न सूझ रहा हो। | ಪ್ರಶ್ನಾರ್ಥಕ ಚಿಹ್ನೆ;<br>ಹರಿಸಲಾಗದ ಸಮಸ್ಯೆ | प्रश्नार्थक चिह्नॆ;<br>हरिसलागद समस्यॆ | mark of interrogation;<br>insoluble problem. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रश्नावली** | स्त्री. | 1. प्रश्नों की सूची; 2. किसी विषय से सम्बन्ध रखनेवाली वह सूची जो आधिकारिक रूप से किसी बात की जांच करने या अभिमत प्राप्त करने के लिए संबद्ध लोगों के पास भेजी जाती है। | ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ | प्रश्नावळि | list of questions; questionnaire. |
| **प्रश्नोत्तर** | पु. | प्रश्न और उसका उत्तर। | ಪ್ರಶ್ನೋತ್ತರ | प्रश्नोत्तर | question and answer. |
| **प्रश्नोत्तरी** | स्त्री. | किसी विषय से सम्बन्ध रखनेवाले प्रश्नों और उनके उत्तरों का संग्रह, विशेषतः ऐसा संग्रह जिसमें इस प्रकार किसी विषय का स्वरूप स्पष्ट किया गया हो। | ಪ್ರಶ್ನೋತ್ತರಗಳ ಸಂಗ್ರಹ | प्रश्नोत्तरगळ संग्रह | catechism. |
| **प्रश्रय** | पु. | सहारा, आश्रय। | ಆಸರೆ, ಆಶ್ರಯ | आसरे, आश्रय | support, shelter. |
| **प्रश्वास** | पु. | बाहर आती हुई सांस। | ನಿಶ್ವಾಸ | निश्वास | breathing out. |
| **प्रसंग** | पु. | 1. विषय का तारतम्य, प्रकरण; 2. मैथुन। | ಸಂದರ್ಭ; ಸ್ತ್ರೀಸಂಭೋಗ | संदर्भ; स्त्रीसंभोग | context; intercourse. |
| **प्रसंगवश** | क्रि. वि. | प्रसंग उपस्थित होने पर। | ಸಂದರ್ಭ ಒದಗಿ ಬಂದಾಗ | संदर्भ ऒदगि बंदाग | incidentally. |
| **प्रसन्न** | वि. | 1. संतुष्ट और प्रफुल्लित; 2. निर्मल, स्वच्छ। | ಸಂತುಷ್ಟ; ಸ್ವಚ್ಛ | संतुष्ट; स्वच्छ | pleased, happy; pure, clear. |
| **प्रसन्नता** | स्त्री. | 1. प्रसन्न होने की अवस्था या भाव, हर्ष; 2. स्वच्छता, निर्मलता। | ಪ್ರಸನ್ನತೆ; ಸ್ವಚ್ಛತೆ | प्रसन्नतॆ; स्वच्छतॆ | cheerfulness; clearness, purity. |
| **प्रसव** | पु. | 1. बच्चा जनना; 2. उत्पत्ति, बच्चों का होनेवाला जन्म; | ಹೆರಿಗೆ; ಜನ್ಮ,ಜನನ; | हॆरिगॆ; जन्म, जनन; | delivery; birth; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. जन्मा हुआ बच्चा, संतान। | ಮಗು | मगु | children. |
| **प्रसाद** | पु. | 1. देवी-देवता को भोग लगाई गई वस्तु जो भक्त-जनों में बांटी जाती है; | ಪ್ರಸಾದ | प्रसाद | offering to an idol (and later distributed amongst devotees); |
| | | 2. स्वच्छता, निर्मलता; | | | clearness, purity; |
| | | 3. कृपा, अनुग्रह; | | | boon, blessing; |
| | | 4. महात्मा या गुरु की जूठन; | | | the remnant of food left by a spiritual teacher; |
| | | 5. काव्य का एक गुण जिससे रचना का आशय समझने में कुछ भी कठिनता नहीं होती तथा उससे हृदय में उद्दीप्त भावों का संचार अनायास हो जाता है। | | | lucidity (of the style of writing etc.). |
| **प्रसाधन** | पु. | 1. बनाव-श्रृंगार; | ಶೃಂಗಾರ; | शृंगार; | make-up; |
| | | 2. श्रृंगार की सामग्री; | ಶೃಂಗಾರ ಸಾಮಗ್ರಿ; | श्रृंगार सामग्रि; | toilet; |
| | | 3. किसी चीज को अच्छी तरह काट-छांटकर अथवा परिष्कृत करके काम में आने के योग्य बनाना; | ಸಜ್ಜುಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | सज्जुगोळिसुविकॆ; | dressing; |
| | | 4. वे पदार्थ या सामग्री जो किसी काम के लिए आवश्यक और उपयोगी हों, उपस्कर, साधन। | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬೇಕಾದ ಉಪಕರಣ | कॆलसक्कॆ बेकाद उपकरण | equipment. |
| **प्रसार** | पु. | 1. फैलाने की क्रिया; | ಹರಡುವಿಕೆ; | हरडुविकॆ; | spreading or stretching out; |
| | | 2. फैलाव, संचार। | ಹರಡಿದ ವಿಸ್ತಾರ | हरडिद विस्तार | extent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रसारण** | पु. | 1. आकाशवाणी द्वारा समाचार, गीत आदि का लोगों को सुनाने के लिए प्रस्तुत करना; | ಪ್ರಸಾರ ಮಾಡುವಿಕೆ; | प्रसार माडुविकॆ; | broadcasting; |
| | | 2. फैलाना। | ವಿಸ್ತರಣ | विस्तरण | expanding, expansion. |
| **प्रसारित** | वि. | 1. आकाशवाणी के द्वारा प्रस्तुत किया हुआ; | ಪ್ರಸಾರ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | प्रसार माडल्पट्ट; | broadcast; |
| | | 2. फैलाया हुआ। | ವಿಸ್ತರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | विस्तरिसल्पट्ट | expanded. |
| **प्रसिद्ध** | वि. | ख्यात, मशहूर। | ಪ್ರಸಿದ್ಧವಾದ | प्रसिद्धवाद | famous, well-known. |
| **प्रसिद्धि** | स्त्री. | प्रसिद्ध होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಪ್ರಸಿದ್ಧಿ | प्रसिद्धि | fame, renown. |
| **प्रसुप्त** | वि. | 1. सोया हुआ; 2. निष्क्रिय, **निश्चेष्ट**। | ನಿದ್ರಿಸಿದ; ಚಲನವಲನಗಳಿಲ್ಲದ | निद्रिसिद; चलनवलनगळिल्लद | asleep; dormant. |
| **प्रसूत** | वि. | उत्पन्न, संजात। | ಉತ್ಪನ್ನವಾದ, ಜನಿಸಿದ | उत्पन्नवाद, जनिसिद | born, brought forth, delivered. |
| **प्रसूता** | स्त्री. | वह स्त्री जिसे कुछ ही काल पूर्व बच्चा पैदा हुआ हो। | ಬಾಣಂತಿ, ಹೆರಿಗೆಯಾದವಳು | बाणंति, हॆरिगॆ-यादवळु | a woman who has brought forth a child recently. |
| **प्रसूति** | स्त्री. | 1. प्रसव, उत्पत्ति; | ಹೆರಿಗೆ; | हॆरिगॆ; | delivering, bringing forth; |
| | | 2. संतान। | ಸಂತಾನ | संतान | child. |
| **प्रसूति-गृह** | पु. | बच्चा जनने का घर या स्थान। | ಪ್ರಸೂತಿ ಗೃಹ, ಹೆರಿಗೆ ಆಸ್ಪತ್ರೆ | प्रसूति-गृह, हॆरिगॆ आस्पत्रॆ | maternity home. |
| **प्रसून** | पुं. | पुष्प, फूल। | ಹೂ | हू | flower, blossom. |
| **प्रस्तर-कला** | स्त्री. | पत्थरों को काट-छांटकर उनकी विशिष्ट आकृतियाँ आदि बनाने की कला या विद्या। | ಶಿಲ್ಪಕಲೆ | शिल्पकलॆ | sculpture. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रस्ताव** | पु. | 1. वह नई बात जो किसी के सामने इस उद्देश्य से विचारार्थ रखी जाए कि यदि वह उसे उपयुक्त समझे तो मान ले और उसके अनुसार कार्य करे; | ಠರಾವು, ಗೊತ್ತುವಳಿ, ಪ್ರಸ್ತಾವ | ठरावु, गोत्तुवळि, प्रस्ताव | resolution, proposal; |
| | | 2. सभा के सामने रखी हुई बात ताकि यदि अधिकांश सदस्य मान लें तो भविष्य में उसके अनुसार कार्य हो। | ಸೂಚನೆ, ಪ್ರಸ್ತಾಪ, ಗೊತ್ತುವಳಿ | सूचने, प्रस्ताप, गोत्तुवळि | motion. |
| **प्रस्तावक** | पु. | प्रस्ताव करनेवाला। | ಪ್ರಸ್ತಾವಕ | प्रस्तावक | one who proposes. |
| **प्रस्तावना** | स्त्री. | 1. आरंभ; | ಪ್ರಾರಂಭ; | प्रारंभ; | beginning; |
| | | 2. नाटक के आरंभ में सूत्रधार का नटी, विदूषक आदि के साथ होनेवाला संलाप जिसमें परिचय आदि रहता है; | ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಪ್ರಸ್ತಾವನೆ; | नाटकदल्लि प्रस्तावने; | introductory dialogue (the prologue) at the beginning of a drama between the manager and one of the actors, which after giving an account of the author and his qualifications introduces the audience to the incidents of the drama; |
| | | 3. किसी ग्रन्थ का वह आरंभिक वक्तव्य जिसमें उससे सम्बन्धित कुछ मुख्य बातों का विवेचन किया जाता है। | ಮುನ್ನುಡಿ, ಪ್ರಸ್ತಾವನೆ, ಪೀಠಿಕೆ, ಮೊದಲ ಮಾತು | मुन्नुडि, प्रस्तावने, पीठिके, मॊदल मातु | introduction. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रस्तावित** | वि. | जिसके लिए या जिसके विषय में प्रस्ताव हुआ हो या किया गया हो। | ಪ್ರಸ್ತಾಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | प्रस्तापिसल्पट्ट | proposed. |
| **प्रस्तुत** | वि. | 1. जो इस समय उपस्थित या वर्तमान हो, मौजूद; | ಹಾಜರಾಗಿರುವ; | हाजरागिरुव; | present; |
| | | 2. प्रकरण-प्राप्त, प्रासंगिक; | ಪ್ರಾಸಂಗಿಕ; | प्रासंगिक; | relevant; |
| | | 3. उद्यत, तैयार। | ಸಿದ್ಧವಾಗಿರುವ | सिद्धवागिरुव | ready, produced. |
| **प्रस्तोता** | वि. | प्रस्तावक, प्रस्तुत करनेवाला। | ಪ್ರಸ್ತಾವವನ್ನು ಮಂಡಿಸುವ | प्रस्ताववन्नु मंडिसुव | one who proposes or presents. |
| **प्रस्थान** | पु. | 1. यात्रा आरंभ करना, रवानगी; | ಪ್ರಸ್ಥಾನ | प्रस्थान | departure; |
| | | 2. युद्ध-यात्रा, कूच; | | | march, the march of an army; |
| **बाड़** | स्त्री. | खेत आदि की सुरक्षा के लिए उसके चारों ओर लगाया जानेवाला कांटेदार झाड़ियों या कंटीले तारों का घेरा। | ಬೇಲಿ | | fence, hedge. |
| **बाड़ा** | पुं. | चारों ओर से घिरा हुआ कुछ विस्तृत खाली स्थान। | ಬೇಲಿ ಹಾಕಿದ ಅಂಗಳ | बेलि हाकिद अंगळ | enclosed space, enclosure. |
| **बाड़ी** | स्त्री. | वाटिका | ಕೈತೋಟ | कैतोट | small garden. |
| **बाढ़** | स्त्री. | नदी-नाले की वह स्थिति जब उसका पानी किनारों के बाहर बहने लगता है। | ಪ್ರವಾಹ, ನೆರೆ | प्रवाह, नॆरॆ | swelling or rise (of a river); inundation, flood. |
| **बाण (वाण)** | पु. | एक प्रकार का नुकीला अस्त्र जो कमान या धनुष पर चढ़ाकर चलाया जाता है। | ಬಾಣ | बाण | arrow. |
| **बात** | स्त्री. | किसी से अथवा किसी विषय में कहा जानेवाला कोई सार्थक वाक्य। | ಮಾತು, ಮಾತುಕತೆ | मातु, मातुकतॆ | speech, conversation. talk. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बातचीत** | स्त्री. | वार्तालाप | ವಾರ್ತಾಲಾಪ, ಮಾತುಕತೆ | वार्तालाप, मातुकतें | talk, conversation, discourse. |
| **बातूनी** | वि. | जो बहुत बातें करता हो। | ಬಹಳ ಮಾತನಾಡುವ, ಮಾತಿನಮಲ್ಲ, ಹರಟೆಗಾರ | बहळ मातनाडुव, मातिनमल्ल, हरटेगार | talkative, loquacious, garrulous. |
| **बाद** | अव्य. | पश्चात्। | ನಂತರ | नंतर | after, subsequent (to), afterwards, subsequently. |
| **बादल** | पु. | मेघ। | ಮೇಘ, ಮೋಡ | मेघ, मोड | cloud. |
| **बादशाह** | पु. | बड़े साम्राज्य का शासक। | ಚಕ್ರವರ್ತಿ | चक्रवर्ति | king, monarch, sovereign. |
| **बादशाही** | वि., स्त्री. | 1. बादशाह से संबंध रखनेवाला, बादशाह की तरह;<br>2. साम्राज्य, शासन। | ಚಕ್ರವರ್ತಿಯ;<br>ಸಾಮ್ರಾಜ್ಯ | चक्रवर्तिय;<br>साम्राज्य | kingly, royal, regal, sovereign, imperial;<br>royalty, sovereignty, sway, rule. |
| **बादाम** | पु. | मझोले आकार का एक प्रकार का वृक्ष जिसका फल मेवों में गिना जाता है। | ಬಾದಾಮಿ | बादामि | almond. |
| **बादामी** | वि. | 1. बादाम के रंग का;<br>2. बादाम के आकार-प्रकार का। | ಬಾದಾಮಿ ಬಣ್ಣದ;<br>ಬಾದಾಮಿ ಆಕಾರದ | बादामि बण्णद;<br>बादामि आकारद | almondcoloured;<br>almond shaped, made of or containing almonds. |
| **बादी** | वि. | 1. शरीर-वायु संबंधी;<br>2. वायु का रोग उत्पन्न करनेवाला। | ವಾತ ಸಂಬಂಧವಾದ;<br>ವಾಯುಕಾರಕ | वात संबंधवाद;<br>वायुकारक | flatulent;<br>causing flatulence. |
| **बाधक** | वि. | 1. बाधा के रूप में होनेवाला;<br>2. विघ्न उत्पन्न करनेवाला; | ಬಾಧಕ | बाधक | obstructive, hindering;<br>causing obstruction or hindrance; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. अड़चन डालनेवाला। | | | obstructor. |
| **बाधा** | स्त्री. | वह स्थिति जो किसी को आगे बढ़ने अथवा कोई कार्य संपादित करने से रोकती हो। | ಅಡ್ಡಿ, ಬಾಧೆ, ತೊಂದರೆ | अड्डि, बाधॆ, तॊंदरॆ | obstruction, hindrance, impediment. |
| **बाध्य** | वि. | जो आज्ञा, नियम, परिस्थिति आदि से कुछ करने में विवश हो। | ಬಾಧ್ಯ | बाध्य | restricted, checked, obliged. |
| **बानगी** | स्त्री. | नमूना। | ನಮೂನೆ, ಮಾದರಿ | नमूनॆ, मादरि | specimen, sample. |
| **बानवे** | वि. | नब्बे से दो अधिक। | ತೊಂಬತ್ತೆರಡು | तॊंबत्तॆरडु | ninety-two. |
| **बाना** | पु. | पहनावा या पोशाक। | ಉಡುಪು | उडुपु | dress. |
| **बाप** | पु. | पिता या जनक। | ತಂದೆ | तंदॆ | father. |
| **बापदादा** | पु. | पूर्वज। | ಪೂರ್ವಜರು | पूर्वजरु | ancestors, forefathers. |
| **बाबत (की, के)** | अव्य. | सम्बंध में या विषय में। | ಬಾಬ್ತು, ಬಗ್ಗೆ, ಬಗೆಗೆ | बाब्तु, बग्गॆ, बगॆगॆ | about, concerning. |
| **बाबा** | पु. | 1. पिता;<br>2. पितामह;<br>3. बूढ़ा व्यक्ति। | ತಂದೆ;<br>ತಾತ;<br>ವೃದ್ಧ | तंदॆ;<br>तात;<br>वृद्ध | father;<br>grand-father;<br>old man. |
| **बाबुल** | पु. | पिता। | ತಂದೆ | तंदॆ | father. |
| **बायन (बैना)** | पु. | 1. वह मिठाई या पकवान आदि जो लोग उत्सव आदि के उपलक्ष में अपने इष्ट-मित्रों के यहां भेजते हैं ;<br>2. किसी बात के लिए दिया जानेवाला अग्रिम धन। | ಇಷ್ಟ-ಮಿತ್ರರಿಗೆ ಹಬ್ಬ ಹರಿದಿನ ಅಥವಾ ಸಮಾರಂಭದ ಸಂದರ್ಭಗಳಲ್ಲಿ ಕಳಿಸಿ ಕೊಡುವ ಸೀ ತಿಂಡಿ, ಪಕ್ವಾನ್ನ;<br>ಮುಂಗಡ ಹಣ | इष्ट-मित्ररिगॆ हब्ब-हरिदिन अथवा समारंभद संदर्भगळल्लि कळिसिकॊडुव सी तिंडि, पक्वान्न;<br>मुंगड हण | presents of sweetmeats;<br>earnest money. |
| **बायां** | वि. | दायां का उल्टा। | ಎಡ | ऎड | left. |
| **बाएं** | क्रि. वि. | जिस ओर बायां हाथ पड़ता हो। | ಎಡಕ್ಕೆ | ऎडक्कॆ | to the left. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बारंबार** | क्रि. वि. | रह-रह कर। | ಮತ್ತೆ ಮತ್ತೆ | मत्तॆ मत्तॆ | again and again, repeatedly. |
| **बार** | स्त्री. | 1. काल या समय;<br>2. देर या विलम्ब;<br>3. आवृत्ति। | ವೇಳೆ;<br>ತಡ;<br>ಸರದಿ | वेळॆ;<br>तड;<br>सरदि | time;<br>delay;<br>turn. |
| **बारदाना** | पु. | जूट की बोरी जिसमें भारी सामान बांधा या रखा जाता है। | ಗೋಣಿಚೀಲ | गोणिचील | jute thread, jute bags, etc. |
| **बारह** | वि. | दस से दो अधिक। | ಹನ್ನೆರಡು | हन्नॆरडु | twelve. |
| **बारहखड़ी** | स्त्री. | देवनागरी वर्णमाला के बारह स्वरों से संयुक्त व्यंजन। | ಕಾಗುಣಿತ | कागुणित | (in Grammar) the aggregate of the twelve short vowels of the Nagari alphabet in combination with consonants. |
| **बारहदरी** | स्त्री. | बड़ा कमरा या दालान, जिसमें चारों ओर तीन-तीन दरवाजे हों अर्थात् कुल बारह दरवाजे हों। | ನಾಲ್ಕು ಕಡೆ ಮೂರು ಮೂರು ಬಾಗಿಲುಗಳುಳ್ಳ ದೊಡ್ಡ ಕೋಣೆ, ಅಥವಾ ತೊಟ್ಟಿ | नाल्कु कडॆ मूरु मूरु बागिलुगळुळ्ळ दॊड्ड कोणॆ अथवा तॊट्टि | a big hall having twelve doors. |
| **बारहमासा** | पु. | वह पद्य या गीत जिसमें बारह महीनों की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन किसी विरही या विरहिणी के मुंह से कराया गया हो। | ವರ್ಷದ ಹನ್ನೆರಡು ತಿಂಗಳುಗಳ ಪ್ರಕೃತಿ ವರ್ಣನೆಯುಳ್ಳ ಗೊಂಡ, ವಿರಹಗೀತೆ | वर्षद हन्नॆरडु तिंगळुगळ प्रकृति वर्णनॆयुळ्ळ गॊंड विरहगीतॆ | त Hindi verse of twelve stanzas, descriptive of the feeling of separation as also of the characteristic changes of the twelve months of the year. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बारहमासी** | वि. | सब ऋतुओं में फलने-फूलने वाला। | ಎಲ್ಲಾ ಋತುಗಳಲ್ಲೂ ಹೂ ಹಣ್ಣು ಕೊಡುವ | एल्ला ऋतुगळल्लू हू हण्णु कोडुव | evergreen (plant, flower etc.). |
| **बारहसिंगा** | पुं. | एक प्रकार का बड़ा हिरन जिसके सींगो में कई शाखाएं निकलती हैं। | ಹಲವಾರು ಕವಲೊಡೆದ ಕೊಂಬುಗಳುಳ್ಳ ಜಿಂಕೆ | हलवारु कवलोडेद कोंबुगळुळ्ळ जिंके | stag. |
| **बारात** | स्त्री. | वरपक्ष की ओर से वधू के घर जानेवाले मित्रों और संबंधियों का दल। | ವಧುವಿನ ಮನೆಗೆ ಬರುವ ವರ ಪಕ್ಷದ ಬೀಗರು | वधुविन मनेगे बरुव वरपक्षद बीगरु | marriage procession. |
| **बाराती** | पुं. | वरपक्ष की ओर से वधू के घर जानेवाले मित्र और संबंधी। | ವಧುವಿನ ಮನೆಗೆ ಬರುವ ವರಪಕ್ಷದವರು | वधुविन मनेगे बरुव वरपक्षदवरु | one who joins a marriage procession. |
| **बारिश** | स्त्री. | वर्षा। | ಮಳೆ | मळे | rain. |
| **बारी** | स्त्री. | क्रम। | ಸರದಿ, ಬಾರಿ | सरदि, बारि | turn. |
| **बारीक** | वि. | पतला, महीन या सूक्ष्म। | ತೆಳ್ಳಗೆ, ನುಣ್ಣಗೆ, ಸಣ್ಣಗೆ | तेळ्ळगे, नुण्णगे, सण्णगे | thin, fine or minute. |
| **बारीकी** | स्त्री. | बारीक होने की अवस्था या भाव, सूक्ष्मता। | ಸೂಕ್ಷ್ಮತೆ, ನುಣುಪು, ನಯ, ನಾಜೂಕುತನ | सूक्ष्मते, नुणुपु, नय नाजूकुतन | fineness, minuteness, subtlety. |
| **बारूद** | स्त्री. | गंधक, शोरे, कोयले आदि का वह मिश्रण जो विस्फोटक होता है और आतिशबाजी तथा तोपें, बन्दूकें आदि चलाने के काम आता है। | ಸಿಡಿಮದ್ದು | सिडिमद्दु | gun powder. |
| **बाल** | पुं. | 1. वह जो अभी जवान न हुआ हो, बालक; | ಬಾಲಕ; | बालक; | child; |
| | | 2. जीव-जंतुओं के शरीर में, त्वचा से ऊपर निकले हुए वे सूक्ष्म तंतु जो रोयों से मोटे होते हैं और बढ़ते रहते हैं। | ಕೂದಲು | कूदलु | hair. |
| **बालक** | पुं. | 1. बच्चा या लड़का; 2. अनजान या अबोध। | ಬಾಲಕ, ಹುಡುಗ; ಅರಿಯದವ | बालक, हुडुग; अरियदव | child, boy; ignorant person. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बालकमानी | स्त्री. | घड़ी आदि के अंदर बारीक मुड़ी तार या पत्ती का एक पुर्जा। | ಗಡಿಯಾರದ ಸೂಕ್ಷ್ಮ ಸ್ಪ್ರಿಂಗು | गडियारद सूक्ष्म स्प्रिंगु | hair-spring. |
| बालचर | पु. | स्काउट। | ಬಾಲಚಮೂ, ಸ್ಕೌಟ್ | बालचमू स्कौट् | scout. |
| बालतोड़ | पु. | एक तरह का फोड़ा जो शरीर पर किसी बाल के टूटने या तोड़ने से हो जाता है। | ಕೂದಲು ಕಿತ್ತದ್ದರಿಂದ ಅದರ ಬುಡದಲ್ಲಿ ಆಗುವ ಹುಣ್ಣು | कूदलु कित्तद्दरिंद अदर बुडदल्लि आगुव हुण्णु | pimple, boil or sore (caused by plucking out or breaking a hair of the body). |
| बाल-बच्चे | पु. | संतान, परिवार। | ಪರಿವಾರ, ಮಕ್ಕಳು | परिवार, मक्कळु | children, family. |
| बालम | पु. | 1. पति; 2. प्रेमी या प्रियतम। | ಪತಿ, ಗಂಡ; ಪ್ರೇಮಿ, ಪ್ರಿಯತಮ | पति, गंड; प्रेमि, प्रियतम | husband; beloved, sweetheart. |
| बाल-लीला | स्त्री. | बालकों की क्रीड़ाएं। | ಬಾಲ-ಲೀಲೆ | बाल-लीले | child's play, juvenile pastime. |
| बाल-विधवा | स्त्री. | जो बाल्यावस्था में ही विधवा हो गई हो। | ಬಾಲ-ವಿಧವೆ | बाल-विधवे | child-widow. |
| बाल-विवाह | पु. | छोटी उम्र में विवाह हो जाना। | ಬಾಲ-ವಿವಾಹ | बाल-विवाह | child-marriage. |
| बाल-साहित्य | पु. | बच्चों के लिए लिखा गया साहित्य। | ಬಾಲ-ಸಾಹಿತ್ಯ | बाल-साहित्य | children's literature. |
| बालानशीन | वि.,पु. | 1. मान्य या प्रतिष्ठित; | ಮಾನನೀಯ; | माननीय; | honourable or distinguished; |
| | | 2. सबसे अच्छा। | ಅತ್ಯುತ್ತಮ | अत्युत्तम | the best. |
| बालापन | पु. | बाल्यावस्था, बचपन। | ಬಾಲ್ಯ | बाल्य | childhood. |
| बालिका | स्त्री. | छोटी लड़की। | ಚಿಕ್ಕ ಹುಡುಗಿ | चिक्क हुडुगि | female child, young girl. |
| बालिग | वि.,पु. | कानून की दृष्टि से जो युवावस्था को प्राप्त कर चुका हो और फलतः जिसे विधिक दृष्टि से कुछ विशिष्ट कार्य करने का अधिकार मिल गया हो। | ವಯಸ್ಕ | वयस्क | adult. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बालिश्त** | पु. | **अंगूठे की नोक से छोटी अंगुली की नोक तक की दूरी।** | ಗೇಣು | गेणु | span measured by the extended thumb and little finger. |
| **बाली** | स्त्री. | **1. कानों में पहनने का एक वृत्ताकार आभूषण;** | ಓಲೆ; | ओले; | kind of ear-ring; |
| | | **2. अनाज की हरी नन्ही बाल, सिट्टा।** | ತೆನೆ | तेने | ear or spike of corn. |
| **बालू** | पु. स्त्री. | पत्थरों का चूर्ण जो रेगिस्तानों में या नदियों के तटों पर अत्यधिक मात्रा में पड़ा रहता है, रेत। | ಮರಳು | मरळु | sand. |
| **बालूशाही** | स्त्री. | मैदे और चीनी की बनी एक प्रसिद्ध मिठाई। | (ಮಿಠಾಯಿ) ಬಾಲುಶಾಹಿ | (मिठायि) बालुशाहि | kind of sweetmeat. |
| **बाल्टी** | स्त्री. | पानी भरने का बरतन। | ಬಾಲ್ಟಿ, ಬಕೆಟ್ಟು | बाल्टि, बकेट्टु | pail, bucket. |
| **बाल्यावस्था** | स्त्री. | बचपन। | ಬಾಲ್ಯ, ಬಾಲ್ಯಾವಸ್ಥೆ | बाल्य, बाल्यावस्थे | childhood. |
| **बावजूद** | अव्य. | इतना होने पर भी। | ಇಷ್ಟು ಆದಾಗ್ಯೂ | इष्टु आदाग्यू | in spite of. |
| **बावड़ी (बावली)** | स्त्री. | एक प्रकार का चौड़े मुंह का कुआं या जलाशय जिसमें पानी तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां बनी हों। | ಸೋಪಾನವಿರುವ ಭಾವಿ | सोपानविरुव भावि | wide **pucca** well with steps to descend. |
| **बावन** | वि. | पचास से दो ऊपर। | ಐವತ್ತೆರಡು | ऐवत्तॆरडु | fifty-two. |
| **बावरची** | पु. | रसोइया। | ಅಡಿಗೆಯವನು | अडिगॆयवनु | cook. |
| **बावरचीखाना** | पु. | वह स्थान जहां रसोइया खाना पकाता है। | ಅಡಿಗೆ ಮನೆ | अडिगॆ मनॆ | cook-house, kitchen. |
| **बावला (स्त्री.बावली)** | वि., पुं. | विक्षिप्त या पागल। | ಹುಚ್ಚ | हुच्च | mad, insane, deranged. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड़ पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बाशिंदा** | पु. | निवासी या रहनेवाला, नागरिक। | ನಿವಾಸಿ | निवासि | dweller, resident, inhabitant, denizen. |
| **बाष्प (वाष्प)** | पु. | भाप। | ಆವಿ | आवि | steam, vapour. |
| **बास** | स्त्री. | गन्ध या महक। | ಗಂಧ, ಸುಗಂಧ | गंध, सुगंध | perfume, fragrance, stench, smell. |
| **बासठ** | वि. | साठ से दो अधिक। | ಅರುವತ್ತೆರಡು | अरुवत्तेरडु | sixty-two. |
| **बासन** | पु. | बरतन। | ಪಾತ್ರೆ | पात्रे | vessel, pot. |
| **बासमती** | पु. | एक प्रकार का बढ़िया और सुगंधित धान। | ಬಾಸಮತಿ ಅಕ್ಕಿ | बासमति अक्कि | a fragrant kind of rice. |
| **बासी** | वि. | जो एक या अधिक दिन पहले बना या पका हो। | ತಂಗಳು | तंगळु | stale. |
| **बाहर** | क्रि. वि. | किसी क्षेत्र, घेरे, विस्तार आदि की सीमा से परे। | ಹೊರಗೆ | हॊरगॆ | outside, exterior, externally, outward. |
| **बाहरी** | वि. | 1. बाहर की ओर का; | ಹೊರಗಣ; | हॊरगण; | outward, outer, exterior, external; |
| | | 2. जो अपने देश, वर्ग या समाज का न हो। | ಸ್ವದೇಶಿಯಲ್ಲದ, ವಿದೇಶದ | स्वदेशियल्लद, विदेशद | strange, foreign. |
| **बाहु** | स्त्री. | भुजा, बांह। | ಬಾಹು, ತೋಳು | बाहु, तोळु | arm. |
| **बाहुपाश** | पु. | आलिंगन। | ಆಲಿಂಗನ | आलिंगनॆ | embrace. |
| **बाहुबल** | पु. | भुजा का बल, शारीरिक शक्ति। | ಭುಜಬಲ, ಬಾಹುಬಲ | भुजबल, बाहुबल | strength of arm, muscular strength. |
| **बाहुल्य** | पु. | बहुतायत, अधिकता। | ಬಾಹುಳ್ಯ | बाहुळ्य | abundance, plenty. |
| **बाह्य** | वि. | बाहर का, बाहरी। | ಹೊರಗಣ | हॊरगण | outer, external, outward, foreign, strange. |
| **बिंदी** | स्त्री. | 1. शून्य का सूचक चिह्न; | ಸೊನ್ನೆ, ಶೂನ್ಯ; | सॊन्नॆ, शून्य; | dot or cypher; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. गोलाकार टीका जो माथे पर लगाया जाता है। | ಕುಂಕುಮದ ಬೊಟ್ಟು | कुंकुमद बॉट्टु | small vermilion mark put on the forehead by a married woman. |
| **बिंदु** | पु. | 1. बूंद; | ಹನಿ, ತೊಟ್ಟು; | हनि, तॉट्टु; | drop of water; |
| | | 2. किसी पदार्थ का बहुत छोटा कण; | ಅತ್ಯಲ್ಪ ಭಾಗ; | अत्यल्प भाग; | detached particle; |
| | | 3. (ज्यामिति) वह अंकन जिसके विभाग या लंबाई चौड़ाई आदि के मान न हों। | (ರೇಖಾ ಗಣಿತ) (ಅವಿಭಾಜ್ಯ ಹಾಗೂ ಅಳೆಯಲಾಗದ) ಬಿಂದು | (रेखागणित) [अविभाज्य हागू अळॆयलागद] बिंदु | (geom.) a point having no parts or magnitude. |
| **बिंधना** | अ.क्रि | छेदा जाना। | ತೂತಾಗು, ಛೇದಿಸಲ್ಪಡು | तूतागु, छेदिसल्पडु | to be punctured, perforated, bored or pierced. |
| **बिंब** | पु. | 1. किसी आकृति की वह झलक जो किसी पारदर्शक पदार्थ में दिखाई पड़ती है; | ಪ್ರತಿಚ್ಛಾಯೆ; | प्रतिच्छायॆ; | reflection, shadow; |
| | | 2. (साहित्य में) भावों, क्रियाओं आदि का मूर्त रूप। | ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ಭಾವ ಕ್ರಿಯೆಗಳ ಮೂರ್ತ ರೂಪ | साहित्यदल्लि भाव क्रियॆगळ मूर्तरूप | (in rhet.) image. |
| **बिकना** | अ.क्रि | 1. मूल्य लेकर दिया जाना या बेचा जाना; | ವಿಕ್ರೀತವಾಗು, ಮಾರಲ್ಪಡು; | विक्रीतवागु, मारल्पडु; | to be sold, to sell; |
| | | 2. किसी का पूर्ण अनुगामी, अनुचर या दास होना। | ದಾಸನಾಗು | दासनागु | to be blind follower or to be enslaved. |
| **बिकवाना** | स.क्रि. | बेचने का काम दूसरे से कराना। | ಮಾರಿಸು, ವಿಕ್ರಯ ಮಾಡಿಸು | मारिसु, विक्रय माडिसु | to have or get sold. |
| **बिकाऊ** | वि. | जो बिक्री के लिए रखी गई हो। | ಮಾರಾಟಕ್ಕಾಗಿರಿಸಿದ | माराटक्कागिरिसिद | for sale. |
| **बिक्री** | स्त्री. | 1. बिकने का भाव; | ಮಾರಾಟ; | माराट; | sale; |
| | | 2. बेचने की क्रिया या भाव। | ಮಾರುವಿಕೆ | मारुविकॆ | act of selling. |
| **बिक्री-कर** | पु. | वह राजकीय कर जो विक्रेता बेची जाने वाली वस्तु के | ಮಾರಾಟ ತೆರಿಗೆ, ಮಾರಾಟ ಕರ | माराट तॆरिगॆ, माराट कर | sales-tax. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दाम के अतिरिक्त क्रेता से वसूल करता है और तत्पश्चात् राज्य सरकार को देता है। | | | |
| **बिखरना** | अ.क्रि | 1. किसी चीज के कणों, रेशों, इकाइयों आदि का अधिक क्षेत्र में फैल जाना; | ಹರಡಿಕೊಳ್ಳು; | हरडिकॊळ्ळु; | to be strewn or dispersed in pieces; |
| | | 2. अलग-अलग या दूर-दूर होना। | ಚೆಲ್ಲಾಪಿಲ್ಲಿಯಾಗು | चॆल्लापल्लियागु | to be scattered. |
| **बिखराव** | पु. | 1. बिखरे हुए होने की अवस्था या भाव; | ಹರಡುವಿಕೆ; | हरडुविकॆ; | scattering; |
| | | 2. फूट। | ಒಡಕು | ऒडकु | disunity. |
| **बिखेरना** | स.क्रि | वस्तुओं को बिना किसी सिलसिले के फैलाकर रखना। | ಹರಡು, ಚೆಲ್ಲಾಪಿಲ್ಲಿ ಮಾಡು | हरडु, चॆल्ला-पिल्लि माडु | to scatter, to strew. |
| **बिगड़ना** | अ.क्रि | 1. विकृत या खराब होना; | ಕೆಟ್ಟು ಹೋಗು; | कॆट्टु होगु; | to be disfigured or deformed; |
| | | 2. काम करते समय खराबी आना; | ಮಾಡುತ್ತಿರುವಾಗ ಕೆಲಸ ಕೆಡು; | माडुत्तिरुवाग कॆलस कॆडु; | to be disordered or damaged, to get out of order; |
| | | 3. आचरण, प्रवृत्ति, स्वभाव आदि में दोष या विकार आना; | ನಡತೆ, ಪ್ರವೃತ್ತಿ, ಸ್ವಭಾವ ಆದಿಗಳಲ್ಲಿ ವಿಕಾರವುಂಟಾಗು; | नडतॆ, प्रवृत्ति, स्वभाव आदि-गळल्लि विकार-वुंटागु; | to become vicious, wicked or unruly; |
| | | 4. क्रुद्ध होना। | ಸಿಟ್ಟಾಗು | सिट्टागु | to become angry or enraged. |
| **बिगड़ैल** | वि. | जो बात-बात में और बहुत जल्दी बिगड़ने या नाराज होने लगता हो। | ಮಾತುಮಾತಿಗೆ ಸಿಟ್ಟಾಗುವ, ಸಿಡುಕ | मातुमातिगॆ सिट्टागुव, सिडुक | short-tempered, one who loses temper easily. |
| **बिगाड़** | पु. | 1. बिगड़ने की क्रिया या भाव; | ಕೆಡುವಿಕೆ, ಹಾಳಾಗುವಿಕೆ; | कॆडुविकॆ, हाळागुविकॆ; | disfigurement, defacement, disorder; |
| | | 2. दोष; | ದೋಷ; | दोष; | defect, damage; |
| | | 3. नुकसान। | ನಷ್ಟ | नष्ट | harm, injury. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिगाड़ना** | स.क्रि | ऐसी क्रिया करना जिससे काम, चीज या बात में किसी तरह की खराबी आ जाए। | ಕೆಡಿಸು, ಹಾಳುಮಾಡು | केडिसु, हाळुमाडु | to ruin, spoil, mar, vitiate, etc. |
| **बिगुल** | पु. | पाश्चात्य ढंग की एक प्रकार की तुरही जिसका प्रयोग सेना में होता है। | ಕೊಂಬು, ತುತೂರಿ, ಕಹಳೆ | कोंबु, तुतूरि, कहळे | bugle. |
| **बिचकना** | अ.क्रि | मुंह का इस प्रकार टेढ़ा होना जिससे अप्रसन्नता या अरुचि के भाव प्रकट हों। | ಅಸಂತೋಷ ಅಥವಾ ಅರುಚಿಯನ್ನು ತೋರಿಸುವಾಗ ಮುಖ ಸೊಟ್ಟಗಾಗುವುದು | असंतोष अथवा अरुचियन्नु तोरि-सुवाग मुख सोट्टगागुवुदु | to show displeasure by making faces. |
| **बिचकाना** | स.क्रि | कोई चीज देख कर उसके प्रति अपनी अप्रसन्नता या अरुचि आदि प्रकट करते हुए मुंह टेढ़ा करना या किसी को चिढ़ाने के लिए मुंह बनाना। | ಇಷ್ಟವಿಲ್ಲದ ಅಸಹ್ಯ ಭಾವವನ್ನು ತೋರಿಸಲು ಅಥವಾ ರೇಗಿಸಲು ಮುಖ ಸಿಂಡರಿಸಿಕೊಳ್ಳುವುದು | इष्टविल्लद असह्य भाववन्नु तोरिसलु अथवा रेगिसलु मुख सिंडरिसि-कोळ्ळुवुदु | to make faces to show displeasure or to irritate someone. |
| **बिचला** | वि. | 1. बीच में पड़नेवाला; | ನಡುವೆ ಕೈ ಹಾಕುವ; | नडुवे कै हाकुव; | intervening, intermediate; |
| | | 2. मध्यम श्रेणी का<br>3. मंझला। | ಮಾಧ್ಯಸ್ಥ;<br>ನಡುವಣ | मध्यस्थ;<br>नडुवण | of middle class;<br>between the two. |
| **बिचवई** | पु., स्त्री. | बीच-बचाव करनेवाला; बीच-बचाव। | ಮಧ್ಯಸ್ಥಿಕೆ ಮಾಡುವವ, ಮಧ್ಯಸ್ಥಿಕೆ | मध्यस्तिके माडुवव, मध्यस्तिके | one who interposes, intermeddler, middleman. |
| **बिचौलिया** | पु. | बीच का आदमी। | ಮಧ್ಯಸ್ತ ವ್ಯಕ್ತಿ | मध्यस्त व्यक्ति | middleman, intermeddler. |
| **बिचौली** | पु. | वह व्यक्ति जो उत्पादक से माल खरीदकर और कुछ नफा कमाकर दुकानदारों आदि के हाथ बेचता हो। | ದಳ್ಳಾಳಿ | दळ्ळाळि | middleman, commission agent. |
| **बिच्छू** | पु. | एक प्रसिद्ध छोटा जहरीला कीड़ा। | ಚೇಳು | चेळु | scorpio. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिछना** | अ.क्रि | बिछाया या फैलाया जाना। | ಹರಡಲ್ಪಡು, ಹರಡು | हरडल्पडु, हरडु | to be spread, to be laid out, to be floored. |
| **बिछवाना** | स. क्रि. | बिछाने का काम करवाना। | ಹರಡಿಸು | हरडिसु | to cause to be spread, to have (a carpet etc.) spread. |
| **बिछाना** | स. क्रि. | दूर तक फैलाना या बिखेरना। | ಹರಡು, ಹಾಸು | हरडु, हासु | to spread, to spread out, to extend. |
| **बिछुआ (बिछुवा)** | पु. | पैर की उंगली या अंगूठे में पहनने का एक गहना। | ಕಾಲುಂಗುರ | कालुंगुर | ring worn on the (little or great) toe. |
| **बिछुड़ना (बिछुरना)** | अ. क्रि. | अलग होना। | ಅಗಲು, ಬೇರಾಗು | अगलु, बेरागु | to separate, to part. |
| **बिछोह** | पु. | वियोग। | ವಿಯೋಗ | वियोग | separation, parting. |
| **बिछौना** | पु. | बिस्तर। | ಹಾಸಿಗೆ. | हासिगे | bed, bedding. |
| **बिजली** | स्त्री. | 1. आकाश में सहसा उत्पन्न होनेवाला वह प्रकाश जो बादलों की रगड़ के कारण उत्पन्न होता है; | ಮಿಂಚು; | मिंचु; | lightning, thunderbolt; |
| | | 2. घर्षण, ताप और रासायनिक क्रियाओं से उत्पन्न होनेवाली एक शक्ति जिससे ताप और प्रकाश उत्पन्न होता है। | ವಿದ್ಯುತ್ತು, ವಿದ್ಯುಚ್ಛಕ್ತಿ | विद्युत, विद्युच्छक्ति | electricity. |
| **बिजलीघर** | पु. | वह स्थान जहां रासायनिक प्रक्रियाओं, जल प्रपातों आदि से बिजली उत्पन्न करके कल-कारखाने आदि चलाने और घरों में प्रकाश आदि करने के लिए जगह-जगह तार की सहायता से पहुंचाई जाती है। | ವಿದ್ಯುತ್-ಗೃಹ | विद्युत-गृह | power-house. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिटिया** | स्त्री. | बेटी। | ಮಗಳು | मगळु | little daughter, daughter. |
| **बिठाना** | स.क्रि | 1. बैठाना;<br>2. जोड़ना। | ಕೂರಿಸು;<br>ಜೋಡಿಸು, ಕೂಡಿಸು | कूरिसु;<br>जोडिसु, कूडिसु | to cause to sit;<br>to fix. |
| **बिताना** | स. क्रि. | अवधि, समय आदि के संबंध में व्यय या व्यतीत करना। | ಕಾಲ ಕಳೆ | काल कळॆ | to cause to pass, to pass or spend (time). |
| **बित्ता** | पु. | मनुष्य के एक हाथ के अंगूठे और कनिष्ठिका के सिरों के बीच की अधिकतम दूरी। | ಗೇಣು | गेणु | hand's breadth. |
| **बिदकना** | अ. क्रि. | कुछ डरते हुए पीछे हटना, झिझकना। | ಬೆದರಿ ಹಿಂದೆ ಸರಿ | बॆदरि हिंदॆ सरि | to be scared, to shirk(from). |
| **बिदकाना** | स. क्रि. | चौंकाना या डराकर पीछे हटाना। | ಹೆದರಿಸು ಬೆದರಿಸು, ಹೆದರಿಸಿ ಹಿಂದೆ ಸರಿಸು | हॆदरिसु बॆदरिसु, हॆदरिसि हिंदॆ सरिसु | to scare, to startle, to cause to recede or to draw back. |
| **बिदा** | स्त्री. | जाने देना, जाना। | ಬೀಳ್ಕೊಡುವಿಕೆ | बीळ्कॊडुविकॆ | farewell, permission to depart, departure. |
| **बिदाई** | स्त्री. | 1. बिदा होने की अवस्था क्रिया या भाव;<br>2. वह उपहार आदि जो बिदा होनेवाले को बिदा देते वक्त देते हैं;<br>3. विवाहिता कन्या, बहू अथवा दामाद को विदा करने की रस्म। | ಬೀಳ್ಕೊಡುಗೆ;<br>ಬೀಳ್ಕೊಡುವಾಗ ಕೊಡುವ ಪುರಸ್ಕಾರ;<br>ವಿವಾಹಾನಂತರ ವಧು ಅಥವಾ ವರನ ಬೀಳ್ಕೊಡುಗೆ | बीळ्कॊडुगॆ;<br>बीळ्कॊडुवाग कॊडुव पुरस्कार;<br>विवाहानंतर वधु अथवा वरन बीळ्कॊडुगॆ | departure;<br>present made by a host to a visitor;<br>ceremonial farewell to daughter-in-law or son-in-law. |
| **बिदेसिया** | पु. | परदेश जाकर बसा हुआ पति या अपना कोई प्रिय व्यक्ति। | ಪರದೇಶದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸುವ ಪತಿ ಅಥವಾ ಪ್ರಿಯ ವ್ಯಕ್ತಿ | परदेशदल्लि वासिसुव पति अथवा प्रिय व्यक्ति | husband or a beloved person settled far away. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिनती** | स्त्री. | प्रार्थना या निवेदन। | ಪ್ರಾರ್ಥನೆ, ನಿವೇದನೆ | प्रार्थनॆ, निवेदनॆ | request or submission. |
| **बिना** | अव्य. | बगैर। | ಹೊರತು | हॊरतु | without. |
| **बिनौला** | पु. | कपास का बीज। | ಹತ್ತಿಯ ಬೀಜ | हत्तिय बीज | cotton-seed. |
| **बियाबान** | पु. | एकान्त जंगल या वन। | ಏಕಾಂತವಾದ ಕಾಡು, ಅಡವಿ | एकांतवाद काडु, अडवि | desert, wilderness. |
| **बिरता** | पुं. | सामर्थ्य। | ಸಾಮರ್ಥ್ಯ | सामर्थ्य | potency, guts. |
| **बिरला** | पु. | (व्यक्ति या पदार्थ) जो सब जगह या अधिकता से नहीं, बल्कि कभी-कभी और कहीं-कहीं दिखाई देता हो, बहुत कम। | ಅಪರೂಪವಾದ ವಸ್ತು | अपरूपवाद वस्तु | rare, scarce, very few. |
| **बिरवा** | पु. | छोटा वृक्ष या पौधा। | ಗಿಡ | गिड | small or young tree or plant. |
| **बिरहा** | पु. | दो पंक्तियोंवाला एक प्रसिद्ध लोकछंद तथा इसमें गाया जानेवाला विरहगीत। | ಎರಡು ಪಂಕ್ತಿಗಳ ಛಂದಸ್ಸಿನ ವಿರಹಗೀತೆ | एरडु पंक्तिगळ छंदस्सिन विरहगीतॆ | Hindi metre of two lines in which a particular song of separation is composed and sung. |
| **बिरादरी** | स्त्री. | विशेषतः किसी एक ही जाति या वर्ग के वे सब लोग जो सामाजिक उत्सवों पर एक दूसरे के यहां आते जाते हों। | ಸಜಾತೀಯ ಬಂಧುಮಿತ್ರರು | सजातीय बंधुमित्ररु | community, brotherhood. |
| **बिराना** | स. क्रि. | किसी को चिढ़ाने के हेतु मुंह की कोई विलक्षण मुद्रा बनाना या उसके कहे हुए शब्द दुहराना। | ಕೋಪ ಬರುವಂತೆ ಮಾಡಲು ಅಣಕಿಸು ಅಥವಾ ಹೇಳಿದಂತೆ ಹೇಳು | कोप बरुवंतॆ माडलु अणकिसु अथवा हेळिदंतॆ हेळु | to grimace, to make faces. |
| **बिल** | पुं. | 1. जमीन के अन्दर खोद कर बनाया हुआ जीवजंतुओं के रहने का स्थान; | ಬಿಲ; | बिल; | hole (particularly of a rat or mouse, etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी को हिसाब चुकता करने के लिए दिया जानेवाला वह पुरजा जिसमें प्राप्य मूल्य का पूरा ब्यौरा लिखा रहता है; | ಬಿಲ್ಲು; | बिल्लु; | bill; |
| | | 3. कानून का मसौदा जो विधान सभाओं या संसद में स्वीकृति के लिए उपस्थित किया जाए। | ಮಸೂದೆ, ವಿಧೇಯಕ | मसूदॆ, विधेयक | bill. |
| **बिलकुल** | क्रि.वि. | 1. पूरा-पूरा; | ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ; | संपूर्णवागि; | entirely, completely, totally; |
| | | 2. आदि से अंत तक। | ಮೊದಲಿಂದ ಕೊನೆ ವರೆಗೆ | मॊदलिंद कॊनॆ-वरॆगॆ | wholly, from beginning to end. |
| **बिलखना** | अ.क्रि | विलाप करना। | ವಿಲಾಪಿಸು, ಬಿಕ್ಕಿ ಬಿಕ್ಕಿ ಅಳು | विलापिसु, बिक्कि बिक्कि अळु | to weep loudly, to lament. |
| **बिलगाना** | स.क्रि | अलग या दूर करना। | ಬೇರೆ ಮಾಡು | बेरॆ माडु | to separate, to detach. |
| **बिलगाव** | पु. | 1. बिलग या अलग होने की क्रिया; | ಬೇರೆಯಾಗುವಿಕೆ; | बेरॆयागुविकॆ; | separating, parting; |
| | | 2. अलगाव या पार्थक्य। | ಪಾರ್ಥಕ್ಯ | पार्थक्य | separation or detachment. |
| **बिलाव** | पु. | बिल्ली का नर। | ಗಂಡು ಬೆಕ್ಕು | गंडु बॆक्कु | tom-cat. |
| **बिलोड़ना** | स.क्रि | 1. दूध आदि मथना; | ಹಾಲು ಮೊಸರು ಕಡೆಯು; | हालु मॊसरु कडॆयु; | to churn, to stir; |
| | | 2. अस्त-व्यस्त करना। | ಅಸ್ತ-ವ್ಯಸ್ತ ಮಾಡು | अस्त-व्यस्त माडु | to upset, to agitate. |
| **बिलोना** | स.क्रि | किसी तरल पदार्थ में कोई चीज डाल कर अच्छी तरह हिलाना। | ಕಲಕು, ಕಡೆಯು | कलकु, कडॆयु | to churn, to shake. |
| **बिल्टी** | स्त्री. | रेल के द्वारा भेजे जानेवाले माल की रसीद। | ರೈಲ್ವೆಯ ಮಾಲಿನ ರಸೀತಿ, ವಹನ-ಪತ್ರ | रैल्वॆय मालिन रसीति, वहन-पत्र | bill of lading. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिल्ला** | पु. | 1. बिल्ली का नर; | ಗಂಡು ಬೆಕ್ಕು; | गंडु बॆक्कु; | male cat; |
| | | 2. कपड़े आदि की वह चौड़ी पट्टी जो विशिष्ट प्रकार का काम करनेवाले अपनी पहचान के लिए लगाते हैं। | ಬಿಲ್ಲೆ, ಲಾಂಛನ | बिल्ले, लांछन | badge, insignia. |
| **बिल्ली** | स्त्री. | 1. एक छोटे आकार का प्रसिद्ध जंतु जो प्रायः घरों में पाला जाता है; | ಬೆಕ್ಕು; | बॆक्कु; | female cat, cat (in general); |
| | | 2. किवाड की सिटकिनी जिसे कोंढ़े में डाल देने से ढकेलने पर किवाड़ नहीं खुल सकता। | ಬಾಗಿಲ ಅಗಳಿ, ಕೊಂಡಿ, ಚಿಲಕ | बागिल अगळि, कॊंडि, चिलक | latch. |
| **बिवाई (बवाई)** | स्त्री. | एड़ियां फटने का रोग। | ಕಾಲ ಹಿಮ್ಮಡಿ ಒಡೆಯುವ ರೋಗ | काल हिम्मडि ऒडॆयुव रोग | kibe or chap on the heal. |
| **बिसरना** | अ. क्रि. | विस्मृत होना या भूल जाना। | ಮರೆತು ಹೋಗು | मरॆतु होगु | to be forgotten. |
| **बिसात** | स्त्री. | 1. हैसियत या सामथ्र्य; 2. बिछाई गई चादर आदि; 3. चौपड़, शतरंज आदि खेलने के लिए बना खानेदार कपड़ा। | ಶಕ್ತಿ, ಸಾಮರ್ಥ್ಯ; ಹಾಸಿದ ಮಗ್ಗಲು ಹಾಸಿಗೆ ಆದಿ; ಪಗಡೆ, ಚದುರಂಗ ಆದಿ ಆಟಗಳ ಮನೆಯಿರುವ ಬಟ್ಟೆ | शक्ति, सामर्थ्य; हासिद मग्गलु हासिगॆ आदि; पगडॆ, चदुरंग आदि आटगळ मनॆयिरुव बट्टॆ | capacity or power; sheet etc. that is spread out; chess-cloth, dice-board. etc. |
| **बिसातखाना** | पु. | बिसाती की दुकान। | ಸಾಮಾನ್ಯ ಮಳಿಗೆ, ವಿವಿಧ ಸಾಮಗ್ರಿ ಮಳಿಗೆ, ಚಿಲ್ಲರೆ ಅಂಗಡಿ | सामान्य मळिगॆ, विविध सामग्रि मळिगॆ, चिल्लरॆ अंगडि | departmental store, small wares stores, general store. |
| **बिसाती** | पु. | फुटकर सामान बेचनेवाला दुकानदार। | ಚಿಲ್ಲರೆ ವ್ಯಾಪಾರಿ | चिल्लरॆ व्यापारि | vendor of small wares. |
| **बिसारना** | स. क्रि. | स्मरण न रखना, विस्मृत करना या भुलाना। | ನೆನಪಿಲ್ಲದಾಗು, ಮರೆಯು | नॆनपिल्लदागु, मरॆयु | to dismiss from memory, to forget. |
| **बिसूरना** | अ. क्रि. | मन में दुःख होने पर निरंतर कुछ समय तक धीरे-धीरे रोते रहना। | ನೆನೆನೆನೆದು ಅಳು | नॆनॆनॆनॆदु अळु | to put on a crying face, to cry slowly, to sob. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिस्कुट** | पु. | एक प्रकार की खस्ता मीठी या नमकीन टिकिया जो आटे को भट्टी में सेककर पकाई जाती है। | ಬಿಸ್ಕತ್ತು | बिस्कत्तु | biscuit. |
| **बिस्तर (बिस्तरा)** | पु. | बिछावन या बिछौना। | ಹಾಸಿಗೆ | हासिगं | bed, bedding. |
| **बिस्तरबंद** | पु. | कैनवस आदि का बना हुआ एक प्रकार का आधान जिसमें बिस्तर बांध कर ले जाया जाता है। | ಹೋಲ್ಡಾಲು, ಅಡಕು ಚೀಲ, ಸರ್ವಗ್ರಾಹಿ | होल्डालु, अडकु चील, सर्वग्राहि | holdall. |
| **बिस्वा** | पु. | जमीन की एक नाप जो एक बीघे का बीसवां भाग है। | ಜಮೀನಿನ ಅಳತೆಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ಬೀಘಾದ (5/8 ಎಕರೆ) ಇಪ್ಪತ್ತನೆಯ ಒಂದು ಭಾಗ | जमीनिन अळतं-यल्लि ऑंदु बीघाद (5/8 एंकरं) इप्पत्तनंय ऑंदु भाग | measure of land equal to the twentieth part of a **bigha.** |
| **बिहान** | पु. | 1. सवेरा या प्रातःकाल; 2. आनेवाला दूसरा दिन। | ಪ್ರಾತಃಕಾಲ; ನಾಳೆ | प्रात:काल; नाळॆ | dawn or morning; tomorrow; |
| **बींधना** | स.क्रि | 1. किसी चीज में आर-पार छेद करने के लिए उसमें नोकदार चीज गड़ाना या धंसाना; | ಚುಚ್ಚು; | चुच्चु; | to perforate, bore through or in, make a hole ; |
| | | 2. बहुत ही चुभती हुई बात कहना। | ಚುಚ್ಚುವಂತೆ ಮಾತನಾಡು | चुच्चुवंतं मातनाडु | to pierce or wound with sharp speech, to say cutting things to. |
| **बीघा** | पु. | खेत नापने का एक वर्ग मान जो 5/8 एकड़ के बराबर होता है। | ಒಂದು ಎಕರೆ ಜಮೀನಿನ 5/8 ಭಾಗ | ऑंदु एंकरं जमीनिन 5/8 भाग | land-measure equal to about five eighth of an acre. |
| **बीच** | पु. | किसी वस्तु का वह केंद्रीय अंश या भाग जहां से उसके सभी छोर समान दूरी पर पड़ते हों। | ಮಧ್ಯಭಾಗ | मध्यभाग | middle, midst, centre. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बीच-बचाव** | पुं. | दो विरोधी पक्षों के बीच में आकर दोनों पक्षों के हितों की की जानेवाली रक्षा। | ಎರಡೂ ಪಕ್ಷಗಳ ಹಿತದೃಷ್ಟಿಯಿಂದ ಮಾಡುವ ಮಧ್ಯಸ್ತಿಕೆ | एरडू पक्षगळ हित दृष्टियिंद माडुव मध्यस्तिके | interposition, intervention, mediation. |
| **बीचोंबीच** | क्रि. वि. | बिलकुल बीच में। | ನಟ್ಟನಡುವೆ | नट्टनडुवे | in the very midst (of), in the exact middle or centre. |
| **बीज** | पुं. | 1. अन्न आदि का वह कण जो खेत में बोने के काम आता है; | ಬಿತ್ತನೆಯ ಬೀಜ; | बित्तनेय बीज; | seed of corn, plants, etc. |
| | | 2. लाक्षणिक अर्थ में, ऐसी आरंभिक बात जो आगे चलकर बहुत बड़ा रूप धारण करती हो। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಮುಂದೆ ಭಾರಿ ರೂಪವನ್ನು ತಾಳುವ ಪ್ರಾರಂಭಿಕ ವಿಷಯ | (लाक्षणिक) मुंदे भारि रूपवन्नु ताळुव प्रारंभिक विषय | primary element or cause which develops later on. |
| **बीजक** | पुं. | 1. सूची या फेहरिस्त; 2. वह सूची जिसमें किसी को भेजे जानेवाले माल का ब्यौरा, दर, मूल्य आदि लिखा रहता है। | ಪಟ್ಟಿ; ಬೆಲೆ ಪಟ್ಟಿ, ಸರಕು ಪಟ್ಟಿ, ಸಾಮಾನು ಪಟ್ಟಿ | पट्टि; बेले पट्टि, सरकु पट्टि, सामानु पट्टि | list; invoice, inventory. |
| **बीजगणित** | पुं. | गणित का वह प्रकार जिसमें अक्षरों को अज्ञात संख्याओं के स्थान पर मान कर वास्तविक मान या संख्याएं जानी जाती हैं। | ಬೀಜಗಣಿತ | बीजगणित | algebra. |
| **बीजमंत्र** | पुं. | तंत्रशास्त्र में किसी देवता के उद्देश्य से निश्चित किया हुआ मूल मंत्र। | ಬೀಜಮಂತ್ರ | बीजमंत्र | mystical syllable with which a **mantra** begins. |
| **बीजांकुर** | पुं. | बीज से निकलनेवाला अंकुर। | ಬೀಜದಿಂದ ಬರುವ ಮೊಳಕೆ, | बीजदिंद बरुव मोळके | seed-shoot, first shoot. |
| **बीजारोपण** | पुं. | बीजों का बोना। | ಬೀಜಾರೋಪಣ | बीजारोपण | sowing. |
| **बीट** | स्त्री. | पक्षियों की विष्ठा। | ಪಕ್ಷಿಗಳ ಹಿಕ್ಕೆ | पक्षिगळ हिक्के | excrement, dung (especially of birds). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बीड़ा | पु. | 1. कोई काम करने का संकल्प करना या भार लेना; | ಕಾರ್ಯ ಸಂಕಲ್ಪ, ಕಾರ್ಯ ಭಾರ ಹೊರುವಿಕೆ; | कार्यसंकल्प, कार्यभार होरुविके; | resolution or determination to undertake any job; |
| | | 2. पान की गिलौरी। | ಪಾನ್ ಬೀಡಾ | पान्बीडा | preparation of the areca nut with spices and chunam, enveloped in a leaf of the betel plant. |
| बीड़ी | स्त्री. | पत्ते में लपेटा हुआ तम्बाकू जिसे लोग सिगरेट की तरह सुलगा कर पीते हैं। | ಬೀಡಿ | बीडि | leaf folded up into a triangular form with tobacco in it. |
| बीतना | अ. क्रि. | 1. काल-मान की दृष्टि से घटना, बात आदि का वर्तमान से होते हुए भूत में जाना; | ಕಾಲ ಕಳೆ; | काल कळे; | to pass, to elapse, to expire (as time); |
| | | 2. लाक्षणिक अर्थ में किसी घटना, बात आदि का फल सहन किया जाना। | ಅನುಭವಿಸು | अनुभविसु | to undergo, to suffer, to endure. |
| बीन | स्त्री. | सपेरों के बजाने की तूमड़ी। | ಹಾವಾಡಿಗನ ಪುಂಗಿ | हावाडिगन पुंगि | a kind of Indian lute played upon by snake-charmers. |
| बीनना | स.क्रि | 1. छोटी-छोटी चीजों को उठाना या चुनना; | ಹೆಕ್ಕು, ಆಯು; | हेक्कु, आयु; | to pick, to gather, to pluck; |
| | | 2. छाँटकर अलग करना। | ಆರಿಸು | आरिसु | to pick out, to select. |
| बीबी | स्त्री. | 1. पत्नी; | ಪತ್ನಿ, ಹೆಂಡತಿ; | पत्नि, हेंडति; | wife; |
| | | 2. प्रेम या आदरसूचक शब्द (स्त्रियों के लिए)। | ಸ್ತ್ರೀಯರನ್ನು ಕರೆಯುವ ಆದರ-ಪ್ರೇಮದ ಶಬ್ದ | स्त्रीयरन्नु करेयुव आदर-प्रेमद शब्द | term of endearment (for females). |
| बीमा | पु. | किसी प्रकार की विशेषतः आर्थिक हानि पूरी करने की जिम्मेदारी जो कुछ निश्चित धन लेकर उसके बदले में की जाती है। | ವಿಮೆ | विमे | insurance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बीमार** | वि. | वह व्यक्ति जो किसी रोग अथवा ज्वर से पीड़ित हो। | ರೋಗ ಪೀಡಿತ | रोग पीडित | sick, ill, ailing, unwell, indisposed. |
| **बीमारी** | स्त्री. | 1. बीमार होने की अवस्था या भाव; | ರೋಗ | रोग | illness, ailment; |
| | | 2. वह विकार जिसके फल स्वरूप शरीर अस्वस्थ और रुग्ण रहता है; | | | disease; |
| | | 3. बुरी आदत या दुर्व्यसन। | | | vice, addiction. |
| **बीर-बहूटी** | स्त्री. | गहरे लाल रंग का छोटा रेंगनेवाला कीड़ा, जो देखने में बहुत ही सुन्दर होता है। | ಕೆಂಪು ವೆಲ್‌ವೆಟ್ಟು ಕೀಟ | केंपु वेल्वेट्टु कीट | red-velvet insect, the scarlet or lady-fly, Buccells carniola. |
| **बीस** | वि. | 1. जो संख्या में दस का दूना या उन्नीस से एक अधिक हो; | ಇಪ್ಪತ್ತು; | इप्पत्तु; | twenty; |
| | | 2. किसी की तुलना में अच्छा या बढ़कर। | ತುಲನೆಯಲ್ಲಿ ಉತ್ತಮವಾದ | तुलनेयल्लि उत्तमवाद | superior to, more excellent. |
| **बीहड़** | वि. | ऊंचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़। | ಹಳ್ಳ ತಿಟ್ಟುಗಳುಳ್ಳ | हळ्ळ तिट्टुगळुळ्ळ | uncultivated, uneven (land), rugged, rough. |
| **बुंदा** | पु. | कान में पहनने का एक प्रकार का गहना जो प्रायः झूलता रहता है। | ಲೋಲಾಕು | लोलाकु | ear-ring. |
| **बुंदिया** | स्त्री. | छोटी बूंदों या दानों के रूप में बननेवाला बेसन का मीठा पकवान। | ಸೀಬೂಂದಿ | सीबूंदि | a kind of sweetmeat (like drops). |
| **बुआ (बुवा)** | स्त्री. | पिता की बहन। | ತಂದೆಯ ಸೋದರಿ | तंदेय सोदरि | father's sister, aunt. |
| **बुकनी** | स्त्री. | किसी चीज का महीन पीसा हुआ चूर्ण। | ಚೂರ್ಣ, ಹುಡಿ, ಪುಡಿ | चूर्ण, हुडि, पुडि | powder. |
| **बुखार** | पु. | शरीर में किसी प्रकार का रोग होने के कारण उसका बढ़ा हुआ तापमान। | ಜ್ವರ | ज्वर | fever. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बुजदिल** | वि. | कायर, डरपोक या भीरु। | ಅಂಜುಬುರುಕ, ಹೇಡಿ | अंजुबुरुक, हेडि | coward, timid. |
| **बुजदिली** | स्त्री. | कायरता या भीरुता। | ಹೇಡಿತನ. | हेडितन | cowardice, timidity. |
| **बुजुर्ग** | पु. | पूज्य व्यक्ति, बाप-दादा आदि। | ಹಿರಿಯರು, ತಂದೆ ತಾತ, ಹಿಂದಿನವರು | हिरियरु, तंदे तात, हिंदिनवरु | respectable man, elders, father and grandfather etc. |
| **बुजुर्गी** | स्त्री. | बुजुर्ग होने की अवस्था या भाव। | ವಯಸ್ಸಿನಲ್ಲಿ ಹಿರಿತನ | वयस्सिनल्लि हिरितन | seniority of age. |
| **बुझना** | अ.क्रि | 1. जलते हुए पदार्थ का बुझ जाना; | ಆರು; | आरु; | to be put out, to be extinguished (a fire, light, etc.); |
| | | 2. किसी जलते या तपे हुए पदार्थ का पानी में पड़ने के कारण ठंडा होना; | ಆರಿ ತಣ್ಣಗಾಗು; | आरि तण्णगागु; | to be cooled (of some hot or burning article by having been put into water); |
| | | 3. निराश या उदासीन होना। | ನಿರಾಶೆಯಾಗು | निराशेयागु | to be dejected or to be disappointed. |
| **बुझाना** | स.क्रि | 1. ऐसी क्रिया करना जिससे आग अथवा किसी जलते हुए पदार्थ का जलना बंद हो जाए; | ಆರಿಸು; | आरिसु; | to put out, to extinguish (a fire, light, etc.); |
| | | 2. किसी जलती हुई धातु या ठोस पदार्थ को ठंडे पानी में डाल देना जिससे वह पदार्थ भी ठंडा हो जाए। | ಆರಿಸಿ ತಣ್ಣಗೆ ಮಾಡು | आरिसि तण्णगे माडु | to cool by putting into water. |
| **बुझौवल** | स्त्री. | किसी को चकित करके उसकी बुद्धि की थाह लगाने के लिए सीधे-सादे शब्दों में पूछी जानेवाली कोई पेचीदा बात। | ಒಗಟೆಯಂತಹ ಮಾತು, ಒಗಟೆ | ओगटेयंतह मातु, ओगटे | riddle, conundrum. |

| हिंदी शबद | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बुड्ढा | वि. | जिसकी अवस्था अधिक हो गई हो। | ವಯಸ್ಸಾದ | वयस्साद | old, aged. |
| | पु. | बूढ़ा। | ವೃದ್ಧ | वृद्ध | old man. |
| बुढ़ापा | पु. | वृद्धावस्था। | ಮುದಿತನ, ವೃದ್ಧಾಪ್ಯ | मुदितन, वृद्धाप्य | old age. |
| बुढ़िया | स्त्री. | बड़ी अवस्था की स्त्री। | ಮುದುಕಿ | मुदुकि | old woman. |
| बुदबुदा | पु. | पानी का बुलबुला। | ನೀರಿನ ಗುಳ್ಳೆ | नीरिन गुळ्ळे | bubble. |
| बुद्धि | स्त्री. | विचार या निश्चय करने की शक्ति। | ಬುದ್ಧಿ | बुद्धि | perception, comprehension, intellect, understanding. |
| बुद्धिजीवी | पु. | जिसकी जीविका दिमागी कामों से चलती हो। | ಬುದ್ಧಿಜೀವಿ | बुद्धिजीवि | intellectual. |
| बुद्धिमत्ता | स्त्री. | बुद्धिमान होने की अवस्था या भाव, समझदारी या अक्लमंदी। | ಬುದ್ಧಿವಂತಿಕೆ | बुद्धिवंतिके | wisdom, sagacity. |
| बुद्धिमान | वि. | जिसकी बुद्धि बहुत प्रखर हो, बुद्धिवाला। | ಬುದ್ಧಿವಂತ | बुद्धिवंत | endowed with understanding, intelligent. |
| बुद्धिमानी | स्त्री. | बुद्धिमान होने की अवस्था या भाव। | ತಿಳಿವಳಿಕೆ, ಬುದ್ಧಿವಂತಿಕೆ | तिळिवळिके, बुद्धिवंतिके | wisdom, intelligence. |
| बुद्धिसंगत | वि. | बुद्धि के अनुकूल, बुद्धि पर पूरा उतरनेवाला। | ಬುದ್ಧಿ-ಸಂಗತವಾದ | बुद्धि-संगतवाद | reasoned. |
| बुद्धिहीन | वि. | जिसमें विवेक का अभाव हो, मूर्ख। | ಬುದ್ಧಿಹೀನ, ಮೂರ್ಖ | बुद्धिहीन, मूर्ख | devoid of intellect, silly, foolish. |
| बुद्धू | वि.पुं. | बेवकूफ या मूर्ख। | ಮೂರ್ಖ | मूर्ख | stupid fellow, blockhead, fool, idiot. |
| बुद्धवार | पु. | सात वारों में से एक। | ಬುಧವಾರ | बुधवार | Wednesday. |
| बुनकर | पु. | कपड़ा बुननेवाला कारीगर। | ನೇಕಾರ, ನೆಯ್ಗೆಯವ | नेकार, नेय्गेयव | weaver. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बुनना** | स.क्रि | 1. करघे के द्वारा ताने तथा बाने के तारों को इस प्रकार एक दूसरे में ऊपर नीचे करके फंसाना कि वे वस्त्र का रूप धारण कर लें; | ನೇಯು; | नेयु; | to weave; |
| | | 2. ऊन द्वारा सलाई पर स्वेटर बनाना; | ಸ್ವೆಟರ್ ಹಾಕು; | स्वॆटर् हाकु; | to knit; |
| | | 3. तारों आदि को गूंथकर चटाई आदि बनाना। | ಹೆಣಿ | हॆणि | to intertwine. |
| **बुनवाना** | स.क्रि | बुनने का काम दूसरे से करवाना। | ನೇಯಿಸು ನೆಯ್ಗೆಯ ಕೆಲಸ ಬೇರೆಯವರಿಂದ ಮಾಡಿಸು | नेयिसु, नॆय्गॆय कॆलस बेरॆयवरिंद माडिसु | to cause to be woven, to get (a thing) woven. |
| **बुनाई** | स्त्री. | 1. बुनने की क्रिया; | ನೆಯ್ಗೆ; | नॆय्गॆ; | weaving, knitting; |
| | | 2. बुनने का ढंग या तरीका; | ನೆಯ್ಗೆಯ ರೀತಿ; | नॆय्गॆय रीति; | method or design of weaving or knitting; |
| | | 3. बुनने का पारिश्रमिक। | ನೆಯ್ಗೆಯ ಕೂಲಿ | नॆय्गॆय् कूलि | price paid for weaving etc. |
| **बुनावट** | स्त्री. | बुनने में सूतों की मिलावट का ढंग। | ನೆಯ್ಗೆ | नॆय्गॆय् | design or texture. |
| **बुनियाद** | स्त्री. | 1. आधार या नींव; | ಅಸ್ತಿವಾರ, ತಳಹದಿ; | अस्तिवार, तळहदि; | basis or foundation; |
| | | 2. आरंभ, जड़, मूल। | ಆರಂಭ, ಮೂಲ, ಬುಡ | आरंभ, मूल, बुड | origin. |
| **बुनियादी** | वि. | 1. नींव या बुनियाद-संबंधी; | ತಳಹದಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | तळहदिगॆ संबंधिसिद; | pertaining to foundation; |
| | | 2. आरंभिक या प्रारंभिक। | ಪ್ರಾರಂಭದ | प्रारंभद | basic. |
| **बुरका (बुर्का)** | पु. | मुसलमान स्त्रियों का एक पहनावा जिससे वे सिर से लेकर एड़ी तक अपने सब अंग ढक लेती हैं। | ಬುರಕಿ, ಮುಖ-ಪರದೆ, ಮುಸುಕು ಅವಕುಂಠನ | बुरकि, मुख-परदॆ, मुसुकु, अवकुंठन | a thing with which a Muslim woman veils herself from head to feet. |
| **बुरा (स्त्री. बुरी)** | वि. | 1. जो वैसा न हो, जैसा साधारण या उचित रूप में होना चाहिए; | ಕೆಟ್ಟ; | कॆट्ट; | bad, evil; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह व्यक्ति जिसमें कोई स्वभावजन्य दुर्गुण या दोष हो; | ದುರ್ಗುಣವುಳ್ಳ; | दुर्गुणवुळ्ळ; | evil-minded, immoral, villainous; |
| | | 3. जिसका रूप-रंग, आकार-प्रकार देख कर मन में अरुचि, घृणा या विराग उत्पन्न हो। | ರುಚಿಸದ | रुचिसद | ugly, ill-looking, disagreeable, unpleasant, odious, hateful. |
| **बुराई** | स्त्री. | 1. वह तत्व जिसके फलस्वरूप किसी चीज को बुरा कहा जाता है; | ಕೆಟ್ಟತನ, ಕೇಡು; | कॆट्टतन, केडु; | badness, evil, vice; |
| | | 2. अनुचित या निन्दनीय आचरण तथा व्यवहार; | ಕೆಡಕು; | कॆडकु; | wickedness, mischievousness, vileness; |
| | | 3. अवगुण, दोष या ऐब। | ಐಬು, ದೋಷ | ऐबु, दोष | defect. |
| **बुराई-भलाई** | स्त्री. | 1. अच्छी और बुरी क्रियाएं; | ಒಳ್ಳೆಯ ಹಾಗೂ ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸಗಳು; | ऒळ्ळॆय हागू कॆट्ट कॆलसगळु; | good and evil deeds; |
| | | 2. किसी की निन्दा या शिकायत और किसी की प्रशंसा या तारीफ। | ತೆಗಳುವಿಕೆ-ಹೊಗಳುವಿಕೆ | तॆगळुविकॆ-हॊगळुविकॆ | accusation and commendation. |
| **बुरादा** | पु. | आरे से लकड़ी चीरने या धातु को रेतने पर उसमें से निकलने वाला आटे की तरह का महीन अंश। | ಮರದ ಹೊಟ್ಟು, ಲೋಹದ ಹುಡಿ | मरद हॊट्टु, लोहद हुडि | filings, saw-dust. |
| **बुरा-भला** | पु. | हानि-लाभ। | ಲಾಭ-ನಷ್ಟಗಳು | लाभ-नष्टगळु | loss or profit, |
| **बुरुश (ब्रुश)** | पु. | 1. तूलिका; | ಕುಂಚ; | कुंचि; | painting brush; |
| | | 2. तारों, बालों अथवा किसी चीज का बना हुआ वह उपकरण जिससे रगड़कर कोई चीज साफ की जाती है। | ಬ್ರಷ್ | ब्रष् | brush (in general). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बुर्ज | पु. | किले आदि की दीवारों में कोनों पर ऊपर की ओर निकला हुआ गोल या पहलदार भाग जिसके बीच में बैठने आदि के लिए थोड़ा-सा स्थान होता है। | ಬುರುಜು, ಕೊತ್ತಳ | बुरुजु, कॉत्तळ | bastion, turret. |
| बुलंद | वि. | 1. बहुत ऊंचा;<br>2. बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ा या उन्नत। | ಬಹಳ ಎತ್ತರವಾದ;<br>ಘನತೆಯುಳ್ಳ | बहळ ऍत्तरवाद;<br>घनतॆयुळ्ळ | very high, lofty;<br>elevated, exalted. |
| बुलबुल | स्त्री. | गानेवाली एक प्रसिद्ध चिड़िया जो कई प्रकार की होती है। | ಬುಲ್‌ಬುಲ್ ಹಕ್ಕಿ | बुल्बुल् हक्कि | nightingale. |
| बुलबुला | पु. | 1. किसी तरल पदार्थ या पानी की बूंद का वह खोखला और फूला हुआ रूप जो उसे अन्दर हवा भर जाने के कारण प्राप्त होता है;<br>2. लाक्षणिक अर्थ में कोई क्षणभंगुर चीज या बात। | ನೀರುಗುಳ್ಳೆ;<br>(ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಕ್ಷಣಭಂಗುರ ವಸ್ತು ಇಲ್ಲ ವಿಷಯ | नीरुगुळ्ळॆ;<br>(लाक्षणिक) क्षणभंगुर वस्तु इल्ल विषय | bubble;<br>any frail thing. |
| बुलवाना | स.क्रि | 1. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना;<br>2. किसी को बुलाने का काम किसी के द्वारा करवाना। | ಮಾತನಾಡುವಂತೆ ಮಾಡು;<br>ಕರೆಯಿಸು | मातनाडुवंतॆ माडु;<br>करॆयिसु | to cause to talk;<br>to cause to be sent for, to send for. |
| बुलाक | पु. | 1. नाक की बीचवाली हड्डी;<br>2. नाक में पहनी जोनवाली नथ। | ಮೂಗಿನ ಮಧ್ಯದ ಎಲುಬು;<br>ಬುಲಾಕು | मूगिन मध्यद ऍलुबु;<br>बुलाकु | the septum of the nose;<br>an ornament worn suspended from the septum of the nose. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बुलाना** | स.क्रि | किसी को अपनी ओर प्रवृत्त करने के लिए आवाज देना या पुकारना। | ಕರೆಯು | करॅयु | to call, to draw one's attention. |
| **बुलावा** | पु. | 1. बुलाने की क्रिया या भाव; | ಕರೆ; | करॅ; | calling, bidding; |
| | | 2. निमंत्रण, आवाहन। | ನಿಮಂತ್ರಣ | निमंत्रण | call, invitation, summons. |
| **बुलेटिन** | पु. | किसी सार्वजनिक बात या विषय से संबंध रखनेवाला वह संक्षिप्त सूचनापत्र जो किसी की ओर से आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया गया हो। | ಪ್ರಕಟನೆ, ಲಘು ಪ್ರಕಟನೆ | प्रकटनॅ, लघु प्रकटनॅ | bulletin. |
| **बुवाई(बोआई)** | स्त्री. | खेत में फसल बोने का काम। | ಬಿತ್ತನೆ | बित्तनॅ | the act of sowing. |
| **बुहारना** | स.क्रि | झाड़ू से जगह साफ करना। | ಕಸಗುಡಿಸು | कसगुडिसु | to sweep. |
| **बुहारी** | स्त्री. | झाड़ू या बढ़नी। | ಪರಕೆ | परकॅ | instrument for sweeping, broom, besom. |
| **बूंद** | स्त्री. | जल अथवा किसी तरल पदार्थ का कण। | ಹನಿ, ತೊಟ್ಟು | हनि, तॉट्टु | drop. |
| **बूंदा-बांदी** | स्त्री. | हल्की या थोड़ी वर्षा। | ತುಂತುರು ಮಳೆ | तुंतुरु मळॅ | small and interrupted dropping of rain, drizzle. |
| **बूंदी** | स्त्री. | एक प्रकार की मिठाई जो बेसन से बनती है। | ಸಿಹಿ ಬೂಂದಿ | सिहि बूंदि | a kind of sweetmeat. |
| **बूकना** | स.क्रि | 1. सिल और बट्टे की सहायता से किसी चीज को महीन पीसना; | ಅರೆಯು; | अरॅयु; | to grind, reduce to powder, to powder; |
| | | 2. अपने गुण, योग्यता आदि का प्रदर्शन करना। | ತನ್ನ ಹಿರಿಮೆಯನ್ನು ತೋರಿಸಿಕೊಳ್ಳು | तन्न हिरिमॅयन्नु तोरिसिकॉळ्ळु | to exhibit one's qualities, abilities, etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बूचड़** | पु. | कसाई। | ಕಟುಕ, ಕಸಾಯಿ | कटुक, कसायि | butcher. |
| **बूचड़खाना** | पु. | वह स्थान जहां कसाई पशुओं को मार डालता है। | ಪಶುಗಳ ವಧ್ಯಸ್ಥಾನ | पशुगळ वध्यस्थान | slaughter-house. |
| **बूचा** | वि. (स्त्री. बूची) | 1. जिसके कान कटे हुए हों; | ಕಿವಿ ಕತ್ತರಿಸಿದ; | किवि कत्तरिसिद; | ear-cropped, without ears; |
| | | 2. जो किसी चीज के अभाव के कारण अशोभन या भद्दा जान पड़े। | ಯಾವುದೋ ಅಭಾವದಿಂದ ವಿಕಾರವಾಗಿರುವ, ಶೋಭಾರಹಿತವಾದ | यावुदो अभावदिंद विकारवागिरुव, शोभारहितवाद | one shorn of charm due to scme deficiency. |
| **बूझ** | स्त्री. | 1. समझ, बुद्धि, अक्ल या ज्ञान; | ಬುದ್ಧಿ; | बुद्धि; | perception, understanding, intelligence, comprehension; |
| | | 2. पहेली। | ಒಗಟೆ | ओगटे | riddle. |
| **बूझना** | स.क्रि | 1. किसी प्रकार का ज्ञान या बोध प्राप्त करना; | ತಿಳಿವಳಿಕೆಯಾಗು; | तिळिवळिकेयागु; | to understand, perceive, make out, comprehend; |
| | | 2. कोई गूढ़ या रहस्यपूर्ण बात समझना या उसकी तह तक पहुंचना। | ಸಮಸ್ಯೆಯ ಬುಡದ ತನಕ ಹೋಗು | समस्येय बुडद तनक होगु | to reach the depth of some mysterious matter. |
| **बूट** | पु. | 1. चने का हरा दाना; 2. एक तरह का विलायती ढंग का फीतेवाला जूता। | ಹಸಿಕಡಲೆ ಕಾಳು; ಬೂಟು | हसिकडले काळु; बूटु | green gram; laced shoes. |
| **बूटा** | पु. | छोटा वृक्ष या पौधा। | ಸಣ್ಣ ಗಿಡ, ಮರ | सण्ण गिड, मर | plant or bush. |
| **बूटी** | स्त्री. | 1. ऐसी जंगली वनस्पति जिसका उपयोग औषध आदि के रूप में होता है; | ಔಷಧಿಗೆ ಬರುವ ಗಿಡಮೂಲಿಕೆ; | औषधिगे बरुव गिडमूलिके; | drug plant or shrub; |
| | | 2. भांग या विजया; | ಬಂಗಿ, ಗಾಂಜಾ ಗಿಡ; | बंगि, गांजा गिड; | hemp; |
| | | 3. छोटे पौधों या फूलों के आकार का कोई अंकन या चित्रण। | ಕಸೂತಿ | कसूति | design of small plant, flower, leaf, etc. in texture of cloth etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बूढ़ा (बुड्ढा) (स्त्री. बूढ़ी)** | वि,पुं. | वृद्ध, बड़ी आयु का प्राणी। | ಮುದಿ, ಮುದುಕ | मुदि, मुदुक | old, aged, old man. |
| **बूता** | पुं. | बल या पराक्रम, सामर्थ्य। | ಶಕ್ತಿ, ಸಾಮರ್ಥ್ಯ | शक्ति, सामर्थ्य | strength, power, ability. |
| **बूरा** | पुं. | 1. बुरादा;<br>2. शक्कर। | ಮರದ ಹೊಟ್ಟು;<br>ಬೂರಾ ಸಕ್ಕರೆ | मरद हॊट्टु;<br>बूरा सक्करॆ | saw-dust;<br>unrefind powdered sugar. |
| **बृहत्** | वि. | 1. बहुत बड़ा या भारी;<br>2. दृढ़, पक्का या मजबूत। | ಭಾರಿ, ದೊಡ್ಡ;<br>ದೃಢ, ಭದ್ರ, ಮಜಬೂತು | भारि, दॊड्ड;<br>दृढ, भद्र, मजबूतु | large, big, bulky;<br>solid, strong. |
| **बृहस्पतिवार** | पुं. | बुधवार के बाद पड़नेवाले वार की संज्ञा। | ಬೃಹಸ್ಪತಿವಾರ, ಗುರುವಾರ | बृहस्पतिवार, गुरुवार | Thursday. |
| **बेंच** | स्त्री. | 1. लकड़ी, पत्थर, सिमेंट लोहे आदि की एक प्रकार की चौकी जो चौड़ी कम और लम्बी अधिक होती है; | ಬೆಂಚು; | बॆंचु; | bench in general; |
| | | 2. राजकीय न्यायालयों में न्यायाधीशों के बैठने का स्थान; | ನ್ಯಾಯಾಲಯದಲ್ಲಿ ನ್ಯಾಯಾಧೀಶರ ಬೆಂಚು; | न्यायालयदल्लि न्यायाधीशर बॆंचु; | seats of judges in courts; |
| | | 3. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों का बैठने का स्थान। | ಸಂಸತ್ತಿನಲ್ಲಿ ದಳೀಯ ಸದಸ್ಯರ ಬೆಂಚು | संसत्तिनल्लि दळीय सदस्यर बॆंचु | seats allotted to a party for its members in Parliament, etc. |
| **बेंत** | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध लता जिसके डंठल से छड़ियां और टोकरियां आदि बनती हैं; | ಬೆತ್ತದ ಕಡ್ಡಿ; | बॆत्तद कड्डि; | willow; |
| | | 2. उक्त लता की बनी छड़ी। | ಬೆತ್ತ | बॆत्त | cane etc. |
| **बेअकल (बेअक्ल)** | वि. | निर्बुद्धि। | ಬುದ್ಧಿಯಿಲ್ಲದ | बुद्धियिल्लद | stupid, senseless. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बेअदब** | वि. | जो मर्यादा का ध्यान न रखकर अशिष्ट आचरण करता हो। | ಅಶಿಷ್ಟ, ಅಸಭ್ಯ | अशिष्ट, असभ्य | ill-behaved, unmannerly, disrespectful, rude. |
| **बेअदबी** | स्त्री. | अशिष्टता, व्यवहार की असभ्यता। | ಅಶಿಷ್ಟತೆ, ಅಸಭ್ಯತೆ | अशिष्टते, असभ्यते | incivility, rudeness, disrespect, impudence, |
| **बेआबरू** | वि. | जिसकी कोई प्रतिष्ठा न हो। | ಮರ್ಯಾದೆಯಿಲ್ಲದ | मर्यादेयिल्लद | dishonoured, disgraced, |
| **बेइंसाफ** | वि. | अन्यायपूर्ण, अन्यायी। | ಅನ್ಯಾಯವಾದ | अन्यायवाद | unjust, unfair. |
| **बेइंसाफी** | स्त्री. | अन्याय। | ಅನ್ಯಾಯ | अन्याय | injustice, wrong, iniquity. |
| **बेइज्जत** | वि. | 1. अप्रतिष्ठित;<br>2. जिसका अपमान किया गया हो। | ಮಾನ ಮರ್ಯಾದೆಗಳಿಲ್ಲದ;<br>ಅವಮಾನಗೊಳಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | मान-मर्यादेगळिल्लद;<br>अवमानगॊळिसल्पट्ट | without honour or dignity;<br>disgraced. |
| **बेइज्जती** | स्त्री. | अप्रतिष्ठा या अपमान। | ಅಪಮಾನ, ಅವಮಾನ | अपमान, अवमान | dishonour, disgrace or ignominy. |
| **बेईमान** | वि. | 1. जिसका ईमान ठीक न हो, भ्रष्ट;<br>2. जिसका कोई धर्म न हो। | ಅಪ್ರಾಮಾಣಿಕ;<br>ಧರ್ಮವಿಲ್ಲದ | अप्रामाणिक;<br>धर्मविल्लद | faithless, corrupt, dishonest;<br>without religion. |
| **बेईमानी** | स्त्री. | बुरी नीयत से किया जाने वाला कोई कार्य। | ದುರುದ್ದೇಶಪೂರಿತವಾದ ಕೆಲಸ | दुरुद्देशपूरितवाद कॆलस | dishonesty, breach of trust, unfair dealing. |
| **बेकदर** | वि. | जिसका कुछ महत्व या आदर-सम्मान न हो। | ಗೌರವವಿಲ್ಲದ | गौरवविल्लद | of no importance or worth, of no estimation. |
| **बेकदरी** | स्त्री. | 1. बेकदर होने की अवस्था या भाव;<br>2. अनादर। | ಅಗೌರವ | अगौरव | worthlessness, low estimation;<br>disesteem, disrepute. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बेकरार** | वि. | बेचैन या उत्सुक। | ಅಶಾಂತ, ವ್ಯಗ್ರ, ಕ್ಷುಬ್ಧ, ಉತ್ಸುಕ | अशांत, व्यग्र, क्षुब्ध, उत्सुक | restless, uneasy, discomposed, disturbed in mind. |
| **बेकरारी** | स्त्री. | बेचैनी या उत्सुकता। | ಅಶಾಂತತೆ, ವ್ಯಗ್ರತೆ, ಕ್ಷುಬ್ಧತೆ, ಉತ್ಸುಕತೆ | अशांतते, व्यग्रते, क्षुब्धते, उत्सुकते | restlessness, uneasiness, disturbance of mind. |
| **बेकसूर** | वि. | जिसका कोई अपराध न हो। | ನಿರಪರಾಧಿ | निरपराधि | innocent, faultless. |
| **बेकाबू** | वि. | जिसको वश में न लाया जा सके या निरंकुश। | ವಶದಲ್ಲಿರಿಸಲಾಗದ | वशदल्लिरिसलागद | without restraint, out of one's control. |
| **बेकाम** | वि. | 1. निकम्मा; 2. जिससे कोई काम न निकल सके। | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ; ಉಪಯೋಗಿಯಲ್ಲದ | कॆलसक्कॆ बारद; उपयोगियल्लद | doing no work; of no use. |
| **बेकायदा** | वि. | अनियमित। | ಕಾಯದೆ,ಕಾನೂನಿಗೆ ಸರಿಹೊಂದದ ಅನಿಯಮಿತ | कायदॆ,कानूनिगॆ सरिहॊंदद, अनियमित | unarranged, irregular, without order or rule. |
| **बेकार** | वि. | 1. जो काम में न लगा हुआ हो;<br>2. जो किसी काम न आ सकता हो। | ಏನೂ ಕೆಲಸ ಕಾರ್ಯವಿಲ್ಲದ;<br>ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ | एनू कॆलस कार्यविल्लद;<br>कॆलसक्कॆ बारद | without work or employment, unemployed;<br>unserviceable. |
| **बेकारी** | स्त्री. | किसी काम पर न लगा होना। | ನಿರುದ್ಯೋಗ | निरुद्योग | the state of being unemployed, unemployment. |
| **बेखटके** | क्रि. वि. | बिना किसी आशंका के, निर्भयता से। | ನಿರ್ಭಯವಾಗಿ ಅಥವಾ ನಿರಾತಂಕವಾಗಿ | निर्भयवागि अथवा निरांतकवागि | without apprehension or doubt, fearlessly. |
| **बेखबर** | वि. | अनजान या नावाकिफ। | ತಿಳಿವಳಿಕೆಯೇ ಇಲ್ಲದ, ಪ್ರಜ್ಞೆಯಿಲ್ಲದ | तिळिवळिकॆये इल्लद, प्रज्ञॆयिल्लद | without knowledge (of),uninformed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बेगम** | स्त्री. | 1. भले घर की स्त्री;<br>2. किसी बड़े नवाब, बादशाह या सरदार की पत्नी;<br>3. ताश का वह पत्ता जिस पर रानी या स्त्री का चित्र बना रहता है। | ಕುಲೀನ ಸ್ತ್ರೀ;<br>ನವಾಬನ ಪತ್ನಿ;<br>ಇಸ್ಪೀಟಿನ ರಾಣಿ | कुलीन स्त्री;<br>नवाबन पत्नि;<br>इस्पीटिन राणि | lady;<br>title of King's wife or chieftain's wife, etc.;<br>playing cards carrying picture of queen. |
| **बेगाना** | वि. | 1. जो अपना न हो;<br>2. जिससे आत्मीयता-पूर्ण जान-पहचान न हो;<br>3. जो किसी बात से अनजान हो। | ಸಂಬಂಧವಿಲ್ಲದ;<br>ಅಪರಿಚಿತ;<br>ಏನೂ ತಿಳಿಯದ | संबंधविल्लद;<br>अपरिचित;<br>एनू तिळियद | not related;<br>not an acquaintanc or friend, alien, unknown;<br>ignorant. |
| **बेगार** | स्त्री. | वह काम जो किसी से जबरदस्ती और बिना कुछ पारिश्रमिक दिये करवाया जाए। | ಜಬರ್ದಸ್ತಿಯಿಂದ ಮಾಡಿಸುವ ಬಿಟ್ಟಿ ಕೆಲಸ | जबर्दस्तियिंद माडिसुव बिट्टि कॅलस | compulsory labour without pay. |
| **बेगुनाह** | वि. | जिसने कोई पाप या अपराध न किया हो। | ಏನೂ ತಪ್ಪು ಮಾಡದ | एनू तप्पु माडद | guiltless, innocent. |
| **बेचना** | स.क्रि | अपनी कोई चीज या संपत्ति किसी से दाम लेकर उसे दे देना। | ಮಾರಾಟ ಮಾಡು | माराट माडु | to sell, to dispose. |
| **बेचारा (स्त्री.बेचारी)** | वि. | जिसके लिए कोई उपाय या साधन न रह गया हो, निःसहाय या दीन। | ನಿಃಸಹಾಯ | नि:सहाय | without remedy or resources, helpless, destitute, unfortunate. |
| **बेचैन** | वि. | व्याकुल, विफल या बेकल। | ಅಶಾಂತ, ವ್ಯಾಕುಲ, ವಿಫಲ, ವಿಕಲ | अशांत, व्याकुल, विफल, विकल | uneasy, restless o disturbed. |
| **बेचैनी** | स्त्री. | बेचैन होने की अवस्था या भाव, व्याकुलता या बेकली। | ಅಶಾಂತತೆ, ವ್ಯಾಕುಲತೆ, ದುಃಖ, ಕಳವಳ | अशांतत, व्याकुलत दु:ख, कळवळ | uneasiness, restlessness, disquietude. |
| हिंदी शब्द | व्या· को· | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | and bridegroom at the time of marriage. |
| भाई | पु. | 1. भ्राता; | ಸೋದರ; | सोदर; | brother; |
| | | 2. जाति बंधु; | ಬಂಧು; | बंधु; | relative, kinsman, member of the same caste or fraternity; |
| | | 3. बराबर वाले (प्रियजन) का संबोधन। | ಇಷ್ಟ ಮಿತ್ರರಿಗೆ, ಸರಿಸಮಾನರಿಗೆ ಸಂಬೋಧಿಸುವ ಶಬ್ದ | इष्टमित्ररिगॆ, सरिसमानरिगॆ संबोधिसुव शब्द | a form of address to equals and the dear ones. |
| भाईचारा | पु. | भाई का नाता या भाव, बंधुत्व। | ಸೋದರ ಭಾವ, ಬಂಧುತ್ವ | सोदर भाव, बंधुत्व | brotherhood, fraternity. |
| भाईबंधु | पु. | कुल कुटुंब के लोग, जाति-जन, भाईबंद। | ಬಂಧು ಬಾಂಧವರು | बंधु बांधवरु | brethren, kith and kin, relations. |
| भाग | पु. | 1. हिस्सा, अंश, खंड; | ಭಾಗ, ಪಾಲು, ಹಿಸ್ಸೆ; | भाग, पालु, हिस्से; | part, portion, fraction, share; |
| | | 2. बंटवारा; | ವಿಭಾಗ, ವಿಭಾಜನೆ, ಪಾಲು, ಹಂಚಿಕೆ; | विभाग, विभजनॆ, पालु, हंचिकॆ; | distribution, partition; |
| | | 3. पार्श्व; | ಪಕ್ಕ; | पक्क; | part, side; |
| | | 4. गणित की वह क्रिया जिससे कोई संख्या कई बराबर खंडों में बांटी जाती है, तकसीम; | (ಗಣಿತ) ಭಾಗಾಕಾರ; | (गणित) भागाकार | division; |
| | | 5. भाग्य, तकदीर। | ಭಾಗ್ಯ | भाग्य | lot, fate, luck. |
| भागदौड़ | स्त्री. | दौड़धूप अथवा प्रयत्न; | ಓಡಾಟ, ಪ್ರಯತ್ನ; | ओडाट, प्रयत्न; | running about, strenuous efforts; |
| | | 2. उतावली। | ತರಾತುರಿ, ಆತುರ | तरातुरि, आतुर | haste. |
| भागना | अ. क्रि. | 1. किसी जगह से तेजी के साथ दूसरी जगह जाना, दौड़ना; | ಓಡು; | ओडु; | to run, to run off or away, to flee; |
| | | 2. जान बचाना, पीछा छुड़ाना; | ತಪ್ಪಿಸಿಕೊಳ್ಳು; | तप्पिसिकॊळ्ळु; | to abscond, take flight, escape; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. चल देना। | ಹೊರಟು ಹೋಗು | हॉरटु होगु | to go away, be gone. |
| **भागफल** | पु. | भाज्य को भाजक से भाग देने पर प्राप्त संख्या, लब्धि। | ಭಾಗಲಬ್ಧ | भागलब्ध | quotient. |
| **भागी** | पु. | 1. किसी प्रकार का भाग पाने का अधिकारी, हिस्सेदार; | ಪಾಲುದಾರ, ಭಾಗಸ್ಥ; | पालुदार, भागस्थ; | sharer, partner; |
| | | 2. किए हुए कार्य के फल का पात्र या भाजन, फल पानेवाला। | ಭಾಗಿ | भागि | accomplice. |
| **भाग्य** | पु. | 1. शुभाशुभ कर्मजन्य अदृष्ट या ईश्वरीय विधान जो प्राणियों के समग्र कार्यकलाप, सुख-दुख आदि का नियमन करता है, नियति, तकदीर, किस्मत; | ಭಾಗ್ಯ; | भाग्य; | fortune, luck, destiny; |
| | | 2. सौभाग्य | ಸೌಭಾಗ್ಯ | सौभाग्य | good fortune or luck. |
| **भाग्यवश** | क्रि. वि. | भाग्य या किस्मत से ही। | ಹಣೆಬರಹದಂತೆ, ಭಾಗ್ಯವಿದ್ದಂತೆ | हणेबरहदंते, भाग्यविद्दंते | through the will of fate, luckily, fortunately. |
| **भाग्यवाद** | पु. | भाग्य के अनुसार ही शुभाशुभ की प्राप्ति मानने का सिद्धांत। | ಭಾಗ್ಯವಾದ | भाग्यवाद | fatalism. |
| **भाग्यवादी** | वि.<br>पु. | भाग्यवाद संबंधी।<br>वह जो भाग्य पर भरोसा रखता हो। | ಅದೃಷ್ಟ ಸಂಬಂಧ ವಾದ<br>ಭಾಗ್ಯವಾದಿ | अदृष्ट संबंधवाद<br>भाग्यवादि | pertaining to fate.<br>fatalist. |
| **भाग्यवान (भागवान)** | वि. | अच्छे भाग्यवाला, भाग्यशाली, खुशकिस्मत। | ಅದೃಷ್ಟಶಾಲಿ, ಭಾಗ್ಯವಂತ | अदृष्टशालि, भाग्यवंत | fortunate, lucky. |
| **भाग्यशाली** | वि. | दे. 'भाग्यवान'। | ನೋಡಿ "भाग्यवान" | नोडि "भाग्यवान" | see 'भाग्यवान'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भाग्यहीन** | वि. | अभागा, बदनसीब। | ನತದೃಷ್ಟ, ದುರಾದೃಷ್ಟದವ | नतदृष्ट, दुरादृष्टदव | not favoured by fortune, unfortunate, wretched, poor. |
| **भाजक** | वि. | 1. भाग करनेवाला;<br>2. गणित में वह संख्या जिससे भाज्य को भाग दिया जाता है। | ಭಾಜಕ | भाजक | dividing;<br>(in arith.) divisor. |
| **भाजी** | स्त्री. | तरकारी, साग आदि वस्तुएं। | ತರಕಾರಿ | तरकारि | vegetable. |
| **भाट** | पु. | 1. राजाओं के यश का वर्णन करनेवाला, चारण, बंदी;<br>2. एक जाति जो अपने जजमानों का वंशचरित सुनाने, स्तुतिपरक तुकबंदी आदि करने का पेशा करती है। | ವಂದಿ-ಮಾಗಧರು;<br>ವಂಶಾವಳಿಯ ಕೀರ್ತಿಯನ್ನು ಪದ ಕಟ್ಟಿ ಹಾಡುವ ಹೊಗಳು ಭಟ್ಟರ ಜಾತಿ, ಸ್ತುತಿಪಾಠಕ | वंदि-मागधरु;<br>वंशावळिय कीर्तियन्नु पद कट्टि हाडुव होगळु भट्टर जाति, स्तुतिपाठक | bard, minstrel, panegyrist;<br>family bard, eulogist, flatterer. |
| **भाटा** | पुं. | समुद्र के पानी के नियतकालिक चढ़ाव का उतार, ज्वार का उलटा। | ಸಮುದ್ರದ ಉಬ್ಬರದ ಇಳಿತ | समुद्रद उब्बरद इळित | ebb-tide, low tide. |
| **भाड़** | पु. | भड़भूजे की भट्ठी जिसमें वह बालू गरम करके दाना भूनता है। | ಮರಳು ಹಾಕಿ ಹುರಿಯುವ ಒಲೆ | मरळु हाकि हुरियुव ओले | parcher's oven. |
| **भाड़ा** | पु. | 1. वह धन जो किसी चीज का कुछ समय तक उपयोग करने के बदले में दिया जाता है, किराया;<br>2. वह धन जो कोई चीज या किसी व्यक्ति को सवारी आदि पर ले जाकर कहीं पहुंचाने के बदले में दिया या लिया जाता है, किराया। | ಬಾಡಿಗೆ | बाडिगे | rent;<br>hire, fare, freight. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भात** | पुं. | 1. उबाला हुआ चावल;<br>2. ब्याह की एक रस्म जिसमें वर का पिता कन्या के पिता के घर जाकर कच्ची रसोई खाता है। | ಅನ್ನ;<br>ವರನ ತಂದೆ ಕನ್ಯೆಯ ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಅನ್ನದ ಊಟ ಮಾಡುವ ಒಂದು ವೈವಾಹಿಕ ಶಾಸ್ತ್ರ | अन्न;<br>वरन तंदे कन्येय मनेयल्लि अन्न ऊट माडुव ओंदु वैवाहिक शास्त्र | boiled rice;<br>marriage ceremony where bridegroom's father dines with bride's father. |
| **भादों** | पुं. | सावन के बाद पड़नेवाला महीना, भाद्रपद। | ಭಾದ್ರಪದ ಮಾಸ | भाद्रपद मास | sixth month of the Indian calendar. |
| **भाद्र (भाद्रपद)** | पुं. | दे. 'भादों' | ನೋಡಿ "भादों" | नोडि "भादों" | see 'भादों' |
| **भानजा (भानजी स्त्री.)** | पुं. | बहिन का पुत्र, भागिनेय। | ಸೋದರಿಯ ಮಗ | सोदरिय मग | nephew (sister's son). |
| **भाना** | अ.क्रि. | रुचना, अच्छा लगना, पसंद आना, शोभित जान पड़ना। | ರುಚಿಸು, ಇಷ್ಟವಾಗು, ಮೆಚ್ಚುಗೆಯಾಗು | रुचिसु, इष्टवागु, मेच्चिगेयागु | to be agreeable, appealing or pleasing, to look good or befitting. |
| **भाप** | स्त्री. | 1. किसी तरल पदार्थ विशेषतः जल का वह अदृश्य वाष्पीय रूप जो उसे खौलाने पर प्राप्त होता है तथा जिसका आजकल शक्ति के प्रमुख साधन के रूप में उपयोग होता है;<br>2. भौतिक शास्त्र में ठोस या द्रव पदार्थ की वह अवस्था जो उनके बहुत तपकर वायु में विलीन होते समय अथवा कुछ विशिष्ट रासायनिक प्रक्रियाओं के द्वारा प्राप्त होती है। | ಆವಿ;<br>ಬಾಷ್ಪ | आवि;<br>बाष्प | steam;<br>vapour. |
| **भाभी (भावज, भौजाई)** | स्त्री. | संबंध के विचार से बड़े भाई की स्त्री। | ಅತ್ತಿಗೆ | अत्तिगे | sister-in-law (elder brother's wife). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भार | पु. | 1. बोझ; | ಭಾರ; | भार; | load, burden; |
| | | 2. उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी; | ಹೊಣೆ; | हॉणे; | charge, trust, responsibility; |
| | | 3. वजन, गुरुत्व। | ತೂಕ | तूक | weight, gravity. |
| भारत | पु. | भारतवर्ष नामक देश, हिन्दुस्तान। | ಭಾರತ | भारत | India. |
| भारतीय | वि. | 1. भारत में उत्पन्न; | ಭಾರತದ; | भारतद; | Born in India; |
| | | 2. भारत संबंधी। | ಭಾರತೀಯ | भारतीय | Indian. |
| | पु. | भारतवासी। | ಭಾರತ ದೇಶದ ನಿವಾಸಿ | भारत देशद निवासि | inhabitant of India, Indian. |
| भारवाहक | पु. | 1. भार ढोनेवाला; | ಭಾರವನ್ನು ಹೊರುವ; | भारवन्नु हॉरुव; | bearer of burden, porter, carrier; |
| | | 2. कार्यभार का वहन करनेवाला। | ಕಾರ್ಯವನ್ನು ನಿರ್ವಹಿಸುವ | कार्यवन्नु निर्वहिसुव | incharge, one who takes the responsibility. |
| भारी | वि. | 1. अधिक भारवाला, वज़नी; | ತೂಕವಾದ; | तूकवाद; | heavy, weighty, massive, unwieldy; |
| | | 2. बहुत अधिक; | ಹೆಚ್ಚಾದ; | हॆच्चाद; | great, grand; |
| | | 3. कठिन, कष्टकर; | ಕಷ್ಟಕರ; | कष्टकर; | difficult, hard, laborious; |
| | | 4. बहुत बड़ा, बृहत्; | ಬಹಳ ದೊಡ್ಡ; | बहळ दॉड्ड; | large, big, bulky; |
| | | 5. प्रकांड; | ತುಂಬಾ ತಿಳಿವಳಿಕೆಯುಳ್ಳ; | तुंबा तिळिवळिकेयुळ्ळ; | great, deep; |
| | | 6. देर में पचने वाला, गरिष्ठ; | ಗರಿಷ್ಠವಾದ; | गरिष्ठवाद; | difficult to digest, heavy; |
| | | 7. दुःखी, उदास (मन आदि)। | ದುಗುಡಗೊಂಡ | दुगुडगॉंड | dejected (in mind or spirits), languid. |
| भारी-भरकम | वि. | 1. बड़े डीलडौल का; | ಭಾರಿಯಾದ; | भारियाद; | of massive structure, strongly built; |
| | | 2. बहुत बड़ा और वजनी; | ದೊಡ್ಡ ಹಾಗೂ ತೂಕವಾದ; | दॉड्ड हागू तूकवाद; | large sized, heavy; |
| | | 3. गम्भीर। | ಗಂಭೀರವಾದ | गंभीरवाद | grave, serious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भार्या** | स्त्री. | पत्नी। | ಹೆಂಡತಿ | हॆंडति | wife, spouse. |
| **भाला** | पु. | एक प्रसिद्ध अस्त्र जिसमें बड़े और मोटे डंडे के सिरे पर नुकीला बड़ा फल लगा रहता है, बरछा, नेजा। | ಈಟಿ, ಭರ್ಜಿ, ಭಲ್ಲೆ | ईटि, भर्जि, भल्लॆ | large spear, lance. |
| **भालू** | पु. | काले या भूरे बालों वाला एक हिंसक तथा स्तनपायी चौपाया जिसे पकड़कर मदारी लोग नचाते हैं, रीछ। | ಕರಡಿ | करडि | bear. |
| **भाव** | पु. | 1. मनोविकार; | ಭಾವ | भाव | disposition, temperament; |
| | | 2. भावना, विचार; | | | emotion, sentiment; |
| | | 3. आशय, तात्पर्य, अर्थ; | | | purpose, signification, meaning; |
| | | 4. भावसूचक अंगचेष्टा, भंगी; | | | gesture, gesticulation; |
| | | 5. भक्ति, विश्वास, श्रद्धा; | | | faith, loyalty, devotion; |
| | | 6. दर, निर्ख; | | | rate, quotation; |
| | | 7. अस्तित्व, सत्ता, अभाव का विपर्याय। | | | being, existence, state or condition of being. |
| **भावताव** | पु. | किसी चीज का भाव आदि, निर्ख। | ನಿರಖು ಬೆಲೆ | निरखु बॆलॆ | rate, quotation. |
| **भावना** | स्त्री. | 1. चिंतन, ध्यान; | ಭಾವನೆ, ಚಿಂತನೆ; | भावनॆ, चिंतनॆ; | meditation, contemplation; |
| | | 2. कल्पना, विचार, ख्याल; | ಕಲ್ಪನೆ, ವಿಚಾರ; | कल्पनॆ, विचार; | conception, imagination, fancy, feeling, emotion, sentiment; |
| | | 3. चाह, कामना, इच्छा; | ಬಯಕೆ; | बयकॆ; | wish, desire, craving, longing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण. | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. वैद्यक मे चूर्ण आदि के रस, क्वाथ आदि के साथ बार-बार तर करके घोटना। | | | saturating a dry powder with fluid. |
| **भावनात्मक** | वि. | भावना से संबंधित, भावनायुक्त। | ಭಾವನಾತ್ಮಕ | भावनात्मक | emotional, sentimental. |
| **भावपक्ष** | पु. | किसी साहित्यिक रचना में जो कुछ कहा जाता है वह उसका भावपक्ष कहलाता है और इसके विपरीत उसे जिस रूप में प्रस्तुत किया जाता है उसे उसका कलापक्ष कहते हैं। | ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ಭಾವ ಪಕ್ಷ | साहित्यदल्लि भाव पक्ष | content, thought content (in literature). |
| **भावभंगी** | स्त्री. | मन का भाव प्रकट करने वाली शारीरिक क्रिया। | ಭಾವ ಭಂಗಿಮೆ | भाव भंगिमे | gesture, gesticulation. |
| **भाववाचक** | वि. | (व्याकरण में) संज्ञा का भाव, धर्म, गुण आदि बतानेवाला शब्द। | ವ್ಯಾಕರಣದಲ್ಲಿ ಭಾವವಾಚಕ, ಭಾವನಾಮ | व्याकरणदल्लि भाववाचक, भावनाम | (gram.) abstract noun. |
| **भाववाच्य** | पु. | (व्याकरण में) वह तत्व जो अकर्मक पद की उस स्थिति का सूचक होता है जब वह कर्ता का व्यापार सूचित न करके क्रिया के व्यापार का ही बोध कराता है। | ವ್ಯಾಕರಣದಲ್ಲಿ ಭಾವ ವಾಚ್ಯ | व्याकरणदल्लि भाववाच्य | (Gram.) neutral voice, denoting the abstract notion of verb. |
| **भावात्मक** | वि. | 1. जिसमें किसी प्रकार का मानसिक भाव भी मिला हो, भावसंबंधी; | ಭಾವ ಸಂಬಂಧವಾದ; | भाव संबंधवाद; | emotional, sentimental; |
| | | 2. भावों से परिपूर्ण। | ಭಾವಭರಿತ | भावभरित | full of emotions or feelings. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भावार्थ | पु. | 1. ऐसा विवरण या विवेचन जिसमें मूल का केवल भाव या आशय आ जाए, अक्षरशः अनुवाद न हो; | ಭಾವಾರ್ಥ | भावार्थ | broad explanation, exposition; |
| | | 2. अभिप्राय, आशय, तात्पर्य, मतलब। | | | simple or inherent meaning, obvious purport, sense. |
| भावी | वि | भविष्य में घटित होनेवाला। | ಬರಲಿರುವ | बरलिरुव | what must take place or is destined to happen, predestined. |
| | स्त्री. | भाग्य के विधान के अनुसार अवश्य होनेवाली बात, होनी। | ಅನಿವಾರ್ಯವಾಗಿ ಆಗಲಿರುವ | अनिवार्यवागि आगलिरुव | inevitable. |
| भावुक | वि. | 1. जो शीघ्र ही भावों विशेषतः कोमल, करुण भावों के अधीन हो जाए, कोमलचित्त; | ಭಾವುಕ, ಕೋಮಲವಾದ ಮನಸ್ಸಿನ; | भावुक, कोमलवाद मनस्सिन; | emotional, sentimental, impulsive, passionate; |
| | | 2. सहृदय, रसज्ञ। | ಸಹೃದಯ, ರಸಜ್ಞ | सहृदय, रसज्ञ | having a poetic taste, appreciative. |
| भावुकता | स्त्री. | 1. भावुक होने का भाव, भावप्रवणता; | ಭಾವುಕತೆ; | भावुकतॆ; | sentimentality, impulsiveness, passion; |
| | | 2. विभिन्न प्रकार के भावों में तल्लीन होने की शक्ति या योग्यता, सहृदयता। | ಭಾವಮಗ್ನತೆ | भावमग्नतॆ | quality to appreciate and enjoy poetry. |
| भाषण | पु. | 1. वक्तृता, व्याख्यान; | ಭಾಷಣ; | भाषण; | speech, lecture, address; |
| | | 2. कथन, बोलना; | ಹೇಳಿಕೆ, ಮಾತನಾಡುವಿಕೆ; | हेळिकॆ, मातनाडुविकॆ; | speaking, talking, saying; |
| | | 3. वार्तालाप। | ಸಂಭಾಷಣೆ | संभाषणॆ | conversation. |
| भाषांतर | पु. | अनुवाद, उलथा, तर्जुमा। | ಭಾಷಾಂತರ, ತರ್ಜುಮೆ, ಅನುವಾದ | भाषांतर, तर्जुमॆ अनुवाद | translation, interpretation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भाषांतरकार** | पु. | अनुवादक। | ಭಾಷಾಂತರಕಾರ, ಅನುವಾದಕ | भाषांतरकार, अनुवादक | translator, interpreter. |
| **भाषा** | स्त्री. | 1. बोलकर या लिखकर या ध्वनि-संकेतों में भावों को प्रकट करने का साधन; | ಭಾಷ | भाषॆ | language, tongue, speech; |
| | | 2. किसी देश या जनसमाज में प्रचलित शब्दावली और उसे बरतने का ढंग, बोली; | | | the vernacular of any country, dialect; |
| | | 3. व्यक्ति विशेष के लिखने-बोलने का ढंग; | | | style or way of speech; |
| | | 4. आधुनिक हिन्दी का पुराना नाम। | | | old name of the Hindi language. |
| **भाषाविज्ञान** | पु. | वह विज्ञान जिसमें भाषा की उत्पत्ति, विकास, उसके शब्द तथा उन शब्दों के अर्थों, ध्वनियों आदि का वैज्ञानिक ढंग से प्रतिपादन तथा विवेचन किया जाता है। | ಭಾಷಾವಿಜ್ಞಾನ | भाषाविज्ञान | philology, linguistics. |
| **भाषाविद्** | पुं. | भाषा या भाषाओं का अच्छा ज्ञाता। | ಭಾಷಾವಿದ | भाषाविद | linguist, philologist. |
| **भाषी** | वि. | (समास के अंत में प्रयुक्त) बोलनेवाला। | (ಸಮಾಸದ ಕೊನೆಯಲ್ಲಿ ಪ್ರಯೋಗಿಸುವ) ಮಾತನಾಡುವ | (समासद कॊनॆयल्लि प्रयोगिसुव) मातनाडुव | (at the end of comp.) speaking, talking. |
| **भाष्य** | पु. | 1. सूत्र या मूलग्रंथ की व्याख्या, विवृति; | ಭಾಷ್ಯ, ವ್ಯಾಖ್ಯಾನ | भाष्य, व्याख्यान | exposition or commentary, especially of Sutras; |
| | | 2. किसी गूढ़ बात या वाक्य की विस्तृत व्याख्या। | | | explanatory work, exposition, commentary. |
| **भाष्यकार** | पु. | भाष्य लिखनेवाला। | ಭಾಷ್ಯಕಾರ | भाष्यकार | commentator, scholiast. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भिंडी** | स्त्री. | एक प्रकार का पौधा और उसकी फली जिसकी तरकारी बनती है, रामतरोई। | ಬೆಂಡೆಕಾಯಿ | बेंडेकायि | lady's finger. |
| **भिक्षा** | स्त्री. | 1. असहाय अवस्था में उदरपूर्ति के लिए लोगों से अन्नादि मांगने का काम या वृत्ति; | ಭಿಕ್ಷೆ | भिक्षे | begging, asking alms; |
| | | 2. इस प्रकार मांगने में मिली हुई वस्तु, भीख। | | | that which is obtained by begging, alms, begged food, charity. |
| **भिक्षाटन** | पुं. | भिक्षा प्राप्ति के लिए फिरना। | ಭಿಕ್ಷಾಟನೆ | भिक्षाटने | wandering about begging for alms. |
| **भिक्षु** | पु. | 1. भीख मांगने वाला, भिखमंगा; | ಭಿಕ್ಷು | भिक्षु | one who subsists on alms, beggar, mendicant; |
| | | 2. संन्यासी, विशेषतः बौद्ध संन्यासी। | | | religious mendicant, esp. Buddhist. |
| **भिक्षुक** | पुं. | भीख मांगने वाला, भिखारी। | ಭಿಕ್ಷುಕ | भिक्षुक | beggar, mendicant. |
| **भिखमंगा** | पुं. | 1. भीख मांगने वाला; 2. ऐसा अभावग्रस्त व्यक्ति जो अपने अभाव की पूर्ति दूसरों से चीजें मांगकर करता हो। | ತಿರುಪೆಗಾರ; ಭಿಕಾರಿ | तिरुपेगार; भिकारि | beggar, pauper. |
| **भिखारी (स्त्री. भिखारिन)** | पुं. | 1. भीख मांगने वाला, भिक्षुक; | ಭಿಕಾರಿ | भिकारि | beggar, mendicant; |
| | | 2. कंगाल, अकिंचन। | | | pauper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भिगोना** | स.क्रि | पानी आदि से तर करना। | ತೋಯಿಸು, ನೆನೆಸು | तोयिसु, नॆनॆसु | to wet, to drench. |
| **भिजवाना** | स.क्रि क्रि. | भेजने का काम किसी से कराना। | ಕಳುಹಿಸು | कळुहिसु | to cause to send, to cause to be sent. |
| **भिड़ंत** | स्त्री. | 1. भिड़ने की क्रिया या भाव; | ಎದುರಿಸುವಿಕೆ, ಜಗಳ; | ऎदुरिसुविकॆ, जगळ; | clash, skirmish; |
| | | 2. मुठभेड़। | ಸೆಣಸಾಟ | सॆणसाट | confrontation, encounter. |
| **भिड़** | स्त्री. | बर्र, ततैया। | ಕಣಜದ ಹುಳು | कणजद हुळु | wasp. |
| **भिड़ना** | अ. | 1. टकराना; | ಎದುರಿಸು; | ऎदुरिसु; | come into collision, to collide, to clash; |
| | | 2. लड़ना; | ಜಗಳ ಕಾಯು; | जगळ कायु; | to join battle, to contend, to fight; |
| | | 3. सटना (किवाड़ आदि); | ಜಂಟಿಯಾಗು, ಸೇರು; | जंटियागु, सेरु; | come together, close (as shutter etc.); |
| | | 4. दृढ़तापूर्वक सवाल-जवाब करना। | ದೃಢಪೂರ್ವಕವಾಗಿ ಪ್ರಶ್ನೆಗಳನ್ನು ಉತ್ತರಿಸು | दृढपूर्वकवागि प्रश्नॆगळन्नु उत्तरिसु | to be locked in a wordy duel. |
| **भिड़ाना** | स क्रि. | 1. किसी को भिड़ने में प्रवृत्त करना; | ತಗುಲುವಂತೆ ಪ್ರೇರಿಸು; | तगुलुवंतॆ प्रेरिसु; | tocause to touch or be joined; |
| | | 2. सटाना; | ಸೇರಿಸು; | सेरिसु; | to close (a door etc.); |
| | | 3. लड़ाना। | ಜಗಳವಾಡಿಸು | जगळवाडिसु | to bring into collision, cause to fight. |
| **भित्तिचित्र** | पु. | दीवार पर बना हुआ चित्र, विशेषतः ऐसा चित्र जो दीवार बनाने के समय गीले पलस्तर से बनाया जाता है। | ಭಿತ್ತಿಚಿತ್ರ, ಗೋಡೆಯ ಮೇಲೆ ಬರೆದ ಚಿತ್ರ | भित्तिचित्र, गोडॆय मेलॆ बरॆद चित्र | mural painting, fresco. |
| **भिनकना** | अ. क्रि. | 1. मक्खियों का भिनभिन शब्द करना, भिनभिनाना; | ಮೊರೆ, ಗುಂಯ್‌ಗುಡು, ಝೇಂಕರಿಸು; | मॊरॆ, गुंयगुडु, झेंकरिसु; | to buzz (as a fly), hum (as a bee, etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी गंदी चीज पर मक्खियों के झुंड का बैठना। | ಹಿಂಡು-ಹಿಂಡಾಗಿ ಮುತ್ತು, ಮುಸುರು | हिंडु-हिंडागि मुत्तु, मुसुरु | to be covered with flies, to swarm. |
| भिनभिनाना | अ. क्रि. | भिन भिन शब्द होना या करना। | ಝೇಂಕರಿಸು | झेंकरिसु | to buzz, hum, to have a ringing sound (in the ear), to murmur. |
| भिन्न | वि. | 1. अलग, जुदा;<br>2. अलग किया हुआ;<br>3. विभक्त, विभाजित, खंडित;<br>4. दूसरा, दूसरे प्रकार का, कोई और। | ಬೇರೆಯಾದ;<br>ಬೇರೆ ಮಾಡಿದ;<br>ವಿಭಾಗಿಸಿದ, ಒಡೆದ;<br>ಭಿನ್ನವಾದ | बेरॆयाद;<br>बेरॆ माडिद;<br>विभागिसिद, ऒडॆद;<br>भिन्नवाद | separate, apart;<br>separated;<br>broken, split, divided;<br>other, different, diverse. |
| | पु. | गणित में किसी दूसरी इकाई का छोटा अंश या टुकड़ा। | ಗಣಿತದಲ್ಲಿ ಭಿನ್ನರಾಶಿ | गणितदल्लि भिन्नराशि | (in Arith) fraction. |
| भिन्नता | स्त्री. | भिन्न होने की अवस्था या भाव, अलगाव, पार्थक्य, भेद, अंतर। | ಭಿನ್ನತೆ, ವ್ಯತ್ಯಾಸ | भिन्नतॆ, व्यत्यास | dissimilarity, distinction, difference. |
| भिश्ती | पु. | मशक द्वारा पानी ढोने वाला। | ಚರ್ಮದ ಚೀಲದಲ್ಲಿ ನೀರು ಹೊರುವವ | चर्मद चीलदल्लि नीरु हॊरुवव | one who carries water in a large leather water bag. |
| भींचना | स. क्रि. | 1. जोर से खींचकर दबाना;<br>2. जोर से दबाना। | ಜೋರಾಗಿ ಎಳೆದು ಅದುಮು, ಹಿಂಡು;<br>ಬಲವಾಗಿ ಅಮುಕು | जोरागि ऎळॆदु अदुमु, हिंडु;<br>बलवागि अमुकु | to squeeze;<br>to press hard. |
| भी | अव्य. | एक अव्यय जिसका प्रयोग नीचे लिखे अर्थ व्यक्त करने के लिए होता है, निश्चित रूप से किसी अथवा औरों के अतिरिक्त, साथ या सिवा; | ಕೂಡ; | कूड; | also, too, even; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. तक, पर्यन्त;<br>3. अधिक, ज्यादा। | ಆದಾಗ್ಯೂ, ಆದರೂ;<br>ಅಷ್ಟೇ ಅಲ್ಲದೆ,<br>ಇನ್ನೂ, ಮತ್ತೂ | आदाग्यू, आदरू;<br>अष्टे अल्लदे,<br>इन्नू, मत्तू | yet, still;<br>moreover,<br>furthermore. |
| **भीख** | स्त्री. | 1. किसी दरिद्र का उदरपूर्ति के लिए कुछ मांगना, भिक्षा;<br>2. उक्त प्रकार से मांगने पर मिलनेवाला अन्न आदि। | ಭಿಕ್ಷೆ | भिक्षे | begging, mendicity;<br>that which is obtained by begging, charity, alms. |
| **भीगना** | अ. क्रि. | पानी आदि तरल पदार्थों के संयोग से तर होना, गीला होना। | ತೊಯ್ಯು, ನೆನೆ | तोयु, नेने | to be wet or drenched. |
| **भीड़** | स्त्री. | 1. आदमियों का जमाव, जनसमूह;<br>2. अधिकता;<br>3. संकट। | ಜನರ ಗುಂಪು;<br>ಆಧಿಕ್ಯ;<br>ಸಂಕಟ | जनर गुंपु;<br>आधिक्य;<br>संकट | multitude, crowd, throng;<br>excess;<br>calamity, crisis. |
| **भीड़-भड़क्का** | पुं. | 1. भीड़, जनसमूह;<br>2. धक्कमधक्का। | ಜನಸಂದಣಿ<br>ಧಕ್ಕಾಮುಕ್ಕಿ,<br>ನೂಕು ನುಗ್ಗಲು | जनसंदणि;<br>धक्कामुक्कि,<br>नूकु नुग्गलु | crowd, multitude, rush;<br>jostling, whoving and pushing. |
| **भीड़भाड़** | स्त्री. | दे. 'भीड़-भड़क्का'। | ನೋಡಿ "भीड़-भड़क्का" | नोडि "भीड़-भड़क्का" | see '**भीड़-भड़क्का**'. |
| **भीत** | वि. | डरा हुआ, भयग्रस्त। | ಭಯಗೊಂಡ,<br>ಹೆದರಿದ | भयगोंड,<br>हेदरिद | frightened, terrified, alarmed. |
| | स्त्री. | दीवार। | ಗೋಡೆ | गोडे | wall. |
| **भीतर** | क्रि. वि. | 1. अंदर, घर के अन्दर;<br>2. मन में। | ಒಳಗೆ | ओळगे | in, inside, within;<br>in one's own mind or heart. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भीतरी** | वि. | 1. भीतर का, अंदरवाला, अंदरूनी; | ಒಳಗಣ; | ऑळगण; | interior, internal, inner, inward; |
| | | 2. गुप्त, अप्रकट। | ರಹಸ್ಯವಾದ | रहस्यवाद | hidden, secret. |
| **भीति** | स्त्री. | डर, भय। | ಹೆದರಿಕೆ, ಭೀತಿ, ಭಯ | हॅदरिकॅ, भीति, भय | fear, apprehension, dread, terror. |
| **भीना** (**स्त्री. भीनी**) | वि. | बहुत ही मन्द, सूक्ष्म या हल्का। | ತೀಕ್ಷ್ಣವಲ್ಲದ, ಮಂದ, ಸೂಕ್ಷ್ಮ, ಹಗುರ | तीक्ष्णवल्लद, मंद, सूक्ष्म, हगुर | light, pleasant (colour or smell). |
| **भीरु** | वि. | 1. कायर, डरपोक;<br>2. (से) डरनेवाला। | ಹೆದರುಪುಕ್ಕಲ;<br>ಹೆದರುವ ಸ್ವಭಾವದ | हॅदरुपुक्कल;<br>हॅदरुव स्वभावद | timid, cowardly; fearful or fearing (as धर्मभीरु God-fearing). |
| **भीरुता** | स्त्री. | 1. कायरता, बुजदिली; | ಅಂಜುಬುರುಕತನ; | अंजुबुरकतन; | timidity, cowardice; |
| | | 2. डर, भय। | ಅಂಜುವಿಕೆ | अंजुविकॅ | fear, terror. |
| **भीषण** | वि. | 1. भयानक, डरावना; | ಭಯಂಕರ | भयंकर | dreadful, horrible, frightening; |
| | | 2. दुष्परिणाम के रूप में होनेवाला, विकट, बहुत ही बुरा। | | | gruesome, terrible. |
| **भुक्खड़** | वि. | 1. जिसे तेज भूख लगी हो, भूखा; | ಹಸಿದ; | हसिद; | starving, hungry; |
| | | 2. जिसकी भूख मिटती न हो, जो प्रायः कुछ न कुछ खाता रहता हो या खाना चाहता हो, पेटू; | ಹೊಟ್ಟೆಬಾಕ; | हॉट्टॅबाक; | voracious, gluttonous; |
| | | 3. कंगाल। | ಕಂಗಾಲ | कंगाल | pauper, poor. |
| **भुक्तभोगी** | वि. | जो किसी चीज का दुखसुख, विशेषतः दुख उठा चुका हो। | ಕಷ್ಟ ಸುಖಗಳನ್ನು, ಹೆಚ್ಚಾಗಿ ಕಷ್ಟಗಳನ್ನು ಅನುಭವಿಸಿದ | कष्ट सुखगळन्नु, हॅच्चागि कष्टगळन्नु अनुभविसिद | one who has suffered or enjoyed (some experience), experienced. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भुखमरा** | वि. | 1. जो भूखों मरता हो, भूखा; | ಹಸಿವಿನ ಬೇಗೆಯುಳ್ಳ; | हसिविन बेगॅयुळ्ळ; | starving, hungry; |
| | | 2. जो खाने-पीने के लिए मरा जाता हो। | ಅನ್ನ ಆಹಾರಕ್ಕಾಗಿ ಪ್ರಾಣ ಬಿಡುವ | अन्न आहारक्कागि प्राण बिडुव | voracious, gluttonous. |
| **भुखमरी** | स्त्री. | भूखों, विशेषतः अन्नाभाव के कारण मरने की अवस्था या भाव। | ಹೊಟ್ಟೆಗಿಲ್ಲದೆ ಸಾಯುವಿಕೆ, ಕ್ಷಾಮ | हॉट्टॅगिल्लदॆ सायुविकॆ, क्षाम | starvation, hunger, famine. |
| **भुगतना** | स. क्रि. | 1. भोगना, सहना; | ಅನುಭವಿಸು; | अनुभविसु; | to suffer, to undergo, to bear, to endure; |
| | | 2. कार्य, व्यय आदि का भार अपने ऊपर लेना। | ಹೊಣೆ ಹೊತ್ತುಕೊಳ್ಳು | हॉणॆ हॉत्तुकॉळ्ळु | pay the penalty of, to suffer consequences of. |
| **भुगतान** | पु. | 1. मूल्य आदि चुकाने की क्रिया या भाव, अदायगी; | ಸಂದಾಯ, ಬಟವಾಡೆ; | संदाय, बटवाडॆ; | payment; |
| | | 2. निबटारा। | ತೀರಿಕೆ, ಫೈಸಲು, ಇತ್ಯರ್ಥ, ಬಗೆ ಹರಿಸುವಿಕೆ | तीरिकॆ, फैसलु, इत्यर्थ, बगॆ हरिसुविकॆ | settlement, disposal. |
| **भुगताना** | स. क्रि. | 1. कोई काम पूरा करना; | ಕಾರ್ಯ ಪೂರೈಸು; | कार्य पूरैसु; | to do, perform, to execute, to discharge; |
| | | 2. देय आदि चुकाना, भुगतान करना, अदा करना। | ಬಾಕಿ ತೀರಿಸು, ಸಂದಾಯ ಮಾಡು, ಚುಕ್ತಾ ಮಾಡು | बाकि तीरिसु, संदाय माडु, चुक्ता माडु | to settle, to adjust, to pay off. |
| **भुजा** | स्त्री. | 1. बांह, बाहु; | ಭುಜ; | भुज; | arm; |
| | | 2. हाथ; | ಕೈ; | कै; | hand; |
| | | 3. रेखागणित में किसी क्षेत्र की सीमारेखा। | ರೇಖಾಗಣಿತದಲ್ಲಿ ಕ್ಷೇತ್ರದ ಸೀಮಾ ರೇಖೆ | रेखागणितदल्लि क्षेत्रद सीमारेखॆ | the side of any geometrical figure. |
| **भुजाली** | स्त्री. | एक प्रकार की बड़ी, टेढ़ी छुरी। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಬಾಗಿದ ಅಲಗಿನ ಚೂರಿ | ऑंदु बगॅय बागिद अलगिन चूरि | kind of a big knife. |
| **भुजिया** | स्त्री. | 1. उबाले हुए धान का चावल; | ಅವಲಕ್ಕಿ; | अवलक्कि; | parched rice; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह तरकारी जो सूखी ही भूनकर बनाई जाती है और जिसमें रसा या शोरबा नहीं होता, सूखी तरकारी। | ಪಲ್ಯ | पल्य | fried vegetable. |
| | वि. | जो भूनकर तैयार किया या बनाया गया हो। | ಹುರಿದು ಮಾಡಿದ | हुरिदु माडिद | fried. |
| भुट्टा | पु. | मक्के की हरी बाल। | ಮುಸುಕಿನ ಜೋಳದ ತೆನೆ | मुसुकिन जोळद तॆनॆ | maize, corn. |
| भुनगा | पु. | 1. उड़नेवाला छोटा कीड़ा, जो प्रायः फूलों और फलों पर रहता है और शिशिर ऋतु में प्रायः उड़ता रहता है; | ಶಿಶಿರ ಋತುವಿನಲ್ಲಿ ಹಣ್ಣು-ಹೂವುಗಳ ಮೇಲೆ ಕೂರುವ ಒಂದು ಹಾರು ಕೀಟ; | शिशिर ऋतुविनल्लि हण्णु-हूवुगळ मेलॆ कूरुव ऒंदु हारु कीट; | gnat; |
| | | 2. पतंगा, फतिंगा; | ಪತಂಗದ ಹುಳು; | पतंगद हुळु; | maggot, insect; |
| | | 3. बहुत ही तुच्छ पदार्थ या व्यक्ति, नगण्य। | ತುಚ್ಛ ವಸ್ತು, ತುಚ್ಛ ವ್ಯಕ್ತಿ | तुच्छ वस्तु, तुच्छ व्यक्ति | insignificant creature or person. |
| भुनना | अ. क्रि. | 1. आग की गरमी से भूना जाना, सिंकना; | ಹುರಿ; | हुरि; | to be parched, to scorch; |
| | | 2. रुपए आदि का छोटे सिक्कों में बदला जाना; | ಚಿಲ್ಲರೆ (ಹಣ) ಮುರಿಸು; | चिल्लरॆ (हण) मुरिसु; | to be changed in small coins; |
| | | 3. तोप, बंदूक आदि की मार से मारा जाना। | ಗುಂಡು ಹಾರಿಸಿ ಕೊಲ್ಲು | गुंडु हारिसि कॊल्लु | to be slaughtered with guns etc. |
| भुनभुनाना | अ.क्रि | 1. भुनभुन शब्द करना; | ಭುನ್‌ಭುನ್ ಶಬ್ದ ಮಾಡು; | भुनभुन शब्द माडु; | mumbling, gabbling; |
| | | 2. कुढ़कर बहुत और धीरे-धीरे या अस्पष्ट रूप में कई तरह की बातें कहना। | ಗೊಣಗುಟ್ಟು | गॊणगुट्टु | grumbling, expressing indignation in an inarticulate manner. |
| भुनवाई (भुनाई) | स्त्री. | 1. भुनाने की क्रिया या भाव; | ಹುರಿಯುವಿಕೆ; | हुरियुविकॆ; | act of parching or frying; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. भुनाने के बदले में दी जानेवाली रकम, भांज; | ವಿನಿಮಯದಲ್ಲಿ ಹಣ ಕೊಡುವಾಗ ಮುರಿದುಕೊಂಡ ಕಮಿಷನ್ | विनिमयदल्लि हण कॊडुवाग मुरिदुकॊंड कमिषन् | price paid for exchange (of money) discount or loss in exchange; |
| | | 3. भूनने की उजरत। | ಹುರಿದ ಕೂಲಿ | हुरिद कूलि | price paid for parching grain; |
| **भुनाना** | स. क्रि. | 1. भूनने का काम किसी दूसरे से कराना; | ಹುರಿಸು; | हुरिसु; | to get something parched; |
| | | 2. नोट आदि को छोटे सिक्कों में बदलवाना। | ಚಿಲ್ಲರೆ ಮಾಡಿಸು | चिल्लरॆ माडिसु | to change (into smaller denomination currency). |
| **भुरकस (भुरकुस)** | पु. | 1. किसी चीज का बहुत बुरी तरह कुचला या मसला हुआ रूप; | ಪುಡಿ, ಚೂರ್ಣ | पुडि, चूर्ण | smashed, pulverized (form); |
| | | 2. चूर्ण, बुकनी। | | | husk, chaff, powder. |
| **भुरभुरा** | वि. | जो झट टूटकर चूर्णरूप हो जाए। | ಗರುಗಾಗಿರುವ | गरुगागिरुव | crisp. |
| **भुरभुराना** | स. क्रि. | चुटकी या उंगली में कोई चूर्ण रखकर किसी चीज पर छिड़कना, बुरकना। | ಚಿಟಿಕೆ ಪುಡಿಯನ್ನು ಉದುರಿಸು | चिटिकॆ पुडियन्नु उदुरिसु | to throw or sprinkle some powdered substance. |
| **भुलक्कड़** | वि. | बहुत भूलनेवाला, विस्मरणशील। | ಮರೆಯುವ ಸ್ವಭಾವದ | मरॆयुव स्वभावद | forgetful, prone to forgetting. |
| **भुलवाना** | स. क्रि. | 1. भूलने के लिए प्रेरित करना; | ಮರೆಯುವಂತೆ ಮಾಡು; | मरॆयुवंतॆ माडु; | to cause to forget; |
| | | 2. बहकाना, भ्रम में डालना। | ಭ್ರಾಂತಿಗೊಳಿಸು | भ्रांतिगॊळिसु | to bewilder, to divert one's mind, to delude. |
| **भुलाना** | स. क्रि. | 1. स्मरण की हुई बात को स्मृतिपथ से उतारना, भूलना; | ಮರೆಯು; | मरॆयु; | to forget; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. भ्रम में डालना, बहकाना; | ಭ್ರಮಿಸು; | भ्रमिसु; | to mislead, to bewilder, to delude; |
| | | 3. भूलने को प्रेरित करना; | ಮರೆಯುವಂತೆ ಮಾಡು; | मरॆयुवंत माडु; | to cause to forget; |
| | | 4. (ला०) त्यागना। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ತ್ಯಜಿಸು | (लाक्षणिक) त्यजिसु | (fig.) to estrange, to sever one's ties with. |
| **भुलावा** | पु. | बहकाने की युक्ति, धोखा, चकमा। | ಠಕ್ಕು, ಮಾತು ಮರೆಸುವಿಕೆ, ಮೋಸ | ठक्कु, मातुमरॆ-सुविकॆ, मोस | hoax, delusion. |
| **भुवन** | पु. | 1. जगत, संसार, लोक;<br>2. पुराणानुसार चौदह लोकों में से प्रत्येक की संज्ञा, लोक। | ಲೋಕ, ಜಗತ್ತು;<br>ಹದಿನಾಲ್ಕು ಲೋಕಗಳು | लोक, जगत्तु;<br>हदिनाल्कु लोकगळु | world, earth;<br>various celestial paradises. |
| **भू** | स्त्री. | 1. पृथ्वी, धरती;<br>2. जमीन, भूमि;<br>3. स्थान, जगह। | ಪೃಥಿವಿ;<br>ಭೂಮಿ;<br>ಸ್ಥಳ | पृथिवि;<br>भूमि;<br>स्थळ | earth, world;<br>land, ground, soil;<br>site, place. |
| **भूकंप** | पु. | भूगर्भ में होनेवाली उथल-पुथल से धरती की ऊपरी सतह का हिलना, भूचाल। | ಭೂಕಂಪ | भूकंप | earthquake. |
| **भूखंड** | पु. | पृथ्वी या भूमि का कोई खंड या विभाग, भूभाग। | ಭೂಖಂಡ | भूखंड | tract of land, territory, plot. |
| **भूख** | स्त्री. | 1. पेट खाली होने पर अन्न आदि भक्षण करने की तीव्र इच्छा, भोजन की इच्छा, क्षुधा;<br>2. कोई चीज प्राप्त करने की उत्कट इच्छा। | ಹಸಿವೆ;<br>ಪ್ರಬಲವಾದ ಇಚ್ಛೆ | हसिवॆ;<br>प्रबलवाद इच्छॆ | appetite, hunger;<br>intense desire of enjoying anything, craving (for). |
| **भूख-हड़ताल** | स्त्री. | किसी नीति या कार्य आदि के प्रति विरोध प्रकट करते हुए अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए भोजन का त्याग करना। | ಉಪವಾಸ ಸತ್ಯಾಗ್ರಹ | उपवास सत्याग्रह | hunger-strike. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भूखा** | वि. | 1. जिसे भूख लगी हो, क्षुधित; | ಹಸಿದ; | हसिद; | hungry, famished, starving; |
| | | 2. उत्कट इच्छुक या याचक; | ಹೆಚ್ಚಾದ ಆಕಾಂಕ್ಷೆಯುಳ್ಳ; | हॅच्चाद आकांक्षे-युळ्ळ; | desirous (of), craving; |
| | | 3. दरिद्र। | ದರಿದ್ರ | दरिद्र | poor, destitute. |
| **भूखा-नंगा** | वि. | अन्न, वस्त्र के कष्ट से पीड़ित, दीन, दरिद्र। | ಅನ್ನ ವಸ್ತ್ರಗಳಿಲ್ಲದ, ದರಿದ್ರನಾದ | अन्नवस्त्रगळिल्लद, दरिद्रनाद | poor, pauper, indigent. |
| **भूगर्भ** | पु. | पृथ्वी का नीचेवाला या भीतरी भाग। | ಭೂಗರ್ಭ | भूगर्भ | interior of the earth. |
| **भूगोल** | पु. | 1. भूमंडल, पृथ्वी; | ಭೂಗೋಳ; | भूगोळ, | terrestrial globe, the earth; |
| | | 2. पृथ्वी के बाहय रूप, प्राकृतिक विभाग आदि का ज्ञान करानेवाली विद्या या शास्त्र। | ಭೂಗೋಳ ಶಾಸ್ತ್ರ | भूगोळ शास्त्र | geography. |
| **भूचाल** | पु. | दे. 'भूकंप'। | ನೋಡಿ "भूकंप" | नोडि "भूकंप" | see 'भूकंप'. |
| **भूत** | वि. | 1. बीता हुआ, अतीत; | ಹಿಂದಿನ; | हिंदिन; | past, gone by; |
| | | 2. घटित; | ಸಂಭವಿಸಿದ, | संभविसिद; | been, become, produced; |
| | | 3. पहले का, पुराना; | ಮೊದಲಿನ, ಹಳೆಯ; | मॊदलिन, हळॆय; | former, old; |
| | | 4. प्राणी, जीव; | ಪ್ರಾಣಿ; | प्राणि; | living being, an animal, a creature; |
| | | 5. महाभूत, द्रव्य, मूलतत्व; | ಪಂಚಮಹಾಭೂತಗಳು; | पंचमहाभूतगळु; | matter, an element; |
| | | 6. भूतकाल; | ಭೂತಕಾಲ; | भूतकाल; | past, past tense; |
| | | 7. प्रेत, पिशाच। | ಭೂತ, ಪಿಶಾಚಿ | भूत, पिशाचि | evil spirit, demon, ghost. |
| **भूतकाल** | पु. | 1. व्याकरण में क्रिया के तीन कालों में से एक जो किसी घटना के पूर्व समय में समाप्त या सम्पन्न हो चुकने का सूचक होता है; | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಭೂತಕಾಲ; | (व्याकरण) भूतकाल; | (in gram.) past tense; |
| | | 2. बीता हुआ समय। | ಕಳೆದು ಹೋದ ಸಮಯ | कळॆदु होद समय | the past. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भूतनी** | स्त्री. | 1. भूतयोनि की स्त्री, स्त्रीप्रेत; | ಹೆಣ್ಣು ಭೂತ; | हॆण्णु भूत; | female demon or goblin, etc. |
| | | 2. (ला०) काले रंग और प्रायः क्रोधी तथा लड़ाके स्वभाववाली स्त्री। | ಜಗಳಗಂಟಿ ಕಪ್ಪು ಹೆಂಗಸು | जगळगंटि कप्पु हॆंगसु | (fig.) virago. |
| **भूतपूर्व** | वि. | 1. जो किसी पद पर पहले कभी रह चुका हो; | ಹಿಂದಿನ, ಮಾಜಿ; | हिंदिन, माजि; | ex--, former; |
| | | 2. जो पहले हो चुका हो, पूर्ववर्ती, पहला। | ಹಿಂದೆ ಆಗಿ ಹೋದ | हिंदॆ आगि होद | late, past, previous. |
| **भूतप्रेत** | पु. | भूत, पिशाच, प्रेत आदि की योनियों या इन योनियों में प्राप्त होनेवाले सूक्ष्म शरीरों का वर्ग। | ಭೂತಪ್ರೇತ | भूतप्रेत | evil spirits, ghosts and goblins. |
| **भूतल** | पु. | 1. पृथ्वी का ऊपरी तल, धरातल, भूपृष्ठ; | ಭೂತಳ, ಧರಾತಳ; | भूतळ, धरातळ; | surface of the earth the ground; |
| | | 2. जगत, संसार। | ಜಗತ್ತು | जगत्तु | world, the universe |
| **भूनना** | स.क्रि | 1. खाद्य पदार्थ को आग पर सेंककर पकाना; | ಕೆಂಡದ ಮೇಲೆ ಸುಡು; | कॆंडद मेलॆ सुडु; | to roast, broil; |
| | | 2. गरम बालू में अन्नादि को पकाना; | ಬಿಸಿ ಮರಳಿನಲ್ಲಿ ಹುರಿ; | बिसि मरळिनल्लि हुरि; | to parch, to scorch |
| | | 3. गरम घी-तेल आदि में तलना या अच्छी तरह लाल करना; | (ಎಣ್ಣೆ ತುಪ್ಪಗಳಲ್ಲಿ) ಕರಿ; | (ऍण्णॆ तुप्प-गळल्लि) करि; | to fry; |
| | | 4. बंदूक या मशीनगन की गोलियों से बहुतों का एक साथ वध करना। | ಮದ್ದು ಗುಂಡು ಹಾರಿಸಿಕೊಲ್ಲು | मद्दुगुंडु हारिसि कॊल्लु | to annihilate, (with gun etc.) |
| **भूभाग** | पु. | भूखंड, प्रदेश। | ಭೂಭಾಗ | भूभाग | region, place, spot. |
| **भूमंडल** | पु. | धरती, पृथ्वी। | ಭೂಮಂಡಲ | भूमंडल | terrestrial globe, the earth. |
| **भूमध्यरेखा** | स्त्री. | भूगोल में वह कल्पित रेखा जो दोनों ध्रुवों से बराबर दूरी पर है और पृथ्वी को दो भागों में विभाजित करती हैं। | ಭೂಮಧ್ಯರೇಖೆ | भूमध्यरेखॆ | equator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भूमध्यसागर** | पु. | यूरोप और एशिया के बीच अवस्थित एक समुद्र। | ಭೂಮಧ್ಯ ಸಾಗರ | भूमध्य सागर | Mediterranian Sea. |
| **भूमि** | स्त्री. | 1. यह सारी पृथ्वी जो सौर जगत के एक ग्रह के रूप में है; | ಭೂಮಿ; | भूमि; | earth, world; |
| | | 2. जमीन, धरती; | ನೆಲ; | नॆल; | earth, ground, soil, land; |
| | | 3. जगह, स्थान; | ಸ್ಥಳ; | स्थळ; | place, site; |
| | | 4. देश। | ದೇಶ | देश | region, country. |
| **भूमिका** | स्त्री. | 1. वक्तव्य विषय की पूर्वसूचना, ग्रन्थ आदि की प्रस्तावना; | ಭೂಮಿಕೆ, ಪ್ರಸ್ತಾವನೆ; | भूमिकॆ, प्रस्तावनॆ; | preface or introduction; |
| | | 2. नाटक आदि में किसी पात्र का अभिनय तथा कार्य; | ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಪಾತ್ರಾಭಿನಯ; | नाटकदल्लि पात्राभिनय; | (drama) part of an actor; |
| | | 3. किसी क्षेत्र विशेष में किसी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य। | ಪಾತ್ರ ನಿರ್ವಹಣ | पात्र निर्वहण | role, part. |
| **भूमिगत** | वि. | 1. जो भूमि की सतह से नीचे हो; | ಭೂಮಿಯಲ್ಲಿನ; | भूमियल्लिन; | underground, subterranean. |
| | | 2. जो जनसाधारण के सामने से हटकर कहीं छिपा हो; | ಮರೆಯಲ್ಲಡಗಿದ; | मरॆयल्लडगिद; | secret, underground; |
| | | 3. जमीन पर गिरा या पड़ा हुआ। | ಭೂಮಿಯ ಮೇಲೆ ಬಿದ್ದಿರುವ | भूमिय मेलॆ बिद्दिरुव | fallen on the earth. |
| **भूमिधर** | पु. | 1. वह किसान जिसने उचित धन देकर जमीन पर खेती-बाड़ी करने का स्थायी अधिकार प्राप्त कर लिया हो; | ಭೂಸ್ವಾಮಿ; | भूस्वामि; | landholder, land owner; |
| | | 2. पर्वत। | ಪರ್ವತ | पर्वत | mountain. |
| **भूरा** | वि. | मटमैले रंग का, खाकी, कपासी। | ಬೂದು ಬಣ್ಣದ | बूदु बण्णद | brown. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | स्याह और सफेद के बीच का रंग, खाकी रंग। | ಖಾಕಿ ಬಣ್ಣ | खाकि बण्ण | brown colour. |
| **भूल** | स्त्री. | 1. भूलने या स्मरण न रहने की क्रिया या भाव; | ಮರೆವು; | मरॆवु; | forgetfulness, oversight, neglect; |
| | | 2. भ्रम; | ಭ್ರಮೆ, ಭ್ರಾಂತಿ; | भ्रमॆ, भ्रांति; | illusion, bewilderment; |
| | | 3. गलती, अशुद्धि; | ತಪ್ಪು; | तप्पु; | slip, mistake, error; |
| | | 4. चूक, त्रुटि; | ತ್ರುಟಿ; | त्रुटि; | omission, failure; |
| | | 5. दोष, कसूर। | ದೋಷ | दोष | fault. |
| **भूलचूक** | स्त्री. | लेखे या हिसाब में दृष्टि-दोष आदि के कारण होनेवाली गलती, अशुद्धि। | ತಪ್ಪು, ಅಶುದ್ಧಿ, ಲೋಪ-ದೋಷಗಳು | तप्पु, अशुद्धि, लोप-दोषगळु | error and omission. |
| **भूलना** | अ.क्रि | 1. याद न रहना, विस्मृत होना; | ಮರೆತು ಹೋಗು; | मरॆतु होगु; | to be forgotten; |
| | | 2. गलती या त्रुटि करना। | ತಪ್ಪು ಮಾಡು | तप्पु माडु | to err. |
| | स.क्रि | 1. याद न रखना, विस्मृत कर देना; | ಸ್ಮೃತಿಯಿಲ್ಲದಾಗು; | स्मृतियिल्लदागु; | to forget, to omit, to miss; |
| | | 2. भटकना, गलत रास्ते पर जाना; | ದಾರಿ ತಪ್ಪು; | दारि तप्पु; | to go astray; |
| | | 3. खो देना। | ಕಳೆದುಕೊಳ್ಳು | कळॆदुकॊळ्ळु | to lose. |
| **भूलभुलैया** | स्त्री. | 1. वह इमारत जिसका रास्ता ऐसा चक्करदार होता है कि आदमी रास्ता भूल जाता है और जल्दी बाहर नहीं निकल पाता; | ತೊಳಸು-ಬಳಸಿನ ಹಾದಿಗಳುಳ್ಳ ಕಟ್ಟಡ; | तॊळसु-बळसिन हादिगळुळ्ळ कट्टड; | maze, labyrinth. |
| | | 2. बहुत घुमाव-फिराव वाली बात, पेचीदा बात। | ಒಗಟೆ | ऒगटॆ | puzzle. |
| **भूला-भटका** | वि. | जो रास्ता भूलकर और साथियों से बिछुड़कर भटक रहा हो। | ಹಾದಿ ತಪ್ಪಿ ಅಲೆಯುವ | हादि तप्पि अलॆयुव | strayed, one who has lost his way. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भूलोक** | पु. | मर्त्यलोक, संसार। | ಭೂಲೋಕ | भूलोक | earth, the habitation of mortals. |
| **भूविज्ञान** | पु. | वह विज्ञान जिसमें पृथ्वी की मिट्टी और पत्थर की तहों के निर्माण, विकास तथा उनके नीचे प्राप्त होनेवाले खनिज-पदार्थ आदि का विवेचन किया जाता है, भूगर्भ-शास्त्र। | ಭೂಗರ್ಭ ಶಾಸ್ತ್ರ | भूगर्भ शास्त्र | geology. |
| **भूषण** | पु. | 1. अलंकार, गहना, जेवर; 2. शोभावर्धक वस्तु या गुण। | ಒಡವೆ; ಅಲಂಕಾರ | ओडवे; अलंकार | ornament, jewel; decoration, embellishment. |
| **भूसा** | पु. | गेहूं, जौ आदि के डंठलों के सूखे, छोटे महीन टुकड़े जो पशुओं को खिलाए जाते हैं। | ಹೊಟ್ಟು, ಮೇವು | हॊट्टु, मेवु | chaff, husk. |
| **भूसी** | स्त्री. | धान, चने, मटर आदि के छिलके या उनके छोटे-छोटे टुकड़े। | ತೌಡು, ಹೊಟ್ಟು, ಸಿಪ್ಪೆ | तौडु, हॊट्टु, सिप्पॆ | husk, bran. |
| **भूस्खलन** | पु. | पहाड़ों, चट्टानों आदि के ढलुएं पार्श्व से मिट्टी और पत्थर के बड़े-बड़े ढेरों का खिसककर नीचे आना या गिरना। | ಭೂಮಿಯ ಕುಸಿಯುವಿಕೆ | भूमिय कुसियुविकॆ | landslide. |
| **भृंग** | पु. | 1. भौरा; 2. एक प्रकार का कीड़ा। | ಭ್ರಮರ; ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹುಳ | भ्रमर; ऒंदु बगॆय हुळ | large black bee; kind of wasp. |
| **भृत्य** | पु. | सेवक, नौकर। | ಸೇವಕ, ಆಳು | सेवक, आळु | servant, attendant. |
| **भेंट** | स्त्री. | 1. मिलन, मुलाकात; 2. आदरपूर्वक उपहार या सौगात के रूप में दी जानेवाली वस्तु, नजर, उपहार। | ಭೇಟಿ, ಸಂದರ್ಶನ; ಉಪಹಾರ, ಕೊಡುಗೆ | भेटि, संदर्शन; उपहार, कॊडुगॆ | meeting, interview, visit; gift, present. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भेंटना** | स. क्रि. | गले लगकर मिलना। | ತಬ್ಬಿಕೊಂಡು ಸಂಧಿಸುವುದು | तब्बिकोंडु संधिसुवुदु | to meet, come in contact (with), to embrace. |
| **भेजना** | स.क्रि | अन्य स्थान के लिए रवाना करना, पहुंचाए जाने का प्रबंध करना, प्रेषण करना। | ಕಳುಹಿಸು, ರವಾನಿಸು, ಪ್ರೇಷಿಸು | कळुहिसु, रवानिसु, प्रेषिसु | to send, to despatch, to transmit, to remit. |
| **भेजा** | पु. | खोपड़ी के अंदर का गूदा, मगज। | ಮಂದುಳು | मंदुळु | brain. |
| **भेड़** | स्त्री. | 1. बकरी की जाति का एक चौपाया जो दूध, ऊन और मांस के लिए पाला जाता है; | ಕುರಿ; | कुरि; | sheep, ewe; |
| | | 2. (ला०) बहुत ही सीधा-सादा और मूर्ख व्यक्ति। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಏನೂ ಅರಿಯದ ಮೂರ್ಖ ಮನುಷ್ಯ | (लाक्षणिक) एनू अरियद मूर्ख मनुष्य | (fig.) simpleton. |
| **भेड़ना** | स.क्रि | 1. भिड़ा देना, सटा देना; | ಒಂದಾಗಿ ಸೇರಿಸು; | ओंदागि सेरिसु; | to close in, to enclose; |
| | | 2. (दरवाजा) बंद करना। | ಬಾಗಿಲು ಮುಚ್ಚು | बागिलु मुच्चु | to shut, to close (the door). |
| **भेड़िया** | पु. | कुत्ते की जाति का एक हिंस्र पशु जो प्रायः भेड़-बकरियों का शिकार किया करता है, वृक। | ತೋಳ | तोळ | wolf. |
| **भेड़िया धसान** | पु. | भेड़ों का सा अंधानुकरण। | ಕುರಿಯ ರೀತಿಯ ಅಂಧಾನುಕರಣ | कुरिय रीतिय अंधानुकरण | mob-mentality, tendency of following blindly. |
| **भेद** | पु. | 1. अंतर, फरक; | ವ್ಯತ್ಯಾಸ; | व्यत्यास; | difference, distinction; |
| | | 2. प्रकार, तरह; | ಬಗೆ; | बगे; | kind, sort, species, variety; |
| | | 3. छिपी हुई बात; रहस्य; | ರಹಸ್ಯ; | रहस्य; | secrecy, secret, mystery; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. छिपा हुआ तात्पर्य, मर्म; | ಮರ್ಮ; | मर्म; | hidden meaning, implication; |
| | | 5. फूट। | ಒಡಕು | ऑडकु | dissension, disunion. |
| भेदभाव | पु. | 1. सबके प्रति समान व्यवहार न करके किसी के प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार करना; | ಭೇದಭಾವ; | भेदभाव; | partisanship, partiality; |
| | | 2. अंतर, फरक। | ವ್ಯತ್ಯಾಸ | व्यत्यास | discrimination, differentiation. |
| भेदिया (भेदी) | पु. | 1. भेद या रहस्य को जाननेवाला; | ಗುಟ್ಟು ತಿಳಿದವ; | गुट्टु तिळिदव; | one who knows the secret; |
| | | 2. गुप्तचर, जासूस। | ಗುಪ್ತಚರ | गुप्तचर | spy, secret agent. |
| भेली | स्त्री. | गुड़ आदि की पिंडी। | ಬೆಲ್ಲದ ಮುದ್ದೆ | बॆल्लद मुद्दॆ | lump of gur. |
| भेषज | पु. | 1. ओषधि, औषध, दवा; | ಔಷಧ; | औषध; | drug, medicine; |
| | | 2. उपचार, इलाज। | ಔಷಧೋಪಚಾರ | औषधोपचार | remedy, cure. |
| भेस | पु. | 1. वेशभूषा, पहनावा; | ವೇಷ, ಉಡುಪು; | वेष, उडुपु; | dress, appearance, look; |
| | | 2. कृत्रिम रूप और पहनावा; | ವೇಷಕ್ಕಾಗಿ ಧರಿಸಿದ ಉಡುಪು; | वेषक्कागि धरिसिद उडुपु; | guise, garb; |
| | | 3. बाह्यरूप। | ಹೊರಗಣ ವೇಷ | हॊरगण वेष | feigned appearance, assumed likeness. |
| भेंगा | वि. | (व्यक्ति) जिसकी आंखों की पुतलियां कुछ टेढ़ी-तिरछी चलती हों अथवा एक पुतली देखते समय कुछ तिरछी हो जाती हो। | ಮೆಳ್ಳೆಗಣ್ಣಿನ, ಮೆಳ್ಳೆ | मॆळ्ळॆगण्णिन, मॆळ्ळॆ | squint-eyed, cross-eyed. |
| भैंस | स्त्री. | 1. गोजातीय एक मादा पशु जिसका दूध गाय के दूध से अधिक गाढ़ा और स्नेहयुक्त होता है, महिषी; | ಎಮ್ಮೆ; | ऎम्मॆ; | she-buffalo; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (ला०) बहुत स्थूलकाय स्त्री। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಸ್ಥೂಲ ಶರೀರಿ ಹೆಂಗಸು | (लाक्षणिक) स्थूल शरीरि हॆंगसु | (fig.) very fat woman. |
| भैंसा | पु. | भैंस का नर, महिष। | ಕೋಣ | कोण | he-buffalo. |
| भैया | पु. | 1. भाई, भ्राता; | ಸೋದರ; | सोदर; | brother; |
| | | 2. बराबरवालों या छोटों के लिए संबोधन का शब्द। | ಸಮಾನರಲ್ಲಿ ಅಥವಾ ಚಿಕ್ಕವರಿಗೆ ಸಂಬೋಧಿಸುವ ಶಬ್ದ | समानरल्लि अथवा चिक्कवरिगॆ संबोधिसुव शब्द | mode of address for equals and youngsters. |
| भैयादूज (भाईदूज) | स्त्री. | कार्तिक शुक्ला द्वितीया। | ಕಾರ್ತಿಕ ಶುದ್ಧ ಬಿದಿಗೆಗೆ ಬರುವ ಹಬ್ಬ | कार्तिक शुद्ध बिदिगॆगॆ बरुव हब्ब | Hindu festival falling on the second day of the bright fort-night of Kartik. |
| भोंकना | स.क्रि | 1. शरीर में नुकीला अस्त्र घुसेड़ना; | ಇರಿ, ತಿವಿ; | इरि, तिवि; | to stab, to stick; |
| | | 2. किसी नरम पदार्थ में कोई कड़ी तथा नुकीली चीज एक बारगी धंसाना। | ಚುಚ್ಚು | चुच्चु | to thrust, to drive in, to pierce, to prick. |
| भोंडा | वि. | 1. भद्दा, बदशक्ल; | ಅಂದವಿಲ್ಲದ; | अंदविल्लद; | frightful, ill-shaped, uncouth; |
| | | 2. अशिष्ट। | ಒರಟು, ಅಸಭ್ಯ | ऒरटु, असभ्य | indecent, crude. |
| भोंदू | वि. | बहुत ही सीधा-सादा और बेवकूफ, बुद्धू। | ಏನೂ ಅರಿಯದ ಮೂರ್ಖ | एनू अरियद मूर्ख | a dullard, a booby, a simpleton. |
| भोंपू | पु. | 1. फूंक कर बजाया जाने वाला एक ताल का पुरानी चाल का बाजा; | ಊದಿ ಬಾರಿಸುವ ವಾದ್ಯ, ಶೃತಿ; | ऊदि बारिसुव वाद्य, श्रुति; | a kind of musical instrument; |
| | | 2. वह ऊंची तथा लंबी सीटी जो समय सूचित करने के लिए कल कारखाने बजाते हैं; | ಸೈರನ್ನು; | सैरन्नु; | siren; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मोटरों आदि में शब्द करने के लिए दबाकर बजाया जाने वाला बाजा। | ಮೋಟಾರು ಬಸ್ಸುಗಳ ಹಾರನ್ನು | मोटारु बस्सुगळ हारन्नु | a horn. |
| **भोग** | पु. | 1. सुख-दुख आदि का अनुभव; | ಅನುಭವಿಸುವಿಕೆ; | अनुभविसुविकॆ; | perception (of joy or sorrow); |
| | | 2. सुख; | ಸುಖ; | सुख; | enjoyment; |
| | | 3. दुख; | ದುಃಖ; | दु:ख; | suffering; |
| | | 4. संभोग; | ಸಂಭೋಗ; | संभोग; | sexual enjoyment, carnal intercourse; |
| | | 5. किसी पदार्थ का किया जानेवाला उपयोग या व्यवहार; | ಉಪಯೋಗ; | उपयोग; | use, application, utility; |
| | | 6. पाप-पुण्य का फल; | ಪುಣ್ಯ ಪಾಪಗಳ ಫಲ; | पुण्य पापगळ फल; | result of good or evil deeds; |
| | | 7. नैवेद्य; | ನೈವೇದ್ಯ; | नैवेद्य; | dressed food offered to an idol; |
| | | 8. सूर्य आदि की राशि-विशेष में गतिकाल। | ಗ್ರಹದ ರಾಶಿ ಸಂಚಾರ ಕಾಲ | ग्रहद राशि संचार काल | time of influence of a particular planet. |
| **भोगना** | स.क्रि | 1. सुखदुख का अनुभव करना; | ಅನುಭವಿಸು; | अनुभविसु; | to experience pleasure or pain; |
| | | 2. सहना, भुगतना; | ಸಹಿಸು; | सहिसु; | to suffer, undergo; |
| | | 3. आनंद उठाना; | ಆನಂದಿಸು; | आनंदिसु; | to enjoy; |
| | | 4. संभोग करना। | ಸಂಭೋಗಿಸು | संभोगिसु | to derive sexual pleasure, to copulate. |
| **भोगविलास** | पु. | शारीरिक या इंद्रियजन्य सुखों का अधिक भोग, आमोदप्रमोद, ऐश। | ಸುಖ ಸಂತೋಷಾನುಭವ, ಭೋಗವಿಲಾಸ | सुख संतोषानुभव, भोगविलास | sensual pleasure, amorous enjoyment. |
| **भोगी** | वि. | 1. भोगने वाला; | ಭೋಗಿಸುವವ; | भोगिसुवव; | enjoying, using; |
| | | 2. भोगविलास में रत, विषयासक्त। | ವಿಷಯಾಸಕ್ತ | विषयासक्त | one given to carnal pleasure, voluptuous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भोग्य** | वि. | 1. जिसका भोग करना उचित हो, किया जाने को हो या किया जा रहा हो; | ಭೋಗಾರ್ಹ; | भोगार्ह; | enjoyable, to be enjoyed, to be used; |
| | | 2. जो भोगे अर्थात् झेले या सहे जाने को हो। | ಅನುಭವಿಸಬೇಕಾದ | अनुभविसबेकाद | to be endured or experienced. |
| **भोज** | पु. | किसी विशिष्ट अवसर पर निमंत्रित व्यक्तियों को एक साथ बैठाकर कराया जानेवाला भोजन, ज्योनार। | ಔತಣದ ಊಟ, ಭೋಜನ ಸಮಾರಂಭ | औतणद ऊट, भोजन समारंभ | banquet, feast. |
| **भोजन** | पु. | 1. खाने की चीज, खाद्य; | ಊಟ, ಊಟದ ಸಾಮಗ್ರಿ; | ऊट, ऊटद सामग्रि; | food, victuals, meal; |
| | | 2. भक्षण करना, खाना। | ತಿನ್ನುವಿಕೆ | तिन्नुविके | enjoying, eating. |
| **भोजन भट्ट** | वि. | बहुत अधिक खानेवाला, पेटू। | ಹೊಟ್ಟೆಬಾಕ, ತಿಂಡಿಪೋತ | होट्टेबाक, तिंडिपोत | glutton, gourmand. |
| **भोजनालय** | पु. | 1. पाकशाला, रसोई घर; | ಭೋಜನಾಲಯ | भोजनालय | kitchen, mess, dining hall; |
| | | 2. वह स्थान जहां मूल्य लेकर पका हुआ भोजन परोसकर खिलाया जाता है। | | | restaurant, eating house. |
| **भोजपत्र** | पु. | 1. ऊंचे पर्वतों पर होने वाला मझोले आकार का एक वृक्ष; | ಭೂರ್ಜ ಎಂಬ ವೃಕ್ಷ; | भूर्ज एंब वृक्ष; | birch tree; |
| | | 2. उक्त वृक्ष की छाल जो प्राचीन काल में ग्रंथादि लिखने के काम आती थी। | ಭೂರ್ಜ ಮರದ ತೊಗಟೆ | भूर्ज मरद तोगटे | the leaf and the bark of the bhoj tree (used for writing on). |
| **भोज्य** | वि. | खाए जाने के योग्य, जो खाया जा सके, खाद्य। | ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | तिन्नलु योग्यवाद | suitable or fit to be eaten. |
| | पु. | खाद्य पदार्थ। | ತಿಂಡಿ ತಿನಿಸುಗಳು | तिंडि तिनिसुगळु | eatable, edible, food. |
| **भोर** | पु. | रात बीतने और सूर्योदय होने से पहले का समय, तड़का, प्रभात, सवेरा। | ಅರುಣೋದಯ ಕಾಲ | अरुणोदय काल | break of day, dawn, early morning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भोला | वि. | 1. छलकपट रहित; | ಠಕ್ಕು ಮೋಸಗಳನ್ನರಿಯದ, | ठक्कु मोसगळन्नरियद; | natural, simple, artless; |
| | | 2. लोक व्यवहार से अनभिज्ञ, सीधासादा, सरल; | ಸರಳವಾದ; | सरळवाद; | guileless, harmless, innocent; |
| | | 3. किसी की बात पर सहसा विश्वास कर लेने वाला; | ಬೆಳ್ಳಗಿರುವುದನ್ನೆಲ್ಲಾ ಹಾಲೆಂದು ನಂಬುವ; | बेळ्ळगिरुवुदन्नेल्ला हालेंदु नंबुव; | simple minded; |
| | | 4. बुद्धू। | ಮೂರ್ಖ | मूर्ख | silly, stupid, simpleton, gullible. |
| भोलापन | वि. | 1. सिधाई; | ಸೀದಾ ಸಾದಾ ಸ್ವಭಾವ; | सीदा सादा स्वभाव; | simplicity, artlessness, innocence; |
| | | 2. बुद्धूपन। | ಮೂರ್ಖತನ | मूर्खतन | silliness, stupidity. |
| भोलाभाला | वि. | सीधासादा, सरलहृदय, निष्कपट। | ಕಪಟಿಯಲ್ಲದ | कपटियल्लद | artless, innocent, simple. |
| भौंकना (भूकना, भूंकना) | अ. क्रि. | 1. कुत्ते का भौं-भौं शब्द करना; | ನಾಯಿಯ ಬೊಗಳು | नायिय बॊगळु; | to bark (as a dog); |
| | | 2. व्यर्थ बकना। | ವ್ಯರ್ಥವಾಗಿ ಮಾತನಾಡು | व्यर्थवागि मातनाडु | to talk nonsensically or foolishly. |
| भौंरा | पु. | 1. एक काला परदार कीड़ा जो फूलों का प्रेमी माना जाता है, भ्रमर; | ದುಂಬಿ; | दुंबि; | a large black bee; |
| | | 2. लट्टू के आकार का एक प्रकार का खिलौना जिसमें लगी कील या छोटी डंडी में रस्सी लपेटकर उसे जमीन पर नचाते हैं। | ಬುಗರಿ | बुगरि | a top. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भौंरी** | स्त्री. | 1. प्रायः पशुओं के शरीर पर होने वाला रोओं का मंडलाकार छोटा घेरा जो शुभाशुभ का सूचक माना जाता है; | ದನಗಳ ಸುಳಿ; | दनगळ रोमद सुळि; | feathered hair; |
| | | 2. भांवर; | ಸಪ್ತಪದಿ; | सप्तपदि; | circumambulation by the bride and bridegroom round the sacred fire in a marriage ceremony; |
| | | 3. भंवर। | ನೀರಿನ ಸುಳಿ | नीरिन सुळि | whirlpool. |
| **भौंह (भौं)** | स्त्री. | आंख के ऊपर की हड्डी पर धनुष के आकार में जमे हुए बाल, भृकुटी। | ಹುಬ್ಬು | हुब्बु | eyebrow. |
| **भौंचक** | वि. | भय या आश्चर्य से हतबुद्धि, हक्का-बक्का, चकित, हैरान। | ಹೆದರಿ ಬೆಚ್ಚುವ | हेंदरि बेच्चुव | stunned, aghast, non-plussed, dumb-founded. |
| **भौंचक्का** | वि. | दे. 'भौंचक'। | ನೋಡಿ "**भौंचक**" | नोडि "भौंचक" | see 'भौंचक'. |
| **भौजाई** | स्त्री. | बड़े भाई की पत्नी, भावज, भाभी। | ಅಣ್ಣನ ಹೆಂಡತಿ, ಅತ್ತಿಗೆ | अण्णन हेंडति, अत्तिगे | elder brother's wife. |
| **भौतिक** | वि. | 1. पंचभूतों से संबंधित; | ಪಂಚಭೂತಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | पंचभूतगळिगे संबंधिसिद; | appertaining to the corporal elements, elemental; |
| | | 2. पंचभूतों या किसी एक भूत से बना हुआ; | ಪಂಚಭೂತಗಳಿಂದಾದ; | पंचभूतगळिंदाद; | made of matter; |
| | | 3. लौकिक, सांसारिक; | ಪ್ರಾಪಂಚಿಕ; | प्रापंचिक; | mundane, worldly, material; |
| | | 4. प्राकृतिक नियमों, सिद्धांतों आदि से संबंधित। | ಪ್ರಕೃತಿ ನಿಯಮ ಸಂಬಂಧವಾದ, ಪ್ರಾಕೃತಿಕ | प्रकृति नियम संबंधवाद, प्राकृतिक | physical, material. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भौतिकवाद** | पु. | वह दार्शनिक सिद्धांत जिसके अनुसार पंचभूतों से बना हुआ यह संसार ही वास्तविक और सत्य माना जाता है। | ಭೌತಿಕವಾದ | भौतिकवाद | materialism. |
| **भौतिकी** | स्त्री. | वह विज्ञान जिसमें अजैव सृष्टि विशेषतः ताप, प्रकाश, ध्वनि, आदि पदार्थों का वैज्ञानिक विवेचन होता है, भौतिक विज्ञान। | ಭೌತ ವಿಜ್ಞಾನ, ಭೌತ ಶಾಸ್ತ್ರ | भौत विज्ञान, भौत शास्त्र | physics. |
| **भौमवार** | पु. | मंगलवार | ಮಂಗಳವಾರ | मंगळवार | Tuesday. |
| **भ्रंश** | पु. | 1. अधःपतन, नीचे गिरना, ह्रास; | ಪತನ; | पतन; | falling (from), falling off, declining; |
| | | 2. नाश, ध्वंस। | ನಾಶ | नाश | destruction, ruin. |
| **भ्रम** | पु. | 1. मिथ्या ज्ञान, कुछ का कुछ समझना, धोखा; | ಭ್ರಾಂತಿ, ಭ್ರಮೆ; | भ्रांति, भ्रमॆ; | illusion, misconception; |
| | | 2. संदेह; | ಶಂಕೆ, ಸಂದೇಹ; | शंकॆ, संदेह; | doubt, suspicion, apprehension; |
| | | 3. चारों ओर घूमना। | ಸುತ್ತಲೂ ಸುತ್ತುವಿಕೆ | सुत्तलू सुत्तुविकॆ | moving round, whirling. |
| **भ्रमजाल** | पु. | सांसारिक मोह का बंधन। | ಭ್ರಮಜಾಲ | भ्रमजाल | illusion. |
| **भ्रमण** | पुं. | 1. घूमना-फिरना, विचरण; | ಸುತ್ತುವಿಕೆ; | सुत्तुविकॆ; | moving, roaming about; |
| | | 2. यात्रा, देशाटन; | ದೇಶ ಸಂಚಾರ; | देश संचार; | excursion, travel; |
| | | 3. चक्कर। | ಸುತ್ತಾಟ | सुत्ताट | going round. |
| **भ्रमर** | पु. | 1. भौंरा, मधुप; | ದುಂಬಿ; | दुंबि; | a large black bee, the bumble bee; |
| | | 2. चंचल मन वाला व्यक्ति, लम्पट (ला०)। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಚಂಚಲ ಮನವುಳ್ಳವ | (लाक्षणिक) चंचल मनवुळ्ळव | libertine. |
| **भ्रष्ट** | वि. | 1. दूषित और निंदनीय, बुरे आचार-विचार वाला; | ಭ್ರಷ್ಟಾಚಾರದ; | भ्रष्टाचारद; | depressed, vicious, dissolute; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (मार्ग) से च्युत, विचलित; | ದಾರಿ ತಪ್ಪಿದ; | दारि तप्पिद; | fallen, degraded, debased; |
| | | 3. बिगड़ा हुआ; | ಕೆಟ್ಟು ಹೋದ; | कॆट्टु होद; | corrupt, spoilt; |
| | | 4. नष्ट। | ನಷ್ಟವಾದ, ಹಾಳಾದ | नष्टवाद, हाळाद | decayed, ruined. |
| **भ्रष्टाचार** | पु. | 1. वह बहुत बिगड़ी हुई स्थिति जिसमें अधिकारी और कर्मचारी विहित कर्तव्यों का पालन निष्ठापूर्वक, भलीभांति और समय पर नहीं करते प्रत्युत मनमाने ढंग से, उत्कोच आदि लेकर तथा अनुचित रूप से करते हैं, बेईमानी; | ಭ್ರಷ್ಟಾಚಾರ | भ्रष्टाचार | corruption, depravity; |
| | | 2. घूसखोरी। | | | bribery. |
| **भ्रांत** | वि. | 1. भ्रम में पड़ा हुआ; | ಭ್ರಾಂತ | भ्रांत | perplexed, confused; |
| | | 2. भूला हुआ; | | | erred, gone astray, fallen into error; |
| | | 3. चक्कर खाता हुआ। | | | moving about, moving to and fro, wheeling. |
| **भ्रांति** | पु. | 1. मिथ्या या अयथार्थ ज्ञान, भ्रम, धोखा; | ಯಥಾರ್ಥವಲ್ಲದ ತಿಳಿವಳಿಕೆ; | यथार्थवल्लद तिळिवळिकॆ; | delusion, wrong notion, false idea or impression; |
| | | 2. संदेह; | ಸಂದೇಹ; | संदेह; | doubt, uncertainty, suspense; |
| | | 3. भूलचूक। | ತಪ್ಪು | तप्पु | error, mistake. |
| **भ्राता** | पु. | सगा भाई, सहोदर। | ಸೋದರ, ಸಹೋದರ | सोदर, सहोदर | brother. |
| **भ्रातृत्व** | पु. | भाईचारा, भाईपन, भायप। | ಸಹೋದರ ಭಾವ; ಭ್ರಾತೃತ್ವ | सहोदर भाव, भ्रातृत्व | brotherhood, fraternity. |
| **भ्रातृभाव** | पु. | भाइयों में होने वाला परस्पर प्रेम। | ಸಹೋದರ ಪ್ರೇಮಭಾವ | सहोदर प्रेमभाव | brotherly or fraternal feeling, affection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भ्रामक** | वि. | 1. भ्रम में डालने वाला, भ्रमजनक; | ಭ್ರಾಂತಿಗೊಳಿಸುವ; | भ्रांतिगोळिसुव; | misleading, deceptive, false; |
| | | 2. संदेह उत्पन्न करनेवाला। | ಸಂದೇಹಾಸ್ಪದ | संदेहास्पद | causing doubt or suspicion. |
| **भ्रूण** | पु. | गर्भस्थ शिशु। | ಗರ್ಭದಲ್ಲಿನ ಮಗು | गर्भदल्लिन मगु | embryo, foetus. |
| **भ्रूणहत्या** | स्त्री. | गर्भपात द्वारा गर्भस्थ शिशु की हत्या करना। | ಗರ್ಭಪಾತ ಮಾಡಿಸಿ ಶಿಶುವನ್ನು ಕೊಲ್ಲುವಿಕೆ | गर्भपात माडिसि शिशुवन्नु कोल्लुविके | abortion, foeticide. |
| **भ्रू-भंग** | पु. | रोष आदि प्रकट करने के लिए भौंहे चढ़ाना, भौं टेढ़ी करना। | ಹುಬ್ಬು ಗಂಟಿಕ್ಕುವಿಕೆ | हुब्बु गंटिक्कुविके | contraction of the eyebrow, angry look. frown. |
| **मंगता** | पु. | भिखमंगा, याचक। | ಯಾಚಕ, ತಿರುಕ | याचक, तिरुक | beggar, mendicant. |
| **मंगनी** | स्त्री. | 1. विवाह पक्का करने की रस्म; | ಮದುವೆಯ ನಿಶ್ಚಿತಾರ್ಥ; | मदुवेय निश्चितार्थ; | betrothal, engagement; |
| | | 2. काम हो जाने पर लौटा देने का वचन देकर किसी से मांगकर ली हुई वस्तु। | ಹಿಂದಿರುಗಿಸುವುದಾಗಿ ಮಾತುಕೊಟ್ಟು ತಂದ ವಸ್ತು | हिंदिरुगिसुवुदागि मातुकोट्टु तंद वस्तु | a thing borrowed. |
| **मंगल** | वि. | कल्याणकारी, शुभ। | ಶುಭ | शुभ | auspicious, propitious, conferring happiness. |
| | पु. | 1. कल्याण, भलाई, हित; | ಮಂಗಳಕರ; | मंगळकर; | auspiciousness, welfare, well-being; |
| | | 2. सौरमंडल का एक ग्रह जो पृथ्वी का पुत्र माना जाता है; | ಮಂಗಳಗ್ರಹ; | मंगळग्रह; | name of the planet Mars; |
| | | 3. मंगलवार। | ಮಂಗಳವಾರ | मंगळवार | Tuesday. |
| **मंगलकलश** | पु. | शुभकार्यों में पूजा के लिए अथवा यों ही रखा जाने वाला जलपूर्ण घड़ा, मंगलघट। | ಮಂಗಳ ಕಳಶ | मंगळ कळश | pitcher of good omen placed in front of the deity on auspicious occasions. |
| **मंगलकारी** | वि. | कल्याणकारी, मंगलकारक। | ಶುಭಕರವಾದ | शुभकरवाद | propitious, beneficial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मंगलगान** | पु. | विवाह आदि शुभ अवसरों पर गाए जाने वाले गीत, मंगलगीत। | ಶುಭ ಸಂದರ್ಭದಲ್ಲಿ ಹಾಡುವ ಹಾಡು | शुभ संदर्भदल्लि हाडुव हाडु | auspicious song. |
| **मंगलपाठ** | पु. | मंगलाचरण। | ಮಂಗಳಾಚರಣೆ | मंगळाचरणं | benedictory verses recited on an auspicious occasion, benediction. |
| **मंगलमय** | वि. | जिससे सब प्रकार का मंगल ही होता हो, कल्याणमय। | ಶುಭಕರ | शुभकर | consisting of nothing but happiness, good, auspicious. |
| **मंगलवार** | पु. | सोमवार के बाद का दिन, भौमवार। | ಮಂಗಳವಾರ | मंगळवार | Tuesday. |
| **मंगलसूत्र** | पु. | 1. हल्दी में रंगा सूत जो विवाह के समय वर कन्या के हाथ में बांधता है; | ಮಂಗಳ ಸೂತ್ರ | मंगळसूत्र | an auspicious string tied by the bridegroom during the marriage ceremony round the wrist of the bride; |
| | | 2. सधवा स्त्रियों द्वारा गले में पहना जाने वाला पवित्र सूत्र। | | | a string of beads (generally glass beads set in gold) worn round the neck by a married woman. |
| **मंगलाचरण** | पु. | 1. शुभ कार्य के आरम्भ में मंगलकामना की की जानेवाली देवस्तुति आदि; | ಮಂಗಳಾಚರಣೆ | मंगळाचरणं | an auspicious introduction in the form of a prayer (for the attainment of success) at the beginning of any |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ग्रंथ के आरंभ में मंगल की कामना तथा उसकी निर्विघ्न समाप्ति के लिए लिखा जाने वाला पद्य। | | | work of composition, pronouncing a blessing; worship or salutation to deity at the commencement of an undertaking, or of a written work. |
| मंगलाचार | पु. | मंगलकृत्य से पहले होने वाला मंगलगान या ऐसा ही कोई और कार्य या शुभानुष्ठान। | ಶುಭ ಕಾರ್ಯದ ಆರಂಭದಲ್ಲಿ ಮಾಡುವ ಶುಭಾನುಷ್ಠಾನ | शुभकार्यद आरंभदल्लि माडुव शुभानुष्ठान | initial benedictory recitations or songs marking the commencement of a ceremony or festive occasion. |
| मंगली | वि. | (व्यक्ति) जिसकी जन्म कुंडली में चौथे, आठवें या बारहवें स्थान में मंगलग्रह पड़ा हो। | ಜನ್ಮಕುಂಡಲಿಯಲ್ಲಿ 4,8,12ನೇ ಸ್ಥಾನದಲ್ಲಿ ಅಂಗಾರಕ ನಿರುವಾಗ ಹುಟ್ಟಿದ | जन्मकुंडलियल्लि 4, 8, 12 ने स्थानदल्लि अंगारकनिरुवाग हुट्टिद | born under the planet Mars. |
| मंगवाना | स. क्रि. | 1. मांगने का काम दूसरे से करवाना; | ತರಿಸು; | तरिसु; | to cause to be sent for; |
| | | 2. किसी से यह कहना कि अमुक स्थान से अमुक वस्तु खरीद या मांग लाओ। | ತರಲು ಹೇಳಿ ಕಳಿಸು | तरलु हेळि कळिसु | to send for, to cause to be fetched, to get procured. |
| मंगाना | स.क्रि | दे. 'मंगवाना'। | ನೋಡಿ "मंगवाना" | नोडि "मंगवाना" | see 'मंगवाना.' |
| मंगेतर | वि. | (युवक या युवती) जिसकी मंगनी हो चुकी हो। | ನಿಶ್ಚಿತಾರ್ಥವಾಗಿರುವ (ವರ ಅಥವಾ ವಧು) | निश्चितार्थवागिरुव (वर अथवा वधु) | betrothed, fiance or fiancee. |
| मंच | पु. | 1. सभा-समितियों आदि में ऊंचा बना हुआ मडंप जिस पर बैठकर सर्वसाधारण के सामने | ಮಂಚ | मंच | dias, stage, platform; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | किसी प्रकार का कार्य किया जाए; | | | |
| | | 2. मचान; | | | raised platform, scaffold; |
| | | 3. कुछ विशिष्ट प्रकार के कार्य-कलापों के लिए उपयुक्त क्षेत्र। | | | platform, forum. |
| **मंजन** | पु. | दांत साफ करने का चूर्ण। | ಹಲ್ಲುಪುಡಿ | हल्लुपुडि | tooth powder, dentifrice. |
| **मंजना** | अ. क्रि. | 1. मांजा जाना, मांजकर साफ किया जाना; | ತೊಳೆದು ಶುದ್ಧವಾಗು; | तॊळॆदु शुद्धवागु; | to be rubbed or wiped or cleaned or polished; |
| | | 2. अभ्यास होना, अनुभव से दक्षता प्राप्त होना। | ಅಭ್ಯಾಸದಿಂದ ಅನುಭವ ಪಡೆದು ದಕ್ಷತೆ ಹೊಂದು | अभ्यासदिंद अनुभव पडॆदु दक्षतॆ हॊंदु | to be practised, to be experienced, to be seasoned. |
| **मंजरी** | स्त्री. | 1. नया कल्ला, कोंपल; | ಕುಡಿ, ಚಿಗುರು; | कुडि, चिगुरु; | shoot, sprout, sprig; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट पौधों के सीके में लगे हुए बहुत से दानों का समूह। | ಚಿಗುರಿನ ಗೊಂಚಲು | चिगुरिन गॊंचलु | a cluster of flowers or blossoms. |
| **मंजाना (मंजवाना)** | स. क्रि. | 1. किसी को मांजने में प्रवृत्त करना; | ತೊಳೆಸು; | तॊळॆसु; | to cause to rub or scour or clean; |
| | | 2. अच्छी तरह साफ कराना। | ಸ್ವಚ್ಛ ಮಾಡಿಸು | स्वच्छ माडिसु | to cause to be polished. etc. |
| **मंजिल** | स्त्री. | 1. उतरने या ठहरने की जगह, पड़ाव, मुकाम; | ಮುಕ್ಕಾಮು; | मुक्कामु; | a place for the accommodation of travellers, a caravan sarai; |
| | | 2. गन्तव्य; | ತಂಗುವ ಸ್ಥಳ; | तंगुव स्थळ; | destination; |
| | | 3. मकान की छत, खंड; | ಮನೆಯ ಅಂತಸ್ತು; | मनॆय अंतस्तु; | storey; |
| | | 4. अवस्था, चरण। | ಹಂತ | हंत | (fig.) stage. |
| **मंजिष्ठा** | स्त्री. | मंजीष्ठ नामक पेड़ और उसका फल। | ಮಂಜಿಷ್ಠ ಎಂಬ ವೃಕ್ಷ ಮತ್ತು ಅದರ ಹಣ್ಣು | मंजिष्ठ ऎंब वृक्ष मत्तु अदर हण्णु | madder. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मंजीर | पु. | 1. नूपुर, घुंघरु; 2. मथानी का डंडा, बांधने का खंभा। | ನೂಪುರ, ಕಾಲಂದುಗೆ; ಕಡೆಗೋಲಿನ ಹಗ್ಗ ಸುತ್ತುವ ಕಂಬ | नूपुर, कालंदुगॆ; कडॆगोलिन हग्ग सुत्तुव कंब | anklet; a post round which the string of the churning stick passes. |
| मंजीरा | पु. | कांसे, पीतल आदि की कटोरियों की जोड़ी जिसे ताल देने के लिए बजाते हैं। | ತಾಳ, ಝಲ್ಲರಿ | ताळ, झल्लरि | a kind of cymbal. |
| मंजु | वि. | सुंदर, मनोहर। | ಸುಂದರ | सुंदर | beautiful, lovely, charming. |
| मंजुल | वि. | सुंदर, मनोहर। | ಮನೋಹರ | मनोहर | beautiful, charming, lovely. |
| मंजूर | वि. | स्वीकृत। | ಸ್ವೀಕೃತ, ಒಪ್ಪಿಗೆಯಾದ | स्वीकृत, ऑप्पिगॆयाद | approved of, accepted, sanctioned, granted. |
| मंजूरी | स्त्री. | स्वीकृति। | ಒಪ್ಪಿಗೆ | ऑप्पिगॆ | approval, grant, sanction, acceptance. |
| मंजूषा | स्त्री. | 1. छोटा पिटारा या डिब्बा, पिटारी, पेटी; | ಪೆಟ್ಟಿಗೆ; | पॆट्टिगॆ | basket; |
| | | 2. वह तश्तरी आदि जिसमें रखकर अभिनंदन-पत्र भेंट किया जाता है। | ಅಭಿನಂದನಾ ಪತ್ರ ವನ್ನಿರಿಸುವ ಕೋಶ | अभिनंदना पत्रवन्निरिसुव कोश | box, casket, chest. |
| मंझधार | स्त्री. | नदी के बीच की धारा। | ನದಿಯ ನಡುವಣ ಪ್ರವಾಹ | नदिय नडुवण प्रवाह | mid-stream, mid-current. |
| मंझला (स्त्री. मंझली) | वि. | वय, स्थिति आदि के विचार से बीच का, दरमियाना। | ನಡುವಣ | नडुवण | mid, medium, middle. |
| मंझोला (स्त्री. मंझोली) | वि. | न बहुत बड़ा, न बहुत छोटा, आकार आदि के विचार से बीच का। | ಮಧ್ಯಮ ಸ್ಥಿತಿಯ, ಸಾಧಾರಣ | मध्यम स्थितिय, साधारण | of medium size or dimension, middle, intermediate. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मंडन** | पु. | 1. शृंगार करना, सजाना; | ಅಲಂಕರಿಸುವಿಕೆ; | अलंकरिसुविकॆ; | the act of ornamenting or adorning, bedecking oneself; |
| | | 2. आभूषण; | ಆಭೂಷಣ; | आभूषण; | ornament, embellishment, jewels; |
| | | 3. युक्ति आदि देकर किसी कथन या सिद्धान्त का पुष्टिकरण। | ಆಧಾರಗಳ ಬಲದಿಂದ ಪುಷ್ಟೀಕರಿಸುವಿಕೆ | आधारगळ बलदिंद पुष्टीकरिसुविकॆ | corroboration, support through argumentation. |
| **मंडप** | पु. | 1. छाया हुआ पर चारों ओर से खुला हुआ बैठने का स्थान, बारहदरी; | ಮಂಟಪ | मंटप | an open hall; |
| | | 2. किसी विशिष्ट कार्य के लिए ऊपर से छाया हुआ स्थान, मंडवा; | | | a temporary hall erected on ceremonial occasions; |
| | | 3. कुंज; | | | an arbour, a bower; |
| | | 4. चंदोवा, शामियाना; | | | a tent, pavilion, canopy for ceremonial purposes; |
| | | 5. देवमंदिर का ऊपर का छाया हुआ गोलाकार अंश या भाग। | | | a building consecrated to a deity, temple. |
| **मंडराना** | अ.क्रि | 1. मंडलाकार चक्कर देते हुए उड़ना; | ಚಕ್ರದಂತೆ ಸುತ್ತ ತಿರುಗು; | चक्रदंतॆ सुत्त तिरुगु; | to fly round, to hover (as birds); |
| | | 2. लोभ या स्वार्थवश किसी के आस-पास चक्कर लगाते या घूमते रहना; | ಸ್ವಾರ್ಥ ಸಾಧನೆಗಾಗಿ ಹಿಂದೆ ಬೀಳು; | स्वार्थ साधनॆगागि हिंदॆ बीळु; | to hover or hang around (as persons). |
| | | 3. घेरा बांधकर छा जाना। | ದಟ್ಟವಾಗಿ ಕವಿಯು | दट्टवागि कवियु | to gather thick (as clouds). |
| **मंडल** | पु. | 1. गोल घेरा, वृत्त; | ವೃತ್ತ; | वृत्त; | circle, ring, coil; |
| | | 2. गोलाकार आकृति, रचना या वस्तु; | ದುಂಡನೆಯ ತಟ್ಟೆ; | दुंडनॆय तट्टॆ; | wheel, disc; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सूर्य, चंद्र आदि के चारों ओर पड़ने वाली छाया का घेरा; | ಪ್ರಭಾವಳಿ; | प्रभावळि; | a halo (round the sun or moon); |
| | | 4. सूर्य, चंद्र का बिम्ब; | ಸೂರ್ಯ-ಚಂದ್ರರ ಬಿಂಬ; | सूर्य-चंद्रर बिंब; | disk of the sun or moon; |
| | | 5. किसी विशिष्ट दृष्टि से एक माना जाने वाला भूभाग या क्षेत्र, अंचल; | ವಲಯ, ಮಂಡಲ; | वलय, मंडल; | a region, country, territory, zone; |
| | | 6. कुछ विशिष्ट प्रकार के लोगों का समाज, समूह या वर्ग; | ವಿಶಿಷ್ಟ ವರ್ಗ, ಆಯ್ದ ಜನಗಳ ಗುಂಪು; | विशिष्ट वर्ग, आय्द जनगळ गुंपु; | company, assembly, association; |
| | | 7. ग्रहों का गतिपथ, कक्षा। | ಗ್ರಹಗತಿ ಪಥ | ग्रहगति पथ | orbit (of a planet etc.). |
| **मंडलाकार** | वि. | मंडल के आकार का, गोलाकार। | ಗೋಲಾಕಾರ | गोलाकार | round, circular, spherical. |
| **मंडली** | स्त्री. | 1. मनुष्यों की गोष्ठी या समाज; | ಗೋಷ್ಠಿ, ಜನ ಸಮೂಹ, ಸಮಾಜ; | गोष्ठि, जनसमूह, समाज; | team, party, association; |
| | | 2. जीव-जंतुओं का झुंड या दल; | ಮಂದೆ; | मंदे; | flock; |
| | | 3. एक ही विचार या उद्देश्य वाले या एक ही तरह का काम करने वाले लोगों का दल या समूह। | ಒಂದೇ ಆದರ್ಶ, ವಿಚಾರವುಳ್ಳವರ ಗುಂಪು | ओंदे आदर्श, विचारवुळ्ळवर गुंपु | company (of singers), gang, circle, band. |
| **मंडवा** | पु. | 1. किसी विशिष्ट कार्य के लिए छाकर बनाया हुआ स्थान, मंडप; | ಮಂಟಪ; | मंटप; | a temporary building or shed; |
| | | 2. शामियाना। | ಶಾಮಿಯಾನ | शामियान | tent, pavilion, canopy. |
| **मंडित** | वि. | 1. सजाया हुआ, विभूषित; | ಅಲಂಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | अलंकरिसल्पट्ट; | adorned, ornamented, decorated; |
| | | 2. भरा हुआ या पूरी तरह से युक्त किया हुआ, पूरित। | ಮಂಡಿಸಿದ, ಪೂರ್ಣಗೊಳಿಸಿದ | मंडिसिद, पूर्णगोळिसिद | corroborated, supported. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मंडी** | स्त्री. | 1. थोक-बिक्री का बाजार, बड़ा बाजार; | ಸಗಟು ವ್ಯಾಪಾರದ ಪೇಟೆ, ಮಂಡಿ | सगट्टु व्यापारद पेटे, मंडि; | a whole-sale market; |
| | | 2. बाजार। | ಪೇಟೆ, ಮಾರುಕಟ್ಟೆ | पेटे, मारुकट्टे | market. |
| **मंडूक** | पु. | मेंढक। | ಕಪ್ಪೆ | कप्पे | frog. |
| **मंतव्य** | पु. | स्थिर किया हुआ विचार, मत। | ಮಂತವ್ಯ | मंतव्य | intention, object, view. |
| **मंत्र** | पु. | 1. वह शब्द या शब्द-समूह जिससे किसी देवता की सिद्धि या अलौकिक शक्ति प्राप्त होती हो; | ಮಂತ್ರ | मंत्र | incantation, charm, spell; |
| | | 2. कार्यसिद्धि का गुर, ढंग या नीति; | | | means, contrivance; |
| | | 3. वेद का संहिता-पाठ। | | | a passage of the Vedas, a Vedic hymn. |
| **मंत्रणा** | स्त्री. | 1. किसी महत्वपूर्ण विषय पर आपस में होने वाली बातचीत, विचार-विमर्श; | ವಿಚಾರ, ಆಲೋಚನೆ; | विचार,आलोचने; | consultation, deliberation; |
| | | 2. परामर्श, सलाह। | ಪರಾಮರ್ಶೆ, ಸಲಹೆ | परामर्शे, सलहे | advice, counsel. |
| **मंत्र-तंत्र** | पु. | वे मंत्र जो कुछ विशिष्ट प्रकार की क्रियाओं के साथ जादू-टोने के रूप में किसी अभीष्ट की सिद्धि के लिए पढ़े जाते हैं। | ಮಂತ್ರ-ತಂತ್ರ | मंत्र-तंत्र | sorcery, witchcraft, hocus-pocus. |
| **मंत्रालय** | पुं. | 1. शासन में कर्मचारियों का वह विभाग जो किसी मंत्री के निर्देशन में काम करता हो; | ಮಂತ್ರಾಲಯ | मंत्रालय | the office headed by a minister; |
| | | 2. शासन के किसी मंत्री तथा उसके विभाग का कार्यालय। | | | ministry. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मंत्रि-परिषद** | स्त्री. | किसी राज्य, संस्था आदि के मंत्रियों का समूह या समाहार। | ಮಂತ್ರಿ ಪರಿಷತ್ತು, ಸಚಿವ ಸಂಪುಟ | मंत्रि परिषत्तु, सचिव संपुट | a council of ministers. |
| **मंत्रि-मंडल** | पु. | किसी राज्य के मंत्रियों का मंडल, वर्ग या समूह। | ಮಂತ್ರಿ ಮಂಡಲ, ಸಚಿವ ಸಂಪುಟ | मंत्रि मंडल, सचिव संपुट | cabinet of ministers. |
| **मंत्री** | पु. | 1. राज्य के किसी विभाग या किसी संस्था का वह प्रधान अधिकारी जिसके आदेश और परामर्श से उस विभाग या संस्था का कार्य संचालन होता है; | ಸಚಿವ, ಮಂತ್ರಿ; | सचिव, मंत्रि; | minister; |
| | | 2. राजा का वह प्रधान अधिकारी जो उसे राजकार्यों के संबंध में परामर्श देता और राजकार्यों का संचालन करता हो; | ಸಲಹೆಗಾರ; | सलहेगार; | adviser, counsellor; |
| | | 3. किसी संस्था या संगठन का सचिव। | ಕಾರ್ಯದರ್ಶಿ | कार्यदर्शि | secretary. |
| **मंथन** | पु. | 1. वह क्रिया जिससे दही को मथानी द्वारा चलाकर मक्खन निकाला जाता है, मथना, विलोना; | ಕಡೆಯುವಿಕೆ; | कडॆयुविकॆ; | churning, agitating, stirring or shaking about; |
| | | 2. तत्वबोध के लिए किसी विषय को बार-बार पढ़ना, सोचना, उसकी छानबीन करना। | ತತ್ವಾನುಸಂಧಾನ | तत्वानुसंधान | deep pondering over something (for acquisition of knowledge) etc. |
| **मंथनी** | स्त्री. | दही रखने का बरतन, मटकी। | ಮೊಸರಿಡುವ ಪಾತ್ರೆ | मॊसरिडुव पात्रॆ | a churning vessel. |
| **मंथर** | वि. | धीमा, मंद, सुस्त। | ಮಂದ, ಸುಸ್ತಾದ | मंद, सुस्ताद | slow, tardy, lazy. |
| **मंद** | वि. | 1. धीमा; | ಮಂದ | मंद | slow, tardy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हलका; | | | dim, faint (as light or sound etc.), low, hollow, soft, (sound or voice); |
| | | 3. सुस्त; | | | inactive, sluggish, dull; |
| | | 4. दुर्बल; | | | slack, weak; |
| | | 5. अल्प, थोड़ा। | | | slight, trifling, little. |
| मंदबुद्धि | वि. | मोटी अक्ल वाला, अल्प-बुद्धि। | ಮಂದಬುದ್ಧಿಯುಳ್ಳ | मंदबुद्धियुळ्ळ | dull-witted, silly, foolish, stupid. |
| मंदा | वि. | 1. जिसकी मांग कम हो, नीचे भाव पर बिकने वाला (सौदा); | ಕಡಿಮೆ ಬೆಲೆಗೆ ಮಾರಾಟವಾಗುವ; | कडिमॆ बॆलॆगॆ माराटवागुव; | slack,cheap; |
| | | 2. मंद, धीमा। | ಮಂದ, ನಿಧಾನ | मंद, निधान | slow, tardy. |
| मंदाग्नि | स्त्री. | पाचन-शक्ति के दुर्बल हो जाने का रोग। | ಜೀರ್ಣಶಕ್ತಿ ಕಡಿಮೆಯಾಗುವ ರೋಗ | जीर्णशक्ति कडिमॆयागुव रोग | slowness of digestion. |
| मंदार | पु. | 1. आक, मदार; | ಅರ್ಕ, ಎಕ್ಕದ ಗಿಡ; | अर्क एॅक्कद गिड | swallow-host, Asclepias, gigantea; |
| | | 2. स्वर्ग के पांच वृक्षों में से एक देव वृक्ष; | ಐದು ಕಲ್ಪವೃಕ್ಷಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು ಮಂದಾರ ; | ऐदु कल्पवृक्ष-गळल्लि ऒंदु मंदार; | one of the five trees in India's paradise, the coral tree; |
| | | 3. मंदारपुष्प। | ಮಂದಾರದ ಹೂ | मंदारद हू | a flower of the coral tree. |
| मंदिर | पु. | 1. देवालय; | ದೇವಾಲಯ, ಗುಡಿ; | देवालय, गुडि; | temple; |
| | | 2. किसी विशिष्ट शुभ कार्य के लिए बना हुआ भवन। | ಮಂದಿರ | मंदिर | palace, mansion. |
| मंदी | स्त्री. | 1. मंद होने की अवस्था या भाव; | ನಿಧಾನವಾಗಿರುವಿಕೆ; | निधानवागिरुविकॆ; | slowness, tardiness; |
| | | 2. बाजार की वह स्थिति जिसमें चीजों का भाव उतर रहा हो, सस्ती; | ಬೆಲೆಗಳ ಇಳಿತ; | बॆलॆगळ इळित; | fall in prices, depression in price; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. बाजार की वह स्थिति जिसमें चीजें कम बिकती हों या रोजगार कम चलता हो। | ಮಾರುಕಟ್ಟೆಗಳಲ್ಲಿ ವಸ್ತುಗಳ ಮಾರಾಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗುವಿಕೆ | मारु कट्टॆगळल्लि वस्तुगळ माराट कडिमॆयागुविकॆ | slump in market. |
| मंद्र | पु. | 1. गंभीर ध्वनि, जोर का शब्द; | ಗಂಭೀರ ಧ್ವನಿ; | गंभीर ध्वनि; | deep sound, low tone, |
| | | 2. संगीत के तीन स्वर सप्तकों में से पहला। | ಸಂಗೀತದ ಮೂರು ಸ್ವರ ಸಪ್ತಕಗಳಲ್ಲಿ ಮೊದಲನೆಯ, ಮಂದ್ರ | संगीतद मूरु स्वर सप्तकगळल्लि मॊदलनॆय मंद्र | the first note in the diatonic scale, lower octave. |
| | वि. | गंभीर। | ಗಂಭೀರ | गंभीर | low, deep, grave, |
| मंशा | स्त्री. | 1. इच्छा, इरादा; | ಇಚ್ಛೆ, ಇಂಗಿತ; | इच्छॆ, इंगित; | motive, purpose, object, intention; |
| | | 2. अभिप्राय, उद्देश्य। | ಉದ್ದೇಶ, ಅಭಿಪ್ರಾಯ | उद्देश्य, अभिप्राय | purport, tenor. |
| मंसूख | वि. | रद्द किया हुआ (आदेश, निश्चय आदि)। | ರದ್ದು ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | रद्दु माडल्पट्ट | cancelled, rescinded, repealed. |
| मंसूखी | स्त्री. | रद्द किए जाने की क्रिया, दशा या भाव। | ರದ್ದು ಮಾಡುವಿಕೆ | रद्दु माडुविकॆ | cancellation, rescission. |
| मंसूबा (मनसूबा) | पु. | 1. कोई काम करने से पहले मन में सोची जानेवाली युक्ति, जोड़-तोड़; | ಆಲೋಚನೆ, ಸಂಕಲ್ಪ; | आलोचनॆ, संकल्प; | contrivance, plan, design; |
| | | 2. इरादा, विचार; | ವಿಚಾರ; | विचार; | intention, will, desire; |
| | | 3. तजवीज, योजना। | ಯೋಜನೆ | योजनॆ | project, scheme. |
| मकई | स्त्री. | मक्का। | ಮುಸುಕಿನ ಜೋಳ | मुसुकिन जोळ | maize. |
| मकड़ी | स्त्री. | एक प्रसिद्ध कीड़ा जो अपने मुंह में से निकाले हुए एक तरह के लसीले पदार्थ से चक्राकार जाल बुनता है और उसमें फंसी हुई मक्खियों आदि को खाता है। | ಜೇಡರ ಹುಳು | जेडर हुळु | spider. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मकबरा** | पु. | कब्र पर बनी हुई इमारत या गुंबद। | ಗೋರಿಯ ಮೇಲೆ ಕಟ್ಟಿದ ಮಂಡಪ | गोरिय मेलॆ कट्टिद मंडप | tomb, mausoleum. |
| **मकरंद** | पु. | 1. फूलों का रस; | ಪುಷ್ಪರಸ, ಮಕರಂದ; | पुष्परस, मकरंद; | the juice or nectar or honey of flowers; |
| | | 2. फूलों का केसर। | ಪುಷ್ಪಕೇಸರ | पुष्पकेसर | filament (esp. of the lotus flower.). |
| **मकर** | पु. | 1. मगर, घड़ियाल; | ಮೊಸಳೆ; | मॊसळॆ; | crocodile; |
| | | 2. बारह राशियों में दसवीं राशि। | ಮಕರ ರಾಶಿ | मकर राशि | name of the tenth sign of the Zodiac, the sign capricorn. |
| **मकर-संक्रान्ति** | स्त्री. | वह समय जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। | ಮಕರ ಸಂಕ್ರಾಂತಿ, ಎಳ್ಳುಹಬ್ಬ | मकर संक्रांति, ऎळ्ळुहब्ब | the day when the sun enters the mansion capricornus. |
| **मकसद** | पु. | 1. उद्देश्य; | ಉದ್ದೇಶ್ಯ; | उद्देश्य; | intention, motive, object; |
| | | 2. मनोरथ; | ಇಚ್ಛೆ; | इच्छॆ; | desire, wish; |
| | | 3. अभिप्राय। | ಅಭಿಪ್ರಾಯ | अभिप्राय | intended sense (of), meaning, purport. |
| **मकान** | पु. | 1. घर, गृह; | ಮನೆ; | मनॆ; | house, home; |
| | | 2. रहने की जगह, निवास स्थान; | ನಿವಾಸ; | निवास; | residence, dwelling; |
| | | 3. मूल निवास स्थान। | ಮೂಲ ನಿವಾಸ ಸ್ಥಾನ | मूल निवास स्थान | home town. |
| **मकोय** | स्त्री. | एक क्षुप जिसके फल, पत्ते आदि दवा के काम आते हैं तथा इसका फल, रसभरी। | ಔಷಧಿಗೆ ಬರುವ ಒಂದು ಗಿಡ | औषधिगॆ बरुव ऒंदु गिड | the medicinal plant solanum rubrum and its fruit sarsa parilla |
| **मक्का (मक्की)** | | एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी बालों में से दाने निकलते हैं, मकई। | ಜೋಳ | जोळ | Indian corn, maize. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मक्कार** | वि. | 1. छली, कपटी; | ಮೋಸಗಾರ; | मोसगार; | deceitful, cunning, crafty; |
| | | 2. दूसरों को धोखा देने के लिए अपनी हीन स्थिति बनानेवाला। | ಆಷಾಡಭೂತಿ | आषाढभूति | hypocrite. |
| **मक्कारी** | स्त्री. | 1. कपट, धोखेबाजी, छल; | ಮೋಸಗಾರಿಕೆ; | मोसगारिकॆ; | deceitfulness, cunningness, craftiness; |
| | | 2. मक्कार होने की अवस्था या भाव। | ಮೋಸ | मोस | hypocrisy. |
| **मक्खन** | पु. | दूध या दही की चिकनाई जो मथने से निकलती है, नवनीत। | ಬೆಣ್ಣೆ | बॆण्णॆ | butter. |
| **मक्खी** | स्त्री. | 1. सर्वत्र पाया जानेवाला एक परदार कीड़ा मक्षिका; | ನೊಣ; | नॊण; | fly; |
| | | 2. मधुमक्खी; | ಜೇನು ಹುಳ; | जेनु हुळ; | honey-bee; |
| | | 3. बंदूक के अगले भाग में वह उभरा हुआ अंश जिसकी सहायता से निशाना साधा जाता है। | ಬಂದೂಕಿನ ಮುಂಭಾಗ | बंदूकिन मुंभाग | the sight (of a gun). |
| **मक्खीचूस** | पु.,वि | बहुत बड़ा कंजूस (घी आदि में पड़ी मक्खी तक को चूस लेनेवाला व्यक्ति)। | ಜಿಪುಣಾಗ್ರೇಸರ | जिपुणाग्रेसर | miserly, niggardly. |
| **मक्खीमार** | पु. | 1. मक्खियां उड़ाने की एक प्रकार की छड़ी जिसके सिर पर चमड़ा लगा रहता है; | ನೊಣಗಳನ್ನು ಓಡಿಸುವ ಒಂದು ಉಪಕರಣ; | नॊणगळन्नु ओडिसुव ऒंदु उपकरण; | fly killing device; |
| | | 2. घृणित या आलसी व्यक्ति। | ಸೋಮಾರಿ ಮನುಷ್ಯ | सोमारि मनुष्य | idle, slothful, filthy. |
| **मखमल** | स्त्री. | एक तरह का बढ़िया रेशमी कपड़ा जो ऊपर की ओर बहुत नरम और रोएंदार होता है। | ಮುಖಮಲ್ಲು, ವೆಲ್ ವೆಟ್ಟು | मखमल्लु, वॆलवॆट्टु | velvet. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मखमली** | वि. | 1. मखमल का बना हुआ; 2. मखमल की तरह (कोमल)। | ಮಖಮಲ್ಲಿನ; ಮಖಮಲ್ಲಿನಂತೆ ಮೃದುವಾದ | मखमल्लिन; मखमल्लिनंतॆ मृदुवाद | of velvet, velvety; soft, delicate. |
| **मखाना** | पु. | तालमखाना। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಒಣ ಹಣ್ಣು | ऒंदु बगॆय ऒण हण्णु | a kind of dry fruit (prepared by parching lotus-seeds). |
| **मखौल** | पु. | ऐसी मजेदार तथा व्यंग्यपूर्ण बात जो प्रायः किसी को हास्यास्पद बनाने के लिए कही जाती है, मजाक, ठट्ठा। | ಹಾಸ್ಯ, ಪರಿಹಾಸ ಕ್ರೀಡುಮಾಡುವಂತಹ ಮಾತು | हास्य, परिहास- क्कीडुमाडुवंतह मातु | mockery, joke, jest. |
| **मखौलिया** | पु. | मखौल करनेवाला व्यक्ति। | ಹಾಸ್ಯಗಾರ. | हास्यगार | jester. |
| **मगज** | पु. | 1. दिमाग, मस्तिष्क; 2. गूदा, गिरी; 3. सारभाग। | ಮಿದುಳು; ತಿರುಳು; ಸಾರವಸ್ತು | मॆदुळु; तिरुळु; सारवस्तु | brain, intellect; kernel, pulp, the chief substance or essence (of any thing), pith. |
| **मगजपच्ची** | स्त्री. | सिर खपाना, माथापच्ची। | ತಲೆ ಕೆಡಿಸುವಿಕೆ, ತಲೆ ಕೆಡಿಸಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | तलॆकॆडिसुविकॆ, तलॆ कॆडिसि-कॊळ्ळुविकॆ | mental over-exertion, racking of the brains. |
| **मगजी** | स्त्री. | कपड़े के किनारे पर लगाई जानेवाली गोट। | ಅಂಚಿಗೆ ಪಟ್ಟಿ ಕೊಟ್ಟು ಹೊಲೆಯುವಿಕೆ | अंचिगॆ पट्टि कॊट्टु हॊलॆयुविकॆ | border, hem. |
| **मगन** | वि. | 1. अति प्रसन्न, आनंदित; 2. तल्लीन; 3. रीझा हुआ। | ಸಂತೋಷದಲ್ಲಿ ಮುಳುಗಿರುವಿಕೆ; ಮಗ್ನತೆ, ತಲ್ಲೀನತೆ; ಪ್ರೇಮಾಸಕ್ತತೆ | संतोषदल्लि मुळुगिरुविकॆ; मग्नतॆ, तल्लीनतॆ; प्रेमासक्ततॆ | delighted, charmed, glad, happy; immersed, absorbed (in ), deeply engaged (in); deeply in love (with), enamoured (of ). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मगर | पु. | घड़ियाल। | ಮೊಸಳೆ | मोसळे | crocodile. |
| | अव्य. | परंतु, लेकिन। | ಆದರೆ, ಪರಂತು | आदरे, परंतु | but, however. |
| मगरमच्छ | पु. | घड़ियाल। | ಮೊಸಳೆ | मोसळे | crocodile. |
| मग्न | वि. | 1. डूबा हुआ; | ಮುಳುಗಿದ; | मुळुगिद; | drowned (in), sunk (in); |
| | | 2. तन्मय; | ತನ್ಮಯ; | तन्मय; | busy, absorbed (in), immersed; |
| | | 3. खूब प्रसन्न। | ಅತಿ ಪ್ರಸನ್ನ | अति प्रसन्न | delighted, charmed, glad, happy. |
| मचकना | अ.क्रि | 1. मच-मच शब्द उत्पन्न होना; | ಮಚ್-ಮಚ್ ಎಂದು ಶಬ್ದವಾಗು; | मच्-मच् एंदु शब्दवागु; | to creak (as a bedstead, etc.,); |
| | | 2. लचकना। | ಬಳುಕು | बळुकु | to bend (under pressure). |
| | स.क्रि. | मचमच शब्द उत्पन्न करना, मचकाना। | ಶಬ್ದವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು | शब्दवागुवंते माडु | to make a creaking sound. |
| मचकाना | स.क्रि. | 1. मचमच शब्द उत्पन्न करना; | ಮಚ್-ಮಚ್ ಶಬ್ದ ವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು; | मच्-मच् शब्दवागु-वंते माडु; | to make a creaking sound; |
| | | 2. लचकाना, हिलाना। | ಅಲುಗಾಡಿಸು, ಬಳುಕಿಸು | अलुगाडिसु, बळुकिसु | to shake, to bend. |
| मचना | अ.क्रि. | 1. जोरों से या धूमधाम से आरंभ होना; | ಆಡಂಬರಗಳಿಂದ ಆರಂಭವಾಗು; | आडंबरगळिंद आरंभवागु; | to be caused, to be occasioned; |
| | | 2. चारों ओर फैलना, छा जाना। | ನಾಲ್ಕೂ ಕಡೆ ಹರಡಿ ಹೋಗು | नाल्कू कडे हरडि होगु | to be raised up, to be stirred up. |
| मचलना | अ.क्रि. | प्रायः बच्चों का किसी चीज को पाने या न देने के लिए हठ करना। | ಮಕ್ಕಳು ಮೊಂಡಾಟ ಮಾಡು | मक्कळु मोंडाट माडु | to be wayward, to be refractory, to insist. |
| मचली | स्त्री. | मतली, वमन की प्रवृत्ति। | ವಾಂತಿ, ವಾಂತಿಯಾಗು ವಂತಾಗುವಿಕೆ | वांति, वांतियागु-वंतागुविके | nausea, a tendency towards vomitting. |
| मचवाना | स.क्रि. | 1. आरम्भ कराना; | ಆರಂಭಿಸು; | आरंभिसु; | to cause to start, begin; |
| | | 2. चारों ओर फैलाने या फैलने में प्रवृत्त करना। | ಹರಡುವಂತೆ ಮಾಡು | हरडुवंते माडु | to cause to be raised or stirred up. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मचान** | पु. | बांसों, लट्ठों आदि के सहारे बनाया हुआ वह ऊंचा आसन जिस पर बैठकर शिकारी शिकार खेलते या किसान खेतों की रखवाली करते हैं। | ಮಂಚಿಗೆ, ಅಟ್ಟಳೆ | मंचिगॆ, अट्टळॆ | a raised platform. |
| **मचाना** | स.क्रि. | 1. आरंभ करना, जारी करना; <br> 2. चारों ओर फैलाना। | ಪ್ರಾರಂಭಿಸು; <br> ನಾಲ್ಕ್ಕು ಕಡೆ ಹಬ್ಬಿಸು | प्रारंभिसु; <br> नाल्कु कडॆ हब्बिसु | to cause, make, produce; <br> to raise up, stir up, set up. |
| **मचिया** | स्त्री. | छोटी चौकोर चोकी जो खाट की तरह सुतली आदि से बुनी जाती है। | ಚಿಕ್ಕ ಮಂಚಿಗೆ | चिक्क मंचिगॆ | a small bed, a stool. |
| **मच्छर** | पु. | एक उड़नेवाला कीड़ा जो आमतौर से बरसात में पैदा होता है तथा आदमियों और जानवरों का खून चूसता है। | ಸೊಳ್ಳೆ | सॊळ्ळॆ | mosquito. |
| **मच्छरदानी** | स्त्री. | मंच्छरों से बचने के लिए लगाया जानेवाला जालीदार परदा। | ಸೊಳ್ಳೆ ಪರದೆ | सॊळ्ळॆ परदॆ | mosquito-net. |
| **मछली** | स्त्री. | 1. एक प्रकार का प्रधान जलजीव जिसके फेफड़े नहीं होते और वह गलफड़े से स्वांस लेता है; <br> 2. मछली के आकार का लटकन; <br> 3. पुष्ट बाहों में दिखाई पड़नेवाला मांस-पेशियों का उभार। | ಮೀನು; <br> ಮೀನಿನಾಕಾರದ ಓಲೆ; <br> ಮೀನು ಖಂಡ | मीनु; <br> मीनिनाकारद ओलॆ; <br> मीनु खंड | fish; <br> ear-ring made in the form of a fish; <br> muscle or tendon. |
| **मछुआ** | पु. | मछलियां पकड़ने का पेशा करनेवाला व्यक्ति। | ಮೀನು ಹಿಡಿಯುವವ, ಬೆಸ್ತ | मीनु हिडियुवव, बॆस्त | fisherman. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मजदूर (मजूर)** | पु. | 1. भाड़े या मजदूरी पर शारीरिक परिश्रम संबंधी कार्य करनेवाला व्यक्ति; | ಕಾರ್ಮಿಕ, ಕೂಲಿಗಾರ | कार्मिक, कूलिगार | hired labourer; |
| | | 2. शारीरिक परिश्रम द्वारा जीविका कमाने-वाला कोई व्यक्ति। | | | worker, work-man. |
| **मजदूरी (मजूरी)** | स्त्री. | 1. मजदूर का काम; | ಕೂಲಿಯ ಕೆಲಸ; | कूलिय कॆलस; | bodily labour, work; |
| | | 2. भाड़े या वेतन के रूप में मजदूर को दिया जानेवाला धन। | ಕೆಲಸಕ್ಕಾಗಿ ಕೊಡುವ ಕೂಲಿ | कॆलसक्कागि कॊडुव कूलि | wages, remuneration. |
| **मजनूं** | पु. | 1. पागलों की तरह आचरण करनेवाला प्रेमी, आशिक; | ಪ್ರೇಮದ ಹುಚ್ಚ; | प्रेमद हुच्च; | love-lorn, mad in love; |
| | | 2. पागल, विक्षिप्त, दीवाना व्यक्ति; | ಹುಚ್ಚು ಹಿಡಿದವ; | हुच्चु हिडिदव; | demoniac, maniac, a fanatic; |
| | | 3. बहुत दुबला-पतला; | ಬಹಳ ತೆಳ್ಳಗಿರುವ ವ್ಯಕ್ತಿ; | बहळ तॆळ्ळगिरुव व्यक्ति; | a very thin and weak person; |
| | | 4. अरब देश का एक प्रसिद्ध प्रेमी जिसका वास्तविक नाम कैस था और जो लैला के प्रेम में पागल हो गया था। | ಅರಬ್ ದೇಶದಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ್ದ ಲೈಲಾಳನ್ನು ಪ್ರೇಮಿಸಿ ಹುಚ್ಚನಾದ ಕೈಸ್ ಎಂಬ ಹೆಸರಿನ ವ್ಯಕ್ತಿ | अरब् देशदल्लि हुट्टिद्द लैलाळन्नु प्रेमिसि हुच्चनाद कैस् ऎंब हॆसरिन व्यक्ति | a famous lover of Arabia who was mad after Laila. |
| **मजबूत** | वि. | 1. दृढ़, पुख्ता, पक्का;<br>2. टिकाऊ;<br>3. हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा, शक्तिशाली। | ಭದ್ರವಾದ;<br>ಬಾಳಿಕೆ ಬರುವ;<br>ಗಟ್ಟಿಮುಟ್ಟಾದ, ಶಕ್ತಿಶಾಲಿ | भद्रवाद;<br>बाळिकॆ बरुव;<br>गट्टि मुट्टाद, शक्तिशालि | firm, fixed, fast;<br>durable, lasting;<br>strong, sturdy. |
| **मजबूती** | स्त्री. | 1. दृढ़ता, पक्कापन; | ಭದ್ರತೆ; | भद्रतॆ; | firmness, solidity; |
| | | 2. ताकत, सबलता, साहस; | ಶಕ್ತಿವಂತವಾಗಿರುವಿಕೆ; | शक्तिवंत-वागिरुविकॆ; | strength; |
| | | 3. टिकाऊपन। | ಬಾಳಿಕೆ ಬರುವಂತೆ ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿರುವಿಕೆ | बाळिकॆ बरुवंतॆ गट्टियागिरुविकॆ | durability. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मजबूर** | वि. | बाध्य, विवश, लाचार। | ಗತ್ಯಂತರವಿಲ್ಲದ | गत्यंतरविल्लद | compelled, helpless. |
| **मजबूरन** | क्रि. वि. | मजबूर होने या किए जाने पर, विवशतापूर्वक, लाचारी से। | ಬೇರೆ ದಾರಿಗಾಣದೆ, ಗತ್ಯಂತರವಿಲ್ಲದೆ | बेरॆ दारिगाणदॆ गत्यंतरविल्लदॆ | compulsorily, having no alternative, under pressure. |
| **मजबूरी** | स्त्री. | विवशता, लाचारी। | ಅಸಹಾಯ ಸ್ಥಿತಿ | असहाय स्थिति | compulsion, helplessness. |
| **मजमा** | पु. | भीड़भाड़, जमाव, (तमाशबीनों का) समूह। | ಗುಜುಗುಂಪು ಜನ ಸಂದಣಿ | गुजुगुंपु, जन संदणि | crowd, gathering, assembly. |
| **मजमून** | पु. | 1. लेख, कथन या विचार आदि का विषय; | ಲೇಖನ, ಪ್ರಬಂಧ ಆದಿಗಳ ವಿಷಯ; | लेखन, प्रबंध आदिगळ विषय; | subject, topic; |
| | | 2. लेख, निबंध। | ಲೇಖನ, ಪ್ರಬಂಧ | लेखन, प्रबंध | article, essay. |
| **मजलिस** | स्त्री. | 1. किसी विशेष उद्देश्य से एक साथ बैठे हुए बहुत से लोगों का समाज; | ಸಭೆ, ಸಮಾಜ; | सभॆ, समाज; | assembly, congregation, meeting; |
| | | 2. परिषद्, सम्मेलन। | ಪರಿಷತ್ತು, ಸಮ್ಮೇಳನ | परिषत्तु, सम्मेळन | convention, congress, council, conference. |
| **मजहब** | पु. | 1. धार्मिक संप्रदाय, पंथ, मत; | ಜಾತಿ, ಮತ; | जाति, मत; | belief, creed; |
| | | 2. धर्म। | ಧರ್ಮ | धर्म | religion. |
| **मजहबी** | वि. | 1. मजहब या संप्रदाय-विशेष से संबंधित; | ಮತ ಸಂಪ್ರದಾಯಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | मत संप्रदायक्कॆ संबंधिसिद; | of or relating to a religion or sect; |
| | | 2. धार्मिक। | ಧರ್ಮ ಸಂಬಂಧದ | धर्म संबंधद | religious. |
| **मजा** | पु. | 1. सुख, आनंद, लुत्फ; | ಸುಖ, ಆನಂದ, ಮಜಾ; | सुख, आनंद, मजा; | joy, delight, pleasure; |
| | | 2. स्वाद, रस, जायका; | ರುಚಿ; | रुचि; | taste, savour, relish; |
| | | 3. हंसी-ठट्ठा, परिहास; | ತಮಾಷೆ, ಹಾಸ್ಯ; | तमाशॆ, हास्य; | jest, joke; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. सजा, कर्मफल (ला०)। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಕರ್ಮಫಲ, ಶಿಕ್ಷೆ | (लाक्षणिक) कर्मफल, शिक्षॆ | (fig.) result of one's own deeds, punishment. |
| **मजाक** | पु. | परिहास, हंसी, दिल्लगी। | ತಮಾಶೆ, ಗೇಲಿ | तमाशॆ, गेलि | joke, jest, fun. |
| **मजाकिया** | वि. | 1. मजाक या परिहास से संबंध रखनेवाला; | ತಮಾಶೆಗಾರ; | तमाशॆगार; | humorous, witty; |
| | | 2. जो बहुत अधिक या प्रायः मजाक करता रहता हो, ठिठोलिया। | ವಿದೂಷಕ | विदूषक | wag, jester, witty or humorous man. |
| **मजार** | पु. | विशेषतः किसी पीर, फकीर या महापुरुष की कब्र। | ಸಮಾಧಿ | समाधि | tomb, grave. |
| **मजाल** | स्त्री. | 1. शक्ति, सामथ्र्य; | ಸಾಮರ್ಥ್ಯ; | सामर्थ्य; | strength, power; |
| | | 2. दुस्साहस, घृष्टता। | ದುಸ್ಸಾಹಸ, ದಿಟ್ಟತನ | दुस्साहस, दिट्टतन | cheek, audacity. |
| **मजीठ** | स्त्री. | एक लता जिसके छोटे गोल फलों से लाल रंग तैयार किया जाता है। | ಕೆಂಪು ಬಣ್ಣ ತಯಾರಿಸಲ್ಪಡುವ ಮಂಜಿಷ್ಠಾ ಎಂಬ ಬಳ್ಳಿ | कॆंपु बण्ण तयारिसल्पडुव मंजिष्ठा ऎंब बळ्ळि | the drug Rubia manjith, the root of which yields a dye. |
| **मजीरा** | पु. | दे. 'मंजीरा'। | ನೋಡಿ "मंजीरा" | नोडि "मंजीरा" | see 'मंजीरा'. |
| **मजेदार** | वि. | 1. स्वादिष्ट; | ರುಚಿಕರ; | रुचिकर; | tasty, savouring, delicious; |
| | | 2. आनंददायक, सुखद। | ಸುಖದಾಯಕ | सुखदायक | enjoyable, pleasant. |
| **मज्जा** | स्त्री. | 1. नली की हड्डी के भीतर का गूदा जो कोमल और चिकना होता है; | ಮಜ್ಜೆ, ಕೊಬ್ಬು; | मज्जॆ, कॊब्बु; | the marrow of the bones and flesh; |
| | | 2. पेड़-पौधों का सारभाग। | ಮರಗಿಡಗಳ ಸಾರ ಭಾಗ, ಚೇಗು | मरगिडगळ सारभाग, चेगु | the pith of plants. |
| **मटक** | स्त्री. | मटकने की क्रिया, ढंग, मुद्रा या भाव, नखरे का भाव। | ವೈಯಾರ | वैयार | strut, coquetry, mincing gait. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मटकना** | अ.क्रि. | चलते या बातें करते समय हाथ, आंख, भौं आदि को नाज-नखरे की अदा से हिलाना, इठलाना। | ವೈಯ್ಯಾರ ತೋರು, ಬೆಡಗು ತೋರು | वैयार तोरु, बॆडगु तोरु | to show off by gestures, to strut, to swagger. |
| **मटका (मटकी-स्त्री.)** | पु. | मिट्टी का बड़े मुंह का घड़ा, माट। | ಮಡಕೆ | मडकॆ | large earthen jar or pot, pitcher. |
| **मटमैला** | वि. | मिट्टी के रंग का, खाकी। | ಖಾಕಿ ಬಣ್ಣದ, ಮಣ್ಣಿನ ಬಣ್ಣದ | खाकि बण्णद, मण्णिन बण्णद | dusty, dust coloured. |
| **मटर** | पु. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी फलियों में गोल दाने रहते हैं, उक्त पौधे की फली या दाल। | ಬಟಾಣಿ | बटाणि | pea. |
| **मटरगश्ती** | स्त्री. | 1. धीरे-धीरे घूमना, टहलना; | ತಿರುಗಾಡುವಿಕೆ; | तिरुगाडुविकॆ; | stroll, promenade, rambling; |
| | | 2. निश्चिंत होकर प्रसन्नतापूर्वक व्यर्थ इधर-उधर घूमना, आवारा फिरना। | ಚಿಂತೆಯಿಲ್ಲದೆ ಮನೋವಿನೋದಕ್ಕಾಗಿ ಕೆಲಸವಿಲ್ಲದ ಓಡಾಟ | चिंतॆयिल्लदॆ मनोविनोदक्कागि कॆलसविल्लद ओडाट | vagrancy, vagabondage. |
| **मटियाना** | स.क्रि. | 1. किसी चीज पर मिट्टी लगाना, मिट्टी से युक्त करना; | ಮಣ್ಣು ಧೂಳು ಎರಚು; | मण्णु धूळु ऍरचु; | to plaster or smeai with mud; |
| | | 2. (बरतन, हाथ आदि) मिट्टी मलकर धोना। | ಮಣ್ಣಿನಿಂದ ಉಜ್ಜಿ ತೊಳೆ | मण्णिनिंद उज्जि तॊळॆ | to rub or scrub with earth or mud. |
| **मटियामेट (मलियामेट)** | वि. | मिट्टी में मिला हुआ, नष्ट। | ಮಣ್ಣುಪಾಲು ಮಾಡಿದ, ಹಾಳಾದ | मण्णुपालुमाडिद, हाळाद | destroyed, ruined, razed. |
| **मटियाला** | वि. | मटमैला। | ಧೂಳಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ, ಮಣ್ಣಿನ ಬಣ್ಣದ | धूळिनिंद कूडिद, मण्णिन बण्णद | dusty, dust-coloured. |
| **मटीला** | वि. | दे. 'मटमैला'। | ನೋಡಿ "मटमैला" | नोडि "मटमैला" | see 'मटमैला'. |
| **मट्टी** | स्त्री. | देखिए 'मिट्टी'। | ನೋಡಿ "मिट्टी" | नोडि "मिट्टी" | see 'मिट्टी'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मट्ठा (मठा)** | पु. | पानी मिलाकर मथा हुआ दही जिसमें से मक्खन निकाल लिया गया हो, तक्र, छाछ। | ಮಜ್ಜಿಗೆ | मज्जिगे | butter-milk. |
| **मठ** | पु. | 1. साधु-संन्यासियों के रहने का स्थान या मकान; | ಸಾಧು ಸಂನ್ಯಾಸಿಗಳ ಮಠ; | साधु संन्यासिगळ मठ; | monastery. |
| | | 2. देवालय, मंदिर। | ದೇವರ ಗುಡಿ | देवर गुडि | temple, pagoda. |
| **मठरी (मट्ठी)** | स्त्री. | मैदे की बनी एक तरह की नमकीन टिकिया। | ಮೈದಾದಿಂದ ಮಾಡಿದ ಖಾರದ ತಿಂಡಿ | मैदादिंद माडिद खारद तिंडि | small fried saltish cake. |
| **मठाधीश** | पु. | मठ में रहनेवाले साधुओं का प्रधान, महंत। | ಮಠಾಧೀಶ, ಮಹಂತ | मठाधीश, महंत | head of a monastery, abbot. |
| **मड़ैया** | स्त्री. | मड़ई, झोंपड़ी। | ಜೋಪಡಿ, ಗುಡಿಸಿಲು | जोपडि, गुडिसिलु | small hut, hovel. |
| **मढ़ना** | स.क्रि. | 1. कोई चीज किसी दूसरी चीज पर चिपकाना, जड़ना, लगाना या सटाना; | ಒಂದರ ಮೇಲೆ ಮತ್ತೊಂದನ್ನು ಅಂಟಿಸಿ ಜೋಡಿಸು; | ऒंदर मेलॆ मत्तॊंदन्नु अंटिसि जोडिसु; | to gild, to frame, to mount; |
| | | 2. थोपना (काम); | (ಕೆಲಸ) ಹೊರಿಸು; | (कॆलस) हॊरिसु; | to impose, to saddle (with work etc.); |
| | | 3. आरोपित करना (दोष)। | (ದೋಷ) ಆರೋಪಿಸು | (दोष) आरोपिसु | to impute. |
| **मढ़वाना** | स.क्रि. | मढ़ने का काम दूसरे से कराना। | ಜೋಡಿಸುವ, ಹೊರಿಸುವ, ಆರೋಪಿಸುವ ಕೆಲಸ ಬೇರೆಯವರಿಂದ ಮಾಡಿಸು | जोडिसुव, हॊरिसुव, आरोपिसुव कॆलस बेरॆयवरिंद माडिसु | to cause to be mounted, framed or gilded. |
| **मढ़ाई** | स्त्री. | मढ़ने का काम या मढ़ने की मजदूरी। | ಜೋಡಿಸಿದುದರ ಕೂಲಿ | जोडिसिदुदर कूलि | the act of or wages paid for mounting. |
| **मणि** | स्त्री. | 1. बहुमूल्य और कांतियुक्त पत्थर, रत्न, जवाहर; | ರತ್ನ; | रत्न; | precious stone, gem, jewel; |
| | | 2. किसी वर्ग का कोई सर्वश्रेष्ठ पदार्थ या व्यक्ति; | ಸರ್ವಶ್ರೇಷ್ಠ ವಸ್ತು; | सर्वश्रेष्ठ वस्तु; | anything best of its kind; |
| | | 3. कलाई, मणिबंध। | ಮಣಿಬಂಧ | मणिबंध | the wrist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मत** | पु. | 1. चुनाव में या प्रस्ताव के पक्ष-विपक्ष में निर्धारित विधि से प्रकट की गई राय या दिया गया समर्थन; | ಚುನಾವಣೆ ಓಟು; | चुनावर्ण ओट्टु; | vote; |
| | | 2. राय, सम्मति; | ಸಮ್ಮತಿ; | सम्मति; | opinion, judgement, belief; |
| | | 3. विचार; | ವಿಚಾರ; | विचार; | thought, idea; |
| | | 4. सिद्धांत; | ಸಿದ್ಧಾಂತ; | सिद्धांत; | doctrine, tenet; |
| | | 5. संप्रदाय, पंथ। | ಮತ ಸಂಪ್ರದಾಯ | मत संप्रदाय | sect, faith, creed. |
| | अव्य. | न, नहीं। | ಬೇಡ | बेड | don't. |
| **मतगणना** | स्त्री. | 1. मतों की गणना; 2. मतपत्रों की गणना। | ಮತಗಣನೆ | मतगणनं | counting of votes counting of ballo papers. |
| **मतदाता** | पुं. | जिसे मत देने का अधिकार हो, मत देनेवाला। | ಮತದಾರ | मतदार | voter. |
| **मतदान** | पुं. | चुनाव में या किसी प्रस्ताव आदि के पक्ष-विपक्ष में अपना मत देने की क्रिया। | ಮತದಾನ, ಚುನಾವಣೆ | मतदान, चुनावर्ण | poll, polling, voting, casting of votes. |
| **मतदान-केंद्र** | पुं. | वह स्थान जहां निर्वाचन के समय मतदाता आकर अपना मत देते हैं। | ಮತದಾನ ಕೇಂದ್ರ, ಚುನಾವಣೆ ಕೇಂದ್ರ | मतदान केंद्र, चुनावर्ण केंद्र | polling station, polling booth. |
| **मतपत्र** | पुं. | वह परची या पत्र जिस पर किसी विशेष उम्मीदवार या पक्ष के समर्थन में चिह्न आदि बनाकर उसे मतदान-केन्द्र में डाला जाता है। | ಮತಪತ್ರ | मतपत्र | ballot, ballot paper. |
| **मतभेद** | पुं. | मत की भिन्नता, राय या विचार का न मिलना। | ಮತಭೇದ, ಭಿನ್ನಾಭಿಪ್ರಾಯ | मतभेद, भिन्नाभिप्राय | difference of opinion, dissension, disagreement. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मतलब** | पुं. | 1. आशय, अभिप्राय;<br>2. अर्थ, माने;<br>3. स्वार्थ;<br>4. संबंध, वास्ता। | ತಾತ್ಪರ್ಯ;<br>ಅರ್ಥ;<br>ಸ್ವಾರ್ಥ;<br>ಸಂಬಂಧ | तात्पर्य;<br>अर्थ;<br>स्वार्थ;<br>संबंध | aim, purpose, motive;<br>meaning;<br>self-interest;<br>concern. |
| **मतलबी** | वि. | स्वार्थपरायण, स्वार्थी। | ಸ್ವಾರ್ಥಿ | स्वार्थि | selfish, self-seeking, self-concerned. |
| **मतलाना (मिचलाना)** | अ. क्रि. | मिचली या उलटी आना। | ವಾಂತಿ ಆಗು | वांति आगु | to nauseate, to feel like vomitting. |
| **मतली** | स्त्री. | दे. 'मिचली'। | ನೋಡಿ "मिचली" | नोडि "मिचली" | nausea, inclination to vomit. |
| **मतवाला** | वि. | 1. नशे आदि के कारण मस्त, नशे में चूर;<br>2. (बल आदि के) गर्व से इतराता हुआ;<br>3. उन्मत्त। | ಕುಡಿದು ಮದಿಸಿದ, ಅಮಲೇರಿದ;<br>(ಬಲ, ಅಧಿಕಾರದ) ದರ್ಪ ತೋರಿಸುವ;<br>ಮದಿಸಿದ | कुडिदु मदिसिद, अमलेरिद;<br>(बल,अधिकारद) दर्प तोरिसुव;<br>मदिसिद | intoxicated, drunk;<br>drunk with (power, strength etc.);<br>wayward, tipsy, passionate. |
| **मतांतर** | पुं. | भिन्न मत, विचार, सिद्धांत या संप्रदाय। | ಧರ್ಮ ಪರಿವರ್ತನೆ, ಮತಾಂತರ | धर्म परिवर्तने, मंतातर | another or a different opinion or tenet. |
| **मताधिकार** | पुं. | किसी चुनाव या विषय में मत देने का अधिकार। | ಮತ ಕೊಡುವ ಹಕ್ಕು | मत कोडुव हक्कु | franchise, suffrage. |
| **मताधिकारी** | पुं. | मत देने का अधिकारी। | ಮತ ಕೊಡುವ ಹಕ್ಕುಳ್ಳವ | मत कोडुव हक्कुळ्ळव | eligible voter. |
| **मतानुयायी** | पुं. | किसी मत या धर्म का अनुयायी, मतावलंबी। | ಮತ ಧರ್ಮವನ್ನು ಅನುಸರಿಸುವವ | मत धर्मवन्नु अनुसरिसुवव | follower (of a creed, sect etc.). |
| **मतावलंबी** | पुं. | किसी मत, सिद्धांत आदि का अवलंबन करने-वाला, मतानुयायी। | ಮತಾವಲಂಬಿ | मतावलंबि | adherent to any particular class of religious (or philosophical) opinion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मति** | स्त्री. | 1. बुद्धि, समझ; | ಬುದ್ಧಿ; | बुद्धि; | intellect, understanding, sense; |
| | | 2. राय, सम्मति। | ಸಮ್ಮತಿ | सम्मति | opinion, view. |
| **मतिभ्रम** | पुं. | अस्वस्थ या विकृत बुद्धि के कारण होनेवाला भ्रम। | ಬುದ್ಧಿ ಭ್ರಮೆ | बुद्धि भ्रमॆ | delusion, confusion of mind. |
| **मतिमंद** | वि. | मंदबुद्धि, मूर्ख। | ಮಂದಮತಿ, ಮೂರ್ಖ | मंदमति, मूर्ख | dull, stupid, foolish, imbecile. |
| **मतिमान** | वि. | बुद्धिमान, समझदार। | ಬುದ್ಧಿವಂತ | बुद्धिवंत | clever, intelligent, wise. |
| **मतैक्य** | पुं. | मत या विचार में होनेवाली एकता या समानता। | ಒಮ್ಮತ | ऒम्मत | unanimity, agreement. |
| **मत्त** | वि. | 1. मतवाला, मस्त; | ಮದಿಸಿದ; | मदिसिद; | in rut, furious (as an elephant); |
| | | 2. पागल; | ಹುಚ್ಚ; | हुच्च; | mad, insane; |
| | | 3. किसी प्रकार के मनोवेग के पूर्ण आवेश से युक्त। | ಆವೇಶದಿಂದ ಕೂಡಿದ | आवेशदिंद कूडिद | intoxicated (by liquor, or passion or pride, etc.), passionate. |
| **मत्था** | पुं. | 1. माथा, ललाट, मस्तक; | ಹಣೆ; | हणॆ; | forehead; |
| | | 2. सिर; | ತಲೆ; | तलॆ; | head; |
| | | 3. सामने का या ऊपर का हिस्सा। | ಮೇಲ್ಭಾಗ | मेल्भाग | the upper or frontal part (of a thing). |
| **मत्थे** | क्रि. वि. | 1. सिर या मस्तक पर; | ತಲೆಯ ಮೇಲೆ; | तलॆय मेलॆ; | on one's head; |
| | | 2. किसी पर उत्तरदायित्व, भार आदि के रूप में। | ಜವಾಬ್ದಾರಿ ಹೊರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | जवाब्दारि हॊरिसल्पट्ट | on one's responsibility. |
| **मत्सर** | पुं. | 1. ईर्ष्या, जलन, डाह; | ಅಸೂಯೆ; | असूयॆ; | envy, jealousy; |
| | | 2. क्रोध। | ಸಿಟ್ಟು | सिट्टु | anger, passion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मत्स्य | पुं. | मछली। | ಮೀನು | मीनु | fish. |
| मत्स्यन्याय | पुं. | 1. यह मान्यता कि छोटों को बड़े या दुर्बलों को सबल उसी प्रकार खा जाते या नष्ट कर देते हैं जिस प्रकार बड़ी मछलियां छोटी मछलियों को खा जाती हैं; | ಮತ್ಸ್ಯನ್ಯಾಯ ಬಲವುಳ್ಳವರು ನಿರ್ಬಲರನ್ನು ನಾಶಗೊಳಿಸುವುದು- ದೊಡ್ಡ ಮೀನು ಚಿಕ್ಕ ಮೀನನ್ನು ತಿನ್ನುವುದು; | मत्स्यन्याय बलवुळ्ळवरु निर्बलरन्नु नाशगॊळिसुवुदु, दॊड्ड मीनु चिक्कमीनन्नु तिन्नुवुदु; | "survival of the fittest" theory; |
| | | 2. आततायियों का राज्य; | ಕಟುಕರ ರಾಜ್ಯ; | कटुकर राज्य; | law of the jungle; |
| | | 3. अराजकता। | ಅರಾಜಕತೆ | अराजकतॆ | anarchy. |
| मत्स्यपालन | पुं. | मछलियां पालकर उनकी पैदावार बढ़ाने का काम। | ಮೀನು ಸಾಕಣೆ | मीनु साकणॆ | fish-culture, fish-farming. |
| मथना | स. क्रि. | 1. दूध, दही को मथानी आदि से बिलोना; | ಕಡೆಯು; | कडॆयु; | to churn; |
| | | 2. आलोड़न करना; | ಕಲಕು; | कलकु; | to stir round; |
| | | 3. किसी बात को बार-बार सोचना या करना; | ಪುನಃ ಪುನಃ ಚಿಂತನೆ ಮಾಡು; | पुनः पुनः चिंतनॆ माडु; | to ponder, consider; |
| | | 4. जगह-जगह ढूंढना या देखना, छान डालना। | ಅರಸು, ಹುಡುಕು | अरसु, हुडुकु | to sift, scrutinize, to probe. |
| मथनी | स्त्री. | 1. मथने की क्रिया; | ಕಡೆಯುವಿಕೆ; | कडॆयुविकॆ; | the act of churning; |
| | | 2. दही मथने का मटका; | ಮೊಸರು ಕಡೆಯುವ ಪಾತ್ರೆ; | मॊसरु कडॆयुव पात्रॆ; | the churning-pot; |
| | | 3. मथानी। | ಕಡೆಗೋಲು | कडॆगोलु | churn-staff. |
| मथानी | स्त्री. | दही मथने का काठ का बना हुआ एक उपकरण। | ಕಡೆಗೋಲು | कडॆगोलु | churning-stick. |
| मद | पुं. | 1. नशा; | ಮದ | मद | intoxication, inebriety, drunkenness; |
| | | 2. मस्ती; | | | delight, rapture, passion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. निंदनीय अहंकार या गर्व; | | | pride, arrogance; |
| | | 4. मतवाले हाथी का कनपटी से बहनेवाला गंधयुक्त जल; | | | the juice or ichor that exudes from an elephant's temples when in rut; |
| | | 5. उन्माद, पागलपन। | | | madness, insanity, frenzy. |
| मद | स्त्री. | 1. वह लंबी लकीर जिसके नीचे लेखा या हिसाब लिखा जाता है, शीर्षक; | ಶೀರ್ಷಿಕೆ, ಕಾಲಂ; | शीर्षिकॆ, कालं; | column, head; |
| | | 2. लेखा या हिसाब का वह विशिष्ट भाग जो किसी कार्य या व्यक्ति के नाम से अलग रखा जाता है, खाता; | ವಿಶಿಷ್ಟ ಬಾಬಿನ ಖರ್ಚಿನ ಲೆಕ್ಕ ಬರೆಯುವ ಕಾಲಂ, ಖಾತೆ; | विशिष्ट बाबिन खर्चिन लॆक्क बरॆयुव कालं, खातॆ; | account-head; |
| | | 3. कार्य का विभाग। | ವಿಷಯ, ಅಂಶ, ಬಾಬು | विषय, अंश, बाबु | item (of a programme etc.). |
| मदजल | पु. | मस्त हाथी की कनपटी से झरनेवाला जल, दान। | ಮದಿಸಿದ ಆನೆಯ ಕುಂಭಗಳಿಂದ ಹರಿಯುವ ನೀರು, ಮದ ಜಲ | मदिसिद आनॆय कुंभगळिंद हरियुव नीरु, मद जल | rutting juice, ichor (from the temples of a ruttish elephant). |
| मदद | स्त्री. | 1. सहायता; | ಸಹಾಯ; | सहाय; | assistance, help, aid, rescue; |
| | | 2. कुमक। | ಬಲಪಡಿಸುವಿಕೆ, ಬೆಂಬಲದ ಸೈನ್ಯ ಆದಿ | बलपडिसुविकॆ, बॆंबलद सैन्य आदि | reinforcement. |
| मददगार | वि. | सहायक। | ಸಹಾಯಕ | सहायक | assistant, helper, supporter, auxiliary, accessory. |
| मदन | पु. | 1. कामदेव; | ಕಾಮದೇವ; | कामदेव; | name of Kamdev, the god of love; |
| | | 2. काम। | ಕಾಮ | काम | passion, love, lust. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मदनोत्सव | पु. | प्राचीन भारत का एक उत्सव जो चैत्र शुक्ला द्वादशी से चतुर्दशी पर्यन्त होता है। | ಮದನೋತ್ಸವ | मदनोत्सव | the vernal festival celebrated in honour of cupid (in ancient India). |
| मदमत्त | वि. | 1. मत, मस्त, मतवाला; | ಮದಿಸಿದ; | मदिसिद; | intoxicated, passionate; |
| | | 2. (हाथी) जो मद बहने के कारण मस्त हो। | ಮದವೇರಿದ (ಆನೆ) | मदवेरिद (आनॆ) | in rut, furious (elephant). |
| मदहोश | वि. | 1. नशे के कारण जिसके होश ठिकाने न हों, मतवाला; | ಅಮಲೇರಿ ಪ್ರಜ್ಞೆ ತಪ್ಪಿದ; | अमलेरि प्रज्ञॆ. तप्पिद; | dead drunk, intoxicated, out of senses; |
| | | 2. हैरान; | ಮೈಮರೆತ; | मैमॆरत; | confounded, stupefied; |
| | | 3. बेहोश। | ಜ್ಞಾನ ತಪ್ಪಿದ | ज्ञान तप्पिद | unconscious, senseless. |
| मदांध | वि. | जो मस्ती या बल आदि के गर्व से अंधा या विवेकहीन हो रहा हो। | ದುರಹಂಕಾರದಿಂದ ಮತಿಗೆಟ್ಟ | दुरहंकारदिंद मतिगॆट्ट | blinded by intoxication, passion or pride. |
| मदार | पु. | आक नामक पौधा। | ಎಕ್ಕದ ಗಿಡ, ಎಲೆ, ಹೂ | ऍक्कद गिड, ऍलॆ, हू | the medicinal plant swellow hest-calotrapis gigantea. |
| मदारी | पु. | 1. बाजीगर; 2. बंदर-भालू आदि नचाकर जीविका चलानेवाला। | ಡೊಂಬರವ; ಕೋತಿ-ಕರಡಿಗಳ ಆಟವಾಡಿಸುವ ಆಟಗಾರ | डॊंबरव; कोति करडिगळ आटवाडिसुव आटगार | conjurer, juggler; bear-dancer, monkey-man. |
| मदिरा | स्त्री. | मद्य, शराब। | ಮದಿರೆ, ಹೆಂಡ, ಸಾರಾಯಿ | मदिरॆ, हॆंड, सारायि | spirituous liquor, wine. |
| मदोन्मत्त | वि. | 1. नशे के कारण उन्मत्त, मदांध, मतवाला; 2. जो धन, बल आदि के घमंड के कारण विवेकहीन हो गया हो। | ಕುಡಿದು ಅಮಲೇರಿರುವ; ಧನ, ಅಧಿಕಾರಗಳ ಬಲದಿಂದ ಮದಿಸಿ ಬುದ್ಧಿ ಕೆಟ್ಟ | कुडिदु अमलेरिरुव; धन-अधिकारगळ बलदिंद मदिसि बुद्धि कॆट्ट | intoxicated with spirituous liquor; intoxicated with passion, pride or wealth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मद्धा** | वि. | दे. 'मंदा'। | ನೋಡಿ "ಮಂದಾ" | नोडि "मंदा" | see 'मंदा'. |
| **मद्धिम** | वि. | 1. मध्यम; | ನಡುವಣ; | नडुवण; | middle, moderate, intermediate; |
| | | 2. कम अच्छा; | ಸಾಧಾರಣ; | साधारण; | ordinary, common; |
| | | 3. हलका, मंद। | ಮಂಕಾದ, ಮಂದವಾದ | मंकाद, मंदवाद | dull, faint, faded (as colour etc.), slack, slow, sluggish. |
| **मद्धे** | अव्य. | 1. मध्य या बीच में; | ನಡುವೆ; | नडुवे; | in the middle; |
| | | 2. मद या खाते में। | ಖಾತೆಯಲ್ಲಿ | खातॆयल्लि | in the account of. |
| **मद्य** | पु. | मदिरा, शराब। | ಮದಿರೆ, ಹೆಂಡ | मदिरॆ, हॆंड | spirituous liquor, wine. |
| **मद्यप** | वि. | मद्य पीनेवाला, शराबी। | ಕುಡುಕ | कुडुक | one who drinks spirituous or intoxicating liquor. |
| **मधु** | पु. | 1. शहद; | ಜೇನು ತುಪ್ಪ; | जेनु तुप्प; | honey; |
| | | 2. शराब; | ಮದ್ಯ; | मद्य; | spirituous liquor, any sweet intoxicating drink; |
| | | 3. फूलों का रस, मकरंद; | ಪುಷ್ಪರಸ; | पुष्परस; | the juice or nectar of flowers; |
| | | 4. बसंत ऋतु; | ವಸಂತ ಋತು; | वसंत ऋतु; | the season of spring; |
| | | 5. चैत का महीना। | ಚೈತ್ರ ಮಾಸ | चैत्र मास | the month Chait (March-April.) |
| | वि. | मीठा, मधुर। | ಸಿಹಿಯಾದ, ಮಧುರ | सिहियाद, मधुर | sweet, pleasant, agreeable. |
| **मधुकर** | पु. | 1. भौंरा; | ಭ್ರಮರ, ದುಂಬಿ; | भ्रमर, दुंबि; | large black bee. |
| | | 2. कामुक व्यक्ति। | ಕಾಮುಕ ವ್ಯಕ್ತಿ | कामुक व्यक्ति | lover, libertine. |
| **मधुकरी** | स्त्री. | साधु-संन्यासियों की वह भिक्षा जो केवल पके हुए अन्न के रूप में होती है। | ಭಿಕ್ಷಾನ್ನ | भिक्षान्न | cooked food gathered in alms from different sources (by the mendicants). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मधुप | पु. | 1. भौंरा;<br>2. शहद की मक्खी। | ಭ್ರಮರ;<br>ಜೇನು ನೊಣ | भ्रमर;<br>जेनु नॊण | large black bee;<br>honey-bee. |
| मधु-मक्खी | स्त्री. | एक प्रकार की प्रसिद्ध मक्खी जो फूलों का रस चूसकर शहद एकत्र करती है। | ಜೇನು ನೊಣ | जेनु नॊण | honey-bee. |
| मधुमय | वि. | मधु से भरा हुआ। | ಮಧುವಿನಿಂದ ತುಂಬಿದ | मधुविनिंद तुंबिद | sweet as honey, sweet, lucious. |
| मधुमेह | पु. | एक प्रसिद्ध रोग जो अगन्याशय में मधुसूदनी के कम बनने के कारण होता है और जिसमें मूत्र अधिक शर्करा-युक्त होकर प्रायः धीरे-धीरे और अधिक मात्रा में या अधिक देर तक होता है। | ಮಧುಮೇಹ,<br>ಸಕ್ಕರೆ ರೋಗ | मधुमेह,<br>सक्करॆ रोग | diabetes. |
| मधुर | वि. | 1. जिसका स्वाद मधु के समान हो, मीठा;<br>2. जो सब प्रकार की कटुताओं से रहित, और मधु के समान मीठा जान पड़े;<br>3. जो अपनी मनोहरता, सुन्दरता आदि के कारण प्रिय और भला लगता हो। | ಸಿಹಿಯಾದ;<br>ಮಧುರವಾದ;<br>ಮನೋಹರ | सिहियाद;<br>मधुरवाद;<br>मनोहर | sweet;<br>pleasant, pleasing, melodious, mellifluous;<br>charming, attractive. |
| मधुरता | स्त्री. | मधुर होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಮಾಧುರ್ಯ | माधुर्य | sweetness, pleasantness, softness, mellifluence, melodiousness. |
| मधूलिका | स्त्री. | 1. लता;<br>2. मुलेठी; | ಬಳ್ಳಿ;<br>ಅತಿಮಧುರ ಬೇರು; | बळ्ळि;<br>अतिमधुर बेरु; | kind of creeper;<br>liquorice; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मधूली नामक गेहूं से बनाई जानेवाली मदिरा। | ಗೋಧಿಯಿಂದ ತಯಾರಿಸಿದ ಮದ್ಯ | गोधियिंद तयारिसिद मद्य | arrac distilled from the blossom of the bassnia tree or any intoxicating drink. |
| मध्य | पु. | 1. किसी चीज के बीच का भाग; | ಮಧ್ಯಭಾಗ; | मध्यभाग; | middle, centre; |
| | | 2. तटस्थ या निष्पक्ष; | ನಿಷ್ಪಕ್ಷತೆ, ತಟಸ್ಥತೆ; | निष्पक्षतॆ तटस्थतॆ; | intermediary; |
| | | 3. संगीत में तीन सप्तकों में से बीचवाला सप्तक। | ಸಂಗೀತದಲ್ಲಿ ಮಧ್ಯಮ ಸಪ್ತಕ | संगीतदल्लि मध्यम सप्तक | medium tempo, middle octave. |
| | वि. | 1. बीच का; | ಮಧ್ಯದ, ನಡುವಣ; | मध्यद, नडुवण; | middle, central; |
| | | 2. जो बहुत अच्छा भी न हो और बहुत बुरा भी न हो। | ಸಾಧಾರಣವಾದ | साधारणवाद | mediocre. |
| मध्यम | वि. | 1. मध्य का या बीच का; | ಮಧ್ಯದ, ನಡುವಣ; | मध्यद, नडुवण; | medium, intermediate; |
| | | 2. मंद या हल्का; | ಮಂಕಾದ, ಮಂದವಾದ; | मंकाद, मंदवाद; | slow, dim; |
| | | 3. न बहुत अच्छा न बुरा, साधारण कोटि का। | ಸಾಧಾರಣವಾದ | साधारणवाद | fair, passable, mediocre, so-so. |
| | पु. | संगीत के सात स्वरों में से चौथा स्वर। | ಸಂಗೀತದಲ್ಲಿ ನಾಲ್ಕನೆಯ ಸ್ವರ | संगीतदल्लि नाल्कनॆय स्वर | fourth note of the Indian gamut. |
| मध्यम पुरूष | पु. | (व्याकरण) वक्ता की दृष्टि से उस व्यक्ति का वाचक सर्वनाम जिससे वह कुछ कह रहा हो। | ವ್ಯಾಕರಣದಲ್ಲಿ ಮಧ್ಯಮ ಪುರುಷ | व्याकरणदल्लि मध्यम पुरुष | (gram.) the second person. |
| मध्यम वर्ग | पु. | मनुष्य-समाज के आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टि से विभाजित वर्गों में से बीच का वर्ग। | ಸಮಾಜದ ಮಧ್ಯಮ ವರ್ಗ | समाजद मध्यम वर्ग | middle class. |
| मध्यमा | स्त्री. | 1. हाथ की बीचवाली उंगली; | ನಡುವಣ ಬೆರಳು; | नडुवण बॆरळु; | middle finger; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. साहित्य में वह नायिका जो अपने प्रिय के द्वारा हित अथवा अहित का व्यवहार देखकर उसके प्रति वैसा ही हित अथवा अहित का व्यवहार करती हो। | ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ಒಂದು ನಾಯಿಕಾ ಭೇದ | साहित्यदल्लि ऒंदु नायिका भेद | one of the classes of heroines in poetic composition, a woman in the middle of her youth. |
| **मध्यवर्ती** | वि. | 1. जो मध्य में वर्तमान या स्थित हो; | ಮಧ್ಯದಲ್ಲಿರುವ; | मध्यदल्लिरुव; | being in the middle, central, middle; |
| | | 2. जो दो पक्षों के बीच में रहकर उनमें सम्बन्ध स्थापित करता हो। | ಮಧ್ಯಸ್ಥ | मध्यस्थ | intermediary. |
| **मध्यस्थ** | वि. | 1. जो बीच या मध्य में स्थित हो; | ಮಧ್ಯದಲ್ಲಿರುವ; | मध्यदल्लिरुव; | standing or situated in the middle or midst. |
| | | 2. आपस में मेल या समझौता करानेवाला। | ಪರಸ್ಪರ ಒಪ್ಪಂದ ಮಾಡಿಸುವ | परस्पर ऒप्पंद माडिसुव | standing between two persons or parties, acting as mediator or umpire. |
| | पु. | वह जो दोनों विरोधी पक्षों में से किसी पक्ष में न हो। | ಪರಸ್ಪರ ವಿರೋಧ ಪಕ್ಷಗಳಲ್ಲಿ ಯಾವುದಕ್ಕೂ ಸೇರದ ವ್ಯಕ್ತಿ | परस्पर विरोध पक्षगळल्लि यावुदक्कू सेरद व्यक्ति | middle man, mediator, arbitrator, umpire. |
| **मध्यस्थता** | स्त्री. | 1. मध्यस्थ होने की अवस्था या भाव; | ಮಧ್ಯಸ್ಥಿಕೆ; | मध्यस्थिके; | middle state or character, intermediate situation; |
| | | 2. मध्यस्थ का काम या पद। | ಮಧ್ಯಸ್ಥಿಕೆಯ ಕೆಲಸ | मध्यस्थिकॆय कॆलस | mediatorship, umpireship, arbitration. |
| **मध्यांतर** | पु. | 1. दो घटनाओं, वस्तुओं आदि के मध्य या बीच का अंतर; | ನಡುವಣ ಅಂತರ; | नडुवण अंतर; | gap, difference; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी काम या बात के बीच में सुस्ताने आदि के लिए निकाला या नियत किया हुआ थोड़ा समय। | ವಿರಾಮ, ಮಧ್ಯಂತರ | विराम, मध्यंतर | recess, interval. |
| मध्याह्न | पु. | दिन के ठीक बीच का वह समय जब सूर्य सबसे ऊपर आ जाता है या उक्त समय के बाद का थोड़ी देर का समय। | ಮಧ್ಯಾಹ್ನ | मध्याह्न | mid-day, noon. |
| मन | पु. | 1. प्राणियों के अंतःकरण का वह अंश जिससे वे अनुभव, इच्छा, बोध, विचार और संकल्प करते हैं; | ಮನಸ್ಸು; | मनस्सु; | mind (considered as the seat of perception and passion), inclination etc.; |
| | | 2. हृदय, आत्मा; | ಹೃದಯ, ಆತ್ಮ; | हृदय, आत्म; | heart, soul, spirit; |
| | | 3. स्वभाव, प्रकृति; | ಸ್ವಭಾವ; | स्वभाव; | character, disposition, mood, temper; |
| | | 4. इच्छा, कामना; | ಇಚ್ಛೆ; | इच्छे; | desire, longing after; |
| | | 5. वज़न में चालीस सेर। | (ತೂಕ) ಮಣ | (तूक) मण | weight equal to forty seers. |
| मनका | पु. | 1. धातु, लकड़ी आदि का वह गोल या अंडाकार छोटा टुकड़ा जिसके बीचों-बीच छेद होता है तथा जो माला के रूप में पिरोया जाता है, एक साथ पिरोये जानेवाले बहुत से मनके माला का रूप धारण कर लेते हैं; | ಮಣಿ; | मणि; | bead (of gold or silver etc.); |
| | | 2. माला, सुमिरनी। | ಜಪಮಾಲೆ, ಮಾಲೆ | जपमाले, माले | rosary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मनगढ़ंत** | वि. | जिसकी वास्तविक सत्ता न हो, केवल कल्पना कर ली गई हो, मन द्वारा गढ़ा हुआ। | ಕಪೋಲ ಕಲ್ಪಿತ | कपोल कल्पित | fabricated, concocted, imaginary. |
| **मनचला** | वि. | 1. जो किसी एक वस्तु की प्राप्ति से संतुष्ट न होता हो बल्कि अनेक की प्राप्ति के लिए लालायित रहता हो; | ಚಂಚಲ; | चंचल; | one who does not stick to one thing, fidgety, frivolous; |
| | | 2. कामुक तथा रसिक स्वभाव वाला। | ಕಾಮುಕ ಸ್ವಭಾವವುಳ್ಳ | कामुक स्वभाववुळ्ळ | easy prey to female. |
| **मनचाहा** | वि. | 1. जिसे मन चाहता हो; | ಬಯಸಿದ; | बयसिद; | desired or wished for, favourite; |
| | | 2. इच्छानुसार किया हुआ। | ಮನಬಂದಂತೆ ಮಾಡಿದ | मनबंदंते माडिद | done of one's own accord, accomplished according to one's own wish. |
| **मनचीता** | वि. | दे. 'मनचाहा'। | ನೋಡಿ "मनचाहा" | नोडि "मनचाहा" | see 'मनचाहा'. |
| **मनन** | पु. | 1. मन लगाकर कोई काम सोचना या समझना; | ಮನನ | मनन | act of thinking or considering, meditating or reflecting (upon); reflection, meditation; |
| | | 2. किसी विषय के सब अंगों पर अच्छी तरह विचार करते हुए उसे समझने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न या प्रयास; | | | |
| | | 3. सुने हुए वाक्यों पर बार-बार विचार करना और प्रश्नोत्तर या शंका-समाधान द्वारा उसका निश्चय करना। | | | inference arrived at by reasoning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मननशील** | वि. | जो स्वभावतः मनन करने में प्रवृत्त रहता हो। | ಮನನಶೀಲ | मननशील | thoughtful, meditative, contemplative. |
| **मननीय** | वि. | ऐसा विषय जिस पर चिंतन मनन किया जाए। | ಮನನ ಮಾಡಲು ಅರ್ಹವಾದ | मनन माडलु अर्हवाद | contemplatable. |
| **मनबहलाव** | पु. | मनोरंजन। | ಮನೋರಂಜನೆ | मनोरंजने | amusement, recreation. |
| **मनभाया** | वि. | मन को जो भाता या रुचिकर प्रतीत होता हो। | ಮನಮೆಚ್ಚಿದ | मनमेच्चिद | agreeable to the mind or soul, pleasing, favourite. |
| **मनभावना** | वि. | दे. 'मनभाया'। | ನೋಡಿ "मनभाया" | नोडि "मनभाया" | see 'मनभाया'. |
| **मनमाना** | वि. | 1. स्वेच्छा से या अपनी रुचि के अनुकूल किया गया कार्य; | ತನ್ನ ರುಚಿಗೆ ತಕ್ಕಂತೆ ಮಾಡಿದ; | तन्न रुचिगे तक्कंते माडिद; | pleasing to one's own mind; |
| | | 2. जिसमें दूसरे की राय को कोई महत्व न दिया जाए, स्वेच्छाचारितापूर्ण। | ಸ್ವೇಚ್ಛೆಯಂತೆ ಮಾಡಿದ | स्वेच्छेयंते माडिद | arbitrary. |
| **मनमानी** | स्त्री. | 1. मनमाना कार्य; 2. वह स्थिति जिसमें औचित्य आदि का विचार किए बिना मनमाने ढंग से काम किया जाए। | ಸ್ವೇಚ್ಛಾಕಾರ್ಯ; ಉಚಿತಾನುಚಿತಗಳ ವಿಚಾರ ಮಾಡದೆ ಮಾಡಿದ ಕೆಲಸ | स्वेच्छाकार्य; उचितानुचितगळ विचार माडदे माडिद केलस | arbitrariness; self-will, wilfulness. |
| **मनमुटाव** | पु. | द्वेष आदि के फलस्वरूप होनेवाली वह स्थिति जिसमें किसी का मन दूसरे से कुछ खिंचा रहता है। | ದ್ವೇಷ | द्वेष | estrangement, antagonism, rift, rupture. |
| **मनमोदक** | पु. | केवल अपना मन प्रसन्न करने के लिए बनाई हुई ऐसी कल्पना जिसका कोई वास्तविक आधार न हो। | ಮನಸ್ಸಿನ ಮಂಡಿಗೆ, | मनस्सिन मंडिगे | illusory delight, castles in the air. |
| **मनमौज** | स्त्री. | 1. मन की तरंग; | ಮನದ ಅಲೆಗಳು; | मनद अलेगळु; | whim, caprice; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हार्दिक प्रसन्नता; | ಹಾರ್ದಿಕ ಆನಂದ; | हार्दिक आनंद: | pleasure, rapture, ecstasy; |
| | | 3. अपनी प्रसन्नता या सुख के लिए किया जानेवाला काम या खेल। | ಮನಸ್ಸಂತೋಷಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಡುವ ಕಾರ್ಯ, ಆಟಪಾಟ | मनससंतोषक्कागि माडुव कार्य, आटपाट | amusing thought, tickling fancy. |
| मनमौजी | वि. | अपने मन में उठी तरंग के अनुसार काम करनेवाला। | ಮನಬಂದಂತೆ ಮಾಡುವ | मनबंदंते माडुव | whimsical, self-willed, capricious. |
| मनवाना | स.क्रि. | 1. किसी को कुछ मान लेने में प्रवृत्त करना या विवश करना; | ಒಪ್ಪಿಸು; | ऑप्पिसु; | to cause to conciliate, or to be conciliated etc; |
| | | 2. मनवाने का काम दूसरे से करवाना। | ಒಪ್ಪಿಕೊಳ್ಳುವಂತೆ ಮಾಡು | ऑप्पिकोळ्ळु-वंते माडु | to get someone to be reconciled. |
| मनसा | क्रि. वि. | मन के द्वारा या मन से। | ಮನಃಪೂರ್ವಕವಾಗಿ | मनःपूर्वकवागि | mentally, through the mind. |
| मनसूबा (मंसूबा) | पु. | 1. कोई काम करने से पहले मन में सोची जानेवाली युक्ति; | ಯೋಜನೆ, ಯುಕ್ತಿ, ನಕ್ಷೆ; | योजने, युक्ति, नक्षे; | plan, design; |
| | | 2. इरादा, विचार; | ಇಚ್ಛೆ, ವಿಚಾರ; | इच्छे, विचार; | intention; |
| | | 3. योजना। | ಯೋಜನೆ | योजने | project, scheme. |
| मनस्ताप | पु. | 1. मनःपीड़ा; | ಮನದ ದುಗುಡ; | मनद दुगुड; | mental pain, anguish; |
| | | 2. अनुताप या पश्चाताप। | ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪ | पश्चात्ताप | remorse. |
| मनस्वी | वि. | 1. श्रेष्ठ मन से सम्पन्न या उच्च विचारवाला; | ಉತ್ತಮ ವಿಚಾರವುಳ್ಳ; | उत्तम विचारवुळ्ळ; | intelligent, high-souled, high-minded; |
| | | 2. मनमाना आचरण करने-वाला, स्वेच्छाचारी। | ಸ್ವೇಚ್ಛಾಚಾರಿ | स्वेच्छाचारि | arbitrary. |
| मनहूस | वि. | 1. अशुभ, बुरा; | ಕೆಟ್ಟ, ಅಶುಭ; | केट्ट, अशुभ; | ill-omened, inauspicious; |
| | | 2. अभागा, बदकिस्मत। | ಭಾಗ್ಯಹೀನ | भाग्यहीन | ill-fated, gloomy. |
| मना | वि. | जिसके सम्बन्ध में निषेध हो। | ನಿಷೇಧಿಸಿದ | निषेधिसिद | prohibited, forbidden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मनाना** | स.क्रि. | 1. किसी को किसी काम या बात के लिए तत्पर या राजी करना; | મનાવવું | ओप्पिसु; | to persuade, to prevail upon; |
| | | 2. रूठे हुए को प्रसन्न करना; | ಸಮಾಧಾನಗೊಳಿಸು; | समाधानगोळिसु; | to propitiate, to assuage, to appease; |
| | | 3. प्रार्थना या स्तुति करना; | ನುತಿಸು; | नुतिसु; | to invoke, to call upon (God); |
| | | 4. किसी उत्सव, समारोह या संस्कार का आयोजन करना। | ಉತ್ಸವ ಆದಿ ಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸು | उत्सव आदिगळन्नु एर्पडिसु | to celebrate. |
| **मनाही** | स्त्री. | कोई काम न करने की आज्ञा या निषेध। | ನಿಷೇಧಾಜ್ಞೆ | निषेधाज्ञे | prohibition, ban. |
| **मनिहार** | पु. | चूड़ी बनानेवाला, चूड़ीहार। | ಬಳೆಗಾರ | बळेगार | maker and/or seller of bangles. |
| **मनीषा** | स्त्री. | 1. मन या मस्तिष्क की वह विशिष्ट शक्ति जिससे वह इच्छा, कामना, सोच-विचार आदि करता है; | ಮನಸ್ಸಿನ ವಿಚಾರಶಕ್ತಿ; | मनस्सिन विचारशक्ति; | wisdom, intelligence, intellectual faculty; |
| | | 2. अभिलाषा या इच्छा। | ಇಚ್ಛೆ | इच्छे | desire, wish. |
| **मनीषी** | स्त्री. | 1. ज्ञानी, पंडित, विद्वान; | ಜ್ಞಾನಿ, ಪಂಡಿತ; | ज्ञानि, पंडित; | wise, learned; |
| | | 2. बुद्धिमान; | ಬುದ್ಧಿಶಾಲಿ; | बुद्धिशालि; | intelligent, clever, prudent |
| | | 3. यथेष्ट मनन और विचार करनेवाला, विचारशील। | ವಿಚಾರಶೀಲ | विचारशील | thoughtful. |
| **मनुज** | पु. | मनुष्य। | ಮನುಷ್ಯ | मनुष्य | human being, man. |
| **मनुष्य** | पु. | जरायुज जाति का एक स्तनपायी प्राणी जो अपने मस्तिष्क या बुद्धिबल की अधिकता के कारण सब प्राणियों में श्रेष्ठ है, आदमी, नर। | ಮನುಷ್ಯ | मनुष्य | see 'मनुज'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मनुष्यता | स्त्री. | 1. मनुष्य होने की अवस्था या भाव; | ಮಾನವತೆ; | मानवते; | state or condition of being a man, manhood, humanity; |
| | | 2. वे बातें जो किसी मनुष्य को शिक्षित और सभ्य समाज में उठने-बैठने के लिए आवश्यक होती हैं। | ಸಭ್ಯ ಸಮಾಜದಲ್ಲಿ ವ್ಯವಹರಿಸುವ ರೀತಿ | सभ्य समाजदल्लि व्यवहरिसुव रीति | the aggregate of human qualities. |
| मनुहार | स्त्री. | 1. किसी रूठे हुए व्यक्ति को मनाने तथा उसका मान छुड़ाने के लिए की जानेवाली विनती या मीठी-मीठी बातें; | ರೊಚ್ಚಿಗೆದ್ದವರನ್ನು ಒಳ್ಳೆಯ ಮಾತಿನಿಂದ ಸಮಾಧಾನ ಪಡಿಸುವಿಕೆ; | रोच्चिगॆद्दवरन्नु ऒळ्ळॆय मातिनिंद समाधान पडिसुविकॆ; | appeasement, pacification; |
| | | 2. खुशामद। | ಪುಸಲಾಯಿಸುವಿಕೆ | पुसलायिसुविकॆ | flattery, adulation. |
| मनोकामना | स्त्री. | मन में रहनेवाली कामना या अभिलाषा। | ಅಭಿಲಾಷೆ | अभिलाषॆ | heart's desire, wish. |
| मनोगत | वि. | मन में आया या उठा हुआ। | ಮನದಲ್ಲುದಿಸಿದ | मनदल्लुदिसिद | existing or passing in the mind, internal, inward. |
| | पु. | 1. कामदेव; 2. विचार। | ಕಾಮದೇವ; ವಿಚಾರ | कामदेव; विचार | cupid; an idea, thought, notion. |
| मनोज्ञ | वि. | मनोहर या सुंदर। | ಸುಂದರ | सुंदर | pleasing, lovely, beautiful, charming. |
| मनोज्ञता | स्त्री. | सुंदरता या मनोहरता। | ಸುಂದರತೆ, ಮನೋಹರತೆ | सुंदरतॆ, मनोहरतॆ | loveliness, beauty, charm. |
| मनोदशा | स्त्री. | किसी कार्य या विषय के प्रति समय विशेष पर होनेवाली मनकी अवस्था या दशा। | ಮನಃಸ್ಥಿತಿ | मनःस्थिति | mood. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मनोनिग्रह** | पु. | विषय-वासनाओं में प्रवृत्त होने से मन को रोकना, मन को वश में रखना। | ಮನೋನಿಗ್ರಹ | मनोनिग्रह | mental restraint, self-control. |
| **मनोनीत** | वि. | 1. मन में आया हुआ; | ಬಯಸಿದ; | बयसिद; | taken by the mind, made choice of, wished for; |
| | | 2. जिसका मनोनयन हुआ या किया गया हो, नामज़द, नामांकित। | ಹೆಸರಿಸಿದ | हेसरिसिद | nominated, designated |
| **मनोनुकूल** | वि. | इच्छित, इच्छा या मन के अनुसार। | ಮನೋನುಕೂಲ, ಮನಸ್ಸಿಗೆ ಅನುಕೂಲವಾದ | मनोनुकूल, मनस्सिगे अनुकूलवाद | desired, wished for, pleasant to the mind. |
| **मनोबल** | पु. | मानसिक बल या आत्मिक शक्ति। | ಮನೋಬಲ | मनोबल | moral strength, morale. |
| **मनोभाव** | पु. | मन में उत्पन्न होनेवाला या रहनेवाला विचार। | ಮನೋಭಾವ | मनोभाव | emotion, feeling, sentiment. |
| **मनोमालिन्य** | पु. | मन में रहनेवाला दुर्भाव या बैर-विरोध जो जल्दी ऊपर प्रकट न होता हो, मनमुटाव, रंजिश। | ಮನೋಮಾಲಿನ್ಯ | मनोमालिन्य | estrangement, ill-will, rupture. |
| **मनोयोग** | पु. | किसी काम या बात में मन को एकाग्र करके लगाना। | ಮನೋಯೋಗ | मनोयोग | close attention, concentration, singlemindedness. |
| **मनोरंजक** | वि. | मन बहलाकर प्रसन्न करनेवाला। | ಮನರಂಜನೆಯುನ್ನುಂಟುಮಾಡುವ | मनरंजनेयन्नुंटु-माडुव | interesting, amusing, recreative, entertaining. |
| **मनोरंजन** | पु. | दिल-बहलाव या मन को प्रसन्न करना। | ಮನಸ್ಸನ್ನು ಸಂತೋಷಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | मनस्सन्नु संतोष-गोळिसुविके | amusement, recreation, entertainment. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मनोरथ** | पु. | अभिलाषा या इच्छा। | ಮನೋರಥ | मनोरथ | wish, desire, longing. |
| **मनोरम** | वि. | सुन्दर या आकर्षक। | ಸುಂದರವಾದ, ಆಕರ್ಷಕವಾದ | सुंदरवाद, आकर्षकवाद | attractive, pleasing, charming, lovely, beautiful. |
| **मनोवांछित** | वि. | जो मन में चाहा गया हो। | ಇಷ್ಟಪಟ್ಟ, ಬಯಸಿದ | इष्टपट्ट, बयसिद | desired, wished, longed for. |
| **मनोविकार** | पु. | मन में उठनेवाला कोई भाव या विचार। | ಮನೋವಿಕಾರ | मनोविकार | emotion, feeling, passion. |
| **मनोविज्ञान** | पु. | वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें मनुष्य के मन, उसकी विभिन्न अवस्थाओं तथा क्रियाओं, उस पर पड़नेवाले प्रभावों आदि का अध्ययन तथा विवेचन होता है। | ಮನೋವಿಜ್ಞಾನ | मनोविज्ञान | psychology. |
| **मनोविनोद** | पु. | मनोरंजन। | ಮನರಂಜನೆ | मनरंजनॆ | amusement, pastime, hobby. |
| **मनोविश्लेषण** | पु. | आधुनिक मनोविज्ञान की वह शाखा जिसमें कुछ विशिष्ट प्रकार के रोगों और विकारों का उपचार या चिकित्सा यह मानकर की जाती है कि वे रोग कुछ मनोवेगों का दमन करने से उत्पन्न होते हैं। | ಮನೋವಿಶ್ಲೇಷಣೆ | मनोविश्लेषणॆ | psycho-analysis. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मनोवृत्ति | स्त्री. | वह मानसिक शक्ति या स्थिति जिसके कारण मनुष्य किसी ओर प्रवृत्त होता अथवा उससे हटता है। | ಪ್ರವೃತ್ತಿ ನಿವೃತ್ತಿಗಳನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ಮನಃಸ್ಥಿತಿ | प्रवृत्ति निवृत्तिगळन्नु सूचिसुव मनःस्थिति | mental disposition, temper, mentality. |
| मनोवेग | पु. | मन में उत्पन्न होनेवाला तीव्र विकार। | ಮನೋವೇಗ | मनोवेग | passion, impulse. |
| मनोवैज्ञानिक | वि. | मनोविज्ञान का या उससे संबंधित। | ಮನೋವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | मनोविज्ञानक्के संबंधिसिद | psychological. |
| | पु. | वह जो मनोविज्ञान का ज्ञाता हो। | ಮನಃ ಶಾಸ್ತ್ರಜ್ಞ, ಮನೋವೈಜ್ಞಾನಿಕ | मनःशास्त्रज्ञ, मनोवैज्ञानिक | psychologist. |
| मनोव्यथा | स्त्री. | मन में होनेवाली व्यथा या पीड़ा। | ಮನೋವ್ಯಥೆ | मनोव्यथे | mental agony, anguish, affliction. |
| मनोहर | वि. | 1. मन को हरनेवाला; | ಮನೋಹರ; | मनोहर; | captivating, fascinating; |
| | | 2. मनोज्ञ या सुन्दर। | ಸುಂದರ | सुंदर | beautiful, lovely, charming. |
| मनोहरता | स्त्री. | मनोहर होने की अवस्था या भाव, सुन्दरता। | ಸುಂದರತೆ | सुंदरते | charm, attractiveness, fascination, beauty. |
| मनौती | स्त्री. | 1. रूठे हुए को मनाने की क्रिया या भाव; | ಸಮಾಧಾನ ಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | समाधान गॊळिसुविकॆ; | appeasement; |
| | | 2. देवी-देवता के प्रति की जानेवाली यह प्रतिज्ञा या संकल्प कि अमुक मनोरथ सिद्ध हो जाने पर हम आपकी अमुक प्रकार से पूजा करके आपको प्रसन्न करेंगे। | (ದೇವರಿಗೆ) ಮುಡುಪು, ಮುಡಿಪು, ಮೀಸಲು | (देवरिगॆ) मुडुपु, मुडिपु, मीसलु | offering promised to a deity for fulfilment of some desire. |
| मन्नत | स्त्री. | दे. 'मनौती'। | ನೋಡಿ "मनौती" | नोडि "मनौती" | see 'मनौती'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ममता** | स्त्री. | 1. अपनत्व का भाव, ममत्व; | ತನ್ನತನ; | तन्नतन; | sense of 'meum'; |
| | | 2. परम आत्मीयता के कारण मन में होनेवाला प्रेम,स्नेह; | ಆತ್ಮೀಯತೆ; | आत्मीयतॆ; | affection, attachment; |
| | | 3. मन में होनेवाला किसी प्रकार का मोह या लोभ। | ಮಮತ್ವ | ममत्व | fascination. |
| **ममत्व** | पु. | दे. 'ममता'। | ನೋಡಿ "ममता" | नोडि "ममता" | see 'ममता'. |
| **ममिया-ससुर** | पु. | जो सम्बन्ध में पति या पत्नी का मामा हो। | ಸೋದರ ಮಾವ | सोदर माव | maternal uncle-in-law. |
| **ममिया-सास** | स्त्री. | जो सम्बन्ध में पत्नी या पति की मामी हो। | ಸೋದರ ಅತ್ತೆ | सोदर अत्तॆ | maternal aunt-in-law. |
| **मय** | प्रत्य. | एक प्रत्यय जो तद्रूप विकार और प्राचुर्य के अर्थ में शब्दों के साथ लगाया जाता है। | ತದ್ರೂಪತೆ, ಆಧಿಕ್ಯ, ಆದಿಯನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ಪ್ರತ್ಯಯ 'ಮಯ' ಉದಾ– ಮನೋಮಯ ಆದಿ | तद्रूपतॆ, आधिक्य, आदियन्नु सूचिसुव प्रत्यय "मय" उदा- मनोमय आदि | Sanskrit suffix imparting the meaning of consisting of, made or composed of, abounding in, full of. |
| **मयस्सर** | वि. | हाथ में आया हुआ या प्राप्त। | ಪ್ರಾಪ್ತವಾದ | प्राप्तवाद | obtained, attained, available. |
| **मयूर** | पु. | मोर। | ನವಿಲು | नविलु | peacock. |
| **मरकहा (मरखना)** | वि. | मारनेवाला (पशु)। | ತಿವಿಯುವ (ಪ್ರಾಣಿ) | तिवियुव (प्राणि) | (animal) prone to hitting or striking. |
| **मरघट** | पु. | वह स्थान जहां चिताएं जलती हों। | ಸ್ಮಶಾನ | स्मशान | cremation ground. |
| **मरज** | पु. | 1. रोग, बीमारी; | ರೋಗ; | रोग; | disease, ailment, malady; |
| | | 2. खराब आदत या लत। | ಕೆಟ್ಟ ಅಭ್ಯಾಸ, ಚಟ | कॆट्ट अभ्यास, चट | addiction, bad habit. |
| **मरजी** | स्त्री. | 1. इच्छा या कामना; | ಇಚ್ಛೆ; | इच्छॆ; | desire; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी काम, बात या व्यक्ति के प्रति होनेवाला अनुकूल मनोभाव या वृत्ति; | ಮನೋವೃತ್ತಿ; | मनोवृत्ति; | inclination, pleasure; |
| | | 3. अनुज्ञा, अनुमति। | ಅನುಮತಿ | अनुमति | assent, consent. |
| **मरण** | पु. | मरने की क्रिया या भाव। | ಸಾಯುವಿಕೆ, ಸಾವು | सायुविके, सावु | dying, death. |
| **मरणशील** | वि. | मर जाना जिसका धर्म या स्वभाव हो। | ಮರಣಶೀಲ | मरणशील | mortal. |
| **मरणोन्मुख** | वि. | जो मर रहा हो या जल्दी मरनेवाला हो। | ಸಾವು ಸಮೀಪಿಸಿದ | सावु समीपिसिद | on the point of death, near death. |
| **मरना** | अ.क्रि. | 1. मृत्यु को प्राप्त करना या प्राणांत होना; | ಸಾಯು; | सायु; | to die, expire; |
| | | 2. वनस्पतियों आदि का सूखकर नष्ट हो जाना; | ನಷ್ಟಗೊಳ್ಳು; | नष्टगॊळ्ळु; | to fade, wither. |
| | | 3. अत्यधिक कष्ट भोगना या परेशान होना; | ಬಹಳ ಕಷ್ಟಕ್ಕೀಡಾಗು; | बहळ कष्टक्कीडागु; | to labour or toil hard, to sweat and groan, to suffer hardship; |
| | | 4. खेलों में खिलाड़ियों का हार जाना; | ಸೋತು ಹೋಗು; | सोतु होगु; | to be dead or out (as in a game); |
| | | 5. किसी चीज का दूसरी चीज में या किसी स्थान में विलीन होना या समा जाना; | ಅಳಿದು ಹೋಗು; | अळिदु होगु; | elimination or absorption of something in some place or some other thing (as पानी मरना); |
| | | 6. बहुत धीमा होना या मंद पड़ना; | ಸೊರಗು; ಮಂದವಾಗು; | सॊरगु, मंदवागु; | to sink, to fade away; |
| | | 7. किसी पर आसक्त होना। | ಪ್ರೇಮಾಸಕ್ತನಾಗು | प्रेमासक्तनागु | to set the heart upon, to be desperately in love with. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मरना-जीना | पु. | गृहस्थी में प्रायः होनेवाली सुखद या दुःखद घटनाएं, उनसे संबंधित कर्मकाण्ड या कृत्य। | ಸಾಂಸಾರಿಕ ಕಷ್ಟ ಸುಖಗಳು | सांसारिक कष्ट सुखगळु | sad or happy occurrences in a family or the rituals. |
| मरम्मत | स्त्री. | 1. टूटी-फूटी अथवा बिगड़ी हुई वस्तु को ठीक करके अच्छी स्थिति में लाने का काम; | ದುರಸ್ತಿ, ರಿಪೇರಿ; | दुरस्ति, रिपेरि; | repair, mending. |
| | | 2. (लाक्षणिक अर्थ में) वह मारपीट जो किसी को सीधे रास्ते पर लाने के लिए की जाए। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ದಾರಿಗೆ ತರಲು ಕೊಡುವ ಶಿಕ್ಷೆ, ಮಾಡುವ ದಂಡನೆ | (लाक्षणिक) दारिगे तरलु कॊडुव शिक्षे, माडुव दंडने | (fig.) punishment given with the object of mending someone. |
| मरवाना | स.क्रि. | 1. मारने का काम किसी दूसरे से करवाना; | ಸಾಯಿಸು; | सायिसु; | to cause to be killed, to cause to be put to death, to cause to be beaten, etc; |
| | | 2. (लाक्षणिक अर्थ में) किसी को चतुराई से किसी काम में फंसाना। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಯುಕ್ತಿಯಿಂದ ತೊಡಕಿನಲ್ಲಿ ಸಿಕ್ಕುವಂತೆ ಮಾಡು | (लाक्षणिक) युक्तियिंद तॊडकिनल्लि सिक्कुवंते माडु | to embroil, to involve. |
| मरसा | पु. | एक प्रकार का साग। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಸೊಪ್ಪಿನ ಪಲ್ಯ | ऒंदु बगॆय सॊप्पिन पल्य | a species of pot-herb, **Amaranthus** obraceus. |
| मरसिया | पु. | उर्दू भाषा में शोकसूचक कविता जो किसी की मृत्यु के सम्बन्ध में लिखी जाती है। | ಚರಮಗೀತೆ, ಶೋಕಗೀತೆ | चरमगीते, शोकगीते | elegy, dirge. |
| मरहम (मलहम) | पु. | औषधियों का वह गाढ़ा और चिकना लेप जो चमड़ी, घाव या फोड़े पर उपचार के लिए लगाया जाता है। | ಮುಲಾಮು | मुलामु | ointment. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मरहमपट्टी** | स्त्री. | आघात की चिकित्सा के लिए घाव पर लगाया जानेवाला मरहम और पट्टी। | ಬ್ಯಾಂಡೇಜು, ಗಾಯಗಳಿಗೆ ಕಟ್ಟುವ ಪಟ್ಟಿ | व्यांडेजु, गायगळिगॆ कट्टुव पट्टि | dressing, bandage. |
| **मराल** | पु. | 1. एक किस्म की सफेद बत्तख जिसकी टांगें और चोंच हल्की ललाई लिए होती है;<br>2. बादल या मेघ। | ಹಂಸ;<br>ಮೇಘ, ಮೋಡ | हंस;<br>मेघ, मोड | a species of goose (with red legs and bill);<br>cloud. |
| **मरियल** | वि. | इतना अधिक दुर्बल कि मरा हुआ सा जान पड़े। | ಸಾಯುವಂತಿರುವ | सायुवंतिरुव | week, feeble, rickety. |
| **मरीचिका** | स्त्री. | वातावरण की विशिष्ट स्थितियों के कारण दिखाई देनेवाला भ्रामक दृश्य। | ಬಿಸಿಲು ಕುದುರೆ, ಮೃಗಜಲ | बिसिलु कुदुरॆ, मृगजल | the mirage, illusion. |
| **मरीज** | वि., पु. | रोगी या बीमार। | ರೋಗಿ | रोगि | sick person, patient. |
| **मरुभूमि** | स्त्री. | रेगिस्तान। | ಮರುಭೂಮಿ, ಮರಳುಕಾಡು | मरुभूमि, मरळुकाडु | desert. |
| **मरुस्थल** | पु. | दे. 'मरुभूमि'। | ನೋಡಿ "**मरुभूमि**" | नोडि "मरुभूमि" | see 'मरुभूमि'. |
| **मरोड़** | पु. | 1. मरोड़ने की क्रिया या भाव;<br>2. मरोड़ने के कारण पड़ने वाला बल;<br>3. अपच के कारण पेट में रह-रहकर होने वाली ऐंठन। | ತಿರಿಚುವಿಕೆ, ಹೊಸೆಯುವಿಕೆ;<br>ಸುರುಳಿ, ನುಲಿಕೆ, ಹುರಿ;<br>ಹೊಟ್ಟೆ ನುಲಿತ | तिरिचुविकॆ, हॊसॆयुविकॆ;<br>सुरुळि, नुलिकॆ, हुरि;<br>हॊट्टॆ नुलित | turn, bend, twist;<br>convolution, contortion;<br>contortion, wrench. |
| **मरोड़ना** | स.क्रि. | 1. किसी चीज में घुमाव डालने के उद्देश्य से उसे कुछ जोर से घुमाना;<br>2. किसी चीज को ऐसी स्थिति में लाना कि उसमें कुछ तनाव या ऐंठन आ जाए। | ನುಲಿದು ಹೊಸೆ;<br>ಹುರಿಯಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು | नुलिदु हॊसॆ;<br>हुरियागुवंतॆ माडु | to turn, to bend, to twist;<br>to contort, to wring. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मर्तबान** | पुं. | शीशे या चीनी का बड़ा बर्तन जिसमें अचार आदि रखा जाता है। | ಜಾಡಿ | जाडि | glazed earth ware, jar used for keeping preserves, pickles, etc. |
| **मर्त्यलोक** | पुं. | पृथ्वी। | ಭೂಲೋಕ,<br>ಮರ್ತ್ಯಲೋಕ | भूलोक, मर्त्यलोक | world, habitation of mortals, earth. |
| **मर्द (मरद)** | पुं. | 1. पुरुष;<br>2. लाक्षणिक अर्थ में शक्तिशाली पुरुष;<br>3. पति, स्वामी। | ಗಂಡಸು;<br>(ಲಾಕ್ಷಣಿಕ)<br>ಪೌರುಷವಂತ;<br>ಗಂಡ | गंडसु;<br>(लाक्षणिक)<br>पौरुषवंत;<br>गंड | man, male;<br>brave and strong man;<br>husband. |
| | वि. | वीर, साहसी। | ವೀರ | वीर | brave, valiant. |
| **मर्दन** | पुं. | 1. शरीर पर कोई स्निग्ध पदार्थ या औषधि रगड़कर मलने की क्रिया या भाव; | ಉಜ್ಜುವಿಕೆ,<br>ತೀಡುವಿಕೆ,<br>ತಿಕ್ಕುವಿಕೆ; | उज्जुविकॆ,<br>तीडुविकॆ,<br>तिक्कुविकॆ; | rubbing, anointing; |
| | | 2. इस प्रकार किसी चीज को मलना या रगड़ना कि वह क्षत-विक्षत हो जाए; | ಹೊಸಕುವಿಕೆ; | हॊसकुविकॆ; | crushing, crumbling; |
| | | 3. कुचलना, रौंदना; | ತುಳಿದು ಹೊಸಕಿ<br>ಹಾಕುವಿಕೆ; | तुळिदु हॊसकि<br>हाकुविकॆ; | trampling, treading down; |
| | | 4. पीसना, रगड़ना। | ಅರೆದು ಪುಡಿ<br>ಪುಡಿ ಮಾಡುವಿಕೆ | अरॆदु पुडि पुडि<br>माडुविकॆ | crushing, grinding, pounding. |
| **मर्द-बच्चा (मरद-बच्चा)** | पुं. | बहादुर, वीर। | ಶೂರ, ವೀರ | शूर, वीर | valorous, brave, dauntless. |
| **मर्दानगी (मरदानगी)** | स्त्री. | पौरुष। | ಪೌರುಷ | पौरुष | manliness, bravery, courage, prowess. |
| **मर्दाना (मरदाना)** | वि. | 1. मर्द या पुरुष संबंधी; | ಗಂಡುತನದ; | गंडुतनद; | of or pertaining to or suitable to a man; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पुरुषोचित; | ಪುರುಷೋಚಿತ; | पुरुषोचित; | man-like, masculine, manly; |
| | | 3. मर्दों या वीरों जैसा। | ವೀರೋಚಿತ | वीरोचित | brave, valorous. |
| **मर्म** | पु. | 1 किसी बात के अन्दर छिपा हुआ तत्व; | ಮರ್ಮ | मर्म | secret, implied meaning; |
| | | 2. भेद, रहस्य; | | | secret, mystery; |
| | | 3. प्राणियों के शरीर में वह स्थान जहां आघात पहुंचने से अधिक वेदना होती है और मृत्यु तक की सम्भावना होती है; | | | core or vital part of the body, week, vulnerable or mortal point; |
| | | 4. हृदय। | | | secret recess (of the heart, etc.), the innermost heart. |
| **मर्मघाती** | वि. | मर्म पर आघात करनेवाला। | ಮರ್ಮಾಘಾತ ಮಾಡುವ | मर्माघात माडुव | one who strikes at the most vulnerable point, one who makes a fatal strike. |
| **मर्मज्ञ** | वि. | किसी बात का तत्व या गूढ़ रहस्य समझनेवाला, विद्वान, पंडित। | ರಹಸ್ಯವನ್ನರಿತ, ಪಂಡಿತ | रहस्यवन्नरित, पंडित | knowing mysteries, familiar with the most secret or recondite portions of a subject, deeply versed in, learned man. |
| **मर्मभेदी** | वि. | 1. मर्मस्थल अर्थात् हृदय पर आघात करनेवाला; | ಮರ್ಮಭೇದಿ | मर्मभेदि | moving, touching poignant; |
| | | 2. आंतरिक कष्ट देनेवाला। | | | excessively painful, heartrending. |
| **मर्म-वचन** | पु. | ऐसा कथन, बात या वचन जो मर्म या हृदय पर आघात करनेवाला हो। | ಮನಮುಟ್ಟುವ ಅಥವಾ ಮನ ನೋಯುವಂತಹ ಮಾತು | मनमुट्टुव अथवा मननोयुवंतह मातु | touching or subtle words. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मर्मस्थल** | पु. | 1. शरीर का कोई ऐसा अंग जिस पर आघात लगने से बहुत अधिक पीड़ा होती है और जिससे मनुष्य मर सकता है; | ಮರ್ಮಸ್ಥಳ | मर्मस्थळ | vital part, vulnerable place, tender spot. |
| | | 2. हृदय, जिस पर किसी की बात का आघात लगता है। | | | heart. |
| **मर्मस्पर्शी** | वि. | मर्म को स्पर्श करने अर्थात् उस पर प्रभाव डालनेवाला। | ಹೃದಯದ ಮೇಲೆ ಪ್ರಭಾವ ಬೀರುವ, ಮರ್ಮಸ್ಪರ್ಶಿ | हृदयद मेले प्रभाव बीरुव, मर्मस्पर्शि | touching, moving, poignant, heart-rending. |
| **मर्माहत** | वि. | जिसके मर्म पर आघात किया गया हो। | ಹೃದಯಕ್ಕೆ ನೋವನ್ನುಂಟುಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | हृदयक्के नोवन्नुंटु माडल्पट्ट | vitally struck, heart-rent. |
| **मर्यादा** | वि. | 1. सीमा या हद; | ಮರ್ಯಾದೆ | मर्यादे | limit, boundary, ambit; |
| | | 2. सदाचार; | | | propriety of conduct, decorum, decency; |
| | | 3. लोक में प्रचलित व्यवहार और उसके नियम आदि; | | | established usage, social code, custom; |
| | | 4. मान, गौरव या प्रतिष्ठा। | | | rank, station, dignity. |
| **मल** | पु. | 1. मैल; 2. शरीर से निकलनेवाली मैल या विकार; 3. गूह, विष्ठा। | ಕೊಳೆ,ಮಲ | कॊळॆ,मल | rubbish, dirt, filth; any excretion of the body; excrement, refuse, sewage. |
| **मलना** | स.क्रि. | 1. किसी पदार्थ को दूसरे पदार्थ पर लगाने के उद्देश्य से रगड़ना या घिसना; | ಉಜ್ಜು, ತಿಕ್ಕು; | उज्जु, तिक्कु; | to rub, to massage; |
| | | 2. लेप करना। | ಬಳಿ, ಸವರು, ಲೇಪಿಸು | बळि, सवरु, लेपिसु | to anoint, to smear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मलनी** | स्त्री. | आठ-दस अंगुल लंबा दो अंगुल चौड़ा, सुडौल और चिकने बांस का वह टुकड़ा जिससे कुम्हार बरतनों की फालतू मिट्टी काटकर निकालते हैं। | ಕುಂಬಾರನ ಬಿದಿರು ಚಕ್ಕೆ | कुंबारन बिदिरु चक्के | bamboo splinter used by potters to remove superfluous earth while shaping the pots. |
| **मलबा** | पु. | 1. कूड़ा-करकट; | ಕಸ; | कस; | rubbish, refuse; |
| | | 2. टूटी या गिराई हुई इमारत का ईंट-पत्थर, चूना आदि। | ಮುರುಕಲುಗುಪ್ಪೆ | मुरुकलुगुप्पे | the rubbish of a fallen building or wall, debris. |
| **मलमल** | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध पतला कपड़ा। | ಮಲ್ಲಿನ ಬಟ್ಟೆ, ಮಸ್ಲಿನ್ ಬಟ್ಟೆ | मल्लिन बट्टे, मस्लिन् बट्टे | muslin. |
| **मलमास** | पु. | वह मास जिसमें संक्रान्ति न पड़ती हो, दो संक्रान्तियों के बीच में पड़नेवाला चंद्रमास। | ಅಧಿಕ ಮಾಸ | अधिक मास | an intercalary (thirteenth) month. |
| **मलयानिल** | पु. | मलय पर्वत की ओर से आनेवाली शीतल और सुगन्धित वायु। | ಮಲಯಮಾರುತ | मलयमारुत | the cool and fragrant south wind from the Malaya mountain. |
| **मलवाना** | स.क्रि. | मलने का काम दूसरे से करवाना। | ತಿಕ್ಕಿಸು, ಉಜ್ಜಿಸು | तिक्किसु, उज्जिसु | to have or get (a thing) rubbed. |
| **मलाई** | स्त्री. | 1. मलने की क्रिया या भाव; | ಉಜ್ಜಿಸುವಿಕೆ; | उज्जिसुविके; | the act of kneading or rubbing; |
| | | 2. मलने की मजदूरी या पारिश्रमिक; | ಉಜ್ಜಿ ತಿಕ್ಕಿದ ಕೂಲಿ; | उज्जि तिक्किद कूलि; | the wages paid for kneading or rubbing; |
| | | 3. वह गाढ़ा, चिकना अंश जो दूध उबालने पर उसके ऊपर जमने और तैरने लगता है, बालाई। | ಕೆನೆ | केने | cream of milk. |
| **मलाल** | पु. | 1. दुःख, रंज; | ದುಃಖ; | दुःख; | grief, anguish; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पश्चाताप। | ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪ | पश्चात्ताप | remorse, compunction. |
| मलावरोध | पुं. | मल का रुकना या कब्जियत। | ಮಲಬದ್ಧತೆ | मलबद्धतॆ | constipation of the bowels. |
| मलाशय | पुं. | शरीर में अंतड़ियों के नीचे का वह हिस्सा जिसमें शौच के समय बाहर निकलने से पहले मल एकत्र होता है। | ಮಲಾಶಯ | मलाशय | rectum. |
| मलिका | स्त्री. | महारानी। | ಮಹಾರಾಣಿ | महाराणि | queen. |
| मलिन | वि. | 1. मैला कुचैला, गंदा; | ಕೊಳೆಯಾದ; | कॊळॆयाद; | dirty, filthy, tarnished, stained; |
| | | 2. धीमा, मंद (प्रकाश); | ಮಸುಕಾದ (ಬೆಳಕು); | मसुकाद (बॆळकु); | obscured, dull or dim (light etc.); |
| | | 3. उदास, म्लान। | ಬಾಡಿದ | बाडिद | sad, downcast, melancholy. |
| मलिनता | स्त्री. | मलिन होने की अवस्था या भाव। | ಮಾಲಿನ್ಯ, ಕೊಳಕುತನ | मालिन्य, कॊळकुतन | dirtiness, filthiness, impurity. |
| मलीदा | पुं. | रोटी या पकवान का चूर-चूर करके और अच्छी तरह मलकर बनाया जाने वाला एक प्रकार का खाद्य-पदार्थ जो चूरमे की तरह होता है। | ಸಕ್ಕರೆ,ತುಪ್ಪ,ಬೆಣ್ಣೆ ಗಳನ್ನು ಬೆರೆಸಿ. ಮಾಡಿದ ತಿನಿಸು | सक्करॆ,तुप्प, बॆण्णॆगळन्नु बॆरॆसि माडिद तिनिसु | cake made of pounded meal (or of flour) with butter and sugar. |
| मलीन | वि. | दे. 'मलिन'। | ನೋಡಿ "मलिन" | नोडि "मलिन" | see 'मलिन'. |
| मल्ल | पुं. | पहलवान। | ಜಟ್ಟಿ, ಪೈಲ್ವಾನ | जट्टि, पैल्वान | professional wrestler or boxer. |
| मल्ल-क्रीड़ा | स्त्री. | मल्लयुद्ध, कुश्ती। | ಜಟ್ಟಿ ಕಾಳಗ, ಮಲ್ಲ ಯುದ್ಧ, ಕುಸ್ತಿ. | जट्टि काळग, मल्लयुद्ध, कुस्ति | wrestling or boxing match. |
| मल्लयुद्ध | पुं. | मल्लों का युद्ध, कुश्ती। | ಮಲ್ಲಯುದ್ಧ, ಕುಸ್ತಿ | मल्लयुद्ध, कुस्ति | wrestling or boxing match. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मल्लविद्या** | स्त्री. | कुश्ती के दाँव-पेंच। | ಮಲ್ಲ ವಿದ್ಯೆ | मल्लविद्यॆ | art of wrestling. |
| **मल्लाह** | पु. | वह व्यक्ति जो नदी में नाव खेकर अपनी जीविका अर्जित करता हो, केवट, मांझी। | ಅಂಬಿಗ | अंबिग | sailor, mariner, boatman. |
| **मल्लाही** | स्त्री. | मल्लाह का कार्य, पेशा और पद। | ಅಂಬಿಗನ ವೃತ್ತಿ | अंबिगन वृत्ति | profession of a sailor, business of boatman, seamanshi navigation. |
| **मल्लिका** | स्त्री. | 1. चमेली;<br>2. आठ अक्षरों का एक वर्णिक छंद। | ಮಲ್ಲಿಗೆ ಹೂ;<br>ಎಂಟು ಅಕ್ಷರಗಳ ಒಂದು ಛಂದಸ್ಸು | मल्लिगॆ हू;<br>ऍंटु अक्षरगळ ऑंदु छंदस्सु | Arabian jasmine;<br>a metre in Sanskrit prosody, |
| **मल्हार** | पु. | 1. लाड़-प्यार या दुलार;<br>2. एक प्रसिद्ध राग जो वर्षा-ऋतु में गाया जाता है। | ಪ್ರೀತಿಸುವಿಕೆ;<br>ಮಳೆಗಾಲದಲ್ಲಿ ಹಾಡುವ ರಾಗ | प्रीतिसुविकॆ;<br>मळॆगालदल्लि हाडुव राग | fondling, caressing;<br>a raga in Indian music sung especially in rainy season. |
| **मवाद** | पु. | घाव से निकलनेवाली पीब। | ಕೀವು | कीवु | purulent matter, pus. |
| **मवेशी** | पु. | चौपाये, विशेषतः गाय, बैल, भैंस, आदि जिन्हें मनुष्य पालता है। | ದನಕರು, ಪಶು, ಜಾನುವಾರು | दनकरु, पशु, जानुवारु | cattle. |
| **मशक** | स्त्री. | बकरी आदि की खाल का बना हुआ पानी भरने का थैला। | ಬುದ್ದಲಿಗೆ, ಚರ್ಮದ ಚೀಲ | बुद्दलिगॆ, चर्मद चील | a large leather waterbag. |
| **मशक्कत** | स्त्री. | कठिन परिश्रम, कड़ी मेहनत। | ಘೋರ ಪರಿಶ್ರಮ | घोर परिश्रम | toil, hard labour. |
| **मशगूल** | वि. | कार्य या व्यापार में लगा हुआ, व्यस्त। | ಕಾರ್ಯಮಗ್ನ | कार्यमग्न | busy, occupied, absorbed(in). |
| **मशविरा** | पु. | दूसरों से किया जानेवाला परामर्श। | ಸಲಹೆ | सलहॆ | consultation, advice. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मशहूर | वि. | जिसकी खूब शोहरत हो, प्रसिद्ध, विख्यात। | ಪ್ರಸಿದ್ಧ, ಖ್ಯಾತಿಗೊಂಡ | प्रसिद्ध, ख्यातिगोंड | famous, well-known, celebrated. |
| मशाल | पु. | जलाने की एक लम्बी लकड़ी जिसके एक सिरे पर कपड़ा लपेटा जाता है और प्रकाश के लिए जलाया जाता है। | ಪಂಜು, ದೀವಟಿಗೆ | पंजु, दींवटिग | torch. |
| मशालची | पु. | वह जो जलती हुई मशाल लेकर रोशनी दिखलाते हुए चलता हो। | ಪಂಜು ಹಿಡಿಯುವವ | पंजु हिडियुवव | torch-bearer. |
| मशीन | स्त्री. | यंत्र, कल। | ಯಂತ್ರ | यंत्र | machine. |
| मसकना | स.क्रि. | कपड़े को इस प्रकार दबाना कि बुनावट के तंतु टूटकर अलग हो जाएं। | ಬಟ್ಟೆ ಚಿಂದಿಯಾಗುವಂತೆ ಹಿಸುಕು, ಹರಿ | बट्टे चिंदियागुवंतें हिसुकु, हरि | to press to the point of tearing (cloth etc.); |
| | अ.क्रि. | इस प्रकार दबना कि बीच में से फट जाए। | ಪಿಸಿ, ಹರಿದು ಹೋಗು | पिसि, हरिदु होगु | to get pressed to the point of tearing, splitting etc. |
| मसका | पु. | 1. नवनीत, मक्खन; 2. (लाक्षणिक अर्थ में) चापलूसी करना। | ಬೆಣ್ಣೆ; (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಬೆಣ್ಣೆ ಹಚ್ಚುವಿಕೆ | बेंण्णं; (लाक्षणिक) बेंण्णं हच्चुविकं | butter; flattery, adulation. |
| मसनद | पु. | एक प्रकार का गोल, तथा बड़ा तकिया। | ದುಂಡಗಿರುವ ದೊಡ್ಡ ದಿಂಬು | दुंडगिरुव दोंड्ड दिंबु | bolster, big pillow. |
| मसल | स्त्री. | कहावत, लोकोक्ति। | ಲೋಕೋಕ್ತಿ, ನಾಣ್ಣುಡಿ | लोकोक्ति, नाण्णुडि | saying, proverb. |
| मसलन् | क्रि. वि. | उदाहरण के रूप में, उदाहरणार्थ। | ಉದಾಹರಣೆಗಾಗಿ | उदाहरणंगागि | for example, for instance. |
| मसलना | स. क्रि. | दोनों हाथों का जोर लगाकर किसी चीज को रगड़ना। | ಹೊಸಕು | होंसकु | to rub to pieces, to press hard, to bruise, to crush. |
| मसला | पु. | विचारणीय विषय, समस्या। | ವಿಚಾರಣೀಯ ವಿಷಯ, ಸಮಸ್ಯೆ | विचारणीय विषय, समस्यं | issue, question, problem. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मसहरी** | स्त्री. | मच्छरदानी। | ಸೊಳ್ಳೆ ಪರದೆ | सॊळ्ळॆ परदॆ | mosquito-net. |
| **मसान** | पु. | मरघट। | ಸ್ಮಶಾನ | स्मशान | cremation ground, crematory. |
| **मसाला** | पु. | 1. धनिया, मिर्च, लोंग, हींग आदि पदार्थ जिनका उपयोग दाल, तरकारी आदि को सुगंधित और स्वादिष्ट करने के लिए किया जाता है; | ಮಸಾಲೆ; | मसालॆ; | necessaries (as for cooking), spicery, spices, condiments; |
| | | 2. सामग्री; | ಸಾಮಾನು; | सामानु; | material, ingredients etc; |
| | | 3. औषधियों, रासायनिक द्रव्यों आदि का तैयार किया हुआ मिश्रण; | ನಾನಾ ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ಬೆರೆಸಿ ಮಾಡಿದ ಔಷಧಿ; | नाना वस्तुगळन्नु बॆरॆसि माडिद औषधि; | mixure of durgs or chemicals; |
| | | 4. किसी काम या बात का आधारभूत साधन । | ಆಧಾರವಾದ ಸಾಮಗ್ರಿ | आधारवाद सामग्रि | material. |
| **मसालेदार** | वि. | जिसमें मसाला पड़ा हुआ हो। | ಮಸಾಲೆ ಸಾಮಾನು ಬೆರೆಸಿದ | मसालॆ सामानु बॆरॆसिद | seasoned with spices, pungent. |
| **मसि** | स्त्री. | स्याही, रोशनाई। | ಶಾಯಿ, ಮಸಿ, ಇಂಕು | शायि, मसि, ईंकु | ink. |
| **मसूड़ा** | पु. | दांतों के नीचे-ऊपर का मांस। | ವಸಡು | वसडु | gum (of the teeth). |
| **मसूर** | पुं. | एक प्रकार का अन्न जो द्विदल और चपटा होता है, एक दाल। | ತೊಗರಿ ಬೇಳೆಯ ಒಂದು ಜಾತಿ | तॊगरि बेळॆय ऒंदु जाति | a kind of pulse, lentil. |
| **मसृण** | वि. | 1. चिकना;<br>2. मुलायम। | ಜಿಡ್ಡಾಗಿರುವ;<br>ಮೃದುವಾದ | जिड्डागिरुव;<br>मृदुवाद | unctuous, oily;<br>soft, smooth. |
| **मसोसना** | स.क्रि. | आकांक्षा आदि को किसी विवशतावश भीतर ही भीतर दबाए रखना। | ಮನೋಭಾವಗಳನ್ನು ವಿವಶತೆಯಿಂದ ಮನಸ್ಸಿನಲ್ಲೇ ಅಡಗಿಸು | मनोभावगळन्नु विवशतॆयिंद मनस्सिनल्ले अडगिसु | to suppress (an emotion etc.). |
| **मसौदा (मसविदा)** | पु. | लेख आदि का आरंभिक रूप जिसमें काट-छांट या परिवर्तन किया जा सकता हो। | ಕರಡು | करडु | a draft. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मस्त** | वि. | 1. नशे में चूर; | ಅಮಲೇರಿದ; | अमलेरिद; | intoxicated, drunk; |
| | | 2. निश्चिंत और लापरवाह; | ಮತ್ತ, ನಿಶ್ಚಿಂತ; | मत्त, निश्चित; | careless; |
| | | 3. जिसमें मस्ती टपके। | ಆನಂದ ಮಗ್ನ | आनंद मग्न | overjoyed, delighted. |
| **मस्तक** | पु. | 1. सिर; | ತಲೆ; | तलॆ; | the head; |
| | | 2. माथा। | ಹಣೆ | हणॆ | the forehead. |
| **मस्तमौला** | पु. | वह व्यक्ति जो अपने विचारों, कार्यों आदि में मस्त रहता हो और सांसारिक प्रपंचों में न पड़ता हो। | ಯಾವ ಪರಿವೆಯೂ ಇಲ್ಲದ ತನ್ನಷ್ಟಕ್ಕೆ ತಾನೇ ತೃಪ್ತಿಯಿಂದ ತನ್ನಲ್ಲಿ ತಾನು ಮಗ್ನನಾದ ವ್ಯಕ್ತಿ | याव परिवॆयू इल्लद तन्नष्टक्कॆ ताने तृप्तियिंद तन्नल्लि तानु मग्ननाद व्यक्ति | a carefree person recognising no obligations. |
| **मस्ताना** | वि. | 1. मस्तों-का सा; | ಮತ್ತನಾದ; | मत्तनाद; | intoxicated, drunken; |
| | | 2. मस्त। | ಮತ್ತ, ಮದಿಸಿದ | मत्त, मदिसिद | carefree, frolicsome. |
| | अ. क्रि. | मस्त होना, मस्ती पर आना। | ಮದಿಸು, ಮತ್ತನಾಗು | मदिसु, मत्तनागु | to be in an intoxicated state, to be in a wanton mood, to be in a lively frolic. |
| **मस्तिष्क** | पु. | भेजा, दिमाग। | ಮೆದುಳು | मॆदुळु | cerebrum, brain. |
| **मस्ती** | स्त्री. | 1. मस्त होने की अवस्था या भाव, मतवालापन; | ಆನಂದ, ಸಂತೋಷ ಹರ್ಷದ ಮೈ ಮರೆವು; | आनंद, संतोष, हर्षद मै मरॆवु; | joy; |
| | | 2. संभोग की प्रबल इच्छा; | ಕಾಮೇಚ್ಛೆ; | कामेच्छॆ; | passionateness, sexual excitement; |
| | | 3. नशे की स्थिति। | ಅಮಲೇರಿದ ಸ್ಥಿತಿ | अमलेरिद स्थिति | intoxication. |
| **मस्तूल** | पु. | नाव, जहाज के बीच का वह बड़ा खंभा जिसमें पाल बांधा जाता है। | ಹಡಗಿನ ಸ್ತಂಭ | हडगिन स्तंभ | mast (of a ship or boat). |
| **मस्सा** | पु. | दाने के रूप में उभरा हुआ मांसपिंड। | ಉಬ್ಬಿ ಗಂಟಾಗಿ ಬೆಳೆದ ಮಾಂಸಪಿಂಡ | उब्बि गंटागि बॆळॆद मांसपिंड | wart, mole. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **महंगा (स्त्री. मंहगी)** | वि. | जिसके दाम अधिक या उचित से अधिक हों। | ತುಟ್ಟಿಯಾದ | तुट्टियाद | dear, expensive, costly. |
| **महंगाई** | स्त्री. | 1. पहले की अपेक्षा अधिक मूल्य पर वस्तुएं बिकने की स्थिति; | ಬೆಲೆ ಏರಿಕೆ; | बॆलॆ एरिकॆ; | dearness, |
| | | 2. महंगाई के कारण वेतन के अतिरिक्त दिया जानेवाला भत्ता। | ತುಟ್ಟಿ ಭತ್ಯ | तुट्टि भत्य | dearness allowance. |
| **महंत** | पु. | वह साधु या संन्यासी जो किसी मठ आदि का प्रधान हो। | ಮಹಂತ, ಮಠದ ಪ್ರಧಾನ ಸಂನ್ಯಾಸಿ | महंत, मठद प्रधान संन्यासि | head of a monastry, abbot. |
| **महक** | स्त्री. | दूर तक फैलनेवाली सुगन्ध। | ಹರಡಿದ ಸುಗಂಧ | हरडिद सुगंध | a wide-spread fragrance, fragrance, odour. |
| **महकदार** | वि. | महकवाला, खुशबूदार। | ಸುಗಂಧಪೂರಿತ, ಸುವಾಸನೆಯುಳ್ಳ | सुगंधपूरित, सुवासनॆयुळ्ळ | fragrant, odoriferous, aromatic. |
| **महकना** | अ.क्रि. | महक या गंध देना। | ಘಮಘಮಿಸು | घमघमिसु | to give out sweet smell or fragrance. |
| **महकमा** | पु. | शासनिक दृष्टि से कोई विशिष्ट विभाग। | ಸರಕಾರಿ ವಿಭಾಗ | सरकारि विभाग | a department. |
| **महकाना** | स.क्रि. | महक या सुगन्ध से युक्त करना। | ಸುಗಂಧಯುಕ್ತ ವನ್ನಾಗಿ ಮಾಡು | सुगंधयुक्त-वन्नागि माडु | to exhale (agreeable scent), to perfume, to scent. |
| **महज** | क्रि. वि. | केवल, निरा, सिर्फ। | ಕೇವಲ, ಮಾತ್ರ | केवल, मात्र | merely, only, solely. |
| **महती** | वि. | दे. 'महत्'। | ನೋಡಿ "महत" | नोडि "महत" | see 'महत्'. |
| **महत्** | वि. | 1. बड़ा, बृहत्; | ದೊಡ್ಡದಾದ; | दॊड्डदाद; | great, big, large, huge; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. श्रेष्ठ, ऊंचा; | ಶ್ರೇಷ್ಠ; | श्रेष्ठ; | high; eminent, distinguished; |
| | | 3. भारी, तीव्र। | ಭಾರಿಯಾದ | भारियाद | intense, gross, thick, dense. |
| **महत्तम** | वि. | सबसे बड़ा। | ಎಲ್ಲಕ್ಕೂ ದೊಡ್ಡದಾದ | ऍल्लक्कू दोड्डदाद | greatest, biggest, excellent. |
| **महत्तम समापवर्तक** | पु. | गणित में वह बड़ी संख्या जिसका भाग दो या अन्य संख्याओं में पूरा-पूरा हो सके। | ಗಣಿತದಲ್ಲಿ ಮಹತ್ತಮ ಸಾಮಾನ್ಯಾಪವರ್ತನ | गणितदल्लि महत्तम समान्यापवर्तन | G.C.M. (Greatest common measure). |
| **महत्ता** | स्त्री. | 1. बड़प्पन, महिमा; | ದೊಡ್ಡಸ್ತಿಕೆ | दोड्डस्तिकॅ; | greatness, magnitude; |
| | | 2. महत्व। | ಮಹತ್ವ; | महत्व | importance, significance. |
| **महत्व** | पु. | 1. किसी कार्य, वस्तु आदि की वह अवस्था जिसमें वह उपयोग, प्रभाव आदि के विचार से औरों से बढ़कर मानी या समझी जाती है; | ಮಹತ್ವ | महत्व | importance, significance; |
| | | 2. बड़प्पन, बड़ाई, श्रेष्ठता। | | | greatness, magnitude, high degree. |
| **महत्वपूर्ण** | वि. | महत्ववाला। | ಮಹತ್ವದಿಂದ ಕೂಡಿದ | महत्वदिंद कूडिद | important, significant. |
| **महत्वाकांक्षा** | स्त्री. | बड़ा बनने की आकांक्षा, उच्चाकांक्षा। | ಹೆಬ್ಬಯಕೆ, ಮಹತ್ವಾಕಾಂಕ್ಷೆ | हॅब्बयकॅ, महत्वाकांक्षॅ | ambition, aspiration. |
| **महत्वाकांक्षी** | वि. | महत्त्वाकांक्षा रखनेवाला। | ಮಹತ್ವಾಕಾಂಕ್ಷಿ | महत्वाकांक्षि | ambitious, aspiring. |
| **महफिल** | स्त्री. | 1. जलसा, सभा; | ಕೂಟ, ಸಭೆ; | कूट, सभॅ; | an assembly, a congregation, a private gathering; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. नाच-रंग का जलसा। | ನೃತ್ಯ-ಸಂಗೀತದ ಕೂಟ | नृत्य-संगीतद कूट | recreational assembly. |
| **महरा** (स्त्री.महरी) | पु. | कहार। | ಪಲ್ಲಕ್ಕಿ ಹೊರುವವ, ಬೋಯಿ | पल्लक्कि होरुवव, बोयि | kahar, a palki-bearer. |
| **महर्षि** | पु. | बहुत बड़ा ऋषि। | ಮಹರ್ಷಿ | महर्षि | great Rishi, great sage or saint. |
| **महल** | पु. | राजाओं, रईसों आदि के रहने का बहुत बड़ा मकान, प्रासाद। | ಮಹಲು, ದೊಡ್ಡ ಅಂತಸ್ತುಗಳ ಮನೆ | महलु, दोड्ड अंतस्तुगळ मने | a palace, a castle, a palatial mansion. |
| **महसूल** | पु. | 1. कर या शुल्क; 2. कोई वस्तु कहीं भेजने का किराया या भाड़ा; 3. मालगुजारी या लगान। | ಕಂದಾಯ, ತೆರಿಗೆ; ಸಾಗು ವೆಚ್ಚ; ರಾಜಸ್ವ, ಕಂದಾಯ | कंदाय, तेरिगे; सागु वेच्च; राजस्व, कंदाय | tax, duty, custom; portage; revenue, income. |
| **महसूली** | वि. | जिस पर महसूल लगा हो या लग सकता हो। | ತೆರಿಗೆ ಹಾಕಬಹುದಾದ | तेरिगे हाकबहुदाद | dutiable, taxable. |
| **महसूस** | वि. | ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा अनुभूत (विषय)। | ಜ್ಞಾನೇಂದ್ರಿಯಗಳ ಮೂಲಕ ಅನುಭೂತ | ज्ञानेंद्रियगळमूलक अनुभूत | perceived, felt. |
| **महा** | वि. | 1. बहुत अधिक, अत्यन्त; 2. बड़ा, महान। | ಬಹಳ ಅಧಿಕ; ಮಹತ್ತಾದ | बहळ अधिक; महत्ताद | ample, excessive; great, illustrious, mighty. |
| **महाकाय** | वि. | बहुत बड़ी काया या शरीरवाला। | ಮಹಾಕಾಯ, ದೊಡ್ಡ ಶರೀರದ | महाकाय, दोड्ड शरीरद | large, mammoth, gigantic. |
| **महाकाल** | पु. | 1. शिव का संहारकारी रूप; 2. अखंड, अनंतकाल। | ರುದ್ರ, ಮಹಾಕಾಲ ಶಿವ; ಅನಂತಕಾಲ | रुद्र, महाकालशिव; अनंतकाल | a form of Siva in his character as the destroyer of the worl the Time Infinite. |
| **महाकाव्य** | पु. | बड़ा काव्य, आठ या इससे अधिक सर्गोवाला वह प्रबन्धकाव्य जिसमें विविध ऋतुओं आदि का वर्णन हो तथा जिसमें सभी रसों एवं विविध छंदों का समावेश हो। | ಮಹಾಕಾವ್ಯ | महाकाव्य | a great or classical peom, an epic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| महाजन | पु. | 1. लेनदेन का व्यवसाय करनेवाला व्यक्ति, साहूकार;<br>2. श्रेष्ठ व्यक्ति। | ಬಡ್ಡಿ ವ್ಯವಸಾಯದ ಸಾಹುಕಾರ;<br>ಶ್ರೇಷ್ಠ ವ್ಯಕ್ತಿ | बड्डि व्यवसायद साहुकार;<br>श्रेष्ठ व्यक्ति | a merchant, tradesman, money-lender;<br>a great or eminent man, a very distinguished person. |
| महाजनी | स्त्री. | 1. एक विशेष लिपि जो बही-खाते में प्रयुक्त की जाती है;<br>2. सूद पर रुपये उधार देने का कारोबार। | ಲೆಕ್ಕದ ಪುಸ್ತಕಗಳಲ್ಲಿ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಒಂದು ವಿಶಿಷ್ಟ ಲಿಪಿ;<br>ಬಡ್ಡಿ ವ್ಯಾಪಾರ | लॆक्कद पुस्तकगळ-ल्लि उपयोगिसुव ऒंदु विशिष्ट लिपि;<br>बड्डि व्यापार | a kind of script used in account books;<br>banking business, money-lending business. |
| महात्मा | पु. | 1. शुद्ध हृदय तथा उच्च विचारोंवाला व्यक्ति,<br>2. संत, योगी, सिद्ध पुरुष। | ಮಹಾತ್ಮ | महात्म | high-souled, high-minded, noble;<br>saintly (person), saint, enlightened soul. |
| महाद्वीप | पुं. | पृथ्वी का वह बड़ा भाग जिसमें कई देश हों जैसे एशिया, यूरोप आदि। | ಮಹಾದ್ವೀಪ | महाद्वीप | continent. |
| महाधिवक्ता | पु. | विधिक क्षेत्र में किसी राज्य का वह प्रमुखतम अधिकारी जो शासकीय विवादों में उच्च न्यायालय के सामने राजकीय पक्ष प्रस्तुत करता है। | ಮಹಾಧಿವಕ್ತ, ಅಡ್ವೊಕೇಟ್ ಜನರಲ್, ರಾಜ್ಯ ಮಹಾ ನ್ಯಾಯವಾದಿ | महाधिवक्त, अड्वॊकेट् जनरल् राज्य महान्यायवादि | advocate general. |
| महानता | स्त्री. | दे. 'महत्ता'। | ನೋಡಿ "महत्ता" | नोडि "महत्ता" | see 'महत्ता' |
| महानिशा | स्त्री. | 1. रात्रि का दूसरा और तीसरा पहर; | ಮಧ್ಯರಾತ್ರಿ; | मध्यरात्रि; | the dead of night, the second and third watches of the night; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. प्रलय की रात। | ಪ್ರಳಯ ರಾತ್ರಿ | प्रळय रात्रि | the great deluge. |
| **महानुभाव** | पुं. | बहुत बड़ा व्यक्ति, उच्च विचारवाला व्यक्ति। | ಮಹಾನುಭಾವ | महानुभाव | high-minded, noble-minded, generous person. |
| **महान्यायवादी** | पुं. | विधिक क्षेत्र में किसी राज्य या राष्ट्र का वह प्रधान अधिकारी जिसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाइयां करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त हो। | ಸರ್ಕಾರಿ ವಕೀಲ, ಮಹಾನ್ಯಾಯ, ವಾದಿ, ಅಟರ್ನಿ ಜನರಲ್ | सर्कारि वकील महान्यायवादि, अटर्नि जनरल् | attorney-general. |
| **महापातक** | पुं. | बहुत बड़ा तथा घोर पाप। | ಮಹಾಪಾತಕ | महापातक | a great crime or sin, a heinous offence. |
| **महापाप** | पुं. | दे. 'महापातक'। | ನೋಡಿ "ಮಹಾಪಾತಕ" | नोडि "महापातक" | see 'महापातक' |
| **महापुरुष** | पुं. | श्रेष्ठ जन, महिमाशाली पुरुष। | ಮಹಾಪುರುಷ | महापुरुष | a great man, an eminent personage, a dignitary. |
| **महाप्रलय** | पुं. | ब्रह्माकी आयु समाप्त होने पर होनेवाला संपूर्ण सृष्टि का नाश। | ಮಹಾಪ್ರಳಯ | महाप्रळय | the great deluge. |
| **महाप्रस्थान** | पुं. | 1. मृत्यु, मौत; | ಮೃತ್ಯು, ಸಾವು; | मृत्यु, सावु; | departing from this life, death; |
| | | 2. प्राचीन काल में स्वर्गारोहन के उद्देश्य से महापथ के द्वारा की जानेवाली दुर्गम पर्वतों की यात्रा। | ಸ್ವರ್ಗಕಾಮಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಡುತ್ತಿದ್ದ ಯಾತ್ರೆ | स्वर्गकामक्कागि माडुत्तिद्द यात्रे | setting out on a great journey for ending life. |
| **महाप्राण** | पुं. | व्याकरण के अनुसार ऐसा वर्ण जिसके उच्चारण में प्राणवायु का विशेष व्यवहार करना पड़ता है, प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा अक्षर। | ವ್ಯಾಕರಣದಲ್ಲಿ ಮಹಾಪ್ರಾಣಾಕ್ಷರಗಳು | व्याकरणदल्लि महाप्राणाक्षरगळु | the hard breathing or aspirate sound made in the pronunciation of the aspirates, (in Gram.) an aspirated letter. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| महाभाग (महाभागी) | वि. | अति भाग्यवान। | ಭಾಗ್ಯವಂತ | भाग्यवंत | highly fortunate or blessed, very prosperous or happy. |
| महाभूत | पु. | 1. भारतीय दर्शन में पृथ्वी आकाश आदि पांच तत्व या भूत; | ಪಂಚಮಹಾಭೂತಗಳು; | पंचमहाभूतगळु; | the five elements; |
| | | 2. आधुनिक विज्ञान में वह मूल तत्त्व जो सभी तत्त्वों में समान रूप से पाया जाता है और उन सब का मूल कारण है। | ಮೂಲತತ್ವ, ಪದಾರ್ಥ, ದ್ರವ್ಯ | मूलतत्व, पदार्थ, द्रव्य | the matter. |
| महामंत्री | पु. | किसी संस्था आदि का सबसे प्रमुख मंत्री, महासचिव। | ಮುಖ್ಯ/ಪ್ರಧಾನ ಕಾರ್ಯದರ್ಶಿ | मुख्य/प्रधान कार्यदर्शि | general secretary. |
| महामना | वि. | उदारचित, जिसका मन सब प्रकार से शुद्ध हो। | ಶುದ್ಧಾಂತಃಕರಣವುಳ್ಳ | शुद्धांतःकरणवुळ्ळ | high-minded, noble-minded, liberal. |
| महामहिम | वि. | जिसकी महिमा बहुत अधिक हो। | ಬಹಳ ಮಹಿಮೆಯುಳ್ಳ, ಮಹಾಮಹಿಮ | बहळ महिमेयुळ्ळ, महामहिम | Majesty. |
| महामान्य | वि. | बहुत अधिक माननीय। | ಮಹಾಮಾನ್ಯ, ಮಾನನೀಯ | महामान्य, माननीय | most honourable, most revered, His Highness. |
| महामारी | वि. | ऐसा रोग जिससे बहुत अधिक लोग मरें, हैजा, प्लेग आदि। | ಪ್ಲೇಗು, ಕಾಲರ ಮುಂತಾದ ಸಾಂಕ್ರಾಮಿಕ ರೋಗಗಳು | प्लेग कालर मुंताद सांक्रामिक रोगगळु | an epidemic, (cholera, plague. etc.). |
| महायज्ञ | पु. | बहुत बड़ा यज्ञ। | ಮಹಾಯಜ್ಞ | महायज्ञ | a great sacrifice or offering. |
| महायात्रा | स्त्री. | मृत्यु। | ಸಾವು, ಮೃತ್ಯು | सावु, मृत्यु | the great journey, death. |
| महायुद्ध | पु. | बहुत बड़ा तथा व्यापक युद्ध, विश्वयुद्ध। | ಮಹಾಯುದ್ಧ | महायुद्ध | a great war, a world war. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **महारथी** | पु. | 1. वह योद्धा जो अकेला दस हजार योद्धाओं से लड़ने में समर्थ हो; | ಮಹಾರಥಿ | महारथि | a great warrior; |
| | | 2. किसी विषय का प्रकांड विद्वान या किसी क्षेत्र का महान व्यक्ति। | | | a leading luminary in any field of knowledge or activity. |
| **महाराज** | पु. | 1. बड़ा राजा; | ಮಹಾರಾಜ ; | महाराज; | a great king, supreme sovereign; |
| | | 2. ब्राह्मण, साधु-संत आदि का सम्मान सूचक संबोधन; | ಬ್ರಾಹ್ಮಣ, ಸಾಧು, ಸಂತ ಮಹಾಪುರುಷರನ್ನು ಸಂಬೋಧಿಸುವ ಶಬ್ದ; | ब्राह्मण, साधु, संत महापुरुषरन्नु संबोधिसुव शब्द; | a form of respectful address to a Brahman, or a superior, Majesty, Excellency etc.; |
| | | 3. भोजन बनानेवाला ब्राह्मण। | ಅಡಿಗೆ ಭಟ್ಟ | अडिगे भट्ट | cook. |
| **महारात्रि** | स्त्री. | दे. 'महानिशा'। | ನೋಡಿ "महानिशा" | नोडि "महानिशा" | see 'महानिशा'. |
| **महारानी** | स्त्री. | राजा या सम्राट की पत्नी, मलिका। | ಮಹಾರಾಣಿ, ಪಟ್ಟಮಹಿಷಿ | महाराणि, पट्टमहिषि | queen, empress. |
| **महारोग** | पु. | बहुत बड़ा और प्राय: असाध्य रोग। | ಅಸಾಧ್ಯವಾದ ರೋಗ | असाध्यवाद रोग | a dangerous illness, grievous malady. |
| **महारोगी** | वि. | किसी महारोग से पीड़ित। | ಮಹಾರೋಗಿ | महारोगि | suffering from a severe illness. |
| **महालेखापाल** | पु. | लेखा-विभाग का सबसे प्रधान अधिकारी। | ಮಹಾ ಲೆಕ್ಕಿಗ, ಮಹಾಲೇಖಾಪಾಲ | महा लेक्किग, महालेखापाल | accountant general. |
| **महावत** | पु. | हाथीवान, फीलवान। | ಮಾವಟಿಗ | मावटिग | a mahout, elephant-driver. |
| **महावर** | पु. | लाख का रंग जिससे स्त्रियां अपने पैर रंगती हैं। | ಗೋರಂಟಿ, ಲಾಕ್ಷ, ಅಲತಿಗೆ | गोरंटि, लाक्ष, अलतिगे | red colour used by ladies to beautify their feet. |
| **महाविद्यालय** | पु. | उच्च शिक्षा देनेवाला विद्यालय। | ಕಾಲೇಜು, ಮಹಾವಿದ್ಯಾಲಯ | कालेजु, महाविद्यालय | a college. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **महावीर** | वि. | बहुत बड़ा वीर, पराक्रमी। | ಪರಾಕ್ರಮಿ | पराक्रमि | having tremendous valour, extremely gallant. |
| | पु. | हनुमान। | ಆಂಜನೇಯ, ಹನುಮಂತ | आंजनेय, हनुमंत | an epithet of Hanuman. |
| **महाशय** | पु. | उच्चाशय, उदार, सज्जन (प्रायः नाम के साथ आदरार्थ प्रयुक्त किया जाता है)। | ಮಹಾಶಯ, ಮಾನ್ಯರೆ, ಸ್ವಾಮಿ | महाशय, मान्यरॆ, स्वामि | a term of respectful address, Your Honour, Sir, Master. |
| **महासभा** | स्त्री. | 1. कोई बहुत बड़ी सभा; | ಮಹಾಸಭೆ; | महासभॆ; | a mammoth meeting or gathering; |
| | | 2. राष्ट्रसंघ के तत्वावधान में होनेवाली वह सभा जिसमें सम्बद्ध समस्त राष्ट्रों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं। | ಎಲ್ಲ ರಾಷ್ಟ್ರಗಳ ಪ್ರತಿನಿಧಿಗಳ ಸಭೆ | ऍल्ल राष्ट्रगळ प्रतिनिधिगळ सभॆ | general assembly (as of UNO). |
| **महासागर** | पु. | वह समस्त जलराशि जो इस लोक के स्थल-भाग को चारों ओर से घेरे हुए है। | ಮಹಾಸಮುದ್ರ | महासमुद्र | ocean. |
| **महिमा** | स्त्री. | 1. गौरव, बड़प्पन, माहात्म्य; 2. अपनी देह का इच्छानुसार विस्तार कर लेने की शक्ति। | ಮಹಿಮೆ; ಇಚ್ಛಾನುಸಾರ ದೇಹವನ್ನು ವಿಸ್ತರಿಸಿ ಕೊಳ್ಳುವ ಶಕ್ತಿ | महिमॆ; इच्छानुसार देहवन्नु विस्तरिसिकॊळ्ळुव शक्ति | greatness, glory, dignity, exaltation; one of the 8 Siddhis, the power of increasing size of the body at will. |
| **महिला** | स्त्री. | स्त्री, औरत। | ಮಹಿಳೆ | महिळॆ | a lady, dame. |
| **महिषी** | स्त्री. | 1. भैंस; 2. अभिषिक्ता रानी, पटरानी। | ಎಮ್ಮೆ; ಪಟ್ಟದ ರಾಣಿ, ರಾಜಮಹಿಷಿ | ऍम्मॆ; पट्टद राणि, राजमहिषि | a she-buffalo; queen consort. |
| **मही** | स्त्री. | पृथ्वी। | ಪೃಥ್ವಿ | पृथ्वि | earth, ground, soil. |
| **महीतल** | पु. | पृथ्वी, संसार। | ಪೃಥ್ವಿ, ಜಗತ್ತು | पृथ्वि, जगत्तु | surface of the earth, ground, soil. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **महीधर** | पु. | पर्वत, पहाड़। | ಪರ್ವತ | पर्वत | mountain. |
| **महीन** | वि. | बारीक, पतला। | ತೆಳುವಾದ | तॆळुवाद | fine, thin (not coarse), soft (as voice). |
| **महीना** | पु. | 1. वर्ष का बारहवां भाग, 30 दिन का समय, मास; 2. मासिक धर्म। | ತಿಂಗಳು; ಹೆಂಗಸರ ಹೊರಗಾಗುವ ದಿನಗಳು | तिंगळु; हॆंगसर हॊरगागुव दिनगळु | month; menses. |
| **महीप** | पु. | राजा। | ರಾಜ, ಮಹಿಪಾಲ | राज, महिपाल | king. |
| **महीपति** | पु. | दे. 'महीप'। | ನೋಡಿ "महीप" | नोडि "महीप" | see 'महीप'. |
| **महीपाल** | पु. | दे. 'महीप'। | ನೋಡಿ "महीप" | नोडि "महीप" | see 'महीप', |
| **महीश** | पु. | दे. 'महीप'। | ನೋಡಿ "महीप" | नोडि "महीप" | see 'महीप'. |
| **महुआ (महुवा)** | पु. | एक प्रसिद्ध पेड़ जिसके फल-फूल खाने, शराब बनाने और लकड़ी, ईंधन तथा इमारती कामों में आते हैं। | ತಿನ್ನುವಂತಹ ಹೂ ಹಣ್ಣು ಕೊಡುವ ಹಾಗೂ ಹೆಂಡ, ಸೌದೆ, ಮರಮುಟ್ಟುಗಳಿಗಾಗಿ ಉಪಯೋಗಿಸುವಂತಹ ಒಂದು ಪ್ರಸಿದ್ಧ ವೃಕ್ಷ | तिन्नुवंतह हू-हण्णु कॊडुव हागू हॆंड, सौदॆ मरमुट्टुगळिगागि उपयोगिसुवंतह ऒंदु प्रसिद्ध वृक्ष | a tree bearing sweet flowers used for preparing liquor and also as timber and fuel. |
| **महोत्सव** | पु. | बहुत बड़ा उत्सव या समारोह। | ಮಹೋತ್ಸವ | महोत्सव | a great festival, any great rejoicing, big celebration. |
| **महोदय (महोदया-स्त्री.)** | पु. | किसी व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जानेवाला एक आदरपूर्वक संबोधन। | ಮಹಾಶಯ, ಮಾನ್ಯರೆ, ಸ್ವಾಮಿ | महाशय, मान्यरॆ, स्वामि | an honorific term, Sir. |
| **मां** | स्त्री. | माता, जननी। | ತಾಯಿ | तायि | mother. |
| **मांग** | स्त्री. | 1. सिरके बालों को विभक्त करके बनाई जानेवाली रेखा; 2. मांगने की क्रिया, याचना; 3. किसी पदार्थ के लिए लोगों को होनेवाली आवश्यकता या चाह; | ಮುಂದಲೆ; ಯಾಚನೆ; ಅಗತ್ಯಗಳು; | मुंदलॆ; याचनॆ; अगत्यगळु; | parting of the hair (on the head); asking, begging; requirement, want; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. आधिकारिक रूप में या दृढ़तापूर्वक यह कहना कि हमें अमुक-अमुक सुविधाएं मिलनी चाहिएं। | ಬೇಡಿಕೆ | बेडिकें | demand. |
| **मांग-टीका** | पु. | माथे पर पहनने का एक गहना। | ಮುಂದಲೆ ಆಭೂಷಣ | मुंदलें आभूषण | an ornament worn along the parting of hair (by a woman). |
| **मांगना** | स. क्रि | कुछ देने की प्रार्थना करना, याचना करना। | ಬೇಡು, ಯಾಚಿಸು | बेडु, याचिसु | to ask for, request, demand, to claim. |
| **मांगलिक** | वि. | मंगलजनक, मंगलसूचक। | ಮಂಗಳಕರವಾದ | मंगळकरवाद | benedictory, auspicious, propitious. |
| **मांजना** | स.क्रि. | 1. साफ करने के लिए अच्छी तरह रगड़ना;<br>2. अभ्यास करना, मश्क करना। | ಉಜ್ಜು ತೊಳೆ;<br>ಅಭ್ಯಾಸ ಮಾಡು | उज्जि तोळ;<br>अभ्यास माडु | to cleanse, to scrub, to polish;<br>to practice, to exercise. |
| मेरु | पु. | 1. सुमेरु पर्वत; | ಮೇರು ಪರ್ವತ; | मेरु पर्वत; | name of a fabulous mountain (supposed to be of gold); |
| | | 2. जपमाला में सबसे ऊपर रहनेवाला प्रधान दाना। | ಜಪಮಾಲೆಯ ಮುಖ್ಯಮಣಿ | जपमालेय मुख्यमणि | centre or most prominent bead in a rosary. |
| मेरुदंड | पु. | मनुष्यों और बहुत से जीवजन्तुओं में पीठ के बीचों-बीच गरदन से लेकर कमर तक जाने-वाली एवं माला की तरह गुथी हुई हड्डी। | ಮೇರುದಂಡ, ಬೆನ್ನುಮೂಳೆ | मेरुदंड, बेन्नुमूळे | spine, backbone. |
| मेल | पु. | 1. मिलन, मिलाप; | ಮಿಲನ; | मिलन; | reconciliation, agreement, concord; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. मित्रता, अनुकूलता; | ಸ್ನೇಹ; | स्नेह; | intimacy, amity, friendship; |
| | | 3. मिलावट; | ಮಿಶ್ರಣ; | मिश्रण; | mixture, combination; |
| | | 4. जोड़ या टक्कर; | ಜೋಡಿ; | जोडि; | match; |
| | | 5. तरह, किस्म; | ತರಹ, ಬಗೆ; | तरह, बगॆ; | kind, quality; |
| | | 6. मेल (गाड़ी)। | (ರೈಲು) ಮೇಲ್‌ಗಾಡಿ | (रैलु) मेल्‌गाडि | mail (train). |
| मेल-जोल | पु. | आत्मीयतापूर्ण संबंध, प्रीति-संबंध। | ಆತ್ಮೀಯತ್ವ, ಪ್ರೀತಿ ಸಂಬಂಧ | आत्मीयत्व, प्रीति संबंध | reconciliation, union, friendship. |
| मेल-मिलाप | पु. | दे. 'मेल-जोल'। | ನೋಡಿ "मेल-जोल" | नोडि "मेल-जोल" | see 'मेल-जोल'. |
| मेला | पु. | 1. भीड़,जमाव; | ಗುಂಪು, ಜನಸಂದಣಿ; | गुंपु, जनसंदणि; | crowd, multitude, throng; |
| | | 2. तीर्थ-स्थान, देव-दर्शन, सैर-तमाशे के लिए नियत तिथि और स्थान में होने वाला लोगों का जमाव। | ಜಾತ್ರೆ, ಪರಿಷೆಯು ಜನಜಂಗುಳಿ | जात्रॆ, परिषॆय जनजंगुळि | large concourse of people (for religious or commercial purposes), fair. |
| मेला-ठेला | पु. | मेला, सैर-तमाशा। | ಜಾತ್ರೆ, ಪರಿಷೆ | जात्रॆ, परिषॆ | fanfare, hustle and bustle. |
| मेवा | पु. | खाने का फल विशेषतः सूखा फल। | ದ್ರಾಕ್ಷಿ, ಖರ್ಜೂರ, ಬಾದಾಮಿಯಂತಹ ಒಣಹಣ್ಣು | द्रक्षि, खर्जूर, बादामियंतह ऒणहण्णु | dry fruit. |
| मेष | पु. | 1. भेड़; | ಕುರಿ; | कुरि; | ram, sheep; |
| | | 2. ज्योतिष में बारह राशियों में से पहली राशि। | ಮೇಷ ರಾಶಿ | मेष राशि | first sign of the zodiac, Aries. |
| मेष-संक्रांति | स्त्री. | सूर्य के मेष राशि में प्रविष्ट होने का समय। | ಮೇಷ ರಾಶಿಯಲ್ಲಿ ಸೂರ್ಯನ ಪ್ರವೇಶ ಕಾಲ | मेष राशियल्लि सूर्यन प्रवेश काल | the day when the sun crosses into the mansion of Aries. |
| मेह | पु. | 1. पेशाब, मूत्र; | ಮೂತ್ರ; | मूत्र; | urine; |
| | | 2. कोई ऐसा रोग जिसमें मूत्र के साथ कोई विकृत तत्व भी निकलता हो। | ಮೇಹ ರೋಗ | मेह रोग | urinary disease, diabetes. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मेहतर | पु. | भंगी। | ಜಾಡಮಾಲಿ | जाडमालि | sweeper, scavenger. |
| मेहतरानी | स्त्री. | भंगी की पत्नी या भंगी का पेशा (काम) करनेवाली स्त्री, भंगिन। | ಜಾಡಮಾಲಿಯ ಹೆಂಡತಿ ಅಥವಾ ಆ ಕೆಲಸದವಳು | जाडमालिय हॆंडति अथवा आ कॆलसदवळु | the wife of a sweeper or sweeper woman. |
| मेहनत | स्त्री. | परिश्रम, उद्योग। | ಪರಿಶ್ರಮ | परिश्रम | labour, toil, hard work. |
| मेहनताना | पु. | 1. मेहनत करने के बदले में मिलनेवाला धन, पारिश्रमिक; | ಕಷ್ಟಪಟ್ಟುದರ ಕೂಲಿ; | कष्ट पट्टुदर कूलि; | remuneration, wages; |
| | | 2. वकील की फीस। | ವಕೀಲನ ಫೀಜು | वकीलन फीजु | fee paid to a lawyer. |
| मेहनती | वि. | मेहनत करनेवाला, परिश्रमी। | ಕಷ್ಟಪಟ್ಟು ಕೆಲಸ ಮಾಡುವವ, ಪರಿಶ್ರಮಿ | कष्टपट्टु कॆलस माडुव, परिश्रमि | laborious, diligent, hard-working. |
| मेहमान | पु. | अतिथि, पाहुना। | ಅತಿಥಿ, ಅಭ್ಯಾಗತ | अतिथि, अभ्यागत | guest. |
| मेहमानदारी | स्त्री. | मेहमान की की जानेवाली आवभगत, आतिथ्य। | ಅತಿಥಿ ಅಭ್ಯಾಗತರ ಸತ್ಕಾರ | अतिथि अभ्यागतर सत्कार | hospitality, entertainment. |
| मेहमानी | स्त्री. | 1. मेहमान होने की अवस्था या भाव; | ಅತಿಥಿಯಾಗಿರುವಿಕೆ; | अतिथियागिरुविकॆ; | staying as a guest; |
| | | 2. मेहमान का किया जानेवाला सत्कार। | ಅತಿಥಿಗಳಿಗೆ ಮಾಡುವ ಉಪಚಾರ | अतिथिगळिगॆ माडुव उपचार | enjoying the hospitality (of). |
| मेहरबान | वि. | कृपालु, दयालु, अनुग्रह करने वाला। | ದಯಾವಂತ, ಕೃಪಾಳು | दयावंत, कृपाळु | kind, benevolent, compassionate. |
| मेहरबानी | स्त्री. | कृपा, अनुग्रह, उपकार। | ಕೃಪೆ, ದಯೆ, ಅನುಗ್ರಹ, ಉಪಕಾರ | कृपॆ, दयॆ, अनुग्रह, उपकार | kindness, goodness, favour. |
| मेहरा | पु. | 1. जनखा, स्त्रैण व्यक्ति; 2. बर्तन मांजने या पानी भरनेवाला व्यक्ति। | ಹೆಣ್ಣಿಗ; ಮನೆಗೆಲಸದವ(ಳು) | हॆण्णिग; मनॆगॆलसदव(ळु) | effeminate person. household utensil cleaner. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मेहराब** | स्त्री. | द्वार के ऊपर का अर्द्धमंडलाकार बनाया हुआ भाग। | ಅರ್ಧಮಂಡಲಾಕಾರವಾಗಿರುವ ಬಾಗಿಲ ಭಾಗ, ಕಮಾನು | अर्धमंडलाकार-वागिरुव बागिल भाग, कमानु | arch, vault. |
| **मेहराबदार** | वि. | जिसमें मेहराब लगी हो। | ಕಮಾನಿನ ಬಾಗಿಲಿರುವ | कमानिन बागिलिरुव | arched, vaulted. |
| **मेहरी** | स्त्री. | बर्तन मांजनेवाली स्त्री। | ಪಾತ್ರ ತೊಳೆಯುವ ಕೆಲಸದವಳು | पात्रं तॊळॆयुव कॆलसदवळु | woman who works as a household utensil cleaner. |
| **मैं** | सर्व. | एक सर्वनाम, उत्तम पुरुष में कर्ता का रूप। | ನಾನು (ಉತ್ತಮ ಪುರುಷ) | नानु (उत्तम पुरुष) | the pronoun 'I'. |
| **मैत्री** | स्त्री. | मित्रता, दोस्ती। | ಸ್ನೇಹ | स्नेह | friendship, intimacy. |
| **मैथुन** | पु. | स्त्री के साथ पुरुष का समागम, रति-क्रीड़ा। | ಸ್ತ್ರೀ ಪುರುಷ ಸಂಭೋಗ, ರತಿಕ್ರೀಡೆ | स्त्री पुरुष संभोग रतिक्रीडॆ | coition, copulation, carnal intercourse. |
| **मैदा** | पु. | बहुत महीन पीसा हुआ आटा जिससे पकवान और मिठाइयां बनती हैं। | ಮೈದಾ ಹಿಟ್ಟು | मैदा हिट्टु | fine wheat flour. |
| **मैदान** | पु. | 1. विस्तृत क्षेत्र या भूखंड, दूर तक फैली हुई सपाट जमीन; | ಮೈದಾನ; | मैदान; | extensive plain; |
| | | 2. पर्वतीय क्षेत्र से भिन्न समतल भूभाग; | ಸಮತಳ ಭೂಮಿ; | समतळ भूमि; | plains; |
| | | 3. खेल आदि का स्थान; | ಆಟದ ಮೈದಾನ; | आटद मैदान; | field, playground; |
| | | 4. युद्धक्षेत्र, समरस्थली। | ಯುದ್ಧಭೂಮಿ | युद्धभूमि | battle-field. |
| **मैना** | स्त्री. | एक चिड़िया जो अपनी मीठी बोली के लिए प्रसिद्ध है, सारिका। | ಮೈನಾ ಹಕ್ಕಿ, ಸಾರಿಕೆ, ಗೊರವಂಕ | मैना हक्कि, सारिकॆ, गॊरवंक | name of a bird, a kind of starling. |
| **मैल** | स्त्री. | 1. शरीर, कपड़े आदि से चिपका हुआ मल, गर्द, धूल आदि; | ಕೊಳೆ; | कॊळॆ; | dirt, filth, scum; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी के प्रति मन में संचित दुर्भाव। | ಮನದಲ್ಲಡಗಿದ ಕೆಟ್ಟ ಭಾವನೆ | मनदल्लडगिद कॆट्ट भावनॆ | rancour, sullenness. |
| **मैलखोरा** | वि. | धूल-गर्द आदि पड़ने पर भी जो मैला न दिखाई दे, जो मैल को छिपा सके। | ಕೊಳೆಯಾದರೂ ಕಾಣದಂತಿರುವ; ಕೊಳೆಯನ್ನು ಕಾಣದಂತೆ ಮಾಡುವ | कॊळॆयादरू काणदंतिरुव; कॊळॆयन्नु काणदंतॆमाडुव | dust-absorbing (as colour). |
| **मैला** | वि. | जिस पर मैल जमी हो, जिस पर धूल-गर्द आदि पड़ी हो, गंदा। | ಕೊಳೆಯಾಗಿರುವ | कॊळॆयागिरुव | dirty, filthy, foul, unclean. |
| | पु. | गू, विष्टा। | ಮಲ | मल | excrement, faeces. |
| **मैला-कुचैला** | वि. | बहुत अधिक मैला या गंदा। | ಬಹಳ ಕೊಳಕಾದ | बहळ कॊळकाद | dirty and filthy. |
| **मैलापन** | पु. | मलिनता, गंदापन। | ಕೊಳಕು | कॊळकु | dirtiness, filthiness. |
| **मोक्ष** | पु. | 1. बंधन से छूटना, मुक्ति, छुटकारा; | ಮುಕ್ತಿ; | मुक्ति; | emancipation, deliverance, freedom; |
| | | 2. जन्म-मरण के बंधन से छूटना। | ಜನನ ಮರಣ ಬಂಧನದಿಂದ ಬಿಡುಗಡೆ | जनन मरण बंधन-दिंद बिडुगडॆ | release from worldly existence, final beatitude. |
| **मोगरा** | पु. | बड़े और अधिक सुगंधित फूलवाला बेला। | ಏಳು ಸುತ್ತಿನ ಮಲ್ಲಿಗೆ ಹೂ | एळु सुत्तिन मल्लिगॆ हू | the double jasmine. |
| **मोघ** | वि. | निरर्थक, व्यर्थ जानेवाला। | ನಿರರ್ಥಕ, ವ್ಯರ್ಥವಾದ | निरर्थक, व्यर्थवाद | vain, useless, ineffective. |
| **मोच** | स्त्री. | झटका लगने से शरीर के किसी अंग के जोड़ की नस का अपने स्थान से इधर-उधर खिसक जाना। | ನರ ಹೊರಳುವಿಕೆ | नर हॊरळुविकॆ | sprain, twist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मोचन** | पु. | बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना, छुटकारा देना या दिलाना। | ಮೋಚನೆ, ಬಿಡುಗಡೆ | मोचने, बिडुगडे | release, liberation, freeing or delivering from. |
| **मोचना** | पु. | एक औजार, चिमटी। | ಇಕ್ಕಳ, ಚಿಮಟ | इक्कळ, चिमट | a pair of forceps, pincers. |
| **मोची** | पु. | जूते गांठने या सीनेवाला। | ಚಪ್ಪಲಿ ಹೊಲೆಯುವವ, ಮೋಚಿ | चप्पलि होलेयुवव, मोचि | shoemaker, cobbler. |
| **मोजा** | पु. | पांव में पहनने का एक बुना हुआ कपड़ा। | ಕಾಲುಚೀಲ | कालुचील | stocking, socks. |
| **मोटा** | वि. | 1. जिसकी देह में मांस-मेद अधिक हो, स्थूलकाय; | ಸ್ಥೂಲ ಶರೀರದ; | स्थूल शरीरद; | fat, plump, corpulent; |
| | | 2. जो पतला या बारीक न हो (जैसे कपड़ा आदि)। | ದಪ್ಪನಾದ (ಬಟ್ಟೆ ಇತ್ಯಾದಿ) | दप्पनाद (बट्टे इत्यादि) | thick, coarse. |
| **मोटा-ताजा** | वि. | हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा। | ದಷ್ಟಪುಷ್ಟ | दष्टपुष्ट | stout, robust, well-built. |
| **मोटाई** | स्त्री. | 1. मोटापा, स्थूलता; | ದಪ್ಪನಾಗಿರುವಿಕೆ, ಸ್ಥೌಲ್ಯ; | दप्पनागिरुविके, स्थौल्य; | fatness, plumpness, corpulence; |
| | | 2. किसी वस्तु की लंबाई और चौड़ाई के अतिरिक्त तीसरा आयाम। | ದಪ್ಪ | दप्प | thickness. |
| **मोटाना** | अ. क्रि. | 1. मोटा होना; स्थूलकाय होना; 2. धनवान या सम्पन्न होना। | ದಪ್ಪನಾಗು, ಸ್ಥೂಲವಾಗು; ಹಣವಂತನಾಗು | दप्पनागु, स्थूलवागु; हणवंतनागु | to fatten, to grow fat or plump; to become wealthy. |
| **मोटापन** | पु. | मोटा होने की अवस्था या भाव। | ದಪ್ಪನಾಗಿರುವಿಕೆ | दप्पनागिरुविके | fatness, plumpness, thickness. |
| **मोटापा (मुटापा)** | पु. | दे. 'मोटापन'। | ನೋಡಿ "मोटापन" | नोडि "मोटापन" | see. 'मोटापन'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मोठ** | स्त्री. | मूंग की तरह का एक मोटा अन्न। | ಹೆಸರಿನ ತರಹೆಯ ಒಂದು ದಪ್ಪನೆಯ ಕಾಳು | हॆसरिन तरहॆय ऒंदु दप्पनॆय काळु | a kind of grain, lentil. |
| **मोड़** | पु. | 1. मुड़ने या मोड़ने की अवस्था, क्रिया या भाव, घुमाव; | ತಿರುಗುವಿಕೆ, ಬಗ್ಗುವಿಕೆ, ಬಾಗುವಿಕೆ, ಮಡಿಚುವಿಕೆ, ತಿರುವು; | तिरुगुविकॆ, बग्गुविकॆ, बागुविकॆ, मडिचुविकॆ, तिरुवु; | turn, bend, twist; |
| | | 2. वह जगह जहां से रास्ता दूसरी दिशा की ओर मुड़ता हो; | ರಸ್ತೆ ತಿರುಗುವ ಸ್ಥಳ; | रस्तॆ तिरुगुव स्थळ; | turning point; |
| | | 3. वह स्थिति जिसमें किसी काम या बात की दिशा बदली हो। | ವಿಷಯದ ದಿಕ್ ಪರಿವರ್ತನೆ, ಗತಿ ಪರಿವರ್ತನೆ | विषयद दिक् परिवर्तनॆ, गति परिवर्तनॆ | (fig.) a new direction. |
| **मोड़ना** | स. क्रि. | 1. घुमाना, दिशा बदलना; | ತಿರುಗಿಸು, ದಿಕ್ಕು ಬದಲಾಯಿಸು; | तिरुगिसु, दिक्कु बदलायिसु; | to turn, to turn back; |
| | | 2. टेढ़ा करना; | ಬಾಗಿಸು; | बागिसु; | to bend, to twist; |
| | | 2. तह करना। | ಮಡಿಚು | मडिचु | to fold. |
| **मोढ़ा** | पु. | बांस, सरकंडे या बेंत का बना हुआ एक प्रकार का ऊंचा गोलाकार आसन। | ಬೆತ್ತದ ಕಡ್ಡಿಯಿಂದ ಮಾಡಿದ ಎತ್ತರವಾದ ದುಂಡು ಪೀಠ, ಆಸನ | बॆत्तद कड्डियिंद माडिद ऎत्तरवाद दुंडु पीठ, आसन | a kind of stool made of reeds. |
| **मोतिया** | वि. | मोती जैसा। | ಮುತ್ತಿನ ಹಾಗೆ | मुत्तिन हागॆ | bright as a pearl. |
| | पु. | 1. बेले का एक भेद; | ಮಲ್ಲಿಗೆ ಹೂವಿನ ಒಂದು ಬಗೆ; | मल्लिगॆ हूविन ऒंदु बगॆ; | a kind of jasmine; |
| | | 2. एक प्रकार का सलमा। | ಕಸೂತಿಯ ಒಂದು ಬಗೆ | कसूतिय ऒंदु बगॆ | a kind of embroidery. |
| **मोतियाबिंद** | पु. | आंख का एक रोग जिसमें देखने की शक्ति दिन पर दिन कम होती जाती है। | ಕಣ್ಣಿನಲ್ಲಿ ಬರುವ ಪರೆ | कण्णिनल्लि बरुव परॆ | cataract, a disease of the eye. |
| **मोती** | पु. | एक बहुमूल्य रत्न जो सीपी में से निकलता है, मुक्ता। | ಮುತ್ತು | मुत्तु | pearl. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मोतीचूर | पु. | बेसन की बनी हुई बहुत छोटी बूंदियां जिसे चाशनी में डालकर लड्डू बनाए जाते हैं। | ಸಣ್ಣ ಬೂಂದಿಕಾಳಿನ ಲಡ್ಡು | सण्ण बूंदिकाळिन लड्डु | laddu,a kind of sweet-meat. |
| मोतीझरा (मोतीझिरा) | पुं. | आन्त्रज्वर, मियादी बुखार। | ವಿಷಮ ಜ್ವರ | विषम ज्वर | typhoid. |
| मोथा | पु. | नागर मोथा। | ಮಸಾಲೆ ಹಾಗೂ ಔಷಧಿಗಳಿಗೆ ಬರುವ ಒಂದು ಸುವಾಸನೆಯುಳ್ಳ ತೃಣ | मसाले हागू औषधिगळिगे बरुव ओंदु सुवासनेयुळ्ळ तृण | a kind of grass and its root (used in medicine and for perfume). |
| मोद | पु. | 1. हर्ष, आह्लाद; | ಹರ್ಷ; | हर्ष; | pleasure, delight, happiness; |
| | | 2. सुगंध। | ಸುಗಂಧ | सुगंध | fragrance, perfume. |
| मोदक | पु. | लड्डू। | ಕರಿಗಡಬು, ಲಡ್ಡು | करिगडबु, लड्डु | a small round sweetmeat, laddu. |
| | वि. | आनन्द देने वाला। | ಆನಂದಕಾರಕ, ಸಂತೋಷದಾಯಕ | आनंदकारक, संतोषदायक | gladdening, exhilarating. |
| मोदन | पु. | खेल-तमाशे आदि के द्वारा मन का बहलना तथा चित्तवृत्तियों का प्रफुल्लित होना। | ಆಟ-ತಮಾಶೆಗಳಿಂದ ಸಂತೋಷಾನುಭವ ಪಡೆಯುವಿಕೆ | आट-तमाशेगळिंद संतोषानुभव पडेयुविके | joy, pleasure, recreation. |
| मोदी | पु. | दाल, चावल आदि बेचने वाला, परचूनिया। | ಅಕ್ಕಿ ಬೇಳೆ ಆದಿಗಳ ವ್ಯಾಪಾರಿ | अक्कि बेळे आदिगळ व्यापारि | merchant, grocer. |
| मोदीखाना | पु. | अन्न आदि रखने का घर, भंडार। | ದಿನಸಿಯ ಭಂಡಾರ, ಉಗ್ರಾಣ | दिनसिय भंडार, उग्राण | store-house, provision store. |
| मोम | पु. | वह चिकना, मुलायम द्रव्य जिसमें शहद की मक्खियां अपना छता बनाती हैं। | ಮೇಣ | मेण | bees-wax, wax. |
| मोमबत्ती | स्त्री. | धागे पर मोम चढ़ाकर बनाई हुई बत्ती जिसे रोशनी के लिए जलाते हैं। | ಮೇಣದ ಬತ್ತಿ | मेणद बत्ति | wax-candle, candle-stick. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मोमी | वि. | 1. मोम का बना हुआ;<br>2. मोम की तरह मुलायम। | ಮೇಣದಿಂದ ಮಾಡಿದ;<br>ಮೇಣದಂತೆ ಮೃದುವಾದ | मेणदिंद माडिद;<br>मेणदंते मृदुवाद | waxen;<br>soft as wax. |
| मोयन | पु. | खस्तेपन के लिए गुधे हुए आटे में डाला जाने वाला घी या तेल। | ಮೆತ್ತಗೆ ಗರಿಯಾಗಲು ಕಲಸಿದ ಹಿಟ್ಟಿಗೆ ಬೆರೆಸುವ ತುಪ್ಪ ಅಥವಾ ಎಣ್ಣೆ | मॆत्तगॆ गरियागलु कलसिद हिट्टिगॆ बॆरॆसुव तुप्प अथवा ऍण्णॆ | mixing of ghee in kneaded flour to impart crispness and softness to the ultimate preparation. |
| मोर | पु. | एक बड़ा पक्षी जो अपनी सुन्दरता एवं नृत्य के लिए प्रसिद्ध है, मयूर। | ನವಿಲು | नविलु | peacock. |
| मोरनी | स्त्री. | 1. मादा मोर;<br>2. नथ में लटकाने का टिकरा। | ಹೆಣ್ಣು ನವಿಲು;<br>ಮೂಗುತಿ | हॆण्णु नविलु;<br>मूगुति | peahen;<br>pendant (of an earring or nose-ring). |
| मोरपंख | पु. | मोर का पर या पंख। | ನವಿಲುಗರಿ | नविलुगरि | feather of a peacock. |
| मोर-मुकुट | पु. | मोरपंख का मुकुट। | ನವಿಲುಗರಿಯ ಕಿರೀಟ | नविलुगरिय किरीट | crown made of peacock feathers. |
| मोरी | स्त्री. | छोटी नाली जिससे गंदा या फालतू पानी बहकर निकलता है। | ಚರಂಡಿ, ಮೋರಿ | चरंडि, मोरि | drain, gutter, sewer, conduit. |
| मोर्चा | पु. | वह स्थान जहां से सेना, गढ़, नगर, आदि की रक्षा की जाती है। | ನಗರ, ದುರ್ಗ, ಸೈನ್ಯಗಳ ರಕ್ಷಣೆಗಾಗಿ ಏರ್ಪಡಿಸಿದ ಸ್ಥಾನ | नगर, दुर्ग, सैन्यगळ रक्षणॆगागि एर्पडिसिद स्थान | battle front, front. |
| मोर्चाबंदी | स्त्री. | मोर्चा बनाना। | ಯುದ್ಧೋಪಾಯದ ದೃಷ್ಟಿಯಿಂದ ರಕ್ಷಣೆಯ ಏರ್ಪಾಡು | युद्धोपायद दृष्टियिंद रक्षणॆय एर्पाडु | taking up strategic position. |
| मोल | पु. | मूल्य, दाम। | ಬೆಲೆ | बॆलॆ | cost, price. |
| मोल-तोल | पु. | दाम ठहराने, सौदा पटाने की बातचीत। | ಬೆಲೆ ನಿಶ್ಚಯಿಸು ವಿಕೆಯ ಮಾತುಕತೆ | बॆलॆ निश्चयि-सुविकॆय मातुकतॆ | bargaining, higgling. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मोह** | पु. | 1. स्नेह, लगाव; | ಮೋಹ; | मोह; | attachment, love, affection; |
| | | 2. बेवकूफी, मूर्खता; | ಮೂರ್ಖತನ; | मूर्खतन; | folly, ignorance, infatuation; |
| | | 3. (दर्शन में) मन का वह भ्रम जो सत्य का ठीक-ठाक ज्ञान नहीं होने देता। | ಭ್ರಾಂತಿ | भ्रांति | (in phil.) delusion of mind which prevents one from discerning the truth. |
| **मोहक** | वि. | 1. मोह उत्पन्न करनेवाला; | ಮೋಹಕವಾದ; | मोहकवाद; | bewildering, infatuating; |
| | | 2. मन को आकृष्ट करनेवाला, लुभावना। | ಆಕರ್ಷಕವಾದ | आकर्षकवाद | charming, fascinating. |
| **मोहताज (मुहताज)** | वि. | दे. 'मुहताज'। | ನೋಡಿ "**मुहताज**" | नोडि "मुहताज" | see. 'मुहताज'. |
| **मोहना** | अ. क्रि. | 1. मुग्ध होना, मोहित होना। | ಮೋಹಗೊಳ್ಳು | मोहगॊळ्ळु | to be tempted, to be infatuated. |
| | स. क्रि. | 2. लुभाना, मोहित करना, मोह या भ्रम में डालना। | ಮೋಹಗೊಳಿಸು | मोहगॊळिसु | to fascinate, to delude, to bewilder. |
| **मोहनी** | स्त्री. | 1. मोहक प्रभाव, वशीकरण; | ವಶೀಕರಣ; | वशीकरण; | charm, spell; |
| | | 2. माया। | ಮಾಯೆ | मायॆ | illusion. |
| | वि. | मोहित करनेवाली। | ಮೋಹಿನಿ | मोहिनि | fascinating, charming. |
| **मोहर (मुहर)** | स्त्री. | दे. 'मुहर'। | ನೋಡಿ "**मुहर**" | नोडि "मुहर" | see. 'मुहर'. |
| **मोहरा** | पु. | 1. शतरंज की गोटी; | ಚದುರಂಗದ ಕಾಯಿ; | चदुरंगद कायि; | chessman; |
| | | 2. बरतन आदि का मुहं; | ಪಾತ್ರೆಯ ಬಾಯಿ; | पात्रॆय बायि; | opening; |
| | | 3. सेना का अग्रभाग। | ಸೈನ್ಯದ ಮುಂಭಾಗ | सैन्यद मुंभाग | van, vanguard. |
| **मोहरी** | स्त्री. | पाजामे का नीचे की ओर का मुंह, पायंचा। | ಪಾಯಿಜಾಮಾದ ಕಾಲುಗಳ ಬಾಯಿ | पायिजामाद कालुगळ बायि | lower opening of trousers. |
| **मोहलत** | स्त्री. | दे. 'मुहलत'। | ನೋಡಿ "मुहलत" | नोडि "मुहलत" | see. 'मुहलत'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मोहित | वि. | 1. पूर्ण रूप से आसक्त या मुग्ध; | ಮೋಹಗೊಂಡ; | मोहगॊंड; | fascinated, charmed, enamoured; |
| | | 2. भ्रम में पड़ा हुआ। | ಭ್ರಾಂತಿಗೊಂಡ | भ्रांतिगॊंड | bewildered, infatuated, deluded. |
| मोहिनी | वि. | मोहित करनेवाली, मोहनेवाली। | ಮೋಹಗೊಳಿಸುವ | मोहगॊळिसुव | fascinating, charming. |
| | स्त्री. | माया, मोह। | ಮಾಯೆ, ಮೋಹ | मायॆ, मोह | illusion. |
| मोही | वि. | जिसके मन में सभी के प्रति प्रेम हो, प्रेमी। | ಪ್ರೀತಿಸುವ, ಪ್ರೇಮಿ | प्रीतिसुव, प्रेमि | loving, affectionate. |
| मौका | पु. | 1. उपयुक्त काल, अवसर; | ಸುಸಮಯ; | सुसमय; | chance, occasion, opportunity; |
| | | 2. वह स्थल जहां कोई घटना हुई हो। | ಘಟನಾಸ್ಥಳ | घटनास्थळ | place of occurrence, situation, site. |
| मौखिक | वि. | मुंह से कहा या बोला जानेवाला, जबानी। | ಹೇಳಿದ, ಬಾಯಿ ಮಾತಿನ | हेळिद, बायिमातिन | oral, verbal. |
| मौखिक परीक्षा | स्त्री. | विद्यार्थियों को मौखिक प्रश्न करके ली जानेवाली परीक्षा। | ವಾಚಾ ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮೌಖಿಕ ಪರೀಕ್ಷೆ | वाचा परीक्षॆ, मौखिक परीक्षॆ | oral examination, viva voce (test). |
| मौज | स्त्री. | 1. मन की लहर, तरंग; 2. सुख, आनन्द, समृद्धि; 3. लहर। | ಮನದ ಭಾವ ತರಂಗ; ಆನಂದ, ಸುಖ; ಅಲೆ | मनद भाव तरंग; आनंद, सुख; अलॆ | whim, caprice; delight, ecstasy; wave, surge. |
| मौजा | पु. | 1. गांव, ग्राम; 2. स्थान। | ಹಳ್ಳಿ; ಸ್ಥಳ | हळ्ळि; स्थळ | village, hamlet; place, site. |
| मौजी | वि. | जो मन में आए वह कर बैठनेवाला। | ಮನಬಂದಂತೆ ಮಾಡುವ | मनबंदंतॆ माडुव | whimsical, capricious, emotional. |
| मौज़ूं | वि. | ठीक, उपयुक्त। | ಸರಿಯಾದ, ಉಪಯುಕ್ತವಾದ | सरियाद, उपयुक्तवाद | reasonable, befitting, suitable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मौजूद** | वि. | उपस्थित, हाजिर, विद्यमान। | ಹಾಜರಿರುವ, ಇರುವ | हाजरिरुव, इरुव | present, existing. |
| **मौजूदगी** | स्त्री. | उपस्थिति, हाजिरी, विद्यमानता। | ಹಾಜರಿ, ಉಪಸ್ಥಿತಿ | हाजरि, उपस्थिति | existence, presence. |
| **मौजूदा** | वि. | वर्तमान काल का, जो सामने उपस्थित या प्रस्तुत हो। | ಹಾಲಿ ಇರುವ, ಈಗ ಇರುವ, ಸದ್ಯದಲ್ಲಿರುವ | हालि इरुव, ईग इरुव, सद्यदल्लिरुव | existing, current or present. |
| **मौत** | स्त्री. | मरण, मृत्यु। | ಸಾವು, ಮೃತ್ಯು | सावु, मृत्यु | death, demise. |
| **मौन** | वि. | जो न बोले, चुप। | ಮೌನವಾಗಿರುವ | मौनवागिरुव | mum, silent, speechless, |
| | पु. | चुप रहना, चुप्पी। | ಮೌನವಾಗಿರುವಿಕೆ | मौनवागिरुविके | silence, taciturnity. |
| **मौनव्रत** | पु. | चुप रहने का व्रत। | ಮೌನವ್ರತ | मौनव्रत | vow of silence. |
| **मौनी** | वि. | चुप रहनेवाला, न बोलनेवाला। | ಮೌನವಾಗಿರುವ | मौनवागिरुव | observing a vow of silence, silent. |
| **मौनी अमावस** | स्त्री. | माघ मास की अमावस्या (हिन्दु धर्म)। | ಮಾಘಮಾಸದ ಅಮಾವಾಸ್ಯೆ | माघमासद अमावास्ये | the last day of th dark fortnight of the month Magh when a vow to keep silent is takei |
| **मौर** | पु. | 1. एक तरह का मुकुट जो विवाह के अवसर पर वर को पहनाया जाता है; | ವಿವಾಹ ಕಾಲದಲ್ಲಿ ವರನ ತಲೆಯ ಮೇಲಿಡುವ ಮುಕುಟ, ಬಾಸಿಂಗ; | विवाह कालदल्लि वरन तलेय मेलिडुव मुकुट, बासिंग; | a kind of crown worn by the bridegroom in traditional Indiar marriage ceremonies; |
| | | 2. बौर, मंजरी। | ಮೊಗ್ಗು, ಮಂಜರಿ | मोग्गु, मंजरि | a bud, blossom. |
| **मौरूसी** | वि. | पैतृक। | ಪೈತೃಕ, ಪಿತ್ರಾರ್ಜಿತ | पैतृक, पित्रार्जित | hereditary, patrimonial. |
| **मौलवी** | पु. | 1. इस्लामी धर्म-शास्त्र का पंडित; | ಮೌಲ್ವಿ; | मौल्वि; | a person learned i Muslim relgion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अरबी, फारसी पढ़ानेवाला। | ಅರಬ್ಬೀ ಮತ್ತು ಪರ್ಷಿಯನ್ ಭಾಷೆಗಳ ಶಿಕ್ಷಕ | अरब्बी मत्तु पर्षियन् भाषॆगळ शिक्षक | teacher of Arabic and Persian. |
| ौलसिरी | स्त्री. | एक सदाबहार पेड़ जिसके फूल बहुत सुगंध वाले होते हैं। | ಪಗಡೆ ಮರ-ಹೂ | पगडॆ मर-हू | a perennially blooming tree yielding very fragrant small flowers. |
| ौला | पु. | 1. स्वामी;<br>2. ईश्वर;<br>3. वह गुलाम जिसे मुक्ति मिली हो। | ಸ್ವಾಮಿ, ಅಯ್ಯಾ;<br>ದೇವರು;<br>ಸ್ವತಂತ್ರನಾದ ಗುಲಾಮ | स्वामि, अय्या;<br>देवरु;<br>स्वतंत्रनाद गुलाम | lord, master;<br>God;<br>a manumitted slave, freed man. |
| ौलाना | पु. | अरबी का बहुत बड़ा विद्वान, बड़ा मौलवी। | ಅರಬ್ಬೀ ಭಾಷೆಯ ದೊಡ್ಡ ಪಂಡಿತ | अरब्बी भाषॆय दॊड्ड पंडित | great scholar of Arabic. |
| ौलि | पु. | 1. चोटी, सिरा;<br>2. मस्तक, सिर;<br>3. मुकुट, किरीट। | ತುದಿ, ಶಿಖರ,<br>ತಲೆ;<br>ಕಿರೀಟ | तुदि, शिखर;<br>तलॆ;<br>किरीट | top of anything;<br>head;<br>crown, diadem. |
| ौलिक | वि. | 1. मूल-संबंधी, मूलगत;<br>2. जो किसी की छाया, उलथा, अनुकृति आदि न हो। | ಮೌಲಿಕ;<br>ಮೂಲತಃ ಸ್ವತಂತ್ರ, ಅನುವಾದವಲ್ಲದ | मौलिक;<br>मूलतः स्वतंत्र, अनुवादवल्लद | radical, primordial, fundamental;<br>original. |
| ौलिकता | स्त्री. | मौलिक होने का भाव। | ಮೌಲಿಕತೆ | मौलिकतॆ | originality. |
| ोसंबी (मौसमी) | स्त्री. | नींबू की जाति का एक प्रकार का मीठा फल। | ಮೋಸಂಬಿ ಹಣ್ಣು | मोसंबि हण्णु | a big sweet lemon. |
| ोसम | पु. | 1. गरमी, सरदी आदि के विचार से समय का विभाग, ऋतु;<br>2. किसी काम या बात के लिए उपयुक्त समय। | ಋತು;<br>ಸರಿಯಾದ ಕಾಲ | ऋतु;<br>सरियाद काल | season, weather;<br>opportune time. |
| ोसमी | वि. | 1. किसी विशिष्ट ऋतु या मौसम में होनेवाला; | ಋತುವಿನ; | ऋतुविन; | seasonal, of the season; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. समयोपयोगी, काल के अनुकूल। | ಕಾಲಾನುಕೂಲ | कालानुकूल | opportune. |
| **मौसा** | पु. | संबंध के विचार से माता की बहन का पति। | ತಾಯಿಯ ತಂಗಿ ಗಂಡ, ಚಿಕ್ಕಪ್ಪ | तायिय तंगि गंड, चिक्कप्प | husband of mother's sister. |
| **मौसिया** | वि. | मौसी के द्वारा संबोधित, मौसी के संबंध का। | ಚಿಕ್ಕಮ್ಮನ ಕಡೆ ಸಂಬಂಧದ | चिक्कम्मन कडॆ संबंधद | through the relation of mother's sister. |
| **मौसी** | स्त्री. | माता की बहन। | ತಾಯಿಯ ತಂಗಿ, ಚಿಕ್ಕಮ್ಮ | तायिय तंगि, चिक्कम्म | mother's sister, aunt. |
| **मौसेरा** | वि. | मौसी से संबद्ध, मौसी के संबंध का। | ಚಿಕ್ಕಮ್ಮನ ಕಡೆಯ ಸಂಬಂಧದ | चिक्कम्मन कडॆय संबंधद | related through mother's sister. |
| **म्यान** | स्त्री. | तलवार आदि रखने का कोष या गिलाफ। | ಒರೆ | ऒरॆ | sheath. |
| **म्रियमाण** | वि. | मरा हुआ या मृतप्राय। | ಸಾಯಲಿರುವ | सायलिरुव | on the verge of death, moribund. |
| **म्लान** | वि. | 1. कुम्हलाया या मुरझाया हुआ; | ಬಾಡಿದ; | बाडिद; | faded, withered. |
| | | 2. निस्तेज, दुर्बल। | ತೇಜೋಹೀನ | तेजोहीन | languid, weary. |
| **म्लानि** | स्त्री. | मलिनता, कांतिक्षय। | ಮಾಲಿನ್ಯ, ಕಾಂತಿ ಗುಂದುವಿಕೆ | मालिन्य, कांतिगुंदुविकॆ | languor, lassitude, fading. |
| **यंत्र** | पु. | विशेष प्रकार से बनाया हुआ कोई ऐसा उपरकण जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए अथवा कोई चीज बनाने के काम आता हो, औजार। | ಯಂತ್ರ | यंत्र | instrument, mechanical contrivance. |
| **यंत्रणा** | स्त्री. | बहुत अधिक तीव्र कष्ट या पीड़ा। | ಬಹಳ ಬೇನೆ, ಕಷ್ಟ, ನೋವು | बहळ बेनॆ, कष्ट, नोवु | pain, anguish, affliction, torture. |
| **यंत्र-तंत्र** | पु. | ऐसी क्रिया जिसमें तांत्रिक शास्त्र का प्रयोग किया जाता है, जादूटोना। | ಯಂತ್ರ-ತಂತ್ರ, ಮಂತ್ರ-ಮಾಟ | यंत्र-तंत्र, मंत्र-माट | sorcery. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| यकायक | क्रि. वि. | एकाएक। | ಏಕಾಏಕಿ, ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾಗಿ | एकाएकि, अकस्मात्तागि | all at once, suddenly, immediately. |
| यकीन | पु. | विश्वास, एतबार। | ನಂಬಿಕೆ, ವಿಶ್ವಾಸ | नंबिकें, विश्वास | confidence, faith. |
| यकीनन | क्रि. वि. | निश्चित रूप से। | ನಿಶ್ಚಿತವಾಗಿ | निश्चितवागि | certainly, surely. |
| यक्ष्मा | स्त्री. | क्षय नामक रोग, तपेदिक का रोग। | ಕ್ಷಯರೋಗ | क्षयरोग | pulmonary disease, consumption, tuberculosis. |
| यजन | पु. | 1. यज्ञ करना; | ಯಜ್ಞ; | यज्ञ; | the act of sacrificing or worshipping; |
| | | 2. यज्ञभूमि। | ಯಜ್ಞಭೂಮಿ | यज्ञभूमि | a place of sacrifice. |
| यजमान | पु. | ब्राह्मण को दान-दक्षिणा आदि देकर यज्ञ कराने वाला व्यक्ति। | ಯಜಮಾನ, ಯಜ್ಞಾದಿ ಮಾಡಿಸಿ ದಕ್ಷಿಣೆ ಕೊಡುವಾತ | यजमान, यज्ञादि माडिसि दक्षिणें कॊडुवात | householder who performs the sacrifice through priests. |
| यजमानी | स्त्री. | यजमानों के यहां कर्मकांड आदि कराने तथा उनसे दान-दक्षिणा आदि लेने की वृत्ति। | ಯಜ್ಞಾದಿಗಳನ್ನು ಮಾಡಿಸಿ ದಾನ ಆದಿಗಳನ್ನು ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳುವ ವೃತ್ತಿ | यज्ञादिगळन्नु माडिसि दान आदिगळन्नु तॆगॆदुकॊळ्ळुव वृत्ति | occupation of performing sacrifice for the household. |
| यज्ञ | पु. | प्राचीन भारतीय आर्यों का एक प्रसिद्ध वैदिक कृत्य जिसमें प्रायः हवन और पूजन होता था। | ಯಜ್ಞ | यज्ञ | ceremony of the Aryas in which oblations were offered. |
| यज्ञ-कर्ता | पु. वि. | यज्ञ करनेवाला। | ಯಜ್ಞ ಮಾಡುವಾತ | यज्ञ माडुवात | one who performs the ceremony of sacrifice or oblation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **यज्ञ-सूत्र** | पु. | जनेऊ, यज्ञोपवीत। | ಜನಿವಾರ, ಯಜ್ಞೋಪವೀತ | जनिवार, यज्ञोपवीत | sacrificial thread or cord, sacred thread. |
| **यज्ञशाला** | स्त्री. | यज्ञ करने का स्थान। | ಯಾಗಶಾಲೆ | यागशाले | sacrificial hall, house or place for keeping the sacrificial fire. |
| **यज्ञोपवीत** | पु. | 1. हिन्दुओं का एक संस्कार जिसमें बालक को पहले – पहल तीन तागों का मण्डलाकार सूत पहनाया जाता है; | ಉಪನಯನ ಸಂಸ್ಕಾರ; | उपनयन संस्कार; | a Hindu ceremony in which a child is introduced to wearing the sacred thread; |
| | | 2. तीन तागोंवाला वह सूत्र जो उक्त अवसर पर बालक को पहले-पहल पहनाया जाता है, जनेऊ। | ಜನಿವಾರ | जनिवार | sacred or sacrificial thred. |
| **यति** | पु., स्त्री. | 1. संन्यासी; | ಯತಿ, ಸಂನ್ಯಾಸಿ | यति, संन्यासि | ascetic, one who has renounced the world and controlled his passions; |
| | | 2. संगीत अथवा काव्यछंदों के चरणों में वह स्थान जहां पढ़ते समय थोड़ा विश्राम हो। | ಕವಿತೆ, ಸಂಗೀತದಲ್ಲಿ ವಿರಾಮ ಸ್ಥಾನ | कवितॆ, संगीतदल्लि विराम स्थान | (music) pause, (prosody) caesura. |
| **यतिभंग** | पु. | काव्य का लय संबंधी एक दोष जिसमें नियत स्थान पर विश्राम नहीं होता, बल्कि उससे कुछ पहले या पीछे होता है। | ಕವಿತೆಯಲ್ಲಿ ಯತಿ ಭಂಗ | कवितॆयल्लि यतिभंग | (prosody) caesural flaw. |
| **यतीम** | पु. | ऐसा बालक जिसके माता-पिता मर गए हों, अनाथ। | ಅನಾಥ, ತಬ್ಬಲಿ | अनाथ, तब्बलि | orphan. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| यत्किंचित् | वि. | थोड़ा-सा, जरा सा। | ಸ್ವಲ್ಪ, ತುಸ | स्वल्प, तुस | whatever, whatsoever. |
| यत्न | पु. | 1. किसी काम या बात के लिए किया जानेवाला उद्योग, कोशिश; | ಪ್ರಯತ್ನ; | प्रयत्न; | effort, endeavour; |
| | | 2. उपाय, युक्ति। | ಯುಕ್ತಿ, ಉಪಾಯ | युक्ति, उपाय | means, device. |
| यत्नवान | वि. | यत्न करनेवाला। | ಪ್ರಯತ್ನ ಮಾಡುವ | प्रयत्न माडुव | making effort or exertion, diligent. |
| यत्र | क्रि. वि. | जिस जगह, जहां। | ಎಲ್ಲಿ | एल्लि | in which place, where. |
| यत्र-तत्र | क्रि. | 1. जहां-तहां, इधर-उधर। | ಅಲ್ಲಲ್ಲಿ, ಇಲ್ಲಿ-ಅಲ್ಲಿ | अल्लल्लि, इल्लि-अल्लि | wherever, anywhere. |
| यथा | अव्य. | जिस प्रकार से, जैसे। | ಯಥಾ, ಹೇಗೆಂದರೆ | यथा, हेगेंदरे | in which manner, as, like as, like, according to. |
| यथाक्रम | क्रि. वि. | ठीक और निश्चित क्रम से। | ಯಥಾಕ್ರಮ; ನಿಶ್ಚಯಿಸಿದ ಕ್ರಮದಲ್ಲಿ | यथाक्रम, निश्चयिसिद क्रमदल्लि | according to order, in regular order or series, in due succession. |
| यथातथ्य | वि., क्रि. वि. | ज्यों का त्यों, हूबहू। | ಇದ್ದದ್ದು ಇದ್ದಂತೆ | इद्दद्दु इद्दंते | in accordance with the truth, really, truly. |
| यथानुक्रम | क्रि. वि. | यथाक्रम, क्रमानुसार। | ಯಥಾನುಕ್ರಮ, ಕ್ರಮಾನುಸಾರವಾಗಿ | यथानुक्रम, क्रमानुसारवागि | according to order. |
| यथापूर्व | क्रि. वि. | पहले की तरह। | ಮೊದಲಿನಂತೆ | मॊदलिनंते | as before, as previously. |
| यथायोग्य | क्रि. वि. | 1. जैसा चाहिए ठीक वैसा; | ಹೇಗಾಗ ಬೇಕೋ ಹಾಗೆ; | हेगागबेको हागे; | consonant with propriety; |
| | | 2. यथोचित। | ಯಥೋಚಿತ | यथोचित | suitably, properly, fitly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **यथार्थ** | पु. वि. | जो अपने अर्थ (आशय, उद्देश्य, भाव आदि) के ठीक अनुरूप हो। | ಯಥಾರ್ಥ, ಇದ್ದದ್ದು ಇದ್ದಂತಿರುವ ಸ್ಥಿತಿ | यथार्थ, इद्दद्दु इद्दंतिरुव स्थिति | accordant with reality, conformable to truth, or to the true meaning or sense, agreeing with fact. |
| **यथार्थतः** | क्रि. वि. | वास्तव में, सचमुच। | ನಿಜವಾಗಿ, ವಾಸ್ತವವಾಗಿ | निजवागि, वास्तववागि | truly, rightly, fitly, really. |
| **यथार्थता** | स्त्री. | 1. यथार्थ होने की अवस्था या भाव; | ಯಥಾರ್ಥತೆ, ವಾಸ್ತವಿಕತೆ; | यथार्थते, वास्तविकते; | reality; |
| | | 2. सच्चाई, सत्यता। | ನೈಜತೆ, ಸತ್ಯತೆ | नैजते, सत्यते | correctness, accuracy. |
| **यथार्थवाद** | पु. | आजकल साहित्यिक क्षेत्र में यह मत या सिद्धांत कि प्रत्येक बात अपने यथार्थ रूप में चित्रित की जानी चाहिए। | ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ಇಂದಿನ ಒಂದು ಸಿದ್ಧಾಂತ - ಯಥಾರ್ಥವಾದ | साहित्यदल्लि इंदिन ओंदु सिद्धांत - यथार्थवाद | realism. |
| **यथार्थवादी** | पु. वि. | 1. यथार्थवाद से संबंध रखनेवाला; | ಯಥಾರ್ಥವಾದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | यथार्थवादक्के संबंधिसिद; | pertaining to realism; |
| | | 2. यथार्थवाद के अनुरूप होनेवाला; | ಯಥಾರ್ಥವಾದದ ಸಿದ್ಧಾಂತಕ್ಕನುಸಾರ; | यथार्थवादद सिद्धांतक्कनुसार; | in accordance with realism; |
| | | 3. यथार्थवाद के सिद्धान्तों का समर्थक। | ಯಥಾರ್ಥವಾದವನ್ನು ಸಮರ್ಥಿಸುವವ | यथार्थवादवन्नु-समर्थिसुवव | realist. |
| **यथावत्** | क्रि. वि. | 1. जैसा होना चाहिए वैसा; | ಹೇಗಾಗಬೇಕೋ ಹಾಗೆ; | हेगागबेको हागे; | exactly as it should be; |
| | | 2. अच्छी तरह से। | ಬಹಳ ಚೆನ್ನಾಗಿ | बहळ चेन्नागि | duly, properly, rightly. |
| **यथा विधि** | क्रि. वि. | निश्चित की अथवा बतलाई हुई विधि के अनुसार। | ಯಥಾವಿಧಿ, ವಿಧಿ ಕ್ರಮಕ್ಕೆ ಅನುಸಾರವಾಗಿ | यथाविधि, विधि क्रमक्के अनुसारवागि | according to proper method, according to rule. |
| **यथाशक्ति** | क्रि. वि. | सामर्थ्य के अनुसार। | ಯಥಾಶಕ್ತಿ, ಸಾಮರ್ಥ್ಯಕ್ಕೆ ಅನುಸಾರ | यथाशक्ति, सामर्थ्यक्के अनुसार | to the best of (one's) ability, as far as possible. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| यथाशक्य | क्रि. | दे. 'यथाशक्ति'। | ನೋಡಿ "यथाशक्ति" | नोडि "यथाशक्ति" | see 'यथाशक्ति'. |
| यथाशास्त्र | क्रि. वि. | जो कुछ शास्त्रों में बतलाया गया हो उसी के अनुसार। | ಶಾಸ್ತ್ರಾನುಸಾರ | शास्त्रानुसार | according to the **Sastras** or sacred codes of law, according to scripture, as the law ordains, according to the precept of science. |
| यथाशीघ्र | क्रि. वि. | जितनी शीघ्र संभव हो। | ಆದಷ್ಟು ಬೇಗನೆ, ಯಥಾಶೀಘ್ರ | आदष्टु बेगने, यथाशीघ्र | as quickly as possible. |
| यथासम्भव | क्रि. वि. | जहां तक हो सके। | ಆದಷ್ಟು ಮಟ್ಟಿಗೆ | आदष्टु मट्टिगे | accordant with possibility, as far as possible. |
| यथासमय | क्रि. वि. | 1. ठीक या नियत समय आनेपर; | ಸಮಯಕ್ಕೆ ಸರಿಯಾಗಿ; | समयक्के सरियागि; | at the proper time; |
| | | 2. जब जैसा समय हो, तब उसके अनुसार। | ಸಮಯಾನುಸಾರವಾಗಿ | समयानुसारवागि | according to time or circumstances. |
| यथासाध्य | क्रि. वि. | दे. 'यथाशक्ति'। | ನೋಡಿ "यथाशक्ति" | नोडि "यथाशक्ति" | see 'यथाशक्ति'. |
| यथास्थान | क्रि. वि. | अपने उचित या उपयुक्त स्थान पर। | ಯಥಾಸ್ಥಾನದಲ್ಲಿ, ಉಚಿತ ಸ್ಥಾನದಲ್ಲಿ | यथास्थानदल्लि, उचित स्थानदल्लि | in proper place. |
| यथास्थिति | क्रि. वि. | जब जैसी स्थिति हो, तब उसी के अनुसार। | ಯಥಾಸ್ಥಿತಿ, ಸ್ಥಿತಿಗತಿಗಳಿಗನುಸಾರವಾಗಿ | यथास्थिति, स्थितिगतिगळिगनुसारवागि | according to circumstances. |
| यथेच्छ | वि. | इच्छा के अनुसार। | ಇಚ್ಛೆಯಂತೆ, ಬಯಸಿದಂತೆ | इच्छेयंते, बयसिदंते | according to wish or desire. |
| यथेष्ट | वि. | 1. इच्छा के अनुसार; | ಇಚ್ಛಾನುಸಾರ; | इच्छानुसार; | according to wish or desire; |
| | | 2. उतना जितने की इच्छा हो। | ಬಯಸಿದಷ್ಟು | बयसिदष्टु | as much as may be wanted. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| यथोचित | वि. | जैसा उचित या मुनासिब हो वैसा। | ಯಥೋಚಿತವಾಗಿ | यथोचितवागि | accordant with fitness or propriety or equity, as is right or befitting. |
| यथोपयुक्त | वि. | जैसा उपयुक्त अथवा उचित हो। | ಉಚಿತ ಅಥವಾ ಉಪಯುಕ್ತ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ | उचित अथवा उपयुक्त रीतियल्लि | as is proper or befitting. |
| यदा-कदा | क्रि. वि. | कभी-कभी। | ಆಗಾಗ್ಗೆ | आगाग्गे | whenever, now and then. |
| यदि | अव्य. | अगर, अमुक अवस्था हो तो। | -ರೆ, -ಒಡೆ, ಪಕ್ಷದಲ್ಲಿ, ಒಂದು ವೇಳೆ | - रे, - ओडे, पक्षदल्लि, ओंदु वेळे | if, in case. |
| यदृच्छया | क्रि. वि. | 1. अचानक;<br>2. दैवयोग से। | ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾಗಿ;<br>ದೈವಯೋಗದಿಂದ | अकस्मात्तागि;<br>दैवयोगदिंद | accidently, spontaneously;<br>by chance. |
| यदृच्छा | स्त्री. | 1. स्वेच्छाचार;<br>2. आकस्मिक संयोग। | ಸ್ವೇಚ್ಛಾಚಾರ;<br>ಆಕಸ್ಮಿಕ ಸಂಯೋಗ | स्वेच्छाचार;<br>आकस्मिक संयोग | acting as one likes, self-will;<br>chance, accident. |
| यद्यपि | अव्य. | अगर ऐसा है, भी। | ಆದಾಗ್ಯೂ | आदाग्यू | even if, although, though. |
| यम | पु. | 1. भारतीय आर्यों के एक प्रसिद्ध देवता जो मृत्यु के देवता माने जाते हैं;<br>2. मन, इन्द्रिय आदि को वश या रोक में रखना;<br>3. जुड़वां। | ಮೃತ್ಯು ದೇವತೆ, ಯಮ;<br>ಮನ, ಇಂದ್ರಿಯಗಳನ್ನು ವಶದಲ್ಲಿಟ್ಟುಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ;<br>ಅವಳಿ-ಜವಳಿ | मृत्यु देवते, यम;<br>मन, इंद्रियगळन्नु वशदल्लिट्टु कोंळ्ळुविके;<br>अवळि-जवळि | the god of death in Hindu mythology;<br>self-restraint, self-control;<br>twin. |
| यमक | पु. | साहित्य में एक शब्दालंकार जिसमें एक शब्द भिन्न अर्थों में दो बार आए। | ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ಯಮಕ ಶಬ್ದಾಲಂಕಾರ | साहित्यदल्लि यमक शब्दालंकार | (rhet.) repetition in the same stanza (in any part of it) of words or syllables similar in sound, but different in meaning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **यमज** | वि., पु. | जुड़वां; जुड़वां बच्चे। | ಅವಳಿ-ಜವಳಿ, ಅವಳಿ ಮಕ್ಕಳು | अवळि-जवळि, अवळि मक्कळु | twin-born; twins. |
| **यमदूत** | पु. | यमराज का दूत। | ಯಮದೂತರು | यमदूतरु | Yam's (god of death) messenger or minister. |
| **यमल** | वि. पुं. | जुड़वां। जोड़ा। | ಅವಳಿ-ಜವಳಿ ಜೋಡಿ, ಜೊತೆ | अवळि-जवळि जोडि, जोते | twin. pair, couple. |
| **यमलोक** | पु. | वह लोक जहां मरने के उपरांत मनुष्य जाते हैं। | ಯಮಲೋಕ | यमलोक | Yam's world, the region of Yam (the world of death). |
| **यव (यवक)** | पु. | जौ नामक अन्न। | ಯವಧಾನ್ಯ, ಜವೆಗೋಧಿ | यवधान्य, जवेगोधि | barley corn. |
| **यवन** | पु. | प्राचीन भारत में यूनान से आये हुए लोगों की संज्ञा। | ಯವನರು, ಪ್ರಾಚೀನ ಭಾರತಕ್ಕೆ ಗ್ರೀಸಿನಿಂದ ಬಂದ ಜನ | यवनरु, प्राचीन भारतक्के ग्रीसिनिंद बंद जन | (ancient India) Greek. |
| **यवनिका** | स्त्री. | रंगमंच का परदा। | ಪರದೆ, ತೆರೆ, ಜವನಿಕೆ | परदे, तेरे, जवनिके | curtain. |
| **यश** | पु. | कीर्ति, प्रशंसा। | ಕೀರ್ತಿ | कीर्ति | glory, splendour, name, praise, reputation. |
| **यशस्कर** | वि. | यशदायक। | ಕೀರ್ತಿದಾಯಕ | कीर्तिदायक | causing renown, conferring fame or distinction. |
| **यशस्विनी** | स्त्री., वि. | जिसका खूब यश हो। | ಕೀರ್ತಿವಂತೆ | कीर्तिवंते | lady of renown or distinction, renowned or celebrated (female). |
| **यशस्वी** | वि. | जिसका यश चारों ओर फैला हो। | ಕೀರ್ತಿಪಡೆದ | कीर्तिपडेद | famous, renowned, celebrated. |
| **यष्टि** | स्त्री. | 1. छड़ी; 2. टहनी, शाखा। | ಛಡಿ, ಬೆತ್ತ; ಶಾಖೆ, ರೆಂಬೆ, ಕೊಂಬೆ | छडि, बेत्त; शाखे, रेंबे, कोंबे | stick, staff; branch, twig. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **यष्टिका** | स्त्री. | हाथ में रखने की बड़ी या छोटी लाठी। | ಬೆತ್ತ, ಲಾಠಿ | बेत्त, लाठि | staff, stick. |
| **यह** | सर्व., वि. | 1. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता और श्रोता को छोड़कर निकट के और सब मनुष्यों तथा पदार्थों के लिए होता है; | ಇವನು, ಇವಳು, ಇದು, ಈ | इवनु, इवळु, इदु, ई; | this (person), he, she, it; |
| | | 2. जो वर्तमान या समीप हो या जिसका अभी-अभी उल्लेख किया गया हो। | ಇದು (ನಿರ್ದೇಶ) | इदु (निर्देश) | this. |
| **यहां** | क्रि. वि. | इस स्थान पर। | ಇಲ್ಲಿ | इल्लि | in this place, here, hither. |
| **यही** | वि. | निश्चित रूप से यह। | ಇದೇ | इदे | this very, this same, the very same (person or thing). |
| **यांत्रिक** | पु. वि. | 1. मशीनों का रहस्य जाननेवाला और उनकी मरम्मत करनेवाला; | ಯಂತ್ರಗಳನ್ನು ಸರಿ ಪಡಿಸುವ(ವ); | यंत्रगळन्नु सरिपडिसुव(व); | mechanic; |
| | | 2. यंत्र से संबंधित; | ಯಂತ್ರ ಸಂಬಂಧ ವಾದ; | यंत्र संबंधवाद; | relating to instrument or machines; |
| | | 3. यंत्रवत् चलनेवाला। | ಯಂತ್ರದಂತೆ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ(ವ) | यंत्रदंते कॆलस माडुव (व) | working like a machine. |
| **यांत्रिकी** | स्त्री. | वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें अनेक प्रकार के यंत्र बनाने, चलाने, सुधारने आदि के उपायों तथा रीतियों का विवेचन होता है। | ಯಂತ್ರವಿದ್ಯೆ | यंत्रविद्यॆ | mechanics. |
| **या** | अव्य. | विकल्पसूचक शब्द, अथवा। | ಅಥವಾ | अथवा | or, either. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **याक्ष्मिकी** | स्त्री. | आधुनिक चिकित्सा की वह शाखा जिसमें विशिष्ट रूप से यक्ष्मा रोग के कीटाणुओं आदि का नाश करने के उपायों और सिद्धान्तों का विवेचन होता है। | ಕ್ಷಯರೋಗ ಚಿಕಿತ್ಸಾ ಶಾಸ್ತ್ರ | क्षयरोग चिकित्साशास्त्र | medicinal science etc. concerning tuberculosis. |
| **याग** | पु. | दे. 'यज्ञ'। | ನೋಡಿ "यज्ञ" | नोडि "यज्ञ" | see 'यज्ञ'. |
| **याचक** | वि., पु. | 1. मांगनेवाला; | ಯಾಚಕ, ಬೇಡುವವ, | यांचक, बेडुवव; | beggar; |
| | | 2. भिक्षुक। | ಭಿಕ್ಷುಕ | भिक्षुक | mendicant. |
| **याचकता** | स्त्री. | 1. याचक होने की अवस्था या भाव; | ಬೇಡುವಿಕೆ, ಯಾಚನೆ; | बेडुविकॆ, याचनॆ; | begging; |
| | | 2. भिक्षावृत्ति। | ಭಿಕ್ಷಾವೃತ್ತಿ | भिक्षावृत्ति | mendicancy. |
| **याचना** | स्त्री. | कुछ मांगने के लिए किसी से नम्रतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना। | ಯಾಚನೆ | याचनॆ | asking, soliciting, begging, request, entreaty. |
| **याचिका** | स्त्री. | वह प्रार्थनापत्र जो न्यायालय के सामने उपस्थित किया जाता है। | ನ್ಯಾಯಾಲಯದಲ್ಲಿ ಸಲ್ಲಿಸುವ ಪ್ರಾರ್ಥನಾ ಪತ್ರ | न्यायालयदल्लि सल्लिसुव प्रार्थना पत्र | petition, request. |
| **याचित** | वि. | जो कुछ मांगा गया हो। | ಬೇಡಿದ | बेडिद | asked, solicited, prayed for, begged. |
| **याजक** | पु. | यज्ञ करनेवाला। | ಯಜ್ಞ ಮಾಡುವವ | यज्ञ माडुवव | sacrificer, sacrificing priest, priest officiating at a sacrifice. |
| **याजन** | पु. | यज्ञ की क्रिया। | ಯಜ್ಞಕ್ರಿಯೆ | यज्ञक्रियॆ | act of performing or conducting a sacrifice. |
| **यातना** | स्त्री. | घोर शारीरिक कष्ट। | ಯಾತನೆ, ಬೇನೆ | यातनॆ, बेनॆ | acute pain, agony, torment, torture. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| यातायात | पु. | एक स्थान से दूसरे स्थान पर आते-जाते रहने की क्रिया या भाव। | ಸಂಚಾರ, ಸಾಗಾಟ | संचार, सागाट | going and coming, traffic. |
| यातुधान | पु. | राक्षस। | ರಾಕ್ಷಸ | राक्षस | evil spirit, demon or devil. |
| यात्रा | स्त्री. | एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया। | ಪ್ರಯಾಣ, ಯಾತ್ರೆ | प्रयाण, यात्रॆ | journey, travel. |
| यात्रा-भत्ता | पु. | यात्रा करने के बदले अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को मिलनेवाला भत्ता। | ಪ್ರಯಾಣ ಭತ್ಯೆ, ಯಾತ್ರೆ ಭತ್ಯೆ | प्रयाण भत्य, यात्रॆ भत्य | travelling allowance. |
| यात्रिक | पु., वि. | 1. यात्रा करनेवाला व्यक्ति; | ಯಾತ್ರಿಕ; | यात्रिक; | traveller; |
| | | 2. यात्रा संबंधी। | ಯಾತ್ರೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | यात्रॆगॆ संबंधिसिद | relating to a travel or journey. |
| यात्री | पु. | वह जो यात्रा कर रहा हो, मुसाफिर। | ಯಾತ್ರಿ, ಪ್ರಯಾಣಿಕ | यात्रि, प्रयाणिक | one who is on a journey, traveller. |
| याद | स्त्री. | 1. स्मरण करने की क्रिया या भाव; | ನೆನಪು; | नॆनपु; | remembrance, recollection; |
| | | 2. स्मरणशक्ति। | ಸ್ಮರಣಶಕ್ತಿ | स्मरणशक्ति | memory. |
| यादगार | स्त्री. | स्मृतिचिह्न। | ಸ್ಮರಣ ಚಿಹ್ನೆ, ಸ್ಮಾರಕ | स्मरण चिह्नॆ, स्मारक | monument, memorial. |
| याददाश्त | स्त्री. | स्मरणशक्ति। | ಸ್ಮರಣಶಕ್ತಿ | समरणशक्ति | memory. |
| यान | पु. | वह उपकरण या साधन जिस पर सवार होकर यात्रा की जाती है अथवा माल ढोया जाता है। | ವಾಹನ | वाहन | conveyance or vehicle of any kind, carriage, chariot, wagon, car, etc. |
| यानी (याने) | अव्य. | अर्थ या आशय यह है कि, अर्थात्। | ಅಂದರೆ | अंदरॆ | that is to say, viz., i.e. |
| यापन | पु. | व्यतीत करना, बिताना (समय)। | ಕಾಲ ಕಳೆಯುವಿಕೆ | काल कळॆयुविकॆ | spending or passing (time). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| यापना | स्त्री. | वह धन जो किसी को जीविका-निर्वाह के लिए दिया जाए। | ಜೀವನಾಂಶ | जीवनांश | (money paid for) maintenance. |
| याम | पु. | तीन घंटे का समय। | ಯಾಮ, ಜಾವ | याम, जाव | period or watch of three hours. |
| यामिनी | स्त्री. | रात्रि, रात। | ರಾತ್ರಿ | रात्रि | night. |
| यायावर | वि. | वह जो एक स्थान पर टिक कर न रहता हो। | ಯಾಯಾವರ, ಒಂದೆಡೆ ನಿಲ್ಲದೆ ತಿರುಗಾಡುವ | यायावर, ओंदॆडॆ निल्लदॆ तिरुगाडुव | frequently travelling, vagrant, having no fixed abode. |
| | पु. | साधु, संत। | ಸಾಧು, ಸಂತರು | साधु, संतरु | mendicant, saint. |
| यार | पु. | 1. मित्र, दोस्त; | ಮಿತ್ರ; | मित्र; | friend; |
| | | 2. किसी स्त्री के विचार से उसका प्रेमी या उपपति। | ಪ್ರೇಮಿ, ಉಪಪತಿ | प्रेमि, उपपति | paramour. |
| याराना | पु. | मित्र (यार) होने की अवस्था, धर्म या भाव, पर-स्त्री और पर-पुरुष का अनुचित संबंध। | ಸ್ನೇಹದಿಂದಿರುವಿಕೆ, ಅನುಚಿತವಾದ ಪರ ಸ್ತ್ರೀ ಅಥವಾ ಪರ ಪುರುಷ ಸಂಬಂಧ | स्नेहदिंदिरुविकॆ, अनुचितवाद परस्त्री अथवा परपुरुष संबंध | friendliness, friendship, illicit relations. |
| | वि. | मित्र का जैसा। | ಮಿತ್ರನಂತಹ | मित्रनंतह | friendly. |
| यारी | स्त्री. | मित्र (यार) होने की अवस्था या भाव। | ಸ್ನೇಹ | स्नेह | friendship. |
| युक्त | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ; | ಜೋಡಿಸಿದ, ಸೇರಿ ಕೊಂಡು ಇರುವ; | जोडिसिद, सेरिकॊंडु इरुव; | joined, united, connected, attached; |
| | | 2. सम्मिलित। | ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | सेरिसल्पट्ट | combined, included. |
| युक्ति | स्त्री. | 1. उपाय, तरकीब; | ಉಪಾಯ; | उपाय; | means, contrivance, device; |
| | | 2. तर्क; | ತರ್ಕ; | तर्क; | argument, reason; |
| | | 3. युक्त होने की अवस्था या भाव। | ಸೇರಿರುವಿಕೆ | सेरिरुविकॆ | union, junction, combination. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **युक्तिकर** | वि. | उपयुक्त तर्क के अनुकूल, ठीक। | ತರ್ಕಾನುಕೂಲವಾದ, ಸರಿಯಾದ | तर्कानुकूलवाद, सरियाद | in accordance with reason, proper, fit. |
| **युक्तियुक्त** | वि. | युक्तिपूर्ण, उचित। | ಉಚಿತ, ಯುಕ್ತಿ ಸಂಗತ | उचित, युक्ति संगत | argumentative, proper,fit. |
| **युग** | पु. | 1. काल, समय;<br>2. पुराणानुसार काल का एक दीर्घ परिमाण। | ಕಾಲ, ಸಮಯ;<br>ಯುಗ. | काल समय;<br>युग | period, time;<br>age of the world according to Puranas. |
| | वि. | जो गिनती में दो हो। | ಎಣಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಎರಡು | एंणिकॅयल्लि एरडु | pair, couple. |
| **युगद्रष्टा** | पु. | युग की समस्याओं और उसके हल को स्पष्ट रूप से सोचने-समझनेवाला व्यक्ति, अतः युग का महापुरुष। | ಯುಗದ ಸಮಸ್ಯೆ ಹಾಗೂ ಪರಿಹಾರಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಸ್ಪಷ್ಟವಾಗಿ ಆಲೋಚಿಸಬಲ್ಲ ಮಹಾಪುರುಷ, ಯುಗದ್ರಷ್ಟ | युगद समस्यॆ हागू परिहारगळ बग्गॆ स्पष्टवागि आलोचिसबल्ल महापुरुष, युगद्रष्ट | seer of the age, hence a great man. |
| **युगधर्म** | पु. | कोई ऐसा काम जो किसी विशिष्ट युग में प्रायः सभी लोग साधारण रूप से करते हों। | ಯುಗಧರ್ಮ | युगधर्म | standard of the age, order of the day. |
| **युगपत्** | अव्य. | एक ही समय में, साथ-साथ। | ಏಕಕಾಲದಲ್ಲಿ, ಒಟ್ಟಿಗೆ, ಜೊತೆ-ಜೊತೆಗೆ | एककालदल्लि, ऑट्टिगॆ, जॊतॆ-जॊतॆगॆ | simultaneously, all at once, all together, at the same time. |
| **युगपुरुष** | पुं | अपने समय का बहुत बड़ा महापुरुष। | ಯುಗಪುರುಷ | युगपुरुष | man of the age. |
| **युगल** | वि. पुं. | युग्म, जोड़ा। | ಯುಗ್ಮ, ಜೋಡಿ | युग्म, जोडि | pair, couple. |
| **युगांत** | पु. | 1. प्रलय; | ಪ್ರಳಯ; | प्रळय; | destruction of the universe; |
| | | 2. युग का अंतिम काल या समय। | ಯುಗದ ಕೊನೆಗಾಲ | युगद कॊनॆगाल | the end of an age. |
| **युगांतर** | पु. | प्रस्तुत युग के उपरांत आनेवाला दूसरा युग। | ಯುಗಾಂತರ, ಮುಂಬರುವ ಯುಗ | युगांतर, मुंबरुव युग | succeeding epoch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| युगावतार | पुं. | युग का अवतारी महान पुरुष। | ಯುಗಾವತಾರಿ ಮಹಾಪುರುಷ | युगावतारि महापुरुष | great man of the age. |
| युग्म | पु. | जोड़ा, ऐसी दो वस्तुएं जो प्रायः साथ आती या रहती हों। | ಜೋಡಿ | जोडि | pair, couple. |
| युग्मज | पु. | एक साथ एक ही गर्भ से उत्पन्न होनेवाले दो जीव। | ಅವಳಿ-ಜವಳಿ ಮಕ್ಕಳು | अवळि-जवळि मक्कळु | twin. |
| | वि. | (ऐसे दो) जो एक साथ उत्पन्न हुए हों। | ಅವಳಿ-ಜವಳಿಯಾಗಿ ಹುಟ್ಟಿದ | अवळि-जवळियागि हुट्टिद | twin-born. |
| युत | वि. | देखें 'युक्त'। | ನೋಡಿ "युक्त" | नोडि "युक्त" | see 'युक्त'. |
| युद्ध | पु. | किसी प्रकार के साधन से आपस में होनेवाली लड़ाई। | ಯುದ್ಧ | युद्ध | war, battle etc. |
| युद्धकारी | वि. | जो किसी से युद्ध कर रहा हो अथवा किसी युद्ध में किसी पक्ष से सम्मिलित हो। | ಯುದ್ಧ ಮಾಡುವ | युद्ध माडुव | making war, fighting. |
| युद्धपोत | पु. | वह बहुत बड़ा समुद्री जहाज जिस पर से सैनिक युद्ध करते हैं। | ಯುದ್ಧದ ಹಡಗು | युद्धद हडगु | warship. |
| युद्धबंदी | स्त्री. | 1. युद्ध का रुकना, युद्ध-विराम। | ಯುದ್ಧವಿರಾಮ; | युद्धविराम; | ceasefire. |
| | पु. | 2. लड़ाई का कैदी। | ಯುದ್ಧದ ಕೈದಿ | युद्धद कैदि | prisoner of war. |
| युद्धभूमि | स्त्री. | लड़ाई का मैदान, रणक्षेत्र। | ಯುದ್ಧಭೂಮಿ, ರಣರಂಗ | युद्धभूमि, रणरंग | battle ground, field of battle. |
| युद्ध विराम | पु. | चलता हुआ युद्ध इस उद्देश्य से रोकना कि दोनों पक्ष आपस में संधि की बातचीत कर सकें। | ಯುದ್ಧವಿರಾಮ | युद्धविराम | ceasefire. |
| युद्धोन्मत्त | वि. | जो युद्ध करने के लिए उतावला हो रहा हो। | ಯುದ್ಧೋನ್ಮತ್ತ, ಯುದ್ಧದ ಅಮಲೇರಿದ | युद्धोन्मत्त, युद्धद अमलेरिद | mad for war. |
| युयुत्सु | वि. | जिसके मन में युद्ध करने की इच्छा हो। | ಯುದ್ಧಾಭಿಲಾಷೆಯುಳ್ಳ | युद्धाभिलाषेयुळ्ळ | desirous of fighting, eager for battle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| युवक | पु. | नौजवान व्यक्ति, विशेषत: 16 से 35 वर्ष के बीच की अवस्था का व्यक्ति। | ಯುವಕ, ಪ್ರಾಯದವ | युवक, प्रायदव | youth. |
| युवती | स्त्री. | जवान स्त्री। | ಯುವತಿ | युवति | young woman, damsel. |
| युवराज | पु. | वह सबसे बड़ा राजकुमार जो अपने पिता के राज्य का वास्तविक अधिकारी होता है। | ಯುವರಾಜ | युवराज | heir-apparent, crown-prince. |
| युवराज्ञी | स्त्री. | राजकुमारी। | ರಾಜಕುಮಾರಿ | राजकुमारि | princess. |
| युवा | वि. | जवान, जिसकी अवस्था सोलह से लेकर पैंतीस वर्ष तक के अन्दर हो। | ಯುವಕ | युवक | young (between the age of 16 and 35 years.). |
| यूं | अव्य. | यों, इस प्रकार। | ಹೀಗೆ | हीगॆ | thus, in this manner. |
| यूथ | पु. | 1. समूह, झुंड; | ಸಮೂಹ; | समूह; | flock, herd (of birds, animals etc.); |
| | | 2. सेना की टुकड़ी। | ಸೈನ್ಯದ ಒಂದು ಪಡೆ | सैन्यद ऒंदु पडॆ | band or company of army. |
| यूथपति | पु. | 1. झुंड या दल का नेता; | ದಳಪತಿ; | दळपति; | leader or head of a flock or herd; |
| | | 2. सेना की टुकड़ी का अधिकारी। | ಸೈನ್ಯದ ಒಂದು ಪಡೆಯ ಮುಖ್ಯಾಧಿಕಾರಿ | सैन्यद ऒंदु पडॆय मुख्याधिकारि | captain or commander of a company or band of army. |
| ये | सर्व., वि. | 1. निर्दिष्ट समीपस्थ वस्तुएं या व्यक्ति; | ಇವು, ಇವರು | इवु, इवरु | these; |
| | | 2. दो या अधिक समीपस्थ वस्तुओं का बोध कराने के लिए प्रयुक्त होनेवाला विशेषण। | | | they. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| येन केन प्रकारेण | क्रि. वि. | किसी न किसी प्रकार। | ಹೇಗಾದರೂ, ಯಾವ ರೀತಿ ಯಲ್ಲಾದರೂ | हेगादरू, याव रीतियल्लादरू | some how or the other. |
| यों | | देखिए 'यूं.'। | ನೋಡಿ "ಯೂ" | नोडि "यूं" | see 'यूं'. |
| यों ही (यूं ही) | क्रि. वि. | 1. इसी ढंग, तरह या प्रकार; | ಹೀಗೆ, ಈ ರೀತಿ; | हीगे, ई रीति; | in this way; |
| | | 2. बिना किसी आवश्यक प्रयोजन के। | ನಿರುದ್ದೇಶ್ಯವಾಗಿ | निरुद्देश्यवागि | generally speaking. |
| योग | पु. | 1. दो या अधिक पदार्थों का एक में मिलना; | ನಾಲ್ಕಾರು ವಸ್ತುಗಳ ಮಿಶ್ರಣ; | नाल्कारु वस्तुगळ मिश्रण; | compound; |
| | | 2. पातंजलि द्वारा प्रवर्तित दर्शन की एक शाखा; | ಪತಂಜಲಿ ಪ್ರವರ್ತಿತ ಯೋಗದರ್ಶನ; | पतंजलि प्रवर्तित - योगदर्शन; | Yoga system of philosophy established by Patanjali; |
| | | 3. मानसिक एकाग्रता की साधना; | ಮನಸ್ಸಿನ ಏಕಾಗ್ರತೆಯ ಸಾಧನ; | मनस्सिन एकाग्रतय साधनं; | concentration of mental faculties; |
| | | 4. उपाय; | ಉಪಾಯ; | उपाय; | device, remedy; |
| | | 5. गणित में दो या अधिक संख्याओं का जोड़; | ಗಣಿತದಲ್ಲಿ ಕೂಡುವಿಕೆ; | गणितदल्लि कूडुविकें; | (arith.) addition; |
| | | 6. फलित ज्योतिष में कुछ विशिष्ट काल या अवसर। | ಜ್ಯೋತಿಷದಲ್ಲಿ ಗ್ರಹಾದಿಗಳ ಯೋಗ | ज्योतिषदल्लि ग्रहादिगळयोग | (astro) conjunction. |
| योग-क्षेम | पु. | कुशल-मंगल, खैरियत। | ಯೋಗಕ್ಷೇಮ | योगक्षेम | well-being. |
| योगदर्शन | पु. | पातंजलि प्रणीत दर्शन की एक शाखा। | ಯೋಗ ದರ್ಶನ | योगदर्शन | branch of philosophy established by Patanjali. |
| योगदान | पु. | किसी को सहायता देना। | ಸಹಾಯ ಮಾಡುವಿಕೆ | सहाय माडुविकें | contribution. |
| योगफल | पु. | वह अंक या फल जो दो अंकों को जोड़ने से प्राप्त हो। | ಒಟ್ಟು, ಮೊತ್ತ, ಕೂಡಿದುದರ ಫಲಿತಾಂಶ | ओट्टु, मोत्त, कूडिदुदर फलितांश | sum, total, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **योगबल** | पु. | योग से प्राप्त होनेवाला तेज या शक्ति। | ಯೋಗಸಾಧನೆಯಿಂದ ಬರುವ ಶಕ್ತಿ, ಯೋಗಬಲ | योगसाधनेयिंद बरुव शक्ति, योगबल | force of devotion, the power or strength derived from continued abstract meditation. |
| **योगमाया** | स्त्री. | दार्शनिक और धार्मिक क्षेत्रों में ईश्वर या ब्रह्म की वह माया जिससे नाम, गुण और रूप से युक्त यह सारी सृष्टि बनी है और जिसके अन्दर ईश्वर या ब्रह्मा का तत्व छिपा हुआ व्याप्त है। | ಪ್ರಪಂಚದ ಸೃಷ್ಟಿಗೆ ಮೂಲವಾದ ದೇವರ ಮಾಯೆ, ಯೋಗ ಮಾಯೆ | प्रपंचद सृष्टिगे मूलवाद देवर मायें, योगमायें | power of God in the creation of the world personified as a deity. |
| **योग-विद्या** | स्त्री. | वह विद्या या शास्त्र जिसमें योग-संबंधी क्रियाओं का विवेचन होता है। | ಯೋಗಶಾಸ್ತ್ರ | योगशास्त्र | science of Yoga. |
| **योगशक्ति** | स्त्री. | योग द्वारा प्राप्त होनेवाली शक्ति। | ಯೋಗಶಕ್ತಿ | योगशक्ति | supernatural power attained through yoga. |
| **योगसिद्ध** | वि. | वह जिसने योग की सिद्धि प्राप्त कर ली हो। | ಯೋಗಸಾಧನೆಯ ಬಲದಿಂದ ಸಿದ್ಧಿ ಪಡೆದ | योगसाधनेय बलदिंद सिद्धि पडेद | perfected by means of Yoga. |
| **योगसिद्धि** | स्त्री. | योग-क्रियाओं में दक्षता प्राप्त करना। | ಯೋಗ ಸಾಧನೆ. ಯಿಂದ ಪಡೆದ ಸಿದ್ಧಿ | योगसाधनेय पडेद सिद्धि | acquiring mastery in Yoga practices. |
| **योगाभ्यास** | पु. | योग दर्शन में वर्णित विधि के अनुसार योग का अनुष्ठान या साधन। | ಯೋಗಾಭ್ಯಾಸ | योगाभ्यास | practising Yoga as directed in the Yoga philosophy. |
| **योगाभ्यासी** | पु. | योग की साधना करनेवाला योगी। | ಯೋಗಾಭ್ಯಾಸ ಮಾಡುವವ | योगाभ्यास माडुवव | one who practises Yoga. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| योगायोग | पु. | उपयुक्तता तथा अनुपयुक्तता। | ಯೋಗಾಯೋಗ | योगायोग | suitability and unsuitability. |
| योगासन | पु. | योग-साधन के लिए विहित आसन अर्थात् बैठने के ढंग या मुद्राएं। | ಯೋಗಾಸನ | योगासन | posture of performing Yoga practices. |
| योगित्व | पु. | योगिता। | ಯೋಗದಲ್ಲಿರುವಿಕೆ | योगदल्लिरुविकें | state or condition of Yogi. |
| योगिनी | स्त्री. | योग की साधना करनेवाली स्त्री। | ಯೋಗಿನಿ | योगिनि | female Yogi. |
| योगिराज | पु. | योगियों में श्रेष्ठ, बहुत बड़ा योगी। | ಯೋಗಿಗಳಲ್ಲಿ ಶ್ರೇಷ್ಠನಾದವ | योगिगळल्लि श्रेष्ठनादव | king amongst Yogis, great Yogi. |
| योगी (जोगी) | पु. | 1. वह जो योग की साधना करता हो; | ಯೋಗಿ; | योगि; | follower of the Yoga system of philosophy,ascetic; |
| | | 2. शिव। | ಶಿವ, ಈಶ್ವರ | शिव, ईश्वर | Siva. |
| योग्य | वि. | 1. काबिल, लायक; | ಯೋಗ್ಯವಾದ; | योग्यवाद; | qualified (for), able; |
| | | 2. उचित, मुनासिब। | ಸರಿಯಾದ | सरियाद | proper, fit, suitable. |
| योग्यता | स्त्री. | 1. योग्य होने की अवस्था, धर्म या भाव; | ಯೋಗ್ಯತೆ; | योग्यतें; | suitability, propriety, fitness; |
| | | 2. काबलियत; | ದಕ್ಷತೆ; | दक्षतें; | ability, capability; |
| | | 3. गुण। | ಗುಣ | गुण | quality. |
| योजक | वि. | जोड़ने या मिलानेवाला। | ಜೋಡಿಸುವ | जोडिसुव | joining, uniting. |
| योजन | पु. | 1. जोड़ने, मिलाने आदि की क्रिया या भाव; | ಸೇರಿಸುವಿಕೆ; | सेरिसुविकें; | joining, uniting, fixing; |
| | | 2. दूरी नापने का एक पुराना माप जो चार कोस अथवा 8 या 9 मील के बराबर होता था। | ಯೋಜನ (8-9 ಮೈಲಿಗಳ ದೂರ) | योजन (8-9 मैलिगळ दूर) | measure of distance equal to four 'Kosas' or eight or nine miles. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **योजना** | स्त्री. | किसी भावी कार्य के निष्पन्न करने का प्रस्तावित कार्यक्रम। | ಯೋಜನೆ, ಕಾರ್ಯ ಕ್ರಮ | योजनॆ, कार्यक्रम | scheme, planning. |
| **योजना आयोग** | पु. | वह प्रशासकीय संस्था जो राजकीय योजनाओं का संचालन करती है। | ಯೋಜನಾ ಆಯೋಗ | योजना आयोग | Planning Commission. |
| **रोली** | स्त्री. | हल्दी और चूने के योग से बना एक प्रकार का चूर्ण जिससे तिलक लगाया जाता है। | ಕುಂಕುಮ | कुंकुम | a mixture of turmer and lime which is used in marking 'tilak' on forehead. |
| **रोशन (रौशन)** | वि. | चमकदार, प्रकाश से युक्त, उज्ज्वल। | ಥಳಥಳಿಸುವ, ಪ್ರಕಾಶಿಸುವ | थळथळिसुव, प्रकाशिसुव | full of light, bright, shining. |
| **रोशनदान** | पुं. | कमरे की दीवार में ऊपर छोड़ा गया खुला स्थान जिससे प्रकाश अन्दर आता है। | ಗವಾಕ್ಷಿ; ಕಿಟಕಿ | गवाक्षि, किटकि | hole for admitting light, skylight, ventilator. |
| **रोशनाई** | स्त्री. | लिखने की स्याही, मसि। | ಮಸಿ, ಶಾಯಿ | मसि, शायि | ink for writing. |
| **रोशनी** | स्त्री. | 1. उजाला, प्रकाश; | ಬೆಳಕು; | बेळकु; | light, brightness, splendour; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आनन्दोत्सव के समय की जाने वाली दीपमाला। | ದೀಪಮಾಲಿಕೆ | दीपमालिकॆ | illumination. |
| **रोष** | पुं. | क्रोध, कोप, गुस्सा। | ಕೋಪ, ಸಿಟ್ಟು | कोप, सिट्टु | anger, wrath, rage. |
| **रोहण** | पुं. | 1. ऊपर की ओर बढ़ना; 2. सवार होना; 3. बीज या पौधे का उगना अथवा उसका अंकुरित होना। | ಹತ್ತುವಿಕೆ; ಸವಾರಿ ಮಾಡುವಿಕೆ; ಮೊಳೆಯುವಿಕೆ | हत्तुविकॆ; सवारि माडुविकॆ; मॉळॆयुविकॆ | ascending; riding (on); spreading up (of a plant). |
| **रौंदना** | स. क्रि. | किसी चीज को पैरों के तले पीसते, रगड़ते, कुचलते हुए विवृत कर देना। | ಕಾಲಿನಿಂದ ಮೆದೆ, ಹೊಸಕು | कालिनिंद मॆदॆ, हॉसकु | to trample on, to tread down, to crush. |
| **रौद्र** | वि. | 1. रुद्र से सम्बन्धित, रुद्र का; 2. अतिक्रुद्ध, प्रचंड, भीषण। | ರುದ್ರನಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; ಪ್ರಚಂಡ, ಭೀಷಣ | रुद्रनिगॆ संबंधिसिद; प्रचंड, भीषण | of or belonging to Rudra; violent or wild with anger, wrathful. |
| **रौनक** | स्त्री. | 1. चमक-दमक, शोभा; 2. चहल-पहल, जमघट। | ಪ್ರಕಾಶ, ಹೊಳಪು; ಜನಸಂದಣಿ, ಓಡಾಟ | प्रकाश, हॉळपु; जनसंदणि, ओडाट | brightness, lustre, splendour; hustle and bustle, crowd or throng. |
| **रौला** | पुं. | शोर, हल्ला, उपद्रव। | ಉಪದ್ರವ, ಹಲ್ಲೆ, ಗಲಾಟೆ | उपद्रव, हल्लॆ, गलाटॆ | noise, commotion, tumult, riot. |
| **लंगड़ा** | वि., पुं. | 1. जिसका एक पैर बेकार हो गया हो या टूटा हो; 2. एक प्रसिद्ध कलमी आम। | ಕುಂಟ; ಕಸಿ ಮಾವಿನ ಒಂದು ಬಗೆ | कुंट; कसि माविन ऑंदु बगॆ | cripple; a species of mango. |
| **लंगड़ाना** | अ. क्रि. | लंगड़ा होने के कारण कुछ दबते और उचकते हुए चलना, लंगड़ाकर चलना। | ಕುಂಟು | कुंटु | to limp. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लंगड़ापन** | पुं. | लंगड़े होने की अवस्था या भाव। | ಕುಂಟುತನ | कुंटुतन | lameness, limpness, etc. |
| **लंगर (लंगड़)** | पुं. | 1. लोहे का बहुत भारी कांटा जिसे नदी, समुद्र आदि में गिराकर नाव, जहाज आदि रोके जाते हैं; | ಲಂಗರು; | लंगरु; | anchor; |
| | | 2. वह स्थान जहां गरीबों को पका खाना बांटा जाए; | ಬಡವರಿಗೆ ಅನ್ನ ನೀಡುವ ಛತ್ರ; | बडवरिगे अन्न नीडुव छत्र ; | public kitchen, alms-house; |
| | | 3. पहलवानों का लंगोट; | ಪೈಲ್ವಾನರು ಕಟ್ಟುವ ಲಂಗೋಟಿ; | पैल्वानरु कट्टुव लंगोटि; | privy cover worn by the wrestlers; |
| | | 4. हाहाई गाए के गले में बांधा जानेवाला खूंटा; | ತೊಂಡು ದನಗಳ ಕತ್ತಿಗೆ ಕಟ್ಟುವ ಕೊರಡು; | तोंडु दनगळ कत्तिगे कट्टुव कोरडु; | heavy wooden piece tied to cattles' neck; |
| | | 5. रस्सी, तार आदि से बांधी और लटकती हुई कोई भारी चीज जिसका व्यवहार कई प्रकार की कलों में उनकी गति ठीक रखने के लिए होता है। | ಸಂತುಲಿತ ಗತಿಯಲ್ಲಿ ಯಂತ್ರ ಚಾಲನೆ ಮಾಡಲು ನೇತಾಡುವಂತೆ ಕಟ್ಟಿದ ತೂಕವಾದ ವಸ್ತು, ಪೆಂಡುಲಂ | संतुलित गतियल्लि यंत्र चालने माडलु नेताडुवंते कट्टिद तूकवाद वस्तु, पेंडुलं | pendulum. |
| **लंगूर** | पुं. | एक प्रकार का बंदर जिसका मुंह और हाथ-पैर काले, सारा शरीर भूरा या सफेद और दुम बहुत लम्बी होती है। | ಕರಿಮುಸುಡಿಯ ಉದ್ದ ಬಾಲದ ಕೋತಿ | करि मुसुडिय उद्द बालद कोति | long tailed black faced monkey, baboon. |
| **लँगोट** | पुं. | कमर में बांधने का एक प्रकार का वस्त्र जिससे केवल उपस्थ ढका जाता है। | ಲಂಗೋಟಿ, ಕೌಪೀನ | लंगोटि, कौपीन | a strip of cloth worn to protect the private parts. |
| **लँगोटिया** | वि. | बचपन से ही अत्यन्त घनिष्ठ (मित्र)। | ಬಾಲ್ಯದಿಂದಲೂ ಬಹಳ ಸ್ನೇಹವುಳ್ಳ (ಮಿತ್ರ) | बाल्यदिंदलू बहळ स्नेहवुळ्ळ (मित्र) | old friend (from childhood), chum. |
| **लँगोटी** | स्त्री. | छोटा लँगोट। | ಪುಟ್ಟ ಲಂಗೋಟಿ | पुट्ट लंगोटि | smaller लँगोट |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लंघन** | पुं. | 1. उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना; 2. उपवास या फाका। | ದಾಟುವಿಕೆ, ಅತಿಕ್ರಮಿಸುವಿಕೆ; ಉಪವಾಸ | दाटुविकॆ, अतिक्रमिसुविकॆ; उपवास | violation, transgression; fast. |
| **लंघनीय** | वि. | 1. जो लांघने के योग्य हो; | ದಾಟಬಹುದಾದ; | दाटबहुदाद; | to be traversed or passed over, passable; |
| | | 2. जिसका उल्लंघन या अवज्ञा हो सके। | ಅತಿಕ್ರಮಿಸಬಹುದಾದ | अतिक्रमिस बहुदाद | to be violated, to be neglected or disregarded. |
| **लंघाना** | स. क्रि. | किसी को लांघने में प्रवृत्त करना। | ದಾಟಿಸು | दाटिसु | to cause, make or help to jump. |
| **लंठ** | वि. | परम मूर्ख, असभ्य। | ಪರಮ ಮೂರ್ಖ, ಅಸಭ್ಯ | परम मूर्ख, असभ्य | block-head, stupid, uncivil. |
| **लंपट** | वि. | कामी, विषयी। | ಕಾಮುಕ, ಲಂಪಟ | कामुक, लंपट | lascivious, dissolute, libertine. |
| **लंपटता** | स्त्री. | कुकर्म, कामुकता। | ಕಾಮುಕತೆ, ಲಂಪಟತೆ | कामुकतॆ, लंपटतॆ | dissoluteness, lewdness, lasciviousness. |
| **लंब** | पुं. | 1. किसी रेखा पर खड़ी और सीधी गिरनेवाली रेखा; | ಲಂಬ ರೇಖೆ; | लंब रेखॆ; | perpendicular; |
| | | 2. कोई लंबी और बिलकुल सीधी रेखा। | ನೀಳವಾದ ನೆಟ್ಟನೆಯ ರೇಖೆ | नीळवाद नॆट्टनॆय रेखॆ | long and straight line. |
| **लंबतड़ंग** | वि. | विशालकाय और हृष्ट-पुष्ट। | ದಪ್ಟಪುಷ್ಟ, ವಿಶಾಲಕಾಯ | दष्टपुष्ट, विशालकाय | tall and tough, hefty. |
| **लंबमान** | वि. | दूर तक गया या फैला हुआ। | ನೀಳವಾದ | नीळवाद | prolonged, perpendicular. |
| **लंबरदार** | पुं. | दे. 'नंबरदार'। | ನೋಡಿ "नंबरदार" | नोडि "नंबरदार" | see 'नंबरदार'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लंबा (लंबी) | वि. | 1. जिसके दोनों सिरे एक दूसरे से दूर हों; | ಉದ್ದವಾದ; | उद्दवाद; | long, lengthy; |
| | | 2. जो अधिक ऊंचा हो; | ಎತ್ತರವಾದ; | एत्तरवाद; | tall; |
| | | 3. परिमाण में अधिक; | ಅತ್ಯಧಿಕ; | अत्यधिक; | great, large; |
| | | 4. अधिक विस्तार वाला। | ವಿಶಾಲವಾದ | विशालवाद | spacious. |
| लंबाई | स्त्री. | लंबा होने का भाव, लंबापन। | ಉದ್ದವಾಗಿರುವಿಕೆ | उद्दवागिरुविके | length, tallness, height. |
| लंबान | स्त्री. | लंबाई। | ಉದ್ದ | उद्द | length. |
| लंबायमान | वि. | 1. लंबा किया हुआ; | ನೀಳವಾದ; | नीळवाद; | lengthened; |
| | | 2. लेटा हुआ। | ಮಲಗಿದ | मलगिद | lying flat. |
| लंबोतरा | वि. | कुछ-कुछ लंबा, जो लंबाई लिए हुए हो। | ಉದ್ದವಾದ | उद्दवाद | longish, somewhat long. |
| लकड़दादा | पुं. | परदादा से बड़ा दादा। | ತಾತನ ತಾತ, ಮುತ್ತಾತ | तातन तात, मुत्तात | Great great grand-father. |
| लकड़बघ्घा | पुं. | भेड़िये की जाति का एक जानवर। | ತೋಳದ ಜಾತಿಗೆ ಸೇರಿದ ಒಂದು ಕಾಡು ಪ್ರಾಣಿ | तोळद जातिगे सेरिद ओंदु काडु प्राणि | hyena. |
| लकड़हारा | पुं. | जंगल आदि में लकड़ियां तोड़कर बेचनेवाला। | ಕಟ್ಟಿಗೆ ಮಾರುವವ | कट्टिगे मारुवव | woodman. |
| लकड़ी | स्त्री. | 1. पेड़ का कोई भी सूखा हुआ भाग, शाखा, टहनी आदि; | ಒಣಮರ; | ओणमर; | wood, timber; |
| | | 2. ईंधन; | ಸೌದೆ; | सौदे; | firewood, fuel; |
| | | 3. लाठी, बैसाखी। | ಊರುಗೋಲು | ऊरुगोलु | stick, staff, crutches. |
| लकवा | पुं. | एक प्रकार का वातरोग जिसके कारण प्रभावित अंग निश्चेतन और शक्तिहीन हो जाता है, फालिज। | ಲಕ್ವಾ, ಪಾರ್ಶ್ವವಾಯು | लक्वा, पार्श्ववायु | paralysis. |
| लकीर | स्त्री. | वह चिह्न, जो लंबाई के बल कुछ दूर तक बना या बनाया गया हो। | ಗೆರೆ | गेरे | line, a streak. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लकुटी | स्त्री. | छोटी लाठी, छड़ी। | ಬೆತ್ತ, ಲಾಠಿ | बेत्त, लाठि | small stick or cane. |
| लक्कड़ | पुं. | बड़ी और मोटी लकड़ी। | ದಪ್ಪನಾದ ದೊಡ್ಡ ದೊಣ್ಣೆ | दप्पनाद दोड्ड दोण्णे | log, block, wood. |
| लक्ष | वि. | एक लाख। | ಲಕ್ಷ | लक्ष | one hundred thousand, lac. |
| लक्षक | वि. | लक्षित करने वाला। | ಸೂಚಕ | सूचक | indicating, hinting at. |
| | पुं. | वह शब्द जो सम्बन्ध या प्रयोजन से अपना अर्थ सूचित करे। | ಸಂಬಂಧ ಸಂದರ್ಭಾನುಸಾರ ಅರ್ಥ ಸೂಚಕ ಶಬ್ದ | संबंध संदर्भानुसार अर्थसूचक शब्द | a word which indicates indirectly or expresses secondarily. |
| लक्षण | पुं. | 1. विशेषता-सूचक शब्द; | ಲಕ್ಷಣ; | लक्षण; | distinctive mark; |
| | | 2. शरीरस्थ रोगसूचक चिह्न; | ರೋಗಸೂಚಕ ಲಕ್ಷಣ; | रोगसूचक लक्षण; | sign, symptom, token; |
| | | 3. शुभाशुभ की सूचना देनेवाले अंगस्थित चिह्न; | ಶುಭ ಅಶುಭಗಳನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ಶಕುನ ಲಕ್ಷಣ; | शुभ अशुभगळन्नु सूचिसुव शकुन लक्षण; | any mark or features of the body (indicating good or bad luck); |
| | | 4. किसी वस्तु या व्यक्ति में होनेवाला कोई ऐसा गुण या विशेषता जो सहसा बातों में न दिखाई देती हो। | ವ್ಯಕ್ತಿಯಲ್ಲಿ ಮನಗಾಣುವ ವಿಶೇಷ ಗುಣ | व्यक्तियल्लि मनगाणुव विशेष गुण | feature, character, attribute; |
| लक्षणा | स्त्री. | वह शब्दशक्ति जो सामान्य अर्थ से अन्य अर्थ प्रकट करती हो। | ಸಾಮಾನ್ಯ ಅರ್ಥದಿಂದ ಭಿನ್ನ ಅರ್ಥ ತಿಳಿಸುವ ಶಬ್ದ ಶಕ್ತಿ | सामान्य अर्थदिंद भिन्न अर्थ तिळिसुव शब्द शक्ति | indirect or figurative sense of a word. |
| लक्षित | वि. | 1. देखा हुआ; | ನೋಡಲ್ಪಟ್ಟ; | नोडल्पट्ट; | seen, observed, beheld; |
| | | 2. अनुभव से जाना या समझा हुआ; | ಅನುಭವದಿಂದ ಅರಿತ; | अनुभवदिंद अरित; | discerned, discovered, known (from signs, indication or appearances); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. निर्दिष्ट; | ನಿರ್ದಿಷ್ಟವಾದ; | निर्दिष्टवाद; | denoted, indicated, implied; |
| | | 4. किसी प्रकार के लक्षण या चिह्न से युक्त। | ಚಿಹ್ನೆ ಮಾಡಿದ, ಗುರುತು ಹಚ್ಚಿದ | चिह्नॆ माडिद, गुरुतु हच्चिद | marked, distinguished. |
| **लक्षितार्थ** | पुं. | शब्द् की लक्षणा शक्ति से निकलने वाला अर्थ। | ಲಕ್ಷಿತಾರ್ಥ | लक्षितार्थ | figurative meaning of a word. |
| **लक्ष्मण-रेखा** | स्त्री. | ऐसी रेखाकार सीमा जो किसी प्रकार लांघकर पार न की जा सके। | ದಾಟಬಾರದ ಎಲ್ಲೆ, ಲಕ್ಷ್ಮಣ ರೇಖೆ | दाटबारद ऎल्लॆ, लक्ष्मण रेखॆ | a forbidding line suggestive of destruction if crossed, an uncrossable line or limit, (in mytho.) a line drawn by Laxman the younger brother of Rama forbidding Sita to cross it. |
| **लक्ष्मी** | स्त्री. | 1. धन-सम्पत्ति, दौलत; | ಐಶ್ವರ್ಯ; | ऐश्वर्य; | fortune, prosperity, wealth; |
| | | 2. शोभा, श्री; | ಶೋಭೆ, ಕಾಂತಿ; | शोभॆ, कांति; | grace, splendour, lustre; |
| | | 3. धन-धान्य बढ़ानेवाली भाग्यवती स्त्री। | ಭಾಗ್ಯವಂತೆ | भाग्यवंतॆ | woman symbolising fortune and prosperity. |
| **लक्ष्मीवान** | वि. | 1. धनवान; | ಧನಿಕ; | धनिक; | prosperous, wealthy; |
| | | 2. सुन्दर। | ರೂಪ ಸಂಪನ್ನ | रूप संपन्न | handsome, beautiful. |
| **लक्ष्य** | पुं. | 1. निशाना; | ಗುರಿ; | गुरि; | target; |
| | | 2. अभीष्ट वस्तु, उद्देश्य; | ನಿರ್ಧರಿಸಿದ ಉದ್ದೇಶ್ಯ; | निर्धरिसिद उद्देश्य; | aim, object; |
| | | 3. शब्द् की लक्षणा-शक्ति से निकलनेवाला अर्थ। | ಲಕ್ಷಣಾರ್ಥ | लक्षणार्थ | implication or implied meaning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लक्ष्यवेधी** | पुं. | लक्ष्य का भेदन करनेवाला। | ಗುರಿಗಾರ | गुरिगार | piercing or hitting a mark. |
| **लक्ष्य-साधन** | पुं. | 1. लक्ष्य सिद्ध करने का भाव; | ಗುರಿ ಸಾಧಿಸುವಿಕೆ; | गुरि साधिसुविके; | fulfilment or attainment; |
| | | 2. अस्त्र चलाने से पहले अच्छी तरह देख लेना जिससे वह ठीक निशाने पर लगे। | ಸರಿಯಾಗಿ ಗುರಿ ಇಡುವಿಕೆ | सरियागि गुरि इडुविके | taking an aim, sighting. |
| **लक्ष्यार्थ** | पुं. | शब्द की लक्षणा-शक्ति से निकलने वाला अर्थ। | ಲಕ್ಷ್ಯಾರ್ಥ | लक्ष्यार्थ | implied or figurative meaning (of a word). |
| **लखना** | स. क्रि. | 1. देखना; | ನೋಡು; | नोडु; | to see, behold, perceive; |
| | | 2. समझना, जानना। | ಅರಿಯು, ತಿಳಿದು ಕೊಳ್ಳು | अरियु, तिळिदुकोळ्ळु | to understand. |
| **लखपति** | पुं. | लाखों रुपये का मालिक, बहुत धनी व्यक्ति। | ಲಕ್ಷಾಧಿಪತಿ | लक्षाधिपति | millionaire, wealthy person. |
| **लखौरी** | स्त्री. | 1. पुराने ढंग की छोटी और पतली ईंट; | ತಾರ್ಸಿ ಇಟ್ಟಿಗೆ; | तार्सि इट्टिगे; | a kind of brick; |
| | | 2. किसी देवता को उसके प्रिय वृक्ष का पत्ता या फल आदि एक लाख की संख्या में चढ़ाना। | ಲಕ್ಷಾರ್ಚನೆ | लक्षार्चने | hundred thousand offerings of a certain thing to a deity. |
| **लगन** | स्त्री. | मन, प्रवृत्ति का किसी ओर लगना, झुकना, लौ, धुन। | ಲಗ್ನತೆ, ಮನಸ್ಸಿನ ಕೇಂದ್ರೀಕರಣ, ತಲ್ಲೀನತೆ | लग्नते, मनस्सिन केंद्रीकरण, तल्लीनते | attachment, devotion, perseverance. |
| | पुं. | विवाह या अन्य शुभ कार्य का मुहूर्त। | ಶುಭ ಮುಹೂರ್ತ | शुभ मुहूर्त | the auspicious hour of performing a ceremony or doing something. |
| **लगना** | अ. क्रि. | 1. एक चीज़ का दूसरी चीज से मिलना या सटना; | ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳು, ಸೇರು; | अंटिकोळ्ळु, सेरु; | to be close to, be contiguous (to); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जड़ा जाना, सिया जाना; | ಜೋಡಿಸಿ ಬಿಗಿ, ಹೊಲಿ; | जोडिसि बिगि, होलि; | to be fastened (to), to be stitched; |
| | | 3. एक चीज का पास वाली दूसरी चीज से रगड़ खाना या संपृक्त होना; | ಒತ್ತಾಗಿರು; | ओत्तागिरु; | to be attached (to), to be joined (to); |
| | | 4. किसी अनिष्टदायक बात का किसी के साथ संबद्ध होना; | ಆರೋಪಿತವಾಗು; | आरोपितवागु; | to hang about, to haunt; |
| | | 5. काम आना, खर्च होना; | ಅಣಿಯಾಗು; | अणियागु; | to be invested (as money), to be spent or expended; |
| | | 6. गड़ना, चुभना या धंसना; | ಚುಚ್ಚು, ನಾಟು; | चुच्चु, नाटु; | to gall, pinch, rub; |
| | | 7. ठीक और पूरा काम करना अथवा प्रभाव दिखलाना; | ಕೆಲಸದಲ್ಲಿ ತೊಡಗು; | कॆलसदल्लि तॊडगु; | to affect, to have the intended or natural effect; |
| | | 8. अंकुरित या प्रस्फुटित होना; | ಮೊಳೆಯು; | मॊळॆयु; | to take root, to become rooted (in); |
| | | 9. पकाये जाने वाले पदार्थ का कुछ अंश बरतन के पेंदे में चिपक या सड़ जाना; | (ಮುಸರೆ) ಹತ್ತಿ ಕೊಳ್ಳು; | (मुसरॆ) हत्तिकॊळ्ळु; | to be burnt or scorched (as food in cooking or clothes in drying before fire); |
| | | 10. किसी से संबंध या रिश्ता होना; | ಸಂಬಂಧವಾಗು; | संबंधवागु; | to be related; |
| | | 11. दिखाई देना, अनुभव होना। | ಕಾಣು | काणु | to seem, to appear. |
| **लगभग** | अव्य. | अनुमानित अवधि या मात्रा घोषित करनेवाला अव्यय, करीब-करीब। | ಸ್ವಲ್ಪ ಹೆಚ್ಚು ಕಡಿಮೆ, ಸುಮಾರು | स्वल्प हॆच्चु कडिमॆ, सुमारु | almost, about, nearly. |
| **लगवाना** | स. क्रि. | किसी को कुछ लगाने में प्रवृत्त करना। | ಅಂಟಿಸು, ಸೇರಿಸು, ಜೋಡಿಸು | अंटिसु, सेरिसु, जोडिसु | to cause to be applied, or put etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लगातार** | क्रि. वि. | निरंतर, बराबर, बिना रुके हुए। | ನಿರಂತರವಾಗಿ, ಅಡೆತಡೆಯಿಲ್ಲದೆ, ಎಡಬಿಡದೆ | निरंतरवागि, अडॆतडॆयिल्लदॆ, ऎडबिडदॆ | continuous, constantly, continuously. |
| **लगान** | पुं. | राजा, सरकार, ज़मींदार को मिलने वाला भूमिकर। | ಕಂದಾಯ, ಭೂಕಂದಾಯ | कंदाय, भूकंदाय | land revenue. |
| **लगाना** | स. क्रि. | 1. जोड़ना, संलग्न करना; | ಜೋಡಿಸು; | जोडिसु; | to put together (figures), to sum up, to add; |
| | | 2. सिलसिले से रखना; | ಕ್ರಮಪಡಿಸು; | क्रमपडिसु; | to put in order, to arrange; |
| | | 3. रोपना; | ನೆಡಿಸು; | नॆडिसु; | to plant, to set; |
| | | 4. किसी वस्तु का उपयोग करते समय उसको कम करना; | ಅಣಿ ಮಾಡು; | अणि माडु; | to put or set (to work), to apply, to use; |
| | | 5. मुकर्रर करना, नियुक्त करना; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಹಚ್ಚು; | कॆलसक्कॆ हच्चु; | to employ, to engage; |
| | | 6. किसी पद-वाक्य आदि का अर्थ समझ कर स्थिर करना; | ಸಂದರ್ಭಾನುಸಾರ ಅರ್ಥ ನಿರ್ಣಯಿಸು; | संदर्भानुसार अर्थ निर्णयिसु; | to construe; |
| | | 7. किसी में नई आदत डालना। | ಹೊಸ ಅಭ್ಯಾಸ ಮಾಡಿಸು | हॊस अभ्यास माडिसु | to infuse or imbue. |
| **लगाम** | स्त्री. | बाग, रास। | ಲಗಾಮು, ಕಡಿವಾಣ | लगामु, कडिवाण | reins, bridle. |
| **लगाव** | पुं. | 1. संबंध, ताल्लुक; | ಸಂಬಂಧ; | संबंध; | bond, link, contact, relation; |
| | | 2. स्नेह; | ಸ್ನೇಹ; | स्नेह; | attachment, affection; |
| | | 3. दिलचस्पी। | ಪ್ರೀತಿ, ಅಭಿಮಾನ | प्रीति, अभिमान | inclination, propensity. |
| **लगावट** | स्त्री. | 1. सम्बन्ध; | ಸಂಬಂಧ; | संबंध; | relation, contact; |
| | | 2. प्रेम, प्यार। | ಪ್ರೇಮ, ಪ್ರೀತಿ | प्रेम, प्रीति | attachment, affection, love. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लग्गा | पुं. | 1. कई प्रकार के कामों में आनेवाला लंबा बांस; | ದೊಡ್ಡ ಗಳ; | दोड्ड गळ; | a thick long pole; |
| | | 2. काम शुरू करना, काम में हाथ डालना। | ಕಾರ್ಯಾರಂಭ ಮಾಡುವಿಕೆ | कार्यारंभ माडुविके | commencement, start. |
| लग्गू | वि. | किसी के साथ रहने या आनेजाने वाला। | ಹಿಂಬಾಲಿಸುವ | हिंबालिसुव | one who dogs or follows, a hanger-on. |
| लग्न | वि. | किसी के साथ लगा या सटा हुआ। | ಅಂಟಿಕೊಂಡಿರುವ | अंटिकोंडिरुव | adhered or clung to, stuck, held fast. |
| | पुं. | 1. राशि विशेष के उदयकाल का दिनांश; | ಉದಯ ಲಗ್ನ; | उदय लग्न; | the rising of the sun or of the planets; |
| | | 2. किसी काम को करने का शुभ मुहूर्त। | ಮುಹೂರ್ತ | मुहूर्त | an auspicious or lucky moment. |
| लग्न-कुंडली | स्त्री. | जन्मपत्री, जन्म-कुंडली। | ಜನ್ಮ-ಕುಂಡಲಿ | जन्म-कुंडलि | horoscope. |
| लग्न-पत्र | पुं. | वह पत्र जिसमें विवाह कर्म, उसकी तिथि आदि का उल्लेख हो। | ಲಗ್ನ ಪತ್ರಿಕೆ | लग्न पत्रिके | formal letter or document in which the date and time etc. of the marriage ceremony are intimated. |
| लघिमा | स्त्री. | 1. एक सिद्धि जिसकी प्राप्ति हो जाने पर मनुष्य लघुतम रूप धारण कर सकता है; | ಅಣಿಮಾದಿ ಅಷ್ಟಸಿದ್ಧಿಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು ಲಘಿಮಾ; | अणिमादि अष्ट सिद्धिगळल्लि ओंदु लघिमा; | the supernatural power of assuming excessive lightness at will, one of the eight siddhis; |
| | | 2. लघुत्व, हलकापन। | ಹಗುರವಾಗಿರುವಿಕೆ | हगुरवागिरुविके | littleness, smallness, insignificance. |
| लघु | वि. | 1. किसी से तुलना में छोटा; | ಚಿಕ್ಕದಾದ; | चिक्कदाद; | little, small, diminutive; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसमें उग्रता या तीव्रता न हो, | ತೀವ್ರವಲ್ಲದ; | तीव्रवल्लद; | sober; |
| | | 3. थोड़ा, कम। | ಸ್ವಲ್ಪ | स्वल्प | trifling, trivial. |
| **लघुकरण** | पुं. | 1. छोटे आकार-प्रकार में लाना; 2. संक्षिप्त करना। | ಚಿಕ್ಕದಾಗಿ ಮಾಡುವಿಕೆ; ಸಂಕ್ಷೇಪಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | चिक्कदागि माडुविकें; संक्षेपगॊळिसुविकें | reducing in weight or consequence; reduction, diminution. |
| **लघुतम** | वि. | सबसे छोटा। | ಎಲ್ಲಕ್ಕಿಂತ ಚಿಕ್ಕದಾದ | ऍल्लक्किंकत चिक्कदाद | minimum, lowest, smallest. |
| **लघुतम समापवर्त्य (समापवर्तक)** | पुं. | वह सबसे छोटी संख्या जो दो या अधिक संख्याओं से पूरी-पूरी बंट जाए। | ಲಘುತಮ ಸಾಮಾನ್ಯ ಅಪವರ್ತನ | लघुतम सामान्य अपवर्तन | least common multiple. |
| **लघुता** | स्त्री. | लघु होने का भाव, हलकापन, छोटाई। | ಹಗುರ | हगुर | smallness, littleness insignificance, absence of dignity, humiliation. |
| **लघुत्व** | पुं. | दे. 'लघुता'। | ನೋಡಿ "ಲಘುತಾ" | नोडि "लघुता" | see 'लघुता' |
| **लघुशंका** | स्त्री. | पेशाब करना। | ಮೂತ್ರಶಂಕೆ, ಜಲಬಾಧೆ | मूत्रशंकें, जलबाधें | making water, urine. |
| **लचक** | स्त्री. | लचकने का भाव या क्रिया। | ಬಳುಕುವಿಕೆ | बळुकुविकें | flexibility, elasticity, springiness. |
| **लचकना** | अ. क्रि. | 1. लंबी वस्तु का दबाव आदि के कारण झुकना; | ಬಾಗು; | बागु; | to bend, to be bent; |
| | | 2. स्त्रियों की कमर का नज़ाकत से झुकना | ಬಳುಕು | बळुकु | to receive a sprain or strain. |
| **लचका** | पुं. | 1. लचक; 2. एक प्रकार का गोटा। | ಬಳುಕು; ಚಿನ್ನ ಅಥವಾ ಬೆಳ್ಳಿ ಜರಿ ಅಂಚು | बळुकु; चिन्न अथवा बॆंळ्ळि जरि अंचु | a strain, a sprain; gold or silver lace. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लचकाना** | स. क्रि. | झुकाना, लचाना। | ಬಾಗಿಸು, ಬಳುಕಿಸು | बागिसु, बळुकिसु | to cause to bend, to bend. |
| **लचकीला** | वि. | लचकनेवाला, लचकदार। | ಬಳುಕುವ, ಸ್ಥಿತಿಸ್ಥಾಪಕ | बळुकुव, स्थितिस्थापक | flexible, elastic, resilient. |
| **लचर** | वि. | तथ्यहीन, कमजोर। | ಸಾರಹೀನ, ತಥ್ಯಹೀನ | सारहीन, तथ्यहीन | untenable, weak, ineffective. |
| **लचलचा** | वि. | दे. 'लचकीला'। | ನೋಡಿ "लचकीला" | नोडि "लचकीला" | see 'लचकीला'. |
| **लचीला** | वि. | दे. 'लचकीला'। | ನೋಡಿ "लचकीला" | नोडि "लचकीला" | see 'लचकीला'. |
| **लचीलापन** | पुं. | लचक, झुकाव का गुण। | ಬಳುಕುವಿಕೆ, ಸ್ಥಿತಿಸ್ಥಾಪಕತೆ | बळुकुविके, स्थितिस्थापकते | flexibility, elasticity. |
| **लच्छा** | पुं. | 1. तारों या डोरों का समूह; | ದಾರದ ಲಡಿ; | दारद लडि; | a bundle (of thread etc.), skein.; |
| | | 2. लंबे पतले बारीक कटे हुए टुकड़े; | ಕತ್ತರಿಸಿದ ದಾರಗಳ ಕುಚ್ಚು; | कत्तरिसिद दारगळ कुच्चु; | a thin shred or slice; |
| | | 3. एक प्रकार का गहना जो पैरों में पहना जाता है। | ಕಾಲಿನ ಒಂದು ಒಡವೆ, ಪಾದಾಭರಣ | कालिन ओंदु ओडवे, पादाभरण | a bracelet (or an anklet). |
| **लच्छी** | स्त्री. | सूत, रेशम आदि की लपेटी हुई गुच्छी। | ದಾರದ ಲಡಿ | दारद लडि | a skein, hank. |
| **लच्छेदार** | वि. | 1. जिसमें लच्छे पड़े या बने हों; | ಕುಚ್ಚುಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ; | कुच्चुगळिंद कूडिद; | having fine shreds; |
| | | 2. खाना जो चिकना-चुपड़ा या मजेदार हो। | ರುಚಿಕರವಾದ (ಊಟ, ತಿಂಡಿ) | रुचिकरवाद (ऊट, तिंडि) | amusing, fascinating. |
| **लजवाना** | स. क्रि. | लज्जित करना, शर्मिन्दा करना। | ನಾಚಿಸು, ನಾಚುವಂತೆ ಮಾಡು | नाचिसु, नाचुवंते माडु | to cause to be ashamed, to put to shame. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लजाना | अ. क्रि. | लज्जित होना, लाज या शर्म से सिर नीचा करना। | ನಾಚು, ನಾಚಿ ತಲೆ ತಗ್ಗಿಸು | नाचु, नाचि तले तग्गिसु | to feel shy, to blush. |
| लजीला | वि. | शर्मीला, लज्जाशील। | ಲಜ್ಜಾಶೀಲ, ನಾಚುವ ಸ್ವಭಾವದ | लज्जाशील, नाचुव स्वभावद | shy, bashful, modest. |
| लज्जत | स्त्री. | खाने-पीने की वस्तुओं का स्वाद, मजा। | ತಿಂಡಿ ತಿನಿಸುಗಳ್ಳಲ್ಲಿನ ಸ್ವಾದ, ರುಚಿ, ಮಜಾ | तिंडि तिनिसु-गळल्लिन स्वाद, रुचि, मजा | taste, flavour, relish. |
| लज्जतदार | वि. | स्वादिष्ट, जायकेदार। | ರುಚಿಕರವಾದ | रुचिकरवाद | tasteful, tasty, delicious. |
| लज्जा (लाज) | स्त्री. | स्वभाव या अपने किसी अनुचित आचरण के कारण हुई मन की संकोचपूर्ण अवस्था, शर्म, हया। | ನಾಚಿಕೆ | नाचिके | shame, modesty, shyness. |
| लज्जाप्रद | वि. | कृत्य या बात जिसके कारण उसके कर्त्ता को लज्जित होना पड़े। | ನಾಚುವಂತಹ (ಕೆಲಸ) | नाचुवंतह (केलस) | shameful. |
| लज्जालु | वि. | लज्जाशील, अधिक शर्माने वाला। | ಸಂಕೋಚ ಸ್ವಭಾವದ | संकोच स्वभावद | bashful, modest, shy. |
| लज्जावान | वि. | शर्मदार, हयादार। | ನಾಚುವ | नाचुव | bashful, modest, shy. |
| लज्जाशील | वि. | जिसे स्वभावतः लज्जा आती हो। | ನಾಚುವ ಸ್ವಭಾವವುಳ್ಳ, ಲಜ್ಜಾಶೀಲ | नाचुव स्वभाववुळ्ळ, लज्जाशील | of modest disposition, modest, bashful. |
| लज्जाशून्य | वि. | लज्जा से रहित, निर्लज्ज। | ನಾಚಿಕೆಯಿಲ್ಲದ | नचिकेयिल्लद | devoid of modesty, shameless. |
| लज्जाहीन | वि. | दे. 'लज्जाशून्य'। | ನೋಡಿ "लज्जाशून्य" | नोडि "लज्जाशून्य" | see 'लज्जाशून्य'. |
| लज्जित | वि. | लज्जायुक्त, शर्मिन्दा। | ನಾಚಿದ | नाचिद | ashamed, abashed, blushed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लट** | स्त्री. | 1. सिर के लटकते हुए बालों का गुच्छा;<br>2. उलझे हुए बालों का गुच्छा। | ನೇತಾಡುವ ಗುಂಗುರು ಕೂದಲು;<br>ಸಿಕ್ಕುಬಿದ್ದ ಕೂದಲು | नेताडुव गुंगुरु कूदलु;<br>सिक्कुबिद्द कूदलु | a curl, ringlet, lock of hair;<br>matted or tangled hair. |
| **लटक** | स्त्री. | मन का आकस्मिक उद्वेग। | ಮನಸ್ಸಿನ ಉದ್ವೇಗ | मनस्सिन उद्वेग | a sudden fit or emotion. |
| **लटकन** | पुं. | 1. लटकने वाली वस्तु;<br>2. टिकली, टिकड़ा;<br>3. नाक का एक गहना। | ನೇತಾಡುವ ವಸ್ತು;<br>ಲೋಲಾಕು, ಲೋಲಕ<br>ಬುಲಾಕು | नेताडुव वस्तु;<br>लोलाकु, लोलक;<br>बुलाकु | anything hanging, a pendulum;<br>a pendant;<br>nose drop. |
| **लटकना** | अ. क्रि. | 1. ऊंची जगह के आश्रय से नीचे की ओर अवलम्बित होना;<br>2. किसी सीधी खड़ी वस्तु का कोई भाग किसी ओर थोड़ा झुकना;<br>3. काम पूरा न होना, देर होना। | ನೇತಾಡು;<br>ಬಾಗು;<br>ಕೆಲಸ ತಡವಾಗು | नेताडु;<br>बागु;<br>कॆलस तडवागु | to hang, to swing;<br>to dangle, to be suspended;<br>to be kept waiting or in suspense, to be delayed. |
| **लटकवाना** | स. क्रि. | लटकाने का काम दूसरे से कराना। | ನೇತು ಹಾಕಿಸು | नेतु हाकिसु | to cause to be hung, to get hung. |
| **लटका** | पुं. | 1. चिकित्सा, तंत्रमंत्र आदि के क्षेत्र में कोई ऐसी छोटी प्रक्रिया जिससे जल्दी और सहज ही उद्देश्य सिद्ध होता हो;<br>2. बात-चीत, चाल आदि में दिखाया जानेवाला हावभाव और स्वरों का उतार-चढ़ाव। | ಶೀಘ್ರ ಗುಣಕಾರಿಯಾದ ಚಿಕಿತ್ಸೋಪಾಯ;<br>ಒಯ್ಯಾರ, ನಟನೆ | शीघ्र गुणकारियाद चिकित्सोपाय;<br>ऑय्यार, नटनॆ | formula, tip;<br>affected movement or mannerism. |
| **लटकाना** | स. क्रि. | 1. लटकने में प्रवृत्त करना, टांगना; | ನೇತು ಹಾಕು; | नेतु हाकु; | to hang, to suspend; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. खड़ी वस्तु को किसी ओर झुकाना; | ಬಾಗುವಂತೆ ನೇತು ಹಾಕು; | बागुवंतॆ नेतु हाकु; | to tilt, to bend; |
| | | 3. इंतजार कराना, फंसा रखना, देर करना। | ನಿರೀಕ್ಷಣೆಯಲ್ಲಿರಿಸಿ ಕಾದಿರುವಂತೆ ಮಾಡು | निरीक्षणॆ यल्लिरिसि कादिरुवंतॆ माडु | to keep (one) waiting, to delay. |
| लटना | अ. क्रि. | परिश्रम, रोग आदि के कारण बहुत ही शिथिल और दुर्बल होना। | ಸೊರಗಿ ದುರ್ಬಲತೆಯಿಂದ ತೂರಾಡು | सॊरगि दुर्बलतॆयिंद तूराडु | to become lean, to be emaciated, to become weak. |
| लटपटा | वि. | 1. ठीक और सीधे तरह से न चलता हुआ; | ಬಳಲಿ ಬೆಂಡಾದ, ಶಿಥಿಲವಾದ; | बळलि बॆंडाद, शिथिलवाद; | reeling, tottering, staggering; |
| | | 2. ढीला-ढाला; | ಸಡಿಲವಾಗಿರುವ; | सडिलवागिरुव; | loosely folded, hanging loose; |
| | | 3. अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित। | ಗಜಬಿಜಿಯಾಗಿರುವ | गजिबिजियागिरुव | in complete disorder, messy. |
| लटपटाना | अ. क्रि. | 1. कमजोरी आदि के कारण सीधे न चल पाना, लड़खड़ाना; | ದುರ್ಬಲತೆಯಿಂದ ತೂರಾಡು, ಮುಗ್ಗರಿಸು; | दुर्बलतॆयिंद तूराडु, मुग्गरिसु; | to stagger, stumble, falter; |
| | | 2. विचलित होना, अस्थिर होना। | ಅಸ್ಥಿರಗೊಳ್ಳು | अस्थिरगॊळ्ळु | to be nervous, to be demoralized. |
| लटा | वि. | 1. दुष्ट, बदमाश, नीच; | ನೀಚ; | नीच; | wicked, mean; |
| | | 2. बहुत दुबला-पतला या कमजोर। | ಬಡವಾದ, ದುರ್ಬಲ | बडवाद, दुर्बल | weak, emaciated; impoverished. |
| लट्टू | पुं. | 1. लकड़ी का एक गोल खिलौना जिसके आधे भाग में एक कील होती है और उसे चलाये जाने पर उस कील पर घूमता है; | ಬುಗರಿ; | बुगरि; | spinning top; |
| | | 2. बिजली का बल्ब। | ಬಲ್ಬು | बल्बु | bulb. |
| लट्ठ | पुं. | मोटा लम्बा डंडा। | ಲಾಠಿ, ದೊಣ್ಣೆ | लाठि, दॊण्णॆ | staff, cudgel. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लट्ठबाज़ | वि. | 1. लाठी चलानेवाला; | ಲಾಠಿ ಚಲಾಯಿಸುವ; | लाठि चलायिसुव; | skilled in wielding a cudgel; |
| | | 2. लड़ाकू, झगड़ालू। | ಜಗಳ ಮಾಡುವ | जगळ माडुव | quarrel-some. |
| लट्ठबाजी | स्त्री. | लाठियों से होनेवाली मारपीट। | ಲಾಠಿವರಸೆ, ದೊಣ್ಣೆ ಹೊಡೆದಾಟ | लाठिवरसे, दोण्णे हॉडॆदाट | cudgel-fighting, skill in wielding cudgel. |
| लट्ठमार | वि. | 1. (व्यक्ति) जो उजड्ड और उद्दंड हो; | ಉದ್ದಂಡ, ಅಸಭ್ಯ; | उद्दंड, असभ्य; | uncivil, rude, boorish; |
| | | 2. (कथन) जिसमें नम्रता, शालीनता आदि का पूर्ण अभाव हो। | ಅವಿನೀತ, ದಿಟ್ಟತನದ | अविनीत, दिट्टतनद | rude, impolite (utterance). |
| लट्ठा | पुं. | 1. लकड़ी का बहुत मोटा और लम्बा टुकड़ा, शहतीर; | ದೂಲ, ದಿಮ್ಮಿ; | दूल, दिम्मि; | beam, log, rafter; |
| | | 2. गाढ़ा मोटा कपड़ा, गफ मारकीन; | ಒಂದು ಬಗೆಯ ದಪ್ಪ ಬಟ್ಟೆ; | ऑंदु बगॆय दप्प बट्टॆ; | coarse kind of long cloth, a kind of white cloth; |
| | | 3. 5½ हाथ लंबा बांस जिससे जमीन नापी जाती है। | 5½ ಮೊಳ ಉದ್ದದ ಅಳತೆಗೋಲು | 5½ मॉळ उद्दद अळतॆगोलु | measuring rod or pole measuring 5½ of hand space. |
| लट्ठाबंदी | स्त्री. | 5½ हाथ लंबे बांस द्वारा की जानेवाली जमीन की नाप-जोख। | 5½ ಮೊಳ ಉದ್ದದ ಗಳುವಿನಿಂದ ಜಮೀನನ್ನು ಅಳೆಯುವಿಕೆ | 5½ मॉळ उद्दद गळुविनिंद जमीनन्नु अळॆयुविकॆ | measuring land with a lattha. |
| लठिया | स्त्री. | छोटी लाठी, छड़ी या डंडा। | ಚಿಕ್ಕ ದೊಣ್ಣೆ | चिक्क दॉण्णे | small lattha or stick. |
| लठैत | वि. | दे. 'लट्ठबाज'। | ನೋಡಿ "ಲಟ್ಠಬಾಜ" | नोडि "लट्ठबाज" | see 'लट्ठबाज'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लड़** | स्त्री. | 1. सीध में गुंथी हुई या एक दूसरे से लगी हुई एक ही प्रकार की वस्तुओं की पंक्ति – जैसे मोतियों की लड़; | ದಾರದಲ್ಲಿ ಪೋಣಿಸಿದ ಸರ; | दारदल्लि पोणिसिद सर; | string (of pearls, etc.); |
| | | 2. रस्सी आदि के रूप में बटा हुआ लंबा खंड; | ಹಗ್ಗದ ಎಳೆ; | हग्गद एळे; | strand (of a rope or cord); |
| | | 3. कतार, पंक्ति। | ಪಂಕ್ತಿ | पंक्ति | row, line, series. |
| **लड़कपन** | पुं. | 1. बाल्यावस्था; | ಬಾಲ್ಯಾವಸ್ಥೆ; | बाल्यावस्थे; | boyhood, childhood; |
| | | 2. लड़कों का-सा आचरण या व्यवहार, जिसमें बुद्धि का परिपाक न दिखाई देता हो। | ಹುಡುಗತನದ ವ್ಯವಹಾರ | हुडुगतनद व्यवहार | childishness. |
| **लड़कबुद्धि** | स्त्री. | बालकों की-सी अपरिपक्व मति। | ಹುಡುಗ ಬುದ್ಧಿ | हुडुग बुद्धि | child's understanding, childishness. |
| **लड़का** | पुं. | 1. बालक, जो अभी युवक न हुआ हो; | ಹುಡುಗ; | हुडुग; | boy; |
| | | 2. पुत्र। | ಮಗ | मग | son. |
| **लड़की** | स्त्री. | 1. बालिका जिसकी आयु 16 वर्ष से कम हो; | ಹುಡುಗಿ; | हुडुगि; | girl, maid; |
| | | 2. पुत्री, बेटी। | ಮಗಳು | मगळु | daughter. |
| **लड़खड़ाना** | अ. क्रि. | 1. चलते समय सीधे स्थिर न रह सकने के कारण इधर-उधर झुक पड़ना, डगमगाना, डिगना; | ತಡಬಡಾಯಿಸು, ತೂರಾಡು; | तडबडायिसु, तूराडु; | to stagger, to stumble; |
| | | 2. बोलते समय जीभ से स्पष्ट शब्द् न निकल पाना। | ಉಗ್ಗು | उग्गु | to stutter, to falter (in speech). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लड़खड़ाहट** | स्त्री. | लड़खड़ाने की क्रिया या भाव। | ತಡಬಡಾಯಿಸುವಿಕೆ, ಉಗ್ಗುವಿಕೆ | तडबडायिसुविकॆ, उग्गुविकॆ | staggering, stumbling. |
| **लड़ना** | अ. क्रि. | 1. एक पदार्थ या व्यक्ति का दूसरे पदार्थ या व्यक्ति से टक्कर खाना, भिड़ जाना; | ಡಿಕ್ಕಿ ಹೊಡೆ; | डिक्कि हॊडॆ; | to collide (with); |
| | | 2. कुश्ती करना, एक दूसरे को पटकने का प्रयत्न करना; | ಹೊಡೆದಾಡು; | हॊडॆदाडु; | to wrestle, to make war, to give battle; |
| | | 3. एक दूसरे पर प्रहार करना; | ಕಾದಾಡು; | कादाडु; | to fight, to quarrel; |
| | | 4. बहस करना, वाग्युद्ध करना; | ಚರ್ಚಿಸು; | चर्चिसु; | to debate, to argue; |
| | | 5. संघर्ष करना। | ಹೋರಾಡು | होराडु | to contend, to struggle. |
| **लड़ना-भिड़ना** | अ. | दे. 'लड़ना'। | ನೋಡಿ "लड़ना" | नोडि "लड़ना" | see 'लड़ना'. |
| | पुं. | लड़ाई-झगड़ा। | ಜಗಳ | जगळ | quarrel, altercation. |
| **लड़ाई** | स्त्री. | 1. प्रहार करनेवाले पर प्रहार करना; | ಹೊಡೆದಾಟ; | हॊडॆदाट; | fighting, wrestling; |
| | | 2. दो सेनाओं का एक दूसरे पर आक्रमण, संग्राम; | ಸೈನ್ಯಗಳ ಆಕ್ರಮಣ; | सैन्यगळ आक्रमण; | battle, war; |
| | | 3. कुश्ती, मल्लयुद्ध; | ಮಲ್ಲಯುದ್ಧ; | मल्लयुद्ध; | wrestling, duel; |
| | | 4. झगड़ा, कलह; | ಕಲಹ; | कलह; | quarrel, brawl; |
| | | 5. बहस; | ಚರ್ಚೆ; | चर्चॆ; | wordy duel; |
| | | 6. वैर, अनबन। | ಹಗೆತನ | हगॆतन | discord, hostility, enmity. |
| **लड़ाई-झगड़ा** | पुं. | 1. कलह; | ಕಲಹ; | कलह; | broil, altercation, quarrel; |
| | | 2. बैर, वैमनस्य। | ವೈಮನಸ್ಯ, ಹಗೆತನ | वैमनस्य, हगॆतन | enmity, hostility. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लड़ाका | वि. | 1. बात-बात में या प्रायः सबसे झगड़ा करनेवाला; | ಜಗಳಗಂಟ; | जगळगंट; | pugnacious, quarrelsome, contentious; |
| | | 2. लड़नेवाला, योद्धा। | ಯುದ್ಧ ಮಾಡುವ | युद्ध माडुव | fighter. |
| लड़ाकू | वि. | 1. युद्ध में व्यवहृत होनेवाला; | ಯುದ್ಧದಲ್ಲಿ ಬಳಕೆಗೆ ಬರುವ; | युद्धदल्लि बळकॆगॆ बरुव; | used in battle (arms, ships etc.); |
| | | 2. युद्धप्रिय, झगड़ालू। | ಯುದ್ಧಪ್ರಿಯ | युद्धप्रिय | warlike, quarrelsome. |
| लड़ाना | स. क्रि. | 1. एक दूसरे में झगड़ा कराना; | ಜಗಳ ಮಾಡಿಸು; | जगळ माडिसु; | to cause to fight, to make (two persons or animals) fight, to instigate; |
| | | 2. एक वस्तु को दूसरी वस्तु से भिड़ाना; | ಡಿಕ್ಕಿ ಹೊಡೆಸು; | डिक्कि हॊडॆसु; | to collide a thing (against another); |
| | | 3. कुश्ती लड़ने को प्रवृत्त करना। | ಕುಸ್ತಿ ಮಾಡಿಸು | कुस्ति माडिसु | to cause to wrestle; |
| लड़ी | स्त्री. | 1. एक सीध में गुंथी हुई किसी चीज की माला, पंक्ति; | ಮಾಲೆ; | मालॆ; | string (of pearls, or flowers, etc.), chain; |
| | | 2. एक साथ मिलाकर बटी हुई रस्सी, गुच्छे के तार। | ದಾರಗಳಿಂದ ಹೊಸೆದ ಹಗ್ಗ | दारगळिंद हॊसॆद हग्ग | strand (of rope or cord). |
| लड्डू | पुं. | गेंद के आकार की कोई गोलाकार मिठाई। | ಲಡ್ಡು | लड्डु | ball-shaped sweetmeat. |
| लत | स्त्री. | बुरी आदत। | ಕೆಟ್ಟ ಅಭ್ಯಾಸ | कॆट्ट अभ्यास | addiction, bad habit. |
| लतखोर | वि. | जो झिड़की आदि सुनते रहने का आदी हो गया हो, निर्लज्ज। | ನಾಚಿಕೆಯಿಲ್ಲದ | नाचिकॆयिल्लद | one who is used to kicks or rebukes, shameless. |
| लता | स्त्री. | 1. जमीन या किसी आधार पर फैलनेवाला पौधा, बेल; | ಬಳ್ಳಿ; | बळ्ळि; | Vine; |
| | | 2. कोमल खंड या शाखा। | ಕುಡಿ ರೆಂಬೆ | कुडि रॆंबॆ | branch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लताकुंज** | पुं. | लताओं से छाया हुआ स्थान। | ಲತಾಮಂಟಪ | लतामंटप | bower, an arbour. |
| **लताड़** | स्त्री. | झिड़की, डांट-फटकार। | ಮೂದಲಿಕೆ, ವಾಗ್ದಂಡನೆ | मूदलिकॆ, वाग्दंडनॆ | scolding, reprimand. |
| **लताड़ना** | स. क्रि. | डांटना, फटकारना, झिड़कना। | ಮೂದಲಿಸು | मूदलिसु | to scold or to reprimand. |
| **लता-मंडप** | पुं. | दे. 'लताकुंज'। | ನೋಡಿ "लताकुंज" | नोडि "लताकुंज" | see 'लताकुंज'. |
| **लतियल** | वि. | जिसे झिड़की सुनने और मार खाने की आदत पड़ गई हो, दे. 'लतखोर'। | ಪೆಟ್ಟು, ಮೂದಲಿಕೆಗಳ ಪ್ರಭಾವಕ್ಕೆ ಮೊಂಡು ಬಿದ್ದ | पॆट्टु, मूदलिकॆगळ प्रभावक्कॆ मॊंडु बिद्द | see '**लतखोर**'. |
| **लतियाना** | स. क्रि. | 1. लातों से मारना; | ಕಾಲಿನಿಂದ ಒದೆ; | कालिनिंद ऒदॆ; | to spurn; |
| | | 2. अपमानित करना। | ಅವಮಾನಗೊಳಿಸು | अवमानगॊळिसु | to humiliate, to insult. |
| **लतीफा** | पुं. | 1. हास्यपूर्ण छोटी कहानी; | ಹಾಸ್ಯದ ಕತೆ; | हास्यद कतॆ; | witty anecdote; |
| | | 2. हंसी की अनोखी या विलक्षण बात। | ಅಪೂರ್ವ ಹಾಸ್ಯದ ಮಾತು | अपूर्व हास्यद मातु | pleasentry, jest, joke. |
| **लत्ता** | पुं. | 1. फटा-पुराना कपड़ा, चीथड़ा; | ಚಿಂದಿ ಬಟ್ಟೆ; | चिंदि बट्टॆ; | scrap of cloth, rag, tatter; |
| | | 2. कपड़ा। | ಬಟ್ಟೆ | बट्टॆ | cloth. |
| **लत्ती** | स्त्री. | 1. पशुओं द्वारा लात से किया जानेवाला आघात; | ಪಶುಗಳ ಒದೆತ; | पशुगळ ऒदॆत; | kick with the hind legs (by a horse or an ass etc.); |
| | | 2. कपड़े की लंबी धज्जी। | ನೀಳವಾದ ಬಟ್ಟೆ ತುಂಡು | नीळवाद बट्टॆ तुंडु | strip of cloth. |
| **लथ-पथ** | वि. | 1. किसी तरल पदार्थ में बहुत अधिक तर या भीगा हुआ; | ತೊಯ್ದ, ನೆನೆದ; | तॊय्द, नॆनॆद; | soaked, saturated, drenched; |
| | | 2. कीचड़ आदि से सना हुआ। | ಕೊಳೆ ಕೆಸರುಗಳಲ್ಲಿ ಮುಳುಗಿದ | कॊळॆ कॆसरु-गळल्लि मुळुगिद | clogged, besmeared (with dirt). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लथाड़** | स्त्री. | दे. 'लताड़'। | ನೋಡಿ "लताड़" | नोडि "लताड़" | see 'लताड़'. |
| **लथाड़ना** | स. | दे. 'लताड़ना'। | ನೋಡಿ "लताड़ना" | नोडि "लताड़ना" ' | see 'लताड़ना'. |
| **लथेड़ना** | स. क्रि. | किसी को इस प्रकार घसीटना कि उस पर धूल या कीचड़ या मिट्टी लग जाए। | ಮಣ್ಣು ಕೆಸರು ಗಳಲ್ಲಿ ಎಳೆದಾಡು | मण्णु कॅसरु- गळल्लि ऍळॅदाडु | to draggle, to smear (with mud etc.). |
| **लदना** | अ. क्रि. | 1. बोझ से युक्त होना; | ಸಾರಿಗೆಗಾಗಿ ವಸ್ತು ಗಳನ್ನು ತುಂಬು; | सारिगॆगागि वस्तु गळन्नु तुंबु; | to be loaded or to be laden; |
| | | 2. भारी वस्तुओं का किसी स्थान से प्रेषणार्थ भरा जाना; | ಭಾರ ಹೊತ್ತಿರು; | भार हॊत्तिरु; | to be borne or to be carried; |
| | | 3. गत होना, समाप्त होना। | ಕಳೆದು ಹೋಗು, ಸಮಾಪ್ತವಾಗು | कळॆदु होगु, समाप्तवागु | to be finished, to be over. |
| **लदवाना** | स. क्रि. | लादने का काम कराना। | ಹೇರಿಸು | हेरिसु | to cause to be loaded, to cause to load. |
| **लदाई** | स्त्री. | लादने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಹೇರುವಿಕೆ, ಹೇರಿದುದರ ಕೂಲಿ | हेरुविकॆ, हेरिदुदर कूलि | act or payment for loading. |
| **लदान** | स्त्री. | (माल) लादने की क्रिया। | ಹೇರುವಿಕೆ, ತುಂಬುವಿಕ | हेरुविकॆ, तुंबुविकॆ | act of loading. |
| **लदाना** | स. क्रि. | दे. 'लदवाना'। | ನೋಡಿ "लदवाना" | नोडि "लदवाना" | see 'लदवाना'. |
| **लदाफंदा** | वि. | बोझ से लदा हुआ। | ಹೇರಲ್ಪಟ್ಟ | हेरल्पट्ट | over-loaded, too much burdened. |
| **लदाव** | पुं. | 1. लादने का काम; 2. बोझा; 3. छत आदि का पटाव। | ಹೇರುವಿಕೆ; ಹೇರು, ಹೊರೆ; ತಾರಸಿ | हेरुविकॆ; हेरु, हॊरॆ; तारसि | lading, cargo; load, burden; arched roof or terrace. |
| **लद्दू** | वि. | जिस पर केवल बोझ लादा जाता हो, भार ढोनेवाला। | ಭಾರ ಹೊರುವ | भार हॊरुव | fit to carry a load, beast of burden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लद्धड़** | वि. | जिसमें तेजी या फुर्ती न हो, सुस्त, काहिल। | ಸೋಮಾರಿ, ಮೈಗಳ್ಳ | सोमारि, मैगळ्ळ | lethargic, slothful. |
| **लद्धड़पन** | पुं. | लद्धड़ होने की अवस्था या भाव। | ಸೋಮಾರಿತನ, ಮೈಗಳ್ಳತನ | सोमारितन, मैगळ्ळतन | lethargy, slowness. |
| **लपक** | स्त्री. | 1. तेजी, वेग, चुस्ती;<br>2. चमक, दीप्ति। | ವೇಗ;<br>ಪ್ರಕಾಶ | वेग;<br>प्रकाश | swiftness;<br>flash, flame. |
| **लपकना** | अ. क्रि. | 1. सहसा तेजी या फुरती से आगे बढ़ना;<br>2. फेंकी गई किसी वस्तु को जमीन में गिरने से पूर्व ही चुस्ती से पकड़ लेना। | ಸ್ಫೂರ್ತಿಯಿಂದ ಮುನ್ನುಗ್ಗು;<br>ಕೆಳಗೆ ಬೀಳುವ ಮುನ್ನವೇ ಸ್ಫೂರ್ತಿಯಿಂದ ಚೆಂಡು ಆದಿ ಹಿಡಿ | स्फूर्तियिंद मुन्नुग्गु;<br>केळगे बीळुव मुन्नवे स्फूर्तियिंद चेंडु आदि हिडि | to rush forth, to go out with gusto;<br>to catch (a ball, etc.). |
| **लपकाना** | स. क्रि. | किसी को लपकने में प्रवृत्त करना। | ಮುನ್ನುಗ್ಗಿಸು | मुन्नुग्गिसु | to cause to rush forth. |
| **लपट** | स्त्री. | 1. आग की लौ, ज्वाला;<br>2. गंध से भरा हुआ वायु का झोंका। | ಜ್ವಾಲೆ;<br>ಗಾಳಿಯ ಸುಗಂಧಿತ ಅಲೆ | ज्वाले;<br>गाळिय सुगंधित अले | flame, blaze;<br>sweet smell, blast of fragrance. |
| **लपटा** | पुं. | गाढ़ी गीली वस्तु। | ಅಂಬಲಿ, ಗಟ್ಟಿಯಾದ ಗಂಜಿ | अंबलि, गट्टियाद गंजि | glutinous substance, thick liquid substance. |
| **लपलपाना** | अ. क्रि. | किसी लचीली वस्तु के हिलने या हिलाये जाने पर उसका थोड़ा झुकना, रह-रह कर लपकना। | ಬಳುಕು | बळुकु | to be resilient or flexible (as a cane). |
| **लपलपाहट** | स्त्री. | लपलपाने की क्रिया या भाव। | ಬಳುಕುವಿಕೆ | बळुकुविके | resilience, flexibility. |
| **लपसी** | स्त्री. | 1. कोई गाढ़ा तरल पदार्थ;<br>2. एक प्रकार का पतला हलुआ। | ಗಟ್ಟಿಯಾದ ತರಳ ವಸ್ತು;<br>ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹಲ್ವ | गट्टियाद तरळ वस्तु;<br>ऒंदु बगेय हल्व | glutinous kind of food;<br>kind of 'हलुवा'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लपेट** | स्त्री. | 1. लपेटने की क्रिया या भाव; | ಸುತ್ತುವಿಕೆ; | सुत्तुविकॆ; | folding, twisting, covering; |
| | | 2. लपेटनेवाली चीज का हरबार का फेरा; | ಸುತ್ತು; | सुत्तु; | fold, coil, plait; |
| | | 3. किसी चीज की मोटाई का विस्तार। | ಪರಿಧಿ | परिधि | girth, circumference, compass. |
| **लपेटन** | स्त्री. | लपेट, लपेटने के फलस्वरूप पड़नेवाला फेरा या बल। | ಮಡಿಸುವಿಕೆ, ಮಡಿಕೆ | मडिसुविकॆ, मडिकॆ | folding, winding, plait. |
| | पुं. | वह वस्तु जिससे किसी वस्तु को चारों ओर लपेटकर बांधते हैं, बैठन। | ನೆಯ್ದ ಬಟ್ಟೆಯನ್ನು ಸುತ್ತುವ ಮಗ್ಗದ ಉರುಳೆ | नॆय्द बट्टॆयन्नु सुत्तुव मग्गद उरुळॆ | roller on which cloth is wound in the loom. |
| **लपेटना** | स. क्रि. | 1. सूत, कपड़े आदि को किसी चीज के चारों ओर फेरा देकर बांधना; | ಸುರುಳಿ ಸುತ್ತು; | सुरळि सुत्तु; | to wind or to twine (round); |
| | | 2. किसी चीज को तह देकर मोड़ना; | ಮಡಿಕೆ ಹಾಕು; | मडिकॆ हाकु; | to roll up, to fold or wrap; |
| | | 3. (ला०) किसी व्यक्ति को किसी मामले में फांसना। | ಸಿಕ್ಕಿ ಬೀಳಿಸು | सिक्कि बीळिसु | (fig.) to involve, to implicate. |
| **लपेटनी** | स्त्री. | जुलाहों की लपेटन नाम की लकड़ी। | ನೆಯ್ಗೆಯವರ ದಾರ ಸುತ್ತುವ ಕೋಲು | नॆय्गॆयवर दार सुत्तुव कोलु | weaver's stick. |
| **लप्पड़** | पुं. | तमाचा, थप्पड़। | ಕಪಾಲದೇಟು | कपालदेटु | slap, thump. |
| **लफंगा** | वि. | आवारा, दुश्चरित्र, बदमाश। | ದುರಾಚಾರಿ | दुराचारि | loafer, vagabond. |
| **लबाड़ (लबार)** | वि. | झूठा, गप्पी। | ಠಕ್ಕ, ಸುಳ್ಳುಗಾರ | ठक्क, सुळ्ळुगार | liar, babbler. |
| **लबादा** | पुं. | एक लंबा और ढीला-ढाला पहनावा। | ದೊಗಲೆ ಅಂಗಿ | दॊगलॆ अंगि | cloak, gown, robe, apron. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लबालब** | वि. | किनारे तक भरा हुआ। | ತುಂಬಿ ತುಳುಕುವ | तुंबि तुळुकुव | brimful. |
| **लब्ध** | वि. | 1. मिला या प्राप्त किया हुआ; | ದೊರೆತ; | दॊरॆत; | got, obtained, acquired; |
| | | 2. भाग करने से निकला हुआ। | ಭಾಗಲಬ್ಧ | भागलब्ध | quotient. |
| **लब्धप्रतिष्ठ** | वि. | जिसने प्रतिष्ठा प्राप्त की हो, सम्मानित। | ಗೌರವಸ್ಥ | गौरवस्थ | one who has acquired fame, renowned. |
| **लब्धि** | स्त्री. | 1. लाभ, प्राप्ति; | ಲಬ್ಧವಾದದ್ದು, ದೊರೆತದ್ದು; | लब्धवादद्दु, दॊरॆतद्दु; | acquirement, attainment, achievement; |
| | | 2. (गणित) भागफल, लब्धांक। | ಭಾಗಲಬ್ಧ | भागलब्ध | (arith.) the quotient. |
| **लभ्य** | वि. | जो पाया जा सके या मिल सके। | ದೊರೆಯುಬಹುದಾದ | दॊरॆयबहुदाद | attainable, obtainable, within reach. |
| **लय** | पुं. | 1. एक वस्तु का दूसरी वस्तु में विलीन होना; 2. दार्शनिक क्षेत्र में वह स्थिति जिसमें सृष्टि की समस्त चीजें अव्यक्त प्रकृति में विलीन हो जाती हैं। | ಲಯ | लय | merger, immersion, fusion; dissolution, extinction, destruction. |
| | स्त्री. | स्वर के आरोह, अवरोह का ढंग। | | | tempo. |
| **लरजना** | अ. क्रि. | 1. कांपना, हिलना-डुलना; | ಕಂಪಿಸು, ಅಲುಗಾಡು; | कंपिसु, अलुगाडु; | to shake, to quiver, to tremble; |
| | | 2. डर जाना, दहल जाना। | ಹೆದರಿಕೆಯಿಂದ ನಡುಗು | हॆदरिकॆयिंद नडुगु | to be frightened, to be amod. |
| **ललक** | स्त्री. | बलवती इच्छा। | ಪ್ರಬಲವಾದ ಇಚ್ಛೆ | प्रबलवाद इच्छॆ | craving,yearning, longing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ललकना** | अ. क्रि. | किसी वस्तु को पाने की गहरी लालसा या इच्छा करना। | ಹಾತೊರೆ, ಹಂಬಲಿಸು | हातॊरॆ, हंबलिसु | to long or crave (for), to yearn. |
| **ललकार** | स्त्री. | लड़ने के लिए प्रतिपक्षी को चुनौती देना। | ಜಗಳಕ್ಕೆ ಕರೆಯುವಿಕೆ, ಹುಂಕಾರ | जगळक्कॆ करॆयुविकॆ, हुंकार | call, challenge. |
| **ललकारना** | स. क्रि. | विपक्षी को लड़ने की चुनौती देना। | ಯುದ್ಧಕ್ಕೆ ಕರೆ, ಪ್ರತಿಭಟಿಸಲು ನಿಲ್ಲು | युद्धक्कॆ करॆ, प्रतिभटिसलु निल्लु | to hold out a challenge, to halloo. |
| **ललचाना** | स. क्रि. | कुछ पाने की आशा बांधकर किसी को अधीर करना, कोई लुभावनी वस्तु दिखाकर उसे पाने के लिए आकुल और अधीर करना। | ಆಶೆ ತೋರಿಸು | आशॆ तोरिसु | to tempt to allure. |
| | अ. क्रि. | किसी अच्छी वस्तु को देखकर उसे प्राप्त करने के लिए अधीर होना। | ಹಾತೊರೆ | हातॊरॆ | to be tempted, to be allured. |
| **ललना** | स्त्री. | स्त्री, सुन्दर स्त्री। | ಲಲನೆ, ಸುಂದರಿ | ललनॆ, सुंदरि | woman (in general), beautiful woman. |
| **ललाई** | स्त्री. | सुर्खी, लाली। | ಕೆಂಪು, ಕೆಂಬಣ್ಣ | कॆंपु, कॆंबण्ण | redness, ruddiness. |
| **ललाट** | पुं. | 1. माथा; 2. भाग्य। | ಹಣೆ; ಹಣೆಬರಹ | हणॆ; हणॆबरह | forehead; fate, destiny. |
| **ललाट-रेखा** | स्त्री. | भाग्य-लेख। | ಹಣೆಬರಹ, ಭಾಗ್ಯರೇಖೆ | हणॆबरह, भाग्यरेखॆ | line on the forehead (supposed to indicate long life). |
| **ललाम** | वि. | मनोहर, सुन्दर। | ಸುಂದರವಾದ, ಮನೋಹರವಾದ | सुंदरवाद, मनोहरवाद | beautiful, lovely, charming. |
| **ललित** | वि. | मनोहर, सुन्दर। | ಮನೋಹರ, ಸುಂದರ | मनोहर, सुंदर | lovely, beautiful, elegant, graceful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ललित कला** | स्त्री. | वह कला जिसके अभिव्यंजन में सुकुमारता और सौन्दर्य की अपेक्षा हो और जो मुख्यतः मनोविनोद के लिए हो। | ಲಲಿತ ಕಲೆ | ललित कलॆ | fine art. |
| **ललित साहित्य** | पुं. | ऐसा साहित्य जो उपयोगी या ज्ञानवर्धक होने की अपेक्षा भावप्रवण अधिक होता है, मनोरंजक साहित्य। | ಲಲಿತ ಸಾಹಿತ್ಯ | ललित साहित्य | belles lettres. |
| **लल्ला** | पुं. | लड़के या बेटे के लिए प्यार का शब्द। | ಮಕ್ಕಳನ್ನು ಸಂಭೋಧಿಸುವ ಪ್ರೀತಿಯ ಶಬ್ದ | मक्कळन्नु संबोधिसुव प्रीतिय शब्द | dear boy, darling, affectionate term of address for a child or boy. |
| **लल्लो-चप्पो** | स्त्री. | चिकनी-चुपड़ी बात, चाटुकारिता। | ನಾಜೂಕಿನ ಮಾತು, ಮುಖಸ್ತುತಿ | नाजूकिन मातु, मुखस्तुति | wheedling. adulation, flattery, coaxing. |
| **लवंग** | पुं. | लौंग नामक वृक्ष और उसकी कलियां या फूल। | ಲವಂಗ | लवंग | clove plant and its flowers. |
| **लव** | पुं. | 1. अल्पमात्रा, थोड़ा अंश; 2. काल का एक मान। | ಸ್ವಲ್ಪ, ರವೆಯಷ್ಟು ವಸ್ತು; (ಸಮಯ) ರೆಪ್ಪೆ ಹೊಡೆಯುವಷ್ಟು ಕಾಲದ ಆರನೆ ಒಂದು ಭಾಗ | स्वल्प, रवॆयष्टु वस्तु; (समय) रॆप्पॆ हॊडॆयुवष्टु कालद आरनॆ ऒंदु भाग | particle, drop, small quantity; minute division of time (sixth part of a twinkling). |
| **लवण** | पुं. | नमक, लोन। | ಉಪ್ಪು | उप्पु | salt. |
| **लवलीन** | वि. | तन्मय, मग्न। | ಮಗ್ನ, ಲೀನ | मग्न, लीन | absorbed, engrossed (in). |
| **लवलेश** | पुं. | अल्पमात्रा, बहुत थोड़ा परिमाण। | ಅತ್ಯಲ್ಪ ಪ್ರಮಾಣ | अत्यल्प प्रमाण | whit, very small particle. |
| **लश्कर** | पुं. | 1. सेना; 2. प्राणियों का बड़ा दल या समूह; | ಸೈನ್ಯ; ಪಶು ಸಮೂಹ; | सैन्य; पशु समूह; | army; large multitude of animals; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सैनिक पड़ाव, छावनी। | ದಂಡು, ಸೈನ್ಯ ಶಿಬಿರ | दंडु, सैन्य शिबिर | encampment of army. |
| लश्करी | वि. | लश्कर सम्बन्धी। | ಸೈನ್ಯ ಸಂಬಂಧದ | सैन्य संबंधद | of or belonging to an army. |
| लस | पुं. | 1. चिपचिपाहट; | ಅಂಟುವಿಕೆ; | अंटुविके; | stickiness, glutinousness; |
| | | 2. चिपकानेवाली चीज, गोंद। | ಗೋಂದು. | गोंदु | gum. |
| लसदार | वि. | जिसमें लस हो। | ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳುವ ಗುಣವಿರುವ. | अंटिकॊळ्ळुव गुणविरुव | sticky, adhesive, glutinous. |
| लसलसा | वि. | चिपचिपा, गोंद की तरह चिपकनेवाला। | ಅಂಟಂಟಾಗಿರುವ | अंटंटागिरुव | adhesive, glutinous, sticky. |
| लसीला | वि. | दे. 'लसदार'। | ನೋಡಿ "ಲसदार" | नोडि "लसदार" | see 'लसदार'. |
| लस्टम-पस्टम | क्रि. वि. | बहुत ही मंद गति तथा साधारण रूप में, जैसे-तैसे। | ಹಾಗೂ ಹೀಗೂ, ಹೇಗೋ ಕಷ್ಟದಿಂದ | हागू हीगू, हेगो कष्टदिंद | slowly and ordinarily, somehow or the other. |
| लस्सी | स्त्री. | दही का घोल। | ಲಸ್ಸಿ | लस्सि | cold drink made of churned curd mixed with water and sugar. |
| लहंगा | पुं. | कमर के नीचे का सारा अंग ढकने के लिए स्त्रियों का एक घेरदार पहरावा, घाघरा। | ಲಂಗ | लंग | loose skirt or petticoat worn round the loins to the feet. |
| लहक | स्त्री. | 1. आग की लपट; 2. चमक। | ಬೆಂಕಿಯ ಜ್ವಾಲೆ; ಹೊಳಪು | बॆंकिय ज्वाले; हॊळपु | flame, blaze; glare, glitter, flash. |
| लहकना | अ. क्रि. | 1. हवा में इधर-उधर हिलना; | ಗಾಳಿಯಿಂದ ಹಾಗೂ ಹೀಗೂ ಅಲುಗಾಡು; | गालियिंद हागू हीगू अलुगाडु; | to bend or wave (as corn or grass before the wind), to warble, quaver; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आग का प्रज्वलित होना। | ದಗದಗಿಸಿ<br>ಉರಿಯುವಿಕೆ | दगदगिसि<br>उरियुविकॆ | to rise up into a flame, to blaze up. |
| लहकाना | स. क्रि. | 1. हवा से इधर-उधर हिलाना; | ಗಾಳಿಯಿಂದ<br>ಅಲುಗಾಡಿಸು; | गाळियिंद<br>अलुगाडिसु; | to cause to warble or quaver; |
| | | 2. उत्तेजित करना, उकसाना; | ಉತ್ತೇಜನಗೊಳಿಸು; | उत्तेजनगॊळिसु; | to incite, to instigate; |
| | | 3. दहकाना। | ಉರಿಸು, ಉರಿ ಹತ್ತಿಸು | उरिसु, उरि हत्तिसु | to blow up (a fire). |
| लहजा | पुं. | बोलने या शब्दों के उच्चारण का खास ढंग। | ಶಬ್ದೋಚ್ಚಾರಣೆಯ<br>ವಿಶೇಷ ರೀತಿ | शब्दोच्चारणॆय<br>विशेष रीति | tone, accent, intonation. |
| लहर | स्त्री. | 1. वायु की गति से पानी में उत्पन्न होनेवाली चढ़ाव उतारदार हरकत; | ಅಲೆ; | अलॆ; | a wave, surge; |
| | | 2. वेगमयी भावना, मन की मौज; | ವಿಚಾರ ತರಂಗ; | विचार तरंग; | caprice, fancy; |
| | | 3. आनन्द, हर्ष आदि का वेग। | ಹರ್ಷ, ಆನಂದ | हर्ष, आनंद | ecstasy, transport, rapture. |
| लहरदार | वि. | लहरोंवाला। | ಅಲೆ ಅಲೆಯಾಗಿರುವ | अलॆ अलॆयागिरुव | wavy. |
| लहराना | अ. क्रि. | 1. हवा के झोंकों में हिलना-डुलना; | ಅಲೆಯೇಳು; | अलॆयेळु; | to shimmer, to fluctuate; |
| | | 2. मन का उमंग या उल्लास में आना। | ಉತ್ಸಾಹದಿಂದ<br>ಭಾವನೆ ಹೊಮ್ಮು | उत्साहदिंद भावनॆ<br>हॊम्मु | to be in ecstasy. |
| | स. क्रि. | हिलाना-डुलाना। | ಅಲುಗಾಡಿಸು | अलुगाडिसु | to flutter, to wave. |
| लहरिया | वि. | लहरदार, बेल-बूटों वाला। | ಅಲೆಯುಲೆಯು,<br>ಹೂಬಳ್ಳಿಯಿರುವ | अलॆयलॆय,<br>हूबळ्ळियिरुव | striped, |
| | पुं. | 1. लहर की आकृति की रेखाओं का समूह; | ಅಲೆ ಅಲೆಯಾಗಿ ಗೆರೆ<br>ಎಳೆದ ಚಿತ್ರ; | अलॆ अलॆयागि<br>गॆरॆ एळॆद चित्र; | wavy meandering; |
| | | 2. वह कपड़ा जिस पर लहरों के आकार की आकृतियां हों। | ಡೋರಿಯಾ ಸೀರೆ | डोरिया सीरॆ | wave like embroidery in cloth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लहरी | स्त्री. | लहर, तरंग। | ತರಂಗ, ಅಲೆ | तरंग, अले | ripple, small wave. |
| | वि. | मनमौजी। | ಮೋಜುಗಾರ | मोजुगार | fanciful, whimsical, capricious. |
| लहलहा | वि. | 1. हरा-भरा, फूलपत्तों से भरा; | ಹುಲುಸಾದ, ಫಲಪುಷ್ಪ ಭರಿತ; | हुलुसाद, फलपुष्प भरित; | verdant, green; |
| | | 2. (ला०) परमप्रसन्न, आनन्दमय। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಆನಂದ ದಿಂದಿರುವ | (लाक्षणिक) आनंददिंदिरुव | rapturous, delighted. |
| लहलहाना | अ. क्रि. | हरा-भरा होना, पनपना। | ಹುಲುಸಾಗಿ ಬೆಳೆ | हुलुसागि बॆळॆ | to be verdant, to flourish or bloom, to wave. |
| लहसुन | पुं. | प्याज की तरह की एक गांठ और उसका पौधा। | ಬೆಳ್ಳುಳ್ಳಿ | बॆळ्ळुळ्ळि | garlic. |
| लहसुनिया | पुं. | धूमिल रंग का एक प्रकार का रत्न। | ಬೂದುಬಣ್ಣದ ಒಂದು ರತ್ನ | बूदुबण्णद ऒंदु रत्न | a certain precious stone, 'cats' eye.' |
| लहू | पुं. | खून, रक्त। | ರಕ್ತ | रक्त | blood. |
| लहू-लुहान | वि. | खून से तर। | ರಕ್ತದಿಂದ ತೊಯ್ದ | रक्तदिंद तॊय्द | smeared in blood, soaked in blood. |
| लाँग | स्त्री. | धोती या लंगोट का वह छोर जिसे जांघों के नीचे से निकालकर पीछे कमर में खोंसा जाता है। | ಕಚ್ಚೆ, ಪಂಚೆ ಕಚ್ಚೆ | कच्चॆ, पंचॆ कच्चॆ | the fold of a dhoti passed between the thighs. |
| लांगूल | पुं. | पूंछ, दुम। | ಬಾಲ | बाल | tail. |
| लाँघना | अ. क्रि. | 1. डग भरकर, छलांग लगाकर पार करना; | ನೆಗೆ; | नॆगॆ; | to jump or spring over, to cross; |
| | | 2. स्थान आदि को पीछे छोड़ते हुए आगे निकलना। | ದಾಟಿ ಹೋಗು | दाटि होगु | to go beyond, to pass over. |
| लांछन | पुं. | कोई बुरा काम करने से चरित्र पर लगनेवाला धब्बा, कलंक। | ಕಳಂಕ | कळंक | blame, slur, stigma. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लांछित** | वि. | जिस पर लांछन लगा हो। | ಕಳಂಕ ಹತ್ತಿದ | कळंक हत्तिद | blamed, stigmatized. |
| **लाई** | स्त्री. | धान आदि को सुखाकर और गरम बालू में भूनकर बनाई हुई खीलें। | ಭತ್ತದ ಅರಳು | भत्तद अरळु | parched grain. |
| **लाक्षणिक** | वि. | शब्द की लक्षणा शक्ति पर आश्रित या उससे सम्बद्ध। | ಶಬ್ದದ ಲಕ್ಷಣಾರ್ಥಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | शब्दद लक्षणार्थक्कॆ संबंधिसिद | expressing indirectly or figuratively, metaphorical, allegorical, symbolical. |
| | पुं. | वह जो लक्षणों का ज्ञाता हो। | ಲಕ್ಷಣಗಳನ್ನು ಅರಿತವ, ಲಾಕ್ಷಣಿಕ | लक्षणगळन्नु अरितव, लाक्षणिक | one who is acquainted with marks or signs. |
| **लाक्षा** | स्त्री. | लाख नामक लाल पदार्थ। | ಅರಗು | अरगु | a kind of red dye, lac. |
| **लाख** | वि. | जो संख्या में सौ हज़ार हो। | (ಸಂಖ್ಯೆ) ಲಕ್ಷ | (संख्यॆ) लक्ष | a hundred thousand, lac. |
| | पुं. | सौ हजार की सूचक संख्या - 100000। | ನೂರು ಸಾವಿರದ ಸಂಖ್ಯೆ | नूरु साविरद संख्यॆ | the number one lac. |
| **लाग** | स्त्री. | 1. लगाव, सम्पर्क; | ಸಂಪರ್ಕ, ಸೇರಿರುವಿಕೆ; | संपर्क, सेरिरुविकॆ; | attachment, affection; |
| | | 2. प्रतिस्पर्धा, होड़; | ಪೋಟಾಪೋಟಿ; | पोटापोटि; | competition; |
| | | 3. दुश्मनी, वैर। | ಹಗೆತನ | हगॆतन | enmity, hostility, rancour. |
| **लाग-डांट** | स्त्री. | ऐसी प्रतिस्पर्धा जिसमें लुप्त वैर-विरोध का भाव भी सम्मिलित हो। | ಹಗೆತನದಿಂದ ಕೂಡಿದ ಪೈಪೋಟಿ | हगॆतनदिंद कूडिद पैपोटि | rancour, rivalry, competition. |
| **लागत** | स्त्री. | किसी पदार्थ के निर्माण में होनेवाला खर्च। | ತಗಲುವ ಖರ್ಚು | तगलुव खर्चु | prime cost, expenditure. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लाग-लपेट | स्त्री. | वह तत्त्व या भाव जो किसी बात में अप्रत्यक्ष रूप से लाया हुआ हो, विशेषतः ऐसी बात जिसमें कुछ और भी छिपा हुआ हो। | ಪಕ್ಷಪಾತ | पक्षपात | partiality, favouritism. |
| लागू | वि. | चरितार्थ होनेवाला, लगनेवाला। | ಅನ್ವಯಿಸುವ | अन्वयिसुव | applied, enforced. |
| लागू करना | स. क्रि. | 1. कार्यान्वित करना;<br>2. किसी बात को किसी अन्य बात पर घटाना। | ಅನ್ವಯಿಸು;<br>ಕಾರ್ಯಗತ ಮಾಡು | अन्वयिसु;<br>कार्यगत माडु | to execute, to implement;<br>to apply. |
| लाघव | पुं. | 1. लघु होने की अवस्था या भाव;<br>2. छोटा या संक्षिप्त करने की क्रिया या भाव। | ಹಗುರವಾಗಿರುವಿಕೆ;<br>ಸಂಕ್ಷಿಪ್ತ ಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | हगुरवागिरुविकॆ;<br>संक्षिप्तगॊळि-सुविकॆ | smallness, littleness;<br>brevity, conciseness (of expression). |
| लाचार | वि. | निरुपाय, मजबूर, असमर्थ। | ಅಸಹಾಯ, ಬೇರೆ ಗತಿಯಿಲ್ಲದ | असहाय, बेरॆ गतियिल्लद | helpless, destitute, hopeless. |
| लाचारी | स्त्री. | मजबूरी, असमर्थता, विवशता। | ಅಸಹಾಯತೆ, ಅಸಮರ್ಥತೆ | असहायतॆ, असमर्थतॆ | helplessness, inability. |
